10. खाद्यान्नों के अतिरिक्त अन्य फसलों से संबंधित तस्वीर मिली-जुली है। सोयाबीन के उत्पादन में कुछ गतिरोध के बावजूद, सहायक के साथ-साथ प्रमुख स्रोतों से खाद्य तेल की कुल उपलब्धता गत वर्ष के 61.7 लाख टन के स्तर से अधिक होने की संभावना है। गन्ना उत्पादन में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि होकर उसके 1994–95 (अक्तूबर—सितम्बर) के दौरान 245.6 मिलियन टन के उत्पादन स्तर पर पहुंचने का अनुमान है जो काफी हद तक महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु में गन्ने की अधिक उपलब्धता के कारण हुआ है। कपास का उत्पादन 11.6 मिलियन गांठें होने का अनुमान है जो गत वर्ष की तुलना में 8.4 प्रतिशत अधिक है। रोपण फसलों में चाय और प्राकृतिक रबर का उत्पादन गत वर्ष की तुलना में अधिक होगा।

11. औद्योगिक विकास में पुनरुद्धार, जो पिछली आर्थिक समीक्षा के समय स्पष्ट हो रहा था, 1994 में पूरे दम-खम से सामने आया। औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक द्वारा यथा-मापित औद्योगिक उत्पादन में 1993–94 के उत्तरार्ध में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अप्रैल—अक्तूबर, 1994 की 8.0 प्रतिशत की वृद्धि दर गत वर्ष की तदनुरूप अवधि की तुलना में 1994–95 के दौरान काफी तेज रही। अप्रैल–अक्तूबर, 1994 के दौरान औद्योगिक विकास में आई तेजी मुख्यतया विनिर्माण क्षेत्र में 8.3 प्रतिशत की संतुलित वृद्धि के कारण रही है, जैसा कि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक द्वारा मापा गया है। खनन और उत्खनन के क्षेत्र में भी 6.2 प्रतिशत की वृद्धि का स्वस्थ सुधार देखा गया है, जब कि अप्रैल – अक्तूबर, 1994 के दौरान बिजली के उत्पादन की वृद्धि 7.7 प्रतिशत पर मजबूत बनी रही।

12. उपयोग-आधारित वर्गीकरण के जरिए औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के आंकड़े यह संकेत देते हैं कि औद्योगिक विकास में हुई वृद्धि, निवेश में हुए तीव्र सुधारों की वजह से रही है जैसा कि अप्रैल-अक्तूबर 1993 में 8.7 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में, अप्रैल-अक्तूबर, 1994 में पूंजीगत वस्तुओं के क्षेत्र द्वारा दर्ज 21.7 प्रतिशत की वृद्धि दर से स्पष्ट होता है। आयातों द्वारा घरेलू पूंजीगत वस्तुओं की हानि की आशंकाएं निर्मूल सिद्ध हुई हैं। उपभोक्ता वस्तुओं के संबंध में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक की वृद्धि दर बेहतर होकर अप्रैल-अक्तूबर, 1994 में 7.4 प्रतिशत पर पहुंच गई जब टिकाऊ वस्तुओं के लिए 8.6 प्रतिशत की वृद्धि और गैर-टिकाऊ वस्तुओं के लिए 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह वृद्धि दर 1993 की तदनुरूप अवधि में उपभोक्ता वस्तुओं के लिए 3.1 प्रतिशत और गैर-टिकाऊ वस्तुओं के लिए 0.7 प्रतिशत की अपेक्षाकृत काफी कम वृद्धि दरों के सादृश हैं।

13. औद्योगिक सुधार का आधार व्यापक था, जिसमें 17 विनिर्माण उप-क्षेत्रों में से 12 में धनात्मक वृद्धि देखी गई। पांच क्षेत्रों अर्थात् अन्य वस्त्र उत्पाद, कागज तथा कागज उत्पाद, धातु उत्पाद और हिस्से-पुर्जे, वैद्युत मशीनरी और परिवहन उपस्कर की वृद्धि दर 12 प्रतिशत से अधिक रहीं। जिन चार क्षेत्रों में ऋणात्मक वृद्धि देखी गई, वे हैं—सूती वस्त्र, जूट के वस्त्र, मूल धातुएं तथा विविध विनिर्माण। सूती कपड़े के उत्पादन में केवल मामूली गिरावट हुई। 172 चुनिंदा उद्योगों के संबंध में, जो औद्योगिक उत्पादन सूचकांक का 88.1 प्रतिशत भाग हैं, अप्रैल-अक्तूबर, 1994 के लिए उत्पादन आंकड़े दर्शाते हैं कि 74.2 प्रतिशत का

हिस्सा रखने वाले 121 उद्योगों में धनात्मक वृद्धि दर दर्ज की गई और 13.9 प्रतिशत का हिस्सा रखने वाले 51 उद्योगों के संबंध में गिरावट दर्ज की गई।

14. आधार-ढांचे के क्षेत्र का निष्पादन इस वर्ष कहीं बेहतर रहा। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में 28.8 प्रतिशत का संयुक्त हिस्सा रखने वाले बिजली, कोयला इस्पात, सीमेंट, कच्चा तेल और पेट्रोलियम उत्पादों में अप्रैल-दिसंबर, 1993 के 5.0 प्रतिशत वृद्धि दर की तुलना में, अप्रैल-दिसंबर 1994 में 8.0 प्रतिशत की वृद्धि दर देखी गई। बिजली के उत्पादन में 8.4 प्रतिशत, विक्रेय इस्पात में 8.9 प्रतिशत, सीमेंट में 8.6 प्रतिशत और कच्चे तेल में 19.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कोयला गिरावट दर्शाने वाला एकमात्र क्षेत्र था जिसमें 1993-94 की इसी अवधि में हुए 4.8 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में शामिल नहीं किए गए आधार-ढांचे संबंधी क्षेत्रों में भी अप्रैल-दिसंबर, 1994 में अच्छी वृद्धि देखी गई। नए टेलीफोन कनेक्शनों में 81.3 प्रतिशत, प्रमुख पत्तनों में नौभार की ढुलाई में 8.4 प्रतिशत और रेलवे के राजस्व अर्जित करने वाले यातायात में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

15. औद्योगिक नीति संबंधी सुधारों के क्षेत्र में, उदारीकृत औद्योगिक नीति के अनुरूप एक नई औषधि नीति की घोषणा की गई। कुछ मामलों को छोड़कर, सभी प्रपुंज औषधियों और उनके सूत्रों तथा मध्यवर्तियों के लिए औद्योगिक लाइसेंसिंग को समाप्त कर दिया गया। अधिकतर बुनियादी औषधियों तथा सूत्रों को भी 51 प्रतिशत की विदेशी इक्विटी धारिता हेतु स्वतः अनुमोदन की नीति के अन्तर्गत लाया गया। ऐसी औषधियों, जिनके मूल्यों को नियंत्रित करने की जरूरत है, की पहचान करने के लिए स्पष्ट मापदंड परिभाषित करके, मूल्य नियंत्रण के तहत लाई गई औषधियों की संख्या 142 से घटाकर 73 कर दी गई।

16. अपर्याप्त सरकारी संसाधनों को सामाजिक क्षेत्रों के लिए मुहैया कराने की दृष्टि से आधार-ढांचे संबंधी सुविधाओं के क्षेत्रों, जो कि पहले सरकारी क्षेत्र के अधिकार क्षेत्र थे, में निजी क्षेत्र के प्रवेश को सुकर बनाने के लिए अनेक उपायों की घोषणा की गई है। इनमें प्राकृतिक संसाधन क्षेत्र और बिजली, आंतरिक परिवहन तथा दूरसंचार जैसी व्यापार न की जा सकने वाली आधार-ढांचे संबंधी सेवाएं शामिल हैं:—

*राष्ट्रीय खनिज नीति में परिवर्तन किया गया और खान तथा खनिज विकास अधिनियम में संशोधन किया गया ताकि इस क्षेत्र को निजी और विदेशी निवेश हेतु खोला जा सके; निजी क्षेत्र के उपयोग के लिए तेरह खनिजों को प्रारक्षण से मुक्त किया गया।

*50 प्रतिशत तक के विदेशी निवेश के लिए आर.बी.आई. आधारित स्वतः अनुमोदन की नीति विदेशी इक्विटी पर 50 प्रतिशत की सीमा के अधीन रहते हुए, खनन पर भी लागू कर दी गई (आणविक खनिजों तथा खनिज ईंधन को छोड़कर)

*विद्युत क्षेत्र संबंधी नीतिगत ढांचे के परिणामस्वरूप 2,19,927 रुपए के निवेश से 58,745 मेगावाट क्षमता सृजित करने संबंधी 138 निजी प्रस्ताव प्राप्त हुए। इनमें से 41 प्रस्ताव विदेशी निवेशकों अथवा विदेशी साझेदारों के साथ संयुक्त उद्यमों की ओर से हैं और इनमें से तेरह प्रस्तावों को सरकार द्वारा पहले ही अनुमति दी जा चुकी है।

*राष्ट्रीय दूरसंचार नीति, 1994 में बुनियादी दूरसंचार सेवाओं की निजी व्यवस्था की अनुमति दी गई है। नियमों और प्रक्रियाओं की घोषणा के बाद कार्यान्वयन आरम्भ हो गया है।

*नए एयर कारपोरेशन अधिनियम, 1994 ने निजी हवाई टैक्सी चलाने वाली कंपनियों को नियमित देशीय एयरलाइन के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाया है। एयरक्राफ्ट नियमों का पालन करने वाले नौ हवाई टैक्सी आपरेटरों को "अनुसूचित एयरलाइन" का दर्जा दे दिया गया है।

*हवाई अड्डे के आधार ढांचे के विकास और रखरखाव तथा प्रमुख हवाई अड्डों पर सामान की ढुलाई आदि जैसे क्षेत्रों को निजी क्षेत्र की भागीदारी हेतु खोल दिया गया है।

*राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रयोक्ताओं पर मार्ग कर लगाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम में संशोधन किया गया है। अधिनियम में और संशोधन के पीछे सरकार का इरादा "बनाओ-चलाओ-अन्तरण करो" आधार पर सड़कों के निर्माण, रखरखाव और प्रचालन में निजी भागीदारी को अनुमति देने का है।

*पत्तन के उपस्करों को पट्टे पर देने, कन्टेनर टर्मिनलों और माल-उतराई टर्मिनलों का प्रचालन और रखरखाव, माल गोदाम तथा भण्डारण सुविधाएं सृजित करने, पत्तन के भीतर ही परिवर्तन, तटों पर बने उद्योगों द्वारा निजी बर्थों की स्थापना, जहाजों की मरम्मत तथा रखरखाव हेतु निजी भागीदारी को आमंत्रित किया गया है।

मुद्रा और मूल्य

17. 1993-94 के उत्तरार्द्ध में देखी गई मौद्रिक प्रवृत्तियां चालू वर्ष की अधिकांश अवधि में जारी रहीं। मुद्रा आपूर्ति एम 3 (सभी बैंक जमाओं सहित मुद्रा) की वृद्धि दर में नवम्बर, 1994 तक क्रमिक लेकिन सतत् उर्ध्वमुखी प्रवृत्ति देखी गई। दुर्लभ मुद्रा एम 1 (मांग तथा बैंक के बचत जमाओं सहित मुद्रा) की वार्षिक वृद्धि दर में कहीं अधिक तीव्र बढ़ोत्तरी हुई। एम 3 की वार्षिक वृद्धि दर जो

नवम्बर, 1994 में 22 प्रतिशत के शीर्ष स्तर पर पहुंच गई थी, बाद में गिरकर 20 जनवरी, 1995 को 18.6 प्रतिशत पर पहुंच गई। 1994-95 के अधिकांश भाग में मौद्रिक वृद्धि की ऊर्ध्वमुखी प्रवृत्ति का कारण प्रारक्षित मुद्रा की वृद्धि में अत्यधिक तेजी आना था जिसने मुद्रा-आपूर्ति में वृद्धि के पैटर्न का अनसरण किया।

18. प्रारक्षित मुद्रा सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक के ऋण, बैंकों और वाणिज्यिक क्षेत्र को भारतीय रिजर्व बैंक के ऋण और भारतीय रिजर्व बैंक की निवल विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां जैसी अनेक परिवर्तनीय मदों का योग होती है। इसके दो महत्वपूर्ण स्रोतों की वृद्धि दर विपरीत दिशाओं में बढ़ी है। सरकार को दिए गए भारतीय रिजर्व बैंक के ऋण की वृद्धि में गिरावट देखी गई है जबकि भारतीय रिजर्व बैंक की निवल विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों की वृद्धि में तेजी आई है। इसका कुल परिणाम 1993-94 के मध्य से प्रारक्षित मुद्रा की वार्षिक वृद्धि दर में तेजी आना रहा है। प्रारक्षित मुद्रा में वृद्धि फरवरी, 1994 में शीर्ष स्तर पर पहुंच गई और काफी ऊंचे स्तर पर बढ़ने-घटने के बाद यह गिरकर 20 जनवरी, 1995 को 21.2 प्रतिशत की वार्षिक दर पर आ गई। इसी प्रकार, भारतीय रिजर्व बैंक की निवल विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों की वार्षिक वृद्धि मार्च, 1994 में शीर्ष स्तर पर पहुंच गई और 20 जनवरी, 1995 तक यह कम होकर 93 प्रतिशत पर आ गई। निवल विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में हुई बृहत् वृद्धि, जिसने प्रारक्षित मुद्रा की वृद्धि को प्रेरित किया है, विदेशी मुद्रा भंडारों के विशाल निर्माण का प्रतिबिम्ब है जो भुगतान शेष के चालू और पूंजीगत लेखों में सुधार से उभरे है।

19. 1993-94 की तुलना में 1994-95 में प्रारक्षित मुद्रा की वृद्धि के बारे में अधिक उल्लेखनीय बात यह है कि केन्द्रीय सरकार के मुद्रीकृत घाटे के योगदान में नाटकीय गिरावट हुई। 20 जनवरी, 1995 तक भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किया गया निवल विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों का संचय वित्तीय वर्ष के दौरान प्रारक्षित मुद्रा में हुई कुल वृद्धि का 88.7 प्रतिशत था। 3983 करोड़ रुपए की गिरावट के कारण, सरकार को दिए जाने वाले भारतीय रिजर्व बैंक के निवल क्रेडिट ने 1994-95 में प्रारक्षित मुद्रा की वृद्धि में ऋणात्मक योगदान (−20.2 प्रतिशत) दिया। 1993-94 की तदनरूप अवधि में, सरकार को दिए गए भारतीय रिजर्व बैंक के निवल क्रेडिट में हुई वृद्धि प्रारक्षित मुद्रा में वृद्धि का 36.4 प्रतिशत थी, जबकि भारतीय रिजर्व बैंक की निवल विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में हुई वृद्धि कुल वृद्धि का 65.6 प्रतिशत थी। प्रारक्षित मुद्रा में वृद्धि का यह बिल्कुल भिन्न पैटर्न केन्द्र के बजटीय घाटे, (कुल व्यय में से कुल प्राप्तियों—राजस्व और पूंजीगत दोनों को घटाकर) जो 29 जुलाई, 1994 से 20 जनवरी, 1995 तक लगभग लगातार छह महीनों के लिए ऋणात्मक रहा है, के व्यवहार द्वारा संभव हो पाया है। सरकार को दिए जाने वाले भारतीय रिजर्व बैंक के निवल क्रेडिट में गिरावट के साथ-साथ "सरकार को 'अन्य बैंकों' के क्रेडिट" में वृद्धि में भी कमी हुई है जो 1993-94 (21 जनवरी, 1994 तक) के 27.1 प्रतिशत से गिरकर 1994-95 में 20 जनवरी, 1995 तक 15 प्रतिशत हो गई है। सरकार के उधारों में हुई वृद्धि में कमी का कारण पिछले वर्ष की तुलना में 1994-95 के दौरान राजकोषीय घाटे में कमी होना है।

20. वाणिज्यिक क्षेत्र के संबंध में बैंक ऋण, चालू वित्तीय वर्ष में काफी उत्प्लावकता लिये हुए हैं। 20 जनवरी, 1995 की अवधि तक, इसमें 13.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो वर्ष 1993-94 की इसी अवधि में हुई 6.3 प्रतिशत की वृद्धि से दुगुनी है। पिछले वर्ष की स्थिति के विपरीत जबकि वाणिज्यिक बैंकों द्वारा दिये गये अधिकांश बैंक ऋण खाद्य ऋण के रूप में खर्च हो गए, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा दिये गये खाद्य भिन्न ऋण में हुई तीव्र वृद्धि नाटकीय रही। इस वित्तीय वर्ष में, 20 जनवरी, 1995 तक इनमें 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह केवल 4.4 प्रतिशत थी। औद्योगिक उत्पादन में हुआ महत्वपूर्ण सुधार इस वृद्धि का मुख्य कारण रहा है। वर्ष 1993-94 को तद्रूप अवधि में खाद्य ऋण में हुई 58.8 प्रतिश की वृद्धि की तुलना में 26.2 प्रतिशत की वृद्धि धीमी होते हुए भी पर्याप्त है।

21. मौद्रिक व्यवस्था के कार्यचालन में सुधार लाने के लिये दो मुख्य पहलें की गई। प्रथम तो ऐसी प्रक्रिया को प्रारंभ करना था जो केन्द्रीय सरकार के राजकोषीय घाटे तथा प्रारक्षित मुद्रा वृद्धि के बीच के संबंध को विच्छिन्न कर देगी। भारतीय रिजर्व बैंक से तदर्थ कोष बिलों के माध्यम से प्राप्त होने वाले केन्द्र सरकार के उधारों को वर्ष 1996-97 के अन्त तक क्रमिक रूप से समाप्त करने के लिये भारतीय रिजर्व बैंक तथा वित्त मंत्रालय के बीच सितम्बर, 1994 में एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किये गए। इस समझौते में बजट अनुमान की 6000 करोड़ रुपये की राशि को वर्ष 1994-95 के लिए उच्चतम राशि के रूप में भी विनिर्दिष्ट किया गया है। इसके अतिरिक्त, ऐसे उधार को वर्ष के दौरान लगातार दस कार्य दिवसों से अधिक के लिये 9000 करोड़ रूपये से अधिक होने की अनुमति नहीं दी जायेगी। पारम्परिक रूप से राजकोषीय घाटे में उधार के परम्परागत स्त्रोतों से हुई उपलब्धता से अधिक की वृद्धि के कारण बजट घाटे और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सरकार को दिये जाने वाले ऋण में स्वतः वृद्धि हुई है। इससे प्रारक्षित मुद्रा बढ़ी है और उच्चतर मौद्रिक वृद्धि हुई है। रिजर्व बैंक और केन्द्रीय सरकार के बीच निष्पादित समझौता राजकोषीय घाटे और मुद्रा वृद्धि के बीच के प्रत्यक्ष सम्पर्क को विच्छिन्न करेगा और उस सीमा तक मौद्रिक नीति को केन्द्रीय बजट से स्वतन्त्र कर देगा।

22. 2 लाख रुपये से अधिक के बैंक ऋणों पर न्यूनतम उधार दर को समाप्त करके लोचपूर्ण और बाजार अनुकूल

वित्तीय व्यवस्था संबंधी एक महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक अवरोध को भी वर्ष 1994-95 में दूर कर दिया गया । अब प्रत्येक बैंक को अपनी स्वयं की मूल दर निर्धारित करनी पड़ेगी जिस पर ऋण दरों का ढांचा अवस्थित रहेगा । इससे तथा वित्तीय वर्ष के दौरान छह नए निजी बैंकों के प्रवेश से बैंकिंग क्षेत्र में प्रतिस्पर्द्धा लागत सजगता को भी बढ़ावा मिलने की सम्भावना है । 12 प्रतिशत की न्यूनतम उधार दर के शर्त के अधीन ब्याज दरों को पूर्णतया नियंत्रण मुक्त किये जाने और उधार दरों के विनियमन को समाप्त करने से सहकारी बैंक क्षेत्र में भी इसी प्रकार के परिवर्तन दिखाई दिये हैं ।

23. चालू वित्तीय वर्ष के दौरान, 4 फरवरी, 1995 की अवधि तक सामान्य मूल्य स्तर पिछले वर्ष की इसी अवधि के 9.1 प्रतिशत की तुलना में 9.6 प्रतिशत तक बढ़ा है । तथापि, फरवरी, 1995 के संबंध में वार्षिक वृद्धि दर लगभग 11 प्रतिशत थी । इसलिये समग्र मुद्रास्फीति ने मोटे तौर पर ऐसे पैटर्न का अनुसरण किया जो वर्ष 1993-94 के मध्य से मौद्रिक परिवर्तियों के समान है । वर्ष 1993-94 के सम्पूर्ण उत्तरार्द्ध में मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति उर्ध्वगामी रही जो वर्ष 1994-95 में जारी रहकर मई माह में 12 प्रतिशत के शीर्ष पर पहुंच गई ।

24. प्राथमिक वस्तुएं विषम रूप से कुल मुद्रास्फीति में सहयोग प्रदान करती रही हैं । उनका अंशदान वर्ष 1993-94 (फरवरी तक) में 35 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 1994-95 में (फरवरी तक) 46 प्रतिशत हो गया । तथापि, इस समूह के भीतर मूल्य वृद्धि का पैटर्न इस वर्ष महत्वपूर्ण रूप से भिन्न रहा है । खाद्य वस्तुओं का अंशदान 12 प्रतिशत से बढ़कर दुगुने से अधिक अर्थात् 29 प्रतिशत हो गया, यद्यपि दालों के अंशदान में गेहूं की कीमतों में स्थिरता के कारण कमी आई है । प्राथमिक खाद्य भिन्न वस्तुओं में मुद्रास्फीति इस वर्ष अपेक्षाकृत कम रही है ।

25. उच्च मुद्रास्फीति के लिए मांग और आपूर्ति के दोनों कारक सहायक रहे हैं । आपूर्ति पक्ष के कारकों में न्यूनतम समर्थन मूल्यों में हुई अधिक वृद्धि का संचयी प्रभाव, मुख्य जिंसों के उत्पादन में कमी और प्रशासित मूल्यों में हुई वृद्धियों के गिरावट संबंधी प्रभाव थे। मांग पक्ष के संबंध में, वर्ष 1994-95 में जारी उच्च राजकोषीय घाटा 1993-94 के 7.3 प्रतिशत की अपेक्षा कम होते हुए भी मुद्रास्फीति में सहायक रहा । समग्र उच्च मौद्रिक वृद्धि 1994-95 में मुद्रास्फीति के उच्च स्तर का एक और महत्वपूर्ण कारक था ।

26. इसलिए मुद्रावृद्धि पर नियंत्रण रखने के लिये कई कदम उठाए गए। मौद्रिक वृद्धि को सन्तुलित करने के लिये नकद प्रारक्षित अनुपात को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया गया । तदर्थ कोष बिलों के माध्यम से भारतीय रिजर्व बैंक के उधारों के संबंध में केन्द्रीय सरकार के प्रवेश को सीमित करने संबंधी समझौता राजकोषीय घाटे के मौद्रीकरण को सीमित करता है । नकद प्रारक्षित अनुपातों को विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक) खाता योजना और अनिवासी अप्रत्यावर्तनीय रुपया जमा योजना (क्रमश: 15 और 7.5 प्रतिशत) पर भी लागू किया गया । विदेशी मुद्रा अनिवासी लेखा योजना (जिसमें सरकार विनिमय गारण्टी वहन करती है) को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया गया और अन्त: प्रवाह को सन्तुलित करने की दृष्टि से अनिवासी (ई) प्रत्यावर्तनीय लेखा जमाराशियों पर ब्याज दरों को कम कर दिया गया । भारतीय रिजर्व बैंक ने आधिक्य नकदी को समाप्त करने के लिए सरकारी प्रतिभूतियों को खुले बाजार में बेचने का कार्य भी आरम्भ किया ।

27. आपूर्ति पक्ष की ओर से प्राथमिक वस्तुओं के मूल्यों को संतुलित करने के लिये मार्च, 1994 से कई उपाय किये गये :

* चीनी को शून्य शुल्क सहित सामान्य मुक्त लाइसेंसिंग व्यवस्था के अन्तर्गत रखा गया (वर्ष 1994-95 में लगभग 9 लाख टन आयात होने का अनुमान है) और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिये आपूर्ति के लिये सरकारी खाते में 10 लाख टन चीनी का आयात किया गया ।

* वर्ष 1993-94 में बिक्री किये गये 2.8 मिलियन टन गेहूं के अतिरिक्त, उच्च रिकार्ड स्तरीय सरकारी स्टाक से खुले बाजार में गेहूं की बिक्री जारी रही जो वर्ष 1994-95 में (जनवरी तक) 3.4 मिलियन टन थी ।

* जनवरी, 1995 तक स्टाक से 2.8 लाख टन चावल की बिक्री भी की गई । भारतीय खाद्य निगम को यह सलाह दी गई कि वह खुले बाजार में बिक्री की गति को बढ़ाने के लिये जनवरी, 1995 से कीमतों को काफी कम कर दे ।

* पामोलिन के आयातों को अप्रैल, 1994 में 65 प्रतिशत शुल्क सहित मुक्त सामान्य लाइसेंसिंग व्यवस्था के अन्तर्गत रखा गया था । मार्च, 1995 में नारियल तेल को छोड़कर अन्य कई खाद्य तेलों को भी मुक्त सामान्य लाइसेंसिंग व्यवस्था के अन्तर्गत रखा गया है और सीमा शुल्क को कम करके 30 प्रतिशत कर दिया गया है ।

* सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए 1.5 लाख टन खाद्य तेलों और अगस्त, 1994 तक एन० डी० डी० बी० द्वारा किये जाने वाले 1.5 लाख टन के अतिरिक्त आयात को रियायती शुल्क पर अनुमेय किया गया ।

* कपास के आयात को अप्रैल, 1994 से शून्य शुल्क सहित मुक्त सामान्य लाइसेंसिंग व्यवस्था के अधीन रखा गया और विस्कोस स्टेपल रेशे का रियायती शुल्क पर पर्याप्त आयात करने की अनुमति दी गई ।

राजकोषीय तथा वित्तीय विकास

28. राजकोषीय सन्तुलन के पुनरुद्धार संबंधी कार्यक्रम में वर्ष 1993-94 में जो चूक देखी गई, उस पर वर्ष 1994-95 में नियंत्रण पा लिया गया है। राजकोषीय घाटे के वर्ष 1993-94 (स०अ०) में सकल घरेलू उत्पाद के 7.3 प्रतिशत से गिरकर वर्ष 1994-95 (ब० अ०) में सकल घरेलू उत्पाद के 6 प्रतिशत तक पहुंच जाने की आशा है। अतः वर्ष 1991-92 में राजकोषीय सुधार संबंधी कार्यक्रम के प्रारंभ से केन्द्रीय सरकार का राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 2.4 प्रतिशत तक गिर गया है। योजना भिन्न व्ययों में हुई वृद्धि को सफलतापूर्वक नियंत्रित किये जाने के फलस्वरूप सकल प्राथमिक घाटे में सकल घरेलू उत्पाद के 3.4 प्रतिशत की और भी अधिक गिरावट देखी गई है। सरकार के व्यय में भी गुणात्मक परिवर्तन आया है। योजना भिन्न व्यय के संबंध में योजना व्यय का अंश बढ़ता रहा है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि ब्याज अदायगियां जो योजना भिन्न व्यय का एक प्रमुख संघटक हैं, निरन्तर बढ़ रही हैं।

29. वर्ष 1994-95 के बजट में अप्रत्यक्ष करों के संबंध में महत्वपूर्ण सुधार किये गये। सीमा शुल्क की शीर्ष दर को और घटाकर 85 प्रतिशत से 55 प्रतिशत कर दिया गया। विसंगतियों को दूर करने संबंधी महत्वपूर्ण कार्य में, इस्पात और इस्पात उत्पादों पर लगे अत्यधिक शुल्कों को काफी कम कर दिया गया। निवेश को प्रोत्साहन देने के लिये परियोजना आयातों पर सीमाशुल्कों को 35 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत और मशीन यंत्रों पर 40,60 और 80 प्रतिशत से घटाकर 35 अथवा 45 प्रतिशत कर दिया गया। घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए इसे पूंजीगत वस्तुओं के आयातों पर प्रतिकारी शुल्क लगाकर और पूंजीगत वस्तुओं पर 'मोडवैट' के विस्तार द्वारा संयोजित कर दिया गया था। अलौह धातुओं और उनके खनिजों, कोयला, पैट्रोलियम उत्पादों और चिकित्सा उपस्करों के संबंध में आयात शुल्क संबंधी ढांचे को विवेकसम्मत बनाया गया। सीमाशुल्क और उत्पाद शुल्क के संबंध में अन्तः उपयोग अधिसूचनाओं और दर श्रेणियों को काफी कम कर दिया गया। उत्पाद शुल्क के अन्तर्गत, अंतः निर्मित राजस्व लोच को सुदृढ़ करने के लिए विशिष्ट से यथा मूल्य शुल्कों की ओर महत्वपूर्ण परिवर्तन किया गया है। उत्पाद शुल्क की दरों की संख्या को आधे तक घटा दिया गया। पैट्रोलियम और पूंजीगत वस्तुओं को शामिल करने के लिए 'मौडवेट' का विस्तार किया गया।

30. सरलीकरण, सीमान्त दरों में कमी, विवेकीकरण तथा प्रशासनिक सुधारों के माध्यम से आय करों में भी सुधार जारी रहा। जैसाकि वर्ष 1994-95 के बजट में निर्दिष्ट हुआ था कि इन सभी कर सुधारों से, यदि परम्परागत तरीकों से अनुमान लगाया गया तो केन्द्र को, 3604 करोड़ रुपए का नुकसान होगा। तथापि, यह महसूस किया गया कि व्यापक कर सुधार की प्रक्रिया को अपनाने से कर अनुपालन को बढ़ावा मिलेगा जिससे राजस्व में और बढ़ौतरी होगी जो पारम्परिक रूप से अनुमानित "राजस्व हानियों" को पूर्णतया प्रतिसन्तुलित कर देगी। अक्तूबर, 1994 तक के प्रारम्भिक आंकड़ों में दर्शित वैयक्तिक और निगमित आय करों में 53.5 प्रतिशत और सीमा तथा उत्पाद शुल्कों में 18 प्रतिशत की वृद्धि से यह संकेत मिलता है कि वर्ष 1994-95 में हुए राजस्व संग्रहण ने अनुसरित कर सुधार रणनीति को न्यायसंगत ठहराया है।

31. गत चार वर्षों में सीमान्त आय कर दरों में हुई गिरावट के संचयी प्रभाव से कर राजस्व में कमी नहीं आई जैसी कि कुछ लोगों को आशंका थी। इसके विपरीत, सुधारों के समग्र प्रभाव से वैयक्तिक आयकर तथा निगमित आय कर दोनों की उत्प्लावकता बढ़ी है (उपादान लागत पर नाममात्र सकल घरेलू उत्पाद के रूप में प्रतिशतता परिवर्तन द्वारा विभाजित राजस्व में प्रतिशतता परिवर्तन के रूप में मापित)। वैयक्तिक आय कर उत्प्लावकता पिछले चार वर्षों के दौरान के मुकाबले वर्ष 1991-92 से 1994-95 (ब०अ०) के दौरान औसतन लगभग 1.4 रही। इसी प्रकार निगमित कर उत्प्लावकता भी 1987-88 से 1990-91 के दौरान 0.8 से बढ़कर वर्ष 1991-92 से 1994-95 (ब०अ०) के दौरान लगभग 1.7 हो गई। परिणामस्वरूप, केन्द्र के सकल राजस्व में प्रत्यक्ष करों का अंश भी वर्ष 1990-91 में 19.1 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 1994-95 (ब०अ०) में 28.4 प्रतिशत हो गया।

32. वित्तीय क्षेत्र में, बैंकिंग प्रणाली को मजबूती प्रदान करने तथा प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए सुधार जारी रहे। निजी क्षेत्र में छह नए बैंकों की स्थापना की गई। बड़े ऋणों से सम्बद्ध ब्याज दर पर पूरी तरह से नियन्त्रण हटाने से प्रतिस्पर्धी शक्तियों के कार्य क्षेत्र में विस्तार हुआ है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने कम मूल्य की परिसम्पत्तियों की व्यवस्था सम्बन्धी कार्य को पूरा कर लिया है और वर्ष 1993-94 में 4 प्रतिशत पूंजी जोखिम भारांश परिसम्पत्ति अनुपात प्राप्त किया। यद्यपि अधिकांश बैंकों ने वर्ष 1992-93 की अपेक्षा व्यवस्था किए जाने से पूर्व काफी लाभ प्राप्त कर लिया था, उच्चतर प्रावधान किए जाने से निवल हानि हुई। भारतीय स्टेट बैंक की स्थिति इस प्रवृत्ति के सम्बन्ध में सर्वथा अपवादात्मक रही। पूंजी बाजार में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की पहुंच को सुगम बनाने के लिए बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अधिग्रहण तथा अन्तरण) अधिनियम में सुधार किया गया और इनमें से एक बैंक ने इक्विटी इश्यू के माध्यम से लगभग 360 करोड़ रुपए जुटा लिए है। आर्थिक दृष्टि से कमजोर बैंकों, जिनकी स्थिति अभी पूंजी बाजार में प्रवेश करने की नहीं हैं, के पुनः पूंजीकरण के लिए सरकारी सहायता हेतु 5600 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया।

33. भारतीय औद्योगिक बैंक, भारतीय औद्योगिक ऋण तथा निवेश निगम, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक तथा निर्यात-आयात बैंक नामक

पांच अखिल भारतीय विकास वित्त संस्था के लिए विवेकसम्मत तथा पूंजी पर्याप्तता मानदण्डों की घोषणा की गई थी। मार्च, 1995 और मार्च, 1996 तक सभी संस्थानों को पूंजी पर्याप्तता मानदण्ड के क्रमश: 4 प्रतिशत और 8 प्रतिशत पर पहुंच जाना चाहिए। यद्यपि विदेशों में कार्यरत संस्थाओं को मार्च, 1995 तक 8 प्रतिशत का मानदण्ड प्राप्त करना होगा। गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों के लिए भी विवेकसम्मत मानदण्डों की घोषणा की गई। 50 लाख रुपये से अधिक निवल स्वामित्व वाली निधियां रखने वाली कम्पनियों को भारतीय रिजर्व बैंक में पंजीकरण कराना पड़ेगा और मार्च, 1995 तथा मार्च, 1996 तक क्रमश: 6 प्रतिशत और 8 प्रतिशत का पूंजी पर्याप्तता मानदण्ड प्राप्त करना होगा।

34. वित्तीय व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए संस्थागत सुधार भी जारी रहे। बकाया बैंक ऋणों की वसूली को त्वरित करने के लिए अपीलीय न्यायाधिकरण के साथ चार विशेष ऋण वसूली न्यायाधिकरण भी स्थापित किए गए। समग्र रूप से वित्तीय क्षेत्र का एकीकृत और कार्यक्षम पर्यवेक्षण करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर की अध्यक्षता में एक वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड की स्थापना की गई है। एक सलाहकार परिषद (बोर्ड से सम्बद्ध) जिसमें उच्चतम न्यायालय के भूतपूर्व न्यायाधीश को शामिल किया गया है, की भी स्थापना की गई है। दिसम्बर, 1993 में स्थापित भारतीय रिजर्व बैंक का नया पर्यवेक्षण विभाग बोर्ड को सहायता प्रदान करेगा।

35. 'सेबी' द्वारा प्राथमिक और गौण बाजारों में बेहतर पारदर्शिता सहभागी दायित्व तथा कार्यक्षमता प्रारम्भ करने सम्बन्धी प्रयासों को जारी रखने से पूंजी बाजार सुधारों की प्रक्रिया तेज हुई। निजी नियोजन और प्रमोटरों को शेयरों के आवंटन हेतु नियमों की घोषणा की गई। एक नवीन व्यापक अधीनीकीकरण संहिता की घोषणा की गई है। भारतीय राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज ने थोक ऋण बाजार खण्ड सहित जून, 1994 से कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है। इसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बाण्ड, सरकार की दिनांकित प्रतिभूतियां और कोष बिल, जमा राशियों के प्रमाण-पत्र, वाणिज्यिक पत्र और निगमित ऋण पत्र शामिल हैं। इसने नवम्बर, 1994 से इक्विटी बाजार व्यापार प्रारम्भ किया है। राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज की स्क्रीन आधारित स्क्रिप रहित व्यापार व्यवस्था तथा 'वीसैट' सैटेलाइट लिंक एकीकृत राष्ट्रीय ऋण और इक्विटी बाजार की तरफ बढ़ने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वर्ष 1994-95 के दौरान, विदेशी संस्थागत निवेशकों की संख्या 158 से बढ़कर 286 हो गई जबकि उनके निवेश स्टॉक 1.66 बिलियन अमरीकी डालर से बढ़कर 3.1 बिलियन अमरीकी डालर (जनवरी माह के अन्त तक) हो गये। भारतीय कम्पनियों ने वर्ष 1994-95 के दौरान (जनवरी तक अन्तर्प्रवाह) जी०डी०आर० के जरिए 1.74 अमरीकी डालर बिलियन की राशि जुटाई।

भुगतान सन्तुलन

36. वर्ष 1991-92 से भुगतान सन्तुलन की स्थिति में निरन्तर सुधार दिखाई दिया है जिसमें पिछले वर्षों की अपेक्षा निर्यात की तुलना में आयात अधिक हुआ है। निर्यात-आयात अनपात वर्ष 1991-92 से 1993-94 के दौरान औसतन लगभग 90 प्रतिशत रहा है जो पूर्व के तीन वर्षों में औसतन लगभग 65 प्रतिशत था। चालू लेखा घाटे में भी गिरावट हुई है जो पिछले तीन वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 2.6 प्रतिशत की तुलना में इन तीन वर्षों के सम्बन्ध में सकल घरेलू उत्पाद का औसतन लगभग 0.7 प्रतिशत है। यद्यपि वर्ष 1994-95 के सम्बन्ध में निर्यात आयात अनुपात में वर्ष 1993-94 में मौजूद 94.6 प्रतिशत के उच्चस्तर से गिरावट होने और चालू लेखा घाटे के वर्ष 1993-94 के निम्नस्तर से ऊपर उठने की आशा है फिर भी ऐसी कोई सम्भावना दिखाई नहीं देती कि चार वर्षों का औसत पिछले तीन वर्षों के औसत से अधिक भिन्न हो।

37. वर्ष 1993-94 के दौरान, भारत के भुगतान सन्तुलन में जो सुधार दिखाई दिया, वह वर्ष 1994-95 में भी जारी रहा। इस सुधार के परिणामस्वरूप विदेशी मुद्रा प्रारक्षित निधियों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई। ये परिसम्पत्तियां जो मार्च, 1994 के अन्त में 15.1 बिलियन अमरीकी डालर थी, अक्टूबर, 1994 तक बढ़कर 19.8 बिलियन अमरीकी डालर हो गई और तब से इस स्तर के आस-पास स्थिर हैं। इस सुधार से भारत चालू लेखा परिवर्तनीयता के सम्बन्ध में देश के चरणबद्ध संक्रमण को पूरा करने और भविष्य में चालू लेखा लेन-देन से सम्बद्ध एक पक्षीय प्रतिबन्धों के परिहार सहित अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुच्छेद VIII के अन्तर्गत सौंपे गए दायित्वों को ग्रहण करने में समर्थ हुआ है।

38. सभी बाह्य लेन-देनों के निवल परिणाम के रूप में निर्मित प्रारक्षित निधि, चालू और पूंजीगत लेखाओं से सम्बद्ध सुधारों के प्रभाव को परिलक्षित करती हैं। वर्ष 1994-95 के पूर्वार्ध के दौरान, चालू लेखा घाटा वर्ष 1993-94 के पूर्वार्ध के 938 मिलियन अमरीकी डालर की तुलना में केवल 436 मिलियन अमरीकी डालर था। वर्ष 1994-95 के पूर्वार्ध में अदृश्य खाते से सम्बन्धित अधिशेष वर्ष 1993-94 के पूर्वार्ध के अल्प घाटे की तुलना में बढ़कर 1096 मिलियन अमरीकी डालर हो गया। तथापि, इस सुधार को आंशिक रूप से वर्ष 1994-95 के पूर्वार्ध के 1.5 बिलियन अमरीकी डालर के व्यापार घाटे में हुई बढ़ोतरी से प्रतिसंतुलित कर लिया गया था। यह व्यापार घाटा वर्ष 1993-94 के पूर्वार्ध में लगभग 850 मिलियन अमरीकी डालर था। ऐसा मुख्यत: औद्योगिक वृद्धि में हुई तीव्रता के कारण तेल भिन्न आयातों में 28 प्रतिशत की वृद्धि होने के कारण हुआ है। इन गतिविधियों से यह

आशा की जाती है कि पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 1994-95 में व्यापार घाटा बढ़ेगा । इसके बावजूद, सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात के रूप में व्यापार घाटा वर्ष 1992-93 की अपेक्षा कम होगा ।

39. विदेशों से निवल पूंजी अन्तर्प्रवाह में तेजी से बढ़ौतरी हुई है । यह अप्रैल-सितम्बर, 1993 में 2.1 बिलियन अमरीकी डालर से बढ़कर इस वर्ष अप्रैल-सितम्बर, 1994 में 3.8 बिलियन अमरीकी डालर हो गया । इन प्रवाहों का मिश्रण भी इक्विटी की ओर तथा ऋण से परे परिवर्तित हुआ है । अन्तर्राष्ट्रीय विदेशी सहायता, विदेशी वाणिज्यिक उधार मुद्रा कोष ऋण और अनिवासी जमा राशियों में भी उत्तरोत्तर गिरावट हुई है । वर्ष 1990-91 में यह गिरावट निवल पूंजी अन्तर्प्रवाह के 85.8 प्रतिशत से गिरकर वर्ष 1993-94 में 40 प्रतिशत हो गई । अनिवासी भारतीयों की जमा राशियों की परिपक्वता का औसत अब काफी अधिक है और वे चालू अन्तर्प्रवाह का केवल 10.2 प्रतिशत हैं । इसके विपरीत, प्रत्यक्ष निवेश में चौगुनी वृद्धि हुई है । यह वर्ष 1991-92 के 150 मिलियन अमरीकी डालर से बढ़कर वर्ष 1993-94 में 620 मिलियन अमरीकी डालर हो गया । वर्ष 1994-95 के पूर्वार्ध में यह 1993-94 के पूर्वार्ध की तुलना में 50 प्रतिशत से भी अधिक रहा है । जी०डी०आर० के रूप में विदेशी इक्विटी अन्तर्प्रवाह और एफ०आई०आई० अन्तर्प्रवाह में जो वृद्धि वर्ष 1993-94 में देखी गई, उसके वर्ष 1994-95 में गत वर्ष से अपेक्षाकृत मामूली उच्च स्तरों पर स्थिर रहने की संभावना है ।

40. विदेशी कर्ज के सम्बन्ध में सरकार ने विवेकसम्मत मार्ग का अनुसरण करना जारी रखा । परिणामस्वरूप, बकाया विदेशी ऋण स्टॉक में वार्षिक बढ़ौतरी वर्ष 1990-91 में 8.1 बिलियन अमरीकी डालर के उच्चस्तर से घटकर वर्ष 1993-94 में 0.7 मिलियन अमरीकी डालर हो गई । वास्तव में, वर्ष 1994-95 के पूर्वार्द्ध में विदेशी ऋण स्टॉक में 270 मिलियन अमरीकी डालर तक की वास्तविक गिरावट देखी गई जो हाल के इतिहास में पहली बार हुआ है । सरकार ने भी कुल विदेशी कर्ज में अल्पावधि ऋण अनुपात को नीचे लाने का सफलतापूर्वक प्रयास किया है । यह वर्ष 1990-91 के अन्त में 10.2 प्रतिशत से घटकर वर्ष 1993-94 के अन्त में 4.0 प्रतिशत हो गया तथा सितम्बर 1994 के अन्त तक और घटकर 3.1 प्रतिशत हो गया । इसके अतिरिक्त, कुल ऋण में रियायती ऋण का 47 प्रतिशत का अनुपात बृहत् ऋण स्टॉक रखने वाले अन्य विकासशील देशों यथा—ब्राजील (2 प्रतिशत), चीन (16 प्रतिशत), इन्डोनेशिया (28 प्रतिशत), मैक्सिको (1 प्रतिशत) और रूसी संघ (5 प्रतिशत) की तुलना में असमान्य रूप से उच्च रहा है ।

सामाजिक क्षेत्र और निर्धन

41. साम्यता एवं सतत वृद्धि दोनों के लिए हमारे विशाल मानव संसाधनों का विकास होना परमावश्यक है । पर्याप्त उपलब्धियों के बावजूद, हमारी जनसंख्या का आकार शेष कार्य को पूरा करने में हतोत्साहित करता है । चूंकि अर्थव्यवस्था संकट से ऊबर रही है और इस संकट से छुटकारा पाने हेतु हमें स्थिर उपायों की आवश्यकता है, इसलिए समाज के सर्वाधिक कमजोर और गरीब वर्गों की रक्षा करने के लिए विशेष सावधानी बरती जानी चाहिए । इन अनिवार्यताओं को स्वीकार करते हुए, सरकार ने पिछले दो बजटों में सामाजिक क्षेत्रों और गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के लिए केन्द्रीय योजना आवंटनों में पर्याप्त रूप से वृद्धि की है ।

42. पिछले दो वर्षों में, शिक्षा से सम्बद्ध केन्द्रीय योजना आवंटन में 62 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है । जिसमें प्राथमिक और वयस्क शिक्षा के परिव्यय में क्रमशः 84 और 78 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । स्वास्थ्य से सम्बद्ध परिव्यय में 91 प्रतिशत की वृद्धि की गई । गरीबी विरोधी कार्यक्रमों सहित, ग्रामीण विकास के लिए केन्द्रीय योजना परिव्यय को पिछले दो वर्षों में 126 प्रतिशत बढ़ा दिया गया और यह वर्ष 1994-95 (ब०अ०) में 7000 करोड़ रुपए के स्तर से अधिक हो गया । रोजगार आश्वासन योजना और प्रधान मंत्री रोजगार योजना नामक दो नई योजनाओं को वर्ष 1993-94 में प्रारम्भ किया गया था और इन्हें सुदृढ़ तथा विस्तारित किया जा रहा है । सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, महिला, बाल तथा ग्रामीण विकास पर केन्द्रीय आयोजना व्यय वर्ष 1991-92 में 0.9 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 1993-94 (सं०अ०) में 1.2 प्रतिशत हो गया । इसने सुधारों के प्रतिकूल प्रभावों से, लाभ वंचित समूहों को सुरक्षा प्रदान करने में मदद की है ।

43. सरकार ने अपने आर्थिक सुधारों में निर्वाह योग्य रोजगार का सृजन करने वाली वृद्धि प्रोत्साहन को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की है । परिणामस्वरूप रोजगार में दुगुनी वृद्धि होने का अनुमान है । यह वृद्धि संकटग्रस्त वर्ष 1991-92 में 3 मिलियन से बढ़कर वर्ष 1992-93 और 1993-94 में प्रत्येक वर्ष 6 मिलियन हो गई । इस वर्ष वृद्धि में तेजी के कारण रोजगार सृजन में भी तदनुरूप वृद्धि होने की आशा है ।

44. ग्रामीण गरीबी की प्रवृत्तियों का एक संकेतक खेतिहर मजदूरों की दी जाने वाली वास्तविक मजदूरी दरें हैं । यद्यपि राज्यों में इस सम्बन्ध में भिन्नताएं हैं, फिर भी औसत खेतिहर वास्तविक मजदूरी में वर्ष 1991-92 के संकट वर्ष में गिरावट देखी गई और वर्ष 1992-93 तथा

1993-94 में इसमें बढ़ौतरी हुई। इन वृद्धियों ने वर्ष 1991-92 में आई गिरावट को अपेक्षाकृत काफी सीमा तक निष्प्रभावी कर दिया।

45. महत्वपूर्ण सांख्यिकी से सम्बद्ध वार्षिक आंकड़े हाल के वर्षों में कुछ रोचक प्रवृत्तियों को प्रदर्शित करते हैं। यद्यपि वार्षिक घट-बढ़ के आधार पर बहुत अधिक नहीं कहा जाना चाहिए, फिर भी यह रोचक है कि अशोधित मृत्यु दर (प्रति हजार) की गिरती प्रवृत्ति में ठहराव आया है और यहां तक कि वर्ष 1993 में अधोगामी प्रवृत्ति के आने से पूर्व यह वर्ष 1991 और 1992 में थोड़ी सी प्रत्यावर्तित हो गई थी। इसी प्रकार, शिशु मृत्यु दर में गिरावट की प्रवृत्ति वर्ष 1993 में निरन्तर गिरते जाने से पूर्व वर्ष 1991 और 1992 में रुक गई थी। ये प्रारम्भिक आंकड़े इस विचार के समनुरूप हैं कि वर्ष 1991-92 के आर्थिक संकट ने 1991 और 1992 दोनों वर्षों में सामान्य जीवन स्तर को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया, जबकि सुधार के फलस्वरूप प्राप्त उन्नति से वर्ष 1993 में सामान्य जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

मुद्दे और प्राथमिकताएं

46. पिछले वर्ष की आर्थिक समीक्षा में, मध्यम अवधि में भारतीय अर्थव्यवस्था के सम्बन्ध में मुख्य मुद्दों और प्राथमिकताओं की रूपरेखा दी गई थी। व्यापक अर्थ में, यह निदान अपरिवर्तित रहेगा। तथापि, सर्वाधिक अनिवार्य मुद्दों पर ध्यान देने में कोई हानि नहीं है। सब से अधिक वृद्धि साम्यता आत्मनिर्भरता तथा आधुनिकीकरण के मूल उद्देश्यों का समर्थन करना हितकारी है। हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि आर्थिक सुधारों का मूल उद्देश्य और वस्तुतः सरकार की सभी आर्थिक नीतियों का उद्देश्य भारत के लोगों विशेषकर गरीबों के जीवन स्तर में निरन्तर सुधार लाना होना चाहिए। उत्पादन तथा रोजगार के अवसरों में त्वरित और निरन्तर वृद्धि हमारी गरीबी की भयप्रद समस्या का निश्चित रूप से निवारण कर सकती है।

47. निकट भविष्य में, भारत के लोगों के जीवन की गुणवत्ता का निर्धारण करने वाला एक महत्वपूर्ण कारक सरकार द्वारा सभी स्तरों पर उपलब्ध कराई गई सार्वजनिक वस्तुओं और सेवाओं की गुणवत्ता है। इसमें पुलिस, कानूनी व्यवस्था शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व अधिकारियों के कार्य, सड़क, स्वच्छता, विद्युत, जल-आपूर्ति, सिंचाई जल, डाक, दूर संचार और बैंकिंग जैसी सेवाएं शामिल हैं। सरकार तथा जनता के बीच की इस परस्पर अन्तःक्रिया के महत्व को अतिशयोक्तिपूर्ण नहीं कहा जा सकता। अधिसंख्य जनता की सन्तुष्टि पर इसका व्यापक प्रभाव हो सकता है जिसके पास न तो प्रभाव होता है न सार्वजनिक सेवा की व्यवस्था में सुधार करने के लिए संसाधन होते हैं, और न ही महंगे निजी विकल्पों का सहारा लेने के लिए साधन होते हैं।

राजकोषीय नीति

48. राजकोषीय नीति से सम्बद्ध सर्वाधिक महत्वपूर्ण सीख हमारे अपने अतीत से ही प्राप्त होती है, यद्यपि इसकी पुष्टि विभिन्न प्रकार के देशों के अनुभवों के आधार पर होती है। वर्ष 1991 के संकट से यह स्पष्ट पता चला कि राजकोषीय आधिक्य, राजनीतिक अस्थिरता और सरकारी निष्क्रियता का समन्वित रूप गम्भीर परिणाम पैदा कर सकता है। चूंकि राजकोषीय असन्तुलन तथा इसके प्रभावों के मध्य के अन्तराल के संबंध में निश्चित तौर पर भविष्यवाणी नहीं की जा सकती तथापि अल्पकालिक लाभ के लिए राजकोषीय शिथिलता का प्रलोभन सदा बना रहता है। लेकिन इतिहास हमें सिखाता है कि राजकोषीय लोक सुलभता की लागतें असाधारण रूप से ऊंची और चिरस्थाई हो सकती है। यदि निरन्तर, रोजगार-गहन वृद्धि के मूल लक्ष्य को प्राप्त करना है तो राजकोषीय सावधानी बरतने के अलावा हमारे पास कोई विकल्प नहीं है।

49. जैसे-जैसे वृद्धि की गति बढ़ेगी, वैसे ही निवेश संसाधनों के सम्बन्ध में प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। यदि राजकोषीय घाटे निरन्तर ऊंचे बने रहे तो निजी निवेश में हुई वृद्धि को ब्याज दरों को बढ़ाकर नियंत्रित किया जा सकता है। सिद्धान्त रूप में, घरेलू बचतों को बढ़ाकर विदेशी अन्तर्प्रवाह सरकारी उधार द्वारा निजी निवेश के संकुल को समाप्त कर सकता है। व्यवहार में, ऐसे अन्तर्प्रवाह राजकोषीय प्रवृत्तियों, आर्थिक सुधार से सम्बद्ध प्रगति और राजनीतिक स्थायित्व से सम्बन्धित अवधारणाओं पर आश्रित हैं। इस प्रकार, व्यवहार में, वृद्धि की निरन्तरता राजकोषीय घाटे में संयत और निरन्तर कमी सुनिश्चित करने पर निर्भर है।

50. द्वितीय राजकोषीय सीख यह है कि उच्च दरों की अपेक्षा, जो अपवंचन और परिहार के सम्बन्ध में सुस्पष्ट प्रोत्साहन प्रदान करती हैं और कर आधार को संकुचन की ओर ले जाती हैं, विवेकसम्मत, व्यापक आधार वाले करों से राजस्व में निरन्तर वृद्धि और इक्विटी में सुधार होने की सम्भावना है। सातवें दशक के दौरान, धन कर सहित सीमान्त कर दरों में शत-प्रतिशत से ऊपर पहुंचने के लिए आय कर की दरों को उत्तरोत्तर बढ़ाया गया। इससे बेहतर इक्विटी और अस्थायी रूप से अपेक्षाकृत उच्च राजस्व की भ्रांति पैदा हुई, लेकिन इसके परिणामस्वरूप कर-अपवंचन और भ्रष्टाचार में वृद्धि हुई। इसके विपरीत अनुपालन में सुधार लाने के लिए अन्य कर-सुधारों तथा प्रशासनिक उपायों सहित सीमान्त दरों में हुई कमी से इन प्रत्यक्ष-करों की उत्प्लावकता में वृद्धि हुई है।

51. केन्द्रीय उत्पादशुल्क और सीमाशुल्क की संरचना में, उसके पूरा होने तक सुधार जारी रखने चाहिए। सीमाशुल्क के लिए इसका अर्थ है कि शुल्क दरें, एशिया के अन्य भागों की दरों के साथ तुलनीय हो जानी चाहिए। यद्यपि

प्रयोक्ता, प्रयोग और स्त्रोत पर आधारित छूटों, जो अनेक विसंगतियों को जन्म देती हैं, को समाप्त करने में पर्याप्त प्रगति की गई है। तथापि, यह कार्य किसी भी तरह पूरा नहीं हुआ है।

52. 'मोडवैट' को चालू सांविधिक पैरामीटरों के भीतर वास्तविक केन्द्रीय 'वैट' में बदल दिया जाना चाहिए। यद्यपि इस दिशा में कई कदम उठाए गए है, लेकिन सिद्धान्त और व्यवहार में अभी भी अन्तर है। 'मोडवैट' नियम व्यापक रूप से और एक समान रूप से लागू किया जाना चाहिए। आदर्शतः तैयार उपभोक्ता वस्तुओं को छोड़कर, उत्पादन में निविष्टियों के रूप में प्रयुक्त की जाने वाली सभी अन्य विनिर्मित वस्तुओं के लिए एक एकसमान उत्पादशुल्क-दर होनी चाहिए। एक बार 'वैट-क्रैडिट' उपलब्ध हो जाने से प्रणाली व्यापक रूप से सरल हो जाती है और अधिकांश विसंगतियां और परेशानी संबंधी काफी संभावनाएं समाप्त हो जाती हैं। व्यापक वर्गीकरण पर आधारित श्रेणियों यथा-आवश्यकताएं, सामान्य वस्तुएं तथा विलासिताएं में बांटे जाने पर तैयार उपभोक्ता वस्तुओं की तीन से पांच दरें हो सकती हैं। यदि सम्पूर्ण विनिर्माणकारी और आधुनिक सेवा क्षेत्रों को सम्मिलित करने के लिए प्रणाली को प्रभावी रूप से व्यापक आधार वाली बनाना हो तो कम्प्यूटरीकृत जांच द्वारा समर्थित सरलीकृत स्वमूल्यांकन प्रक्रियाओं का होना आवश्यक है।

53. सरकारी संगठनों और कार्यक्रमों में फिजूलखर्च का पता लगाना और उसे कम करना, आवश्यक भी है और कठिन भी है। स्वभावतः ही प्रत्येक संगठन के सदस्यों का, व्ययों और सहायक स्टाफ, जो अधिकार और प्रतिष्ठा का स्त्रोत हैं, को बनाए रखने में निहित स्वार्थ होता है। फिजूलखर्ची क्या है, इस बात पर सर्वसम्मत होना अत्यंत कठिन है। जब हम इसके साथ विशेष हितों के समूह जो इस प्रणाली पर आश्रित हो गये हैं, को जोड़ते हैं तो कार्य अत्यधिक विस्तारित बन जाता है। फिर भी हमें इस लक्ष्य को सुनिश्चित करने के प्रयास जारी रखने चाहिये कि व्यय, आर्थिक सहायता एवं अंतरण आशयित लाभभोगियों को पहुंचे। ऐसा आर्थिक सहायता निर्धनों के लिए लक्ष्यांकित करके तथा सार्वजनिक सेवाओं की लागत का प्रभार शेष लोगों पर डालकर, रिसावों में कटौती करके तथा प्रशासनिक उपरिव्ययों को कम करके तथा ऐसे कार्यक्रमों, विभागों और संगठनों को, जो केवल उनमें कार्यरत लोगों को ही लाभन्वित करते हैं, चरणबद्ध रूप से समाप्त करके किया जा सकता है।

मौद्रिक नीति

54. तदर्थ राजकोषीय हुंडियों के माध्यम से उधार लेने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक में सरकार की एकपक्षीय पहुंच को सीमित करने वाले सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के बीच हुए इस वर्ष के ऐतिहासिक समझौते से राजकोषीय और मौद्रिक नीति के मध्य सम्पर्क कमजोर हो गया है जिससे मौद्रिक नीति स्वायत्तता की ओर पुनः स्थापित हुई है। अपेक्षाकृत अधिक स्वायत्तता से अधिक जिम्मेदारी आती है। अर्थव्यवस्था की वास्तविक ऋण सुविधाओं को पूरा करते हुए मुद्रास्फीति सर्वाधिक अनुकूल तरीके से कम करने के लिए धन और ऋण की समग्र वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक अब और अधिक सक्षम भी है और उत्तरदायी भी है। सरकारी प्रतिभूतियों के लिए प्राथमिक और सेकेंडरी बाजारों को द्रुतगति से गहन और व्यापक बना कर कारगर मौद्रिक प्रबंध और मुद्रास्फीति नियंत्रण क्षमता को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है।

उद्योग और व्यापार

55. व्यापार और औद्योगिक नीति सुधारों का एक महत्वपूर्ण तत्व देशीय और विदेशी दोनों प्रतिस्पर्धाओं को बढ़ावा देना है और परिणामस्वरूप उच्चतर उत्पादकता, निम्नतर लागतें, बेहतर गुणवत्ता और अधिक नवीनता को प्रोत्साहन देना है। प्रतिस्पर्धा, एकाधिकारवादी व्यवहारों का सर्वोत्तम प्रतिकारक है: उससे यह सुनिश्चित होता है कि व्यवसाय एकाधिकार किरायों (मनोपली रेंट) जो छिपे हुए कराधान का अनुचित रूप हैं, की अपेक्षा उद्यमों और कौशलों के माध्यम से अपने लाभ तथा सम्पत्ति अर्जित करें। मशीन औजार उद्योग में उत्पादन गुणवत्ता और उत्पाद सीमा में पुनरुत्थापन से औद्योगिक विनियमन के समापन तथा आयातों पर नियंत्रण और शुल्कों की कमी का उदाहरण प्रस्तुत होता है। प्रतिस्पर्धा के मार्ग में आने वाली बाधाओं को लगातार दूर करना आगे किए जाने वाले सुधारों का एक महत्वपूर्ण तत्व है।

56. आयातों को नियंत्रित करने की विधि के रूप में लाइसेंसिंग को समाप्त करने की प्रक्रिया का और विस्तार किए जाने की आवश्यकता है। आठवीं योजना में यथा निर्दिष्टानुसार मात्रात्मक आयात-प्रतिबंधों के लिए टैरिफों के प्रतिस्थापन (उपभोक्ता-वस्तुओं के क्षेत्र सहित) से दक्षता में सुधार होगा एवं तस्करी पर रोक लगाई जा सकेगी। ऐसा विशेषकर इसलिए है क्योंकि हमारे पड़ोसी देशों में आयात नीति को उदारीकृत कर दिया गया है तथा भारत में आयात के लिए प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी करने के लिए प्रोत्साहन प्राप्त होता है। पूंजीगत और मध्यवर्ती वस्तु उद्योगों ने लाइसेंसिंग से टैरिफ आधारित नियंत्रणों तक संक्रमण के प्रति अच्छी प्रतिक्रिया दर्शाई है और इस बात पर विश्वास करने का नगण्य कारण है कि अन्य उद्योग ऐसा करने में सक्षम नहीं होंगे। यह भय कि उपभोक्ता वस्तु आयातों में अवहनीय वृद्धि होगी, अनुचित है क्योंकि टैरिफ और विनिमय दर प्रबंध द्वारा ऐसे परिणाम का परिहार होना चाहिये।

57. औद्योगिक और व्यापार नीतियों का दूसरा महत्वपूर्ण विषय उन अनावश्यक कानूनी और अफसरशाही बाधाओं को चरणबद्ध रूप से समाप्त करना है जो आर्थिक दक्षता में योगदान दिए बिना, उत्पादकों पर समय-विलम्ब और लागतें आरोपित करती हैं। अन्यों में शहरी भूमि उच्चतम सीमा अधिनियम, कंपनी अधिनियम और रुग्ण औद्योगिक कंपनी अधिनियम में सुधार करने की आवश्यकता है। तेजी से पुनर्संरचना करना, अर्जन करना और विलय करना उन साधनों में से हैं, जो प्रतिस्पर्धा की चुनौती को पूरा करने के लिए आवश्यक हैं। इलैक्ट्रॉनिकी और कृषि उद्योगों की निवेश लाइसेंसिंग को हटाना और पैट्रोलियम उत्पादों, कोयले और उर्वरक पर वितरण और मूल्य-निर्धारण नियंत्रण भी अपूर्ण कार्यसूची के हिस्से हैं। उपभोक्ता इलैक्ट्रॉनिकी उद्योग प्रतिस्पर्धा से काफी लाभान्वित हो सकता है। पिछले वर्ष आटोमोबाइल उद्योग को लाइसेंस से मुक्त कर देने के परिणामस्वरूप आटोमोबाइल संघटकों और नई कारों का उत्पादन करने की योजनाओं में निवेश करने में तेजी आई। चूंकि उपभोक्ता इलैक्ट्रॉनिक उद्योग के क्षेत्र अत्यधिक श्रम प्रधान हैं, अतः उपभोक्ता इलैक्ट्रॉनिकी के क्षेत्र को लाइसेंस मुक्त करने से अधिक लाभप्रद परिणाम होंगे। इस उद्योग के उन्नत प्रौद्योगिकी क्षेत्र को आकर्षित करने के लिए आवश्यक बिक्री मात्राओं तक पहुचने में लगने वाला समय भी कम हो जाएगा।

58. नीति का तीसरा तत्व उपादान बाजारों की क्षमता और सुस्पष्टता में विकास और वृद्धि करके उद्योग की प्रतिस्पर्धा की क्षमता में सुधार करना है। प्रतिस्पर्धात्मक लागतों पर पूंजी, प्रौद्योगिकी और कौशलों तक पहुंच अर्थव्यवस्था का विकास करने के लिए आवश्यक है। एशिया के अन्य भागों में देखे गए स्तरों तक उत्पादन और नियोजन की वृद्धि को त्वरित करने के लिए इक्विटी-बाजारों, बैंकों, बीमा, ऋण-बाजारों और श्रम कानूनों में सुधार और संशोधित विनियमन करना आवश्यक है। दीर्घावधि में साम्य वृद्धि को बनाए रखने के लिए जनसंख्या की शिक्षा और औद्योगिक कुशलता में सुधार करना भी आवश्यक है।

59. नीतिगत सुधार राज्य-सरकारों और राज्यों की राजधानियों के स्तर तक पहुच रहे हैं। नए औद्योगिक निवेश के वास्तविक लाभ निवेश अनुमोदनों और आशयों को वास्तविक निवेश, नियोजन और उत्पादन में परिणत करने से ही प्राप्त किए जा सकते हैं। राज्य-सरकारों की भूमिका महत्वपूर्ण है क्योंकि भूमि-उपयोग, जल, विद्युत्-उत्पादन और वितरण तथा सड़कें राज्य-सरकारों के क्षेत्राधिकार में आती हैं। नई संभावनाओं को मतदाता जनता द्वारा बोधगम्य यथार्थता में परिवर्तित करने के लए नीति, नियमों और प्रक्रियाओं में आमूल परिवर्तन करना आवश्यक होगा।

विदेशी क्षेत्र

60. निर्यातों की सतत वृद्धि और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, भुगतान संतुलन की सतत व्यवहार्यता की कुंजी हैं। 1991-92 में विनिमय दर में हुए परिवर्तनों और उत्तरवर्ती सुधारों ने भारतीय विनिर्माण को प्रतियोगी बना दिया है। विदेशी-पूंजी के अन्तः प्रवाह और परिणामस्वरूप मुद्रास्फीति में हुई वृद्धि ने, जिसके कारण पिछले दो वर्षों में वास्तविक विनिमय-दर में वृद्धि हुई है, इस तथ्य को परिवर्तित नहीं किया है। तथापि हमारे प्रतिस्पर्धियों की तुलना में हमारे निर्यातों पर अभी भी नीति संबंधी बहुत से प्रतिबंध हैं। निर्यातकों के लिए बनाई गई श्रम-नीति हमारे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में कहीं अधिक प्रतिकूल है, जो लचीलेपन और विश्व बाजारों के प्रति प्रतिक्रियाशीलता के लिए बाधा उत्पन्न करती है। बहुत सी निर्यात योग्य वस्तुएं अभी भी लघु उद्योगों के लिए आरक्षित हैं, जिससे गुणात्मक-निर्यातों की परिमाण वृद्धि और आधार निर्माण में बाधा उत्पन्न होती है। विदेशी निवेश नीति ने अभी श्रम-प्रधान उपभोक्ता माल उत्पादकों की उस लहर को आकर्षित नहीं किया है, जिससे दक्षिण-पूर्वी एशिया और चीन में निर्यातों और नियोजन में काफी-वृद्धि हुई थी। निर्यात सम्पर्कों के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए इन नीतियों को उदार-बनाने की आवश्यकता है।

61. निर्यातों की सतत उच्च-वृद्धि को बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि प्रशासनिक प्रक्रियाएं और व्यवहार निर्यातकों को वास्तविक तीव्र-मार्गी प्राथमिकता प्रदान करें। आयात-लाइसेंस देने, सीमाशुल्क और शुल्क-कमियों से संबंधित प्रशासनिक प्रक्रियाओं में मूलतः सुधार करने की आवश्यकता है। उदाहरणार्थ, यदि निर्यात-आयात प्रलेखन पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत होता तो सम्पूर्ण अभिलेखन, जांच और अनुमोदन सीमाशुल्क गृह में तत्क्षण किए जा सकते थे। एक प्रामाणिक पास-बुक प्रणाली शुरू की जा सकती थी, जिससे प्रत्येक निर्यात-आदेश के लिए अलग से "लाइसेंस देने" और शुल्क-कमियों से संबंधित प्रक्रियाओं की कोई आवश्यकता नहीं रहेगी।

62. विश्व-अर्थव्यस्था के साथ भारत के विदेशी-व्यापार और भुगतानों के एकीकरण की उत्तरोत्तर सुदृढ़ता के साथ-साथ भुगतान-संतुलन, विदेशी मुद्रा-प्रारक्षित निधि, विदेशी ऋण और विनिमय-दर के समग्र प्रबन्धन के लिए लचीली प्रतिक्रिया हेतु सतर्कता और क्षमता की मांग जारी रहेगी। अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में हुई हाल की घटनाओं ने निम्न चालू लेखा घाटे का अनुसरण करने वाली भारत को भुगतान-संतुलन नीति, जो पूर्ण पूंजीगत लेखा परिवर्तनीयता, सशक्त विदेशी मुद्रा प्रारक्षित निधियों, विदेशी ऋण पर प्रभावी नियंत्रण (अल्पावधि ऋणों और निक्षेपों को हतोत्साहित करने सहित) लचीली बाजार निर्धारित विनिमय-दर, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को प्रोत्साहन और सबसे अधिक प्रबल निर्यात वृद्धि के प्रति एक सतर्क दृष्टिकोण है, को न्यायोचित ठहराया है। स्वाभाविक रूप से अनिश्चित विश्व वातावरण में, भारत के भुगतान-संतुलन के प्रबन्ध को अनवरत सतर्कता, परिपक्व निर्णय, विवेकपूर्ण पूर्वगामी कार्यों और अनुमान न लगाये जा सकने वाले विकासों के प्रति सामयिक प्रतिक्रिया की आवश्यकता होगी।

कृषि

63. हमारे कृतिक बल का दो-तिहाई हिस्सा अपनी आजीविका कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों से प्राप्त करता है। इस क्षेत्र का कार्य निष्पादन अभी भी भारत की अधिकांश जन-संख्या की वास्तविक आयों और जीवन स्तरों में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है। पिछले साढ़े तीन वर्षों में हुए आर्थिक सुधारों ने उद्योग की तुलना में कृषि की सापेक्ष लाभप्रदता को सुधारने में काफी योगदान दिया है। कृषीय वस्तुओं के देशीय और विदेशी व्यापार पर नियंत्रणों को कम करने से आय संबंधी लाभों के अवसर पर्याप्त रूप से विस्तारित हुए हैं। कृषीय विकास के पैटर्न को व्यापक बनाने, इस क्षेत्र के प्रति शेष पूर्वाग्रहों को समाप्त करने और वहनीय आधार पर मूल निविष्टियों, क्रेडिट और विस्तार सेवाओं की उपलब्धता को सुधारने के लिए और बहुत कुछ करने की आवश्यकता है।

64. कृषि क्षेत्र में सार्वजनिक निवेश (मुख्य रूप से राज्यों द्वारा किया गया) में ह्रास अत्यधिक चिन्ता का विषय है। यथार्थवादी रूप में अपेक्षाकृत अधिक सार्वजनिक निवेश के लिए संसाधन केवल तभी उपलब्ध हो सकते हैं जब कृषि संबंधी निविष्टियों पर चालू अत्यधिक आर्थिक सहायता को कम किया जाए। उदाहरण के रूप में प्रचालन और रखरखाव लागतों तथा पूंजीगत लागतों के पर्याप्त भाग को शामिल करने के लिए सिंचाई क्षेत्र में लागत वसूली को सुधारना आवश्यक है। सिंचाई संबंधी आर्थिक सहायता को चरणबद्ध रूप से कम करने का एक रास्ता सिंचाई जल के वितरण को विकेन्द्रित करना है। विभिन्न स्तरों पर सिंचाई संबंधी सहकारी समितियों का श्रेणीबद्ध संगठन बनाया जा सकता है, जो चैनलों के रखरखाव के लिए भी जिम्मेदार होगा। राज्य सिंचाई विभागों के कार्यकरण को अपेक्षाकृत अधिक वाणिज्यिक पूर्वाभिमुखीकरण प्रदान करने के लिए उन्हें सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में परिवर्तित किया जा सकता है। ऐसे पुनः पूर्वाभिमुखीकरण का दोहरा प्रभाव होगा– उत्पादकता पर प्रत्यक्ष रूप से और ग्रामीण निजी निवेश को संपोषित करके प्राथमिक पादप पोषकों—नाइट्रोजन (एन), फास्फेट (पी) और पोटाश (के)—की खपत में असन्तुलन भी चिन्ता का कारण है। 4 : 2 : 1 के आदर्श औसत अनुपात की तुलना में 1993–94 में समग्र रूप से भारत का एन. पी. के. का वास्तविक खपत अनुपात 9.3 : 3.1 : 1 था। यह असंतुलन सापेक्ष कीमतों में विरूपणों का प्रतिबिम्ब है। यदि इसमें सुधार नहीं किया गया तो इससे पर्यावरण को क्षति और उत्पादकता को हानि होने की संभावना है।

65. खाद्यान्नों की अधिप्राप्ति और न्यूनतम समर्थन मूल्यों में अत्यधिक वृद्धि होने से इन फसलों के लिए उत्पादन प्रोत्साहनों को निस्सन्देह रूप से बढ़ावा मिला है। लेकिन इससे उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में अत्यधिक वृद्धि और खाद्य भण्डार के भंडारण, रखने-उठाने और वितरण की सहवर्ती उच्च इकाई लागतों सहित उसे निजी व्यापार क्षेत्र से भारतीय खाद्य निगम को अपवर्तित करने से सामान्य मुद्रास्फीति में भी योगदान प्राप्त हुआ है। खाद्यान्नों की बढ़ती हुई कीमतों के ग्रामीण जनसंख्या के निर्धनतम वर्गों जिनमें से अधिकांश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली तक सीमित पहुंच है, के लिए विशेष रूप से प्रतिकूल परिणाम रहे हैं। समाज के अधिक असुरक्षित वर्गों की आवश्यकता को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार करने की आवश्यकता है।

66. जैसा कि पिछले वर्ष की आर्थिक समीक्षा में बताया गया था, कृषीय विकास के बृहत सुधार कार्य में छोटे किसानों के लिए विशेष समर्थन कार्यक्रम, ग्रामीण क्रेडिट का सुदृढ़ीकरण, कृषीय सहकारी समितियों का पुनरुत्थान, पंचायतों, अन्य ग्रास रूट निकायों को पुनः अस्तित्व में लाने संबंधी अनेक कार्यक्रम अपूर्ण पड़े हुए हैं। यह कार्यक्रम पहले की तरह आवश्यक और महत्वपूर्ण है। चीनी जैसे कृषीय उद्योगों को लाइसेंस मुक्त करने, कृषीय निर्यातों और घरेलू व्यापार पर प्रतिबन्ध समाप्त करने के कार्य भी अधूरे पड़े हैं। बहुपक्षीय व्यापार समझौतों के उरुग्वे दौर ने कृषि क्षेत्र को विश्व-व्यापार में व्यापक नए अवसर प्रदान किए हैं। भारतीय कृषि इन अवसरों का लाभ उठाने में पीछे नहीं रह सकती।

आधार ढांचा

67. आगामी कुछ वर्षों में भारत के आर्थिक विकास में एकमात्र सर्वाधिक महत्वपूर्ण बाधा बेहतर गुणात्मक आधार ढांचे, विशेष रूप से विद्युत, सड़क, जल और दूरसंचार की अनुपलब्धता हो सकती है। इन गैर-व्यापार योग्य सेवाओं की उपलब्धता अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता और निर्यात-गतिशीलता के लिए भी अनिवार्य है। विगत में, आधार ढांचे संबंधी सेवाओं पर अधिकांशतः केन्द्रीय और राज्य सरकारों का एकाधिकार था। अब इन्हें निजी निवेश के लिए और कुछ मामलों में निजी प्रबन्ध और प्रचालन के लिए खोला जा रहा है। इस प्रक्रिया को व्यापक बनाने, गहन और त्वरित करने तथा संक्रमण की रूपात्मकता को यथासंभव सुस्पष्ट बनाने की आवश्यकता है। तथापि, उत्पादन आरम्भ करने की अवधि में विलम्ब के कारण कुछेक वर्षों के लिए अधिकतर समग्र आपूर्ति सार्वजनिक सत्ता के कार्यनिष्पादन पर निर्भर रहेगी।

68. अधिकांश आधार ढांचे संबंधी क्षेत्र में द्विमुखी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है: प्रचालनात्मक दक्षता और उत्पादकता के चालू स्तरों को सुधारने के उपाय और भविष्य के लिए पर्याप्त निवेश को सुनिश्चित करने के लिए उठाए जाने वाले कदम। दृष्टान्त के रूप में विद्युत क्षेत्र को लिया जाए। ऊष्मीय (थर्मल) संयंत्रों के औसत संयंत्र भार घटक में एक प्रतिशत प्वाइंट के सुधार से प्रत्येक वर्ष विद्युत आपूर्ति में प्रभावी रूप से 390 मेगावाट की वृद्धि होगी जिसकी नई क्षमता के रूप में लागत 1250 करोड़ रुपये होगी। जबकि

उत्पादन संचारण और वितरण में उत्पादकता संबंधी सुधारों के लिए पर्याप्त अवसर है, भावी क्षमता में पर्याप्त निवेश को सुनिश्चित करने से नहीं बचा जा सका। निवेश के लिए संसाधनों की आवश्यकता होती है, जिन्हें या तो चालू प्रचालनों से उत्पन्न किया जाना होगा अथवा स्वीकार्य नीति ढांचे के माध्यम से आकर्षित करना होगा। प्रत्येक मामले में, इसके लिए विद्युत टैरिफों में पर्याप्त संशोधन करने और आर्थिक सहायताओं में भारी कमी करने की आवश्यकता होगी। कड़वा सत्य यह है कि विद्युत क्षेत्र के निवेशों को व्यवहार्य बनाने के लिए विद्युत प्रयोक्ता को इसकी लागत वहन करनी होगी। राज्य विद्युत बोर्डों में संस्थागत व्यवस्थाओं, प्रचालन व्यवहारों और टैरिफों में मूलभूत सुधार करने के लिए गारंटियां और प्रति गारंटियां अधिकाधिक अस्थायी राहत ही प्रदान कर सकती है। वे आवश्यक सुधारों को प्रतिस्थापित नहीं कर सकतीं।

सामाजिक क्षेत्र और निर्धन

69. सरकार गरीबी–उन्मूलन के लिए निम्नलिखित त्रिमुखी नीति का अनुसरण करती रही है :

(i) आर्थिक सुधार का समग्र कार्यक्रम तीव्र व्यापक आधार वाली नियोजन – प्रधान आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है।

(ii) प्रत्यक्ष गरीबी-विरोधी कार्यक्रमों पर अपेक्षाकृत अधिक खर्च किया गया है और नए कार्यक्रम शुरू किए गए हैं।

(iii) केन्द्र सरकार द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे सामाजिक क्षेत्रों पर भी अधिक खर्च किया जा रहा है।

70. लेकिन सामाजिक क्षेत्रों और गरीबी कार्यक्रमों के लिए केवल बजटीय आबंटन को बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं है। अब बल इस बात पर दिया जाना चाहिए कि इन सभी कार्यक्रमों को आशयित लाभभोगियों के लिए और अधिक महत्वपूर्ण और अनुकूल बनाने के लिए, वितरण प्रणालियों और प्रशासनिक संरचनाओं में सुधार किया जाए। निःसरण एवं कदाचारों पर रोक लगानी चाहिए। सरकारी क्षेत्र के क्रियाकलापों का केन्द्र बिन्दु तथा ध्यान निश्चयात्मक रूप से इन क्षेत्रों की ओर अंतरित हो जाना चाहिए। इन लक्ष्यों का उल्लेख करना सरल है किन्तु कार्यान्वित करना अत्यधिक कठिन है। लेकिन यदि गरीबी के उत्पीड़न को कारगर रूप से समाप्त किया जाना है तो हमें अपने प्रयासों में दृढ़प्रतिज्ञ होना होगा।

अध्याय—2

लोक वित्त

1994-95 के बजट द्वारा केन्द्रीय वित्त व्यवस्था को राजकोषीय संतुलन के मार्ग पर पुनःस्थापित करने के साथ ही 1993-94 में राजकोषीय सुधार के उद्देश्य में आया गतिरोध अस्थायी साबित हुआ। 1994-95 के बजट अनुमानों के अनुसार राजकोषीय सुधार के कार्यक्रम के आरम्भ से केन्द्रीय राजकोषीय घाटे म सकल घरेलू उत्पाद के 2.3 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान है। यह गिरावट आर्थिक राजसहायता तथा रक्षा व्यय में सकल घरेलू उत्पाद के 1.5 प्रतिशत की कमी और निवल पूंजी व्यय (ऋण पर ब्याज को छोड़कर पूंजी व्यय के रूप में परिभाषित) में सकल घरेलू उत्पाद के 1.2 प्रतिशत की कमी के कारण हुई है। 1991 से आयोजना व्यय की तुलना में आयोजना-भिन्न व्यय में औसत वृद्धि कम होने से आयोजना-व्यय के प्रति आयोजना-भिन्न व्यय के बढ़ते अनुपात की पहले की प्रवृति भी प्रतिवर्तित हो गई है।

2. सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात के रूप में सरकार की घटी हुई सकल बचतों में 1993-94 (सं.अ.) में तेजी से वृद्धि हुई। 1994-95(ब.अ.) में घटी हुई बचतों के कम होने की संभावना है। यह राजकोषीय घाटे में गिरावट को परिलक्षित करता है। तथापि, केन्द्रीय सरकार की बचतों में इस गिरावट के बावजूद केन्द्रीय बजटीय संसाधनों में से सकल पूंजी निर्माण 1992-93 में सकल घरेलू उत्पाद के 5.4 प्रतिशत के बढ़कर 1993-94 (सं.अ.) में सकल घरेलू उत्पाद का 6.0 प्रतिशत हो गया। केन्द्रीय सरकार के ऋण सकल घरेलू उत्पाद संबंधी अनुपात जो, 1991-92 के 69.4 प्रतिशत से गिरकर 1992-93 में 68.4 प्रतिशत हो गया, की हाल की गिरावट की प्रवृत्ति भी 1993-94(सं.अं.) में अस्थाई तौर पर प्रतिवर्तित हो गयी थी लेकिन इसके 1994-95(ब.अ.) में पुनः आरम्भ हो जाने की संभावना है। केन्द्रीय सरकार के ऋण और देयताओं का ढांचा कुछ दिलचस्पी का विषय है। 1993-94 (सं.अं.) में राज्यों, संघ राज्य क्षेत्रों और सरकारी क्षेत्र के उद्यमों को केन्द्रीय सरकार के ऋण, केन्द्र की विक्रेय बकाया देयता का लगभग 33 प्रतिशत बैठते हैं (अर्थात् भारतीय रिजर्व बैंक से लिए गए उधारों को छोड़कर)। आर्थिक परिसम्पत्तियों (अर्थात् 'आर्थिक सेवा में परिसम्पत्तियां') के अंकित मूल्य इन देयताओं का कुल 28 प्रतिशत है। दूसरे शब्दों में, 'आर्थिक' परिसम्पत्तियों की बिक्री से, सिद्धांत रूप में, विशिष्ट देयताओं के कम से कम 28 प्रतिशत की प्रतिदेयता में मदद मिल सकती है। इस प्रकार, 'विक्रेय बकाया देयताओं' का केवल 39 प्रतिशत ही सामाजिक और प्रशासनिक परिसम्पत्तियों और व्ययों के कारण हैं।

3. 1994-95 के बजट में संतुलित दरों, कम छूटों और विस्तृत कर आधार से युक्त कराधान की अपेक्षाकृत सरल प्रणाली की ओर सुधार की गति जारी रखी गई। देशीय कम्पनियों पर त्रिविध कार्पोरेट कर की दरों को एक ही दर में समेकित कर दिया गया है और कार्पोरेट तथा व्यक्तिगत आय कर की सीमान्त दरों को कम कर दिया गया है। उत्पाद शुल्क तथा सीमा शुल्क दोनों के संबंध में, अन्तः उपयोग अधिसूचनाओं की संख्या तथा दरों की संख्या तथा फैलाव में अत्यधिक कमी हुई है। सीमा-शुल्को की शीर्ष दर को 85 प्रतिशत से कम कर के 65 प्रतिशत पर लाने के साथ शुल्कों के ढांचे में सुधार का प्रयास भी किया गया। उत्पाद शुल्क के मोर्चे पर, अन्तः निर्मित राजस्व संबंधी सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट शुल्कों से यथा मूल्य शुल्कों की ओर उल्लेखनीय परिवर्तन किया गया। निवेश साधनों पर अदा किए गए करों के लिए मोडवेट क्रेडिट संबंधी प्रणाली को पेट्रोलियम तथा पूंजीगत वस्तुओं को शामिल करने के लिए बढा दिया गया। इसके अलावा, अप्रत्यक्ष कराधान को दूरभाष, गैर जीवन बीमा तथा स्टाक ब्रोकरों जैसी सेवाओं पर लागू करने की एक लघु शुरूआत की गई।

4. इन कर-सुधारों से कर-राजस्व के संघटन में ढांचागत परिवर्तन हुआ है। विदेश व्यापार संबंधी करों पर पहले की अत्यधिक निर्भरता जो मुख्यतया अकुशलताओं तथा विकृतियों को जन्म देती थी, कम हो गई है। आयात शुल्कों के लिए समग्र संग्रहण दर 1990-91 के 47 प्रतिशत से गिरकर 1993-94 में 30 प्रतिशत पर आ गई है। ये प्रवृत्तियां भारतीय उद्योगों के लिए पूंजीगत और मध्यवर्ती वस्तुओं की लागतों में गिरावट तथा संरक्षण स्तरों में कमी की सूचक हैं, जो भारतीय उद्योग को उसकी कार्यकुशलता तथा स्पर्धात्मकता में सुधार लाने में प्रेरित करने में मदद दे रही है। सहवर्ती रूप में, सकल

S/13 Fin./95—3

कर-राजस्व में प्रत्यक्ष करों का भाग 1990-91 के 19.1 प्रतिशत से बढ़कर 1994-95 में 28.4 प्रतिशत हो गया है। इक्विटी तथा आर्थिक कार्य-कुशलता दोनों की दृष्टि से ये परिवर्तन वांछनीय हैं।

राजकोषीय घाटा

5. राजकोषीय सुधार की प्रक्रिया, जो 1991-92 में सकल घरेलू उत्पाद के 2.4 प्रतिशत के महत्वपूर्ण संकुचन से आरम्भ हुई, 1992-93 में अधिक धीरे-धीरे जारी रही (सकल घरेलू उत्पाद का 0.2 प्रतिशत), लेकिन 1993-94 में इसमें अस्थायी तौर पर गतिरोध आया। राजकोषीय घाटा (संशोधित अनुमानों के अनुसार) सकल घरेलू उत्पाद के 1.7 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि से 7.4 प्रतिशत तक हो गया (सारणी 2.1)। यह वृद्धि प्राप्तियों की अपेक्षाकृत कम वसूली तथा अधिक व्यय दोनों के कारण हुई थी। 1994-95 के बजट में घाटे को कम करके 6 प्रतिशत तक लाकर राजकोषीय संतुलन पुनः स्थापित करने का प्रयास किया गया। अतः 1990-91 से राजकोषीय घाटे में सकल घरेलू उत्पाद के 2.3 प्रतिशत की कमी हो गई होगी। यह गिरावट व्ययों में कमी की वजह से है। आर्थिक राज-सहायता और रक्षा व्ययों में सकल घरेलू उत्पाद के 1.5 प्रतिशत की कमी हुई। तथापि, यह राजस्व वसूलियों में 0.8 प्रतिशत (सकल घरेलू उत्पाद का) की कमी से आंशिक रूप से प्रतिसंतुलित हो गया। विगत ऋण पर ब्याज अदायगियां घटाकर, पूंजीगत व्यय में सकल घरेलू उत्पाद के 1.2 प्रतिशत की गिरावट हुई। निवल पूंजीगत व्यय में यह गिरावट आर्थिक राजसहायताओं तथा रक्षा व्ययों में हुई गिरावट से जरा सी कम है। इस प्रकार चालू व्ययों और निवल पूंजीगत व्यय दोनों ने 1994-95 के बजट अनुमान पर आधारित राजकोषीय घाटे में हुई गिरावट में काफी योगदान दिया है।

सारणी 2.1

केन्द्रीय सरकार की प्राप्तियां और व्यय

	1980-81	1989-90	1990-91	1991-92	1992-93	1993-94 (सं. अ)	1994-95 (ब.अ)
1	2	3	4	5	6	7	8
				(करोड़ रुपए)			
1. राजस्व प्राप्तियां (2+3)	11937	52296	54954	66031	74128	76166	86084
2. कर राजस्व (राज्यों का हिस्सा घटाकर)	9358	38349	42978	50069	54044	54473	62742
3. कर-भिन्न राजस्व	2579	13947	11976	15962	20084	21693	23342
4. राजस्व व्यय जिसमें से निम्नलिखित पर हुआ व्यय	14410	64210	73516	82292	92702	110224	118811
(क) ब्याज अदायगियां	2604	17757	21498	26596	31075	37500	46000
(ख) आर्थिक राज-सहायता	2028	10474	12158	12253	12043	12400	9463
(ग) रक्षा व्यय	3273	9665	10874	11442	12109	14944	16169
5. राजस्व घाटा	2037	11914	18562	16261	18574	34058	32727
6. पूंजीगत प्राप्तियां	7642	30020	38997	38528	36178	58646	59615
(क) ऋणों की वसूली	2096	4980	5712	6021	6356	6655	6700
(ख) अन्य प्राप्तियां				3038	1961	2500	4000
(ग) उधार और अन्य देयताएं	5546	25040	33285	29469	27861	49491	48915
7. पूंजीगत व्यय	7646	28698	31782	29121	29916	33648	32888
8. कुल व्यय जिसमें से निम्नलिखित पर हुआ व्यय	22056	92908	105298	111413	122618	143872	151699
(क) आयोजना-व्यय	8994	27520	28365	30961	36660	46027	46582
(ख) आयोजना-भिन्न व्यय	13062	65388	76933	80452	85958	97845	105117
9. राजकोषीय घाटा	8445	35632	44632	36323	40173	58551	54915
सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में				(प्रतिशत)			
1. राजस्व प्राप्तियां (2+3)	8.8	11.4	10.3	10.7	10.5	9.7	9.5

1	2	3	4	5	6	7	8
2. कर राजस्व (राज्यों का हिस्सा घटाकर)	6.9	8.4	8.0	8.1	7.7	6.9	6.9
3. कर-भिन्न राजस्व	1.9	3.1	2.2	2.6	2.9	2.8	2.6
4. राजस्व व्यय जिसमें से निम्नलिखित पर हुआ व्यय	10.6	14.1	13.7	13.4	13.2	14.0	13.1
(क) ब्याज अदायगियां	1.9	3.9	4.0	4.3	4.4	4.8	5.1
(ख) आर्थिक राज सहायता	1.5	2.3	2.3	2.0	1.7	1.6	1.0
(ग) रक्षा व्यय	2.4	2.1	2.0	1.9	1.7	1.9	1.8
5. राजस्व घाटा	1.5	2.6	3.5	2.6	2.6	4.3	3.6
6. पूंजीगत प्राप्तियां	5.6	6.6	7.3	6.3	5.1	7.5	6.6
(क) ऋणों की वसूली	1.5	1.1	1.1	1.0	0.9	0.8	0.7
(ख) अन्य प्राप्तियां	0.0	0.0	0.0	0.5	0.3	0.3	0.4
(ग) उधार और अन्य देयताएं	4.1	5.5	6.2	4.8	4.0	6.3	5.4
7. पूंजीगत व्यय	5.6	6.3	5.9	4.7	4.3	4.3	3.6
8. कुल व्यय जिसमें से निम्नलिखित पर हुआ व्यय	16.2	20.3	19.7	18.1	17.4	18.3	16.7
(क) आयोजना-व्यय	6.6	6.0	5.3	5.0	5.2	5.9	5.1
(ख) आयोजना-भिन्न व्यय	9.6	14.3	14.4	13.1	12.2	12.4	11.6
9. राजकोषीय घाटा	6.2	7.8	8.3	5.9	5.7	7.4	6.0

टिप्पणी:—पूर्णांक किए जाने के कारण संभवतः आंकड़े योग से मेल न खाएं।

1993-94 में राजकोषीय और बजटीय घटनाक्रम

केन्द्रीय सरकार

6. कर और कर-भिन्न राजस्व से युक्त राजस्व प्राप्तियों, जिनमें 1991-92 में 20.2 प्रतिशत तथा 1992-93 में 12.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, में 1993-94 (सं० अ०) में 2.7 प्रतिशत की अपेक्षाकृत कम वृद्धि दर्ज की गई (सारणी 2.1)। इनमें 1994-95 (ब० अ०) में लगभग 13.0 प्रतिशत की वृद्धि हो जाने की संभावना है। केन्द्रीय सरकार के कुल व्यय में 1991-92 तथा 1992-93 के क्रमश: 5.8 प्रतिशत और 10.1 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 1993-94 (सं०अ०) के दौरान 17.3 प्रतिशत की अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि दर्ज की गई। 1993-94 के संशोधित अनुमानों के अनुसार राजस्व प्राप्तियां 1992-93 में सकल घरेलू उत्पाद के 10.5 प्रतिशत से गिरकर 9.7 प्रतिशत पर आ गई।

7. अनेक वर्षों से, आयोजना-भिन्न व्यय की वृद्धि आयोजना—व्यय की वृद्धि से अधिक तेज रही है। आयोजना-भिन्न व्यय, जो 1980-81 में 13062 करोड़ रुपए था, लगभग पांच गुना बढ़कर 1989-90 में 65388 करोड़ रुपए हो गया, जबकि इसी अवधि में आयोजना-व्यय में तीन गुना वृद्धि हुई। 1990-91 के दौरान, आयोजना-व्यय में 3.1 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में, आयोजना-भिन्न व्यय में 17.7 प्रतिशत की और वृद्धि दर्ज की गई। तथापि, सुधारों के आरम्भ होने से यह प्रवृत्ति प्रतिवर्तित हो गई है। सुधार-प्रक्रिया के पहले दो वर्षों के दौरान आयोजना—व्यय में 29.2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में आयोजना-भिन्न व्यय में केवल 11.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 1993-94 के संशोधित अनुमानों के अनुसार, 25.6 प्रतिशत के स्तर पर आयोजना-व्यय में वृद्धि आयोजना-भिन्न व्यय में 13.8 प्रतिशत की वृद्धि से लगभग दोगुनी रही है। आयोजना-भिन्न व्यय में तीव्र वृद्धि पर यह नियंत्रण सरकार द्वारा किए गए अनेक उपायों के परिणामस्वरूप संभव हो पाया है। इनमें विभिन्न स्तरों पर पदों में कमी, पैट्रोल/डीजल की खपत में समग्र कटौती, टेलीफोन संबंधी व्यय को कम करना तथा अतिरिक्त वाहनों की खरीद पर प्रतिबंध लगाना शामिल है। केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों की संख्या, जो वर्षों से बढ़ रही थी, मार्च, 1992 के 39.98 लाख से लगभग पचास हजार घटकर मार्च 1994 में 39.49 लाख हो गई।

सारणी 2.2

केन्द्रीय सरकार का घाटा

(सकल घरेलू उत्पाद का प्रतिशत)

	बजटीय घाटा	राजस्व घाटा	सकल राज-कोषीय घाटा	प्रारंभिक सकल घाटा
1	2	3	4	5
1975-76	0.5	1.1	4.1	2.5
1980-81	1.8	1.5	6.2	4.3
1981-82	0.9	0.2	5.4	3.4
1982-83	0.9	0.7	6.0	3.8
1983-84	0.7	1.2	6.3	4.0
1984-85	1.6	1.8	7.5	5.0
औसत छठी योजना	1.2	1.1	6.3	4.1
1985-86	2.0	2.2	8.3	5.5
1986-87	2.8	2.7	9.0	5.8
1987-88	1.7	2.7	8.1	4.7
1988-89	1.4	2.7	7.8	4.2
1989-90	2.3	2.6	7.8	3.9
औसत सातवीं योजना	2.1	2.6	8.2	4.8
1990-91	2.1	3.5	8.3	4.3
1991-92	1.1	2.6	5.9	1.6
1992-93	1.8	2.6	5.7	1.3
1993-94 (सं० अ०)	1.2	4.3	7.4	2.7
1994-95 (ब०अ०)	0.7.	3.6	6.0	1.0

टिप्पणी:— बजटीय घाटा राजस्व और पूंजी दोनों की सम्पूर्ण प्राप्तियों और सम्पूर्ण व्यय के मध्य का अन्तर है। राजस्व घाटा राजस्व प्राप्तियों और राजस्व व्यय के बीच अन्तर को प्रदर्शित करता है। राजकोषीय घाटा राजस्व प्राप्तियों तथा कतिपय ऋण-भिन्न पूंजी प्राप्तियों और वापसी अदायगियों को घटाकर ऋणों सहित कुल व्यय के मध्य का अन्तर है। प्रारम्भिक घाटा ब्याज अदायगियों को घटाकर राजकोषीय घाटा है।

8. राजकोषीय घाटे के उच्च स्तर पर नियंत्रण रखने के लिए विभिन्न क्षेत्रों/मंत्रालयों के तहत व्यय की और समीक्षा करने तथा ऐसे क्षेत्रों की खोज करने की जरूरत है जहां कमी करना सम्भव है अथवा व्ययों को प्रयोक्ता प्रभारों के जरिए अधिक कारगर रुप से वित्त पोषित किया जा सकता है।

बचत और पूंजी निर्माण

9. सरकार की सकल बचतें, जिनमें राजकोषीय सुधार के प्रथम दो वर्षों के दौरान स्पष्ट सुधार दिखाई दिया था, 1993-94 (सं.अ.) के दौरान एक बार फिर प्रभावित हो गई। केन्द्रीय सरकार के बजट के आर्थिक और कार्यात्मक वर्गीकरण के अनुसार, 1992-93 में 8401 करोड़ रुपए (सकल घरेलू उत्पाद का—1.2 प्रतिशत) की घटी हुई बचतों की तुलना में 1993-94 के संशोधित अनुमानों में 19574 करोड़ रुपए (सकल घरेलू उत्पाद का 2.5 प्रतिशत) की घटी हुई बचतें दर्शित होती हैं (सारणी 2.4)। उपभोग व्यय भी 26865 करोड़ रुपए (सकल घरेलू उत्पाद का 3.8 प्रतिशत) से बढ़कर 32467 करोड़ रुपए (सकल घरेलू उत्पाद का 4.1 प्रतिशत) हो गया (सारणी 2.3)। सकल घरेलू उत्पाद के 4.1 प्रतिशत के स्तर पर उपभोग व्यय सुधारों के प्रथम दो वर्षों के स्तर से उच्चतर होते हुए भी सुधार के आरम्भ से एकदम पहले के वर्षों अर्थात् 1989-90 के 4.5 प्रतिशत तथा 1990-91 के 4.2 प्रतिशत से अभी भी कम है।

सारणी 2.3
केन्द्रीय सरकार के कुल व्यय का आर्थिक वर्गीकरण

	1980-81	1989-90	1990-91	1991-92	1992-93	1993-94 (सं० अ०)	1994-95 (ब० अ०)
1	2	3	4	5	6	7	8
				(करोड़ रुपए)			
1. उपभोग व्यय	5174	20734	22359	24466	26865	32467	33983
(क) रक्षा	3571	14298	15319	16251	17403	21244	22726
(ख) अन्य सरकारी प्रशासन	1603	6436	7040	8215	9462	11223	11257
2. अंतरण अदायगियाँ (चालू)	6912	37877	45134	51378	58518	67970	74580
(क) ब्याज अदायगियां	2253	16525	19949	24955	29055	35263	43501
(ख) आर्थिक राज सहायता (सब्सिडी)	1912	10862	10728	10326	10479	11742	9738
(ग) राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को अनुदान (जिसमें स्थानीय निकाय शामिल है)	1810	5725	7664	8797	10030	11915	11404
(घ) अन्य	937	4765	6793	7300	8954	9050	9937
3. बजटीय संसाधनों से सकल पूंजी निर्माण	9012	33012	35053	35165	37649	47162	48353
(क) वास्तविक परिसंपत्तियां	1907	8136	8602	9259	11875	14193	15516
(ख) वित्तीय परिसंपत्तियां	7105	24876	26453	25906	25774	32969	32837
4. अन्य	1397	3376	2422	1722	2895	1922	1829
5. कुल व्यय	22495	95049	104973	112731	125927	149521	158745
सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप				(प्रतिशत)			
1. उपभोग व्यय	3.8	4.5	4.2	4.0	3.8	4.1	3.7
(क) रक्षा	2.6	3.1	2.9	2.6	2.5	2.7	2.5
(ख) अन्य सरकारी प्रशासन	1.2	1.4	1.3	1.3	1.3	1.4	1.2
2. अंतरण अदायगियां (चालू)	5.1	8.3	8.4	8.3	8.3	8.6	8.2
(क) ब्याज अदायगियां	1.7	3.6	3.7	4.1	4.1	4.5	4.8
(ख) आर्थिक राज सहायता (सब्सिडी)	1.4	2.4	2.0	1.7	1.5	1.5	1.1
(ग) राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को अनुदान (जिसमें स्थानीय निकाय शामिल है)	1.3	1.3	1.4	1.4	1.4	1.5	1.3
(घ) अन्य	0.7	1.0	1.3	1.2	1.3	1.2	1.1
3 बजटीय संसाधनों में सकल पूंजी निर्माण	6.6	7.2	6.5	5.7	5.4	6.0	5.3
(क) वास्तविक परिसम्पत्तियां	1.4	1.8	1.6	1.5	1.7	1.8	1.7
(ख) वित्तीय परिसम्पत्तियां	5.2	5.4	4.9	4.2	3.7	4.2	3.6
4. अन्य	1.0	0.7	0.5	0.3	0.4	0.2	0.2
5. कुल व्यय	16.5	20.8	19.6	18.3	17.9	19.0	17.5
कुल व्यय के प्रतिशत के रूप में				(प्रतिशत)			
1. उपभोग व्यय	23.0	21.9	21.3	21.7	21.3	21.7	21.4
(क) रक्षा	15.9	15.0	14.6	14.4	13.8	14.2	14.3
(ख) अन्य सरकारी प्रशासन	7.1	6.8	6.7	7.3	7.5	7.5	7.1
2. अन्तरण अदायगियां (चालू)	30.7	39.8	43.0	45.6	46.5	45.5	47.0
(क) ब्याज अदायगियां	10.0	17.4	19.0	22.1	23.1	23.6	27.4
(ख) आर्थिक राज सहायता (सब्सिडी)	8.5	11.4	10.2	9.2	8.3	7.9	6.1
(ग) राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को अनुदान (जिसमें स्थानीय निकाय शामिल हैं)	8.0	6.0	7.3	7.8	8.0	8.0	7.2
(घ) अन्य	4.2	5.0	6.5	6.5	7.1	6.1	6.3
3. बजटीय संसाधनों से सकल पूंजी निर्माण	40.1	34.7	33.4	31.2	29.9	31.5	30.5
(क) वास्तविक परिसम्पत्तियां	8.5	8.8	8.2	8.2	9.4	9.5	9.8
(ख) वित्तीय परिसम्पत्तियां	31.6	26.2	25.2	23.0	20.5	22.0	20.7
4. अन्य	6.2	3.6	2.3	1.5	2.3	1.3	1.2

सारणी 2.4

केन्द्रीय सरकार द्वारा पूंजी निर्माण और उसकी वित्त व्यवस्था

	1980-81	1989-90	1990-91	1991-92	1992-93	1993-94 (सं. अ.)	1994-95 (ब. अ)
1	2	3	4	5	6	7	8
						(करोड़ रुपए)	
I. केन्द्रीय सरकार के बजटीय संसाधनों में से सकल पूंजी निर्माण	9012	33012	35058	35165	37649	47162	48353
(i) केन्द्रीय सरकार द्वारा सकल पूंजी निर्माण .	1907	8136	8602	9259	11875	14193	15516
(ii) अर्थव्यवस्था के शेष भाग में पूंजी निर्माण के लिए वित्तीय सहायता . .	7105	24876	26456	25906	25774	32969	32837
II केन्द्रीय सरकार की सकल बचतें . .	3	—5142	—10502	—7802	—8401	—19574	—16493
III. अन्तर (I-II) . . . जिसकी वित्त व्यवस्था इस प्रकार की गई	9009	38154	45560	42967	46050	66736	64846
क. घरेलू अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्र पर ड्राफ्ट .	7339	34831	41794	36599	39812	61599	59203
(i) घरेलू पूंजीगत प्राप्तियां . .	4762	24239	30447	29744	27500	52539	53203
(ii) बजटीय घाटा . . .	2577	10592	11347	6855	12312	9060	6000
ख. विदेशी बचतों पर ड्राफ्ट . . .	1670	3323	3766	6368	6238	5137	5644
सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में			प्रतिशत				
I. केन्द्रीय सरकार के बजटीय संसाधनों में से सकल पूंजी निर्माण	6.6	7.2	6.5	5.7	5.4	6.0	5.3
(i) केन्द्रीय सरकार द्वारा सकल पूंजी निर्माण .	1.4	1.8	1.6	1.5	1.7	1.8	1.7
(ii) अर्थव्यवस्था के शेष भाग में पूंजी निर्माण के लिए वित्तीय सहायता .	5.2	5.4	4.9	4.2	3.7	4.2	3.5
II. केन्द्रीय सरकार की सकल बचतें . .	0.0	-1.1	-2.0	-1.3	-1.2	-2.5	-1.8
III. अन्तर (I-II) . . . जिसकी वित्त व्यवस्था इस प्रकार की गई	6.6	8.4	8.5	7.0	6.6	8.5	7.1
क. घरेलू अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्र पर ड्राफ्ट .	5.4	7.6	7.8	5.9	5.7	7.8	6.5
(i) घरेलू पूंजीगत प्राप्तियां . .	3.5	5.3	5.7	4.8	3.9	6.7	5.8
(ii) बजटीय घाटा . . .	1.9	2.3	2.1	1.1	1.8	1.2	0.7
ख. विदेशी बचतों पर ड्राफ्ट . . .	1.2	0.7	0.7	1.0	0.9	0.7	0.6
I. केन्द्रीय सरकार के बजटीय संसाधनों में से सकल पूंजी निर्माण: पिछले वर्षों की तुलना में वृद्धि	24.7	13.9	6.2	0.3	7.1	25.3	2.5

टिप्पणी (i) इस सारणी में सकल पूंजी निर्माण में सकल पूंजी निर्माण के लिए सकल आधार पर दिए गए ऋण शामिल हैं। परिणामस्वरूप, घरेलू पूंजीगत प्राप्तियों में केन्द्रीय सरकार को ऋणों की वापसी अदायगियां शामिल हैं।

(ii) सकल घरेलू उत्पाद श्रृंखला में संशोधन होने के कारण यहां दिए गए अनुपात आर्थिक समीक्षा के पूर्ववर्ती अंकों में दिए गए अनुपात से भिन्न हो सकते हैं।

10. बजटीय संसाधनों में से सकल पूंजी निर्माण पर व्यय में सकल घरेलू उत्पाद के 0.6 प्रतिशत की वृद्धि– 1992-93 के 5.4 प्रतिशत से 1993-94 (सं०प्र०) में 6.0 प्रतिशत उपभोग व्यय में हुई वृद्धि से अधिक है। 1993-94 (सं०प्र०) में सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में सकल पूंजी निर्माण भी 1991-92 में सकल घरेलू उत्पाद के 5.7 प्रतिशत के सकल पूंजी निर्माण से अधिक रहा है। तथापि, अधिकांश वृद्धि 'अर्थ व्यवस्था के शेष भाग में पूंजी निर्माण हेतु वित्तीय सहायता' के रूप में हुई है। इसके परिणामस्वरूप ,सकल पूंजी निर्माण में वास्तविक

परिसम्पत्तियों का अंश जो 1990-91 के 24.5 प्रतिशत से बढ़कर 1991-92 में 26.3 प्रतिशत और 1992-93 में 31.5 प्रतिशत हो गया था, 1993-94 (सं०अ०) में मामूली रूप से गिरकर 30.1 प्रतिशत हो गया।

सरकारी ऋण

11. आंतरिक देयताएं 1992-93 में सकल घरेलू उत्पाद के 51.2 प्रतिशत से बढ़कर 1993-94 (सं०अ०) में सकल घरेलू उत्पाद का 54.2 प्रतिशत हो गई (सारणी 2.5)। आन्तरिक देयताओं में यह वृद्धि मुख्यतया आन्तरिक ऋणों में वृद्धि के कारण थी जो 1992-93 में सकल घरेलू उत्पाद के 28.3 प्रतिशत से बढ़कर 1993-94 (सं०अ०) में 30.9 प्रतिशत हो गया। लघु बचतों, भविष्य निधियों आदि से युक्त 'अन्य आन्तरिक देयताओं' में 1992-93 में सकल घरेलू उत्पाद के 22.8 प्रतिशत से 1993-94 (सं०अ०) में 23.3 प्रतिशत तक की केवल मामूली वृद्धि दर्ज की गई। कुल आन्तरिक देयताओं में बाजार उधारों का हिस्सा जो 1980-81 में 32.4 प्रतिशत था और जिसमें गत वर्षों में गिरावट हो रही थी, 1992-93 में 22.7 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गया। तथापि, यह हिस्सा परिपक्व होती राजकोषीय हुंडियों और जीरो कूपन बाण्डों के परिवर्तन के संबंध में लिए गए ऋणों को शामिल करने के कारण 1993-94 (सं०अ०) के दौरान बढ़कर 23.3 प्रतिशत हो गया।

सारणी 2.5

केन्द्रीय सरकार की बकाया देयताएं

निम्नलिखित वर्ष के अन्त में

	1980-81	1989-90	1990-91	1991-92	1992-93	1993-94 (सं.अ.)	1994-95 (ब.अ.)
1	2	3	4	5	6	7	8
				(करोड़ रुपये)			
1. आंतरिक देयताएं	48451	239849	283033	317714	359654	426027	483546
(क) आन्तरिक ऋण	30864	133193	154004	172750	199100	242729	277561
(क) बाजार उधार	15676	62565	70565	78075	81751	99443	114143
(ख) अन्य	15188	70628	83439	94675	117349	143286	163418
(ख) अन्य आन्तरिक देयताएं	17587	106656	129029	144964	160554	183298	205985
2. विदेशी ऋण (बकाया)[1]	11298	28343	31525	36948	42269	45892	49508
3. कुल बकाया देयताएं (1+2)	59749	268192	314558	354662	401923	471919	533054
4. विभाजन के पूर्व के ऋण के भाग के आधार पर पाकिस्तान से मिलने वाली देय राशि	300	300	300	300	300	300	300
5. निवल देयताएं (3-4)	59449	267892	314258	354362	401623	471619	532754
6. कुल परिसंपत्तियां	58999	209623	236740	261478	290963	326854	355536
7. परिसंपत्तियों के रूप में अधिक देयताएं (5-6)	450	58269	77518	92884	110660	144765	177218
सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में				प्रतिशत			
1. आंतरिक देयताएं	35.6	52.5	52.9	51.6	51.2	54.2	53.2
(क) आंतरिक ऋण	22.7	29.2	28.8	28.0	28.3	30.9	30.5
(ख) अन्य आंतरिक देयताएं	12.9	23.3	24.1	23.5	22.8	23.3	22.6
2. विदेशी ऋण (बकाया)[1]	8.3	6.2	5.9	6.0	6.0	5.8	5.4
3. कुल बकाया देयताएं	43.7	58.7	58.7	57.6	57.2	60.0	58.6
6. कुल परिसंपत्तियां	43.4	45.9	44.2	42.4	41.4	41.6	39.1
7. परिसंपत्तियों की तुलना में अधिक हुई देयताएं (5-6)	0.3	12.8	14.5	15.1	15.7	18.4	19.5

1	2	3	4	5	6	7	8
ज्ञापन मदें:							
विदेशी ऋण (करोड़ रुपए)[1]	13479	54100	66314	109677	120979	127798	132199
(सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में)	9.9	11.8	12.4	17.8	17.2	16.3	14.5
कुल बकाया देयताएं (समायोजित) (करोड़ रुपए)	61930	293949	349347	427391	480633	553825	615745
(सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में)	45.5	64.3	65.2	69.4	68.4	70.4	67.7
बकाया देयताएं (गैर आर बी आई)[3] (करोड़ रुपए)	48495	231884	275292	346504	387973	453434	509354
बकाया देयताएं (गैर-आर बी आई) (सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में)	35.7	50.3	51.4	56.2	55.2	57.7	56.0

[1]विदेशी ऋण के आंकड़े केन्द्रीय सरकार द्वारा विदेशी संसाधनों से उधार के द्योतक हैं और पारम्परिक विनिमय दरों पर आधारित हैं।

[2]चालू वर्ष के अन्त में विनिमय दरों पर परिकलित। 1980-81 के लिए मार्च, 1981 के अंत में प्रभावी दरें; 1986-87 के लिए मार्च, 1987 के अंत में प्रभावी दरें आदि। तथापि 1994-95 (बजट अनुमान) के संबंध में दरें सितम्बर 1994 के अंत की दरों से संबंधित हैं।

[3]इसमें भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा धारित विशेष दिनांकित प्रतिभूतियां शामिल हैं।

12. बजट में दर्शाई गई देयताएं पारम्परिक विनिमय दरों पर आधारित हैं। चूंकि गत वर्षों में रुपए के मूल्य में काफी ह्रास हुआ है, इसलिए चालू वर्ष के अन्त की विनिमय दरों पर दर्शाई गई बाह्य देयताएं कहीं अधिक हैं। पारम्परिक दरों पर बाह्य देयताएं जो वर्ष 1993-94 (सं०अ०) के अन्त में 45892 करोड़ रुपए थीं, वास्तव में चालू वर्ष के अन्त की विनिमय दरों पर 127798 करोड़ रुपए हैं (सकल घरेलू उत्पाद का 16.3 प्रतिशत)। केन्द्र की कुल बकाया देयताओं जिनमें आंतरिक और बाह्य (समायोजित) देयताएं शामिल हैं, में 1992-93 में गिरावट दिखाई दी थी, उनमें वर्ष 1993-94 (सं०अ०) के दौरान वृद्धि दर्ज की गई। देयताएं 1992-93 में सकल घरेलू उत्पाद के 68.4 प्रतिशत से बढ़कर 1993-94 (सं०अ०) में 70.4 प्रतिशत हो गईं।

ब्याज दरें

13. उधारों पर लगे ब्याज की औसत दर में भी गत वर्षों से वृद्धि हो रही है। आन्तरिक देयताओं पर, ब्याज की औसत दर, जो 1991-92 के दौरान 8.4 प्रतिशत और 1992-93 के दौरान 8.6 प्रतिशत थी, में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और वह 1993-94 (सं०अ०) के दौरान 9.3 प्रतिशत हो गई। 1990-91 से 1992-93 के तीन वर्षों के दौरान ब्याज दर में हुई वृद्धि केवल 0.2 प्रतिशत प्रति-वर्ष रही है (सारणी 2.6)। 1993-94 में हुई वृद्धि मुख्यतया 'अन्य आन्तरिक देयताओं' पर ब्याज की दर में हुई वृद्धि के कारण है जो 1992-93 के 9.6 प्रतिशत से बढ़कर 1993-94 (सं०अ०) में 11.1 प्रतिशत हो गई। बाजार-उधारों पर ब्याज की दर भी 1992-93 के 10.4 प्रतिशत से बढ़कर 1993-94 (सं०अ०) में 10.8 प्रतिशत हो गई। बाजार उधार तथा 'अन्य आन्तरिक देयताएं' कुल आन्तरिक देयताओं का 66 प्रतिशत हिस्सा थी। इसके विपरीत, बाह्य देयताओं पर ब्याज की दर 1991-92 के 4.2 प्रतिशत से गिरकर 1992-93 में 3.3 प्रतिशत तथा 1993-94 (सं०अ०) में और कम होकर 3.1 प्रतिशत तक आ गई।

सारणी 2.6

केन्द्रीय सरकार की बकाया देयताओं पर ब्याज

	1980-81	1989-90	1990-91	1991-92	1992-93	1993-94 (सं. अ.)	1994-95 (ब. अ.)
1	2	3	4	5	6	7	8
					(करोड़ रुपए)		
1. आंतरिक देयताओं पर ब्याज	2373	16241	19637	23892	27439	33625	41839
क. आंतरिक ऋण	1369	8273	9814	11317	13542	15823	21331
(i) बाजार उधार	808	5368	6366	7355	8147	8809	10380
(ii) अन्य	561	2905	3448	3962	5395	7014	10951
ख. अन्य आंतरिक देयताएं . . .	1004	7968	9823	12575	13897	17802	20508
2. विदेशी ऋण पर ब्याज	231	1494	1834	2704	3529	3875	4161
3. सकल ब्याज संदाय	2604	17735	21471	26596	30968	37500	46000
4. निवल ब्याज संदाय	809	9269	12687	15674	18480	22962	30022
ब्याज की औसत दर				(प्रतिशत)			
1. आंतरिक देयताएं	उ. न.	8.0	8.2	8.4	8.6	9.3	9.8
(क) आंतरिक ऋण	उ. न.	7.2	7.4	7.3	7.8	7.9	8.8
(i) बाजार उधार	उ. न.	9.7	10.2	10.4	10.4	10.8	10.4
(ii) अन्य	उ. न.	4.9	4.9	4.7	5.7	6.0	7.6
ख. अन्य आंतरिक देयताएं . . .	उ. न.	8.9	9.2	9.7	9.6	11.1	11.2
2. विदेशी ऋण	उ. न.	5.8	6.5	8.6	9.6	9.2	9.1
2. कुल देयताएं	उ. न.	7.7	8.0	8.5	8.7	9.3	9.7

टिप्पणी : ऊपर दर्शाई गई ब्याज देयताएं नकद आधार पर हैं न कि संभूति आधार पर।

परिसम्पत्तियां

14. 1993-94 (सं०अ०) के अन्त में 553825 करोड़ रुपए की कुल देयताओं (समायोजित) की तुलना में गत वर्षों में राजस्व लेखे के अधिशेषों और उधारों से 326854 करोड़ रुपए की परिसम्पत्तियां सृजित की गई। इस प्रकार, देयताएं परिसम्पत्तियों से 226971 करोड़ रुपए (सकल घरेलू उत्पाद का 28.9 प्रतिशत) अधिक हैं। परिसम्पत्तियों के मुकाबले देयताओं का आधिक्य जो 1980-81 के अन्त में केवल 2931 करोड़ रुपए (सकल घरेलू उत्पाद का 2.2 प्रतिशत) था, निरन्तर बढ़ रहा है। तथापि, परिसम्पत्तियों और देयताओं की यह तुलना कुछ हद तक भ्रामक है क्योंकि परिसम्पत्तियों को अंकित मूल्य के आधार पर दर्शाया गया है। सृजित की गई परिसम्पत्तियों का मौजूदा मूल्य अंकित मूल्य से कई गुना अधिक होना चाहिए। ऐसा इसलिए है क्योंकि परिसम्पत्तियों का काफी भाग वास्तविक परिसम्पत्तियों के रूप में है।

15. अंकित मूल्य के परिसीमन के बावजूद प्रमुख आर्थिक वर्गों के बीच परिसम्पत्तियों के वितरण का अवलोकन करना उपयोगी होगा। 1993-94 (सं०अ०) में, परिसम्पत्तियों का 72 प्रतिशत आर्थिक सेवाओं में, 25 प्रतिशत सामान्य सेवाओं में और 3 प्रतिशत सामाजिक सेवाओं में था (सारणी 2.7)। सामाजिक सेवाओं में कम अनुपात इस तथ्य को परिलक्षित करता है कि सामाजिक क्षेत्र लगभग पूरी तरह राज्य सरकारों के अधीन हैं। केन्द्रीय सरकार द्वारा लिए गए उधार कुछ हद तक आर्थिक सेवाओं की व्यवस्था हेतु पूंजी के अधिग्रहण में इस्तेमाल हुए। अतः यह परिकलन करना दिलचस्प होगा कि इन परिसम्पत्तियों की बिक्री से ऋण की कितनी मात्रा चुकाई जा सकेगी। 1993-94 (सं० अ०) में आर्थिक परिसम्पत्ति का अंकित मूल्य कुल 'बकाया देयताओं' (गैर आर बी०आई०) का लगभग 28 प्रतिशत था और परिसम्पत्तियों में भूमि शामिल करने की हद पर यह अनुपात कहीं

अधिक होगा। "बकाया देयताओं" (गैर-आर०बी०आई०) को इस प्रकार परिभाषित किया गया है कि इसमें भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा धारित गैर-विक्रेय विशेष प्रतिभूतियों तथा तदर्थ देयताओं को अलग रखा जा सके क्योंकि ये उस मुद्रीकरण की द्योतक हैं जिनका खर्च जनता द्वारा उच्च मुद्रा-स्फीति के रूप में पहले ही वहन किया जा चुका है।

16. 1993-94 (सं०अ०) के अन्त में, पूंजीगत 'परि-व्यय' कुल परिसम्पत्तियों का 54.3 प्रतिशत हिस्सा था (सारणी 2.7)। केन्द्रीय सरकार को परिसम्पत्तियों के शेष 45.7 प्रतिशत हिस्से में केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्य सरकारों, सरकारी क्षेत्र के उद्यमों और अन्यों को दिए गए ऋण शामिल हैं। सरकारी क्षेत्र के उद्यमों और राज्य सरकारों को दिए गए ऋणों का एक हिस्सा पूंजी निर्माण में भी परिणत होगा। केन्द्रीय सरकार द्वारा दिए गए ऋणों के ढांचे का अवलोकन करना दिलचस्प होगा। 1993-94 (सं० अ०) में राज्य और संघ राज्य क्षेत्र सरकारें दिए गए कुल बकाया ऋणों के 68.2 प्रतिशत के तथा सरकारी क्षेत्र के उद्यम बाकी 30.9 प्रतिशत के देनदार थे। उपगत देयताओं की दृष्टि से बकाया देयताओं (गैर-आर० बी० आई०) का 22.5 प्रतिशत राज्य सरकारों तथा संघ राज्य क्षेत्रों तथा 10.2 प्रतिशत सरकारी क्षेत्र के उद्यमों की ओर से था। दूसरे शब्दों में, यदि राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों और सरकारी क्षेत्र के उद्यमों ने केन्द्रीय सरकार के माध्यम से उधार लेने के बजाए प्रत्यक्ष रूप से उधार लिया होता तो केन्द्रीय सरकार की 'बकाया देयताएं' (गैर-आर० बी० आई०) 32.7 प्रतिशत कम होती। विदेशी सरकारें (0.3 प्रतिशत) और सरकारी कर्मचारी (0.6 प्रतिशत) कुल ऋणों के केवल गौण हिस्से

सारणी 2.7

केन्द्रीय सरकार की परिसम्पत्तियां

	निम्नलिखित वर्ष के अन्त में						
	1980-81	1989-90	1990-91	1991-92	1992-93	1993-94 (सं.अ.)	1994-95 (ब.अ.)
1	2	3	4	5	6	7	8
				(करोड़ रुपये)			
1. पूंजीगत परिव्यय	29162	108647	122016	135076	155291	177419	194036
(क) सामान्य सेवाएं	5951	26050	31023	31686	37607	44809	52366
(ख) सामाजिक सेवाएं	1062	3409	3749	4088	4484	4896	5311
(ग) आर्थिक सेवाएं	22149	79188	87244	99302	113200	127714	136359
2. केन्द्रीय सरकार द्वारा निम्न को दिए गए ऋण	29837	100976	114724	126403	135672	149435	161500
(क) राज्य और संघ राज्य क्षेत्र सरकारें	17335	64242	74111	83529	91554	101923	111472
(ख) विदेशी सरकारें	261	1184	2103	1546	687	488	542
(ग) सरकारी क्षेत्र के उद्यम	12040	35003	37877	40615	42639	46103	48403
(घ) सरकारी कर्मचारी	201	547	633	713	792	921	1083
3. कुल परिसंपत्तियां	58999	209623	236740	261479	290963	326854	355536
4. बकाया देयताएं	59449	267892	314258	35462	401623	471619	532753
5. पूंजीगत परिव्यय तथा दिए गए ऋणों से अधिक हुई देयताएं	450	58269	77518	92884	110660	144765	177218
सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में							
				(प्रतिशत)			
1. पूंजीगत परिव्यय	21.4	23.8	22.8	21.9	22.1	22.6	21.3
(क) सामान्य सेवाएं	4.4	5.7	5.8	5.1	5.4	5.7	5.8
(ख) सामाजिक सेवाएं	0.8	0.7	0.7	0.7	0.6	0.6	0.6
(ग) आर्थिक सेवाएं	16.3	17.3	16.3	16.1	16.1	16.2	15.0

1	0	3	4	5	6	7	8
2. केन्द्रीय सरकार द्वारा निम्न को दिए गए ऋण	21.9	22.1	21.4	20.5	19.3	19.0	17.8
(क) राज्य सरकारें तथा संघ राज्य क्षेत्र सरकारें	12.7	14.1	13.8	13.6	13.0	13.0	12.3
(ख) विदेशी सरकारें	0.2	0.3	0.4	0.3	0.1	0.1	0.1
(ग) सरकारी क्षेत्र के उद्यम	8.9	7.7	7.1	6.6	6.1	5.9	5.3
(घ) सरकारी कर्मचारी	0.1	0.1	0.1	0.1	0.1	0.1	0.1
3. कुल परिसम्पत्तियां	43.4	45.9	44.2	42.4	41.4	41.6	39.1
4. बकाया देयताएं	43.7	58.6	58.7	57.5	57.1	60.0	58.6
5. पूंजीगत परिव्यय और दिए गए ऋणों से अधिक हुई देयताएं	0.3	12.8	14.5	15.1	15.7	18.4	19.5
कुल के प्रतिशत के रूप में	(प्रतिशत)						
1. पूंजीगत परिव्यय	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00
(क) सामान्य सेवाएं	20.41	23.98	25.43	23.46	24.22	25.26	26.99
(ख) सामाजिक सेवाएं	3.64	3.14	3.07	3.03	2.89	2.76	2.74
(ग) आर्थिक सेवाएं	75.95	72.89	71.50	73.52	72.90	71.98	70.28
2. केन्द्रीय सरकार द्वारा निम्न को दिए गए ऋण	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00
(क) राज्य और संघ राज्य क्षेत्र सरकारें	58.10	63.62	64.60	66.08	67.48	63.21	69.02
(ख) विदेशी सरकारें	0.87	1.17	1.83	1.22	0.51	0.33	0.34
(ग) सरकारी क्षेत्र के उद्यम	40.35	34.66	33.02	32.13	31.43	30.85	29.97
(घ) सरकारी कर्मचारी	0.67	0.54	0.55	0.56	0.58	0.62	67.0

ब्याज अदायगियां

17. ऋण के बढ़ते बोझ के साथ-साथ ऊंची ब्याज दरों का परिणाम यह हुआ है कि राजस्व व्यय का महत्वपूर्ण भाग ब्याज अदायगियों के लिए इस्तेमाल हो रहा है (सारणी 2.1)। 1993-94 (सं० अ०) के दौरान ब्याज अदायगियां कुल राजस्व व्यय के 32 प्रतिशत से अधिक भाग का निर्माण करती थीं। यह 1992-93 के दौरान हुए 33.4 प्रतिशत तथा 1991-92 के दौरान हुए 32.3 प्रतिशत के व्यय से कुछ-कुछ कम है, लेकिन 1989-90 के दौरान हुए 27.6 प्रतिशत के व्यय से अधिक है। तथापि, ब्याज अदायगियां करने के लिए प्रयोग में लाये गये कुल राजस्वों का अनुपात निरन्तर बढ़ते हुए 1991-92 के 40.3 प्रतिशत से 1992-93 में 41.9 प्रतिशत तथा 1993-94 (सं० अ०) में 49.2 प्रतिशत हो गया है। ऋण की ब्याज अदायगियों और वापसी अदायगी से युक्त कुल ऋण-आपूर्ति 1993-94 (सं० अ०) में कुल राजस्व प्राप्तियों का 112.8 प्रतिशत थी। तथापि, केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उद्यमों (सी पी एस ई) की इक्विटी बिक्री तथा ऋणों की वसूली से हुई प्राप्तियों को, प्राप्ति पक्ष में शामिल करना तर्कसंगत होगा। उस स्थिति में कुल ऋण आपूर्ति कुल प्राप्तियों का 100.7 प्रतिशत बैठती है।

राज्य और संघ राज्य क्षेत्र : 1993-94

18. वर्ष 1993-94 (सं०अ०) के लिए राज्य के सरकारी क्षेत्र के उद्यमों (एस० पी० एस० ई०) सहित राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के चालू राजस्व तथा कुल व्यय दोनों के संशोधित अनुमान 1992-93 के वास्तविक अनुमानों से मामूली रूप से अधिक हैं। कुल व्यय में 1992-93 के 15.7 प्रतिशत से 1993-94 (सं० अ०) में 16.0 प्रतिशत तक सकल घरेलू उत्पाद के 0.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। चालू राजस्व में सकल घरेलू उत्पाद के 0.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो सकल घरेलू उत्पाद के 12.1 प्रतिशत से बढ़कर 12.5 प्रतिशत हो गया। परिणामस्वरूप, चालू राजस्व और कुल व्यय के बीच अन्तर 1992-93 में सकल घरेलू उत्पाद के 3.7 प्रतिशत से गिरकर 1993-94 (सं० अ०) में 3.5 प्रतिशत हो गया। विकास-भिन्न व्यय

में विकास संबंधी व्यय की तुलना में तेजी से वृद्धि जारी रही। 1993-94 (सं० अ०) में विकास–भिन्न व्यय में 20.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि विकास संबंधी व्यय में केवल 10.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। परिणाम-स्वरूप कुल व्यय में विकास-भिन्न व्यय का अनुपात 1992-93 के 32.8 प्रतिशत और 1991-92 के 31.8 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 34.7 प्रतिशत हो गया।

19. चालू राजस्व में हुई वृद्धि कर-भिन्न राजस्व और केन्द्र से प्राप्त अनुदानों में वृद्धि के कारण है। बिक्री कर से होने वाली प्राप्तियों में 1992-93 के 3.1 प्रतिशत से 1993-94 (सं० अ०) में सकल घरेलू उत्पाद के 3.2 प्रतिशत तक की मामूली वृद्धि हुई है। तथापि, राज्यों के सरकारी क्षेत्र के उद्यमों का वित्तीय कार्य-निष्पादन अभी भी चिन्ता का विषय है। इन उद्यमों के अन्तरिक संसाधन 1992-93 के 1305 करोड़ रुपए तथा 1991-92 के 1699 करोड़ रुपए की ऋणात्मक राशियों की तुलना में, 1993-94 के संशोधित अनुमानों के अनुसार 1114 करोड़ रुपए को ऋणात्मक राशि थे। यद्यपि हानियों में कुछ कमी हुई है, फिर भी ये हानियां राज्य के वित्त-साधनों के लिए अड़चन बनी हुई हैं। घाटा उठा रहे उद्यमों की बिक्री से न सिर्फ इन हानियों में कमी हो सकेगी और इस राशि को सामाजिक और भौतिक आधारभूत ढांचे के रख-रखाव के लिए उपलब्ध कराया जा सकेगा बल्कि परि-सम्पत्तियों की बिक्री से हुई आय से बुनियादी ग्रामीण और शहरी आधारभूत ढांचे के विकास के लिए संचित निधि भी उपलब्ध होगी।

केन्द्र, राज्य और संघ राज्य क्षेत्र : 1993-94

20. सरकारी क्षेत्र के उद्यमों सहित केन्द्र, राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के चालू राजस्व 1993–94 में सकल घरेलू उत्पाद 21.8 प्रतिशत से गिरकर 1993-94 (सं. अ.) में 21.5 प्रतिशत तक आ गए (सारणी 2.8)। सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात के रूप में कर राजस्व का कम होना जारी रहा जो 1992-93 में सकल घरेलू उत्पाद के 16.2 प्रतिशत के वास्तविक आंकड़ों की तुलना में 15.5 प्रतिशत तक आ गया। सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में कर-भिन्न राजस्व का बढ़ना जारी रहा जो 1992-93 के 5.6 प्रतिशत से बढ़कर 1993-94 (सं०अ०) में सकल घरेलू उत्पाद के 6.0 प्रतिशत पर पहुंच गया। यह 1991-92 के 5.0 प्रतिशत के वास्तविक आंकड़ों से काफी अधिक है। सरकारी क्षेत्र के उद्यमों के आन्तरिक संसाधनों में घट-बढ़ होती रही है लेकिन सकल घरेलू उत्पाद के 3.2 प्रतिशत के स्तर पर वे 1991-92 और 1992-93 के क्रमश: 2.1 प्रतिशत तथा 2.7 प्रतिशत के वास्तविक आंकड़ों से अधिक हैं।

21. सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात के रूप में कुल परिव्यय में भी घट बढ़ होती रही है। यह 1991-92 में सकल घरेलू उत्पाद के 32.4 प्रतिशत से कम होकर 1992-93 में 32.2 प्रतिशत पर आने के बाद 1993-94 के संशोधित अनुमानों के अनुसार बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद के 33.2 प्रतिशत तक हो गया। कम प्राप्तियों और अधिक परिव्यय के परिणामस्वरूप दोनों के बीच अन्तर में सकल घरेलू उत्पाद के 11.7 प्रतिशत की अत्यधिक बढ़ोतरी हुई। विकास-भिन्न व्यय में वृद्धि अपेक्षाकृत तेज रही है। इसके परिणामस्वरूप कुल व्यय में इसका हिस्सा 1991-92 और 1992-93 के क्रमश: 40.5 प्रतिशत और 40.4 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 1993-94 (सं.अ.) में 42.1 प्रतिशत हो गया है।

22. घरेलू पूंजीगत प्राप्तियों पर अधिक तथा बाह्य वित्त पोषण और बजटीय घाटों पर कम आश्रितता होने से इस अन्तर को पूंजीगत प्राप्तियों के जरिए वित्तपोषित करने का पैटर्न भी बदल गया है। इस अन्तर को पूरा करने के लिए घरेलू पूंजीगत प्राप्तियों का भाग 1992-93 के 74.1 प्रतिशत से बढ़कर 1993-94 (सं. अ.) में 82.1 प्रतिशत हो गया है। बजटीय घाटे का योगदान 1992-93 के 17.5 प्रतिशत की तुलना में, गिरकर 12.4 प्रतिशत हो गया है। इसी प्रकार, बाह्य वित्त साधनों के हिस्से में गिरावट की प्रवृत्ति भी जारी रही तथा 1991-92 और 1992-93 के क्रमश: 9.4 प्रतिशत और 8.4 प्रतिशत के मुकाबले यह गिरावट कुल अन्तर का 5.6 प्रतिशत हो गई।

केन्द्रीय सरकार का बजट : 1994-95

23. वर्ष 1994–95 का बजट 1993–94 (सं. अ.) के दौरान राजकोषीय घाटे में हुए असंतुलन की पृष्ठभूमि में तैयार किया गया था। इस असंतुलन का सुधार और राजकोषीय सन्तुलन की पुन:स्थापना चालू वर्ष के बजट का एक प्रमुख मुद्दा था। औद्योगिक पुन:स्थापना में तेजी लाना, कर-प्रणाली में सुधार करना और गरीबी तथा बेरोजगारी का उपशमन अन्य मुद्दे थे जिनका चालू वर्ष के बजट के निर्माण में महत्व था। महत्वपूर्ण सामाजिक क्षेत्रों जैसे ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा अनुसूचित जाति, जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए अधिक परिव्यय मुहैया कराए गए।

बजटीय घाटा

24. वर्ष 1994–95 के दौरान बजटीय घाटे (कुल प्राप्तियों में से कुल व्यय घटाकर, राजस्व और पूंजीगत दोनों) के कम होकर 6000 करोड़ रुपए तक हो जाने का अनुमान

केन्द्र का बजटीय घाटा



X 1980-81 से 1994-95 अवधि के लिए औसत

केन्द्र का राजस्व व्यय

प्रतिशत वितरण



जबकि 1993–94 (सं. अ.) में ये घाटे 9060 करोड़ रुपए और 1992–93 में 12312 करोड़ रुपए थे। विगत में, वास्तविक बजटीय घाटा बजट अनुमानों से खास तौर से अधिक रहा था। वर्ष 1993–94 के दौरान 9060 करोड़ रुपए के बजटीय घाटे संबंधी संशोधित अनुमान 4314 करोड़ रुपए के बजट अनुमानों की तुलना में दोगुने से अधिक थे। इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के साथ यह सहमति हुई कि यदि तदर्थ राजकोषी हुण्डियों का निवल निर्गम निरन्तर दस कार्य दिवसों से अधिक अवधि तक 9000 करोड़ रुपए से अधिक रहता है तो भारतीय रिजर्व बैंक स्वत: ही बाजार में इन हुण्डियों की बिक्री कर देगा तथा इस स्तर को कम करेगा। वित्त पोषण के इस स्रोत को अगले दो वर्ष में कम करने तथा 1997–98 तक पूरी तरह समाप्त करने का निर्णय भी किया गया है। 1994–95 के दौरान बजटीय घाटे की साप्ताहिक घट बढ़ चित्र 2.3 में दिखाई गई है। प्रथम चार सप्ताहों के दौरान बजटीय व्यवस्था अधिशेष रही। अगले 12 सप्ताहों के दौरान बजट में एक बार पुन: घाटा देखा गया। लेकिन घाटे का स्तर 1993–94 तथा 1992–93 के सदृश सप्ताहों के अन्त में विद्यमान घाटे की तुलना में काफी कम था। जुलाई 1994 के अन्तिम सप्ताह के आरम्भ से कई सप्ताह के लिए निरन्तर बजटीय अधिशेष रहा है। अधिशेष की यह निरन्तर अवधि किसी दशक की ऐसी अवधियों में से सर्वाधिक लम्बी रही है और यह 1994–95 के दौरान राजकोषीय प्रबंध की उल्लेखनीय सफलता को परिलक्षित करती है।

सारणी 2.8

केन्द्रीय सरकार तथा राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के बजटीय लेन-देन (सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों की अपनी योजनाओं के वित्तपोषण के लिए उनके बजट बाह्य संसाधनों सहित)

	1980–81	1989–90	1990–91	1991–92	1992–93	1993–94 (सं. अ.)	1993–94 (ब. अ.)	1994–95 (ब. अ.)
1	2	3	4	5	6	7	8	9
						(करोड़ रुपए)		
I. कुल परिव्यय . . .	36845	158107	176548	199370	224688	261224	258477	294960
(क) विकास संबंधी . .	24426	98501	105922	118715	134020	151154	153911	168233
(ख) विकास भिन्न . .	12419	59606	70626	80655	90668	110070	104566	126727
II. चालू राजस्व . . .	24563	103115	110607	133834	153195	168885	178958	191932
(क) कर राजस्व . .	19844	77693	87723	103198	114165	121930	131805	140945
(i) प्रत्यक्ष कर . .	3268	11165	12259	16656	19386	22470	22888	26682
(ii) अप्रत्यक्ष कर . .	16576	66528	75464	86542	94779	99460	108917	114263
(ख) कर-भिन्न राजस्व . .	4719	25422	22884	30636	39030	46955	47153	50987
III. अन्तर (I–II)	12282	54992	65941	65536	71493	92339	79519	103028
जिसकी वित्त व्यवस्था इस प्रकार की गई								
(i) घरेलू पूंजीगत प्राप्तियों से .	7161	40812	50192	52284	52969	75799	66428	88917
(ii) निवल विदेशी सहायता से .	1670	3567	4263	6171	5984	5136	6820	5644
(iii) बजटीय घाटे से] . .	3451	10613	11486	7081	12540	11404	6271	8467
सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में				(प्रतिशत)				
I. कुल परिव्यय . . .	27.1	34.6	33.0	32.4	32.0	33.2	32.9	32.4
(क) विकास संबंधी . .	18.0	21.6	19.8	19.3	19.1	19.2	19.6	18.5
(ख) विकास भिन्न . .	9.1	13.0	13.2	13.1	12.9	14.0	13.3	13.9
II. चालू राजस्व . . .	18.1	22.6	20.7	21.7	21.8	21.5	22.8	21.1
(क) कर राजस्व . .	14.6	17.0	16.4	16.8	16.2	15.5	16.8	15.5
(i) प्रत्यक्ष कर . .	2.4	2.4	2.3	2.7	2.8	2.9	2.9	2.9
(ii) अप्रत्यक्ष कर . .	12.2	14.6	14.1	14.0	13.5	12.6	13.9	12.6
(ख) कर भिन्न राजस्व .	3.5	5.6	4.3	5.0	5.6	6.0	6.0	5.6
III. अन्तर (I–II)	9.0	12.0	12.3	10.6	10.2	11.7	10.1	11.3
जिसकी वित्त व्यवस्था इस प्रकार की गई								
(i) घरेलू पूंजीगत प्राप्तियों से .	5.3	8.9	9.4	8.5	7.5	9.6	8.4	9.8
(ii) निवल विदेशी सहायता से .	1.2	0.8	0.8	1.0	0.9	0.7	0.9	0.6
(iii) बजटीय घाटे से . .	2.5	2.3	2.1	1.1	1.1	1.5	0.8	0.9

टिप्पणी: इस सारणी में दी गई कुछ मदों के क्षेत्र संबंधी स्पष्टीकरण के लिए कृपया आंकड़ों के परिशिष्ट में सारणी 2.2 की पाद टिप्पणी देखिए।

Fig चित्र 2.3 बजटीय घाटा



25. राजकोषीय घाटा जो कुछ गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियों सहित राजस्व प्राप्तियों और वापसी अदायगियां घटाकर ऋणों सहित कुल व्यय के बीच के अन्तर के रूप में परिभाषित किया जाता है, भी 1994–95 के दौरान अपेक्षाकृत कम रहा है। यह जून 1994 के अन्त में 16792 करोड़ रुपए था जो गत वर्ष के सदृश स्तर से 14.7 प्रतिशत कम है। इसके बाद, इसमें कुछ वृद्धि हो गई और सितम्बर, 1994 के अन्त तक राजकोषीय घाटा बढ़कर 23003 करोड़ रुपए हो गया। तथापि, इस स्तर पर भी, राजकोषीय घाटा सितम्बर, 1993 के अन्त के 29832 करोड़ रुपए के राजकोषीय घाटे की तुलना में 22.9 प्रतिशत कम है।

बचत और पूंजी निर्माण

26. केन्द्रीय सरकार की सकल बचतें जो 1993–94 के दौरान प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो गई थीं, में आर्थिक और कार्यात्मक वर्गीकरण के अनुसार 1994–95 (ब.अ.) के दौरान सुधार होने का अनुमान है। घटी हुई सकल बचतों में सकल घरेलू उत्पाद के 2.5 प्रतिशत से 1994–95 (ब.अ.) में सकल घरेलू उत्पाद के 1.8 प्रतिशत तक गिरावट होने का अनुमान है (सारणी 2.4)। दिल्ली के उपभोग व्यय को छोड़कर उपभोग व्यय के 1993–94 (स. अ.) में सकल घरेलू उत्पाद के 4.1 प्रतिशत से कम होकर 1994–95 (ब. अ.) में 3.7 प्रतिशत तक हो जाने का अनुमान है (सारणी 2.3)। अन्तरण अदायगियों के कुल मिलाकर 1993-94 (स.अ.) के 8.6 प्रतिशत से कम होकर 1994–95 (ब.अ.) में 8.2 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को दी जाने वाली आर्थिक राजसहायताओं और अनुदानों में कमी होने का अनुमान है। तथापि, व्याज अदायगियां अपनी अपरिवर्तनीय वृद्धि जारी रखेंगी। बजटीय संसाधनों से होने वाले सकल पूंजी निर्माण (केन्द्र का वास्तविक और वित्तीय निवेश) के लगभग सकल घरेलू उत्पाद के 5.9 प्रतिशत से कम होकर 1993–94 (सं. अ.) में, दिल्ली को छोड़कर 5.3 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद के हो जाने की संभावना है। निवेश में यह गिरावट मुख्यतया अर्थव्यवस्था के शेष हिस्से में पूंजी निर्माण हेतु वित्तीय सहायता के 4.1 प्रतिशत से कम होकर 3.6 प्रतिशत तक हो जाने के कारण है। वास्तविक परिसम्पत्तियों के निर्माण में केवल मामूली गिरावट हुई है जो सकल घरेलू उत्पाद के 1.8 प्रतिशत से कम होकर 1.7 प्रतिशत पर आ गयी है। इस प्रकार, 1994–95 में राजकोषीय स्थिति में अनुमानित सुधार बेहतर बचतों लेकिन बजटीय संसाधनों में से 'अर्थव्यवस्था के शेष हिस्से में पूंजी निर्माण हेतु वित्तीय सहायता' में कम हुए निवेश में परिलक्षित होता है।

सरकारी ऋण

27. 1993–94 (सं. अ.) के दौरान दर्ज की गई केन्द्रीय सरकार की बकाया देयताओं में हुई तीव्र वृद्धि को चालू वर्ष के दौरान नियंत्रित करने का प्रस्ताव है। कुल बकाया देयताओं में जिनमें सितम्बर, 1994 के अंत में प्रचलित विनिमय दरों पर परिवर्तित बाह्य देयताएं भी शामिल हैं, अनुमानतः सकल घरेलू उत्पाद के 2.7 प्रतिशत की कमी होने से वे सकल घरेलू उत्पाद के 67.7 प्रतिशत पर पहुंच जाएंगी (सारणी 2.5)। प्रमुख कटौती बाह्य देयताओं में 1993–94 (सं. अ.) में सकल घरेलू उत्पाद के 16.3

प्रतिशत से 1994–95 (ब. अ.) में सकल घरेलू उत्पाद के 14.5 प्रतिशत तक कम होने से होगी। आन्तरिक देयताओं के 1993–94 (सं.अ.) में सकल घरेलू उत्पाद के 54.2 प्रतिशत से कम होकर 1994–95 (ब. अ.) में 53.2 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। मुख्यतया बाजार उधारों, विशेष प्रतिभूतियों और राजकोषीय हुंडियों से युक्त आन्तरिक देयताओं का आन्तरिक ऋण संघटक 1993–94 (सं. अ.) के 30.9 प्रतिशत से कम होकर 1994–95 (ब.अ.) में सकल घरेलू उत्पाद के 30.5 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा। अन्य आन्तरिक देयताओं में सकल घरेलू उत्पाद के 0.7 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान है। यद्यपि सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात के रूप में बकाया देयताओं में गिरावट होने का अनुमान है, तथापि, बढ़ती ब्याज दरों के साथ देयताओं में 61135 करोड़ रुपए की पूर्ण वृद्धि से ब्याज का कुल बोझ 1993–94 (वं. अ.) के 37500 करोड़ रुपए से बढ़कर 1994–95 (सं.अ.) में 46000 करोड़ रुपए हो जाने का अनुमान है। (सारणी 2.6)।

अनुदानों की अनुपूरक मांगें

28. 343.3 करोड़ रुपए की कुल राशि संबंधी अनुदानों की अनुपूरक मांगों का पहला बैंच अगस्त, 1994 में प्रस्तुत किया गया था। सकल व्यय 86.9 करोड़ रुपए की सीमा तक बचतों/वसूलियों अथवा बढ़ी हुई प्राप्तियों में से किया गया। अत: अनुपूरक मांगों में 256.4 करोड़ रुपए का निवल नकद बहिर्गमन अन्तर्ग्रस्त था। किसानों को दी जाने वाली रियायतों सहित विनियंत्रित फास्फेटी और पोटाश उर्वरकों की बिक्री की योजना के अन्तर्गत विनिर्माताओं/अभिकरणों को किए जाने वाले भुगतान 250 करोड़ रुपए के थे। व्यय की अन्य मुख्य मदें दिल्ली दुग्ध योजना के संबंध में अतिरिक्त व्यय और अनुसूचित जाति विकास निगम की अंश पूंजी में निवेश से संबंधित हैं।

29. दिसम्बर, 1994 में प्रस्तुत अनुदानों की अनुपूरक मांगों के दूसरे बैंच के अनुसार कुल व्यय 5786.8 करोड़ रुपए था। तथापि, निवल नकद बहिर्गमन केवल 1961.8 करोड़ रुपए था क्योंकि 3825 करोड़ रुपए का व्यय बचतों/वसूलियों अथवा बढ़ी हुई प्राप्तियों में से किया गया था। राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को लघु बचत संबंधी ऋणों के लिए 2500 करोड़ रुपए की अतिरिक्त निर्मुक्त राशि कुल अनुपूरक मांगों के 43 प्रतिशत से अधिक थी। अन्य 17 प्रतिशत की राशि राज्यों को विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता के लिए थी। देशीय उर्वरकों पर 500 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राजसहायता (8.6 प्रतिशत) आयातित उर्वरकों पर 332 करोड़ रुपए (5.7 प्रतिशत) और फोटो पहचान पत्र जारी करने के संबंध में केन्द्रीय सरकार के व्यय के हिस्से के रूप में 225 करोड़ रुपए (3.9 प्रतिशत) व्यय की कुछ अन्य मुख्य मदें थीं।

कर संबंधी उपाय और सुधार : 1994-95

30. कर प्रणाली में सुधार ढांचागत सुधार कार्यक्रम का महत्वपूर्ण अंग रहा है। इस नीति का लक्ष्य संतुलित दरों, कम छूटों और अपेक्षाकृत व्यापक कर आधार से युक्त कराधान की सरल प्रणाली को अपनाना है; पूर्ववर्ती बजटों में प्रत्यक्ष करों के संबंध में इन सिद्धान्तों को लागू किया गया था। 1994–95 के बजट में इन सिद्धान्तों पर प्रत्यक्ष करों के संबंध में निर्भरता जारी रखी गयी और अप्रत्यक्ष कराधान जो अभी भी केन्द्र के कुल कर राजस्व के 71 प्रतिशत से अधिक है, में प्रमुख ढांचागत सुधार आरम्भ किया गया। उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क दोनों के संबंध में, अन्त तक प्रयोग संबंधी अधिसूचनाओं की संख्या में भारी कटौती हुई है जिससे विवादों की संभावना और विवेकाधिकार की गुंजाइश कम हो जाएगी। इसके अलावा, अनेक दर श्रेणियों में भारी कमी की गई, शीर्ष दरों को कम किया गया और विशिष्ट शुल्कों में परिवर्तन करके मूल्यानुसार शुल्कों को अपनाने का महत्वपूर्ण बदलाव किया गया ताकि अन्तर्निमित राजस्व लोच को मजबूत किया जा सके। निवेश साधनों पर अदा किए गए करों संबंधी क्रेडिट की प्रणाली जिसे "मोडवैट" कहा जाता है, के अन्तर्गत पेट्रोलियम और पूंजीगत माल को शामिल करने के लिए उसे विस्तारित किया गया। वस्तु कराधान में हुए इन परिवर्तनों से "मोडवैट" "वैट" प्रकार की प्रणाली के निकट आ गया है और इससे अन्तत: एक पूर्ण विकसित मूल्य वर्धित कर आरम्भ करने में आसानी होगी। टेलीफोन, गैरजीवन बीमा और स्टाक ब्रोकरों जैसी सेवाओं पर अप्रत्यक्ष कराधान लागू करने की एक छोटी शुरूआत भी की गई। तथापि, वैट सिद्धान्त सेवा संबंधी इन करों पर लागू नहीं होते।

31. कर सुधारों से कर राजस्व के संघटन में ढांचागत परिवर्तन हुआ है (सारणी 2.9)। केन्द्र के सकल राजस्व में प्रत्यक्ष करों के अंश में उछाल आया जो 1990–91 के 19.1 प्रतिशत से बढ़कर 1994–95 (ब०अ०) में 28.4 प्रतिशत हो गया जबकि इसी अवधि में अप्रत्यक्ष करों के अंश में तदनुरूप गिरावट हुई जो 78.9 प्रतिशत से कम होकर लगभग 71.3 प्रतिशत पर आ गया। इसके अलावा, सकल कर राजस्व में सीमा शुल्क संबंधी राजस्व का हिस्सा 1990-91 के लगभग 36 प्रतिशत से कम होकर 1994-95 (ब.अ.) में करीब 29 प्रतिशत हो गया। सीमा शुल्क टैरिफ के सामान्य स्तर में कमी जो संग्रहण दर में तेजी से हुई गिरावट में परिलक्षित होती है 1991–92 के 44 प्रतिशत से कम होकर 1993–94 में लगभग 30 प्रतिशत पर आ गयी। कुल मिलाकर, जुलाई 1991 से आरम्भ हुए कर सुधारों ने कर प्रणाली में ढांचागत असंतुलनों को, जो सब मिलाकर अकुशलता और विकृतियों को जन्म देते है, ठीक करने में मदद की है। सहवर्ती रूप में, प्रत्यक्ष करों के हिस्से में वृद्धि हुई है जो इक्विटी और आर्थिक कार्यकुशलता दोनों की दृष्टि से बेहतर है।

सारणी 2.9

सकल कर राजस्व की प्रतिशतता के रूप में राजस्व के स्रोत

	1990-91	1991-92	1992-93	1993-94 (स०अ०)	1994-95 (ब०अ०)
1	2	3	4	5	6
प्रत्यक्ष कर (1)	19.1	22.6	24.3	27.6	28.4
निजी आयकर	9.3	10.0	10.6	12.4	12.5
निगम कर	9.3	11.7	11.9	13.7	14.3
अप्रत्यक्ष कर (2)	78.9	75.5	73.7	71.0	71.3
सीमा शुल्क	35.9	33.0	31.9	29.3	28.9
उत्पाद शुल्क	42.6	41.7	41.3	41.4	42.1
सकल घरेलू उत्पाद की प्रतिशतता के रूप में कर राजस्व					
प्रत्यक्ष कर (1)	2.1	2.5	2.6	2.7	2.7
निजी आयकर	1.0	1.1	1.1	1.2	1.2
निगम कर	1.0	1.3	1.3	1.3	1.4
अप्रत्यक्ष कर (2)	8.5	8.3	7.8	6.9	6.8
सीमा शुल्क	3.9	3.6	3.4	2.9	2.8
उत्पाद शुल्क	4.6	4.6	4.4	4.0	4.0

(1) इसमें व्यय, ब्याज, धन कर और दान कर तथा सम्पदा शुल्क शामिल हैं

(2) इसमें अन्य कर और शुल्क शामिल हैं;

प्रत्यक्ष कर

निजी आयकर

32. निजी आयकर के नियंत्रण की प्रक्रिया 1994-95 के बजट में लगातार चलती रही। निजी कर-छूट सीमा 30,000 रुपए से बढ़ाकर 35,000 रुपए कर दी गई। इसके अतिरिक्त, गैर-कारपोरेट आय पर 12 प्रतिशत के अधिभार को हटा लिया गया। निजी कर दरों को परिवर्तित नहीं किया गया लेकिन कर-सीमा में फैलाव लाया गया जिसे नीचे दर्शाया गया है :—

आय-श्रेणी रुपयों में

कर-दर	पुरानी सीमा	नई सीमा
शून्य	0—30,000	0—35,000
20	30,001—50,000	35,001—60,000
30	50,001—100,000	60,001—120,000
40	100,000 से अधिक	120,000 से अधिक

33. निम्न अथवा निम्नमध्य वर्गीय श्रेणियों के यूनिटों में निवेश करने वाले निवेशकों को राहत प्रदान करने की दृष्टि से, भारतीय यूनिट ट्रस्ट और अन्य अनुमोदित म्यूचुअल फंडों के यूनिटों को दीर्घकालीन पूंजी लाभ निरूपण दिया जाना अपेक्षित है यदि उन्हें, अंतरण की तारीख पर 12 महीने से अधिक की अवधि के लिए धारण किया गया हो।

34. गोआ राज्य तथा दादर और नगर हवेली एवं दमन तथा दीव के संघ राज्य क्षेत्रों में संपत्ति साझेदारी की प्रणाली द्वारा शासित पति और पत्नी के पास जाने वाली आय के अलग अलग मूल्यांकन के लिए एक नई व्यवस्था की शुरूआत की गई थी। साझेदारी (कम्युनिटी) आय (वेतन आय को छोड़कर) पति और पत्नी के बीच बराबर बराबर बांटी जानी अपेक्षित होती है।

कटौतियां

35. निम्न आय समूहों और विकलांगों को सहायता प्रदान करने के लिए आय कर अधिनियम के अधीन और राहतें प्रदान की गई थीं। वयोवृद्ध नागरिक (65 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु वाले) पहले की 20 प्रतिशत की सीमा की तुलना में अब 40 प्रतिशत कर छूट प्राप्त करने के हकदार हैं। सहवर्ती रूप से, इस कटौती का दावा करने के लिए पात्र आय सीमा 75,000 रुपए से बढ़ाकर 100,000 रुपए कर दी गई। विकलांग बच्चे को कर पश्चात् आय की कटौती को संरक्षण प्रदान करने के लिए ऐसी आयों को, आयकर और सम्पत्ति कर-अधिनियम, दोनों के अन्तर्गत, समूहीकरण के प्रावधान से छूट प्रदान की गई थी।

36. स्व-अधिकृत संपत्ति से होने वाली आय का परिकलन करने में, उधार ली गई निधियों पर किए जाने वाले ब्याज-भुगतानों के संबंध में अनुमत कटौती आयकर के

प्रयोजन के लिए 5,000 रुपए से बढ़ाकर 10,000 रुपए कर दी गई थी। किसी संबंधी के विवाह के अवसर पर दिए गए उपहारों के लिए छूट सीमा 30,000 रुपए से बढ़ाकर 100,000 रुपए कर दी गई थी।

अनिवासी-निवेश

37. यौक्तिकीकरण और विदेशी निवेशकों को बढ़ावा देने के लिए अनिवासी व्यक्तियों और अनिवासी कंपनियों के लिए निवेश आय (लाभांश और ब्याज आय) के कराधान की भिन्न दरों को 20 प्रतिशत की एक समान दर तक कम कर दिया गया था।

निगम-कर सरलीकरण

38. 1994-95 के बजट में निगम कर संरचना में एक मुख्य सुधार किया गया। यह निगम क्षेत्र को और अधिक बचत करने और अधिक निवेश करने तथा और अधिक स्पर्धात्मक बनने में सहायता करेगा। पहले बहुजन धारित और अल्पजन धारित घरेलू कंपनियों पर क्रमशः 45 प्रतिशत और 50 प्रतिशत की दरों पर कर लगाया जाता था। 1994-95 के बजट में बहुजन-धारित और अल्पजन धारित घरेलू कंपनियों के लिए कर-दरों के अन्तर को हटा दिया गया और घरेलू कंपनियों पर लगने वाले निगम-कर को 40 प्रतिशत की एक समान दर तक कम कर दिया गया। जबकि निर्ममित क्षेत्र को अनेक रियायतें दी जानी जारी रहेंगी, तथापि 75,000 रुपए से अधिक की कर योग्य आय वाली घरेलू कंपनियों के लिए 15 प्रतिशत का अधिभार रहने दिया गया। इस प्रकार घरेलू कंपनियों पर प्रभावी दर 57.5 प्रतिशत (अल्पजन धारित कंपनियों के लिए) और 51.75 प्रतिशत (बहुजन धारित कंपनियों के लिए) से घटाकर 46 प्रतिशत की एकसमान दर कर दी गई। इसके अतिरिक्त विदेश में स्थित शामिल की गई कम्पनियों पर जो, भारत में अर्जन कर रही हैं, (अर्थात् विदेशी कम्पनियां), कर दर 65 प्रतिशत से घटाकर 55 प्रतिशत कर दी गई।

आधार को व्यापक बनाना

39. कर आधार के सरलीकरण और उसे व्यापक बनाने की प्रक्रिया के एक भाग के रूप में 40 लाख रुपए तक की कुल बिक्री करने वाले ठेकेदारों और कम से कम दस ट्रक रखने वाले ट्रक मालिकों के लिए एक नई अनुमानित आय योजना शुरु की गई थी। ठेकेदारों के मामले में, निवल लाभ, सकल प्राप्तियों का 8 प्रतिशत अनुमानित किया जाना है। ट्रक मालिकों के मामले में, भारी परिवहन मोटर वाहनों के लिए आय 2000 रुपए प्रतिमाह और हल्के वाणिज्यिक और मध्यम वाहनों के लिए 1800 रुपए प्रति माह अनुमानित की जाएगी। इन दोनों मामलों में, मूल्यह्रास अथवा ब्याज अथवा अन्य खर्चों के कारण होने वाली कटौतियां, पहले से ही अनुमेय की गई समझी जाती हैं और कोई अन्य कटौती की जाने की अनुमति नहीं है। उपर्युक्त दोनों योजनाएं वैकल्पिक हैं। विरोध करने की प्रणाली की व्यवस्था की गई है। कर निर्धारिती को न तो लेखाबहियां बनाने की आवश्यकता है और न ही अपने लेखों की लेखा-परीक्षा कराने की आवश्यकता है। विश्वास और भरोसे का वातावरण बनाने की दृष्टि से और साथ ही कर-आधार को व्यापक बनाने के लिए छोटे व्यवसायियों आदि के लिए नई सरलीकृत कराधान प्रक्रिया को बनाए रखा गया है। इस योजना, जो प्रारंभिक रूप से दो कर-निर्धारण वर्षों अर्थात 1993-94 और 1994-95 के लिए लागू थी, के लिए अब कोई समय सीमा नहीं रही है अर्थात् यह परवर्ती वर्षों में भी लागू रहेगी।

40. कर-आधार को व्यापक बनाने का प्रभावी मार्ग, स्रोत पर आयकर की कटौती के क्षेत्र को बढ़ाना है। इस प्रयोजन के लिए किसी वित्तीय वर्ष में किसी भूमि और भवन के लिए 1,20,000 रुपए से अधिक के किराये संबंधी भुगतानों पर 20 प्रतिशत (जमा लागू अधिभार) की दर पर कर को रोके रखने की व्यवस्था करने के लिए 1 जून, 1994 से एक नई व्यवस्था की शुरुआत की गई। तथापि, किसी व्यक्ति अथवा किसी अविभक्त हिन्दू परिवार द्वारा किए गए किराए संबंधी भुगतानों को इसमें शामिल नहीं किया गया है।

प्रोत्साहन

41. पुनर्संरचना संबंधी प्रक्रिया में निर्यात के प्रोत्साहन को उच्च प्राथमिकता प्रदान की गई है। वस्तु निर्यातों से होने वाली आय के लिए मौजूदा कर-छूट को जारी रखा गया है। चूंकि कम्प्यूटर साफ्टवेयर के निर्यात में वृद्धि की उच्च संभावना है, अतः कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर के निर्यात से होने वाले लाभों को, एक और वर्ष अर्थात् करनिर्धारण वर्ष 1995-96 तक पूर्ण कर छूट प्रदान की गई थी। विदेशी पर्यटकों से होने वाले अर्जन को बढ़ावा देने के लिए भी, होटलों में व्यय-कर 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया था। व्यय कर उस होटल में लगाया जाता है, जहां आवासीय सुविधा के लिए कक्ष प्रभार प्रतिदिन 1200 रुपए अथवा अधिक होते हैं।

42. मानव संसाधनों के विकास में निवेश, वृद्धि और प्रगति के लिए एक अनिवार्य पूर्व-अपेक्षा है। इस प्रयोजन के लिए, एक नई व्यवस्था की शुरूआत की गई, जो किसी व्यक्ति को कुल मिलाकर दो लाख रुपए तक की राशि तक मूलधन की वापसी अदायगी करने पर आय से 25,000 रुपए प्रति वर्ष की कटौती का दावा करने का हकदार बनाती है। यह व्यवस्था निर्धारित क्षेत्रों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए वित्तीय संस्थाओं से उधार लिए गए ऋणों पर लागू होती है।

43. किसी निर्धारित प्राधिकरण द्वारा यथानुमोदित वैज्ञानिक अनुसंधानों के कार्यक्रमों को पूरा करने के लिए

किसी करनिर्धारिती द्वारा किसी राष्ट्रीय प्रयोगशाला को किए गए भुगतानों पर 125 प्रतिशत भारित कटौती करने की अनुमति है। राष्ट्रीय प्रयोगशाला का आशय उन वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं से है जो भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद अथवा वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के तत्वावधान में कार्य कर रही हों। 1994-95 के बजट में, इलैक्ट्रोनिकी विभाग, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन, जैव-प्रौद्योगिकी विभाग और परमाणु ऊर्जा विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर रही वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं को शामिल करने के लिए, राष्ट्रीय प्रयोगशाला के क्षेत्र को व्यापक कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, यह लाभ विश्वविद्यालयों और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में वैज्ञानिक अनुसंधान के कार्य में लगी हुई वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं को भी दिया गया था।

44. आयकर-अधिनियम में परिवर्तन किए गए हैं, ताकि अर्थव्यवस्था की पुनर्संरचना के परिणामस्वरूप न्यूनतम लागत पर और सरल तरीके से श्रमबल में समायोजन को सुविधाजनक बनाया जा सके। स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजनाओं के अधीन कर छूट प्रदान करने वाली धारा 10(10ग) के तहत आयकर अधिनियम के क्षेत्र को बढ़ाया गया था ताकि विश्वविद्यालयों और सहकारी समितियों के कर्मचारियों को इसमें शामिल किया जा सके। इसके अतिरिक्त वृद्धावस्था में सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए नियोजित व्यक्तियों को पेंशन-निधि में अंशदान करने के लिए समर्थ बनाने हेतु भारतीय यूनिट ट्रस्ट द्वारा संस्थापित पेंशन-निधि में किए गए अंशदानों को शामिल करने के लिए आयकर-अधिनियम के अधीन कर छूट का लाभ विस्तारित किया गया था।

45. किसी भी नीति में प्रदूषण नियंत्रण एक महत्वपूर्ण तत्व है, जो वहनीय विकास का पोषण करता है। 1994-95 के बजट में प्रदूषण नियंत्रण को आयकर अधिनियम की धारा क ग के अधीन रियायत की हकदार परियोजनाओं में शामिल किया गया है। अतः ऐसी परियोजना में अंशदान करने वाला कोई व्यक्ति कर-कटौती के रूप में ऐसे अंशदान के 100 प्रतिशत का दावा कर सकता है।

सुधारों का राजस्व-प्रभाव

46. उपलब्ध आंकड़े यह सुझाते हैं कि सरलीकरण, सीमान्त दरों में कटौती, यौक्तिकीकरण और प्रशासनिक सुधारों के माध्यम से आयकरों के सुधार की नीति निश्चित रूप से कार्य कर रही है। पिछले चार वर्षों के दौरान आयकर दरों में कटौती करने से राजस्व संग्रहणों में ह्रास नहीं हुआ है। इसके विपरीत, वर्तमान कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद में परिवर्तन और कर-राजस्व में परिवर्तन के अनुपात द्वारा यथामापित औसत उत्प्लावकता में सुधार हुआ है। कर-निर्धारण वर्ष 1991-92 से 1994-95 तक निजी आय कर दरों को एक लाख रुपए से ऊपर की आय पर 56 प्रतिशत की सीमान्त कर दर से कम करके 1.2 लाख रुपए से ऊपर की आय पर 40 प्रतिशत करने के परिणामस्वरूप राजस्व-संग्रहणों में कोई कमी नहीं आई है। निजी आयकर राजस्वों की उत्प्लावकता जो 1987-88 से 1990-91 के दौरान औसतन लगभग 1 थी। 1991-92 से 1994-95 के दौरान बढ़कर लगभग 1.4 हो गई। इसी प्रकार पिछले चार वर्षों के दौरान कुछ घरेलू कम्पनियों के लिए प्रभावी निगम कर दरों को 57.5 प्रतिशत की चरम सीमा से घटाकर, सभी घरेलू कंपनियों के लिए 46 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके बावजूद, 1987-88 से 1990-91 तक 0.8 प्रतिशत की औसत उत्प्लावकता बढ़कर 1991-92 से 1994-95 में लगभग 1.7 प्रतिशत हो गई है। इससे यह संकेत मिलता है कि अनुपालन में वस्तुतः सुधार हुआ है।

आयात-शुल्क

47. आयात टैरिफ सुधारों का लक्ष्य आयातित मध्यवर्तियों और पूंजीगत वस्तुओं की लागतों को मितव्ययिता की सीमा तक कम करना और भारतीय उद्योग को प्रदान किए गए संरक्षण के अनुचित उच्च स्तरों को धीरे-धीरे कम करना रहा है, ताकि बेहतर गुणवत्ता वाली और कम लागत वाली वस्तुओं के माध्यम से प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया जा सके, निर्यात-प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत किया जा सके और घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाया जा सके। यद्यपि पिछले तीन बजटों में सीमाशुल्क कम हुआ फिर भी हमारे प्रतिस्पर्द्धी देशों के स्तरों से यह अभी भी काफी अधिक है। चूंकि उपभोक्ता माल का आयात अभी तक प्रतिबंधित हैं और इसलिए वे टैरिफ-परिवर्तनों द्वारा व्यापक रूप से अप्रभावित हैं, टैरिफ-कटौतियों का मुख्य कार्य घरेलू उद्योग को उचित कीमत पर आधारभूत आयातित कच्चा माल और मध्यवर्ती और पूंजीगत माल प्रदान करना रहा है। इसके साथ ही शुल्क कटौतियों का मापदण्ड यह सुनिश्चित करने के लिए इतना अंशांकित किया गया है कि समान प्रकार के उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर अनुचित दबाव न पड़े।

48. 1994-95 के बजट में किए गए आयात टैरिफ सुधारों की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार थीं। उच्चतम दरों में कटौती की प्रक्रिया जारी रखी गई। सूखे अंगूर, बादाम, मदिरा, बाल और रोलर बेयरिंगों और यात्री सामान को छोड़कर, सीमा-शुल्क की उच्चतम दर को 85 प्रतिशत से और घटाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया था। इसके साथ ही निवेश को बढ़ावा देने के लिए आधारभूत कच्चे माल और पूंजीगत माल पर शुल्क-दरों में भी कमी की गई।

49. टैरिफ के ढांचे में एक व्यापक सुधार शुरू किया गया। इसमें, तैयार उत्पादों की तुलना में कच्चे माल और संघटकों पर आयात-शुल्कों के उच्च स्तरों के परिणामस्वरूप होने वाली विसंगतियों में सुधार करना शामिल था। वर्गीकरण विवादों के क्षेत्र को कम करने के लिए समान प्रकार के उत्पादों पर दरों को एक समान कर देने का प्रयास किया गया। अंत प्रयोग छूटों सहित, अधिसूचनाओं की व्यापक

रूप से काट-छांट करने का कार्य किया गया जिससे एक ही वस्तु की अनेकानेक दरें और विरोधात्मक संरक्षण समाप्त हो गया और विवेकाधिकार तथा विवादों की संभावनाएं कम हो गई।

पूंजीगत वस्तुएं

50. निवेश को बढ़ावा देने और विशेष रूप से विनिर्माण-क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए मशीनरी और धातु क्षेत्र को शामिल करने वाली टैरिफ-दरों की वृहत् पुनर्संरचना की गई। परियोजना आयातों और सामान्य पूंजीगत वस्तुओं पर मूल सीमाशुल्क 35 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया। परियोजना-आयातों की सुविधा पत्तन विकास परियोजनाओं तक भी बढ़ा दी गई। इससे भारतीय उद्योग में निवेश और आधुनिकीकरण की लागत को महत्वपूर्ण तरीके से कम करने की आशा की जाती है। मशीन औजारों की शुल्क-संरचना को भी, मौजूदा 40, 60 और 80 प्रतिशत की भिन्न दरों से परिवर्तित करके 35 अथवा 40 प्रतिशत की दो दरें बना कर सरलीकृत किया गया। इसके अतिरिक्त, अधिकांश पुर्जों पर भी चाहे उन्हें मूल उपस्कर के पुर्जों के रूप में आयात किया गया हो अथवा अतिरिक्त पुर्जों के रूप में, सीमाशुल्क घटाकर 25 प्रतिशत तक कर दिया गया।

51. कर सुधार समिति ने यह सिफारिश की थी कि प्रतिकारी शुल्क (सी. वी. डी.) से कोई छूट नहीं दी जानी चाहिए, चूंकि ऐसी छूट, ऐसी मदों के स्वदेशी विनिर्माताओं के प्रति भेद उत्पन्न करती है। जून-जुलाई, 1993 में 42 मदों के संबंध में प्रतिकारी शुल्क से दी जाने वाली छूट को हटा लिया गया था और प्रतिकारी शुल्क को लागू कर दिया गया था ताकि गैर-संरक्षी शुल्कों (प्रतिकारी शुल्क और उत्पादशुल्क) को एक समान किया जा सके और मोडवैट प्रणाली को युक्तिसंगत बनाया जा सके। पूंजीगत वस्तुओं पर 10 प्रतिशत का प्रतिकारी शुल्क लागू करने के साथ-साथ 1994-95 के बजट में इस प्रक्रिया को जारी रखा गया। इसके अतिरिक्त, पूंजीगत वस्तुओं को माडवैट का लाभ देने से, घरेलू पूंजीगत वस्तुओं पर प्रदत्त उत्पादशुल्क अथवा आयातित पूंजीगत वस्तुओं पर प्रदत्त प्रतिकारी शुल्क का पूर्ण क्रैडिट एक ही समय पर उपलब्ध कराया जाएगा।

52. चिकित्सा-उपकरणों के आयात को शासित करने वाली अनेकानेक छूटों को समाप्त कर दिया गया। दरों को तीन सुस्पष्ट शुल्क दरों तक कम कर दिया गया था। सरकारी अस्पतालों द्वारा आयात किए जाने वाले चिकित्सा-उपकरणों, जीवन-रक्षक उपस्करों (83 मद) और दृष्टिरक्षक उपस्करों के आयात को शून्य दर पर ही रहने दिया गया। विनिर्दिष्ट चिकित्सा उपकरण (131 मदों की सूची) पर आयात शुल्क को शुल्क किसी प्रतिकारी के बिना 40 से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया। 'अन्य चिकित्सा' उपकरणों पर आयात शुल्क 85% से घटाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया था। इसके अतिरिक्त, उनके विनिर्माण के लिए संघटकों को भी 15 प्रतिशत सीमाशुल्क पर आयात किए जाने की अनुमति थी। इस परिवर्ती दर से चिकित्सा उपकरण के स्वदेशी विनिर्माताओं को सहायता मिलने की आशा है।

कच्चा माल और मध्यवर्ती वस्तुएं

53. पूंजीगत वस्तुओं पर आयात-शुल्क में की गई कटौती के साथ इस्पात और अलौह धातुओं पर सीमाशुल्क में भी कटौतियां की गई थीं। इस्पात पर लगने वाले सीमा-शुल्क को 75 से 85 प्रतिशत की सीमा से घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया। इसके अतिरिक्त तांबे, जिंक तथा सीसे जैसी प्रमुख अलौह धातुओं के प्रारम्भिक रूपों पर आयात शुल्क को 50 प्रतिशत पर समानीकृत कर दिया गया। वर्ष के दौरान, अपरिष्कृत ऐल्युमीनियम पर सीमाशुल्क को 25 से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया। धातुओं के लिए टैरिफ-दरों में ये समायोजन, जो पूंजीगत वस्तु क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण निविष्टि है, घरेलू पूंजीगत वस्तु क्षेत्र के सामने आने वाली विसंगतियों को कम कर देंगे।

54. कच्चे माल और मध्यवर्तियों परशुल्क में कटौती को और आगे जारी रखा गया। सभी अयस्कों और सान्द्रणों, गलनीय धातु और लौह अयस्क से बने छर्रों पर लगने वाले आयात शुल्क को कम कर दिया गया तथा 10 प्रतिशत पर समानीकृत कर दिया गया ताकि घरेलू धातु उत्पादन को अन्तर्राष्ट्रीय रूप से प्रतिस्पर्धी बनाने में सहायता प्रदान की जा सके।

55. पैट्रोलियम और कोयले के लिए टैरिफ-संरचना में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए। पैट्रोलियम पर आयात शुल्क संरचना को सरलीकृत किया गया और यथामूल्य दरों द्वारा प्रतिस्थापित किया गया। कच्चे पैट्रोलियम पर पहले लगाए गए 1500 रुपए प्रति मीटरी टन के शुल्क के बदले 35 प्रतिशत शुल्क निर्धारित किया गया। इसके अतिरिक्त, एल० पी० जी० और पैट्रोलियम गैसों पर आयात-शुल्क 15 प्रतिशत पर और अन्य पैट्रोलियम-उत्पादों पर 30 प्रतिशत पर स्थिर रहा। तथापि, नैफ्था और मिट्टी के तेल पर बेसिक सीमाशुल्क से छूट जारी रखी गई। कोयले पर सीमाशुल्क में और कटौती की गई। कोयले और कोक पर आयात-शुल्क 85 प्रतिशत की पिछली शीर्ष दर से घटाकर क्रमशः 35 प्रतिशत और 25 प्रतिशत कर दिया गया।

अन्य क्षेत्र

56. इलैक्ट्रोनिकी और दूरसंचार के लिए टैरिफ संरचना को युक्तिसंगत बनाया गया। कम्प्यूटर पुर्जों और अनुप्रयोज्य सॉफ्टवेयर पर सीमाशुल्क क्रमशः 80 और 85 प्रतिशत से घटाकर 50 और 20 प्रतिशत कर दिया गया। विनिर्दिष्ट संघटकों और हिस्से-पुर्जों पर शुल्क को घटाकर क्रमशः 40 प्रतिशत और 30 प्रतिशत कर दिय गया। दूरसंचार क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए दूरसचार उपस्कर के विनिर्माण के लिए गैर-इलैक्ट्रोनिकी

पुर्जों पर आयात-शुल्क घटाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया और आप्टिकल फाइबर केबलों (दूरसंचार-ग्रेड) के विनिर्माण के लिए आप्टिकल फाइबर पर आयात-शुल्क को भी घटाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया ।

57. रसायनों पर सीमाशुल्क दरों का समग्र फैलाव, उच्चतम दर में कटौती करके 65 प्रतिशत कर देने से कम हो गया । इसके अतिरिक्त, डी० एम० टी०, पी० टी० ए० और एम० ई० जी० पर शुल्कों को और घटाकर 70 प्रतिशत से 60 प्रतिशत कर दिया गया और कुछ मध्यवर्तियों पर शुल्क 40 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत कर दिया गया ।

58. औषधीय-क्षेत्र में काफी संख्या में कच्चे माल पर, आयात शुल्क मौजूदा 85 से 50 प्रतिशत की दरों से घटाकर 50 अथवा 25 प्रतिशत की दो दरों तक कम कर दिए गए । कुछ मामलों में, औषध मध्यवर्तियों के घरेलू विनिर्माताओं के हित के संरक्षण की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आयात-शुल्क में कुछ उर्ध्वगामी समायोजन किए गए हैं ।

59. घरेलू घड़ी उद्योग के विकास की पर्याप्त संभाव्यता है यदि इसे अन्तर्राष्ट्रीय रूप से प्रतिस्पर्धात्मक बनाया जाता है । इस प्रयोजन के लिए, उद्योग की मशीनरी की कुछ मदों पर आयात-शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया । इसके अतिरिक्त, इस क्षेत्र में उपयोग के लिए विनिर्दिष्ट संघटकों और विनिर्दिष्ट कच्चे माल पर शुल्क 70 और 50 प्रतिशत से घटाकर क्रमशः 25 और 20 प्रतिशत कर दिया गया । इससे इन छोटे-हल्के लेकिन अधिक मूल्य वाले संघटकों की तस्करी को कम करने में भी सहायता मिलेगी ।

यात्री सामान

60. यात्री-सामान की सामान्यतः 3000 रुपए की निःशुल्क अनुमति को बढ़ाकर 4000 रुपए कर दिया गया । सोने के लिए 220 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी के लिए 500 रुपए प्रति किलोग्राम के आयात-शुल्क की रियायती दर को विशेष आयात लाइसेंसों के अधीन किए जाने वाले आयातों पर भी लागू कर दिया गया ।

विशेष छूट

61. चालू वर्ष के दौरान कुछ कृषि आधारित मदों को, ऐसे उत्पादों की घरेलू कीमतों पर दबाव को कम करने के लिए, कुछ और शुल्क-छूटें प्रदान की गई । परिष्कृत चीनी, क्रिस्टल चीनी और कच्ची चीनी को सम्पूर्ण सीमाशुल्क और प्रतिकारी शुल्क से छूट प्रदान कर दी गई । कच्ची रूई को सम्पूर्ण सीमाशुल्क से छूट प्रदान कर दी गई । इसके अतिरिक्त, पशु-भ्रूणों को भी सीमाशुल्क से मुक्त रखा गया । मानक/तरजीह-प्राप्त क्षेत्रों के लिए छिलके वाले बादामों पर सीमाशुल्क की 44/39 रु० प्रति कि०ग्रा० की एक समान दर निर्धारित की गई ।

संग्रहण दरें

62. संग्रहण-दरें सामान्य (प्रकाशित) टैरिफ दरों की अपेक्षा अंकित टैरिफ संरक्षण की बेहतर संसूचक हैं । संग्रहण-दर को, किसी वस्तु के आयात मूल्य के प्रति वसूल किए गए सीमाशुल्क राजस्व के (आनुषंगिक और प्रतिकारी शुल्क सहित) अनुपात के रूप में परिभाषित किया गया है । अनेकानेक छूटों की वजह से, (प्रकाशित) टैरिफ दरें संरक्षण के अंकित स्तर को पूर्ण रूप से नहीं दर्शा पाती हैं । वास्तविक शुल्क टैरिफ अनुसूची में अधिसूचित शुल्क से कम है ।

63. सारणी 2.10, 1990-91 से 1993-94 की अवधि के लिए सीमाशुल्क की संग्रहण-दरों को दर्शाती है । टैरिफ-प्रणाली में सुधारों के फलस्वरूप औसत संग्रहण-दर लगभग 17 प्रतिशत बिन्दुओं तक गिरकर 1990-91 के 47 प्रतिशत से 1993-94 में 30 प्रतिशत हो गई । संग्रहण-दरों की गिरावट में पी०ओ०एल० को छोड़कर सभी मुख्य उत्पाद-ग्रुप शामिल थे । अधिकतम और न्यूनतम संग्रहण दरों, के बीच यथा मापित सीमा के अनुसार दरों का फैलाव कम हो जाने के बावजूद अभी भी अत्यन्त विस्तृत है । यह प्रोत्साहनों को विरूपित करता है और इससे संसाधनों का गलत आवंटन होता है । न्यूनतम और उच्चतम संग्रहण दरों में अन्तर, प्रारंभिक रूप से 1990-91 के लगभग 75 प्रतिशत बिन्दुओं से 1991-92 में लगभग 96 प्रतिशत बिन्दुओं तक बढ़ने के बाद, 1992-93 में 85 प्रतिशत बिन्दुओं तक और इसके बाद 1993-94 में 59 प्रतिशत बिन्दुओं तक गिरा ।

64. 1993-94 के दौरान कागज और अखबारी कागज, प्राकृतिक रेशों और "अन्य" श्रेणी की 10 से 14 प्रतिशत के बीच की निम्नतम संग्रहण दरें रहीं । विशेष रूप से "अन्य" श्रेणी के लिए निम्न संग्रहण दर, उर्वरकों, रत्नों आदि जैसी मदों को शामिल किए जाने के कारण थी, जिन पर निम्न अथवा शून्य शुल्क लगता है । तथापि, धातुओं और रसायनों पर 50 प्रतिशत से अधिक की संग्रहण दरें जारी रहीं । इसके अतिरिक्त, धातुओं के लिए 69 प्रतिशत की संग्रहण-दर पूंजीगत-वस्तुओं पर लगाई जाने वाली दर के दुगुने से भी अधिक है । इससे पूंजीगत वस्तुओं के लिए हतोत्साहन होता है और परिणाम-स्वरूप संभवतः नकारात्मक संरक्षण ही मिलता है । प्रत्यावर्तित टैरिफ ढांचे के कारण पैदा होने वाली विसंगतियों और हतोत्साहक प्रभावों को दूर करने के लिए, 1994-95 के बजट में अन्त तक प्रयोग की जानी वाली अधिकांश छूटों को समाप्त किया गया है और टैरिफ ढांचे को युक्तिसंगत बनाया गया है । यह आशा की जाती है कि इससे पूंजीगत वस्तु क्षेत्र पर और रसायन क्षेत्र के पतनशील (डाउनस्ट्रीम) उद्योगों पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा ।

सारणी 2.10 2--20

चुनिन्दा आयात समूहों के लिए संग्रहण-दरें

(प्रतिशत में)

क्रम सं. वस्तु समूह	1990-91	1991-92	1992-93	1993-94
1	2	3	4	5
1. खाद्य उत्पाद	47	27	12	19
2. पी.ओ.एल	34	31	31	36
3. रसायन	92	82	71	52
4. मानव-निर्मित रेशे	83	63	45	18
5. कागज और अखबारी कागज	24	23	18	13
6. प्राकृतिक रेशे	20	21	20	14
7. धातुएं	95	110	97	69
8. पूंजीगत वस्तुएं	60	64	53	31
9. अन्य	20	14	13	10
10. गैर पी.ओ.एल.	51	49	39	28
जोड़	47	44	37	30

क्रम सं. 1 में अनाज, दालें, दूध और क्रीम, फल, सब्जियां और पशुचर्बी शामिल हैं।

क्रम सं. 3 में रासायनिक तत्व तथा यौगिक, भेषज, रंजक और रंगाई सामग्रियां प्लास्टिक और रबड़ शामिल हैं।

क्रम सं. 5 में लुगदी और रद्दी कागज, अखबारी कागज, गत्ते और विनिर्मित और छपी हुई पुस्तकें, अखबार, पत्रिकाएं आदि शामिल हैं।

क्रम सं. 6 में कच्ची ऊन और रेशम शामिल है।

क्रम सं. 7 में लोहा और इस्पात और अलौह धातुएं शामिल हैं।

क्रम सं. 8 में गैर-वैद्युत मशीनरी और परियोजना आयात, विद्युत मशीनरी तथा परिवहन उपस्कर शामिल हैं।

बाक्स 2.1 2—21

मूल्यानुसार प्रतिशत में आयात शुल्क (प्रतिकारी-शुल्क छोड़कर)

उद्योग	कर-सुधार समिति की सिफारिश[1]	मौजूदा
1	2	3
1. गेहूं और चावल जैसी आवश्यक कृषि संबंधी वस्तुएं	0	0
2. तेलहन और दालों जैसी अन्य कृषि संबंधी वस्तुएं	10	65
3. काजू और बादाम जैसी गैर-आवश्यक कृषि संबंधी वस्तुएं	50	65[2]
4. पैट्रो-रासायनिक बिल्डिंग-ब्लाक	15	15 से 30
5. कार्बनिक और अकार्बनिक रसायन	20	15 से 65
6. पोलीमर्स	25	45 से 65
7. टैक्सटाइल-फाइबर और यार्न	25	25 से 65
8. लोहा और इस्पात —		
(क) कच्चा लोहा	15	20
(ख) स्टेनलैस इस्पात और अन्य मिश्रधातु इस्पात सहित अर्ध-परिष्कृत और परिष्कृत इस्पात	20	30 से 50
9. तांबा	20	50
10. ऐल्युमीनियम	15	10
11. निकल	15	30
12. सीसा और जस्ता	20	50
13. टिन	15	30
14. लौह और अलौह धातुओं के अपशिष्ट, रद्दी और सान्द्र	10	10
15. लोहे और इस्पात की वस्तुएं	30	50
16. अलौह धातुओं की वस्तुएं		
(क) तांबे, सीसे और जस्ते से निर्मित	30	50 से 60
(ख) ऐल्युमीनियम, निकल और टिन से निर्मित	25	50

1	2	3
17. मशीनी औजारों सहित मशीनरी	20	25 से 65
18. इलैक्ट्रोनिकी :		
(क) कच्चा माल	20	20
(ख) हिस्से-पुर्जे, संघटक, सब-असेम्बली और उपस्कर	30	30 से 65
19. उपकरण	30	40 एवं 60
20. चिकित्सा उपस्कर	20	0 से 65

टिप्पणी : पैट्रोरासायनिक बिल्डिंग ब्लाक के उदाहरण हैं—एथीलीन, प्रोपीलीन, बूटाडीन, बेंजीन, एथिल-बेंजीन और स्टोरीन। पौलीमर में एल.डी.पी.ई०/एल.एल.डी.पी. ई; एच.डी.पी.ई.; पी.पी., पी.वी.सी, पी.एस. पौलीएस्टर, सिंथेटिक और प्राकृतिक रबड़ और प्लास्टिक और सिंथेटिक रेजिन की सम्पूर्ण श्रृंखला शामिल है।

1 1997-98 के लिए अनुशंसित आयात-शुल्क ढांचा।

2 बादामों के मामले में भी विशिष्ट शुल्क के अधीन।

उत्पाद-शुल्क

65. उत्पाद-शुल्क मौडवेट-प्रणाली को सरल और युक्तिसंगत बनाने के प्रयोजन से वित-अधिनियम, 1994 के माध्यम से घरेलू वस्तु कराधान में बृहत् सुधार किया गया। इससे मौजूदा उत्पाद-शुल्क मौडवेट प्रणाली को प्रशासित करने वाली कार्यनिष्पादन लागत में पर्याप्त रूप से कमी होने की संभावना है। सबसे पहले, मूल्यानुसार दरों की संख्या में लगभग आधे तक भारी कटौती की गई और उत्पादशुल्क दरों के फैलाव में कमी की गई। यह ध्यान देने योग्य बात है कि मूल्यानुसार कर दरों की कुल संख्या में, मौजूदा संख्या के लगभग आधे तक कमी की गई। दरों को कम करने की प्रक्रिया जहां वे अनुचित रूप से अधिक थीं, जारी रही। इसके अतिरिक्त, छूट-अधिसूचनाओं को चरणों में समाप्त कर दिया गया। महत्वपूर्ण रूप से मौजूदा उत्पाद-शुल्क संबंधी आधी अधिसूचनाओं को वापस ले लिया गया। इससे बहुत सी यूनिटों के उत्पाद-शुल्क-जाल (नैट) में आ जाने की सम्भावना है। इसके अतिरिक्त, इससे छूटों का दावा करने के लिए आवश्यक बोझिल प्रमाणन प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। इससे दुरुपयोग और कर-अपवंचन के समाप्त होने की आशा है। इसके साथ-साथ राजस्वों की अन्तःनिर्मित उत्प्लावकता सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट से मूल्यानुसार दरों में भी भारी परिवर्तन किया गया। उत्पाद-शुल्क के मूल्यांकन की प्रक्रिया को सरल किया गया। पहले प्रचलित जटिल मूल्य सूची प्रक्रिया की अपेक्षा बेची गई वस्तुओं के बीजक को आधार बनाया जाएगा।

मूल्यवर्धित कर संबंधी सिद्धान्त

66. मोडवैट का क्षेत्र पूंजीगत वस्तुओं, पैट्रोलियम उत्पादों और फाइबर से बने स्पन यार्न को शामिल करने के लिए बढ़ा दिया गया। यह कपड़ा उद्योग पर पड़े गिरावट सम्बन्धी प्रभाव को कम करने में सहायक होगा। इसके अतिरिक्त, पूंजी की अधिग्रहण लागत में कमी से निवेश गतिविधि प्रोत्साहित होगी।

67. संशोधित मूल्य वर्धित कर प्रणाली (मोडवैट) को वर्ष 1986-87 के बजट के माध्यम से दिनांक 1-3-1986 से प्रारम्भ किया गया था। 'मौडवैट' योजना के अन्तर्गत उन निविष्टियों पर शुल्क जमा करने की अनुमति दी गई है जो या तो उत्पाद शुल्क योग्य तैयार उत्पादों अथवा मध्यवर्ती उत्पादों के निर्माण के लिए प्रयुक्त होते हैं। पिछले समय से 'मौडवेट' के दायरे में और वस्तुओं/क्षेत्रों को शामिल करने के लिए उसे विस्तारित किया जा रहा है। तथापि, मौजूदा 'मौडवेट' को सर्वथा पूर्ण विकसित केन्द्रीय 'वैट' में विनिर्माण अवस्था तक बदलने का कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है। वर्तमान में, "मौडवेट" योजना में स्पष्ट तौर पर कपड़ा, तम्बाकू उत्पादों और दियासलाई शामिल नहीं हैं। इसके अतिरिक्त, 'वैट' के कटौती जमा सिद्धान्त वर्तमान में सभी निविष्टियों पर लागू नहीं होते। इनमें परीक्षण, अनुसंधान और विकास गुणवत्ता नियंत्रण, प्रदूषण उपशमन, क्लिनिंग एजेण्ट्स और कतिपय उपभोग योग्य वस्तुओं में उपस्करों/निविष्टियों का प्रयोग शामिल है। निविष्टि और उत्पादन के मध्य सम्पर्क के अभाव के कारण इन्हें अलग कर दिया गया है।

विवेकीकरण और सरलीकरण

68. पैट्रोलियम उत्पादों पर उत्पाद शुल्क ढांचे को विवेकसम्मत बनाया गया और मौजूदा विशिष्ट शुल्क दरों को सभी पैट्रोलियम उत्पादों पर 10 प्रतिशत की यथा मूल्य दर द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया। इसमें मोटर स्प्रिट को छोड़ दिया गया जिस पर 20 प्रतिशत का उत्पाद शुल्क लगाया गया। इसके अतिरिक्त, अन्तः प्रयोग रियायतों को पूर्ण रूप से समाप्त कर दिया गया।

69. विभिन्न रेशों और मिश्रित अथवा तंतु-तागों को 20 प्रतिशत के सम उत्पाद-शुल्क के अधीन लाया गया। वर्गीकरण की समस्या से बचने के लिए और विभिन्न रेशों तथा तागों के मध्य उत्पाद-शुल्क को तटस्थ बनाने के लिए, तागों की गिनती पर आधारित जटिल तथा भिन्न विशिष्ट दरों के बजाय सभी रेशों तथा तागों पर 20 प्रतिशत का

सम उत्पाद शुल्क लगाने की व्यवस्था की गई। सूती तागे पर 5 प्रतिशत उत्पाद शुल्क निर्धारित किया गया। जहां तक तंतु तागे का सम्बन्ध है, पोलिस्टर तंतु तागे पर 60 प्रतिशत, नाइलोन और पोलीप्रोपिलीन तागे पर 30 प्रतिशत और विस्कोस तंतु-तागे पर 15 प्रतिशत यथा-मूल्य शुल्क दर निर्धारित की गई। औद्योगिक तागों के सम्बन्ध में, 30, 20 और 10 प्रतिशत की निम्नतर दरें निर्धारित की गईं। चूंकि कपड़ा उत्पाद शुल्क के अन्तर्गत नहीं आता है, इसलिए 'मोडवैट' श्रृंखला इस अवस्था पर विच्छिन्न हो जाती है और दरों का एक व्यापक बिखराव छोड़ जाती है।

70. सूती और मानव-निर्मित कपड़ों के सम्बन्ध में अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (बिक्री कर के स्थान पर) की मौजूदा दरों को जो यथा-मूल्य और विशिष्ट दरों का मिश्रण थीं, 5, 10 और 20 प्रतिशत के यथा-मूल्य दरों में परिवर्तित कर दिया गया था। अतिरिक्त उत्पाद शुल्कों से पैदा हुई गिरावट सम्बन्धी समस्या को या तो वस्त्र उद्योग के करारोपण को राज्यों को वापस अंतरित करके अथवा इसको राज्य 'वैट्स' के साथ समेकित करके अथवा व्यापक राष्ट्रीय 'वैट' द्वारा सुलझाया जा सकता है।

71. ऐल्युमिनियम को छोड़कर सभी धातुओं पर 15 प्रतिशत का सम उत्पाद शुल्क लगाया गया। एल्युमिनियम पर पिछले 25 प्रतिशत की तुलना में 20 प्रतिशत उत्पाद शुल्क निर्धारित किया गया। तथापि, कच्चे लोहे और कतिपय अन्य लौह उत्पादों पर 10 प्रतिशत की निम्न दर लागू की गई।

72. अनुसूची-II में वर्णित औषधियों और ट्रेडमार्क औषधियों के एकल सूत्रीकरण के लिए उत्पाद शुल्क ढांचे को 15 प्रतिशत पर एकीकृत कर दिया गया था। तथापि, ट्रेड मार्क की आयुर्वेदिक तथा होम्योपैथिक दवाईयों और अन्य वैकल्पिक प्रणालियों की दवाईयों पर 10 प्रतिशत उत्पाद शुल्क लगाया गया। प्रसाधन सामग्रियों पर उत्पाद शुल्क को 70 प्रतिशत से घटा कर 50 प्रतिशत कर दिया गया।

73. विभिन्न रसायनों और रसायन आधारित उत्पादों के सम्बन्ध में शुल्क ढांचे को सरल बना दिया गया और 20 प्रतिशत का सम उत्पाद शुल्क निर्धारित किया गया। यह काफी सीमा तक भारी प्रतिदर्श और परीक्षण अपेक्षाओं को कम करेगा जिन्हें विभिन्न रसायनों के सम्बन्ध में असंख्य दरों द्वारा अपेक्षित बना दिया गया था। प्रमुख प्रपुंज प्लास्टिक, सिंथेटिक पेन्ट और डिटरजैंटों पर पिछले 35 प्रतिशत की तुलना में 30 प्रतिशत का सम उत्पाद शुल्क लगाया गया।

74. कागज और गत्ते के लिए उत्पाद शुल्क ढांचे को 20 प्रतिशत पर एकीकृत किया गया। रूढ़िमुक्त कच्ची सामग्री का उपयोग कर रही कागज की मिलों के लिए वर्तमान में उपलब्ध रियायत के क्षेत्र को बढ़ा दिया गया था। तदन्तर, गत्ते अथवा लुगदी से निर्मित वस्तुओं जिनमें कम से कम 75 प्रतिशत रूढ़िमुक्त सामग्री होती है, पर उत्पाद शुल्क को 10 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया था।

75. सिगरेटों पर विशिष्ट उत्पाद शुल्क दरों को लगभग 12 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया था। तथापि, तम्बाकू उत्पादकों को सहायता प्रदान करने के लिए सिगरेट उद्योग द्वारा कुल खरीद में अधिक प्रोत्साहन देने हेतु फिल्टर रहित श्रेणी में, 60 मि०मी० तक की श्रेणी पर उत्पाद शुल्क को प्रति हजार 120 रुपए से घटाकर 60 रुपए प्रति हजार कर दिया गया था।

76. बजट प्रस्तुत किए जाने के बाद, बड़ी मात्रा में उपभोग की जाने वाली तथा दैनिक उपयोग की अनेक वस्तुओं पर उत्पाद-शुल्क कटौतियां की गई। विद्युत शक्ति की सहायता के बिना तैयार साबुन को उत्पाद शुल्क से छूट दी गई थी। साथ ही 50 रुपए प्रति जोड़ी के मूल्य तक के जूतों और हवाई चप्पल तथा उसके हिस्सों पर भी उत्पाद शुल्क की अनुमति दी गई। चूना, कत्था अथवा तम्बाकू रहित पान मसाले पर उत्पाद शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया था। ऊष्मा रोधी मिट्टी के बर्तनों पर उत्पाद शुल्क को 20 से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया था।

77. बजट प्रस्तुत किए जाने के बाद, उत्पाद शुल्क दरों में किए गये कुछ परिवर्तनों ने ऊनी और पटसन उद्योग को महत्वपूर्ण रियायतें प्रदान कीं। सादा रील हैंकों में ऊनी तागे और हथकरघा कपड़े से तैयार मदों को पूर्ण छूट उपलब्ध कराई गई। अन्य ऊनी तागे पर 10 प्रतिशत उत्पाद शुल्क निर्धारित किया गया। पटसन तागा, पटसन वस्त्र, पटसन डोरी, पटसन को फ्लोर कवरिंग और पटसन के थैलों पर उत्पाद शुल्क को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया था। परतदार और अग्नि रोधी पटसन उत्पादों और विविध पटसन उत्पादों को उत्पाद शुल्क से छूट दी गई थी। सभी बुने और कांटे से बुनाई किए गए वस्त्रों पर बिक्री कर के स्थान पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत सम उत्पाद-शुल्क निर्धारित किया गया। नालीदार बाक्सों और दफ्ती के डिब्बों को उत्पादन शुल्क से रियायत प्रदान की गई थी।

78. उपभोक्ता स्थाई उद्योग और मध्यवर्तियों के कुछ वर्गों के लिए बजट पश्च परिवर्तन किए गए थे। पर्यटन पर पड़ने वाले किसी नकारात्मक प्रभाव को समाप्त करने के लिए बसों में प्रयुक्त किए जाने वाले स्प्लिट एअर कन्डीशनरों पर उत्पाद शुल्क को 60 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत कर दिया गया था। परिमाणात्मक तथा अन्य परिवर्तनों

के कारण, 2700 किग्रा. से अनधिक सकल वाहन भार (जी० वी० डब्ल्यू०) के मोटर वाहनों पर उत्पाद शुल्क काफी अधिक बढ़ गया था। इसे 40 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया। चिकित्सीय, शल्यचिकित्सीय, दंत्य अथवा शालीहोत्रीय फर्नीचर और उसके हिस्सों पर उत्पाद शुल्क को 20 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया था। सीमेंट खंगरों (क्लिकर) पर उत्पाद शुल्क को 250 रुपए से घटाकर 185 रुपए प्रति टन कर दिया गया। मिश्रित रबर को उत्पाद शुल्क से छूट दे दी गई। इसके अतिरिक्त, स्टेनलेस स्टील की कोल्ड रोलिंग के लिए प्रयुक्त होने वाली कोल्ड रोलिंग मशीनों पर प्रति कोल्ड रोलिंग मशीन 10,000 रुपये प्रतिमाह का उद्ग्रहण शुल्क निर्धारित किया गया।

सेवाकर

79. कर सुधार समिति की सिफारिशों के अनुरूप सेवाओं पर कर प्रारम्भ किया गया था। इस उपाय से यह अपेक्षा है कि घरेलू अप्रत्यक्ष करों का आधार विस्तृत होगा क्योंकि सेवा क्षेत्र हमारे सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 50 प्रतिशत है और इसमें संतुलित वृद्धि देखी गई है। इसके अतिरिक्त, सेवाओं को कराधान से छूट देने का कोई मूलाधार नहीं है जबकि वस्तुओं पर कर लगाया जाता है और बहुत से देश वस्तुओं और सेवाओं को कराधान के प्रयोजनार्थ समान मानते हैं। वर्ष 1994-95 के बजट में कराधान के दायरे में चुनिंदा सेवाओं को लाकर सामान्य रूप से शुरूआत की गई थी। टेलीफोनों, गैर-जीवन बीमा और स्टॉक दलालों की सेवाओं के सम्बन्ध में सेवा कर की शुरूआत की गई थी। यह कर टेलीफोन बिलों की राशि, बीमा कम्पनियों द्वारा प्रभारित निवल प्रीमियम और स्टॉक दलालों द्वारा अपनी सेवाओं के सम्बन्ध में प्रभारित दलाली अथवा कमीशन पर 5 प्रतिशत की दर से चार्ज किया जाता है। तथापि, प्रशासन की कठिनाइयों को देखते हुए, 'वैट' सिद्धांतों को इस कर पर लागू नहीं किया गया है।

लघु क्षेत्र

80. वर्ष 1994-95 के बजट में, अधिकांश मामलों में शुल्क रियायतों को पूर्णतया समाप्त कर लघु क्षेत्र के हितों को संवर्धित करने का प्रयास किया गया है जबकि रियायती शुल्क के सम्बन्ध में सामान्य लघु क्षेत्र उद्योगों में सम्मिलित मदों के कवरेज को साथ-साथ विस्तारित किया गया। विगत में किसी विशेष उत्पाद को उत्पाद शुल्क से पूर्णतया छूट देने की प्रक्रिया में लघु तथा वृहद् एककों में से लघु क्षेत्र को कोई विशेष राजकोषीय लाभ प्रदान किए बिना समान माना जाना निहित था। लघु तथा छोटी इकाइयों को छोड़कर बड़ी यूनिटों पर उत्पाद शुल्क लगाये जाने पर ही छोटी इकाइयों को वास्तविक राजकोषीय लाभ प्रदान किया जा सकता है। इसलिए अनेक उत्पाद श्रेणियों के सम्बन्ध में शुल्क रियायतों को पूर्णतया हटाना छोटी तथा लघु क्षेत्र की इकाइयों को समान प्रकार के उत्पादों का निर्माण करने वाली अपेक्षाकृत बड़ी इकाइयों की तुलना में प्रतिस्पर्धात्मक दृष्टिकोण प्रदान करेगा।

81. रियायती शुल्क के सम्बन्ध में सामान्य लघु क्षेत्र उद्योग योजना में शामिल मदों के क्षेत्र को वर्ष 1994-95 के बजट में अनेक अतिरिक्त मदों को शामिल करने के लिए विस्तरित किया गया था। इस योजना का विस्तार रबर टायर और ट्यूब, ट्रेड मार्क रहित पान मसाला, ट्रेड-मार्क रहित खैनी, कन्वेयर बेल्टिंग्स, एच०डी०पी०ई० के मोनोफिलामेंट और पोलिप्रोपिलेन, सूत के आवरण वस्त्रों, लौह और अलौह धातुओं के कतिपय विशिष्ट उत्पादों, ऊनी तागों, पोलिप्रोपिलेन स्पन यार्न, एक्रिलिक स्पन यार्न, घनी बुनाई वाले वस्त्रों, टैक्सचर्ड फिलामेंट यार्न, गॉज, रबराईज्ड वस्त्रों आदि जैसी विभिन्न वस्तुओं पर किया गया है। लघु उद्योगों की इकाइयों को यह विकल्प भी दिया गया है कि वे 'मोडवेट' ऋण के लाभ को प्राप्त करने में सक्षम होने हेतु सामान्य उत्पाद शुल्क का भुगतान करें। यह लघु क्षेत्र में विनिर्मित निविष्टियों की विपण्यता को बढ़ाएंगी। लघु मात्रा में रियायतें प्राप्त करने हेतु संबंधित राज्यों में उद्योग निदेशालय अथवा लघु क्षेत्र उद्योगों के विकास आयुक्त के पास से हेतु पंजीकरण की अपेक्षा को समाप्त कर दिया गया है। इस उपाय से कई अपंजीकृत इकाइयों को सहायता मिलने की आशा है।

82. कतिपय खामियों को दूर करने के लिए जिनके द्वारा बड़ी कम्पनियां लघु क्षेत्र उद्योगों की इकाइयों के नाम में अपने ट्रेड मार्क को पंजीकृत कराकर और कई लघु क्षेत्र उद्योगों की इकाइयों से वस्तुओं का विनिर्माण कराकर उत्पाद शुल्क के भुगतान से बच रही थीं, सामान्य लघु क्षेत्र उद्योग योजना में ट्रेड मार्क सम्बन्धी प्रावधान में संशोधन कर दिया गया है। यह रियायत अब किसी अन्य विनिर्माता के ट्रेड मार्क का उपयोग करने वाली वस्तुओं की स्वीकृति के सम्बन्ध में उपलब्ध नहीं होगी। इससे छोटे उत्पादकों को अपने ट्रेड मार्क के संवर्धन में मदद मिलेगी। यह भी व्यवस्था की गई है कि यदि लघु क्षेत्र उद्योग की इकाइयां वस्तुओं के क्रेता द्वारा मशीनरी के लिए मूल अवयव के रूप में उपयोग किए जाने वाले हिस्सों/अवयवों का विनिर्माण करती है, तो ऐसे ट्रेड मार्क अवयवों की सरलीकृत प्रक्रिया के अन्तर्गत वर्ष में 30 लाख रुपए की राशि तक शुल्क का भुगतान किए बिना समाशोधित किया जा सकता है, भले ही ऐसे हिस्सों और अवयवों पर किसी अन्य व्यक्ति के नाम का ट्रेड मार्क हो। यह भी स्पष्ट किया गया है कि कूट संख्या, डिजायन संख्या और ड्राइंग संख्या के अंकन को ट्रेड मार्क नहीं माना जाएगा।

83. वर्ष 1994-95 के बजट में तथा बजट प्रस्तुत किए जाने के बाद लघु क्षेत्र शुल्क रियायत योजना में कतिपय प्रक्रियात्मक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई थीं। लघु

क्षेत्र की इकाइयों से किसी अतिरिक्त रिकार्ड का अनुरक्षण अपेक्षित नहीं है। गौण अतिरिक्त अपेक्षाओं के साथ उनका स्वयं का रिकार्ड उत्पाद शुल्क के प्रयोजनार्थ पर्याप्त माना जाता है। 30 लाख रुपए तक के समाशोधनों वाली लघु और छोटी इकाइयों द्वारा केन्द्रीय उत्पाद शुल्क विभाग में कोई औपचारिक घोषणापत्र दिया जाना अपेक्षित नहीं है। दूसरे ऐसी वस्तुओं के समाशोधन के लिए पृथक् गेट पासों अथवा अन्य दस्तावेजों की भी अपेक्षा नहीं है। इसके अलावा, 30 लाख रुपए की रियायत सीमा पार हो जाने पर शुल्क का भुगतान बिलों अथवा चालानों अथवा बीजकों के आधार पर किया जा सकता है। मासिक विवरणियों को सरल तिमाही विवरणों द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया है जिन्हें उत्पाद-शुल्क विभाग में दाखिल किया जाएगा। लघु क्षेत्र उद्योगों की इकाइयां पूंजीगत वस्तुओं पर भुगतान किए गए शुल्क सम्बन्धी 'मोडवेट' ऋण प्राप्त करने के लिए भी पात्र होंगी भले ही लघु क्षेत्र उद्योगों की इकाइयों के समाशोधन के एक भाग को छूट प्राप्त हो। लघु क्षेत्र की इकाइयों को जिन्हें पूर्णतया रियायत प्रदान की गई है, कोई जॉब वर्क करवाने के लिए शुल्क का भुगतान किए बिना वस्तुओं को देश से बाहर भेजने की सुविधा प्रदान की गई है। लघु क्षेत्र की इकाई के जॉब वर्कर से भी यह अपेक्षित नहीं है कि वह जॉब वर्क पर किसी उत्पाद शुल्क का भुगतान करे। आगे और सुविधा दिए जाने के रूप में, जॉब वर्क के लिए बाहर भेजी जाने वाली ऐसी वस्तुओं के समाशोधन को लघु क्षेत्र इकाई की पात्रता का निर्धारण करने हेतु लेखे में नहीं लिखा जाएगा। यह योजना उपलब्ध रियायतों को खोए बिना अपनी प्रौद्योगिकी के उन्नयन के लिए लघु क्षेत्र इकाइयों को पर्याप्त राहत और लचीलापन प्रदान करेगी। इन उपायों से छोटे उद्यमकर्ता के लिए व्यवसाय करने में होने वाली लेन-देन लागतों को कम करने में काफी सहायता मिलेगी।

कर-प्रशासन में सुधार

84. विशेष रूप से निर्यातकों/आयातकों और आयकर दाताओं के लेन-देन में लगने वाले समय/उपगत लागत को कम करने के लिए कई उपायों का सहारा लिया गया है। ये मुख्यतः सीमा शुल्क, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और आयकर से सम्बद्ध कतिपय क्षेत्रों में कर प्रशासन के आधुनिकीकरण स्वरूप के हैं। आयकर के संबंध में व्यापक कम्प्यूटरीकरण का कार्य प्रारम्भ किया गया है। दिल्ली, मद्रास और बम्बई में एक-एक कम्प्यूटर केन्द्र की स्थापना की गई है। एक नवीन 'पैन' संख्या की खोज की गई है और इसे सभी आयकर दाताओं को आबंटित किया जाएगा। निर्यातकों और आयातकों के माल की त्वरित निकासी के लिए बने नियमों और विनियमों में भी अनेक परिवर्तन किए गए हैं। निर्यातक और आयातक दिल्ली पालम हवाई अड्डे पर उपलब्ध कम्प्यूटरीकरण सुविधाओं के जरिए सीमा शुल्क अधिकारियों से सम्बद्ध हुए बिना अपने माल की निकासी तथा उसके प्रभारों का भुगतान करने में सक्षम होंगे। इसके अतिरिक्त बहुत से मामलों में, ग्रीन चैनल निकासी सुविधाएं विनिर्माता निर्यातकों को उपलब्ध कराई गई। इन सुविधाओं से निर्यातकों के लिए सीमा शुल्क गृहों से बिना किसी बाधा अथवा समस्याओं के अपने माल की निकासी करना सुगम हो गया है।

राजस्व निष्पादन : 1994-95

85. वर्ष 1994-95 के बजट में यह निर्दिष्ट किया गया था कि करों में प्रस्तावित परिवर्तनों से केन्द्र को 3604 रुपए की परम्परागत निवल राजस्व हानि होगी। इस राजस्व नुकसान को परम्परागत लाइनों पर आंका गया था और कर ढांचे के सरलीकरण और यौक्तिकीकरण के कारण जो राजस्व संग्रहण में सहायता करेगा, कोई क्रेडिट नहीं दिया गया। कर सुधार को स्थगित करने अथवा परम्परागत रूप से परिकलित राजस्व हानि को प्रतिसन्तुलित करने के लिए अतिरिक्त करों के रोपण का परिणाम उस स्थिति में सर्वथा अनुत्पादक होगा जहां हमारी अर्थव्यवस्था काफी बड़ी मात्रा में अप्रयुक्त औद्योगिक क्षमता, उच्चमान खाद्यान्न भंडारों और पर्याप्त मात्रा में विदेशी मुद्रा प्रारक्षित निधियों की विशेषता लिए हो। यह महसूस किया गया कि पर्याप्त मात्रा में कर अपवंचन को देखते हुए कर प्रशासन और अनुपालन में सुधार के जरिए कर दरों में कटौती के बावजूद भी अतिरिक्त कर जुटाने की गुंजायश है। यह अटकलबाजी सही सिद्ध हुई है जैसा कि चालू वर्ष के सम्बन्ध में कर संग्रहणों से संबंधित प्रवृत्तियों से पता चलता है। चालू वर्ष के प्रथम सात महीनों (अप्रैल—अक्टूबर, 1994) के सम्बन्ध में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के मुख्य स्त्रोतों के लिए उपलब्ध आंकड़े उत्साहवर्धक हैं। प्रत्यक्ष करों के मामले में, वैयक्तिक आय कर और निगम कर से 10243 करोड़ रुपए का संग्रहण वर्ष 1993-94 की इसी अवधि से तुलना करने पर 53.5 प्रतिशत अधिक था। अप्रैल–अक्तूबर, 1994 के दौरान, उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क से संग्रहण 34024 करोड़ रुपए था और इसने लगभग 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। निगमित करों पर असाधारण निष्पादन अंशतः अग्रिम कर भुगतान अनुसूची में परिवर्तनों के कारण हो सकता है। तथापि, इन प्रवृत्तियों से उन अवधारणाओं को समर्थन मिलता है जिन पर वर्ष 1994-95 का बजट तैयार किया गया था।

कर सुधार का सिंहावलोकन

86. पिछले कुछ वर्षों में कर संरचना को सरल बनाने और कर आधार को व्यापक रूप प्रदान करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। यह कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है। तथापि, बेहतर प्रवर्तन तथा संवीक्षा द्वारा मौजूदा कर आधार को और गहन बनाए जाने की आवश्यकता है। अप्रत्यक्ष कर क्षेत्र में, आयात टेरिफों तथा उत्पाद शुल्कों

में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए हैं। सीमा शुल्क को धीरे-धीरे कम किया गया है और इस प्रकार से अंशशोधित किया गया है ताकि यह अन्तरिम तौर पर घरेलू उत्पादकों को कुछ सुविधाएं प्रदान कर सके और साथ ही अत्यधिक संरक्षण के प्रभाव को जिसने भारतीय उद्योग को लम्बे समय तक आक्रान्त किया है, हटाया जा सके। टैरिफ सुधारों को इस प्रकार से मोड़ा गया है कि वे दीर्घकाल में भारतीय उद्योग को प्रतिस्पर्द्धात्मक बना सकें। पूंजीगत वस्तुओं तक मोडवेट का विस्तार और निगमित करों में कटौती किए जाने से विनिर्माण क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहन मिलने की आशा है। वैयक्तिक आयकर और उत्पाद शुल्क में कटौती से घरेलू मांग को प्रोत्साहन मिलने की आशा है। ठोस औद्योगिक सुधार के स्पष्ट लक्षण दिखाई दिए हैं। काफी सीमा तक यह ऐसी कर संरचना की ओर झुकाव के कारण हुआ है जो पारदर्शी, सरल तथा दरों की विभिन्नता से दूर है और एजेंटों के लिए प्रोत्साहन में कमी नहीं करती भले ही वे उत्पादक हों अथवा उपभोक्ता।

राज्य और संघ राज्य क्षेत्र : 1994-95

87. राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के चालू राजस्व में 112015 करोड़ रुपए (सकल घरेलू उत्पाद का 12.3 प्रतिशत) की वृद्धि होने का अनुमान है जो वर्ष 1993-94 के संशोधित अनुमानों के अनुसार 98401 करोड़ रुपए (सकल घरेलू उत्पाद का 12.5 प्रतिशत) थी। कुल व्यय वर्ष 1993-94 (सं०अ०) में 126098 करोड़ रुपए (सकल घरेलू उत्पाद का 16.0 प्रतिशत) से बढ़कर 144076 करोड़ रुपए (सकल घरेलू उत्पाद का 15.8 प्रतिशत) हो जाएगा। सकल घरेलू उत्पाद के प्रति चालू राजस्व और कुल व्यय के अनुपात में हुई एक समान कमी के परिणामस्वरूप, दोनों के मध्य अन्तर भी वर्ष 1993-94 (सं०अ०) के स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद का 3.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। कुल व्यय में विकास-भिन्न व्यय का अंश वर्ष 1993-94 (सं०अ०) में मौजूदा 34.6 प्रतिशत से और बढ़कर 36.0 प्रतिशत होने का अनुमान है। प्राप्ति पक्ष में, बिक्री कर से वसूली में वर्ष 1993-94 (सं०अ०) में 3.2 प्रतिशत की तुलना में सकल घरेलू उत्पाद के 3.3 प्रतिशत तक वृद्धि होने का अनुमान है। लेकिन केन्द्र से अनुदानों में वर्ष 1993-94 (सं०अ०) में 2.7 प्रतिशत की तुलना में सकल घरेलू उत्पाद के 2.5 प्रतिशत तक कमी होने का अनुमान है। राज्यों के सरकारी क्षेत्र के उद्यमों के वित्तीय निष्पादन में कोई महत्वपूर्ण सुधार होने की आशा नहीं है।

केन्द्र, राज्य और संघ राज्य क्षेत्र : 1994-95

88. चालू राजस्व और कुल परिव्यय के मध्य अन्तर वर्ष 1994-95 के बजट अनुमानों के अनुसार वर्ष 1993-94 (सं०अ०) में सकल घरेलू उत्पाद के 11.7 प्रतिशत के अन्तर से घटकर 11.3 प्रतिशत होने की आशा है (सारणी 2.8) चालू राजस्व में वर्ष 1993-94 (सं०अ०) में 21.5 प्रतिशत से मामूली गिरावट होकर सकल घरेलू उत्पाद के 21.1 प्रतिशत तक होने का अनुमान है। कुल परिव्यय में सकल घरेलू उत्पाद के 0.8 प्रतिशत बिन्दुओं तक मामूली गिरावट होने का अनुमान है। तथापि, कुल परिव्यय में विकास भिन्न परिव्यय का अंश और अधिक बढ़कर लगभग 43.0 प्रतिशत होने का अनुमान है। चालू राजस्व और कुल व्यय के मध्य वित्त पोषण के अन्तर सम्बन्धी ढांचे में परिवर्तन के पूर्ववर्ती प्रवृत्तियों के अनुसार जारी रहने की आशा है। घरेलू पूंजीगत प्राप्तियों का अंश बढ़कर 86.3 प्रतिशत तक होने का अनुमान है जबकि विदेशी सहायता के अंश में 5.5 प्रतिशत तक की मामूली गिरावट है। बजट घाटा अंशदान भी वर्ष 1993-94 (सं०अ०) में 12.4 प्रतिशत से घटकर 8.2 प्रतिशत हो जाएगा।

वार्षिक योजना

89. केन्द्र, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए वर्ष 1994-95 की वार्षिक योजना में 112197 करोड़ रुपए का कुल परिव्यय पिछले वर्ष के लिए निर्धारित 92629 करोड़ रुपए के संशोधित परिव्यय की तुलना में 21.1 प्रतिशत अधिक है (सारणी 2.11) केन्द्रीय योजना परिव्यय 70141 करोड़ रुपए है जो कुल योजना परिव्यय का 62.5 प्रतिशत है। राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों का अंश 37.5 प्रतिशत है जो वर्ष 1993-94 (सं०अ०) के दौरान उनके 33.7 प्रतिशत की तुलना में अधिक है। क्षेत्रवार आबंटन दर्शाते हैं कि सामाजिक सेवाओं में 26.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह वर्ष 1993-94 (सं०अ०) में 14271 करोड़ रुपए से बढ़कर वर्ष 1994-95 (ब०अ०) में 18048 करोड़ रुपए हो गई। ग्रामीण विकास के लिए किए जाने वाले आवंटन में 23 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने का अनुमान है।

90. वर्ष 1994-95 के संबंध में केन्द्र के सरकारी क्षेत्र के उद्यमों की वार्षिक योजना के लिए परिव्यय 50064 करोड़ रुपए है जो कुल केन्द्रीय योजना परिव्यय का लगभग 71.4 प्रतिशत है। केन्द्र के सरकारी क्षेत्र के उद्यमों की योजना के अनुमानित वित्तपोषण पैटर्न से यह पता चलता है कि उनके आन्तरिक संसाधन 45.8 प्रतिशत का अंशदान करेंगे। अन्य 39.8 प्रतिशत की प्राप्ति अतिरिक्त बजटीय संसाधनों से होगी जिनमें बाण्ड/ऋणपत्र, विदेशी वाणिज्यिक उधार और आपूर्तिकर्ताओं का ऋण आदि शामिल है। 14.4 प्रतिशत की शेष अपेक्षा बजट अनुसमर्थन द्वारा पूरी होगी। वर्ष 1993-94 के संशोधित अनुमानों के अनुसार वित्तपोषण पैटर्न से तुलना करने पर, आन्तरिक संसाधनों में केन्द्र के सरकारी क्षेत्र के उद्यमों की कुल योजना परिव्यय के लगभग 43.0 प्रतिशत से सुधार होकर 45.8 प्रतिशत होने का अनुमान है। इसी प्रकार, बजट अनुसमर्थन पर निर्भरता भी वर्ष 1993-94 (सं० अ०) में लगभग 17.0 प्रतिशत से घटकर वर्ष 1994-95 (ब० अ०) के योजना परिव्यय में 14.4 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है।

सारणी 2.11

वार्षिक योजना परिव्यय : केन्द्र, राज्य और संघ राज्य क्षेत्र

विकास का शीर्ष	1993-94 (स.अ.)	1994-95 (ब.अ.)	1993-94 (स.अ.)	1994-95 (ब.अ.)
1	2	3	4	5
	(करोड़ रुपये में)		(प्रतिशत)	
1. कृषि और संबंधित गतिविधियां	4913	5846	5.3	5.2
2. ग्रामीण विकास	7013	8627	7.6	7.7
3. विशेष क्षेत्र कार्यक्रम	1328	1548	1.4	1.4
4. सिंचाई और बाढ़-नियन्त्रण	5006	6495	5.4	5.8
5. ऊर्जा	27044	32915	29.2	29.3
6. उद्योग और खनिज	10587	12566	11.4	11.2
7. परिवहन	13318	14909	14.4	13.3
8. संचार	6388	7194	6.9	6.4
9. विज्ञान प्रौद्योगिकी और पर्यावरण	1318	1435	1.4	1.3
10. सामान्य आर्थिक सेवाएं	956	1950	1.0	1.7
11. सामाजिक सेवाएं	14271	18048	15.4	16.1
12. सामान्य सेवाएं	487	664	0.5	0.6
योग :	92629	112197	100.0	100.0

91. केन्द्र के सरकारी क्षेत्र के उद्यमों को बजटीय अनुसमर्थन कम करने की नीति रही है ताकि उन्हें और अधिक आत्म-निर्भर बनाया जा सके। अब वर्धित आन्तरिक संसाधनों के सृजन और बाजार से उधारों पर जोर दिया जा रहा है। बजट अनुसमर्थन जो वर्ष 1991-92 में केन्द्र के सरकारी क्षेत्र के उद्यमों के योजना परिव्यय का 23.5 प्रतिशत था, वर्ष 1992-93 में गिरकर 17.9 प्रतिशत हो गया और पुन: वर्ष 1993—95 (सं० अ०) में और गिरकर लगभग 17.0 प्रतिशत हो गया। केन्द्र के सरकारी क्षेत्र के उद्यमों का योजना आकार 47235 करोड़ रुपए के मूल स्तर पर नहीं रखा जा सका और कम होकर 43892 करोड़ रुपए हो गया।

92. कुल संसाधनों में घरेलू संसाधनों का अंशदान वर्ष 1993-94 (सं० अ०) में 80.2 प्रतिशत की तुलना में 82.6 प्रतिशत होने का अनुमान है। विदेश निवल अन्तर्प्रवाह 11.9 प्रतिशत है और शेष 5.6 प्रतिशत की प्राप्ति घाटा वित्त पोषण से होने का अनुमान है। विदेश से निवल अन्तर्प्रवाह वर्ष 1993-94 (सं० अ०) में लगभग 10.0 प्रतिशत के संशोधित अनुमान से अधिक है। लेकिन बजटीय घाटे पर निर्भरता वर्ष 1993-94 (सं० अ०) में 9.8 प्रतिशत से गिरकर वर्ष 1994-95 (ब० अ०) में 5.6 प्रतिशत होने का अनुमान है।

विभागीय उद्यमों का निष्पादन

रेलवे

93. भारतीय रेलवे की सकल यातायात प्राप्तियां जो वर्ष 1992-93 में 15688 करोड़ रुपए थीं, वर्ष 1993-94 (सं०अ०) में बढ़कर 18585 करोड़ रुपए हो गई और यह 18.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती हैं। प्रतिशतता के रूप में सकल यातायात प्राप्तियों में यह वृद्धि वर्ष 1991-92 और 1992-93 से तुलना करने पर काफी अधिक है जो उक्त दोनों वर्षों में क्रमश: 13.5 प्रतिशत और 14.3 प्रतिशत ही थी। वर्ष 1993-94 (सं०अ०) में, कुल कार्यचालन व्यय (ह्रास प्रारक्षित निधि और पेंशन निधि के सम्बन्ध में विनियोजनों सहित) पिछले वर्ष में 13980 करोड़ रुपए की तुलना में 15355 करोड़ रुपए होने का अनुमान लगाया गया है। इस प्रकार कार्यचालन व्यय में 9.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्शित होती है जो वर्ष 1991-92 में 11.1 प्रतिशत और 1992-93 में 12.8 प्रतिशत वृद्धि से काफी कम है। सकल यातायात प्राप्तियों में हुई उच्च वृद्धि और कार्यचालन व्ययों में अपेक्षाकृत निम्न वृद्धि के संयुक्त परिणाम के रूप में रेलवे की निवल यातायात प्राप्तियों में वृद्धि दर्शित होती है जो वर्ष 1992-93 के 1708 करोड़ रुपए से बढ़कर वर्ष 1993-94 (सं०अ०) में 3230 करोड़ रुपये हो गई। निवल यातायात प्राप्तियों और निवल विविध प्राप्तियों सहित

निवल रेलवे राजस्व वर्ष 1993-94 (सं० अ०) में 3494 करोड़ रुपए है । लगी हुई पूंजी और पूंजी निधि से प्राप्त निवेश के प्रति निवल राजस्व का अनुपात वर्ष 1991-92 में 8.7 प्रतिशत और 1992-93 में 9.7 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 1993-94 (सं० अ०) में 15.3 प्रतिशत है। सामान्य कार्यचालन व्यय जो कुल कार्यचालन व्यय का एक महत्वपूर्ण भाग है, में भी वर्ष 1992-93 के 13.8 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 1993-94 (सं० अ०) में 12.2 प्रतिशत की निम्न वृद्धि दर्ज हुई है । सामान्य राजस्व के सम्बन्ध में लाभांश के रूप में 1299 करोड़ रुपए के भुगतान की व्यवस्था करने के बाद, 'अधिशेष' राशि 2195 करोड़ रुपए है जो रेलवे की निवेश आवश्यकताओं की आंशिक रूप में पूर्ति करती है । रेलवे योजना के वित्त पोषण के अन्य स्रोत बजटीय सहायता तथा भारतीय रेल वित्त निगम के माध्यम से बाजार उधार के साथ-साथ ही ह्रास प्रारक्षित निधि से आहरण भी हैं । संसाधनों के अत्यधिक अभाव को देखते हुए विभिन्न सेवाओं के निजीकरण के लिए परिकल्पित और घोषित उपायों को शीघ्रता से क्रियान्वित किए जाने की आवश्यकता है ।

94. वर्ष 1994-95 के रेल बजट में सामान्य राजस्व के संबंध में लाभांश के पूर्ण भुगतान की व्यवस्था करने के बाद 1970 करोड़ रुपए के अधिशेष की परिकल्पना की गई है । वर्ष 1994-95 के रेल बजट में किराए और माल भाड़ा दरों में हुई वृद्धि को बाक्स 2.2 में दर्शाया गया है । इन वृद्धियों से 997 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होने की आशा है । आठवीं पंचवर्षीय योजना के तीसरे वर्ष अर्थात् वर्ष 1994-95 के लिए रेलवे योजना के लिए परिव्यय 6515 करोड़ रुपए और बजट अनुसमर्थन के 1150 करोड़ रुपए की बजट व्यवस्था की गई है । बाजार उधारों के 1050 करोड़ रुपये होने का अनुमान है । शेष 4315 करोड़ रुपए का योजना परिव्यय आन्तरिक संसाधनों से प्राप्त होगा । इसके अतिरिक्त, कोंकण रेलवे निगम कर मुक्त बाण्डों की बिक्री के जरिए 450 करोड़ रुपये जुटाएगा । योजना में, गेज परिवर्तन, चल स्टाक तथा रेल पटरी के नवीकरण को प्राथमिकता दी गई है ।

बाक्स 2.2

वर्ष 1994-95 के रेल बजट की विशिष्टताएं

* **वैगन और ट्रेन भारों दोनों के लिए कतिपय वस्तुओं का उर्ध्वमुखी संशोधित वर्गीकरण। लौह और इस्पात खण्डों के उप-वर्गीकरण को समाप्त किया गया और समान दरें प्रभारित की जाएंगी । सार्वजनिक वितरण प्रणाली से भिन्न अनाजों और दालों के वर्गीकरण को बढ़ाया गया।**
* **सीमेंट और रासायनिक खाद के संबंध में छूट को बढ़ाया गया।**
* **कतिपय आवश्यक वस्तुओं में रियायत जारी रहेगी।**
* **द्वितीय श्रेणी के सामान्य किरायों में 100 किमी. तक कोई बढ़ोतरी नहीं। 100 कि.मी. से अधिक की दूरी पर 1 रुपए से 5 रुपए तक की मामूली बढ़ोतरी करने का प्रस्ताव है। 155 कि.मी. से अधिक की दूरी के लिए द्वितीय श्रेणी मेल/एक्सप्रेस किरायों में 1 रुपए से 20 रुपए तक की बढ़ोतरी करने का प्रस्ताव है। उच्च श्रेणी तथा ए.सी. चेयर कार किरायों में 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। एसी 3-टायर के किराये एसी चेयर कार के किरायों की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक हैं।**
* **राजधानी, अगस्त क्रान्ति और शताब्दी एक्सप्रेस गाड़ियों के किरायों में उपयुक्त रूप से संशोधन किया गया है।**
* **द्वितीय श्रेणी किरायों की तुलना में स्लीपर श्रेणी का किराया 25 प्रतिशत अधिक है।**
* **द्वितीय श्रेणी के 90 कि.मी. तक की दूरी के लिए मासिक सीजन टिकट किराए में 1 से 9 रुपए तक की वृद्धि की गई है और 90 कि.मी. से अधिक की दूरी पर यह वृद्धि 11 रुपए से 40 रुपए तक है। प्रथम श्रेणी के सीजन टिकट का किराया द्वितीय श्रेणी के सीजन टिकट किराये से चार गुना अधिक है।**

डाक

95. डाक विभाग की सकल प्राप्तियां जो वर्ष 1992-93 में 1074 करोड़ रुपए थी, वर्ष 1993-94 में बढ़कर 1105 करोड़ रुपए हो गई । ऐसा मुख्यतः टैरिफ में कोई संशोधन न किए जाने के कारण ट्रैफिक की सामान्य वृद्धि के परिणामस्वरूप हुआ है । सकल कार्यचालन व्यय 1867 करोड़ रुपये था तथा निवल कार्यचालन व्यय 1312 करोड़ रुपये था। अतः 207 करोड़ रुपये का घाटा हुआ। बजट अनुमानों के अनुसार, वर्ष 1994-95 के दौरान सकल प्राप्तियां 1170 करोड़ रुपए और सकल कार्यचालन व्यय 1975 करोड़ रुपये होने की आशा है । 1316 करोड़ रुपये के निवल कार्य चालन व्यय से 1994-95 (बजट अनुमान) के लिए 146 करोड़ रुपये का घाटा होने का अनुमान लगाया गया है ।

96. डाक विभाग पिछले वर्षों से निरन्तर घाटे में चल रहा है । भवनों और अन्य आधारभूत ढांचे में भारी निवेश किए जाने के बावजूद सामान्य राजस्वों में किसी लाभांश का भुगतान नहीं किया जा रहा है । चालू योजना के दौरान बड़े पैमाने पर प्रारंभ की गई आधुनिकीकरण संबंधी गतिविधियों से निष्पादन में सुधार की संभावना है । तथापि, विभिन्न सेवाओं के संबंध में विभाग की अल्प-मूल्यांकन पेशकश भी घाटे का एक महत्वपूर्ण कारण है । अल्प-मूल्यांकन की मात्रा सारणी 2.12 पर दिखायी गयी है । बीमा, बुक पोस्ट दरों, मनीआर्डर और पार्सलों पर आर्थिक सहायता लगभग 20 प्रतिशत और पोस्टकार्ड पर 90 प्रतिशत है। पंजीकृत पत्रों पर यह आर्थिक सहायता लगभग 40 प्रतिशत, मुद्रित पुस्तकों और पत्र कार्डों पर लगभग 50 प्रतिशत और मुद्रित कार्डों पर लगभग 60 प्रतिशत है । पार्सल पंजीकृत पत्रों जैसी कुछ मदों पर आर्थिक सहायता को समाप्त किए जाने से और सभी मदों पर थोड़ी सी वृद्धि करने से ही डाक संबंधी घाटा दूर हो जाएगा और यहां तक कि यह घाटा अधिशेष में भी बदल सकता है। तथापि, सावधानी बरता जाना उचित है । मूल्य और लागत के बीच मौजूद सभी अन्तर आर्थिक सहायता को नहीं दर्शाते हैं क्योंकि कुछ सेवाओं की क्षमता में सुधार की गुंजाइश है। विशेष रूप से यह शहरी और महानगरीय सेवाओं के संबंध में सही है जहां नवीन प्रौद्योगिकी का सूत्रपात और प्रणालियों तथा प्रक्रियाओं का आधुनिकीकरण करने का परिणाम बेहतर से और अपेक्षाकृत निम्न लागत होगा ।

सारणी 2.12

डाक विभाग की मुख्य सेवाओं की लागत तथा राजस्व

(रुपए)

सेवा	1991-92		1992-93		वर्ष 1992-93 के दौरान आर्थिक सहायता	लागत के प्रतिशत के रूप में आर्थिक सहायता
	लागत	राजस्व	लागत	राजस्व		
1	2	3	4	5	6	7
1. पोस्टकार्ड	1.25	0.15	1.54	0.15	1.39	90
2. मुद्रित कार्ड	1.20	0.60	1.44	0.60	0.84	58
3. पत्रकार्ड	1.41	0.75	1.57	0.75	0.82	52
4. पत्र	1.43	1.81	1.78	1.85	−0.07	−4
5. पार्सल	18.51	14.31	22.11	17.02	5.09	23
6. मनीआर्डर	13.16	8.99	14.09	10.97	3.12	22
7. पंजीकरण	8.76	6.00	10.36	6.00	4.36	42
8. बीमा बुक पोस्ट	12.66	18.12	13.76	11.01	2.75	20
9. बुक पैटर्न और नमूना पैकेट	1.78	2.42	2.28	1.79	0.49	21
10. मुद्रित पुस्तकें	[illegible].25	2.26	2.94	1.52	1.42	48
11. अन्य	2.47	2.11	3.27	1.29	1.98	61

दूर संचार

97. दूर संचार विभाग के स्वामित्व तथा संचालन के अधीन नेटवर्क परिवर्धित अधिशेषों का सृजन करता रहा है। निवल प्राप्तियां वर्ष 1992-93 में 2195 करोड़ रुपए की तुलना में वर्ष 1993-94 (सं० अ०) में 2683 करोड़ रुपए थीं जो 22.2 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती हैं। वर्ष 1994-95 (ब० अ०) में इनके बढ़कर 3669 करोड़ रुपए तक होने का अनुमान है। सामान्य राजस्व के संबंध में भुगतान किए जाने वाला लाभांश वर्ष 1992-93 में 257 करोड़ रुपए से बढ़कर वर्ष 1993-94 (सं० अ०) में 263 करोड़ रुपए हो जाने का अनुमान था। प्रचालन अनुपात को जो अर्जित राजस्व के संबंध में निवल कार्यचालन व्यय (जिसमें बाण्डों के शोधन संबंधी प्रावधान को शामिल नहीं किया गया है) का प्रतिशत है, वर्ष 1992-93 में 53.87 से कम करके वर्ष 1993-94 (सं० अ०) में 50.50 पर लाए जाने का प्रस्ताव है। दूर-संचार सेवाओं के संबंध में वर्ष 1994-95 (ब०अ०) के लिए आयोजना परिव्यय, जिसमें विदेश संचार निगम लिमिटेड के लिए परिव्यय भी शामिल है, 1993-94 (सं०अ०) के 6470 करोड़ रुपए की तुलना में 7245 करोड़ रुपए है जो कि लगभग 12 प्रतिशत की अधिक वृद्धि दर्ज करता है। सम्पूर्ण परिव्यय दूर-संचार क्षेत्र के आन्तरिक और बजट-बाह्य संसाधनों से वित्तपोषित किया जाएगा। आन्तरिक संसाधन (5251 करोड़ रुपए) कुल संसाधनों का मुख्य हिस्सा (72.5 प्रतिशत) हैं। यह आन्तरिक संसाधनों के 1993-94 (सं०अ०) में 65.7 प्रतिशत के योगदान की तुलना में हुई वृद्धि का द्योतक है।

98. आठवीं पंचवर्षीय योजना में निर्धारित लक्ष्यों को कार्यान्वित करने के लिए निजी क्षेत्र की सहभागिता से मूल्य वर्धित सेवाओं की आपूर्ति में विस्तार किए जाने का निर्णय लिया गया। सरकार ने मई, 1994 में राष्ट्रीय दूर संचार नीति को इस उद्देश्य से जारी किया था कि मांग किये जाने पर वर्ष 1997 तक सभी लोगों को टेलीफोन उपलब्ध कराए जा सकें। नई नीति के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के क्रियान्वयन के लिए बुनियादी सेवाएं भी निजी क्षेत्र के लिये खुली छोड़ दी गई हैं। बुनियादी सेवाओं, मूल्य वर्धित सेवाओं तथा विनिर्मित दूर संचार उपस्करों को उपलब्ध कराने वाली भारतीय कम्पनियों में विदेशी इक्विटी सहभागिता को भी प्रोत्साहन दिया जायेगा।

प्रसारण

99. वर्ष 1993-94 के संशोधित अनुमान के अनुसार प्रसारण पर कुल व्यय 788 करोड़ रुपए था। इसके मुकाबले प्राप्तियां 439 करोड़ रुपये थीं। इस प्रकार, कुल व्यय की केवल 55.7 प्रतिशत की पूर्ति प्राप्तियों से हुई। पूर्ववर्ती वर्षों में भी प्रसारण के वाणिज्यिक प्रचालनों से प्राप्त हुई प्राप्तियां व्यय से कम रही हैं। दूरदर्शन सम्पूर्ण विश्व में अत्यधिक लाभप्रद व्यवसाय है। आकाशवाणी तथा दूरदर्शन को सार्वजनिक सेवा भी उपलब्ध करानी होती है। इसमें देश के सामाजिक तथा आर्थिक विकास को तीव्र करने के समग्र व्यापक उद्देश्यों के अन्तर्गत शिक्षा और सूचना की व्यवस्था करना निहित है। विश्व के अधिकांश देशों में ऐसा सार्वजनिक सेवा टी वी चैनल और कुछ सार्वजनिक सेवा रेडियो चैनलों के पृथकीकरण के माध्यम से किया जाता है। आकाशवाणी और दूरदर्शन के पास वाणिज्यिक राजस्व अर्जित करने की दृष्टि से मनोरंजन उन्मुख कार्यक्रमों के लिये चैनल टाइम स्लॉट हैं। इसी प्रकार, पूर्णतः व्यावसायिक उद्देश्य के आधार पर संचालित निजी दूरदर्शन कम्पनियों तथा निजी चैनलों को भी नैतिक संहिता के अधीन लाया जा सकता है और लाइसेंस के भाग के रूप में, टाइम स्लाट के लिए निर्धारित अनुपात में निर्दिष्ट सामाजिक कार्यक्रम की व्यवस्था करने की अपेक्षा की जा सकती है। इसमें जनसंख्या नियंत्रण, निजी स्वास्थ्य विज्ञान और सफाई, सार्वजनिक स्वास्थ्य तथा स्वच्छता, सामाजिक और नागरिक अधिकार और दायित्व तथा कार्यात्मक साक्षरता को शामिल किया जा सकता है जिनका अब तक सर्वथा अभाव रहा है। सरकार के वित्तीय साधनों पर दबाव को ध्यान में रखते हुए, वाणिज्यिक प्राप्तियों को बढ़ाया जाना वांछनीय है जैसे कि उदाहरणस्वरूप दूरदर्शन विज्ञापन स्लाटों की बाजार कीमतों के निर्धारण के माध्यम से किया जा सकता है। आकाशवाणी तथा दूरदर्शन ने इस संबंध में पहले ही कुछ उपाय किए हैं। परिणामस्वरूप, पिछले वर्षों में वाणिज्यिक प्राप्तियों में बढ़ोतरी हुई है। वाणिज्यिक प्राप्तियां जो वर्ष 1993-94 (सं० अ०) में कुल व्यय का 55.7 प्रतिशत थीं, वर्ष 1989-90 में 36.4 प्रतिशत और वर्ष 1990-91 में 44.5 प्रतिशत भाग की तुलना में महत्वपूर्ण सुधार सूचित करती हैं। इस प्रवृत्ति को जारी रखने और आगामी वर्षों में और सुधार किये जाने की आवश्यकता है।

दृष्टिकोण

100. अर्थव्यवस्था में परिवर्तन लाने वाले नीति संबंधी सुधारों से संचारण तंत्र में भी परिवर्तन होगा जिसके द्वारा राजकोषीय नीति आर्थिक कार्यकलापों को प्रभावित करती है। दो अभिज्ञेय परिवर्तन राजकोषीय घाटे तथा मुद्रास्फीति एवं उत्पादन जैसे बृहद् आर्थिक परिवर्तनों के मध्य सम्पर्क पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं। इसमें से एक व्यापार और पूंजी अन्तः प्रवाह के लिए अर्थव्यवस्था को खोलना है। दूसरा मुख्य विकास राजकोषीय घाटे तथा प्रारक्षित मुद्रा वृद्धि ('घाटा वित्तपोषण'/'बजटीय घाटा') के बीच सम्पर्क समाप्त करने से संबंधित है। इन परिवर्तनों के गहन प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए इनका दो स्तरों पर विश्लेषण करना पड़ेगा।

101. इन दोनों विकासों का प्रत्यक्ष, तात्कालिक तथा अल्पकालिक प्रभाव राजकोषीय घाटे में हुई वृद्धि और मुद्रास्फीति

के मध्य सम्पर्क को कमजोर करना है । अर्थव्यवस्था को खुला रखने की सीमा तक राजकोषीय घाटे द्वारा सृजित आधिक्य मांग को आयातों से पूरा किया जायेगा और इससे चालू खाते में अपेक्षाकृत गिरावट आएगी । इससे भुगतान सन्तुलन पर अपेक्षाकृत ठोस प्रभाव पड़ेगा और देशीय मुद्रास्फीति न्यूनतम रूप में प्रभावित होगी । इसके साथ ही राजकोषीय घाटे तथा मुद्रीकरण के मध्य सम्पर्क को समाप्त करने का तात्पर्य यह होगा कि मुद्रास्फीति पर राजकोषीय घाटे का प्रत्यक्ष प्रभाव कम हो जायेगा।

102. इससे इस निष्कर्ष पर पहुंचना कि राजकोषीय घाटे में क्रमिक और निरन्तर कटौती की अब आवश्यकता नहीं है, अर्थशास्त्र का त्रुटिपूर्ण अध्ययन करना होगा और बहुत खतरनाक होगा । राजकोषीय घाटे में हुई किसी भी प्रकार की वृद्धि विनिमय दर और उत्पादकों द्वारा भुगतान की जाने वाली ब्याज दरों पर दबाव डालेगी। खुली अर्थव्यवस्था अन्तर्राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति अपेक्षाकृत संवेदनशील होती है और विनिमय दर में हुआ परिवर्तन घरेलू मुद्रास्फीति पर अपेक्षाकृत अधिक प्रभाव डालेगा । इसी प्रकार, बाजार निर्धारित घरेलू ब्याज दरों के साथ उत्पादन लागतें राजकोषीय घाटे में परिवर्तनों के प्रति अपेक्षाकृत अधिक संवेदनशील हो जायेंगी। बड़ी मात्रा में राजकोषीय घाटे से ब्याज की दरें ऊंची हो जाएंगी और निवेश तथा वृद्धि की मात्रा कम हो जाएगी। इसलिए, मुद्रास्फीति को संतुलित बनाए रखने तथा निवेश और वृद्धि को प्रोत्साहन देने के लिए राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण रखना एक महत्वपूर्ण उपाय है ।

अध्याय 3

मुद्रा और वित्त

वित्तीय क्षेत्र सुधारों के क्षेत्र में चालू वित्तीय वर्ष में अनेक मुख्य सूत्रपात हुए । भारत सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के साथ एक करार किया ताकि वह तदर्थ सरकारी हुंडियों के माध्यम से भारतीय रिजर्व बैंक से ली जाने वाली अपनी उधार राशि पर उच्चतम सीमा निर्धारित कर सके । स्व-अनुशासन के इस ऐतिहासिक उपाय में राजकोषीय घाटे के स्वतः मुद्रीकरण को नियंत्रित करने (और प्रारक्षित मुद्रा की परिणामी वृद्धि) और रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक व्यवस्था की प्रभावशीलता को सुदृढ़ करने के लिए प्रयास किए गए हैं । एक अन्य मुख्य उपाय में 2 लाख रुपए से अधिक की अग्रिम बैंक राशियों पर ब्याज दर का विनियमन करना था, जिससे अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के बीच लाभप्रद प्रतिस्पर्धा और लागत-जागरूकता को प्रोत्साहन दिए जाने की संभावना है । बैंकिंग कंपनी अधिनियम में संशोधन किए गए हैं ताकि बैंकों को सार्वजनिक इश्यू के माध्यम से पूंजी की वसूली करने की अनुमति दी जा सके । ओरियण्टल बैंक आफ कामर्स बाजार से पहले ही लगभग 360 करोड़ रुपए वसूल कर चुका है । बैंकिंग पद्धति में प्रतिस्पर्धा को प्रोन्नत करने के इन उपायों को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड की स्थापना करके पूरा किया गया । यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि यह प्रतिस्पर्धा विवेकपूर्ण और सांविधिक वातावरण के अन्तर्गत कार्य करती हैं । गैर-बैंक वित्तीय कंपनियों के लिए विवेकपूर्ण मानदण्डों सहित बृहद् विनियामक संरचना भी घोषित की गई ।

2. विगतकालीन समस्याओं के प्रलम्बन पर ध्यान दिया जाना जारी रहा । गैर-निष्पादनकारी परिसम्पत्तियों तथा ऋण वसूलो से संबंधित प्रयोजन के लिए आरम्भ किए गए विशेष ऋण वसूली न्यायाधिकरण कलकत्ता, दिल्ली, जयपुर, बम्बई और बैंगलूर में पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं । एक अपीलीय न्यायाधिकरण भी स्थापित किया गया है । विगतकालीन नीतियों का कुप्रभाव अभी जारी है । और वर्ष 1993–94 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निवल लाभों में 21.7 प्रतिशत की गिरावट दर्शायी गई हैं । यद्यपि सकल लाभ में 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, फिर भी डूबे ऋणों के प्रावधान में 47.9 प्रतिशत से भी अधिक तीव्र वृद्धि हुई । इसलिए सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों में सक्षमता और लाभप्रदता में वृद्धि किए जाने के लिए अभी बहुत कुछ करना शेष रहता है ।

3. मौद्रिक पक्ष में एक अत्यन्त महत्वपूर्ण विकास इक्विटी, प्रवाह के कारण विदेशी मुद्रा भंडार का व्यापक संचय करना रहा है जिसका मौद्रिक वृद्धि पर भी प्रभाव रहा । ऐतिहासिक रूप से, प्रारक्षित मुद्रा मृद्धि, राजकोषीय घाटे के मौद्रिकीकरण द्वारा व्यापक रूप से प्रेरित की जाती रही है । वर्ष 1993-94 की लगभग तीसरी तिमाही से शुरू करते हुए इसे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रारक्षित मुद्रा वृद्धि के मुख्य साधन के रूप में निवल विदेशी प्रारक्षित संचित राशि द्वारा लगभग पूरी तरह से प्रतिस्थापित की गयी है । संभवतः दशकों में पहली बार, पूंजीगत अन्तःप्रवाह महत्वपूर्ण मौद्रिक घटना बन गया है । सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक के निवल ऋण की तरफ से इस विकास का दूसरा पहलू यह रहा है कि अनेक वर्षों में पहली बार वर्ष 1994–95 के लगातार पांच महीनों में सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक के निवल ऋण में वृद्धि नकारात्मक थी और अनेक वर्षों में पहली बार वर्ष 1994–95 के लगातार छः महीनों में बजट में बचत हुई । निवल उधार वस्तुतः विदेशी मुद्रा भण्डारों के मुद्रीकरण को नियंत्रित करने में सहायक हुआ है ।

4. प्रारक्षित मुद्रा में वृद्धि वर्ष 1993-94 में 25.1 प्रतिशत होकर दोगुना से भी अधिक हुई और उच्च दरों पर जारी रही । फिर भी, मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि प्रारक्षित मुद्रा में वृद्धि की अपेक्षा कम रही । मुद्रा आपूर्ति वर्ष 1992-93 में 14.2 प्रतिशत से तीव्रता से बढ़कर वर्ष 1993-94 में 18.2 प्रतिशत हुई और वर्ष 1994-95 के दौरान इसमें और भी अधिक तेजी से वृद्धि हुई । इसलिए, मुद्रा गुणक में गिरावट आई ।

5. 1994–95 में एक महत्वपूर्ण घटना विगत वर्ष की कम वृद्धि से बैंक ऋण में की वसूली विगत वर्ष की कम वृद्धि से है । निजी क्षेत्रों को बैंक ऋण में वर्ष 1994–95 में 20 जनवरी, 1995 तक 13.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो गत वर्ष की तदनुरूपी अवधि में 6.3 प्रतिशत से दुगनी से भी अधिक है । खाद्य भिन्न वस्तुओं के लिए अनुसूचित वाणिज्यिक बकों द्वारा दिये गए ऋण में तीव्र वृद्धि हुई जो गत वर्ष में 0.9 प्रतिशत की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि है । वित्तीय संस्थाओं द्वारा पूंजी निवेश के लिए दिए गए ऋण भी अच्छी वसूली दर्शाते हैं । वर्ष 1994–95 के प्रथम नौ महीनों के दौरान विकास वित्त संस्थाओं द्वारा की गई स्वीकृतियों में 1993–94 की तदनुरूपी अवधि की तुलना में 81 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । यद्यपि वितरण में वृद्धि स्वीकृतियों से कम हुई है, फिर भी 36.2 प्रतिशत की वृद्धि दर काफी उत्साहवर्धक है ।

6. मुद्रा बाजार वर्ष 1993-94 की अन्तिम तिमाही में और 1994-95 के पहले 6 महीनों में सामान्यतः मन्दा रहा। यह वस्तुतः सभी प्रपत्रों पर लागू हुआ जैसे अंतर बैंक मांग मुद्रा, जमा पत्रों और सरकारी हुंडिया। नीलाम की गई 364 दिवसीय सरकारी हुंडियों पर कटौती दरों ने सितम्बर 1994 तक स्पष्ट अधोगामी प्रवृति दर्शायी। यद्यपि वित्तीय वर्ष के शुरू होने पर 91 दिवतीय सरकारी हुंडियों की ब्याज दरें कम स्तर पर थीं, फिर भी वे सितम्बर 1994 के मध्य तक एक वर्ष पहले के स्तर से कम रहीं। तथापि, सितम्बर और दिसम्बर 1994 के अन्त में मांग मुद्रा दरों में तीव्र अस्थायी वृद्धि हुई जिससे दरें बढ़कर 40 प्रतिशत से अधिक हो गई। इसके बाद 91 दिवसीय सरकारी हुंडियों की दरों में सुधार होने लगा।

7. पूंजी बाजार में सुधारों का एक अन्य चरण आया। भारतीय राष्ट्रीय स्टाक एक्सचेंज (एन.एस.ई.) ने अपने अपरिमित ऋण खण्ड के साथ जून, 1994 में परिचालन शुरू किए और तत्पश्चात् इक्विटी में भी परिचालन करने शुरू कर दिए हैं। यूरो निर्गमों के लिए मार्ग निर्देशी सिद्धान्त जारी किये गये। शेयर मूल्य जो जुलाई 1993 में निम्नतम थे फरवरी, 1994 तक बढ़ने लगे थे। कुछ उतार चढ़ाव के बाद बम्बई स्टाक एक्सचेंज सेन्सिटिव इन्डेक्स (सेनसेक्स) सितम्बर 1994 में अधिकतम हो गया। औद्योगिक वसूली के संकेतों तथा कम्पनी के अर्धवार्षिक परिणामों, बाजार सुधारों और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफ. आई. आई.) से निधियों के अर्न्तप्रवाह ने शेयर मूल्यों को प्रभावित किया है। यूरो निर्गमों और परिवर्तनीय बन्धपत्रों (ई. सी. जी.) के माध्यम से जुटाई गई निधियों में वर्ष 1994–95 की प्रथम छमाही में तेजी से वृद्धि हुई। फिर भी, इसमें वर्ष 1993–94 की प्रथम छमाही की तुलना में घरेलू निर्गमों के माध्यम से एकत्रित राशि में गिरावट से आंशिक क्षतिपूर्ति हुई सेबी द्वारा निकासों में यह सुझाव है कि इस गिरावट से वर्ष 1994–95 को दूसरी छमाही में सुधार होगा।

मौद्रिक प्रवृत्तियां और गतिविधियां

8. वर्ष 1993-94 को प्रथम तिमाही में मन्द औद्योगिक वृद्धि और धीमी मुद्रास्फीति ने वर्ष 1993-94 की अन्तिम तिमाही तक मौद्रिक चिन्ताओं का मुद्रास्फीति से उत्पादन में पुनः समायोजन किया। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित मौद्रिक वृद्धि के अनुमानों को संशोधित करके उर्ध्वगामी बनाया गया। इन तथा अन्य उपायों के उपरान्त औद्योगिक उत्पादन का पुनः प्रवर्तन किया गया। विशेष आपूर्ति पक्ष कारकों के आंशिक कारणों से मुद्रास्फीति में कमी भी आई और आंशिक रूप से दूसरी और तीसरी तिमाहियों में वृद्धि होनी शुरू हुई। परन्तु, मुद्रास्फीति में तीव्र वृद्धि और वर्ष 1993-94 की दूसरी छमाही में मुद्रा की वृद्धि दर में महत्वपूर्ण वृद्धि से 1993-94 के अन्त तक मद्रास्फीति के बारे में पुनः चिन्ता होने लगी।

1993-94 में मौद्रिक प्रवृत्तियां

मुद्रा वृद्धि

9. व्यापक मुद्रा (एम. 3) में वृद्धि तेजी से बढ़कर वर्ष 1993–94 में 18.2 प्रतिशत हो गई और भारतीय रिजर्व बैंक के 14 प्रतिशत के अनुमान को पार कर गई। वर्ष 1993–94 में सीमित मुद्रा (एम 1) में भी अधिक तेजी से वृद्धि हुई जो बढ़कर 21.1 प्रतिशत हो गई। इस तेजी से हुई वृद्धि से मांग जमाराशियों की वृद्धि में तेजी से परिवर्तन का पता चला। मांग जमाराशियां तेजी से बढ़कर वर्ष 1993–94 में 20 प्रतिशत से अधिक हो गई। कुछ सीमा तक; मांग जमा राशियों और एम 1 की वृद्धि में पुनः सुधार होना औद्योगिक उत्पादन में प्रारम्भिक पुन : सुधार से संबंधित था। वर्ष 1993–94 में 20.4 प्रतिशत की मुद्रा की तेजी से वृद्धि में जनता के पास उपलब्ध मुद्रा ने भी अपना योगदान दिया है। इसमें खाद्यान्न प्राप्ति का उच्च स्तर और खाद्य ऋण से सम्बद्ध विस्तार (61.8 प्रतिशत) तथा कृषि अर्थ व्यवस्था की सामान्य सकारात्मक स्थिति दर्शायी गई है (सारणी 3.1)

सारणी 3.1

मुद्रा स्टाक में परिवर्तन के साधन
डालर के रूप में घट-बढ़

	1993-94 मार्च 31 से मार्च 31	1993-94 मार्च 31 से जनवरी 21	1994-95 मार्च 31 से जनवरी 20	1993-94 मार्च 31 से मार्च 31	1993-94 मार्च 31 से जनवरी 21	1994-95 मार्च 31 से जनवरी 20
1	2	3	4	5	6	7
		(रुपये करोड़)			(प्रतिशत)	
I. एम 1 (जनता के साथ मुद्रा आपूर्ति)	26234	18334	24570	21.1	14.8	16.3
II. एफ 3 (सकल मौद्रिक संसाधन)						
(i) जनता के पास मुद्रा–	66741	53565	764816	18.2	14.6	14.9
(ii) बैंकों के पास मांग जमा राशियां	13925	11215	15401	20.4	16.4	18.7

1	2	3	4	5	6	7
(iii) बैंकों के पास साविधिक जमा राशियां	11094	6756	8511	20.4	12.4	13.0
(iv) भारतीय रिजर्व बैंक के पास अन्य जमा राशियां	40587	35231	40246	16.7	14.5	14.2
III. एम 3 में परिवर्तन के साधन (1+2+3+4—5)	1215	363	658	92.5	27.6	26.0
1. सरकार को दी जाने वाली निवल बैंक ऋण राशि (क+ख)	27548	28311	11703	15.6	16.1	5.7
(क) सरकार को दी जाने वाली भारतीय रिजर्व बैंक को निवल ऋण राशि (i+ii)[2]	851	7245	—3983			
(i) केन्द्रीय सरकार +	260[3]	8587	—1886			
(ii) राज्य सरकार	591	1342	—2097			
	26697	1066	15686			
(ख) सरकार को दी जाने वाली अन्य बैंकों की ऋण राशि	17068	13804	32217	7.8	6.3	13.6
2. वाणिज्यिक क्षेत्र को बैंक ऋण राशि (क+ख)	225	62	127			
(क) वाणिज्यिक क्षेत्र को भारतीय रिजर्व बैंक की ऋण राशि[4]	16843	13742	32090			
(ख) वाणिज्यिक क्षेत्र को अन्य बैंकों की ऋण राशि	28775	12490	12926	115.3	50.1	31.5
3. बैंकिंग क्षेत्रों की निवल विदेशी मुद्रा परिसम्पत्तियां[5]—	26904	10670	17055	107.8	42.8	31.7
3. (क) सोने के पुनर्मूल्यांकन को छोड़कर						
4. जनता के लिए सरकार को मुद्रा देनदारियां	114	132	151	6.3	7.2	7.8
5. बैंकिंग क्षेत्र के सावधिक जमा राशियों (क+ख) को छोड़ कर निवल गैर मौद्रिक देनदारियां	6764	1172	3819	12.0	2.1	—6.1
(क) भारतीय रिजर्व बैंक के निवल गैर मौद्रिक देनदारियां	2212	2317	2830			
(ख) (अवशिष्ट) अन्य बैंकों के निवल गैर मौद्रिक देनदारियां,	8976	3489	—989			

1 सुनिश्चित वाणिज्यिक बैंकों के सम्बन्ध में परिवर्तन मार्च के अन्तिम सूचित शुक्रवार के लिए आंकड़ों पर आधारित हैं। भारतीय रिजर्व बैंक तथा अन्य के लिए आंकड़े 31 मार्च तक है (सभी आंकड़े अनन्तिम है)।

2 इस में विशेष प्रतिभूतियां शामिल है।

3 कोटे में वृद्धि किए जाने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में प्रारक्षित मुद्रा परिसम्पत्ति के खाते पर में अंशदान पर 751.64 करोड़ रुपए के व्यय सहित।

4 नाबार्ड (एन ए बी ए आर डी) की स्थापना से बैंकों को इस के पुनर्वित्त को छोड़ कर।

5 17 अक्तूबर, 1990 से अन्तर्राष्ट्रीय बाजार के समीप इस के पुनर्मूल्यांकन के अनुगमन में सोने के मूल्य में मूल्यांकन का भारतीय रिजर्व बैंक के निवल गैर मौद्रिक देनदारियों पर तदनुरूप प्रभाव है।

मौद्रिक आपूर्ति

10. पूर्ववर्ती वर्षों की तरह, प्रारक्षित मुद्रा में विस्तार द्वारा मौद्रिक वृद्धि को व्यापक रूप से प्रेरित किया गया। प्रारक्षित मुद्रा में दुगने से भी अधिक की वृद्धि हुई जो वर्ष 1993-94 में 25.1 प्रतिशत हो गई। फिर भी, आरक्षित मुद्रा वृद्धि उत्प्रेरित करने वाले कारकों में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ। सरकार को दिया गया भारतीय रिजर्व बैंक का निवल ऋण जो वर्ष 1993-94 की तीसरी तिमाही के अन्त तक लगभग 12 प्रतिशत तक बढ़ गया था, उसमें तेजी से गिरावट आई। इसका परिणाम यह हुआ कि वृद्धि दर वर्ष 1992-93 में 4.7 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 1993-94 में केवल 0.9 प्रतिशत हुई। सरकार को दिया गया भारतीय रिजर्व बैंक के निवल ऋण की वृद्धि दर में भी गिरावट की प्रवृत्ति रही जो वर्ष 1990-91 में 20.6 प्रतिशत से गिर कर वर्ष 1991-92 में 5.8 प्रतिशत और वर्ष 1992-93 में 4.7 प्रतिशत हो गई। वर्ष 1993-94 में उल्लेखनीय बात यह थी कि राजकोषीय घाटे में वृद्धि के बावजूद सरकार को दिए गए भारतीय रिजर्व बैंक के निवल ऋण में तेजी से गिरावट आई।

11. भारतीय रिजर्व बैंक के पास उपलब्ध निवल विदेशी मुद्रा परिसम्पत्तियों के संचयन से वर्ष 1993-94 में प्रारक्षित मुद्रा वृद्धि में और वृद्धि हुई। भारतीय रिजर्व बैंक के पास उपलब्ध निवल विदेशी मुद्रा परिसम्पत्ति की वृद्धि दर में लगभग दस गुना वृद्धि हुई जो वर्ष 1993-94 में 117.5 प्रतिशत हो गई (सारणी 3.2)। इसके परिणामस्वरूप आरक्षित मुद्रा वृद्धि में भारतीय रिजर्व बैंक की निवल विदेशी मुद्रा परिसम्पत्तियों की वृद्धि का शेयर बढ़कर वर्ष 1993-94 में 97 प्रतिशत हो गया जबकि प्रारक्षित मुद्रा विधि में एन आर सी पी में वृद्धि का शेयर घटकर वर्ष 1943-94 में लगभग नगण्य हो गया (सारणी 3.2)।

सारणी 3.2

प्रारक्षित मुद्रा में परिवर्तन के साधन

घट-बढ़

परिवर्तन[1]

	31मार्च1993 को बकाया राशियां	1993-94 मार्च 31 से मार्च 31	1993-94 मार्च 31 से दिस० 24	1994-95 मार्च 31 से जनवरी 20	1993-94 मार्च 31 से मार्च 31	1993-94 मार्च 31 से जनवरी 21	1994-95 मार्च 31 से जनवरी 20
		(रुपए करोड़ में)				(प्रतिशत)	
1	2	3	4	5	6	7	8
1. सरकार को दी जाने निवली भारतीय रिजर्व बैंक की ऋण राशि[2]	98449	851	7245	--3983	0.9	7.4	—4.0
2. बैंकों को भारतीय रिजर्व बैंक की ऋण राशि[3]	9885	—4334	— 2984	3106	43.8	29.3	56.0
3. वाणिज्यिक क्षेत्रों की भारतीय रिजर्व बैंक की ऋण राशि[4]	6220	225	62	127	3.6	1.0	2.0
4. भारतीय रिजर्व बैंक को निवल विदेशी मुद्रा परिसम्पत्तियां[5]	22647	28775	13060	17496	127.1	57.7	34.0
4.क सोने के पुनर्मूल्यांकन को छोड़ कर		26904	11240	17625	118.5	49.6	34.3
5. सरकार की जनता को मुद्रा देनदारियां	1824	114	132	151	6.3	7.2	7.8
6. भारतीय रिजर्व बैंक को निवल गैर मौद्रिक देनदारियां	28246	—2212	—2317	-- 2830	--7.8	—8.2	—10.9
7. प्रारक्षित मुद्रा (1+2+3+4+5—6)	110779	27843	19922	19727	25.1	18.0	14.2

1 सरकारी खातों के बाद बन्द होने के बाद घट-बढ़ सम्बन्धी परिवर्तनों को 31 मार्च सम्बन्धी आंकड़ों के आधार पर किया गया। वर्ष 1990-91 को छोड़ कर सभी आंकड़े अनन्तिम हैं।

2 विशेष प्रतिभूतियों सहित

3 नबार्ड पर दावों सहित

4 नबार्ड की स्थापना से बैंकों को दिए जाने वाले इस के पुनर्वित्त छोड़ कर

5 घट बढ़ सम्बन्धी परिवर्तन 17 अक्तूबर 1990 से अन्तर्राष्ट्रीय बाजार के निकटवर्ती इस के पुनर्मूल्यांकन का अनुगमन करते हुए सोने के मूल्य में मूल्यांकन सहित हैं। ऐसे मूल्यांकन का भारतीय रिजर्व बैंक की निवल गैर वित्तीय देन दारियों पर तदनुरूप प्रभाव पड़ता है।

12. यद्यपि विदेशी मुद्रा भण्डारों की वृद्धि इस परिवर्तन के लिए मूल रूप से उत्तरदायी थी, फिर भी बजट घाटे से सम्बद्ध प्रत्यक्ष मुद्रीकरण में गिरावट का आना भविष्य का अग्रदूत था। वर्ष 1993-94 में बजटीय घाटा 24.3 प्रतिशत कम था।

मुद्रा प्रवर्धक

13. वर्ष 1993-94 में प्रारक्षित मुद्रा में 25 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के बावजूद मुद्रा आपूर्ति में एम 3 केवल 18.2 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई जिससे उस वर्ष मुद्रा प्रवर्धक में तेजी से गिरावट का पता चलता है। मुद्रा प्रवर्धक में गिरावट अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की कुल जमा राशियों की तुलना में नकद शेष राशियों के अनुपात में वृद्धि के कारण हो सकती है। बैंक के पास नकद प्रारक्षित राशियां में वर्ष 1993-94 के दौरान 11.5 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई। बैंकों के वर्ष 1993-94 में भारतीय रिजर्व बैंक के पास संवैधानिक अपेक्षाओं के अतिरिक्त मुक्त (अधिक) नकद भंडार थे और बजार में कम उधार देते थे। ऋण दिए जाने का सतर्क दृष्टिकोण, नवीन विवेकपूर्ण और निवेशात्मक मानदण्डों के लागू करने के पश्चात् प्रारम्भ हुआ। इसने शून्य जोखिम वाली सरकारी प्रतिभूतियों को अधिमान्यता दी जिसमें बाजार सम्बद्ध लाभ प्रदान किए। नैगम क्षेत्रों से कम ऋण से संबंधित मांग, जिसने पूंजी बाजार से पर्याप्त मात्रा में निधियां एकत्रित की, भी एक अंशदायी कारक था।

मुद्रा की मांग और ऋण

14. मांग पक्ष दो महत्वपूर्ण परिवर्तनों के अधीन रहा है। बजटीय घाटे के सरकारी वित्त-पोषण को जानबूझ कर तथा सोच-समझ कर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा स्वतः उधार देने से (मौद्रिक घाटे या घाटे के वित्तपोषण) और बैंकों द्वारा बाजार दर से कम संवैधानिक ऋण देने को बाजार आधारित उधार लेने में बदला गया है। इसके परिणामस्वरूप सरकार को अन्य बैंकों के ऋण में वृद्धि में उछाला आया जो वर्ष 1992-93 में 11.3 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 1993-94 में 15.6 प्रतिशत हो गया। इस तथ्य का सत्यांकन कि यह बाजार आधारित ऋण है, संवैधानिक चल निधि अनुपात से अधिक वाणिज्यिक बैंक नकदी अनुपात द्वारा तथा सरकारी घरेलू ऋण पर ब्याज भुगतानों में वृद्धि द्वारा किया जाता है। यद्यपि निजी क्षेत्र से सरकारी उधार में वृद्धि बजटीय घाटे और समग्र सरकारी उधार में वृद्धि द्वारा हुई, फिर भी अर्थव्यवस्था में बाह्य बचतों के अन्तःप्रवाह के कारण बाजार ब्याज दरों में वृद्धि नहीं हुई। दूसरे, अर्थव्यवस्था में बाह्य निजी बचतों के प्रवाह को लहर और घरेलू पूंजी बाजार से वृहत निधियों को जुटाना भी नैगम क्षेत्र से बैंक की कम मांग को आंशिक रूप से व्यक्त करता है। वास्तविक सकल घरेलू उत्पादन वृद्धि भी 4 प्रतिशत पर कम थी। मुद्रा के नियंत्रण में भी कुछ अच्छी वृद्धि और व्यापक स्तर पर बाह्य निधियों के अन्तः प्रवाह के बाद मुद्रा की मांग संबंधी कार्य में परिवर्तन हो सकता है।

मौद्रिक नीति और सुनियोजित सुधार

15. मुद्रास्फीति दर वर्ष 1993 के अन्त में 7.2 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 1994 के अन्त में 10.8 प्रतिशत हो गई। इसलिए, 1994-95 के लिए मौद्रिक नीति का मूल उद्देश्य मुद्रास्फीति दर में कमी लाना था। तथापि, यह निर्यात, कृषि, लघु उद्योगों तथा समाज के कमजोर वर्गों के लिए ऋण के पर्याप्त प्रवाह की व्यवस्था करने के अधीन था। बैंकिंग क्षेत्र के निवल विदेशी मुद्रा परिसम्पत्तियों में असाधारण विस्तार ने भी विदेशी क्षेत्र की नीतियों और मौद्रिक नीति के बीच सामंजस्य की आवश्यकता पर बल दिया। भारतीय रिजर्व बैंक के विदेशी मुद्रा भण्डारों का संचयन मौद्रिक प्रबन्धन के लिए एक चुनौती देता है। बदले में मुद्रास्फीति ने वास्तविक विनिमय दर को प्रभावित किया।

पद्धति सुधार लक्ष्य

16. मौद्रिक प्रक्रिया सुधार, वित्तीय क्षेत्र के सुधारों का एक आवश्यक तत्व है। जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था और अधिक बाजार उत्प्रेरित बनती जाती है, मौद्रिक प्रबन्धन की प्रक्रियाओं को आधुनिक बनाना पड़ता है। भौतिक नियंत्रण साधनों से बाजार आधारित साधनों में परिवर्तन का यह अभियान इस वर्ष भी जारी रहा (बाक्स 3.1)। इस दिशा में दो मूल निर्णय लिए गए हैं। केन्द्रीय सरकार के घाटे के स्वतः मुद्रीकरण को शामिल किए जाने का प्रयास किया गया है और बैंकों को उच्चतर ऋण राशि अर्थात् 2 लाख रुपए से अधिक पर अपनी ब्याज दर निर्धारित किए जाने की छूट दी गई। पूंजीगत अन्तःप्रवाहों की चुनौती पर खुले बाजार परिचालनों के माध्यम से विशेषतः नीति की अधिक सक्रिय स्थिति को देखते हुए ध्यान दिया गया।

राजकोषीय घाटे का मुद्रीकरण

17. वर्ष 1994-95 का केन्द्रीय बजट में सकल घरेलू उत्पादन का 6 प्रतिशत राजकोषीय घाटा लक्ष्य है और 6000 करोड़ रुपए का बजट घाटा दर्शाया गया है। अधिक महत्वपूर्ण सरकार की घोषणा थी जिसमें इसने तदर्थ सरकारी हुंडियों के माध्यम से भारतीय रिजर्व बैंक से अपनी उधार को वित्तीय वर्ष 1994-95 के लिए 6000 करोड़ रुपए सीमित किया है। वर्ष के दौरान राजस्व राशियों और व्ययों के प्रवाह में अस्थिरता के कारण वर्ष के दौरान ऐसी उधार राशियों के वर्ष के अन्तिम लक्ष्य को पार कर जाना असामान्य नहीं है। अतः यह भी सहमति हुई कि ऐसी उधार राशियां 10 लगातार कार्य दिवसों से अधिक अवधि के लिए 9000 करोड़ रुपए से अधिक नहीं होंगी। यदि ये शर्तें पूरी नहीं की जाती हैं, तो भारतीय रिजर्व

बाक्स संख्या 3.1

वित्तीय क्षेत्र सुधार : वर्ष 1991-92 से वर्ष 1994-95

* वृद्धिकारी निवल घरेलू मांग और समयबद्ध देयताओं पर सांविधिक चलनिधि अनुपात (एस.एल.आर.) वर्ष 1991-92 में 38.5 प्रतिशत से घट कर 25 प्रतिशत हो गई। बकाया घरेलू निवल मांग और समयबद्ध देयताओं पर सांविधिक चलनिधि अनुपात को वर्ष 1991-92 में 38.5 प्रतिशत से घटाकर 31.50 प्रतिशत कर दिया गया है। जिसके मार्च 1995 तक गिरकर 29.5 प्रतिशत तक हो जाने की आशा है।

* वृद्धिकारी नकद प्रारक्षित मुद्रा अनुपात का 10 प्रतिशत हटाया गया और नकद प्रारक्षित मुद्रा अनुपात में 0.6 प्रतिशत को कमी करते हुए नकद वृद्धिकारी प्रारक्षित मुद्रा अनुपात के अन्तर्गत एक तिहाई जब्त नकद बकाया राशियों को निर्मुक्त किया गया।

* 2 लाख रुपए से अधिक की सामान्य अग्रिम राशियों पर भारतीय स्टेट बैंक और अधिकांश अन्य बैंकों को मूल दर वर्ष 1991-92 से वर्ष 1994-95 के बीच 5 प्रतिशतता बिन्दु घट कर 14 प्रतिशत पर आ गई है।

* सभी सहकारी बैंकों (शहरी सहकारी बैंकों को छोड़कर) की जमा राशियों और अग्रिम राशियों पर ब्याज दरों पर से नियमन हटा दिया गया परन्तु ऋण की न्यूनतम दर 12 प्रतिशत रखी गयी।

* बैंक अग्रिम राशियों पर लागू ब्याज दरों को संख्या वर्ष 1989-90 में 20 से घटकर वर्ष 1994-95 में 2 कर दी गई। 2 लाख रुपए से अधिक की ऋण राशियों पर ब्याज दर पर से पूरी तरह से नियंत्रण हटा लिया गया अनिवासी (बाह्य) रुपया खाता सावधिक जमा राशियों पर ब्याज दर की उच्चतम सीमा को 11 से घटा कर 8 प्रतिशत कर दिया गया है।

* भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम में संशोधन किया गया ताकि बैंकों को पूंजी बाजार तक पहुंच हो सके और शेयर धारकों को 10 प्रतिशत मतदान अधिकार प्रदान कर सके। भारतीय स्टेट बैंक ने सार्वजनिक निर्गमों और बन्ध पत्रों से 2400 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाई। भारतीय रिजर्व बैंक को शेयरधारिता पूर्ववर्ती 99 प्रतिशत को तुलना में अब 67 प्रतिशत है।

* बैंकिंग कम्पनी अधिनियम के संशोधन के माध्यम से राष्ट्रीयकृत बैंकों की ऋण और इक्विटी के लिये पूंजी बाजार में पहुंच हो गई। ओरियण्टल बैंक आफ कॉमर्स ने अपने प्रथम निर्गम के माध्यम से 360 करोड़ रुपये की राशि एकत्रित की।

* "सिद्धान्त रूप से" नए निजी क्षेत्र के बैंकों की स्थापना के लिए सात प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया। बैंकों को विदेशी संस्थागत निवेशकों से 20 प्रतिशत तक और अनिवासी भारतीयों से 40 प्रतिशत तक और पूंजीगत अंशदान एकत्रित किए जाने की अनुमति दी गई। चार निजी बैंकों ने पहले ही कार्य करना शुरू कर दिया है।

* आय का पता लगाने के लिए विवेकपूर्ण मानदण्डों, परिसम्पत्तियों का वर्गीकरण और डूबी ऋण राशियों का प्रावधान करना आरम्भ किया गया।

* 25,000 रुपए से कम गैर-निष्पादन संबंधी अग्रिम राशियों के लिए प्रावधान करने संबंधी आवश्यकता में वृद्धि की की गई ताकि वह वर्ष 1995-96 में 10 प्रतिशत हो जाए।

* सभी बैंकों ने 31 मार्च, 1993 तक 4 प्रतिशत की पूंजीगत पर्याप्तता प्राप्त कर ली। भारत में विदेशी बैंकों और ऐसे भारतीय बैंकों, जिनकी विदेशों में शाखाएं हैं, 8 प्रतिशत के पूरे मानदण्डों को प्राप्त कर लिया गया, जबकि शेष बैंकों द्वारा मार्च 1996 के अन्त तक इन मानदण्डों को अवश्य प्राप्त कर लिया जाना चाहिए।

* कम सुदृढ़ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पुनः पूंजीकरण के लिए वर्ष 1993-94 में 5,700 करोड़ रुपए और वर्ष 1994-95 में 5,600 करोड़ रुपए की बजटीय सहायता की मदद की गई। ये बैंक इसके साथ साथ भारतीय रिजर्व बैंक के साथ बैंक प्रबन्धन को सुदृढ़ करने तथा सक्षमता में सुधार करने पर भी सहमत हुए।

* बैंकों को पूंजीगत पर्याप्त मानदण्डों और विवेकपूर्ण लेखा मानकों को प्राप्त कर लेने पर नई शाखाएं खोलने और एक्सटेंशन कांउटरों का दर्जा बढाने की छूट दी गई। उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक शाखाओं को छोड़ कर अन्य गैर-किफायती बैंक शाखाओं को बन्द किए जाने की अनुमति दी गई।

* न्यू बैंक आफ इंडिया का पंजाब नेशनल बैंक के साथ विलय किया गया।

* बैंकों और वित्तीय संस्थाओं की पर्यवेक्षणीय प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए एक वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड का गठन किया गया है जिसमें एक सलाहकार परिषद होगी। बोर्ड की सहायतार्थ दिसम्बर, 1993 में में भारतीय रिजर्व बैंक में एक स्वतंत्र पर्यवेक्षण विभाग की भी स्थापना की गई है।

* ऋण राशियों की वसूली और बकाया ऋण राशियों को अधिक शीघ्रता से वसूले जाने में सुविधाकारी बनाए जाने के लिए विशेष वसूली न्यायाधिकरणों का गठन करने के लिए बैंक से प्राप्य ऋणों की वसूली और वित्तीय संस्था अधिनियम, 1993 पारित किया गया दो न्यायाधिकरणों ने कलकत्ता और दिल्ली में कार्य करना शुरु कर दिया है और एक अपीलीय न्यायाधिकरण बम्बई में स्थापित किया गया है।

* बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 में संशोधन किया गया ताकि बैंकिंग कम्पनी को एक गैर-कार्यकारी अध्यक्ष और प्रोन्नति शील संस्थाओं के निदेशकों में से तीन तक निदेशक रख सके और 10 प्रतिशत शेयर होल्डर के लिए मतदान अधिकारों के प्रयोग लिए सीमा को बढ़ा सके और अधिनियम का उल्लंघन करने पर जुर्माने की राशि को बढ़ा सके।

* अक्टूबर, 1993 में किए गए संघ समझौते ने बैंकों में तेजी से कम्प्यूटरीकरण का मार्ग प्रशस्त किया।

* बैंक ऋण राशियों के मानदण्डों को उदार बनाया गया और बैंकों की सम्पत्ति सूची की तथा प्राप्य वस्तुओं को वैयक्तिक मदों को धारिता के स्तरों का निर्णय करने की छूट दी गई।

* अनिवार्य सहायता-संघ प्रबन्धन का क्षेत्र 934 खातों के स्थान पर 76 बड़े उधार संबंधी खातों तक सीमित किया गया और अब तक कर्जदारों को सहायता संघ में नए बैंकों को शामिल करने की अनुमति दी गई और बैंकों को दो वर्ष बाद सहायता संघ को छोड़ देने की अनुमति दी गई।

* बैंकों को मार्गदर्शक सिद्धांत जारी किए गए ताकि बैंकों में ग्राहक सेवा संबंधी समिति की सिफारिशों पर अनुवर्ती कार्यवाही के रूप में बैंकों की ग्राहक सेवा गुणात्मक सुधार 600 को सुनिश्चित किया जा सके।

* आई. एफ. सी. आई. को कम्पनी में परिवर्तित किया गया और इसके प्रथम सार्वजनिक निर्गम ने इक्विटी के रूप में (प्रीमियम सहित) 600 करोड़ रुपए की राशि एकत्रित की।

* सावधिक ऋण संस्थाओं द्वारा स्वीकृत सहायता के लिए परिवर्तनीयता धारा अब अनिवार्य नहीं होगी।

* कुछ अखिल भारतीय विकास बैंकों द्वारा वित्तीय सहायता पर मुक्त ब्याज दर (364 दिवसीय सरकारी हुण्डियों पर ब्याज दर से सम्बद्ध) आरम्भ की।

* सांविधिक नकदी अनुपात निधियों तक वित्तीय संस्थाओं की पहुंच को कम किया गया और उन्हें निधियों की प्राप्ति के लिए कम किया गया और उन्हें निधियों की प्राप्ति के लिए पूंजीगत बाजार में पहुंचने हेतु प्रोत्साहित किया गया है।

सारणी 3.3

सुनिश्चित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण राशि दरों में परिवर्तन

प्रभावी दरें

ऋण	8 अप्रैल 1993 से पहले	8 अप्रैल	जून, 24 1993	2 सितम्बर 1994	सावधिक ऋण राशि (3 वर्ष और अधिक)	1 मार्च, 1994 अन्य अग्रिम राशियां	18 अक्तूबर 1994
1	2	3	4	5	6	7	8
(i) 75000रु. सहित तथा राशि	11.5						
(ii) 7500 रु. से 25,000 रु. तक	13.5	12.0	12.0	12.0	12.0	12.0	12.0
(iii) 25000 रुपये से अधिक और 2 लाख रुपए तक	16.5	16.5	16.0	15.0	14.0	15.0	13.5
(iv) 2 लाख रु. तक (न्यूनतम)	17.0	17.0	16.0	15.0	14.0	15.0	मुक्त[3]

1 निर्यात ऋण राशि के लिए उनसे अन्य की दरों सम्बन्धी

2 सितम्बर 1993 से ऋण राशि की दरों सम्बन्धी संरचना सावधिक ऋण राशियों और कार्यशील पूंजीगत अग्रिम राशियों दोनों के लिए एक समान है।

3 बैंकों को अपनी प्रारम्भिक ऋण राशि दर के नियतन और घोषणा किए जाने के लिए अपने निदेशक मण्डल का अनुमोदन लेना होगा जो कि उसकी सभी शाखाओं के लिए समान रहेगी।

बैंक सरकारी हुंडियों की नीलामी करने या भारत सरकार की नई प्रतिभूतियों को बाजार में बेचने का अधिकार होगा ताकि तदर्थ उधार राशियों को 9000 करोड़ रुपए के नीचे लाया जा सके। इसके पश्चात् भारतीय रिजर्व बैंक और वित्त मंत्रालय के बीच एक औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के अनुसार ऐसे "तदर्थ" उधार राशि को वर्ष 1994-95 में 6,000 करोड़ रुपए से वर्ष 1997-98 में कुछ नहीं घटाया जाएगा। यह सुनिश्चित किए जाने द्वारा कि राजकोषीय घाटे में उतार-चढ़ाव "बजट घाटे" और स्वतः मौद्रिक वृद्धि में रूपान्तरित नहीं किए जाते हैं, मौद्रिक वृद्धि से राजकोषीय घाटे को असम्बद्ध किया जाना यह एक ऐतिहासिक निर्णय है। इस प्रबन्धन से भारतीय रिजर्व बैंक को स्वायत्ता में वृद्धि होगी, जो राजकोषीय स्थिति की मौद्रिक नीति को स्वतंत्र रूप से व्यवहार में ला सकती है। इसके अनुवर्तन में इससे प्रभावी मौद्रिक प्रबन्धन और मुद्रा-स्फीति नियंत्रण के लिए भारतीय रिजर्व बैंक पर अधिक दायित्व भार बढ़ता है।

बाक्स संख्या 3.2

तदर्थ सरकारी हुण्डियों को सीमित करने के लिए करार

तदर्थ सरकारी हुण्डियों के माध्यम से उधार राशियों को सीमित करने के लिए 1994-95 के अपने बजट भाषण में वित्त मंत्रीद्वारा किए गए प्रस्तावों को कार्यान्वित करने के लिए 9 सितम्बर, 1994 को वित्त मंत्री, भारत सरकार और गवर्नर, भारतीय रिजर्व बैंक के बीच एक करार पर हस्ताक्षर किए गए। इस करार के अनुसार वर्ष 1994-95 के लिए तदर्थ सरकारी हुण्डियों का निवल निर्गम 6,000 करोड़ रुपए से अधिक नहीं होगा। इसी प्रकार की सीमा वर्ष 1995-96 तथा 1996-97 के लिए तदर्थ सरकारी हुण्डियों के निवल निर्गम के लिए भी निर्धारित की जाएगी और वर्ष 1997-98 में तदर्थ सरकारी हुण्डियों की प्रणाली को पूरी तरह बन्द कर दिया जाएगा।

सरकार द्वारा यह कदम बजट घाटों के प्रत्यक्ष और स्वतः मुद्राकरण को नियंत्रित करने और उसके भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मुद्रा प्रबन्धन की सक्षमता को सुदृढ़ करने के लिए उठाया गया है। वर्तमान करार तीन वर्ष तक सरकार के बजट घाटे के स्वतः मुद्रीकरण को समाप्त करेगा, मौद्रिक प्रबन्धन में अस्थिरता के मुख्य स्त्रोतों को समाप्त करेगा और अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में सहायता देगा।

18. 2 लाख रुपए से अधिक की बैंक अग्रिम राशियों पर अस्थायी ब्याज दरों को अक्तूबर, 1994 में समाप्त कर दिया गया। यह बैंक ब्याज दरों के मुख्य नियमन हटाने को दर्शाता है (बाक्स-3.3)। 18 अक्तूबर, 1994 से 2 लाख रुपए से अधिक की ऋण सीमाओं के लिए ब्याज दर स्वयं अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा निर्धारित की जा सकती हैं। (सारणी 3.3) विनियामक से अनियमितता, जिसमें बैंक 12–14 प्रतिशत की कूपन दरों से कम्पनियों के वाणिज्यिक पत्र खरीद रहे थे, जबकि वे कर्जदारों के उसी समूह को 15 प्रतिशत से कम ऋण नहीं दे सकते थे, को समाप्त हुआ समझा जाए। अब ब्याज दरें बाजार में निधियों के लिए मांग और आपूर्ति की स्थितियों के प्रति अधिक संवेदनशील होंगी। अतिरिक्त नकद बकाया राशि तथा सांविधिक अपेक्षा से अधिक सरकारी प्रतिभूतियां रखने की स्थिति, जैसी कि वर्ष 1993-94 में और वर्ष 1994-95 की कुछ अवधि में रहीं, ब्याज दरों पर अधोगामी दवाब डालेगी। यह बैंकों के सामने परिचालनात्मक और मध्यस्थता लागतों को घटाने के लिए यह चुनौती प्रस्तुत करता है। बैंकों पर प्रतिस्पर्धात्मक दबावों में वृद्धि से जोखिमों और ऋण से प्राप्त लाभों का मूल्यांकन करने से कर्जदारों के कार्यनिष्पादन के बेहतर मानिटरिंग तथा अनुवर्तन के लिए अधिक अच्छी पद्धतियों और प्रक्रियाओं का विकास होना चाहिए। इससे गैर निष्पादित परिसम्पत्तियों (एन पी ए) को कम करने में सहायता मिलेगी जिसके लिए ब्याज और/या मूल की वापसी अदायगी प्राप्त नहीं हो रही है। बैंक नकदी और ब्याज दरों को प्रभावित करने के लिए रियायती दर और खुला बाजार परिचालनों जैसे बाजार साधनों का और अधिक विकास तथा प्रयोग मुद्रा प्रणाली का प्रबन्धन करने के लिए रिजर्व बैंक के सामने भी ऐसी ही चुनौती है।

खुला बाजार परिचालन

19. पूंजी अन्तः प्रवाहों में लहर उत्पन्न होने पर अतिरिक्त नकदी राशि की समस्या के समाधान किए जाने के लिए, रिजर्व बैंक ने व्यापक स्तर पर खुले बाजार परिचालन आरम्भ किए। इससे भारत सरकार की रुपए प्रतिभूतियों की स्पष्ट बिक्रियों द्वारा इसके पोर्टफोलियों से वर्ष 1993-94 के दौरान 9,047 करोड़ रुपए की अतिरिक्त नकदी के उपयोग किए जाने में सहायता मिली। वर्ष 1993-94 में रिजर्व बैंक द्वारा किए गए खुले बाजार परिचालन नकद प्रारक्षित मुद्रा अनुपात में 2.8 प्रतिशतता बिन्दु वृद्धि के समान होंगे। (बाक्स 3.4) चालू वित्त वर्ष 1994-95 के दौरान (20 जनवरी 1995 तक) भारतीय रिजर्व बैंक के एन. एफ. ए. में 17,496 करोड़ रुपए की तेजी से वृद्धि हुई लेकिन इसका केन्द्रीय सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक के निबल ऋण में 1896 करोड़ रुपए की गिरावट द्वारा आंशिक रूप से सामना किया गया है। खुले बाजार परिचालनों को समयबद्ध किया जाना है ताकि उनका सरकार के उधार कार्यक्रम से टकराव न होवे। चालू वित्तीय वर्ष में लगभग 1,032 करोड़ रुपए की निवल बिक्री के खुले बाजार परिचालन किए गए हैं।

बाक्स 3.3

ऋण दर का विनियमन समाप्त करना

8 अक्टूबर, 1994 से, "न्यूनतम ऋण दर" को समाप्त करके 2 लाख रुपए से अधिक की ऋण सीमाओं के लिए अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण दरों का विनियमन समाप्त कर दिया गया है। बैंकों के मण्डल अब अपनी आरम्भिक ऋण दर निर्धारित कर सकते हैं। यह 2 लाख रुपये से अधिक की ऋण सीमाओं के लिए बैंकों द्वारा ली जाने वाली न्यूनतम दर के रूप में कार्य करेगा। इसे घोषित करना पड़ेगा और सभी बैंक शाखाओं पर समान रूप से लागू किया जायेगा।

2 लाख रुपए से अधिक बैंक अग्रिम राशियों के लिए ऋण दर के विनियमन का समापन उन अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण दरों, जो अप्रैल, 1992 में आरम्भ की गयी थीं, के सुधार/युक्ति संगत बनाने की प्रक्रिया में एक प्रमुख कदम का द्योतक है। छह स्तरीय ऋण दर संरचना को एक चार स्तरीय ऋण दर से प्रति-स्थापित किया गया और ऋण दरों की संख्या को अप्रैल, 1993 में चार से घटाकर तीन कर दिया गया था। अप्रैल 1992 और सितम्बर, 1994 के बीच इसी अवधि में 2 लाख रुपये से अधिक की बैंक अग्रिम राशियों पर न्यूनतम ब्याज दर को भी 19 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया। पहले भी बैंकों को अपनी सावधिक जमा राशियों पर ब्याज दर निर्धारित करने को छूट दी गई है बशर्ते कि यह 11 प्रतिशत से अधिक न हो।

बैंक अग्रिम राशि की उच्चतम सीमा पर ब्याज दर का विनियमन समाप्त करने से बैंकों के बीच लाभकारी प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करेगा और उनकी परिचालनात्मक सक्षमता को भी प्रोत्साहित करेगा। यह बैंकों के लिए अधिकतम सीमा तक बेहतर समायोजित करने तथा अपने ग्राहकों के संबंध में जोखिम अवधारणा के लिए सहायक होगा। अन्य आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं की तरह, सकल नकदी और ब्याज दर भारतीय रिजर्व बैंक के खुले बाजार परिचालनों और अन्य मौद्रिक उपायों द्वारा प्रभावित होती रहेंगी।

बैंक दर

20. मौद्रिक नीति के साधन के रूप में बैंक दर की भूमिका ब्याज दरों की प्रबन्ध संरचना, वाणिज्यिक बैंकों के लिए क्षेत्र विशेष पुनः वित्तपोषित सुविधाओं और अविकसित बिल बाजार जैसे अनेक कारकों की वजह से भारत में अत्यन्त सीमित रही है । इस समय केवल कुछेक अन्य दरें ही बैंक दर से सम्बद्ध हैं । ये हैं (क) नकद प्रारक्षित मुद्रा अनुपात व्यतिक्रमों पर प्रभारित दण्डस्वरूप ब्याज और सांविधिक नकदी अनुपात (एस. एल. आर.) में गिरावट (ख) प्राधिकृत व्यापारियों द्वारा विदेशी मुद्रा अभिधानित भारतीय विकास बन्ध-पत्र (भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गमित) की प्रतिभूति की तुलना में रुपए में अग्रिम राशियों पर ब्याज दर । यह भारत में इन बन्ध-पत्रों के अनिवासी धारकों और निवासी व्यक्तियों /फर्मों/कम्पनियों दोनों पर लागू होता है और (ग) राज्य सरकारों को दिए जाने वाले भारतीय रिजर्व बैंक ऋण पर ब्याज दर/बैंक दर में धीरे-धीरे वृद्धि हुई है जो नवम्बर, 1951 में 3 प्रतिशत से बढ़कर जुलाई 1981 में 10 प्रतिशत हो गई । इस अवधि के दौरान केवल 10 परिवर्तन हुए । बैंक दर में वर्ष 1991 तक दस वर्षों तक कोई परिवर्तन नहीं हुआ । इसमें उर्ध्वगामी संशोधन किया गया जिसे जुलाई 1991 में 11 प्रतिशत और फिर अक्तूबर, 1991 में 12 प्रतिशत किया गया ।

21. आधुनिक अर्थव्यवस्था में "बैंक दर" अथवा सैंट्रल बैंक पुनः छूट दर एक महत्वपूर्ण मौद्रिक साधन है । इसकी अत्यधिक उपयोगी भूमिका सैंट्रल बैंक की मौद्रिक और ब्याज दर अवस्थिति का वित्तीय क्षेत्र में सभी प्रतिभागियों को और विशेष रूप से बैंकों को संकेत और/अथवा स्पष्टीकरण देना है । यदि मौद्रिक नीति प्रभावी और विश्वसनीय

बाक्स 3.4

खुला बाजार परिचालन

खुले परिचालनों में सेंट्रल बैंक द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों की बिक्री या खरीद किया जाना शामिल है । जब सेंट्रल बैंक सरकारी प्रतिभूतियों की बाजार में बिक्री करता है, तो यह बैंकिंग क्षेत्र के जमा संसाधनों का कुछ भाग निकाल देता है, जिससे उधार देने के लिए बैंक के पास उपलब्ध संसाधनों में कमी आ जाती है । किसी भी निश्चित समय पर ऋण राशि सृजित किए जाने की (नए ऋण देने की) बैंकों की क्षमता इसकी अधिशेष नकद राशि पर निर्भर करता है अर्थात् (सेंट्रल बैंक द्वारा निर्धारित) सांविधिक नकद प्रारक्षित निधि अनुपात से नकद संसाधनों की राशि । खुले बाजार में सरकारी प्रतिभूतियों की बिक्री ऋण राशि सृजित करने के लिए आधार को संकुचित करते हुए बैंकों के अधिशेष नकद संसाधनों में कमी करती है । एक बार मुक्त प्रारक्षित मुद्रा समाप्त किए जाने पर, बैंकों को अपनी ऋण राशि की आपूर्ति संकुचित करनी पड़ती है जिससे वे सांविधिक नकदी प्रारक्षित मुद्रा अनुपात की तुलना में कुछ मुक्त प्रारक्षित मुद्रा सृजित कर सकें । बैंक ऋण राशि की आपूर्ति, जिसमें मांग जमा राशियों का सृजन शामिल है, कम हो जाता है और मुद्रा आपूर्ति संकुचित हो जाती है । इसके विपरीत स्थिति तब होती है जब सेंट्रल बैंक बाजार से सरकारी प्रतिभूतियों की खुले बाजार खरीद करता है । विक्रेता बैंक के पास प्रतिभूतियों का भण्डार कम हो जाता है और मुक्त अधिशेष नकदी का विस्तार होता है और इस तरह उनकी ऋण राशि सृजन की क्षमता में वृद्धि होती है । इसलिए, बैंक ऋण राशि की आपूर्ति में विस्तार होता है और मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि होती है ।

खुले बाजार की बिक्री में भारतीय रिजर्व बैंक के स्वामित्व वाली सरकारी प्रतिभूतियों की बिक्री शामिल है और यह आय अंततः बैंक के नकद शेष में कटौती तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा धारित अन्य जमा राशियों (तुलन-पत्र जमा राशियों में गिरावट) के रूप में प्रतीत होती है । खुले बाजार परिचालन सरकारी प्रतिभूतियों के कुल भण्डार में परिवर्तन नहीं करते, बल्कि सेंट्रल बैंक और वाणिज्यिक तथा सहकारी बैंकों द्वारा धारित प्रतिभूतियों के अनुपात में परिवर्तन करते हैं । खुले बाजार बिक्रियों के परिणामस्वरूप सरकार को दिए जाने वाले भारतीय रिजर्व बैंक के निवल ऋण के (एन०आर०सी०जी०) में गिरावट आयेगी और सरकार को दिए जाने वाले अन्य (वाणिज्यिक और सहकारी) बैंकों के ऋण (ओ०बी०सी०जी०) में वृद्धि होगी जिसका बजट (या राजकोषीय) घाटे पर किसी प्रकार से प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

सेंट्रल बैंक लोक ऋण के निर्गम के प्रबन्धक के रूप में केन्द्रीय सरकार की ओर से बाजार में सरकारी प्रतिभूतियों की बिक्री भी करता है । अधिक अन्तर प्रतिभूतियों के स्वामित्व में है । लोक ऋण प्रबन्धक के रूप में, भारतीय रिजर्व बैंक सरकार के स्वामित्व वाली प्रतिभूतियों की केवल बिक्री करता है, जिसकी आय को सरकार के खाते में डाला जाना होता है । इस स्थिति में प्रतिभूतियों की कुछ आपूर्ति में वृद्धि होती है ।

है, तो दर में परिवर्तन का परिणाम बैंकों की प्रारम्भिक ऋण दर में परिवर्तन का आना है और इस प्रकार मौद्रिक प्रबन्धन का स्वतंत्र साधन के रूप में कार्य करना है। निर्यात के लिए पुनः वित्तपोषण दर को कम करते हुए और इस तरह एक विशेष प्रकार के वित्तपोषण के साथ इसका सम्बन्ध कम करते हुए, इस साधन की संभावित प्रभावशीलता को बढ़ाया जा रहा है। मौद्रिक साधन के रूप में इसकी प्रभावशीलता में वृद्धि करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की रियायत सुविधा की सामान्य प्राप्ति के नियमों और प्रक्रियाओं की भी समीक्षा करनी होगी।

अल्पकालिक मौद्रिक प्रबन्धन

22. मांग मुद्रा दरें सितम्बर, 1994 में लगभग 15 प्रतिशत के अभूतपूर्व स्तरों तक पहुंच गयी। अस्थिरता का अंश भी भिन्नता के सहकारी कारक से अभूतपूर्व था जो कि दैनिक न्यूनतम और दैनिक अधिकतम दोनों के लिए 0.7 से अधिक था। यह बैंकों और वित्तीय संस्थाओं द्वारा अधिक सक्षम परिसम्पत्ति देयता प्रबन्धन की तत्काल आवश्यकता तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अल्पकालिक बाजारों की सघन मानिटरिंग पर प्रकाश डालता है। मुद्रा बाजार स्थितियों को दिन-प्रतिदिन मानिटरिंग की भी मांग-मुद्रा दरों में उतार चढ़ावों को सहज बनाए जाने के लिए 1 से 14 दिवसीय पुनर्क्रय जैसे साधन का प्रयोग करके पूर्ति की जा सकती है। अनेक सेंट्रल बैंकों द्वारा निष्पादित यह एक अन्य महत्वपूर्ण कार्य है। रिजर्व बैंक ने केन्द्रीय सरकार की दिनांकित प्रतिभूतियों में आवधिक पुनर्क्रय नीलामियों के माध्यम से बैंकिंग व्यवस्था में अल्पकालिक नकदी को समाप्त करने की नीति जारी रखी। फिर भी, नकदी में समायोजन के लिए बाजार में अन्तर बैंक पुनर्क्रय लेन-देन हेतु उपलब्ध पात्र प्रतिभूतियों की मात्रा में काफी वृद्धि के परिणामस्वरूप 1994-95 के दौरान पुनर्क्रय नीलामियों में प्राप्त और स्वीकृत बोलियों में क्रमिक गिरावट आई। सरकारी प्रतिभूतियों की स्पष्ट बिक्री में वृद्धि से स्वीकृत पुनर्क्रय बोलियों के औसत परिणाम में गिरावट आई है जो वर्ष 1993-94 में 1,853.57 करोड़ रुपए से घटकर इस वित्तीय वर्ष (दिसम्बर, 1994 तक) में 321 करोड़ रुपए रह गये।

मौद्रिक प्रबन्धन

23. 'दृष्टिकोण' अनुभाग ने वर्ष 1993-94 की आर्थिक समीक्षा में उल्लेख किया गया था कि मौद्रिक नीति के लिए सबसे बड़ी चुनौती पूंजी अन्तःप्रवाहों में व्यापक स्तर पर वृद्धि का प्रबन्ध करना होगा। चुनौती दो प्रकार की थी नीति का प्रबन्ध इस प्रकार करना कि विदेशी मुद्रा के उत्पादक प्रयोग में वृद्धि करे तथा शेष जुटाई गयी राशि को इस प्रकार रोकना कि वास्तविक ब्याज दरों में वृद्धि किए बिना मुद्रास्फीतिकारी दबावों को नियंत्रित किया जा सके।

विदेशी मुद्रा संचय

24. बीच की अवधि की तुलना में मुद्रास्फीतिकारी संभाव्यता को संतुलित करने की दृष्टि से इस दिशा में किए गए उपाय में ये शामिल थे: (क) अनिवासी विदेशी (रुपया) खातों (एन आर ई आर) पर ब्याज दर में कमी करके उसे "10 प्रतिशत से अनाधिक" से "8 प्रतिशत से अनाधिक" करना; (ख) 3 वर्ष की परिपक्वता वाले विदेशी मुद्रा (अनिवासी) खातों (एफ सी एन आर ए) को समाप्त करना; (ग) 1 अक्तूबर, 1994 से शुरु करते हुए अनिवासी अप्रत्यावर्तनीय जमा राशियों (एन आर एन आर) पर और विदेशी मुद्रा सामान्य अप्रत्यावर्तनीय जमा राशियों (एफ सी ओ एन आर) पर लगने वाले ब्याज को प्रत्यावर्तित करने की छूट; (घ) 20 अगस्त, 1994 से विदेशी मुद्रा सामान्य अप्रत्यावर्तनीय जमा राशियों (एफ सी ओ एन आर) के अन्तर्गत नई जमा राशियां समाप्त की गई; (ङ) भारतीय फर्मों द्वारा यूरो निर्गमों के लिए जारी किए गए तथा कठोर मार्ग-दर्शी सिद्धान्त; (च) नैगम क्षेत्र को अपने महंगे विदेशी ऋण की अदायगी के लिए प्रोत्साहित करना; और (छ) विदेशों में भारतीय पूंजी निवेश के लिए सीमाओं और प्रक्रियाओं का उदारीकरण, हमारी विदेशी मुद्रा के उत्पादक प्रयोग को सरल बनाने और निर्यात अनुबंधन की संरचना को प्रोत्साहित करना।

निर्यात ऋण पुनः वित्तपोषण

25. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों को उनके रुपया निर्यात ऋण तथा अमेरिकी डालर में मूल्यवर्गित पोत-लदानोत्तर निर्यात ऋण दिया गया पुनः वित्तपोषण के प्रति प्रारक्षित मुद्रा में वृद्धि का का एक साधन है। मार्च 18, 1994 की स्थिति के अनुसार कुछ निर्यात ऋण पुनर्वित्त बकाया राशि 8713 करोड़ रुपए थी। सामान्य प्रणाली के अनुसार, निर्यात ऋण (रुपये) के लिए निर्यात ऋण पुनर्वित्तपोषण सीमा निर्धारित करने के आधार को पुनः एक वर्ष तक के लिए बदल दिया गया है। बैंक वर्ष 1990-91 के मासिक औसत स्तर (एम ए एल) से वर्ष 1991-92 के मासिक औसत स्तर तक के कारण निर्यात ऋण में वृद्धि का 60 प्रतिशत भाग तथा वर्ष 1991-92 में बकाया निर्यात ऋण के मासिक औसत स्तर तक ऐसे ऋण में वृद्धि का 100 प्रतिशत प्राप्त कर सकते हैं। अमेरिकी डालर के मूल्यवर्गित पोत-लदानोत्तर निर्यात ऋण की स्थिति में, बैंकों द्वारा प्रदत्त ऐसी बकाया निर्यात ऋण के लिए पात्रता प्रतिशतता को 90 प्रतिशत से घटाकर 80 प्रतिशत किया गया। इन उपाय से निर्यात ऋण पुनर्वित्तपोषण सीमा में 1505 करोड़ रुपए की कमी आएगी।

प्रारक्षित नकदी निधि अनुपात (सी आर आर):

26. प्रारक्षित नकदी निधि अनुपात (सी०आर०आर०) को अप्रैल और मई 1993 में दो चरणों में 15 प्रतिशत से कम करके 14 प्रतिशत किया गया। तथापि, वृहद् अवस्थाओं

में अल्पकालिक परिवर्तनों, अर्थात् भारतीय रिजर्व बैंक की विदेशी मुद्रा प्रारक्षित निधि के संचयन, जिसके परिणामस्वरूप प्रारम्भिक नकदी में वृद्धि हुई के कारण मध्यम अवधि की कार्य नीति में अस्थायी परिवर्तन आवश्यक हो गया। विदेशी मुद्रा के अन्तः प्रवाह के एक भाग को नियंत्रित करने के लिए, प्रारक्षित नकदी निधि अनुपात को 11 जून से 6 अगस्त, 1994 तक तीन चरणों में 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया गया। क्योंकि विदेशी मुद्रा (अनिवासी) खाता (बैंक से) (एफ सी एन आर) (ब) स्कीम की सुविधा के अन्तर्गत कीमत लागत अन्तर बहुत अधिक था और स्थायी डालर-रुपया दर के अन्तर्गत अग्रवर्ती सुरक्षा-राशि प्रभार सामान्य था, प्रारक्षित मुद्रा की आवश्यकताओं से ऐसी जमा राशियों की पूर्णतः छूट देने का पुनर्मूल्यांकन करने की आवश्यकता थी। इसके अतिरिक्त, विदेशी मुद्रा अनिवासी खाता स्कीम को समाप्त करने से, अन्य अनिवासी जमा स्कीम के अन्तर्गत जमा की गयी राशियों में तदनुरूपी वृद्धि हुई जिससे समग्र प्रारक्षित नकदी निधि अनुपात में कमी हुई। इसे ध्यान में रखते हुए तथा मौद्रिक प्रवृत्तियों की समीक्षा करने पर, पहली बार इस स्कीम के अन्तर्गत देयताओं पर बैंकों द्वारा प्रारक्षित नकदी निधि अनुपात को 29 अक्तूबर, 1994 से शुरू होने वाले पखवाड़े से 7.5 प्रतिशत संधारित किए जाने की आवश्यकता थी। विदेशी मुद्रा अनिवासी खाता (ख) स्कीम के लिए प्रारक्षित नकदी निधि अनुपात को 7.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया गया तथा अनिवासी अप्रत्यावर्तनीय रुपया खाता (एन.आर.एन.आर.) स्कीम के लिए 21 जनवरी, 1995 को शुरू होने वाले पखवाड़े से 7.5 प्रतिशत के प्रारक्षित नकदी निधि अनुपात को पहली बार शुरू किया गया। इसके साथ ही, इन दोनों उपायों से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के 1155 करोड़ रुपए अग्र ग्राह्य संसाधनों को अवरुद्ध किए जाने की संभावना है। जिससे मुद्रा आपूर्ति वृद्धि पर सामान्य प्रभाव पड़ेगा।

सांविधिक नकदी अनुपात

27. केन्द्रीय सरकारी प्रतिभूतियों पर बाजार सम्बद्ध आय के प्रस्ताव ने ऐसी प्रतिभूतियों को वाणिज्यिक दृष्टिकोणों से भी पूंजी निवेश के लिए एक आकर्षक साधन बना दिया है। उनका शून्य जोखिम भार इसे पूंजी पर्याप्तता मानदण्डों के अन्तर्गत (जोखिम भारित परिसम्पत्ति अनुपात पद्धति के लिए पूंजी) पूंजीगत सहायता प्रदान किया जाना अनावश्यक बनाता है। इसलिए, सांविधिक नकदी अनुपात, जहां तक केन्द्रीय सरकार का संबंध है, अधिकतर अनावश्यक हो गई है। फिर भी, इस साधन पर राज्य सरकार की निर्भरता ने सांविधिक नकदी अनुपात को समाप्त करने के लिए सतर्क दृष्टिकोण अपनाया है। अब भी इसका लक्ष्य कुल सांविधिक नकदी अनुपात को कम करके वर्ष 1996-97 तक 25 प्रतिशत तक लाना है। वर्ष 1993-94 में वृद्धिकारी सांविधिक नकदी अनुपात (एस एल आर) को कम करके 25 प्रतिशत तक लाया गया था जिसे 30 सितम्बर, 1993 की स्थिति के अनुसार अपने स्तर पर निवल मांग और समय देयताओं (एन० डी० टी० एल०) में वृद्धि करने के लिये लागू किया गया और बकाया निवल मांग और समय देयताओं के लिए सांविधिक नकदी अनुपात को कम करके 34.75 प्रतिशत किया गया। वर्ष 1994-95 में, सांविधिक नकदी अनुपात में चरणबद्ध रूप से कमी करके 20 अगस्त 1994 को 34.25 प्रतिशत और 17 सितम्बर, 1994 से 33.75 प्रतिशत किया गया। अक्टूबर, 1994 में औसत और वृद्धिकारी सांविधिक नकदी अनुपात के आंकलन की प्रभावी तारीख को 17 सितम्बर, 1993 से बदल कर 30 सितम्बर, 1994 किया गया। इस तारीख को बकाया निवल मांग और समय देयताओं पर संधारित किये जाने वाले सांविधिक नकदी अनुपात को कम करके 31.50 प्रतिशत किया गया। क्योंकि बैंकों के पास सांविधिक नकदी अनुपात से अधिक सरकारी प्रतिभूतियां हैं (लगभग 29,804 करोड़ रुपये से अधिक की राशि), फिर भी सांविधिक नकदी अनुपात में इस गिरावट का बैंक की ऋण देने की संरचना पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। औसत सांविधिक नकदी अनुपात के मार्च 1992 में 37.4 प्रतिशत से घटकर मार्च, 1995 के अन्त तक 29.5 प्रतिशत तक हो जाने की सम्भावना है। अतः वित्तीय क्षेत्र सुधार के एक भाग के रूप में सांविधिक नकदी अनुपात को 1996-97 तक कम करके 25 प्रतिशत करने का कार्यक्रम जारी है।

वर्ष 1994-95 में मौद्रिक प्रवृतियां

मुद्रा आपूर्ति

28. वर्ष 1993-94 की दूसरी छमाही में अवलोकित मौद्रिक प्रवृत्तियां वर्ष 1994-95 में जारी रहीं। राजकोषीय वर्ष 1994-95 के दौरान एम 3 वृद्धि पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि में 14.6 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 20 जनवरी, 1995 तक 14.1 प्रतिशत तक पहुंच गयी। इसके फलस्वरूप एम 3 की वार्षिक वृद्धि पर इस तारीख तक 18.6 प्रतिशत तक पहुंच चुकी थी। इसी प्रकार, वित्तीय वर्ष के दौरान एम 1 वृद्धि से पिछले वर्ष में 14.8 प्रतिशत से बढ़कर 16.3 प्रतिशत हो गयी। एम 1 वृद्धि में वर्ष 1993-94 की दूसरी छमाही से आरम्भ हो कर निरन्तर तेजी से वृद्धि हो रही है। फिर भी, वार्षिक वृद्धि दर 29 अक्तूबर, 1994 को 28 प्रतिशत के शिखर तक पहुंच गयी प्रतीत होती है, जो इसके बाद स्थिर होते हुए 20 जनवरी, 1995 तक 22.8 प्रतिशत तक पहुंच गयी।

प्रारक्षित मुद्रा

29. पूर्ववर्ती वर्षों की भांति, मुद्रा वृद्धि की वार्षिक दरों और प्रारक्षित मुद्रा की वृद्धि के बीच घनिष्ठ सम्बन्ध है। तथापि, परिवर्तनीय विलम्बनों के कारण यह वित्तीय वर्ष की वृद्धि दर से तुलना करते हुए स्पष्ट नहीं है जो कि

इस वित्तीय वर्ष के दौरान मामूली कम था । प्रारक्षित मुद्रा वृद्धि 20 जनवरी, 1995 तक इस वित्तीय वर्ष में, पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि के दौरान 18.0 प्रतिशत की तुलना में, 14.2 प्रतिशत थी। फिर भी, प्रारक्षित मुद्रा वृद्धि में तेजी से बढ़ोतरी, एम 1 में तेजी से बढ़ोतरी होने के बहुत पहले वर्ष 1993-94 की दूसरी तिमाही के दौरान शुरू हुई। वार्षिक वृद्धि दर 24 जून, 1994 को 30.2 प्रतिशत के शिखर तक पहुंचने के बाद 20 जनवरी, 1995 को अभी भी 21.2 प्रतिशत चल रही है ।

30. वर्ष के दौरान प्रारक्षित मुद्रा वृद्धि के उत्प्रेरक बल में निरन्तर परिवर्तन होना जारी रहा और इसमें तेजी आई। प्रारक्षित मुद्रा वृद्धि भारतीय रिजर्व बैंक में निवल प्रारक्षित मुद्रा परिसम्पत्तियों के संचयन द्वारा स्पष्ट रूप से उत्प्रेरित हुई । इनमें पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि में 57.7 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 1994-95 (20 जनवरी, 1995 तक) के दौरान 34.0 प्रतिशत की पहले ही वृद्धि हो चुकी है । इसके परिणामस्वरूप, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निवल विदेशी मुद्रा परिसम्पत्तियों के संचयन ने (वित्तीय वर्ष के दौरान) प्रारक्षित मुद्रा की कुल वृद्धि का 88.7 प्रतिशत का अंशदान दिया । यह भी 20 जनवरी, 1995 को 93.0 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि में दर्शाया गया है । पिछले वर्ष के विपरीत प्रारक्षित मुद्रा में बकाया वृद्धि वाणिज्यिक और सहकारी बैंकों को भारतीय रिजर्व बैंक के निवल ऋण राशियों में वृद्धि से आई है । यह मुख्य रूप से बैंकों द्वारा निर्यात ऋण राशि के पुनर्वित्तपोषण को दर्शाता है । 20 जनवरी, 1995 की स्थिति के अनुसार, इसमें पिछले बारह महीनों में 25.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है ।

31. दूसरा महत्वपूर्ण संरचनात्मक परिवर्तन सरकार को दिये जाने वाले भारतीय रिजर्व बैंक के निवल ऋण में गत वर्ष की तदनुरूप अवधि में 7245 करोड़ रुपए की वृद्धि की तुलना में वर्ष 1994-95 के दौरान 3983 करोड़ रुपए तक की गिरावट आना थी। यह गिरावट इसलिये भी महत्वपूर्ण है क्योंकि छः महीनों की निरन्तर अवधि (जुलाई 29, 1994 से) के लिए नकारात्मक वार्षिक वृद्धि दर रही है। यह अपने राजकोषीय घाटे के वित्तपोषण के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा ली जाने वाली उधार राशियों की संरचना में परिवर्तन का द्योतक है, जो भारतीय रिजर्व बैंक से उधार लेने के बजाय बाजार से उधार लिया गया है । यह तथ्य भी है इन्हीं छः महीनों में बजट बचत भी थी। ऐसा कई दशकों से घटित नहीं हुआ है ।

ऋण

32. सरकारी उधार राशियों की संरचना में परिवर्तन केवल अस्थायी था जो सरकार के अन्य बैंकों में ऋण की तीव्र वृद्धि को दर्शाता है । मई, 1994 में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि के बाद वार्षिक वृद्धि में 20 जनवरी, 1945 तक 21.6 प्रतिशत की गिरावट आई। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान वृद्धि दर वर्ष 1993-94 की तदनुरूप अवधि में 21.7 प्रतिशत की तुलना में, 20 जनवरी, 1995 तक 15 प्रतिशत थी । इसमें वाणिज्यिक क्षेत्रों के लिए अन्य बैंकों के ऋण की वृद्धि भी जोड़ी गई है। चालू वित्तीय वर्ष में 13.9 प्रतिशत की वृद्धि दर पिछले वर्ष की 6.4 प्रतिशत की दुगुने से भी अधिक थी । परिणामस्वरुप, 20 जनवरी, 1995 तक वार्षिक वृद्धि दर 11.1 प्रतिशत की मुद्रा स्फीति की दर से अधिक हो गई, इस प्रकार यह इस क्षेत्र को दिए जाने वाले ऋणों में वास्तविक वृद्धि को दर्शाती है । अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा खाद्य-भिन्न ऋणों में भारी वृद्धि दर्शाई गई है । 20 जनवरी, 1995 तक चालू वित्तीय वर्ष के दौरान, इसमें पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि में 4.4 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में, 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी । वाणिज्यिक बैंकों को ऋण प्रदान किया जाना, समग्र मुद्रा संसाधन के सापेक्ष आम जनता के पास उपलब्ध धन में तेजी से वृद्धि सहित, कलैन्डर वर्ष 1994 के दौरान आर्थिक व्यवस्था के पुनः प्रवर्तन का संकेत करता है ।

बैंकिंग नीति और प्रवृत्तियां

क्रमबद्ध समस्याएं

प्रावधान और लाभ

33. अधिकतम बैंकों द्वारा सामना की जारी गैर-निष्पादित परिसम्पत्तियों की समस्या बनी रही । हमने अपने आपको अपनी गैर-निष्पादित परिसम्पत्तियों के प्रति बैंकों के खातों में प्रावधानों के रूप में व्यक्त किया । बैंकों को उस वर्ष बकाया गैर-निष्पादित परिसम्पत्तियों के प्रति कम से कम 30 प्रतिशत का प्रावधान करके 31 मार्च, 1993 को समाप्त वर्ष के लिये किये जाने वाले अपेक्षित प्रावधान को समाप्त करने की अनुमति दी गई और वर्ष में पता लगाई गई गैर-निष्पादित परिसम्पत्तियों के संबंध में अपेक्षित नए प्रावधान किये जाने सहित बकाया राशियों की व्यवस्था आगामी वित्तीय वर्ष में की जा सकती थी। इसलिये बैंकों की प्रावधान की जाने संबंधी आवश्यकताओं को वर्ष 1993-94 में और अधिक होने का अनुमान लगाया गया, और यह आशा की गई है कि अनेक बैंक निवल घाटों की सूचना देंगे । सारणी 3.4 में वर्ष 1992-93 तथा वर्ष 1993-94 में भारतीय स्टेट बैंक समूह और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए किये गये प्रावधानों सकल तथा निवल लाभों को दर्शाती है ।

1993-94 में केवल भारतीय स्टेट बैंक समूह ने, कम सकल लाभ होने के बावजूद, उच्च शुद्ध मुनाफा अर्जित किया ।

सारणी 3.4

वर्ष 1992-93 और 1993-94 में सार्वजनिक क्षेत्र के लाभ

(करोड़ रुपए)

	1992-93			1993-94		
	भारतीय स्टेट बैंक समूह	अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक	सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक	भारतीय स्टेट बैंक बैंक समूह	अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक	सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक
1	2	3	4	5	6	7
1. आय	13963	22126	36089	13909	34686	48595
2. व्यय, जिन में :	13683	25774	39457	13553	39111	52664
प्रावधान तथा आकस्मिक खर्चे	1984	4453	6437	1680	7832	9512
3. लाभ	280	--3648	—3368	357	—6889	--6532

कार्य परिणाम

34. 1992-93 तथा 1993-94 के लिए अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के कार्य परिणाम भारतीय स्टेट बैंक समूह एवं अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, निजी क्षेत्र के बैंकों तथा विदेशी बैंकों के लिये अलग अलग सारणी 3.5 में दिये गये हैं। 1993-94 में कार्यकारी निधियों के प्रतिशत के रूप में सभी श्रेणियों के बैंकों के व्यय (तथा विशेष रूप से ब्याज के खर्चे) में गिरावट आई। यद्यपि कार्यकारी निधियों के प्रतिशत के रूप में आय में कमी आई यह गिरावट व्यय के सम्बन्ध में ज्यादा उल्लेखनीय है। कार्यशील निधियों के प्रतिशत के रूप में भारतीय स्टेट बैंक समूह तथा निजी बैंकों के मुनाफों में सुधार हुआ, जबकि अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने ज्यादा प्रावधान करने की वजह से कार्यशील निधियों में ज्यादा प्रतिशत का घाटा उठाया।

विधिक संरचना

35. वित्तीय क्षेत्र के सुधारों ने यह आवश्यक कर दिया है कि बैंकों के काम करने के विधिक संरचना की समीक्षा की जाए। जैसाकि सामान्य आर्थिक प्रणाली के साथ होता है, बैंकों को विवादों को शीघ्रतापूर्वक, कुशलतापूर्वक एवं निष्पक्षतापूर्वक निपटाने के लिए विवेकसम्मत कानूनों तथा न्याय प्रदान करने वाली प्रणाली से युक्त एक अच्छी विधिक प्रणाली की आवश्यकता है। जिन कानूनों की समीक्षा किये जाने की आवश्यकता है वे हैं —परक्राम्य लिखित अधिनियम, संविदा अधिनियम, और प्रतिभूति संविदा अधिनियम, इलेक्ट्रोनिक निकासी व्यवस्था एवं जमा प्रणाली का गठन करने के लिये कम्पनी अधिनियम तथा परक्राम्य लिखित अधिनियम में भी परिवर्तनों की आवश्यकता है। सम्पत्ति हस्तांतरण अधिनियम, पंजीकरण एवं स्टाम्प कानून में भी उसी प्रकार के संशोधन की जरूरत पड़ सकती है। बकायों की वसूली के दावों से निपटने के लिए प्रयोज्य प्रक्रियाओं की समीक्षा की भी जरूरत है। कई मामलों में कानून के मूल ढांचे का निर्माण उप-निवेशीय कालों में हुआ तथा स्वतन्त्रता के बाद प्रौद्योगिकी संस्थाओं एवं बाजारों में दूरगामी परिवर्तनों के बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ है। जब तक आवश्यक आधार पर नहीं देखा जायेगा, विधिक प्रणाली में कमियां एवं विलम्ब उत्पादन तथा रोजगार की अभिवृद्धि को उनकी कार्यक्षमता से नीचे रख सकते हैं तथा मुनाफों में कमी ला सकते हैं जो आर्थिक सुधारों के कारण लोगों को प्राप्त होने चाहिये।

विनियामक दायित्व

36. वाणिज्यिक बैंकों को आन्तरिक नियंत्रण एवं मानीटरिंग प्रणालियों के तहत आवश्यक विवरण सहित भारतीय रिजर्व बैंक की भिन्न-भिन्न आवर्तिताओं की विभिन्न वैधानिक तथा नियन्त्रण विवरण भरने आवश्यक होते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक की एक "बैंकिग सांख्यिकी पर निर्देशन समिति" है जो यह सुनिश्चित करती है कि बैंकों पर न्यूनतम जोर देकर प्रमुख जानकारी एकत्र की जाए। इसके प्रयासों के फलस्वरूप विभिन्न वैधानिक विवरणों की आवर्तिताओं में कमी आई है तथा अनुलिपिकरण घटा है। इसी तरह, बैंक स्तर पर समीक्षा के माध्यम से आन्तरिक नियंत्रण एवं मानीटरिंग विवरणों की संख्या में कमी लाई गई है। तथापि, विवरणियों की कुल संख्या अब भी कुछ बैंकों में 100 तक है। इतनी भारी संख्या में विवरणियों के भरने में समय तथा लागत दोनों समाविष्ट हैं। यद्यपि विनियामक प्राधिकारियों को सूचित करना तथा उनके द्वारा मानीटरिंग करना, बैंकिग प्रणाली की सुचारू व्यवस्था के लिए आवश्यक है, विनियमों की लागत का भी ध्यान रखा जाना चाहिये। मानीटरिंग की सामाजिक लागत प्रभावकारिता बढ़ाने के लिये इन विवरणियों का और सरलीकरण एवं एकीकरण आवश्यक है। बैंकों की आन्तरिक रिपोर्टों को भी जानकारी के अनुकूल बनाना चाहिये जिससे विश्लेषण, मानीटरिंग एवं निष्पादन मूल्यांकन की प्रभावकारिता बढ़े ताकि प्रबन्धकों का ध्यान लागत घटाने, ऋण निष्पादन तथा बढ़ी हुई लाभकारिता पर केन्द्रित हो सके। इसमें बैंक के भिन्न भिन्न संगठनात्मक श्रेणियों में प्रौद्योगिकी के विस्तृत एवं गहन यन्त्रीकरण तथा उन्नयन की आवश्यकता पड़ सकती है।

प्रणाली सुधार

बैंकों का पुनर्पूंजीकरण

37. सरकार ने 1994-95 के बजट में कम लाभकारी राष्ट्रीयकृत बैंकों के पुनर्पूंजीकरण हेतु 5,600 करोड़ रुपये अलग से रखे हैं। 1993-94 के बजट में पुनर्पूंजीकरण के लिए 5700 करोड़ रुपये के आवंटन इस शर्त पर दिये गये कि प्राप्तकर्ता बैंक पुन-संरचनाकारी योजनाएं तैयार करेंगे। प्राप्तकर्ताओं को 2–3 वर्षों की अवधि में व्यवहार्य हो जाना था ताकि पुनर्पूंजीकरण एक निरन्तर जारी रखने लायक परिचालन होता। बैंकों द्वारा प्राप्त धन का 10 प्रतिशत पुनर्पूंजीकरण बाण्ड 2006 में निवेश करना था जिससे वार्षिक ब्याज की आय होगी और मूलधन का क्रमिक परिशोधन होगा। इन बाण्डों को भी अब हस्तांतरणीय बना दिया गया है।

निवेश

38. खोई हुई परिसम्पत्तियों के संबंध में बैंकों को तत्काल 100 प्रतिशत प्रावधान करना होगा। मानदण्ड से नीचे तथा 25000 रुपए और उससे ऊपर के संदिग्ध अग्रिमों के लिए, उन्हें मार्च, 1994 के अन्त तक व्यवस्था पूरी करनी थी। ऐसे अग्रिमों के लिये जिनमें शेष 25,000 रुपए से नीचे था प्रावधान का प्रतिशत 2.5 प्रतिशत से बढ़ाकर (31 मार्च, 1993) 31 मार्च, 1994 को कुल बकाया राशि का 5 प्रतिशत कर दिया गया। इस श्रेणी में निष्पादन भिन्न परिसम्पत्तियों के अनुपात तथा पर्याप्त प्रावधान की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रतिशतता बढ़ाकर 31 मार्च, 1995 को समाप्त वर्ष के लिये कुल बकाया राशि का 7.5 प्रतिशत कर दिया गया। 31 मार्च, 1996 को समाप्त हो रहे वर्ष के लिये यह और बढ़कर 10 प्रतिशत हो जायेगा। (बैंकों को पूंजी संरचना पर बाक्स 3.5 का भी अवलोकन करें)।

विशेष ऋण वसूली अधिकरण

39. पिछले वित्तीय वर्ष में "बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं को देय ऋणों की वसूली अधिनियम, 1993" के पारित होने से वसूली मामलों के छः माह के भीतर शीघ्र निपटारे का मार्ग प्रशस्त हो या। यह अधिनियम किसी बैंक, वित्तीय संस्थाओं या बैंक संघों को देय 10 लाख रुपये से अधिक की ऋण राशियों अथवा भारत सरकार द्वारा अधिसूचित 1 लाख रुपए से अधिक की ऐसी अन्य ऋण राशियों पर लागू होती है। इसमें निर्णीत ऋण राशियों का अधित्याग करने या घटाने की शक्तियों से युक्त एक अपीलीय अधिकरण की भी व्यवस्था है। कोई अपील दायर करने से पूर्व अपीलकर्ता को ऋण राशि का 75 प्रतिशत जमा कराना होगा। पांच अधिकरणों ने कलकत्ता, दिल्ली, जयपुर, अहमदाबाद और बंगलौर में काम करना शुरू कर दिया है। तथापि, दिल्ली उच्च न्यायालय ने इसके बाद इन अधिकरणों पर स्थगन आदेश पारित कर दिया है। बम्बई में भी एक अपीलीय अधिकरण स्थापित किया गया है।

वित्तीय पर्यवेक्षण हेतु बोर्ड

40. भारतीय रिजर्व बैंक ने इसके गवर्नर श्री सी० रंगराजन की अध्यक्षता में वित्तीय पर्यवेक्षण हेतु बोर्ड का गठन किया है। दो वर्ष की अवधि के साथ इसने 16 नवम्बर, 1994 से कार्य करना शुरू कर दिया। बोर्ड में एक उप-सभापति (भारतीय रिजर्व बैंक का एक डिप्टी गवर्नर) तथा छः सदस्य शामिल है, जिनमें से दो डिप्टी गवर्नर हैं, जबकि अन्य चार भी भारतीय रिजर्व बैंक के केन्द्रीय निदेशक बोर्ड के सदस्य हैं। यह बोर्ड समस्त वित्तीय प्रणाली पर पर्यवेक्षण और चौकसी मजबूत करने तथा पर्यवेक्षीय नीति एवं कार्यकुशलता पर अत्यधिक ध्यान केन्द्रित करने के लिए काम करेगा। यह वाणिज्यिक बैंकों, वित्तीय संस्थाओं, गैर-बैंकिंग वित्तीय अन्तर्मध्यस्थों तथा अन्य बैंकिंग-तुल्य वित्तीय संस्थाओं पर एकीकृत पर्यवेक्षण एवं चौकसी बरतेगा। बोर्ड के लिए, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति ई० एस० वेंकटरमैया की अध्यक्षता में दो वर्ष की अवधि के लिए ही एक सलाहकार परिषद् का गठन किया गया है। पिछले वित्तीय वर्ष में ही बोर्ड की सेवा के लिए भारतीय रिजर्व बैंक में एक नये विभाग अर्थात् पर्यवेक्षण विभाग का सृजन किया गया।

पूंजी बाजार की सुलभता

41. "बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अधिग्रहण तथा हस्तांतरण) अधिनियम 1970/1980" ने राष्ट्रीयकृत बैंकों को सार्वजनिक निर्गमों द्वारा पूंजी निधियों के लिए बाजार की सुलभता के योग्य बनाया गया है। यह इस उपबन्ध की शर्त के तहत है कि केन्द्र सरकार की भागीदारी चुकता पूंजी के 51 प्रतिशत से नीचे नहीं जायेगी। दी ओरिएण्टल बैंक आफ कामर्स पूंजी बाजार में जाने वाला पहला राष्ट्रीयकृत बैंक था। इसने सार्वजनिक निर्गम के जरिये लगभग 360 करोड़ रुपए उगाहे हैं। अन्य मुनाफा वाले राष्ट्रीयकृत बैंक भी निकट भविष्य में पूंजी बाजार में पहुंचने की योजना बना रहे हैं।

अदायगी न करने वाले कर्जदारों की सूची

42. अप्रैल, 1994 में, भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं के अदायगी न करने वाले कर्जदारों के नाम प्रकाशित करने हेतु एक स्कीम की घोषणा की। यह प्रत्येक वर्ष के 31 मार्च तथा 30 सितम्बर को 1 करोड़ रुपए और उससे अधिक के कुल बकाया वाले कर्जदारों के मामलों में लागू होती है। बड़े बाकीदारों के बारे में नामों की सूची बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं को सावधान करने के लिए परिचालित की जाएगी। इस स्कीम से कर्जदारों के बीच अनुशासन तथा ऋण वसूली के लिए वातावरण में सुधार की आशा है। तत्पश्चात् प्रथम सूची परिचालित कर दी गई है। रिजर्व बैंक ने भी उधार से संबंधित उन खातों की एक सूची प्रकाशित की है जिनके खिलाफ निधियों की वसूली के लिए बैंकों ने मुकदमे दायर किये हैं।

बाक्स 3.5

पूंजी पर्याप्तता तथा श्रेणी I और श्रेणी II पूंजी

बैंकों को जोखिमयुक्त परिसम्पत्तियों एवं अन्य पहलुओं के योग पर निर्धारित अनुपात के समकक्ष अक्षुण्ण न्यूनतम पूंजी निधियां बनाए रखना आवश्यक है। भारतीय अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के लिए बासले समिति की अनुशंसाओं के आधार पर, जो बैंकों के लिए पूंजी की दो श्रेणियां विहित करती है, एक नई पूंजी संरचना की शुरुआत की गई है :—

(क) श्रेणी I अथवा मुख्य पूंजी (सबसे अधिक स्थायी तथा अप्रत्याशित नुकसानों पर तुरन्त उपलब्ध सहायता) में चुकता पूंजी, सांविधिक प्रारक्षित निधियां शेयर प्रीमियम आरक्षित पूंजी) परिसम्पत्तियों की बिक्री अधिशेष पर तथा केवल अलग खाते में रखे अधिभार का प्रतिनिधित्व करते हुए तथा अन्य प्रकाशित मुक्त आरक्षित निधियां (यदि कोई हों)—सहायक कम्पनियों में इक्विटी निवेशों, अमूर्त परिसम्पत्तियों, चालू अवधि में हुए नुकसानों तथा पिछली अवधियों से अग्रेषित किए गये नुकसानों तथा

(ख) श्रेणी II की पूंजी को घटाकर जिसके अन्तर्गत—

(i) अप्रकाशित प्रारक्षित निधियां तथा पूर्ण चुकता संचयी स्थायी तरजीही शेयर,

(ii) परिसम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन से उद्भूत पुनर्मूल्यांकन प्रारक्षित निधियां जिन्हें बैंक की किताबों में कम आंका गया है (जिसे बैंक परिसर एवं विपणन योग्य प्रतिभूतियां)।

(iii) सामान्य प्रावधान एवं प्रारक्षित निधियों में नुकसान, जिसके कारण मूल्य में कमी अथवा किसी विशिष्ट परिसम्पत्ति में पहचान योग्य सम्भावित हानि न हो, तथा जो अप्रत्याशित नुकसानों को पूरा कर सकें।

(iv) मिश्र ऋण पूंजी लिखतें जो इक्विटी एवं ऋण सम्मिलित हों, तथा

(v) अधीनस्थ ऋण जो पूरी तरह चुकता कर दिया गया हो, अप्राप्त हो, अन्य ऋणदाताओं के दावों के अधीन लाया गया हो, प्रतिबंधात्मक धाराओं से मुक्त हो तथा धारक की पहल पर अथवा बैंकों के पर्यवेक्षी प्राधिकारी की सहमति के बिना प्रति देय न हो। यदि अधीनस्थ ऋण पर कोई मियादी परिपक्वता हो तो यह उत्तरोतर छूट के अधीन होना चाहिए तथा प्रारम्भिक परिपक्वता पांच वर्षों से कम की नहीं होनी चाहिए। श्रेणी II की पूंजी श्रेणी I की पूंजी के 100 प्रतिशत से अधिक तथा अधीनस्थ ऋण लिखत श्रेणी II की पूंजी के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। श्रेणी II की पूंजी में समाहित करने हेतु पुनर्मूल्यांकन प्रारक्षित निधि पर 55 प्रतिशत की छूट दी जानी चाहिए। सामान्य प्रावधान/प्रारक्षित निधि में हानि कुल अनुमानित जोखिम परिसम्पत्तियों के 1.25 प्रतिशत से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

विनियंत्रण तथा प्रतिस्पर्धा

ब्याज-दर संरचना

43. 18 अक्टूबर, 1994 से प्रभावी 2 लाख रुपए से अधिक की ऋण सीमाओं के लिए न्यूनतम उधार दर निर्धारण का उन्मूलन कर दिया गया है और बैंकों को ऐसी ऋण सीमाओं के लिए उधार दर नियत करने की छूट प्रदान कर दी गई है। बैंकों को, मुख्य उधार दर हेतु जो 2 लाख रुपए से ऊपर की ऋण सीमाओं के लिए उनके द्वारा ली जाने वाली न्यूनतम दर है, अपने संबंधित बोर्डों का अनुमोदन प्राप्त करने की आवश्यकता है। हर बैंक को अपनी मुख्य उधार दर की घोषणा करनी होती है तथा उसकी सभी शाखाओं में इसे एकरूपता से लागू किया जाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त 25,000 रुपये से ऊपर तथा 2 लाख रुपये तक की सीमाओं के लिए सावधिक ऋणों सहित सभी अग्रिमों के लिए ब्याज की दर घटाकर 13.5 प्रतिशत प्रति वर्ष कर दी गई है। 25,000 रुपए तक की सीमाओं के लिये ब्याज दर 12.0 प्रतिशत तक प्रति वर्ष अपरिवर्तित रही। इस श्रेणी में प्रभारित दर से एक प्रतिशत बिन्दु कम पर 2 लाख से ऊपर की श्रेणी में कर्जदारों की हुण्डियों की छूट पर प्रभावी ब्याज दर की शर्त वापस ले ली गयी है। बैंकों को (क) चयनात्मक ऋण नियन्त्रण के दायरे में आने वाली वस्तुओं (ख) पोत लदान की तारीख से छः माह से अधिक पोत लदान-उपरान्त ऋण तथा (ग) अन्यथा

सारणी 3.5

1992-93 तथा 1993-94 के अनुसूचित वणिज्यिक बैंकों के कार्य परिणाम

	भारतीय स्टेट बैंक समूह		अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक		निजी क्षेत्र के बैंक		विदेशी बैंक		सभी बैंक	
	1992-93	1993-94	1992-93	1993-94	1992-93	1993-94	1992-93	1993-94	1992-93	1993-94
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
										(करोड़ रुपए)
					करोड़ रुपये					
क. आय	13963	13909	22126	34686	1879	2353	4009	4086	41977	41125
(i) ब्याज	12166	11901	19945	30188	1677	2051	3700	3841	37489	35581
(ii) अन्य आय	1797	2008	2181	4499	202	302	309	744	4489	5544
ख. व्यय	13683	13553	25774	39111	1879	2203	4851	3511	46127	44825
(i) ब्याज	8416	8119	15696	21923	1154	1354	2570	1939	27836	25216
(ii) अन्य कार्य संबंधी व्यय	3283	3754	5625	9356	482	564	858	885	10148	10804
(iii) प्रावधान और आकस्मिक खर्च	1984	1680	4403	7832	183	285	1423	667	8043	8805
ग. लाभ	280	357	3648	6589	60	153	842	1092	4150	5287
घ. कार्यशील निधियां	124567	140917	211614	353474	17883	22976	31678	33418	385742	550785
					ख. कार्यशील निधियों का प्रतिशत					
क. आय	11.2	9.9	10.5	9.8	10.5	10.2	12.7	12.2	10.9	7.5
(i) ब्याज से आय	9.8	8.4	9.4	8.5	9.4	8.9	11.7	11.5	9.7	6.5
(ii) अन्य आय	1.4	1.4	1.0	1.3	1.1	1.3	1.0	2.2	1.2	1.0
ख. व्यय	11.0	9.6	12.2	11.1	10.2	9.6	15.3	10.5	12.0	8.1
(i) ब्याज खर्च	6.8	5.8	7.4	6.2	6.5	5.9	8.1	5.8	7.2	4.6
(ii) अन्य कार्य संबंधी खर्च	2.6	2.7	2.7	2.6	2.3	2.5	2.7	2.6	2.7	2.0
(iii) प्रावधान और आकस्मिक खर्च	1.6	1.2	2.1	2.2	1.0	1.2	4.5	2.1	2.1	1.6
ग. लाभ	0.2	0.3	1.7	1.9	0.3	0.7	2.7	3.3	1.1	--1.0

विनिर्दिष्ट न किये गये निर्यात ऋण के लिये उधार दरें निर्धारित करने की छूट भी प्रदान की गई है ।

44. बैंकों द्वारा मध्यस्थ अभिकरणों को निवेश समर्थन प्रदान करने वाले अन्तिम लाभग्राहियों एवं अभिकरणों को उधार देने हेतु मंजूर किये गये वित्त पर, 20 मई, 1994 से प्रभावी निम्न लिखित ब्याज दर लागू की गई :—

(1) तीन वर्ष और उससे ऊपर के सावधिक ऋणों के लिए 12.5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की नियत दर और

(2) अन्य सभी अग्रिमों के लिए 13.5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की नियत दर I

निजी क्षेत्र के बैंक

45. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी नये मार्गदर्शी नियमों के अधीन, भारतीय यूनिट ट्रस्ट बैंक निजी क्षेत्र में स्थापित किया जाने वाला पहला बैंक हुआ । इसके बाद पांच और निजी बैंक आये । निजी क्षेत्र में बैंक स्थापित करने के लिए छः और प्रस्तावों को सिद्धान्त रूप में भारतीय रिजर्व बैंक का अनुमोदन मिल गया है ।

विदेशी मुद्रा के रूप में लदान-पूर्व ऋण

46. लदान-पूर्व ऋण स्कीम के अन्तर्गत केवल रत्नों और जवाहारातों के निर्यातकों को ही चालू खाता (रनिंग एकाउन्ट) सुविधा प्राप्त थी । चालू वित्तीय वर्ष में यह सुविधा सभी वस्तुओं के संबंध में प्रदान कर दी गई है बशर्ते कि निर्यातकों का निष्पादन रिकार्ड अच्छा रहा हो।

उप-पूर्तिकारों हेतु निर्यात ऋण सुविधा

47. निवल बैंक ऋण बकाया के 10 प्रतिशत के लक्ष्य के विपरीत, जिसे बैंकों को निर्यात ऋण के क्षेत्र में पूरा करना होता है, जून 1994 के अंत में कुल बकाया निर्यात ऋण 12.1 प्रतिशत (19,200 करोड़ रुपये) था। बैंकों

को लदान-पूर्व अनुज्ञेय कुल निर्यात ऋण के भीतर निर्यात आदेशों के उप-पूतिकारों को लदान-पूर्व ऋण प्रदान करने की अनुमति देकर निर्यात ऋण की व्यवहार्यता को और सरल बना दिया गया। यह निर्यात प्रयत्नों को उद्देश्यपूर्ण समर्थन प्रदान करेगा।

जमा राशियों पर ब्याज दर

48. 16 मई, 1994 से प्रभावी अनिवासी (बाह्य) रुपया खाते (एन० आर० ई० एकाउन्ट्स) स्कीम के अन्तर्गत अधिकतम सावधि जमा दर "11 प्रतिशत प्रतिवर्ष से अनधिक" से "10 प्रतिशत प्रतिवर्ष से अनधिक" तक एक प्रतिशत बिन्दु तक घटा दी गई, जिससे घरेलू सावधि जमा दरों के साथ उन खातों पर जमा दरों में समन्वय लाया जा सके। पुनः इस स्कीम के अन्तर्गत सावधि जमा की न्यूनतम परिपक्वता 46 दिन से बढ़ाकर 6 माह कर दी गई। वर्ष के उत्तरार्द्ध में एन० आर० ई० खाता स्कीम के अन्तर्गत बचत जमा पर ब्याज दर 1 नवम्बर, 1994 से घटाकर 4.5 प्रतिशत कर दी गई। इस स्कीम के अन्तर्गत सावधि जमा दर भी "10 प्रतिशत प्रतिवर्ष से अनधिक" से घटाकर 18 अक्टूबर, 1994 से "8 प्रतिशत प्रतिवर्ष से अनधिक" कर दी गई। (सारणी 3.6)

49. 1 नवम्बर, 1994 से प्रभावी घरेलू बचत जमा राशियों पर ब्याज दर घटाकर 5.0 प्रतिशत प्रतिवर्ष से

सारणी 3.6

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की चयनित ब्याज दरें

(प्रतिशत प्रतिवर्ष)

	दरें जैसी कि	
	1 मार्च, 1993 को	18 अक्तूबर, 1994 को
1	2	3
क. घरेलू जमाराशियां		
(i) घरेलू बचत जमाराशियां	5.00	4.50
(ii) घरेलू सावधि जमाराशियां	11.00	11.00
ख. अनिवासी (बाह्य) रुपया खाते	से अधिक नहीं	इससे अधिक नहीं
(i) बचत जमाराशियां	6.00	4.50
(ii) सावधि जमाराशियां	13.00	8.00
1. निर्यात ऋण (रुपया)		
(i) 90 दिनों तक प्राप्ति योग्य शुल्क में कमी पर ऋण	0.00	0.00
(ii) 180 दिनों तक लदान-पूर्व ऋण	13.00	13.00
(iii) लदान पश्चात ऋण		
(क) मांग-बिल	13.00	13.00
(ख) मुद्दती बिल (46–90 दिन)	13.00	13.00
(iv) सरकारी प्रोत्साहनों पर ऋण (90 दिनों तक)	13.00	13.00
(v) लदान-पूर्व ऋण (181–270 दिन)	15.00	15.00
(vi) लदान-पश्चात ऋण		
(क) मुद्दती बिल (91–180 दिन)	17.00	15.00
(ख) लदान की तारीख से 6 माह से ऊपर	22.00	मुक्त
(vii) अन्य सभी निर्यात ऋण जो सूचीबद्ध नहीं है (न्यूनतम)	17.00	मुक्त
2. लदान-पश्चात निर्यात ऋण (अमरीकी डालर) (एफ०ई०डी०ए०आई० द्वारा विनिर्दिष्ट मार्गस्थ अवधि के लिए मांग बिल तथा एफ०ई०डी०ए०आई० द्वारा विनिर्दिष्ट मुद्दती अवधि सहित सम्पूर्ण अवधि के लिए मुद्दती बिल एवं लदान की तारीख से छः महीने तक की रियायती अवधि)	6.50	6.50
ग. डी०आर०आई. अग्रिम	4.50	4.50

ये दरें ब्याज कर को छोड़कर है, प्रभावी 1 अक्तूबर, 1991 निर्यात ऋण 1 अप्रैल, 1993 से ब्याज कर-मुक्त है।

एन०आई०ई० सावधि जमाराशियों पर देय अधिकतम ब्याज दर घटाकर 8 अप्रैल, 1993 से 12 प्रतिशत, 12 अक्तूबर, 1993 से 11 प्रतिशत तथा पुनः 16 मई, 1994 से 10 प्रतिशत कर दी गई।

2 सितम्बर, 1993 से सभी श्रेणियों के कर्जदारों के लिए कार्यशील पूंजी और सावधि ऋण दोनों के लिए उधार दरों का ढांचा वैसे ही है।

4.5 प्रतिशत प्रतिवर्ष 0.5 प्रतिशत बिन्दु तक कम कर दी गई क्योंकि बचत जमा खातों के एक भारी हिस्से का उपयोग अनिवार्यतः चालू खातों के रूप में किया जाता है, और इसलिये बचत जमा दर को ऐसे खातों का स्वरूप ही प्रतिबिम्बित करना बेहतर था। मुद्रा बाजार के संसाधनों और भारतीय रिजर्व बैंक पर बैंकों की निर्भरता कम करने तथा परिसम्पत्ति कर देयता सन्तुलन को और दृढ़ करने तथा सावधिक जमा दरों का आकर्षण सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने घरेलू सावधिक जमा पर दिनांक 10 फरवरी 1995 से प्रभावी ब्याज की अधिकतम दर एक प्रतिशत अंक ऊपर की तरफ संशोधित करके 11.0 प्रतिशत वार्षिक से अनधिक कर दिया है। तथापि 18 अक्टूबर, 1994 से प्रभावी रिजर्व बैंक द्वारा विहित घरेलू तथा अनिवासी भारतीय सावधि जमा राशियों पर भी अग्रिमों के लिए 25 प्रतिशत तक की राशि की आवश्यकता वापस ले ली गई और बैंकों को अलग-अलग मामलों के आधार पर अतिरिक्त राशि के निर्धारण की छूट प्रदान कर दी गई।

शेयर और डिबेंचरों में निवेश

50. बैंकों द्वारा हामीदारी वचनबद्धता से पैदा हुई सुपुर्दगी सहित निगम निकायों के शेयरों और डिबेंचरों की प्राप्ति पिछले वर्ष की बढ़ी जमा राशियों के 5 प्रतिशत तक सीमित है। कारपोरेट शेयरों में निवेश के लिये 1.5 प्रतिशत की उप-सीमा (सब-सीलिंग) भी थी। तथापि, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के बाण्डों पर कोई सीमा (सीलिंग) नहीं है। वर्ष के दौरान, 1.5 प्रतिशत की उप-सीमा का उन्मूलन कर दिया गया। बैंकों को 5 प्रतिशत की दूरी सीलिंग के भीतर शेयर (सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम इक्विटी सहित) या डिबेंचर रखने की छूट दे दी गई। अखिल भारतीय वित्त संस्थाओं द्वारा जारी इक्विटी/बाण्डों में बैंकों द्वारा निवेश, निगम निकायों के शेयरों और डिबेंचरों में निवेशों के लिए विहित 5 प्रतिशत की उपर्युक्त उच्च सीमा के अतिरिक्त होगा।

सावधि ऋणों पर उच्चतम सीमा का उन्मूलन

51. बैंकों में उपलब्ध उधार योग्य संसाधनों तथा सावधि वित्त में बैंकिंग प्रणाली की उच्चतर भागीदारी की आवश्यकता को देखते हुए सावधि वित्त/ऋण, पर उच्चतम सीमा जो प्रत्येक बैंक के लिये 50 करोड़ रुपये निर्धारित की गई थी, समाप्त कर दी गई। बैंक अब एक-एक करके विवेकपूर्ण खुले मापदण्डों के अनुपालन के अधीन सावधि वित्त/ऋण की मंजूरी दे सकते हैं। साथ-साथ बैंकिंग प्रणाली के सावधि वित्त/ऋण प्रकटन पर उच्चतम सीमा 200 करोड़ रु० से बढ़ा कर 500 करोड़ रु० कर दी गई।

आधारभूत ढांचे के लिए बैंक वित्त

52. आधारभूत ढांचे के विकास के महत्व तथा भारी पूंजी के परिव्ययों वाली ऐसी परियोजनाओं में निधियों की आवश्यकता को देखते हुए, बैंकों को निश्चित शर्तों के अधीन, निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को आधारभूत परियोजनाओं के सृजन/विस्तार/आधुनिकीकरण के लिये, सावधि वित्त/ऋण प्रदान करने की अनुमति दे दी गई।

गृह निर्माण ऋण

53. भारतीय रिजर्व बैंक ने शहरों में व्यक्ति विशेष को दिये जाने वाले गृह-निर्माण ऋणों पर उच्चतम सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दी है। बैंकों द्वारा मान्यता प्राप्त गृह निर्माण वित्तपोषण संस्थाओं के बाण्डों में किये जाने वाले निवेश के हिस्से पर भी उच्चतम सीमा 40 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दी गई है। इससे गृह निर्माण में ऋण-प्रवाह बढ़ेगा तथा गृह-निर्माण स्टॉक की मांग एवं आपूर्ति के बीच की दूरी खत्म करने में मदद मिलेगी।

अतिरिक्त राशि (मार्जिन) की अपेक्षा

54. भारतीय रिजर्व बैंक की सावधि जमा राशियों पर ऋणों एवं अग्रिमों पर 25 प्रतिशत की राशि की अपेक्षा संबंधी शर्तों को हटा दिया गया। हर बैंक को अपनी स्वयं की राशि (मार्जिन) निर्धारित करने की छूट दे दी गई।

चयनात्मक ऋण नियंत्रण

55. आपूर्ति की अल्पकालिक तटस्थता सहित सघन अर्थ-व्यवस्था में मुद्रास्फीति नियंत्रण में चयनात्मक ऋण नियन्त्रण की एक भूमिका होती है। लागत में वृद्धि करके तथा स्टॉक एकत्रीकरण के लिये ऋण की उपलब्धता को घटाकर मुद्रास्फीति संबंधी, प्रत्याशाओं की वृद्धि को संयत किया जा सकता है। उपयुक्त टैरिफ के साथ-साथ आयातों पर से लाइसेंस हटाना, तथापि, ज्यादा प्रभावकारी और ज्यादा फलोत्पादक हो सकता है क्योंकि इससे आपूर्ति में वृद्धि होती है। 1994-95 के दौरान कीमतों और उत्पादन की वृद्धि से 16 मई, 1994 से कई सामानों पर चयनात्मक ऋण नियंत्रण में कठोरता आई। दालों, तिलहनों, एवं खाद्य तेलों और रूई तथा कपास के लिए बैंक अग्रिमों पर न्यूनतम मार्जिन 15 प्रतिशत बिन्दु तक बढ़ा दिया गया। अक्तूबर, 1993 को समाप्त हो रही तीन वर्ष की अवधि के दौरान उन पर ऋण संबंधी उच्चतर सीमा 100 प्रतिशत से घटाकर 85 प्रतिशत के शिखर स्तर पर कर दी गई (किसी पार्टी को दिये गये ऋण का)। राज्य स्तर की सहकारी संस्थाओं को दिये गये जाने वाले बैंक अग्रिमों के लिये 10 प्रतिशत की रियायती मार्जिन को सरकारी गारण्टी सहित 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया।

56. निर्गम-मूल्य स्थिति की अर्धवार्षिक सीमा से यह प्रदर्शित हुआ कि भरी-पूरी खरीफ फसल की सम्भावनाओं से धान/चावल की कीमत की स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार हुआ । अतः धान/चावल पर बैंक अग्रिमों पर चयनात्मक ऋण नियन्त्रण हटा दिया गया । रूई/कपास के उत्पादन मूल्य प्रवृत्तियों में भी कुछ सुधार हुआ। अतः इन वस्तुओं के लिए बैंक अग्रिमों पर न्यूनतम मार्जिन 15 प्रतिशत बिन्दु तक घटा दिया गया तथा अक्टूबर, 1993 को समाप्त हो रहे तीन वर्ष के दौरान ऋण संबंधी उच्चतम सीमा 85 प्रतिशत से बढ़ाकर हर कर्जदार के ऋण के चोटी स्तर का 100 प्रतिशत कर दिया गया । तथापि 27 दिसम्बर, 1994 से रूई और कपास के भण्डार पर (अन्य कताई मिलों सहित रूई मिलों से भिन्न) तथा मालगोदाम प्राप्तियों के प्रति बैंक अग्रिमों पर न्यूनतम मार्जिन उनके उत्पादन मूल्य रुझानों की पुनः समीक्षा करने के बाद 15 प्रतिशत बिन्दु तक बढ़ा दिया गया (सारणी 3.7 तथा सारांश हेतु बाक्स 3.6 का अवलोकन करें) ।

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम

57. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का कार्य-निष्पादन लक्ष्य से थोड़ा नीचे रहा है । यह अंशतः 1990 की कृषि कर्ज राहत स्कीम के तहत कृषि संबंधी कर्जों को बट्टे खाते डालने के कारण है और अंशतः विभिन्न कारणों से जैसे कि दूषित वसूली वातावरण तथा असन्तोषप्रद वसूली निष्पादन अपेक्षित आधारभूत ढांचा की कमी और राज्य सरकार की संबंधित विकास अभिकरणों से अपर्याप्त समर्थन एवं सहयोग तथा आय के साधनों का पता लगाने, परिसम्पत्तियों से संबंधित विवेकपूर्ण मानदण्डों की शुरूआत के कारण उच्च जोखिम वाले कर्जदारों को बैंकों द्वारा उधार देने में हिचकिचाना या संकोच करना।

58. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों के क्षेत्र में कुछ परिवर्तन लाए गये हैं । कृषि को दिये जाने वाले प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष अग्रिमों को अब 18 प्रतिशत के कृषि संबंधी उपलक्ष्य को पूरा करने के लिये मिलाया जा सकता है ।

सारणी 3.7

बैंक अग्रिमों पर चयनात्मक ऋण नियंत्रण

(27 दिसम्बर, 1994 से प्रभावी)

(प्रतिशत)

	न्यूनतम सीमांत राशियां			
	मिलें/संसाधक	अन्य	मालगोदाम प्राप्तियां	ऋण की अधिकतम सीमा नवम्बर, 1991- अक्तूबर, 1992
1	2	3	4	5
1. दालें	60	75	60	85
2. अन्य खाद्यान्न (धान/चावल, गेहूं और दालों से भिन्न)	45	60	45	100
3. तेलहनें (अर्थात् मूंगफली, तोरिया/सरसों, बिनौला, अलसी अरण्डी तथा सभी आयातित तेलहनें)	60	75	60	85
4. वनस्पति तेल (अर्थात् मूंगफली का तेल, तोरिया/सरसों का तेल, बिनौला-तेल, अरण्डी-तेल वनस्पति तथा सभी आयातित तेल)	60[1]	75	60	85
5. चीनी				
(क) संकटरोधक	0	—	—	—
(ख) जारी न किया गया स्टाक	20	—	—	—
(ग) जारी किया गया	75	75[3]	60	—
6. गुड़ और खांडसारी	45	75	60	—
7. रूई और कपास	2	60	45	100[4]

1 पंजीकृत तेल मिलों वनस्पति विनिर्माताओं के संबंध में प्रोज्य

—लागू नहीं

2 शर्तों से मुक्त

3 कताई मिलों सहित कॉटन मिलों से भिन्न के संबंध में लागू—

4 27 मई से नवम्बर 1994 के अन्त तक 8 सप्ताहों से अनधिक समयावधि के लिए नकद आधार पर आयातित चीनी के अग्रिम भण्डार के लिए 25 प्रतिशत की रियायती न्यूनतम सीमा उपलब्ध थी।

बाक्स 3.6

मौद्रिक नीति तथा ऋण नियन्त्रण उपाय 1994-95

* जून तथा अगस्त, 1994 के बीच आरक्षित नकदी अनुपात तीन चरणों में बढ़कर 14 से 15 प्रतिशत हो गया ।

* विदेशी मुद्रा अनिवासी खाते स्कीम (बैंक) पर 15 प्रतिशत आरक्षित नकदी अनुपात दो चरणों में प्रारम्भ किया गया तथा अनिवासी अप्रत्यावर्तनीय रुपया जमा (एन०आर०एन०आर०) स्कीम पर 7.5 प्रतिशत आरक्षित नकदी अनुपात लागू किया गया ।

* निर्यात ऋण (रुपया) पुनर्वित्त सीमाओं के निर्धारण का आधार, एक वर्ष आगे बढ़ा तथा अमरीकी डालर मुद्रा मूल्य वर्ग की लदान-पश्चात ऋण के लिए पात्रता प्रतिशत 90 प्रतिशत से घटकर 80 प्रतिशत हुई ।

* दालों, तिलहनों, वनस्पति तेल एवं रुई तथा कपास पर बैंक अग्रिमों पर न्यूनतम मार्जिन 15 प्रतिशत बिन्दुओं तक बढ़ाया गया और ऋण उच्चतम सीमा का स्तर 15 प्रतिशत बिन्दुओं तक घटाया गया ।

* अनिवासी (बाह्य) रुपया खातों पर अधिकतम सावधि जमा दर 1 प्रतिशत बिन्दु तक घटाई गई और नई जमा राशियों के लिए न्यूनतम परिपक्वता बढ़ाकर 6 माह कर दी गई ।

* बैंकों को पूर्ववर्ती वर्ष की वृद्धिकारी जमा राशियों की कुल 5 प्रतिशत उच्चतम सीमा के भीतर शेयर (सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम इक्विटी सहित) या डिबेंचर रखने की अनुमति दे दी गई ।

* विदेशी मुद्रा के रूप में लदान-पूर्व ऋण के तहत चालू खाता (रनिंग एकाउन्ट) सुविधा अच्छे निष्पादन रिकार्ड वाले सभी निर्यातकों को प्रदान कर दी गई ।

* भारतीय रिज़र्व बैंक से नाबार्ड को मौसमी कृषीय कार्यों के लिए सामान्य ऋण रेखा 3,700 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 4,100 करोड़ रुपए कर दी गई ।

* प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों का दायरा निम्नलिखित को समाहित करने के लिए बढ़ाया गया (क) प्रायोजक बैंकों द्वारा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को प्रदान की जाने वाली निवल निधियां (ख) कृषि एवं सम्बन्धित क्रियाकलापों हेतु निवेशों के संवितरण के लिए 5 लाख रुपए तक के अग्रिम और (ग) योग्यता प्राप्त मेडिकल प्रैक्टीशनर एक मोटर-वाहन की खरीद हेतु मंजूर की गई अग्रिम राशि ।

* बचत जमा दर 5.0 प्रतिशत प्रतिवर्ष से 4.5 प्रतिशत प्रतिवर्ष करके 0.5 प्रतिशत बिन्दु तक घटा दी गई ।

* अनिवासी (बाह्य) रुपया खातों के लिए बचत जमा दर 5.0 प्रतिशत प्रतिवर्ष से घटाकर 4.5 प्रतिशत प्रतिवर्ष कर दी गई । 18 अक्टूबर, 1994 से एन०आर०ई० खातों के लिए 6 माह से तीन वर्ष और उससे ऊपर के लिए अधिकतम सावधि जमा दरें 10 प्रतिशत से घटाकर 8.0 प्रतिशत कर दी गई ।

* एफ०सी०एन०आर० (बैंक) स्कीम के तहत अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को देनदारियों पर 7.5 प्रतिशत की आरक्षित नकदी अनुपात बनाए रखना आवश्यक कर दिया गया ।

* सभी कर्जदारों को धान/चावल पर दिए जाने वाले बैंक अग्रिमों को चयनात्मक ऋण-नियन्त्रण के सभी उपबन्धों से मुक्त कर दिया गया ।

* बैंकों को पहले 13 दिनों तक अपेक्षित पाक्षिक औसत आरक्षित नकदी अनुपात बकाया राशि के 85 प्रतिशत का न्यूनतम स्तर बनाए रखने का निदेश दिया गया। प्रतिवेदन वाले पखवाड़े के चौदहवें दिन बैंकों को दैनिक शेष का औसत अपेक्षित स्तर तक समायोजित करने लायक 85 प्रतिशत से कम कर सकने की अनुमति दे दी जाएगी ।

* वाणिज्यिक पेपर के लिए एवजी व्यवस्था की सुविधा समाप्त कर दी गई। वाणिज्यिक पेपर के जारी होने के पश्चात यदि जारीकर्ता ऋण सीमा का पूर्व स्तर पुनः प्राप्त करना चाहता है तो उसे नये सिरे से नकदी-करण के लिए बैंक से संपर्क करना होगा ।

* बैंकों को "नकद ऋण सुविधा" सिंचाई की सुविधा वाले किसानों तथा कृषि से अलग/सम्बद्ध क्रियाकलापों में लगे अन्य किसानों को भी प्रदान करने की सलाह दी गई ।

* हर बैंक के लिए 50 करोड़ रुपए की उच्चतम सीमा समाप्त कर दी गई तथा समस्त बैंकिंग प्रणाली के लिए किसी भी परियोजना के लिए 200 करोड़ रुपए की सीमा को बढ़ाकर 500 करोड़ रुपए कर दिया गया ।

† बैंकों को राज्य औद्योगिक विकास/वित्तीय निगम (लघु औद्योगिक एककों को ऋण देने हेतु) को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार के भाग के रूप में ऋण श्रृंखला सावधिक ऋण प्रदान करने की अनुमति दे दी गई ।

* प्रत्यक्ष व्यक्तिगत गृह निर्माण ऋण पर सीलिंग 3 लाख रुपए से 10 लाख रुपए तक बढ़ा दी गई तथा मान्यता प्राप्त गृह निर्माण वित्तीय संस्थाओं के बाण्डों की खरीद के जरिए निवेश की मात्रा 40 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दी गई ।

* जमा राशियों पर मंजूर किए गये ऋणों के लिए मार्जिनों पर बैंकों को अपनी स्वयं की नीति निर्धारित करने की छूट दी गई ।

* निर्यात आदेशों के उप-पूर्तिकारों को कुल अनुज्ञेय लदान-पूर्व निर्यात-ऋण के भीतर ऋण प्रदान किया जाएगा ।

कृषि एवं सम्बद्ध क्रिया कलापों हेतु निवेशों के संवितरण का वित्त पोषण करने के लिये अब 5 लाख रुपये तक के अग्रिमों की गणना अप्रत्यक्ष कृषीय अग्रिमों के रूप में की जायेगी। सम्बद्ध क्रिया-कलापों के अन्तर्गत डेरी, मुर्गी-पालन एवं सुअर पालन तथा परिणामत मुर्गी चारा एवं पशु चारा इस प्रयोजन हेतु पात्र हैं । व्यवसायी एवं स्वरोजगार वाले व्यक्ति के लिए ऋणों पर उच्चतम सीमा बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दी गई है । बैंक अब व्यावसायिक रूप से अर्हता प्राप्त मेडिकल चिकित्सकों को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों की श्रेणी के अन्तर्गत 10 लाख रुपये तक का ऋण दे सकते हैं।

ग्रामीण ऋण

59. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) को मौसमी कृषीय कार्यों को ऋण समर्थन हेतु दी जाने वाली सामान्य ऋण रेखा 400 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 4,100 करोड़ रुपए कर दी गई । गैर-कृषि क्षेत्र के लिये सामान्य ऋण रेखा II भी 100 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 750 करोड़ रुपए कर दी गई । 500 करोड़ रुपए की यह वृद्धि जनवरी 1993 और अक्टूबर, 1993 के बीच पहले की 1000 करोड़ रुपये की वृद्धि के अतिरिक्त है।

60. नाबार्ड से पुनर्वित्त की सुविधा का लाभ उठाने के लिए, राज्य सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को कम से कम 40 प्रतिशत की न्यूनतम वसूली दर प्राप्त करनी आवश्यक थी । इस पात्रता शर्त की प्रयुक्ति 30 जून, 1995 तक स्थगित कर दी गई । । यह ऐसे कई क्षेत्रों में सहायक होगी जिनमें ऋण कृषि संबंधी पैदावार में बाधा उत्पन्न कर रहा है । सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को जून 1994 तक 1994-95 में कृषीय उधार में वृद्धि करने के लिए विशिष्ट कार्य योजना तैयार करने को कहा गया । उधार हेतु कृषि सम्बन्धित उधार उप-लक्ष्य को पूरा करने के लिए बैंकों को कृषि के लिए दक्षता प्राप्त कम से कम एक शाखा के गठन पर विचार करना चाहिये । ऐसी शाखाएं जल-कृषि (एक्सा-कल्चर), कृषि (फ्लोरी-कल्चर) तथा ऊतक-कृषि (टिसूयू-कल्चर) जैसे क्षेत्रों पर जिन्हें निवेश मूल्य निर्धारण के लिए तकनीकी ज्ञान की ज्यादा जरूरत है, ध्यान केन्द्रित कर सकती हैं ।

कृषि के लिए नकद ऋण सुविधा

61. भारतीय रिजर्व बैंक ने अक्टूबर, 1994 में बैंकों को सलाह दी है कि वे किसानों के लिये उनकी मिश्रित ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नकद ऋण सुविधा के रूप में लचीली ऋण श्रृंखला की शुरुआत करें । नकद ऋण सुविधा उन किसानों को दी जाए जिनका पिछले दो सालों में सन्तोष-जनक निष्पादन रिकार्ड रहा हो तथा जिनके पास सिंचाई की सुविधाएं हो और/अथवा जो डेरी, मुर्गीपालन इत्यादि और/या अन्य कृषि भिन्न कियकलापों में लगे हों । यह आशा की जाती है कि किसानों को मिश्रित जरूरतों को पूरा करने के लिए जहां तक सम्भव हो सके विद्यमान सहकारी ऋण पद्धति की कठोरता को हटाकर पर्याप्त एवं सामयिक-ग्रामीण ऋण-प्रवाह को बढ़ावा दिया जाये ।

लघु उद्योग

62. बैंकों को लचीलापन प्रदान करने तथा राज्य औद्योगिक विकास निगमों/ राज्य वित्तीय निगमों को निधियां उपलब्ध कराने के लिये, बैंकों को ऋण श्रृंखला के रूप में इन संस्थाओं को गुणनक्रम के आधार पर सम्बन्धित वित्त/ऋण के मंजूरी के प्रस्तावों पर विचार करने की अनुमति दे दी गई। इन संस्थाओं द्वारा जिस सीमा तक ऐसे सावधि वित्त/ऋण का उपयोग लघु उद्योग एककों को ऋण की संस्वीकृति के लिये किया जाता है उस सीमा तक उसे संबंधित बैंकों की प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र-उधार के रूप में माना जायेगा।

सारणी 3.8

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक—चयनित संकेतक

मदें	अधोलिखित वर्षों के दौरान परिवर्तन			
	1992-93 20 मार्च, 1992 से 19 मार्च, 1993 तक	1993-94 19 मार्च, 1992 से 18 मार्च, 1994	1993-94 19 मार्च, 1993 से 21 जनवरी 1994 तक	1994-95 18 मार्च, 1994 से 20 जनवरी 1995 तक
1	2	3	4	5
				(करोड़ रुपए)
1. कुल जमा राशियां (क+ख)	37814	46560	38822	44876
(क) मांग जमा राशियां	1373	10111	6899	8479
(ख) मियादी जमा राशियां	36441	36449	31923	36397
2. भारतीय रिजर्व बैंक से कर्ज	1042	194	330	982
3. हस्तगत रोकड़ तथा भारतीय रिजर्व बैंक में शेष राशि	—5359	19215	17134	5839
(क) हस्तगत रोकड़	285	—10	33	191
(ख) भारतीय रजर्व बैंक में शेष राशि	—5644	19225	17101	5648
5. भारतीय रिजर्व बैंक में निवल शेष राशि (3ख—2)	6686	19031	13771	4636
6. मांग और संक्षिप्त सूचना पर मुद्रा	1293	—564	—842	1349
7. बैंक ऋण (क+ख)	26390	12346	10404	28968
(क) सार्वजनिक खाद्य प्राप्त ऋण	2073	4164	3967	2860
(ख) खाद्य भिन्न बैंक ऋण जिसका प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को	24317	8272	6437	26108
	4407	4043	21	5603
8. अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश	15460	26866	21605	15534
(क) सरकारी प्रतिभूतियां	13218	25256	19940	15411
(ख) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां	2242	1610	1665	123
9. अन्य बैंकों के चालू खाते में बकाया राशि	—192	—350	—219	148
			(प्रतिशत)	
10. ऋण जमा अनुपात	56.6	52.2	52.8	53.7
11. निवेश जमा अनुपात	39.3	42.1	41.4	41.1

1 अनन्तिम   2 जुलाई, 1993 तक   3 जुलाई, 1994 तक

4 आंकड़े अनन्तिम हैं तथा अगस्त, 1990 से 48 बैंकों और सितम्बर, 1993 से 47 बैंकों से संबंधित हैं जो बैंक ऋण का 90–95 प्रतिशत है। परिवर्तन मार्च के अंतिम प्रतिवेदन वाले शुक्रवार से संबंधित हैं।

बैंक ऋण एवं व्यापार में प्रवृत्तियां

63. अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के चुनिन्दा कार्यसूचक (सारणी 3.8) वित्तीय वर्ष 1994-95 (20 जनवरी, 1995 तक) के दौरान कुल जमा राशियों (14.2 प्रतिशत) मजबूत अभिवृद्धि प्रदर्शित करते हैं। यह वर्ष 1993-94 की तदनुरूपी) अवधि में हुई अभिवृद्धि (14.5 प्रतिशत) के लगभग समान ही थी। मांग जमा राशियों में वर्ष 1993-94 की तदनुरूपी अवधि में अभिवृद्धि 14.8 प्रतिशत के विपरीत 15 प्रतिशत तक हुई है। बैंक ऋण की 17.6 प्रतिशत की अभिवृद्धि दर 1993-94 की समवर्ती अवधि में 6 8 प्रतिशत की अभिवृद्धि से दो गुने से भी अधिक है। खाद्य-भिन्न ऋण में 17.2 प्रतिशत की उच्चतर वृद्धि जो कि 1993-94 की तदनुरूपी अवधि में 4 4 प्रतिशत की अभिवृद्धि दर से तीन गुने से भी अधिक है, विशेष रूप से ध्यान आकर्षित करती है। यह औद्योगिक गतिविधि की महत्वपूर्ण बसूली को दर्शाता है। खाद्य-ऋण में भी 26 2 प्रतिशत की सराहनीय वृद्धि दर्ज की गई है, यद्यपि यह 1993-94 की तदनुरूपी अवधि में 58.8 प्रतिशत की तुलना में कम है, लेकिन फिर भी ज्यादा है। सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश में 15.2 प्रतिशत की अभिवृद्धि भी ध्यान देने योग्य है। क्योंकि बैंकों में "अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों" का स्टाक लगभग स्थिर रहा है।

सारणी 3.9

सकल बैंक ऋण का क्षेत्रीय विनियोजन

अंतिम प्रतिवेदन वाले शुक्रवार को	अधोलिखित के दौरान परिवर्तन*							
	अप्रैल–जुलाई				अप्रैल–जुलाई			
	1992-93	1993-94	1993-94	1994-95	1992-93	1993-91	1993-94	1994-95
1	2	3	4	5	6	7	8	9
	(रुपये करोड़ में)				(प्रतिशत)			
I. सकल बैंक ऋण	21134	9697	1107	1915	16.8	6.6	0.8	1.2
1. सार्वजनिक खाद्य प्राप्ति	2073	4164	2808	1102	44.4	61.8	41.6	10.1
2 सकल खाद्य-भिन्न ऋण (क+ख+ग+घ)	19061	5533	—1701	813	15.7	3.9	—1.2	0.6
(क) प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र (i + ii + iii)	4407	4043	21	560	9.7	8.1	0.0	1.0
(i) कृषि	1806	1245	159	16	9.9	6.2	0.8	0.1
(ii) लघु उद्योग	1876	2594	83	94	10.3	13.0	0.4	0.4
(iii) अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र	725	204	—221	450	8.0	2.1	—2.2	4.5
(ख) मध्यम और भारी उद्योग	11546	—764	—969	—323	24.5	—1.3	—1.7	—0.6
(ग) थोक व्यापार (खाद्य प्राप्ति को छोड़कर)	815	365	—421	—230	13.2	5.2	—6.0	—3.1
(घ) अन्य क्षेत्र	2293	1889	—332	806	10.1	7.6	—1.3	3 0
II. निर्यात ऋण2	5062	1738	1091	1539	49.2	11.3	7.1	9.0
निवल बैंक ऋण के समानुपात में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र-अग्रिम3					35.1	35.3	34.6	35.0

1 1992-93 के पश्चात सभी आंकड़े अनन्तिम हैं ।

2 खाद्य-भिन्न ऋण में भी शामिल

3 अवधि के अंतिम शुक्रवार को ।

टिप्पणी :—आंकड़े 47 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से संबंधित हैं जो सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के बैंक ऋण का 90–95 प्रतिशत है। सकल बैंक ऋण आंकड़ों के अन्तर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, निर्यात आयात बैंक तथा अन्य अनुमोदित वित्तीय संस्थाओं की पुनर्बट्टित बिलें शामिल हैं ।

बैंक ऋण का क्षेत्रीय परिनियोजन

64. चालू वित्तीय वर्ष के लिये, सरल बैंक ऋण आंकड़ों का क्षेत्रीय परिनियोजन जुलाई, 1994 तक उपलब्ध है । अप्रैल-जुलाई, 1994 के दौरान, मुख्यतः प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र और अन्य क्षेत्रों में निर्यात सहित उच्चतर ऋण विस्तार के कारण, 1993–94 की तुलना अवधि के दौरान 0.8 प्रतिशत की वृद्धि के विपरीत बैंक ऋण में 1.2 प्रतिशत की कुछ उच्चतर वृद्धि परिलक्षित हुई है (सारणी 3.9) कृषि के ऋण में महत्वपूर्ण रूप से कम अभिवृद्धि हुई ।

अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाएं

ऋण प्रवृत्तियां

65. अखिल भारतीय संस्थाओं द्वारा मंजूरियों एवं संवितरणों से इन संस्थाओं के माध्यम से हो रहे बचत तथा निवेश के बीच मध्यस्थता के स्तर का संकेत मिलता है । इसके दो भाग होते हैं, उत्पादन तथा निवेश के लिये "प्रत्यक्ष उधार" तथा ऋण साधनों और प्राथमिक बाजार गतिविधियों को वित्त करने आदि में "निवेश" ।

विकास वित्त संस्थाओं में (डी.एफ.आई.) उधार की मात्रा बहुत अधिक है जबकि निवेश वित्त संस्थाओं (आई.एफ.आई.) अर्थात् भारतीय यूनिट ट्रस्ट, भारतीय जीवन बीमा निगम, भारतीय साधारण बीमा निगम में "निवेश" बहुत अधिक है। ऐतिहासिक रूप से विकास वित्त संस्थाओं द्वारा "मंजूरियों" एवं संवितरणों से परियोजना वित्त हेतु लम्बी अवधि के उधार के अच्छे संकेत मिले हैं। फलतः यह निवेश-रुझानों का भी संकेतक है। यद्यपि, दबाव एवं प्रतिस्पर्धा के कारण विकास वित्त संस्थाओं द्वारा अल्पावधि वाले उधार एवं निवेश की मात्रा बढ़ रही है, उसकी मंजूरियों एवं संवितरणों में परिवर्तन अब भी सावधि उधार में परिवर्तनों की ओर इशारा करते हैं।

66. अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं (ए.आई.एफ.आई.) द्वारा वित्तीय मंजूरियों में 26.8 प्रतिशत की

सारणी 3.10

अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं द्वारा सहायता

(करोड़ रुपए)

	1992-93	1993-94	अप्रैल 1994 से	
			1993से जनवरी 1994	जनवरी 1995
1	2	3	4	5
क. मंजूरियां				
(क) अखिल भारतीय वत्तीय विकास वित्त संस्थाएं	32674.8 (46.5)	41444.1 (26.8)	32264.7	50014.2 (55.0)
(ख) निवेश संस्थाएं	21845.7 (29.8)	31554.1 (44.4)	23020.4	41893.1 (82.0)
अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाएं (क+ख)	12601.6 (92.9)	10765.0 (-14.6)	9444.3	9321.1 (-1.3)
ख. संवितरण				
	22268.8 (41.6)	25631.9 (15.1)	18792.6	23353.9 (24.3)
(क) विकास वित्त संस्थाएं	14486.0 (23.9)	18630.2 (28.6)	12768.1	17813.7 (39.5)
(ख) निवेश संस्थाएं	9400.4 (105.1)	7876.7 (-16.2)	6124.5	5540.2 (-9.6)

(क) विकास वित्त संस्था :--आई. डी. बी. आई. आई. एफ. सी. आई., आई. सी. आई. सी. आई, एस. आई. डी. बी. आई., आई. आर. बी. आई., एम. सी. आई., सी. आइ., आर. सी. टी. सी., टी. डी. आई. सी. आइ. तथा टी. फ. सी. आइ.

(ख) निवेश संस्थाएं -- भारतीय जीवन बीमा निगम, साधारण बीमा निगम, भारतीय यूनिट ट्रस्ट

टिप्पणी :-- (1) वर्ष 1993 तथा वर्ष 1994 के आंकड़े अनन्तिम हैं।

(2) कोष्ठकों में दिए गए अंक प्रतिशत में परिवर्तन दर्शाते हैं।

स्रोत :--भारतीय औद्योगिक विकास बैंक

अभिवृद्धि दर्ज की गई, जब कि उनके सहायता संवितरण में 1993-94 में 15.1 प्रतिशत की अधिक सामान्य अभिवृद्धि दिखाई दी। यह दर्शाता है कि अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं द्वारा की गई मध्यस्थता से अभिवृद्धि घटी है। नौ विकास वित्त संस्थाओं (आई डी बी आई, आई एफ. सी. आई., आई सी आई सी आई, एच आई डी बी आई, आई आर बी आई, एस सी, आई सी आई, आर सी टी सी, टी डी आई सी आई. तथा टी एफ सी आई) द्वारा की गई मंजूरियां 1993-94 में 44.4 प्रतिशत बढ़ गई। विकास वित्त संस्थाओं द्वारा किये गए संवितरण जो सीधे उधार का बेहतर सूचक है वह 23.6 प्रतिशत बढ़ा (सारणी 3.10) है।

67. चालू वित्त वर्ष (अर्थात् अप्रैल-जनवरी, 1995) के पहले दस महीनों में वित्तीय संस्थाओं द्वारा वित्तीय मंजूरियों एवं संवितरणों में तेजी के स्पष्ट चिन्ह दिखाई देते हैं। विकास वित्त संस्थाओं की मंजूरियों में 82 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई जबकि निवेश संस्थाओं में 1.3 प्रतिशत की मामूली गिरावट हुई है। परिणामस्वरूप, अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं की कुल स्वीकृतियों में 55 प्रतिशत तक की प्रभावशाली वृद्धि हुई। तथापि, संवितरण विकास वित्त संस्थाओं के लिये 39.5 प्रतिशत तथा निवेश-संस्थाओं के लिये 9.6 प्रतिशत की अभिवृद्धि के साथ मंजूरियों से पिछड़ गये हैं। अप्रैल-नवम्बर, 1993 में अखिल भारतीय वित्त संस्थाओं द्वारा सम्मिलित संवितरण 24.3 प्रतिशत तक आगे बढ़ा। संवितरणों के मंजूरियों से विशेषतः विकास वित्त संस्थाओं के लिये (मंजूरियों का लगभग 40 प्रतिशत) बहुत नीचे रहने के कई कारण हैं। कई कम्पनियों ने घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में, परिकल्पित निवेश के अग्रिम के रूप में, इक्विटी और डिबेंचर से धन उगाहा है, इस तरह ऐसी स्थिति पर संस्वीकृत सहायता लेना अनावश्यक कर दिया है। यह हो सकता है कि कम्पनियों ने वित्तीय संस्थाओं द्वारा प्रभारित ब्याज दर में गिरावट की आशा की हो और संस्वीकृत ऋणों का उपयोग स्थगित कर दिया हो।

नीति सुधार

68. अक्तूबर, 1994 में एक अध्यादेश द्वारा आई.डी.बी.आई. अधिनियम में संशोधन किया गया। इसमें आई.डी.बी.आई. की शेयर पूंजी के पुनर्संरचना करने पर विचार हुआ तथा आई.डी.बी.आई. की पूंजी बाजार से इक्विटी उगाहने की शक्ति प्रदान की। इस विधेयक पर संसद द्वारा बजट अधिवेशन में विचार किया जाना है।

विवेकपूर्ण मानदण्ड

69. मार्च, 1994 में, भारतीय रिजर्व बैंक ने पांचों अखिल भारतीय विकास वित्त संस्थाओं अर्थात्—आई.डी.डी.बी.आई., आई.सी.आई.सी.आई.आई. एफ.सी.आई., आई.आर.बी.आई. तथा निर्यात-आयात बैंक द्वारा अनुसरण किये जाने के लिये विवेकपूर्ण मानदण्डों पर मार्गदर्शी सिद्धान्त जारी किये। मानदण्ड, मोटे तौर पर विकास वित्त संस्थाओं के प्रचालन स्वरूप को ध्यान में रख कर किये गये कुछ संशोधनों सहित अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के लिये इससे पूर्व विहित मानदण्डों के समान ही हैं। डी.एफ. आई. को 31 मार्च, 1994 तक 4 प्रतिशत पूंजी पर्याप्तता अनुपात प्राप्त करना होगा। ऐसी संस्थाओं को, जो विदेशों में सरकारी या गैर-सरकारी अभिकरणों के साथ काम कर रही हैं, 31 मार्च, 1995 तक 8 प्रतिशत पूंजी पर्याप्तता अनुपात प्राप्त करना अपेक्षित है। जब कि अन्य संस्थाओं को 31 मार्च 1996 तक का समय दिया गया है। स्वस्थ तथा रुग्ण इकाइयों के विलय के मामले में विकास वित्त संस्थाओं को तीन वर्ष की अवधि के भीतर दोनों इकाइयों की सुविधाओं का अलग-अलग वर्गीकरण करने की सलाह दी गई। तत्पश्चात् सम्मिलित निष्पादन परिसम्पत्ति वर्गीकरण के प्रयोजन से लिया जा सकता है।" मार्च, 1995 को समाप्त वर्ष से, विकास वित्त संस्थाओं को परिसम्पत्ति का दर्जा घटाने से पूर्व परियोजना पूरी होने के अनुमानित समय का 50 प्रतिशत तक अतिरिक्त समय-गणना की रियायत दी गई। मानदण्ड प्रतिभूतियों की बिक्री पर हुए मुनाफों को या तो लाभ अथवा हानि-खाते में अथवा पूंजी आरक्षित निधि खाते में शामिल करने की भी अनुमति देते हैं। बैंकों को उनके निवेशों की बिक्री पर हुए नुकसान को लाभ या हानि खाते में लिखना होता है तथा केवल मुनाफों को ही पूंजी आरक्षित निधि खाते में डालना होता है।

70. बदलते हुए परिवेश के अनुरूप विकास वित्त संस्थाएं अपने कार्य प्रचालन बदल रही है तथा अपनी व्यापार कार्यनीतियों का पुनराभिविन्यास कर रही हैं। परियोजनाओं का और विस्तृत प्रतिबिम्ब समाहित करने के लिये आई.डी.बी.आई. ने अपनी उद्यम पूंजी स्कीम के कार्य क्षेत्र का विस्तार किया है। नई प्रौद्योगिकी और नये उत्पाद एवं प्राप्तियां उच्च जोखिम तत्व तथा उच्च संभावित मुनाफे सहित शामिल किये जायेंगे। इसमें बी. आई. ने वित्तीय संस्थाओं और बैंकों की इक्विटी भागीदारी के साथ नेशनल स्टाक एक्सचेंज स्थापित करने में अगुवाई की। इसने एक कम्पनी इन्वेस्टर्स सर्विसेज लिमिटेड (आई.एस.एल.) का प्रवर्तन किया है जो शेयर रजिस्ट्रार सेवाएं प्रदान करती है तथा ट्रान्सफर एजेन्ट के रूप में काम करती है। आई.एस.एल. ने काम करना शुरू कर दिया है। इसने एक वाणिज्यिक बैंक एक म्युचुअल फण्ड तथा एक स्टाक ब्रोकिंग फर्म के प्रवर्तन के लिये कदम उठाये हैं। भारतीय यूनिट ट्रस्ट ने एक बैंक अर्थात् भारतीय यूनिट ट्रस्ट बैंक की स्थापना की है। जिसने काम करना प्रारम्भ कर दिया है।

71. आई.सी.आई.सी.आई. ने परियोजना सलाहकार सेवाओं की शुरुआत की है तथा निवेशकों को शेयर रजिस्ट्री एवं ट्रान्सफर सेवाएं प्रदान करने हेतु एक नई कम्पनी का भी प्रवर्तन किया है। इसने एक म्युचुअल फण्ड की शुरुआत की है तथा निजी क्षेत्र में एक वाणिज्यिक बैंक की शुरुआत की है।

72. आधारभूत ढांचों के क्षेत्र में निजी क्षेत्र के प्रवेश करने के साथ, एस.सी.आई.सी.आई. पोत सुविधाओं, परिवहन, विद्युत् उत्पादन तथा दूर संचार हेतु ऋण पर अपना ध्यान केन्द्रित कर रहा है। आई.आर.बी.आई. पहली बार इश्यु प्रबंध क्रियाकलापों में उतरा है तथा एक विशेष फण्ड अर्थात् पुनर्संरचना सहायता फण्ड की स्थापना करने का विचार किया है। यह फण्ड इकाइयों को उभारने एवं पुनर्वास के लिये विशेष वित्तीय जरूरतों को पूरा करेगा, ये ऐसी जरूरतें हैं जिनको बैंकों और वित्तीय संस्थाओं से सामान्य उधार के माध्यम से पूरा नहीं किया जा सकता। 1993–94 के दौरान, एस.आई.डी.बी.आई. ने निर्यातोन्मुखी इकाइयों को विदेशी मुद्रा ऋण प्रदान करना तथा ग्रामीण गरीबों द्वारा आत्म सहायता को बढ़ावा देने के लिये गैर-सरकारी संस्थाओं को समर्थन जैसे नये पहल किये। एस.आई.डी.बी. आई. ने लघु एककों को संयुक्त रूप से प्रत्यक्ष सहायता प्रदान करने के लिये पांच सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये है।

73. विकास वित्त संस्थाओं ने पूरे आर्थिक परिवेश के अनुरूप अपने ब्याज दर ढांचे को विवेक सम्मत कर लिया है। आई.डी.वी.आई., आई.सी.आई.सी.आई. और आई.एफ. सी.आई. ने देश में पहली बार भिन्न-भिन्न ब्याज दर ऋण स्कीम की शुरुआत की है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा घोषित ऋण नीति का अनुसरण करते हुए विकास वित्त संस्थाओं की न्यूनतम सावधि उधार कर दी गई हैं। तथापि 20 फरवरी 1995 से आई.डी.बी. आई. ने अपनी संशोधित अवधि उधार दर बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दी है।

74. संसाधनों की ओर, विकास वित्त संस्थाओं ने अपने संसाधन आधार को व्यापक बनाने तथा घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों से फण्ड एकत्रित करने के प्रयास जारी रखे । आई.डी.बी.आई. ने 100 मिलियन अमरीकी डालर के लिये मुक्त विनिमय दर नोटों की कई निजी व्यवस्था की। आई.सी.आई.सी.आई. और एस.सी.आई.सी.आई. ने यूरो निर्गमों के साथ अन्तर्राष्ट्रीय पूंजी बाजारों में प्रवेश किया। आई.डी.बी.आई. ,आई.सी.आई.सी.आई. और एस.सी.आई.सी.आई. ने मुक्त विनिमय दर वाले बाण्डों के साथ घरेलू बाजारों में भी प्रवेश किया है।

गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां

75. गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा उन क्षेत्रों में प्रवेश करने से जिनमें बैंकों को विनियमनकारी अवरोधों के कारण प्रवेश करने की अनुमति नहीं थी, उनकी संख्या एवं व्यापार के परिणाम में वृद्धि हुई है । वे सार्वजनिक बचतें जुटा रही हैं और उन्हें बाजार में निवेश कर रही हैं। मौद्रिक प्राधिकारी का ध्यान इन कम्पनियों के नियन्त्रण की आवश्यकता की ओर आकर्षित किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय कम्पनियों पर एक कार्यशील समूह का गठन किया जिसकी अनुशंसाएं चरणबद्ध रूप में लागू की जा रही हैं। 50 लाख रुपये और उससे ऊपर की निवल निधियों वाली कम्पनियों को अब भारतीय रिजर्व बैंक में पंजीकृत होने की आवश्यकता है। 13 जून, 1994 को भारतीय रिजर्व बैंक ने विवेकपूर्ण एवं आय का पता लगाने वाले मानदण्ड, लेखाकरण मानक, डूबा और संदिग्ध ऋणों का प्रावधान, पूंजी पर्याप्तता अनुपात तथा ऋण-निवेशों के केन्द्रीयकरण को शामिल करते हुए इन कम्पनियों के लिये मार्गदर्शी नियम जारी किये । इन गैर-बैंक वित्तीय कम्पनियों को अपने जोखिम भारित परिसम्पत्तियों तथा तुलना पत्र से अलग प्रकटनों पर 31 मार्च, 1995 तक छः प्रतिशत की न्यूनतम पूंजी पर्याप्तता मानदण्ड प्राप्त करना होगा और 31 मार्च, 1996 तक 8 प्रतिशत का अनुपात प्राप्त करना होगा । अन्तर्निगम जमाराशियों को भी विनियमयकारी ढांचे के अनुशासन के भीतर लाया गया है ।

76. पंजीकृत वित्त कम्पनियों को वर्ष में कम से कम एक बार किसी क्रेडिट रेटिंग एजेन्सी द्वारा रेटिंग प्राप्त करना होगा । यह जमाकर्ताओं और ऋणदाताओं को उद्देश्यपूर्ण जानकारी प्रदान करेगा और उनके हितों की रक्षा करने में सहायक होगा । 2 करोड़ रुपये और उससे ऊपर की निवल निधियों वाली कम्पनियों को अपनी पहली रेटिंग 1994–95 के अन्त तक प्राप्त करनी होगी जबकि 50 लाख से 2 करोड़ रु. तक की निवल निधियों वाली कम्पनियों को पहली रेटिंग 31 मार्च, 1996 तक प्राप्त करनी होगी। भारतीय रिजर्व बैंक के विद्यमान निदेशों का नये मानदण्डों के लागू होने तक, प्रयुक्त होना जारी रहेगा। उनकी अर्धवार्षिक विवरणियां विवेकपूर्ण मानदण्डों के अनुपालन की मानीटरिंग के लिये प्रयुक्त की जायेंगी। पंजीकृत "ऋण एवं निवेश कम्पनियों" के लिये जमा राशि सीमा उनके द्वारा धारित निधियों के 40 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर दी गई है । जमा राशियां अपरिवर्तनीय डिबेंचर/बाण्ड निर्गमों को मिलाकर परिभाषित की गई है। नये विनियमों के साथ, वित्तीय कम्पनियों के प्रचालन का परिसम्पत्ति पक्ष विनियमकारी ढांचे के अन्तर्गत आयेगा तथा परिसम्पत्तियों की गुणवत्ता पर भी यथोचित ध्यान दिया जायेगा । इससे कम्पनियों के मजबूत होने की आशा है तथा यह वित्तीय क्षेत्र का व्यवस्थित विकास सुनिश्चित करने में सहायक होगा ।

मुद्रा बाजार सम्बन्धी गतिविधियां और प्रवृत्तियां

77. मुद्रा बाजार अल्पकालिक निधियों के परिनियोजन तथा नकदीकरण और ब्याज दरों में रुखों का संकेत देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अतः ये बाजार मुद्रा नीति के प्रतिपादन और प्रबन्ध के लिये जानकारी प्रदान करते हैं । चालू वित्त वर्ष के दौरान अब तक मुद्रा बाजारों ने अच्छी स्थिर प्रवृत्ति को दर्शाया है, लेकिन माह सितम्बर, और दिसम्बर, 1994 तथा फरवरी, 1995 के दौरान कुछ अस्त-व्यवस्तता देखने में आई है जिसमें मांग मुद्रा दरों में एकदम से भारी वृद्धि हुई । इसने बेहतर मानीटरिंग तथा मुद्रा बाजारों के विस्तृत आधार तैयार करने, सघन बनाने एवं एकीकरण करने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

अन्तर्बैंक शीघ्रावधि मुद्रा बाजार

78. प्रारक्षित मुद्रा में अभिवृद्धि से उत्पन्न प्राथमिक नकदीकरण में सुदृढ़ अभिवृद्धि अगस्त, 1994 तक के कैलेंडर वर्ष के दौरान अन्त बैंक दैनिक औसत शीघ्रावधि मुद्रा दर (2.5–6 प्रतिशत के निम्न स्तर के लिये जिम्मेदार आधारभूत कारक थे । सितम्बर, 1994 के तीसरे सप्ताह में शीघ्रावधि मुद्रा दरों को कड़ा करने में कई कारण शामिल थे, जब औसत दैनिक अन्त बैंक शीघ्रावधि मुद्रा दर 53 प्रतिशत तक जा पहुंची । अन्त में, सितम्बर, 1994 के अन्त तक शीघ्रावधि मुद्रा दरें 3 प्रतिशत तक नीचे आ गयीं । उसके बाद दरें कमोवेश 5 से 6 प्रतिशत तक रही हैं। तथापि, दिसम्बर, 1994 और फरवरी, 1995 में दरों में झोंके देखे गए ।

79. सितम्बर और दिसम्बर, 1994 में छह राज्य सरकारों के ऋणों और अग्रिम कर भुगतानों के प्रवर्तन के लिए मांग मुद्रा बाजार में कठिन स्थिति आंशिक रूप से उत्तरदायी थी । चूंकि राज्य सरकारों के ऋणों पर प्रस्तावित 12.5 प्रतिशत की कूपन दर आकर्षक थी, इन ऋणों के लिए प्राप्त कुल अंशदान अधिसूचित 613.43 करोड़ रुपये

के मुकाबले 3,991.43 करोड़ रुपये अधिक था। बैंकों ने राजस्व सरकारों के ऋणों के लिए अधिग्रंशदान की देय राशि की वापसियों और सांविधिक नकद प्रारक्षित अनुपात को पूरा करने के लिए आवश्यक नकदी का ठीक तरह से पूर्वानुमान नहीं लगाया । इसने सितम्बर, 1994 में मांग मुद्रा दर को पार करने की ओर अग्रसर किया । दिसम्बर में मांग मुद्रा दर तेजी से बढ़ी क्योंकि 10—23 दिसम्बर, 1994 पखवाड़े के दौरान, सरकार ने भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की इक्विटी बिक्री, अग्रिम कर भुगतानों और आंशिक रूप से प्रदत्त सरकारी प्रतिभूति की दूसरी किस्त के माध्यम से लगभग 4,200 करोड़ रुपये का भुगतान निर्धारित किया है। इस पखवाड़े के दौरान अब तक बाजार में नकदीकरण की बहुत कमी थी और मुद्रा बाजार दर संयमित रुप से बढ़ी है । संभवतःक्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक के अतिरिक्त नकदी के हस्तक्षेप से जिसमें भारतीय छूट और वित्त गृह (डी एफ एच आई) तथा भारतीय प्रतिभूति व्यापार निगम (एस टी सी आई) हैं, ऐसा हुआ है । मगर मुद्रा दरों में उत्तार चढाव की ओर उत्प्रेरित करने वाला अन्य कारक कुछ बैंको द्वारा अपने नकद प्रारक्षित अनुपात के अनुरक्षण के लिए मांग /सूचित मुद्रा बाजार में दीर्घ कालिक भारी कर्जदार होना है । इन बैंकों ने भविष्य में अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने की आशा में मांग मुद्रा बाजार में ऋण द्वारा मध्यम और दीर्घकालिक परिसम्पत्तियों में निवेश किया था। दृश्यमान रुप में ऐसे ऋण लाभकारी थे क्योंकि मांग मुद्रा दरें कम थी। कुछ बैंकों ने अपने नकद अन्त शेष को रिजर्व बैंक के निम्नस्तर से इतना कम रखा जो अपेक्षित नकद प्रारक्षित मुद्रा का 10 प्रतिशत था । यह परिसंपत्ति देनदारी बेमेल सितम्बर, और दिसम्बर, 1994 (आकृति 3.1) में मांग/सूचित मुद्रा बाजार में अस्थिरता को बढ़ावा देने वाली थी ।

80. मांग/नोटिस मद्रा बाजार में सुव्यवस्थित स्थितियों को सुनिश्चित करने के लिए और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ बैंकों द्वारा नकद संतुलनों को बनाए रखने में अस्थिरता को घटाने में भी, नकद प्रारक्षित अनुपात संतुलनों के 85 प्रतिशत के न्यूनतम स्तर को सूचित पखवाड़ों के प्रत्येक पहले 13 दिनों में बैंकों द्वारा अनुरक्षित रखे जाने की आवश्यकता है जिन्हें 7 जनवरी, 1995 से शुरू हुए पखवाड़े से निर्धारित किया गया है। इस उपाय से मांग दरों में तेजी से होने वाले परिवर्तनों को व्यापक रूप से कम करने की आशा की जाती है ।

जमा प्रमाणपत्र और वाणिज्यिक बिल

81. बैंकों में नये जमा प्रमाणपत्रों के जारी करने की रूचि कम रही है और जमा प्रमाणपत्रों में गौण बाजार सरगर्मी भी विद्यमान नहीं थी क्योंकि प्रत्येक धारक जमा प्रमाणपत्रों को परिपक्वता होने तक रखने की कोशिश करता है । बकाया जमा प्रमाणपत्रों के स्टॉक 19 मार्च, 1993 को 9803 करोड़ रुपये से तेजी से घटकर 18 मार्च, 1994 को 5571 करोड़ रुपये हो गए । उसी अवधि में जारी करने वाले बैंकों की संख्या भी 51 से घटकर 48 हो गई । ब्याज दरें जो कि 12.5 से 16.5 प्रतिशत के बीच थी, 7 से 12.2 प्रतिशत तक नीचे आ गई । जमा प्रमाणपत्रों को जारी करने के लिए कोई बैंक-वार सीमाएं नहीं हैं और बैंक जमा प्रमाण पत्रों को जारी करने के लिए अपनी आवश्यकताओं पर निर्भर करते हुए मुक्त हैं । यह जमा बाजार के थोक मूल्य लक्ष्य पर जमा प्रमाणपत्र दरों को मुक्त करने के समान है। 8 जनवरी 1995 के अनुसार गतिविधि में मामूली रूप से वृद्धि हुई थी, जिस में 5385 करोड़ रुपए की बकाया राशि की वृद्धि शामिल है। (44 बैंकों द्वारा 7.5 से 12 प्रतिशत)। इसलिए, जमा प्रमाणपत्र बाजार में सरल शर्तें बैंकों की व्यापक रूप से सुविधाजनक नकदी स्थिति के कारण थी।

वाणिज्यिक पत्र

82. वाणिज्यिक पत्रों पर प्रस्तावित दरें 1993-94 में एक क्रमिक घाटा दिखाती हैं। नवम्बर-दिसम्बर, 1993 के दौरान ये 9.35 से 9.50 प्रतिशत के स्तर में थी। भारतीय बैंकों के संघ ने 1993-94 में बैंकों को 12.5 प्रतिवर्ष से नीचे की आय वाले वाणिज्यिक पत्रों का समर्थन नहीं करने की सलाह दी। ऐसी सूचना थी कि यह सलाह प्रभावी नहीं थी क्योंकि वाणिज्यिक पत्रों को 10.5—11.5 प्रतिशत की नीची दरों पर लिया जा रहा था। मार्च, 1994 के अंत तक वाणिज्यिक पत्रों का बकाया स्टाक 3,264 करोड़ रुपए था और इसमें अगस्त, 1994 के अन्त तक 4511.05 करोड़ रुपए की वृद्धि हो गई । 15 फरवरी, 1995 को बकाया वाणिज्यिक पत्र का स्तर महत्वपूर्ण रूप से 1393.25 करोड़ रुपए नीचे आ गया । बैंक ऐसे पत्रों के मुख्य धारक हैं, और कुछ स्तर पर वाणिज्यिक पत्रों के माध्यम से अच्छी दर से संबंधित कंपनियों को दी जाने वाली उधार राशि वर्ष 1993-94 में प्रत्यक्ष बैंक ऋण के लिए एक विकल्प थी।

83. नकद ऋण राशि सीमा में कमी करने और इसके विपरीत प्रयोग में लाए गए वाणिज्यिक पत्रों का प्रकाशन करना । ऋणों के अहस्तांतरण की स्थिति में यह परिपक्व होने पर वाणिज्यिक पत्रों की अदायगी का आश्वासन देता है, जबकि जारी करने वाली कंपनियां नकद ऋण राशि सीमाओं पर स्वतः से आहरण कर सकती हैं। इस व्यवस्था के कारण कंपनियां एक उच्च ऋण दर भी प्राप्त कर सकती हैं। इस वैकल्पिक व्यवस्था को समाप्त करके भारतीय रिजर्व बैंक ने इस प्रणाली को हाल ही में बंद कर दिया है । जब एक वाणिज्यिक पत्र जारी किया जाता है, बैंक नकद ऋण राशि सीमा में उस सीमा तक कमी करेंगे । तत्पश्चात् यदि जारी करने वाली एक उच्च नकद ऋण राशि सीमा चाहता है,

सारणी 3.11

नियत मूल्यों पर 91 दिन की सरकारी हुंडियों की निहित आय दर

(प्रतिशत प्रतिवर्ष)

महीना	1993-94	1994-95
अप्रैल	11.10	7.45
	10.76	7.33
	9.50	7.25
	9.84	7.25
मई		7.25
	9.75	7.21
	9.63	7.50
	9.71	7.58
जून	9.75	7.75
	9.92	7.75
	9.96	8.00
	10.05	8.46
जुलाई	10.09	8.75
	10.05	9.08
	10.00	9.08
	9.84	8.91
	9.84	8.58
अगस्त	9.75	8.75
	9.46	8.25
	9.33	8.00
	9.25	8.00
सितम्बर	9.17	8.08
	9.08	8.08
	8.91	8.08
	8.71	8.41
अक्तूबर	8.37	9.08
	8.37	9.21
	8.16	9.21
	8.08	8.50
	8.25	8.33
नवम्बर	8.16	
	8.25	8.29
	8.16	8.25
	8.50	8.58
दिसम्बर	8.62	8.75
	8.58	9.00
	8.04	9.37
	7.96	9.75
	7.83	9.84
जनवरी	7.79	10.26
	8.08	10.51
	8.32	10.85
	8.58	10.93
फरवरी	8.50	11.10
	8.46	11.10
	8.37	11.23
	8.37	11.40
मार्च	8.25	
	7.83	
	7.46	
	7.88	
	7.33	

उसे बैंक के प्रारंभिक दृष्टिकोण को अपनाना होगा । तब बैंक उस समय की बाजार स्थितियों पर आधारित स्वीकृत करने और नहीं करने का निर्णय लेगा । यह यह वाणिज्यिक पत्र को अपनी अर्थव्यवस्था की मूलभूत सुदृढ़ता को दर सहित प्रतिबिंबित करते हुए मुद्रा बाजार साधन को और अधिक स्वतंत्र बनाएगा ।

91 दिन की सरकारी हुंडियाँ

84. जनवरी, 1993 से संचालित साप्ताहिक नीलामियों में 91 दिन की सरकारी हुंडियों के लिए, वर्ष 1993-94 में सकल राशि 15,850 करोड़ रुपए और 1994-95 में (24 दिसम्बर, 1994 तक) 11,650 करोड़ रुपए बढ़ी है। निर्धारित कीमतों पर अन्तर्निहित आय वर्ष 1993-94 में 7.08 प्रतिशत से 11.10 प्रतिशत के मुकाबले वर्ष 1994-95 में (फरवरी, 1995 तक) 7.15 प्रतिशत और 11.40 प्रतिशत के बीच रही (सारणी 3.11) । रिजर्व बैंक से बाहर की सरकारी हुंडियों की नीलामी के स्टाक में 31 मार्च, 1993 को 203 करोड़ रुपए से 31 मार्च, 1994 को 5,245 करोड़ रुपए की उत्तरोत्तर वृद्धि हुई परन्तु 24 दिसम्बर, 1994 को 1,646 करोड़ रुपए की गिरावट हुई है। सरकारी हुंडियों का बकाया स्टाक केवल नई हुंडियों के निर्गम और उनकी परिपक्वता से ही प्रभावित नहीं होता है बल्कि दिनांकित प्रतिभूतियों में सरकारी हुंडियों के एकमात्र भारतीय प्रणाली के आंशिक परिवर्तन से भी होता है । 15 अक्तूबर, 1993 को 4,088.31 करोड़ रुपए के अंकित मूल्य की 91 दिन की नीलामी की गई सरकारी हुंडियां 12 प्रतिशत की कूपन दर पर 2 वर्ष के सरकारी स्टाक में परिवर्तित हो गई । पुनः 7 अप्रैल, 1994 को 91 दिन की नीलाम की गई सरकारी हुंडियां 12 प्रतिशत की समान कूपन दर पर 5 वर्ष के सरकारी स्टाक में परिवर्तित हो गई । नियमित साप्ताहिक नीलामियां इन बिलों में की जा चुकी है, जिनमें अधिक प्रोत्साहक हिस्सेदारी हो चुकी है । 91 दिन की सरकारी हुंडियों की नीलामी के लिए प्राप्त बोलियों की संख्या वर्ष 1993-94 के दौरान 4 और 65 तथा वर्ष 1994-95 के दौरान (23 दिसम्बर, 1994 तक) 6 और 82 के बीच विविध सीमाओं में रही (बोलियों की राशि वर्ष 1993-94 के दौरान 20 करोड़ रुपए से 2,350 करोड़ रुपए और वर्ष 1994-95 के दौरान (25 फरवरी, 1995 तक) 28 करोड़ रुपए से 1,838 करोड़ रुपए की विविध सीमाओं में प्राप्त हुई । जबकि मई, 1993 से जनवरी 1994 के बीच भारतीय रिजर्व बैंक का अंशदान व्यवहारिक रूप से शून्य था, भारतीय रिजर्व बैंक ने अनेक बोलियों में 25 फरवरी, 1995 तक की अनुवर्ती अवधि के दौरान 16 करोड़ रुपए से 477 करोड़ रुपए की राशियों की सीमाओं में अपना अंशदान किया ।

85. सांविधिक नकदी अनुपात संबंधी दृष्टिकोणों से इन बिलों की मांग को भी मूल रूप से अधिक समय तक नियंत्रित नहीं किया गया और उनमें प्रतिभोगियों द्वारा अल्पकालिक नकदी के प्रभावी प्रबन्धन के लिए अनुभव की गई आवश्यकता द्वारा उत्प्रेरित द्वितीय बाजार संचालनों में वृद्धि की जा रही है । द्वितीय बाजार संचालनों की कीमत एस.जी.एल. लेखे में दी गई हैं जो सितम्बर से नवम्बर, 1994 के दौरान क्रमशः 17,987 करोड़ रुपए थी ।

364 दिन की सरकारी हुंडियां

86. 364 दिन की सरकारी हुंडियों के लिए पाक्षिक नीलामियों में वर्ष 1993-94 के दौरान 20,323 करोड़ रुपए की सकल राशि और वर्ष 1994-95 के दौरान (23 दिसम्बर, 1994 तक) 16,469 करोड़ रुपए की राशि (सकल) की वृद्धि हुई। यह केवल सरकारी ऋणों का एक महत्वपूर्ण साधन ही नहीं है बल्कि एक चल मुद्रा बाजार साधन के रूप में भी है इस अर्थ में इसकी आय बाजार स्थितियों में बहुत अधिक परिलक्षित होती है । यह मुक्त ब्याज दर साधनों के लिए वित्तीय संस्थानों द्वारा स्थिरक दर के रूप में मानी गई है । इन हुंडियों के पाक्षिक प्रस्ताव पूर्वघोषित नहीं है और भारतीय रिजर्व बैंक इन हुंडियों के लिए अपना अंशदान नहीं देता है जो कि सम्पूर्णतः बाजार द्वारा नियंत्रित किए गए हैं । अतः 364 दिन की सरकारी हुंडियों पर आय बाजार नकदी प्रवृत्तियों के लिए संवेदनशील है । 364 दिन की सरकारी हुंडियों की अर्न्तनिहित निर्धारित आय जून, 1994 में 11.36 प्रतिशत के शिखर से क्रमिक रूप से घटकर अक्तूबर 1994 के अन्त में 9.41 प्रतिशत रह गई और इसके बाद फरवरी, 1995 में पुनः बढ़कर 11.48 प्रतिशत ऊर्ध्वगामी हो गई (सारणी 3.12) । 364 दिन की सरकारी हुंडियों को भी निधिबद्ध किया जा चुका है (वर्ष 1993-94 में दो बार ओर 1994-95 में एक बार)। पिछली बकाया राशि 31 मार्च, 1994 के अनुसार 8,385.97 करोड़ रुपये (निधिकरण के बाद) से बढ़कर 17 फरवरी, 1995 को दूसरे निधिकरण के बाद 9749.15 करोड़ रुपए हो गई ।

87. 364 दिन की सरकारी हुंडियों के लिए प्राप्त बोलियों की संख्या वर्ष 1993-94 में 15 से 162 और 1994-95 में (17 फरवरी, 1995 तक) 9 से 165 की विविध सीमाओं में रही । बोलियों की राशि वर्ष 1993-94 के दौरान 77 करोड़ रुपये से 5,147 करोड़ रुपये और वर्ष 1994-95 के दौरान, 17 फरवरी, 1995 तक 11 करोड़ रुपये से 4,028 करोड़ रुपये की सीमा में प्राप्त हुई । 364 दिन की सरकारी हुंडियों का परिवर्तन 6,946 करोड़ रुपये की तीन गुणी राशि का 12.75 प्रतिशत पर तीन वर्ष के सरकारी स्टॉक के लिए, 11,226 करोड़ रुपये का 12.5 प्रतिशत पर दस वर्ष के सरकारी स्टॉक के लिए और 8,078 करोड़ रुपये का 11.75 प्रतिशत पर छः वर्ष के सरकारी स्टॉक के लिए क्रमशः 19 अप्रैल, 1993, 23 मार्च, 1994 और 25 अगस्त, 1994 को शुरू हुआ।

अन्तः बैंक माँग मुद्रा दर*

1993-94 और 1994-95



* दैनिक भारित औसत

सारणी 3.12

नियत मूल्यों पर 364 दिन की सरकारी हुंडियों की निहित आय दर (प्रतिशत प्रति वर्ष)

महीना	1993 94	1994 95
1	2	3
अप्रैल	10.99	9.86
	10.99	9.94
मई	11.05	9.82
	11.23	9.77
जून	11.23	9.77
	11.27	9.82
जुलाई	11.36	9.99
	11.36	10.04
अगस्त	11.36	9.82
	11.36	9.71
	11.33	9.51
सितम्बर	11.32	9.41
	11.25	9.41
	11.23	9.42
अक्तूबर	11.20	9.47
	11.21	9.42
नवम्बर	11.29	9.499
	11.17	9.54
दिसम्बर	11.17	9.54
	11.15	9.83
जनवरी	11.02	9.91
	11.02	9.91
फरवरी	10.95	10.56
	10.85	10.86
मार्च	10.75	11.23
	10.63	11.48
	10.44	
	9.97	
	9.97	

88. छूट एवं भारतीय वि पोषण संस्था

सरकारी हुंडियों की नीलामी में (कुल बोलियों में स्वीकृत छूट एवं भारतीय वित्तपोषण संस्था (डी एफ एच आई) की उत्तरवर्ती दर में वर्ष 1993–94 में 40 प्रतिशत से चालू वर्ष में 50 प्रतिशत और पिछले वित्त वर्ष की तदनुरुप अवधि में कुल बिक्री की तुलना में इसके सरकारी हुडियों की कुल बिक्री में 45.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकारी दिनांकित प्रतिभूतियों में कुल बिक्री फिर भी चालू वित्तीय वर्ष में गिरावट आई है। ऋण की परिपक्वता संरचना में दीर्घकालिक से अल्पकालिक का परिवर्तन आया है (मांग और सूचना मुद्रा बाजार) ऋणों में घटने वाली प्रवृत्ति वर्ष 1993-94 में शुरु हुई और वर्ष 1994–95 तक निरन्तर जारी रही। (सारणी 3.13)।

ऋण राशि दर

89. वित्तीय क्षेत्र और पूंजीगत बाजार में सुधार ने ऋण राशि दर अभिकरणों की भूमिका को व्यापक रूप से बढ़ाया है। भारतीय ऋण राशि दर सूचना सेवा लिमिटेड (सी.आर.आई.एस.आई.एल.) जो कि ऋण राशि दर में अग्रणीय है, न केवल बैंकों को दरों संबंधी ऋण साधनों, वित्तीय संस्थाओं और कंपनियों (गैर-बैंकिंग वित्तीय और गैर वित्तीय) में बल्कि कंपनियों को ऋण राशि सम्बंधी निर्धारण और सी.आर.आई.एस.आई.एल.वी.आई.ई.डब्ल्यू. (क्रिसिलव्यू) तथा सी.आर.आई.एस.आई.एल. (क्रिसिल) दर संबंधी क्रमवीक्षण जैसी अनेक सूचना उत्पादों को प्रदान भी करती है। इसका ऋण राशि संबंधी निर्धारण भारतीय स्टेट बैंक और अन्य बैंकों द्वारा

सारणी 3.13

रियायत व्यापार और भारतीय वित्त पोषण संस्था

	1993-94 (18 फरवरी 1994 तक)	1994-95 (17 फरवरी 1995 तक)
1	2	3
I. ऋण		
(i) मांग मुद्रा बाजार (दैनिक औसत)	482199 (1493)	467'108 (1446)
(ii) सूचित मुद्रा (2-14 दिन)	5'121	4519
(iii) सर्वाधिक मुद्रा (15-90 दिन)	1,526	19
II. आय		
(i) सरकारी हुण्डियां	158,926	23,113
(ii) वाणिज्यिक हुण्डियां	26	75
(iii) जमा प्रमाण-पत्र	187	—
(iv) वाणिज्यिक पत्र	211	—
(v) सरकारी दिनांकित प्रतिभूतियां	14,194	11,385

अग्रिम राशियों पर उनके निर्णय किए जाने वाली प्रक्रियाओं में निवेश स्वरूप प्रयोग किया जाता है। 31 दिसम्बर, 1994 तक चालू वित्त वर्ष के दौरान क्रिसिल के आरम्भ से कुल संचित 1284 ऋण साधनों सहित 13742 करोड़ रुपये के कुल परिमाण के 278 ऋण साधनों तक इसकी दर थी और यह 61049 करोड़ रुपये से अधिक ऋण परिमाण की दर तक पहुंचा। चालू वितीय वर्ष के दौरान क्रिसिल के दर संबंधी विकास परियोजनाओं, सावधिक आय, पारस्परिक निधियों और चिट निधियों के लिए कार्य प्रणाली का विकास किया।

90. अन्य महत्वपूर्ण ऋण दर संस्थान जिन में (आर. सी. आर. ड्ए.) भारतीय निवेश सूचना ओर ऋण दर अभिकरण का नाम है ओर ओर जो बन्ध पत्रों यिवेचर, अधिमान शेयरों, अनिवार्य जमा राशि पत्रां तथा वाणिज्यिक पत्रों की दरें निर्धारित करता है, 31 दिसम्बर, 1994 तक 14,713 करोड़ रुपए के 420 लिखित पत्रों के संचित योग तक दर निर्धारित कर चुका है चालू वित्तीय वर्ष में, 31 दिसम्बर, 1994 तक इस ने 2419 करोड़ रुए के लिए 147 ऋण लिखित पत्रों की कुल संख्या की दर निर्धारित की

सरकारी प्रतिभूति बाजार

गाजार उधार

91. जैसा कि पहले ध्यान में आया है, सून्द्रीय सरकार ने बाजार से अपने ऋण में बहुत असिुक परिवर्तन किए हैं। इस उद्देश्य के लिए प्रयोग में लाए गए मुख्य लिखित पत्र 364 दिनों ओर 91 दिनों की सरकारी हुण्डियों से सम्बन्धित दिनांकित प्रतिभूतियां है। परम्परागत उधार

सारणी 3.14

केन्द्रीय सरकार को निवल बाजार उधार राशियां[1]

(रुपए करोड़ों में)

स्रोत	1992-93	1993-94	1993-94	1994-95
	अप्रैल-मार्च		अप्रैल-अक्तूबर	
(क) सामान्य बाजार उधार राशि	3670	3700	3972	3700
(ख) अन्य माध्यम तथा दीर्घकालीन उधार राशियां	—	23842	10992	12597
(ग) 182/364 दिन की सरकारी हुण्डियां	4791	(—) 391	4070	3189
कुल	8641	27151	19034	20486

[1]भारतीय रिजर्व बैंक के अभिलेखों के अनुसार वास्तविक आंकड़े

सम्बन्धी बाजार का थोड़ा-सा समानुपात भी है। बाजार दरों पर कुल बाजार उधार राशि इस वित्तीय वर्ष के पहले नौ महीनों के दौरान 91 दिन की सरकारी हुण्डियों को छोड़ कर लगभग 17,000 करोड़ रुपए के आदेश पर रहा है। यह पिछले वित्तीय वर्ष के पहले नौ महीने में लगभग 15,000 करोड़ रुपए की बाजार उधार राशियों से 12 प्रतिशत अधिक है। निवल उधार राशि की संरचना भी बदलती रही है। पिछले वर्ष निवल बाजार उधार राशि का 89 प्रतिशत मध्यम और दीर्घकालिक ऋण के रुप में था, जबकि 364 दिन की सरकारी हुंडियों के माध्यम से बढ़ाई गई राशि में वस्तविक रुप से किरावट आई। चालू वर्ष में मध्यम और दीर्घ कालिक ऋण निवल बाजार उधार राशि का केवल 66 प्रतिशत का गठन करता है। 364 दिन की सरकारी हुण्डियों के समानुपात में लगभग 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। (सारणी 3.14)

संस्थागत घटना क्रम

92. राष्ट्रीय स्टाक एक्सचेंजह की स्थापना से, ऋण लिखित पत्रों में व्यापार के लिए संस्थागत बाजार अब उपलब्ध हो गया है राष्ट्रीय स्टाक एक्सचेंज ने जून 1994 में ऋण लिखित पत्रों में पहली बार व्यापार को उत्प्रेरित करते हुए परिचालन शुरु किया है। जबकि ऋण लिखित पत्रों में व्यापार का परिमाण चालू समय में बहुत कम होने पर भी 21 जनवरी, 1995 के अन्तिम सप्ताह में 244.22 करोड़ रुपए तक पहुंचा है। व्यापार में लाए गए लिखित पत्रों के स्वरुप में "इकाई की इकाइयां" 64 स्कीम, सरकारी प्रतिभूतियां, सरकारी हुडियों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम सम्बन्धी बन्धपत्र वाणिज्यिक पत्र और जमा राशि प्रमाणपत्रों को शामिल किया गया। भारतीय रजर्व बैंक के छह सार्वजनिक ऋण कार्यालयों में सहायक सामान्य खाता एम जी एल लेखों के कम्प्यूटरीकरण से संचालन के अभिलेखन में सुधार आयात है। इस ने एस.जी.एल के माध्यम से सरकारी प्रतिभूतियों और सरकारी हुण्डियों में कार्य संचालन की प्रविष्टियां के विवरण प्रस्तुत करते हुए दैनिक आधार पर प्रकाशन करना भी शुरु कर दिया है। इस से उपयोगी बाजार सुचनाए और उनके प्रसार में सहायता मिलेगी जिस में निर्देशित दरों/कीमतों को सभी बाजार दक्षता में सुधार लाए जाने की सम्भावना है। भारतीय प्रतिभति व्यापार में गोण बाजार का विकास करने के लिए की गई इससे मई 1994 में शामिल किए जाने का प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। इसमें 100 करोड़ की पूरी तरह से निर्गमित भुगतान की गई पूंजी है और इसने जून 1994 में परिचालन करना शुरु किया।

मूल व्यापारी

93. सरकारी प्रतिभूतियों के लिये बाजार को सुदृढ़ किये जाने हेतु भारतीय रिजर्व बैंक मूल व्यापारियों की प्रणाली शुरू कर रहा है। ये व्यापारी अंतिम निवेशकों को सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी के लिये और उससे सरकारी प्रतिभूतियों के बाजार को विकसित तथा व्यापक स्वरूप दिये जाने के लिये उत्तरदायी होने का कार्य करते हैं। इनसे बाजार निर्माता स्वरूप कार्य किये जाने की आशा की जाती है और भारतीय रिजर्व बैंक उनका परिचालन किये जाने के लिये उन्हें नकदी वितरण हेतु ऋण राशि संबंधी सुविधाएं प्रदान करेगा। उन्हें नीलामियों में अपनी उपस्थिति के सन्दर्भ में कुछ दायित्वों का निर्वाह भी करना होगा, और इन प्रतिभूतियों के लिये द्विमार्गीय भावों के प्रस्ताव इन विवेकपूर्ण मानदण्डों को अपनाये जाने की शर्त पर करने होंगे। सरकारी प्रतिभूतियों और मौद्रिक परिचालनों को सुदृढ़ तथा प्रभावी बनाये जाने के लिये बाजार को गहन तथा व्यापक स्वरूप दिये जाने हेतु मूल व्यापारी प्रणाली आवश्यक है।

आंशिक रूप से प्रदत्त सरकारी प्रतिभूतियां

94. हाल ही में सरकार ने मानक नीलामी प्रक्रिया सहित "आंशिक रूप से प्रदत्त सरकारी स्टाक" कहे जाने वाले नवीन दिनांकित प्रतिभूतियां शुरू की हैं। इसमें ऐसी प्रवर्तित विशेषता है जिसमें चार समान किस्तों में भुगतान किया जा सकता है। आठ वर्ष की परिपक्वता पर 2000 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियों की 15 नवम्बर, 1994 को नीलामी की गई। तथा उन्हें सफल बोली लगाने वालों को आंशिक रूप से भुगतान आधार पर आबंटित किया गया। प्रीमियम सहित अंकित मूल्य का एक चौथाई, यदि कोई हो, आवंटित तिथि पर देय था और शेष राशि तीन समान किस्तों में 15 दिसम्बर, 1994, 16 जनवरी, 1995 और 15 फरवरी, 1995 को देय है।

अन्तर बैंक प्रतिभूति संचालन

95. भारतीय रिजर्व बैंक ने संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट के बाद बैंक प्राप्तियों (बी आर) के बदले प्रतिभूतियों में अन्तर बैंक संचालनों की समीक्षा की है और उनमें बैंक प्राप्तियों के उपयोग पर भारी संख्या में प्रतिबंध शुरू किये हैं। बैंक प्राप्तियों की विधिमान्यता अवधि 30 दिन (जून, 1992 में पहले की तरह नियत) से कम होकर 15 दिन हो गई है। बैंकों को अब आगे सलाह दी गई कि बैंक प्राप्तियां केवल पावती पत्रों के वास्तविक वितरण द्वारा छुड़ाई जानी चाहिये और नियत अवधि में दूसरे संचालन के बदले संचालनों/समंजन के रद्द करने से नहीं। अन्यथा वे अस्वीकृत समझी जानी चाहिये। बकाया राशि रशि की की स्थिति में, बैंक को निर्गमित बैंक प्राप्तियों के उल्लेख में में पावती-पत्रों के अवितरण और संचालनों के निपटारे के

के प्रस्तावित ढंग के कारणों का स्पष्टीकरण भारतीय रिजर्व बैंक को करना होता है। बैंकों को चेतावनी दी गई है कि बैंक प्रोप्तियों से संबंधित अनुदेश के किसी भी अतिक्रमण पर दांडिक कार्रवाई लागू होगी। इसमें प्रारक्षित मुद्रा मांग को बढ़ाना, भारतीय रिजर्व बैंक से पुर्नवित की निकासी और मुद्रा बाजार के लिये पहुंच से इंकार अथवा ऐसा दूसरा दंड जिसे भारतीय रिजर्व बैंक इसके योग्य समझें, शामिल है।

96. 21 दिसम्बर, 1992 को और बातों के साथ-साथ बैंकों को सलाह दी गई कि एक वर्ष के दौरान वैयक्तिक दलालों के माध्यम से दर्ज की गई प्रतिभूतियों में संचालनों को सुनिश्चित करें जो कुल संचालनों (खरीददारियों और बिक्रियों दोनों) का पांच प्रतिशत से अधिक न हो तथा उस वर्ष के दौरान एक बैंक द्वारा दर्ज किये गये हों। यदि किसी कारणवश किसी दलाल के लिये इस सीमा को बढ़ाना आवश्यक हो गया था, तों उसके विनिर्दिष्ट कारण को शक्ति प्रदत्त प्राधिकारी द्वारा लिखित में दर्ज किया जाये और इस कार्य के बाद की कार्रवाई से बोर्ड को सूचित किया जाये।

97. संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट (जे पी सी) के अनुसार दलालों की सेवाओं को जारी रखने की आवश्यकता का भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा परीक्षण किया गया। यह निश्चित किया गया है कि प्रतिभूतियों के संचालनों को अब से सीधे बैंकों के बीच शुरू किया जाये और इन संचालनों में किसी दलाल की सेवाओं को कोई भी बैंक ग्रहण नहीं करेगा। तथापि, बैंक प्रतिभूतियों के संचालनों को राष्ट्रीय स्टाक एक्सचेंज (एन एस ई) के सदस्यों के माध्यम से अपने बीच और गैर-बैंक ग्राहकों के साथ शुरू कर सकते हैं जिनमें संचालन पारदर्शी हैं। गैर-बैंक ग्राहकों के साथ, प्रतिभूतियों में बैंकों द्वारा संचालन राष्ट्रीय स्टाक एक्सचेंज के माध्यम से अथवा सीधे दलालों के उपयोग के बिना किये जा सकते हैं। इन अनुदेशों के किसी अतिक्रमण अथवा प्रवंचना पर भी दांडिक कार्रवाई लागू होगी जैसे बैंक प्राप्तियों के उपयोग से संबंधी अनुदेशों के अतिक्रमण के लिये नियत होती है।

पूंजीगत बाजार में घटना क्रम

98. पूंजीगत बाजार, निगमित क्षेत्र के लिए निवेश योग्य धन के साधन के रूप में अर्थव्यवस्था में मुख्य भूमिका निभाते हैं। प्राथमिक बाजार जोकि वर्ष 1994-95 की प्रथम तिमाही में मन्दा था इसने सकल घरेलू अनुपात की सहायता से अपनी उत्पलावकता को दूसरी तिमाही में पुनः प्राप्त किया। गौण बाजार ने भी उल्लेखनीय गतिविधि को विदेशी संस्थागत निवेशकों, घरेलू पारस्परिक निधियों, बाजार के संस्थाकरण की प्रक्रिया को सुदृढ़ करने सहित दर्शाया है। पूंजीगत बाजार सुधार की प्रक्रियाएं प्रभावी नियमित आधार ढांचे के साथ जारी रहीं जिनका उद्देश्य दक्षता में सुधार लाना, स्टाक बाजार संचालनों को अधिक पारदर्शी बनाना, अनुचित व्यापार व्यवहार पर नियंत्रित करना और पूंजीगत बाजार को अन्तर्राष्ट्रीय मानक में शामिल करना है। भारत के राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज ने अपनी जांच पर आधारित और पावी-पत्र रहित व्यापार प्रणाली के साथ इस वर्ष अपनी कार्य प्रणाली शुरू कर दी है जो भारतीय पूंजीगत बाजार के विकास में मील के पत्थर के रूप में जानी जा सकती है। इसके अतिरिक्त, बम्बई के और अन्य स्टॉक एक्सचेंजों ने अपनी व्यापार प्रणाली के स्वचालन के वेग को बढ़ा दिया है। साथ-साथ उठाये गए ये कदम सुदृढ़ और कम्पायमान घरेलू पूंजीगत बाजार के निर्गमन को सुकर बनाने के लिए सहायता करेंगे।

99. एस इ.बी.आई. का सुदृढ़ीकरण :—

सरकार ने 25 जनवरी, 1995 को भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड अधिनियम, 1992 में संशोधन करने के लिए एक अध्यादेश की उद्घोषणा की है जिस से भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड को पूंजीगत बाजार के क्रमिक घटना-चक्र से सुनिश्चित करते हुए अतिरिक्त अधिकारों से युक्त किया जा सके ताकि निवेशकों के हितों की सुरक्षा के लिए इसकी सामर्थ्य को बढ़ाया जा सके।

100. सेबी को बाजार स्थितियों, शीघ्र अनुक्रिया करने में समर्थ बनाने के लिए तथा इसकी स्वायतता को पुनर्गठित करने के लिए सेबी को भी केन्द्रीय सरकार की पूर्व स्वीकृति के बिना न्यायालय में शिकायतें दर्ज करने का अधिकार दिया गया है और केन्द्रीय सरकार की पूर्व स्वीकृति के बिना इसके विनियमों को अधिसूचित करने का अधिकार दिया गया है।

101. इस संशोधन में सेबी को निगमों पर पूंजी के निर्गमन में, प्रतिभूतियों के हस्तान्तरण और अन्य संबन्धित मामलों में नियमित अधिकार प्रदान किए गए हैं। इस में पूंजी बाजार मध्यस्थों और अन्य सहभागियों पर अतिक्रमण की सूत्रीबद्ध सीमा के लिए मौद्रिक शास्तियों को अधिरोपित करने के अधिकार भी दिए गए हैं। अब से, सेबी अधिनियम में पंजीकरण को निलम्बित और अब से, सेबी अधिनियम में पंजीकरण को निलम्बित और निरस्त करने तथा मध्यस्थों पर अभियोग चलाए जाने का भी अधिकार दिया गया है। जैसा कि निलम्बन और निरस्तीकरण से व्यवसाय को बन्द करने के लिए उत्प्रेरणा मिली है इस से प्रायः अन्य प्रति कूल रुप से प्रभावित होते हैं जिन का प्रभावित मध्यस्थों के साथ व्यवसाय चल रहा था, मौद्रिक शास्तियां पूंजी बाजार अतिक्रमणों के साथ व्यवहार करने के लिए वैकल्पिक प्रक्रिया का गठन करती है। यह भी प्रस्ताव किया गया है कि न्याय प्राधिकरण के आदेशों के विरुद्ध अपील के प्रकरणों के निबटान के लिए एक अलग अधिकरण का गठन किया जाए। अधिकरण के आदेशों के विरुद्ध अपील प्राधिकरण उच्च न्यायालय होंगे।

बाक्स 3·7

* पूंजीगत निर्गम (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 रद्द हो गया और पूंजीगत निर्गमों के नियंत्रक का कार्यालय समाप्त हो गया ; कीमतों पर नियंत्रण और शेयरों के प्रीमियम को हटा दिया । सेबी से समाशोधन के बाद पूंजीगत बाजार के दृष्टिकोण से कंपनियां अब मुक्त हैं ।

* भारत के प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड को पूंजीगत बाजार के विनियमन और सुधार के लिए आवश्यक प्राधिकरण और अधिकारों सहित सुरक्षित किया गया ।

* प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 के तहत जारी अधिसूचना के माध्यम से स्टॉक एक्सचेंज को नियंत्रित करने के अधिकार सेबी को प्रदान किए गए । इसमें मान्यता, नियम अनुच्छेद मताधिकार वितरण संविदाएं, स्टाक एक्सचेंज सूचीकरण और सार्वजनिक प्रतिनिधियों का नामांकन शामिल है ।

* व्यापारिक बैंकों को सेबी की नियामक संरचना के तहत लाया गया तथा आचार संहिता जारी की गई ।

* सेबी ने प्राथमिक व अन्य द्वितीय बाजार मध्यस्थों को नियमित संरचना में लाने के लिए विनियमन अधिसूचित किया ।

* "इश्यू के बैंकर" को निवेशकों की सुरक्षा के लिए सेबी के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत लाया गया ।

* प्रस्तावित दस्तावेजों में अभिव्यक्त किए गए विषयों के संबंध में चल प्रबन्धकों द्वारा देय उद्यम प्रमाण पत्र, चल प्रबन्धकों की ओर से उन्नत दायित्व पूर्णता और पारदर्शिता के लिए स्वयं प्रस्तावित दस्तावेज को एक भाग के रूप में तैयार किया गया है ।

* प्राथमिक बाजार में सेबी द्वारा किए गए नए सुधारों में उन्नत अभिव्यक्त विषयामानकों, विवेक पूर्ण मानदंडों को लागू किया जाना और निर्गम प्रक्रियाओं का सरलीकरण किया जाना शामिल है ।

* सार्वजनिक इश्युओं को जारी करते समय कम्पनियों से सभी विषयों से संबंधित तथ्यों को व्यक्त करने और उनके अनुमानों से संबंधित विशेष जोखिम कारकों को स्पष्ट किए जाने की अपेक्षा की गई है ।

* स्टाक एक्सचेंज ने यह निश्चित करने की अपेक्षा की कि संबंधित कंपनियों के पास सेबी द्वारा जारी विधिमान्य पावती-पत्र होना चाहिए । यह सुनिश्चित किए जाने के लिए कि प्रस्ताव प्रपत्रों में कम्पनी अपनी प्रतिभूतियों को स्टॉक एक्सचेंज के लिए सूचीबद्ध करने आवेदन करते समय सभी स्पष्टीकरण कम्पनी द्वारा तैयार किए जाते हैं, सेबी प्रस्ताव प्रपत्रों का पुनिरीक्षण करती है ।

* स्टॉक एक्सचेंज ने सूचीबद्ध करार को संशोधन और यह निश्चित करने के लिए एक सूचीकृत कम्पनी प्रस्तावित दस्तावेजों और आंकड़ों में अभिव्यक्त निधियों के वित्तीय अनुमानों तथा अनुमानित उपयोग के बीच विभिन्नताओं को दिखाते हुए स्टॉक एक्सचेंज को वार्षिक विवरण प्रस्तुत करने की सलाह दी । यह शेयर धारकों को निष्पादन और वचनों के बीच तुलना करने के योग्य बनाएगी ।

* संस्थागत निवेशकों द्वारा स्टॉक-निवेश के प्रयोग को निरुत्साहित करने के लिए यह सुविधा पारस्परिक निधियों और वैकल्पिक निवेशकों के लिए प्रतिबंधित की गई ।

* सेबी ने उचित और सत्यपूर्ण अभिव्यक्त विषयों को सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक इश्युओं के लिए विज्ञापन संहिता को शुरू किया ।

* निर्गमों को वैकल्पिक बनाए जाने द्वारा दायित्व लेते हुए निर्गम की लागत को कम किए जाने के लिए, इस शर्त के अधीन कि यदि निर्गम का दायित्व नहीं लिया गया और जनता को प्रस्तावित राशि का 90 प्रतिशत एकत्र किए जाने में समर्थ नहीं हुआ तो सारी एकत्रित की गई राशि निवेशकों को लौटानी होगी ।

* मान्यताप्राप्त निवेशक संघों सहित इसमें भागीदारी करते हुए निवेशकों की व्यथाओं के निवारण को प्रोत्साहित किया जाना है । यह त्रुटिपूर्ण कंपनियों के प्रति उपभोक्ता न्यायालयों में श्रेणीगत कार्रवाई मुकदमों को सूचीबद्ध करने में सहायक होगा ।

* लाभांश की भागीदारी के लिए व्यापक मार्गनिर्देशी सिद्धान्तों में छूट दी गई है ।

* सेबी ने शेयरों के मूल अर्जन को नियंत्रित करते हुए और शर्तों को शुरू तथा निर्धारित करते हुए विनियमनों को लागू किया जिसके अन्तर्गत स्पष्टीकरण और अनिवार्य सार्वजनिक प्रस्तावों को शेयर धारकों के लिए तैयार किया जाना है ।

* सेबी ने स्टॉक एक्सचेंज के नियंत्रण बोर्डों का पुर्नगठन किया, दलालों के लिए पूंजीगत पर्याप्तता मानदंडों को लागू किया और ग्राहक दलालों के बीच संबंधों को अधिक पारदर्शी, विशेषकर, ग्राहक और दलाल के खातों को अलग किए जाने के लिए नियम बनाए ।
* समूह "ख" संबंधी प्रतिभूतियों में संचालन के नवीकरण को प्रतिबंधित किया जिससे सात दिनों के अन्तर्गत कार्य संचालन का निपटान किया जा सके ।
* निजी पारस्परिक निधियों की अनुमति दी गई और अनेक निधियों का पहले ही गठन किया गया । सभी पारस्परिक निधियों को सार्वजनिक निर्गमों में फर्म आबंटन के लिए आवेदन किए जाने हेतु अनुमति दी गई ।
* भारतीय यूनिट ट्रस्ट को सेबी के विनियमनकारी क्षेत्राधिकार में लाया गया ।
* सेबी द्वारा जारी पारस्परिक निधियों द्वारा विज्ञापन करने के लिए नए मार्गनिर्देशी सिद्धांत और सेबी द्वारा हटाए गए विज्ञापनों के पूर्व-पुनरीक्षण की आवश्यकता समझी गई ।
* पारस्परिक निधियों द्वारा निवेशों के क्षेत्र को प्रोन्नत करना, सार्वजनिक निर्गमों के उत्तरदायित्व के लिए पारस्परिक निधियों को अनुमति दी गई और मुद्रा बाजार साधनों के लिए मार्गनिर्देशी सिद्धान्तों में छूट दी गई ।
* भारत के काउन्टर एक्सचेंज (ओ.टी.सी.ई.एल.) और भारत के राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज पर राष्ट्रव्यापी स्टॉक व्यापार तथा इलैक्ट्रोनिकी से संबंधित वस्तुओं के प्रदर्शन के साथ निकासी और निपटान सम्बन्धी सुविधाओं के परिचालनों का आरंभ करना । चालू बाजार कीमतों से असम्बन्धित कीमतों पर शेयरों से संवितरण को तरजीह दी जाने वाली प्रणाली को समाप्त किया गया और सेबी द्वारा नए मार्ग निर्देशी सिद्धान्तों को निर्गमित किया गया ।
* विदेशी संस्थागत निवेशकों को सेबी से पंजीकृत भारतीय पूंजीगत बाजारों के लिए सुलभता की अनुमति दी गई । 284 विदेशी संस्थागत निवेशकों को दिसम्बर के अन्त तक पंजीकृत किया गया ।
* "जम्बो" अंतरण विलेखों और स्टाम्प शुल्क के समेकित भुगतान को लागू किए जाने के माध्यम से घरेलू और विदेशी संस्थागत निवेशकों के लिए प्रतिभूतियों के आधार की प्रक्रियाओं को अंतरण के लिए उल्लेखनीय रूप से सरल बना दिया है ।
* भारतीय कंपनियों को यूरो इक्विटि शेयरों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय पूंजीगत बाजारों की सुलभता की अनुमति दी गई ।
* अप्रवासी भारतीयों के लिए निवेश मानदंडों को उदार बना दिया गया है, जिससे कि अप्रवासी भारतीय और विदेशी निगमित निकाय भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्व अनुमति के बिना शेयर और डिबेंचर खरीद सकते हैं ।

102. संशोधनों में सेबी के बोर्ड सदस्य की अयोग्यता के सम्बन्ध में उस सदस्य के कम्पनी के निदेशक के रुप में नियुक्त रहते हुए विद्यमान उपबन्धों को निकाल दिए जाने की भी व्यवस्था है। इस संशोधन में सरकार को पूंजी बाजार के निपुण तथा अनुभवी निवेशकों की नियुक्ति करने की समर्थता होगी ।

103. सेबी को अनियमितताओं की जाच पड़ताल करने में समर्थ बनाने के उद्देश्य से प्रतिभूति बाजार में कार्यरत व्यक्तियों सहित सभी श्रेणियों के बाजार मध्यस्थों से सम्बन्धित दस्तावेजों को प्रस्तुत करने और उपस्थित होने के लिए बुलाए जाने के अधिकार भी दिए गए हैं ।

सेबी को अब सभी मध्यस्थों और प्रतिभूतियों से संबन्धित बाजार के व्यक्तियों को निवेशकों की सुरक्षा के विचार से अथवा प्रतिभूतियों से संबन्धित बजार की क्रमिक घटना क्रम को प्राप्त करते हुए निदेश जारी करने के अधिकार प्राप्त होंगे ।

104. व्यापारिक विकल्प :

संशोधनों में स्टाक एक्सचेंज को अपनी उप विधियों में संशोधन करने के लिए छः महीनों से दो महीनों की समय सीमा को कम करने की सेबी द्वारा यथा निदेशित व्यवस्था की गई है और समय सीमा को कम करने की सेबी द्वारा यथानिदेशित व्यवस्था की गई है और सेबी की पूर्व स्वीकृति से अतिरिक्त व्यापार कार्यशाला स्टॉक एक्सचेंज के लिए प्रदान करना है। यह भी विशेष रुप से प्रदान किया गया है कि स्टाक एक्सचेंज की सूची में प्रविष्टि के लिए इच्छुक किसी निगम

को स्टाक एक्सचेंज के सूचीबद्ध करारों में उल्लिखित उपबन्धों का अनुपालन , अधिनियम के अन्तर्गत सूचीबद्ध करारों के अतिक्रमण करने पर दण्डनीय होने के सहित, करना होगा।

प्राथमिक बाजार सुधार

105. भारत के प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड (सेबी) ने बाजार की लाभप्रद और दक्षता पूर्ण कार्यप्रणाली और पूंजीगत निर्गमों के लिए अनेकों मार्गनिर्देशी और विनियमनकारी उपाय शुरू किए हैं। फर्मों से उनके प्रस्तावित विवरणिका में जोखिम कारकों के बारे में विवय को स्पष्ट करने को और दर संबंधी ऋण साधन प्रदान करने की अपेक्षा की जाती है। बढ़ती हुई पूंजी की लागत को कम करने के प्रयास किए गए हैं। व्यापारिक बैंकरों के पास प्रस्तावित दस्तावेज और निर्गम प्रक्रिया में दायित्व को एक बड़ी अवस्था है। यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाये गए है कि फर्मों द्वारा निरन्तर स्पष्टीकरण दिए जाएं जिससे वचनों और निष्पादनों के बीच तुलना करने के लिए शेयर धारक समर्थ होंगे। न्यूनतम आवेदन की संख्या को बढ़ाया गया और अनिवार्य संग्रह केन्द्रों की संख्या में कमी की गई। पारस्परिक निधियों की तरह फर्म आबंटन से संस्थानों के लिए अनुमत किए गए प्रत्येक निर्गम के अनुपात को बढ़ाया गया है, उन दायित्वों को छोड़कर जिन्हें अब से अनेक शर्तों के अधीन आवश्यक रूप से वैकल्पिक बनाया गया है।

गौण बाजार सुधार

106. वर्ष 1992 से, भारतीय स्टॉक एक्सचेंज में दशकों पुरानी व्यापार प्रणाली की निरन्तर समीक्षा की जा रही है। दो विस्तृत क्षेत्रों में मुख्य कमियों का पता लगाया गया है: (i) स्टॉक एक्सचेंजों में निकासी और निपटान प्रणाली जिसके द्वारा विक्रेता शेयरों का वितरण तथा क्रेता द्वारा भुगतान किया जाता है, और (ii) कम्पनी द्वारा क्रेताओं के नाम में शेयरों के हस्तांतरण की प्रक्रियाएं। अतिरिक्त पत्र संबंधी कार्य, कार्य संचालन के निपटान संबंधी विलम्बन, और लागतों में गैर-पारदर्शिता तथा कीमतें जिनसे उपभोक्ताओं के मांग संबंधी आदेश निष्पादित किए जाते हैं, इनके परिणामस्वरूप चालू प्रक्रियाएं प्रवर्तन में है। सरकार और सेबी द्वारा जमा राशियों की व्यवस्था के लिए उपाय शुरू किए गए हैं। प्रति भूतियों के अवरुद्ध होने से यह पत्र संबंधी कार्य को समाप्त किए जाने में सहायक होगा और बाजारों की वृद्धि में प्रोत्साहन बढ़ाएगा। (सुधारों के उपाय के सारांश बॉक्स 3.7 में देखें)।

बदला प्रणाली

107. स्टाक बाजार में "बदला" के प्रचलन की पहचान बहुधा सट्टा संबंधी क्रियाकलाप को बढ़ावा देने वाले कारक के रूप में की गई थी। लेन-देन के लिए स्पष्ट नियमों की स्थापना की प्रक्रिया के भाग के रूप में, सेबी ने दिसम्बर, 1993 में "बदला" प्रणाली बन्द कर दी। 13 दिसम्बर, 1993 को सेबी ने बम्बई, कलकत्ता, दिल्ली और अहमदाबाद स्थित स्टाक एक्सचेंजों को यह लागू करने का निदेश दिया कि प्रतिभूतियों में सभी प्रकार के कारोबार का समापन सुपुर्दगी और भुगतान द्वारा हो तथा लेन-देनों के किसी तरह के अग्रेनीत किए जाने (कैरी फारवर्ड) की अनुमति न दी जाए। इसके अतिरिक्त, उनसे यह भी कहा गया कि वे सदस्यों को निदेश दें कि वे अपनी अग्रेनीत स्थितियों का एक चरणबद्ध ढंग से नकदीकरण करें। यह भारी सट्टात्मक स्थितियों के निर्माण के संदर्भ में बाजार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया गया।

108. 11 मार्च, 1994 को सेबी ने इन एक्सचेंजों में पारदर्शिता की संरचना और प्रभावकारी विनियमन के तहत विशिष्ट शेयरों में अग्रेनीत करने की सुविधा की अनुमति प्रदान करने का निश्चय किया। सेबी द्वारा प्रस्तावित नई व्यापार प्रणाली में यह व्यवस्था थी कि सभी स्टाक दलालों को एक भुगतान अवधि की समाप्ति पर उन्हें अपनी निवल स्थितियों का भुगतान एवं निपटारा करना होगा। तथापि, स्टाक एक्सचेंजों को अग्रेनीत सुविधायुक्त इस नई व्यापार प्रणाली की शुरूआत तभी करनी थी जब वे सेबी को इस बात से सन्तुष्ट कर देते कि वे इस प्रणाली को यथा प्रस्तावित अनुसार लागू करने की स्थिति में थे।

109. प्रमुख स्टाक एक्सचेंज सेबी द्वारा प्रतिपादित अनुसार विशिष्ट शेयरों में नई व्यापार प्रणाली लागू करने के लिए आवश्यक तंत्र की स्थापना नहीं कर सके, अतः विशिष्ट वर्ग के शेयरों में लेन-देन सौदों के अग्रेनीत किए बगैर ही चल रहा है। तदनुसार प्रमुख स्टाक एक्सचेंजों में प्रतिभूतियों में सौदेबाजी सुपुर्दगी और भुगतान द्वारा अभिलक्षित निपटारे की एक प्रणाली की ओर अग्रसर हुई। व्यापार के प्रतिमान में ऐसे बदलाव ने प्रतिभूतियों में रोकड़ बाजार को मजबूती प्रदान की। अदायगी की अवधियां कम कर दी गई हैं तथा सुपुर्दगी आधार पर अदायगी का प्रयास किया गया है। 'ख' समूह की प्रतिभूतियों के नवीकरण (अदायगी का आस्थगन या स्क्रिप की सुपुर्दगी) निषिद्ध कर दिए गए हैं। तथापि, बहुत-से स्टाक एक्सचेंजों ने लेखांकन अवधि घटाकर 14 से 7 दिन करने में अपनी असमर्थता व्यक्त की है। इसके लिए दिए गए कारणों में प्रक्रियात्मक अपेक्षाएं तथा बाहरी ग्राहकों से शेयरों/भुगतान की प्राप्ति में विलम्ब हैं।

110. सेबी द्वारा परम्परागत "बदला" प्रणाली पर रोक लगाये जाने की कुछ जगहों पर इस आधार पर आलोचना की गई है कि इसने बाजार में नकदीकरण और व्यापार के परिमाण पर बुरा असर डाला है। सेबी और सरकार दोनों ही इस तर्क से अवगत हैं तथा मानते हैं कि स्टाक एक्सचेंजों में व्यापार अधिकांश तौर पर बाजार की सुरक्षा के पारदर्शिता तथा निवेशक-सुरक्षा के सिद्धान्तों द्वारा संचालित होना चाहिए। प्रतिभूति संविदा (विनियमन) (एस.सी.आर.)

अधिनियम, 1956, जो एस.सी.आर. अधिनियम की धारा 20 का विलोप करती है, में संशोधन करने के लिए 25 जनवरी, 1995 को एक अध्यादेश जारी किया गया। इसके अन्तर्गत विकल्पों के निषेध का उल्लेख भी शामिल है तथा परिणामस्वरुप विकल्पों के व्यापार का मार्ग प्रशस्त करता है। जिससे बाजार में नकदीकरण में वृद्धि होगी।

न्यासी-विधान

111. देश के स्टाक एक्सचेंजों में प्रतिभूतियों में सौदे के निपटारे के अन्तर्गत विधिवत भरे हुए अन्तरण पत्रों सहित स्क्रिप की प्रत्यक्ष सुपुर्दगी शामिल होती है। हाल के वर्षों में स्टाक-एक्सचैंजों में व्यापार के परिमाण में महत्वपूर्ण अभिवृद्धि से सौदों के निपटारे की परम्परागत प्रणाली पुरानी पड़ गई है तथा यह आवश्यक हो गया है कि इसकी जगह एक नई और आधुनिक न्यासी प्रणाली प्रतिस्थापित की जाए। इस नई प्रणाली से कागजी काम समाप्त हो जाएगा, प्रतिभूतियों के अन्तरण के इलैक्ट्रानिक पंजी-प्रविष्टि में सुविधा मिलेगी। प्रतिभूतियों में स्वचालित एवं पारदर्शी स्क्रीन पर आधारित व्यापार की अनुमति मिलेगी, अदायगी-अवधियां कम करने की अनुमति होगी तथा प्रतिभूतियों में निवेश में नकदीकरण में सुधार होगा। आगारों की स्थापना के लिए आवश्यक कानून सम्मुख लाने पर कार्य इस समय प्रगति के चरण पर है।

भारतीय राष्ट्रीय स्टाक एक्सचैंज

112. गौण बाजार की कई समस्याओं का पूरी तरह समाधान स्क्रिप रहित व्यापार की शुरुआत करने तथा आगारों में स्क्रिपों की मोजूदगी समाप्त करने के द्वारा ही हो सकता है। भारतीय राष्ट्रीय स्टाक एक्सचेंज की स्थापना के साथ एक शुरुआत कर दी गई है। यद्यपि इसका औपचारिक घाटन जुलाई 1994 में किया गया, भारतीय राष्ट्रीय स्टाक एक्सचेंज ने थोक ऋण बाजार में कार्य की शुरुआत जून, 1994 में की तथा पूंजी बाजार खंड में इक्विटी-व्यापार की शुरुआत नवम्बर, 1994 में की गई है। एन.एस.ई. के बहुत छोटे एपरचर टर्मिनल (वी.एस.ए.टी.) आधारित उपग्रह नैटवर्क के जरिए भारी सख्या में सदस्य अपने सबधित कार्यालयों सें सफलतापूर्वक व्यापार कर रहे हैं। एक्सचैंज ने बबई सहित 13 शहरों में सदस्यता की शुरुआत की है तथा उपग्रह नेटवर्क के प्रयोग द्वार जल्दी ही अन्य शहरों सें कार्यारभ होने की आशा है।

113. यह सुनिश्चित किये जाने के लिए कि व्यापारी सदस्य अच्छे पूंजीगत हैं और निवेशकों को अन्य व्यावसायिक सेवाएं प्रदान करने में सक्षम है, राष्ट्रीय एक्सचेंज के रूप में इसने विस्तार केन्द्र से संबंधित पात्रता शिक्षा और अनुभव के संदर्भ में सदस्यता के लिए निष्पक्ष रूप से कठोर मापदंडों का गठन किया है। थोक ऋण बाजार (डब्लू डी एम) खण्ड (सरकारी प्रतिभूतियां, सरकारी हुंडिया, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों से संबंधित बंध पत्रों, जमा-प्रमाणपत्रों, वाणिज्यिक पत्रों और नैगम डिबेन्चरों) में मुख्य प्रतिभागी बैंक, वित्तीय संस्थाएं और व्यापक स्तर के निगम शामिल हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में बैंकों को दलालों के माध्यम से पूर्ववर्ती की गई ऋण प्रतिभूतियों में सभी संचालनों के लिए पार दर्शिता और विनियमन को सुकर बनाए जाने के लिए केवल राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज का प्रयोग किये जाने (अनियंत्रित वायदा बाजार के स्थान पर) का निदेश दिया है। इससे राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज के मूलरूप से ऋण संबंधी व्यापार के परिमाण में वृद्धि हुई है।

114. पूंजीगत बाजार खंड में, अनेक प्रतिभूतियां दिसम्बर, 1994 तक व्यापार को 200 से शुरू करके 525 तक बढ़ाए जाने की स्वीकृति दी। तब से व्यापार परिमाणों में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है। उनके बाजार पूंजी करण और व्यापार खण्ड के आधार पर चयनित 100 इक्विटी को शामिल करते हुए राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज 100 अंतरिम सूचकांक नवम्बर, 1994 में शुरू किया गया। न्यास की अनुपस्थिति में लेखा अवधि और आर्वतन निपटान बुधवार से मंगलवार तक चालित राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज द्वारा परिचालित किया जाता है। निपटान और कम किये गए पत्र प्रवाहों को मुख्य धारा में लाए जाने के उद्देश्य से विस्तार केन्द्र और आबंटन के साथ अन्तरिम और परस्पर—अभिरक्षात्मक निपटारे को बढ़ाए जाने के लिए प्रयोग किया जाता है। विलम्बित निपटान के लिए अधिशेषित की गई कठोर शास्तियों का परिणाम नकद राशि या डूबी हुई अल्पकालिक वितरण के न्यून समानुपात सहित नकद और प्रतिभूतियों का उपयुक्त समय पर निपटान और वितरण है। भारत के काउन्टर एक्सचेंज से अधिक (ओ० टी० सी० ई०आई० (1992) ने भी लघु स्तरीय फर्मों के सापेक्षिक स्टॉकों के लिए इलैक्ट्रोनिक व्यापार प्रणाली को शुरू किया है और यह दिसम्बर, 1994 में 45 मिलियन रुपये से अधिक की मासिक आय पर पहुंच गया था।

स्टाक एक्सचेंज

115. राष्ट्रीय स्टाक एक्सचेंज के क्रियाकलाप को निवेश करने वाली जनता को दक्षतापूर्ण और पारदर्शी सेवाए उपलब्ध कराने के महत्वपूर्ण कदम के रूप में समीक्षा की आवश्यकता है, न कि बम्बई स्टाक एक्सचेंज या देश में किन्हीं अन्य एक्सचेंजों को कमजोर करने का प्रयत्न है। वास्तव में राष्ट्रीय स्टाक एक्सचेंज के सचालनों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह प्रदर्शन आधारित व्यापार शुरू करने के लिए बम्बई स्टाक एक्सचेंज आन लाईन ट्रेडिंग (बी.ओ.एल.टी.) प्रणाली के आधुनिकीकरण के लिए एक प्रेरक के रूप में काम करेगा। बम्बई स्टाक एक्सचेंज ने देश भर में निवेशकों को बेहतर सेवाए उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय स्टाक बाजार प्रणाली (एन.एस.एम.एस.) स्थापित करने की शुरुआत की है। आखिरकार, राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज

सारणी 3.15

जारी किए गए निर्गमों का विश्लेषण

(रुपए करोड़ों में)

स्वरूप	1992-93		1993-94		1993 अप्रैल-दिसम्बर		1994 अप्रैल-दिसम्बर	
	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
स्वत्व	488	6000.8	370	8922.6	287	6479.7	219	4140.0
सार्वजनिक	546	10748.3	773	13059.8	466	9795.9	813	7241.4
कुल	1034	16749.1	1143	21982.4	753	16275.6	1032	11381.4

तथा अन्य स्टॉक एक्सचेंजों को विनिमय सबंधी लागतों को कम करने तथा निवेशकों को उचित सेवाए मुहैया कराने में होड़ करनी चाहिए।

116. व्यक्ति विशेष से संस्थागत निवेशकों में परिवर्तन से कुछ समस्यायें उत्पन्न होते हुए गौण बाजार में अन्य आयाम जुड़े। व्यापार और अप्रचलित प्रणालियों को परिमाण देते हुए, विदेशी संस्थागत निवेशकों के अभिरक्षकों के लिये बम्बई स्टॉक एक्सचेंज (बी० एस० ई०) में संविदा पत्रों के उपरान्त कार्य को पूरा करने में असमर्थ थे। इसलिये, बम्बई स्टाक एक्सचेंज ने उच्च मूल्य वर्ग के शेयर प्रमाण पत्रों की नई प्रणाली और संस्थागत तथा फुटकर बाजार के बीच अर्न्तबिन्दु को कम करने के लिए निपटान प्रक्रिया में प्रयोग किये गये साफ्टवेयर के परिवर्तन को प्रस्तावित किया।

117. सेबी बम्बई स्टाक एक्सचेंज सहित निरन्तर बाजार का अनवीक्षण करता है। वर्ष 1993-94 के दौरान अनेक उपायों के माध्यम से भागीदारों के हितों को सुरक्षित किया गया। इनमें शामिल, हैं (क) खरीद के साथ-साथ बिक्री दोनों पर दैनिक उपातों को अधिरोपित करना; (ख) विशेषकृत शेयरों में कार्य सीमित करना; (ग) वितरण आधार पर प्रतिबन्धित होते हुए कार्य संचालन सहित सट्टा बाजारों को व्यापार पर प्रतिबन्ध लगाना; (घ) वितरण आधार पर भी खरीद और बिक्री का विनियमन, (ङ) एक समझौते पर अग्रेनीत किया गया बकाया व्यवसाय का ठेका; (च) व्यापार कार्य की अवधि के अतिरिक्त फुटकर व्यापार (पटल पर) पर प्रतिबन्ध लगाना; और (छ) परिपथ अवरोधकों का प्रयोग।

प्राथमिक बाजार सबंधी घटनाक्रम

118. अनुमोदित प्रवर्तनों के माध्यम से कुल पूंजी में हुई वृद्धि सहित अनेक निर्गमों के परिप्रेक्ष्य में प्रारभिक बाजार गतिविधि ने गत दो वर्षों में निरन्तर सुधार दर्शाया है। वर्ष 1993-94 में कुल 1143 निर्गम शुरू किए गए जो

चित्र 3.2 शेयर मूल्यों का बी०एस०ई० सेनसेक्स



वर्ष 1992-93 के दौरान की तुलना में 10.5 प्रतिशत अधिक थे। वर्ष 1993-94 में जुटायी गई कुल पूंजी 1992-93 में 31.24 प्रतिशत (सेबी द्वारा अनुमोदित प्रवर्तनों के अनुसार) अधिक थी। स्वत्व निर्गमों के लिए यह वृद्धि 48.7 प्रतिशत और सार्वजनकि निर्गमों के लिए 21 प्रतिशत थी। कुल प्रवर्तनों में 21982.4 करोड़ रुपए एकत्रित किए गए। सार्वजनकि निर्गमों का औसत आकार 18 करोड़ रुपए (1993-94 में 24 करोड़ रुपए) और स्वत्व निर्गमों के लिए 9 करोड़ रुपए (वर्ष 1993-94 में 17 करोड़ रुपए) था।

119. अप्रैल-दिसम्बर, 1994 के दौरान कुल 1032 सार्वजनकि और स्वत्व निर्गम शुरू किए और 11381.45 करोड़ रुपए की राशि इकट्ठी की। 813 सार्वजनिक निर्गमों में इकट्ठी की गई राशि 7241.4 करोड़ रुपए और 219 स्वत्व निर्गमों में 4140.05 करोड़ रुपए जुटाए गए। अप्रैल-दिसम्बर, 1993 केदौरान सार्वजनिक निर्गमों में 9795.98 करोड़ रुपए और स्वत्व निर्गमों में 6479.75 करोड़ रुपए (सारणी–3.15) की राशि जुटाई गई थी।

गौण बाजार संबंधी घटनाक्रम

120. बम्बई स्टाक एक्सचेंज संवेदनशील अंक के इक्विटी मूल्यों (1978-79 – 100) में नवम्बर 1993 में वृद्धि होने लगी थी और यह नवम्बर 1993 के 2622 की तुलना में 24 दिसम्बर, 1993 को 3346 पर स्थिर रही। सूचकांक में वृद्धि का रूख जनवरी और फरवरी, 1994 में जारी रहा और फरवरी, 1994 में यह सूचकांक 4286 के स्तर पर पहुंच गया। बाद में सूचकांक मार्च से मई, 1994 के दौरान सामान्यतः गिरा। जून, 1994 में सूचकांक ने बढ़ना शुरू किया और सितम्बर, 1994 के दौरान 4630 के शीर्ष पर पहुंच गया। उसके बाद सूचकांक ने सामान्यतः गिरावट का रूख दिखलाया और यह 24 जनवरी 1995 को 3411 तक गिर गई। गिरावट का यह रूख संभवतः 26 जनवरी, 1995 को पलट गया और 31 31 जनवरी, 1995 को सूचकांक 3618 पर (आकृति 3.2 और सारणी 3.16) बंद हुआ।

121. शेयरों के मूल्यों को घटबढ़ को सेबी और सरकार द्वारा नजदीक से मानीटर किया गया। निगमित वित्तीय परिणाम, निवेशकों की अपेक्षाओं, आर्थिक नीतियों में परिवर्तन, सेबी द्वारा शुरू किए गए अन्य व्यापारिक सुधार और विदेशी संस्थागत निवेशकों तथा पारस्परिक निधियों जैसे विभिन्न तथ्यों ने शेयर अमूल्य और उनके सूचकांक की घटबढ़ को प्रभावित किया। विदेशी संस्थागत निवेशकों का व्यवहार भी विश्व पूंजी और मुद्रा बाजारों के साथ-साथ विकसित देशों (विशेषतया अमरीका में बढ़ती हुई ब्याज की दरों के प्रभाव से निधियां इक्विटी से बांड जारी की तरफ जा रही है) में घरेलू विभाग परिवर्तनों सहित अन्य उभरते हुए बाजार और विश्व पूंजी की स्थितियों तथा मुद्रा बाजार के व्यवहार पर भी अनिश्चित होता है।

122. कुल बिक्री अनुपात (बाजार पूंजीकरण के लिए कुल बिक्री के अनुपात के अनुसार परिभाषित) नीचे दर्शायी गई उभरती अर्थ-व्यवस्था की तुलना में न केवल बहुत कम है, बल्कि इस की अन्तः अल्पकालिक घट-बढ़ भी उत्साहवर्धक नहीं हैं। इस अनुपात में वर्ष 1989-90 के दौरान 57.2 प्रतिशत के उच्च स्तर से वर्ष 1990-91 के दौरान 47.8 प्रतिशत की गिरावट आई और वर्ष 1991-92 में 23.4 प्रतिशत से वर्ष 1992-93 में 24.3 प्रतिशत की एक-दम से गिरावट आई। वर्ष 1994-95 के दौरान कुछ प्रत्यावर्तन है और पूंजीगत बाजार सुधारों का सकारात्मक प्रभाव की ओर संकेत करते हुए प्रवृत्ति और अधिक उत्साही रही है।

अन्तर्राष्ट्रीय तुलना

123. दिसम्बर, 1993 के अन्त तक बम्बई स्टांक एक्सचेंज में सूचित कम्पनियों की संख्या 3585 थी। यह नौ उभरते बाजारों (मलेशिया, द० अफ्रीका, मैक्सिको, ताइवान, कोरिया, थाइलैण्ड, ब्राजील, चिल्ली, और अर्जेन्टाइना) में सूचित कम्पनियों के सकल योग से अधिक था। सूचित कम्पनियों की संख्या जापान, यू० के० (इंग्लैण्ड), जर्मनी, फ्रान्स, हांगकांग, कनाडा, आस्ट्रेलिया और नीदरलैण्ड जैसे विकसित देशों के बाजारों से भी व्यापक थी। बम्बई स्टॉक बाजार का कुल बिक्री अनुपात (23 प्रतिशत) भी चिल्ली (6.3 प्रतिशत) और दक्षिणी अफ्रिका (6 प्रतिशत) की तुलना में अधिक था। फिर भी, यह उन सात अन्य उभरते हुए बाजारों जैसे थाईलैण्ड (66.6 प्रतिशत), मलेशिया (69.7 प्रतिशत), ताइवान (177.5 प्रतिशत) और कोरिया (151.9 प्रतिशत) से कम था।

पारस्परिक निधियां

124. वर्ष 1994-95 में पूंजीगत बाजार सुधारों का एक संघटक वैयक्ति से संस्थागत निवेशक के केन्द्र में बदला जाता रहा है। पारस्परिक निधियाँ जैसे संस्थागत निवेशक विकसित देशों में पूंजीगत बाजार के अत्यधिक महत्वपूर्ण संघटक का गठन करते हैं। इन्हें सामान्य नियामक संरचना के अन्तर्गत लाया गया है और इससे उपभोक्ताओं के हितों की अच्छी सुरक्षा के लिए स्पष्ट अभिव्यक्ति के मानकों को इकत्रित किये जाने में सहायता मिली है।

125. भारतीय यूनिट ट्रस्ट सहित पंजीकृत पारस्परिक निधियों की कुल संख्या 21 है। सभी पारस्परिक निधियों के अन्तर्गत 155 स्कीमों के माध्यम से इन निधियों के 81 प्रतिशत के भारतीय यूनिट ट्रस्ट के लेखे सहित कुल निधियां लगभग 64820 करोड़ रुपए है। अब तक शुरू की गई 28 स्कीमों में गैर-भारतीय यूनिट ट्रस्ट की पारस्परिक निधियों से 3,109 करोड़ रुपए जुटाए गए। निजी पारस्परिक निधि निधियों में 16 स्कीमों के माध्यम से 2,147 करोड़ रुपए जुटाए गए हैं। प्रतिस्पर्धा के परिणामस्वरुप, निवेशक विभिन्न

सारणी—3.16

चुने हुए स्टाक बाजार सूचकों के रुख

सूचक	1993		1994	
	अप्रैल—दिसम्बर		अप्रैल—दिसम्बर	
1	2	3	4	5
(क) सूचकांक				
(1) सेन्सैक्स	2205.37	3301.85	3824.75	3949.78
(2) राष्ट्रीय सूचकांक	993.63	1589.25	1855.81	1876.13
(ख) कीमत @ उपार्जन अनुपात (पी! ई.)				
(1) सेन्सैक्स 2	27.19	40.02	46.43	34.50
(2) राष्ट्रीय सूचकांक 3	24.98	40.28	46.45	38.58
(ग) औसत दैनिक आय करोड़ रुपये)				
(ग) औसत दैनिक आय करोड़ रुपये)	173	438	196	423
(घ) पूंजीकरण बाजार करोड़ रुपये)	175093	305000	364868	400000

1. अनन्तिम जैसे कि महीने के अन्त में थी।

2. बम्बई स्टाक एक्सचेन्ज सेनसैक्स की 30 स्क्रिप से सम्बन्धित मासिक औसत

3. बम्बई स्टाक एक्सचेन्ज राष्ट्रीय सूचकांक की 1000 स्क्रिप से सम्बन्धित मासिक औसत।

4. शेयरों के दोनों समूह (क+ख) का लगभग औस त।

परिपक्वता अवधियों और विभिन्न जोखिम-आय सम्बन्धी व्यापार-भिन्न प्रस्तावित स्कीमों का चयन किए जाने में समर्थ रहे हैं। विदेशी परिसम्पत्ति प्रबन्धन कम्पनियों ने भी घरेलू परिसम्पत्ति प्रबन्धन कम्पनियों के संयुक्त उद्यम स्वरूप गठन किए जाने से पारस्परिक निधियों के क्षेत्र में प्रवेश किया है।

126. सेबी विनियामकों की पचास प्रतिशत स्वतन्त्र निदेशकों सहित परिसम्पत्ति प्रबन्धन कम्पनियों का गठन करने के लिए पारस्परिक निधियों की आवश्यकता होती है न्यासों के अलग मण्डलों या न्यासी कम्पनियां, जिनमें स्वतन्त्र न्यासियों का कम से कम पचास प्रतिशत और स्वतन्त्र अभिरक्षकों की नियुक्ति की भी आवश्यकता होती है। यह न्यासियों, निधि प्रबन्धकों और अभिरक्षकों के बीच संरक्षा दूरी की सुनिश्चितता बनाए जाने के लिए है। स्कीमों के शुरू किए जाने वाले प्रस्तावित दस्तावेजों को सेबी द्वारा पुनिरीक्षित किए जाने की आवश्यकता समझी जाती है। पारस्परिक निधि विवरण पत्रों के लिए एक मानक प्रपत्र तैयार किया जा रहा है। पारस्परिक निधियों के साथ विज्ञापन संहिता जोड़े जाने की आवश्यकता समझी गई है। पारस्परिक निधि स्कीमों के प्राक्कलन और निवल परिसम्पत्ति मूल्य (एन०ए०वी०एस०) को घोषित किए जाने के लिए एक प्रक्रिया विनिर्दिष्ट की गई है। यह पारदर्शिता को लागू करेगी, सूचना निधि के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन किए

सारणी 3.17

यूरो इश्यू और अन्तः प्रवाह की राशि
(अमेरिकी मिलियन डालर)

अवधि	जारी निर्गम (जुटाई गई पूंजी)			अन्तः प्रवाह की राशि		
	जी०डी० आर०	एफ०सी० सी०बी० 1	कुल	जी०डी० आर०	एफ०सी० सी०बी०	कुल
1	2	3	4	5	6	7
1992-93	240.52		240.52	85.85[2]	--	85.82
1993-94	1522.44	995.50	2517.94	1462.93	913.94[2]	2376.87
1994-95[2]	1852.87	102.51	1955.38	1742.03	92.60	1834.63
कुल	3615.83	1098.01	4713.84	3290.78	1006.54	4297.32

1. स्विस फ्रैंक एफ. सी. सी! बी. के 20 मिलियन एस. एफ. सहित और 19.57 मिलियन एस. एफ. के अन्तः प्रवाह के तदनुरूपी

2. जनवरी 1995 तक

जाने के लिए अनुमत करेगी । पारस्परिक निधियों को अपनी निवेशन गतिविधि के एक भाग के रूप में निर्गम जारी किए जाने के दायित्व के लिए भी अनुमत किया है । पारस्परिक निधियों के नियमित अनुवीक्षण की नियमनों सहित अनुपालन सुनिश्चित किए जाने के लिए सेबी द्वारा वचनबद्ध किया गया है ।

विदेशी संस्थागत निवेशक

127. वर्ष 1993 में साक्ष्यांकित भारतीय इक्विटी बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों के हित वर्ष 1994 में निरन्तर जारी रहे । पंजीकृत विदेशी संस्थागत निवेशकों की संख्या में जनवरी, 1993 में 0.2 मिलियन अमेरिकी डालर के संचित निवल निवेश सहित 10 से बढ़कर जनवरी, 1994 में 1231.3 मिलियन अमेरिकी डालर के संचित निवेशन सहित 136 की वृद्धि हुई । वर्ष 1994 के दौरान यह वृद्धि जारी रही । पंजीकृत विदेशी संस्थागत निवेशकों की संख्या दिसम्बर 1994 के अन्त तक 3 बिलियन अमेरिकी डालर के संचित निवेश सहित 281 थी । अप्रैल-दिसम्बर, 1994 के दौरान, नई 123 विदेशी संस्थागत निवेशन पंजीकृत किए गए और उन के द्वारा 1201.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर का अतिरिक्त निवेशन किया गया । भारत में निवेशन के लिए विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा शुरू की गई समर्पित निधि दिसम्बर 1994 तक विदेशी संस्थागत निवेशकों के निवेश की 36 प्रतिशत हैं । इस मार्ग के माध्यम से 1.05 बिलियन अमेरिकी डॉलर की राशि निवेशित की गई है । यद्यपि नीति सम्बन्धी सुधारों और विदेशों में कम ब्याज दरों द्वारा अनुप्रेरित विदेशी संस्थागत सम्बन्धी अन्तः प्रवाहों में परिमाण सम्बन्धी उछाल को, संस्थागत परिवर्तनों सहित प्रक्रियात्मक सरलीकरणों द्वारा सुकर किया गया है । इन में आवेदन-पत्रों का सरलीकरण, और अभिरक्षकों के लिए परिचालनात्मक प्रक्रियाओं को शामिल किया गया । अभिरक्षकों सम्बन्धी सेवाओं का गठन किए जाने के लिए नवीन संस्थाओं को प्रोत्साहित किया गया है । विदेशी संस्थागत निवेशन को बहुविध नकद लेखों और अपने प्रत्येक उप-लेखों को खोलने के लिए अनुमत किया गया । प्रतिभूति संविदा (विनियमन) नियम, 1957 में संशोधन, करके सरकार ने संयुक्त उद्यम स्टॉक ब्रोकिंग कम्पनियों में गैर-भारतीय नागरिकों को अपने निदेशक मण्डलों में रखे जाने की अनुमति दी ।

विश्वव्यापी निक्षेपागार प्राप्तियां (जी.डी.आरएस)

128. वर्ष 1992 से, भारतीय कम्पनियों को अन्तर्राष्ट्रीय पूंजीगत बाजारों की सुलभता के लिए अनुमत किया गया । जनवरी, 1995 तक, भारतीय कम्पनियों ने विश्व-व्यापी निक्षेपागार प्राप्ति निर्गमों के माध्यम से 3.616 बिलियन अमेरिकी डालर की राशि और यूरो परिवर्तनीय बन्धपत्रों के माध्यम से 1.098 बिलियन अमेरिकी डॉलर की राशि जुटाई थी । सारणी 3.17 में गत तीन वर्षों के दौरान विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बन्धपत्रों के साथ-साथ विश्व-व्यापी निक्षेपागार आंकड़ों को दर्शाती है ।

नीति संबंधी दिशा निर्देशी सिद्धांत

129. मई, 1994 के बाद अनुभव के आधार पर, जब यूरो इश्यूओं के लिए मार्ग निर्देशी सिद्धांतों को जारी किया गया, इन मार्ग निर्देशी सिद्धान्तों में आगामी आशोधन अक्टूबर, 1994 में किए गए । व्यवस्था जो कि यूरो इश्यू की प्राप्त आयों को स्थायी इश्यू की निकाली गई तिथि से एक वर्ष की अवधि के अन्तर्गत संस्वीकृत लक्ष्य के उपयोग के लिए प्रयोग में लाया जाना चाहिए समाप्त कर दी गई है । इसके स्थान पर, निर्गमन करने वाली कम्पनियों को यूरो इश्यू से प्राप्त की गई आयों को विदेश में प्रत्यावर्तित किए जाने के लिए आवश्यक रूप से सुरक्षित रखे जाने की अपेक्षा होगी जिससे जिस सीमा तक और जब भी संस्वीकृत लक्ष्य के प्रयोग के लिए (सामान्य नैगम आधारिक संरचना के लिए 15 प्रतिशत तक सुनिश्चित किए जाने सहित) व्यय को उपगत किया जा सके । स्रोतों के बीच अभिप्रेरित करते हुए यह परिवर्तन भारतीय रिजर्व बैंक के साथ विदेशी मुद्रा आरक्षित भण्डार का निरन्तर संचय था और नये निवेशन के लिए एक दीर्घकालिक अवधि थी ।

संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट

130. प्रतिभूतियों और बैंकिंग संचालनों में अनियमितताओं को नियन्त्रित किए जाने की संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट की जांच की गई और 26 जुलाई, 1994 को संसद में टिप्पणियों/निष्कर्षों/सिफारिशों पर की गई कार्रवाई (ए०टी०आर०) की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई । परिणामस्वरूप, संसद में विभिन्न विपक्षी दलों से प्राप्त टिप्पणियों और सुझावों के प्रकाश में की गई कार्रवाई रिपोर्ट में शामिल 273 मदों के 147 के सम्बन्ध में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट के संशोधित पैराग्राफों को भी दिसम्बर, 28 1994 को संसद में प्रस्तुत किया गया ।

बीमा क्षेत्र

131. आर्थिक-समीक्षा 1993-94 में, अप्रैल, 1993 में बीमा सुधार समिति की रिपोर्ट का उल्लेख किया गया था।

इस का उद्देश्य भारतीय जीवन बीमा निगम (एल० आई०सी०), भारतीय साधारण बीमा निगम (जी०आई०सी०) और इस की चार सहायक कम्पनियों की कार्यशीलता का अध्ययन करना तथा बीमा क्षेत्र में सुधारों के लिए सिफारिशें करना था । वित्त सचिव के साथ बीमा उद्योग के मुख्य कार्यकारियों, भारतीय जीवन बीमा निगम/भारतीय साधारण बीमा निगम तथा उसकी सहायक कम्पनियों और उपभोक्ताओं/परिपृच्छसदस्यों/प्रेस द्वारा आयोजित परामर्शदात्री बैठकों की श्रृंखला में विशेष रूप से, (एल०आई०सी० तथा जी०आई०

सी० दोनों सहित) बीमा उद्योग के निजीकरण के लिए आवश्यकता सहित समिति की सिफारिशों पर विचार-विमर्श किया गया। इस से सुधार की दिशा तथा मानदण्डों पर व्यापक सहमति के मूल्यांकन को मुकर किया गया। इस विषय पर वित्त मंत्री द्वारा वित्त मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति में, इस विषय पर हुई विशेष बैठक, में विस्तार से, विचार-विमर्श भी किया गया।

132. उपरोक्त विचार-विमर्शों पर आधारित, समिति की सिफारिशों पर सरकार के विचारों को सुनिश्चित स्वरूप दिया गया है और उद्योग में निजी बीमा कम्पनियों के प्रवेश को अनुमति दिए जाने सहित प्रमुख नीति परिवर्तनों पर निर्णय तैयार किए जाने की अग्रिम अवस्था में है।

दृष्टिकोण

133. वर्ष के दौरान लिए गए निर्णयों को लागू किए जाने पर "बजट" या "मौद्रीकृत" घाटे के माध्यम से राज-कोषीय घाटे और मौद्रिक वृद्धि को अगले कुछ वर्षों में पूरी तरह से तोड़ा जाएगा। इससे सरकार की मौद्रिक नीति स्वतन्त्र बनेगी। और इस तरह भारतीय रिजर्व बैंक पर अधिक दायित्व निर्वहन किये जाएंगे। इसलिए वित्त मंत्रालय और केन्द्रीय बैंक के बीच परस्पर कार्यवाही को, जैसा कि विकसित देशों में प्रणाली व्यवहार में लायी जाती है, मुद्रा-स्फीति नियन्त्रण तथा उत्पादन के अभिवृद्धि द्विलक्ष्यों में सन्तुलन बनाए रखे जाने के विचार सहित मुद्रा आपूर्ति की लक्ष्य वृद्धि पर केन्द्रित किया जाएगा।

134. वित्त मंत्रालय तथा केन्द्रीय बैंक के बीच बदलते सम्बन्धों का अन्य आयाम "बाजार से उधार राशि कार्यक्रम" है। पूर्ववर्ती वर्षों में सांविधिक नकदी अनुपात बैंकों से केन्द्र द्वारा अनिवार्य उधार राशियों का एक स्रोत था। इस परिप्रेक्ष्य में बाजार से उधार राशि कार्यक्रम "मौद्रिकृत घाटे" का ऋण प्रतिस्थानी था। ब्याज की बाजार दरों के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा वास्तविक रूप में पूरा परिवर्तन वित्तीय बाजार पर (जबकि यह स्वयम् में जोखिम रहित है।) केन्द्रीय सरकार का किसी अन्य ऋणों के समान बदलना है। भारतीय रिजर्व बैंक का लोक ऋण कार्यालय (पी० डी०ओ०) केन्द्रीय सरकार का केवल ऋण/वित्तीय प्रबन्धक है, अनेक देशों में वित्त मंत्रालयों के "कोष विभागों" द्वारा निष्पादित किया जाने वाला कार्य है। इस परिवर्तित सन्दर्भ में केवल राज्य सरकार ऋण, जो अब भी बाजार दरों से कम निर्गमित किया जाता है, सांविधिक नकदी अनुपात से मूल सम्बन्ध रखती है। सांविधिक नकदी अनुपात पूरी तरह से अनावश्यक बन जाएगा जब राज्य ऋणों को भी बाजार दरों पर जुटाया जाता है। इन परिवर्तनों में पुनर्मूल्यांकन और "बाजार ऋण राशि कार्यक्रम" की पूरी व्यवस्था में सुधार तथा केन्द्रीय सरकार ऋण निर्गमन व प्रबन्धन में सुधार किए जाने की आवश्यकता है।

135. भारतीय रिजर्व बैंक सहित विदेशी मुद्रा प्रारक्षित भण्डार का संचयन नवम्बर-दिसम्बर, 1994 में कुछ स्तर तक मन्द हुआ है। यदि यह मन्दी निरन्तर जारी रहती है, भारतीय रिजर्व बैंक का प्रारक्षित मुद्रा में वृद्धि को नियन्त्रित किए जाने का कार्य और भी अधिक सरल हो जाएगा। फिर भी, यदि प्रारक्षित मुद्रा वृद्धि पूर्ववर्ती स्तरों पर प्रत्यावर्त होती है, अन्तः प्रवाह को नियन्त्रित किए जाने के लिए खुले बाजार परिचालन अपने उचित मूल्य प्राप्त करने के हकदार होंगे तथा मौद्रिक नीति कार्रवाई की प्रमुख विशेषता बनेंगे।

अध्याय 4

कीमतें और संवितरण

जनवरी, 1994 से कीमतों के बढ़ने की प्रवृत्ति, जब थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित वार्षिक मुद्रास्फीति दर 9 प्रतिशत जा पहुंची, बीते अप्रेल, 1994 तक वार्षिक मुद्रास्फीति दर 12 प्रतिशत की चरम सीमा पर पहुंचने के साथ 1994-95 की पहली तिमाही में जारी रही। पहली तिमाही अप्रैल-जून में प्राथमिक वस्तुओं तथा विनिर्मित उत्पादों में भी अपेक्षाकृत उच्चतर मूल्य बृद्धि दर्ज की गई। तत्पश्चात्, कीमतों की अभिवृद्धि में सुस्पष्ट मंदी आई और वार्षिक मुद्रास्फीति दर (अंतिम) अक्टूबर, 1994 के प्रथम सप्ताह में घटकर 8.4 प्रतिशत पर आ गई। तथापि, मध्य अक्टूबर से मुख्यतः विनिर्माणकारी क्षेत्र में प्राथमिक उत्पादों तथा मध्यस्थ उत्पादों की कीमतों में तेजी के कारण फिर कुछ चढ़ाव का रुख आया। फरवरी, 1995 के प्रथम सप्ताह तक मुद्रास्फीति की 11.4 प्रतिशत की अनन्तिम दर, अंतिम दर के 12 प्रतिशत स्तर के तथापि नजदीक होने का सूचक है। जबकि आपूर्ति पक्ष के कारक इस वर्ष भारी तौर पर अनुकूल रहे हैं (सिवाय संक्षिप्त रूप से चीनी के मामले में और बाद में खाद्य तेलों और रूई के मामले में), अक्टूबर, 1994 से नई स्फीतिकारी अंतः प्रवाह का कारण मुद्रा आपूर्ति की अपेक्षाकृत उच्चतर अभिवृद्धि मानी जा सकती है जो अप्रैल-दिसम्बर के दौरान पिछले वर्ष की समवर्ती अवधि में 13 प्रतिशत के विपरीत 20 प्रतिशत के वार्षिक दर पर हो गई।

2. नये स्फीतिकारी दबाव 1993-94 की अंतिम तिमाही में देखे गये जब मुद्रास्फीति दर जनवरी, 1994 में 9.1 प्रतिशत से मार्च, 1994 में 10.5 प्रतिशत पहुंच गई, कायम रही और चालू बित्त वर्ष में 1994-95 की पहली तिमाही में 12 प्रतिशत की चरम सीमा पर पहुंच कर बिखर गई और इस प्रकार 1993-94 की अंतिम तिमाही में चीनी, चावल, गेहूं, पेट्रोलियम और अन्य ऊर्जा निवेशों के संबंध में लागू मूल्य संशोधनों के प्रभाव को पुनः प्रतिबिम्बित किया। उसके बाद ध्यानाकर्षणीय गिरावट आई और सितम्बर, 1994 के अन्त तक मुद्रास्फीति दर महत्वपूर्ण रूप से नीचे गिरी तथा अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में 8.4 प्रतिशत नीचे तक पहुंच गई। द्वितीय तिमाही की गिरावट प्रायः पूरे अक्टूबर भर जारी रही किन्तु जल्दी ही प्रतिवर्तित हुई और तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसम्बर), में वार्षिक मुद्रास्फीति दर (अनन्तिम) पुनः 9 प्रतिशत से 11 प्रतिशत की सीमा में आ गई। फरवरी, 1995 तक के अनन्तिम थोक मूल्य सूचकांक की चालू प्रवृत्ति यह दर्शाती है कि चालू वित्त वर्ष के अन्त तक मुद्रास्फीति दर 11 प्रतिशत के आस-पास हो सकती है।

थोक मूल्य सूचकांक तथा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति

3. देश की मुद्रास्फीति दर ज्यादातर थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यू.पी.आई) द्वारा मापी जाती है। फुटकर मूल्य, उपभोक्ता श्रेणी के तीन समूहों अर्थात् औद्योगिक कर्मचारी, शहरी शारीरिक श्रम-भिन्न कर्मचारी तथा खेतिहर मजदूर परिवार के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सी.पी.आई) की चाल के माध्यम से मॉनीटर किया जाता है। (देखें, बॉक्स 4.1)।

4. औद्योगिक कर्मचारियों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित वार्षिक मुद्रास्फीति दर तीनों उपभोक्ता मूल्य सूचकांक श्रृंखला में सर्वाधिक प्रयोग किया जाने वाला—थोक मूल्य सूचकांक के प्रायः आगे पीछे रही। जुलाई, 1993 में 4.5 प्रतिशत के निम्न स्तर से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आई० डब्ल्यू०) आधारित मुद्रास्फीति दर जनवरी, 1994 में 9.1 प्रतिशत हो गई (बिल्कुल थोक मूल्य सूचकांक की तरह) तथा सितम्बर, 1994 में 11.2 प्रतिशत की चरम सीमा पर पहुंच गई किन्तु दिसम्बर, 1994 में 9.5 प्रतिशत पर आ गिरी। शहरी शारीरिक श्रम भिन्न कर्मचारियों, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (यू० एन० एम० ई०) के मूल्यों के मामले में प्रतिमान थोड़ा भिन्न था, जहां मासिक मुद्रास्फीति दर अन्य सभी श्रृंखलाओं की अपेक्षा सुसंगत रूप से कम रही है। खेतिहर मजदूरों के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर उपलब्ध आंकड़े यह प्रदर्शित करते हैं कि जुलाई, 1994 में मुद्रास्फीति की चरम दर 13.4 प्रतिशत थी जो नवम्बर तक गिरकर 11.2 प्रतिशत हो गई। (सारणी 4.1)

सारणी 4.1

थोक मूल्य सूचकांक और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में मुद्रास्फीति की वार्षिक दरें (बिन्दु–दर–बिन्दु)

(प्रतिशत)

वर्ष	आधार	थोक मूल्य सूचकांक 1981-82	उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आई. डब्ल्यू) 1982	उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (यू. एन. एम. ई.) 1984-85	उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (ए० एल०) 1960-61
	1	2	3	4	5
1991-92	अप्रैल	11.6	12.2	12.6	14.7
	मई	11.8	12.1	11.8	13:7
	जून	12.2	13.0	12.3	15.4
	जुलाई	13.1	13.2	13.3	15.9
	अगस्त	16.1	14.2	15.1	18.3
	सितम्बर	16.3	15.7	15.7	23.1
	अक्तुबर	14.7	14.4	14.2	23.1
	नवम्बर	14.7	13.6	14.0	21.2
	दिसम्बर	14.3	13.1	13.3	21.7
	जनवरी	13.6	12.9	12.4	20.4
	फरवरी	12.9	13.4	13.0	20.6
	मार्च	13.6	13.9	13.6	21.9
1992-93	अप्रैल	13.8	14.4	13.5	22.6
	मई	13.8	14.7	14.0	23.9
	जून	13.0	12.9	13.2	21.9
	जुलाई	11.7	13.1	12.8	20.6
	अगस्त	9.4	11.5	10.9	19.0
	सितम्बर	9.6	10.0	10.9	14.1
	अक्तूबर	10.6	9.4	10.8	11.0
	नवम्बर	9.1	8.4	9.6	8.6
	दिसम्बर	8.5	8.0	9.6	5.9
	जनवरी	7.6	5.7	7.9	5.0
	फरवरी	7.6	5.7	7.3	1.9
	मार्च	7.1	6.1	6.8	0.7
1993-94	अप्रैल	6.9	6.1	6.7	—0.7
	मई	6.9	5.1	6.2	—1.9
	जून	7.0	5.9	6.6	—1.0
	जुलाई	7.3	4.5	5.4	—2.0
	अगस्त	8.0	5.8	5.9	—2.3
	सितम्बर	8.8	6.6	6.4	0.1
	अक्तूबर	8.5	7.4	6.3	3.2
	नवम्बर	8.6	8.6	7.3	6.5
	दिसम्बर	8.8	8.6	7.8	9.3
	जनवरी	9.1	9.1	7.8	9.4
	फरवरी	9.5	9.5	8.3	10.2
	मार्च	10.5	9.9	8.3	11.6
1994-95	अप्रैल	11.8	9.8	8.7	12.1
	मई	12.0	10.6	9.7	13.2
	जून	11.8	10.8	9.5	12.5
	जुलाई	11.6	11.1	9.9	13.4
	अगस्त	10.2	10.9	9.8	13.1
	सितम्बर	8.9	11.2	9.7	12.4
	अक्तूबर	8.9	10.3	10.1	11.6
	नवम्बर	9.8	9.8	9.1	11.2
	दिसम्बर	9.9[1]	9.5		
	जनवरी	11.1[1]			
	4फरवरी	11.4[1]			

[1]अनन्तिम

बॉक्स

मूल्य सूचकांक संख्याओं की संरचना

1981-82 आधार वर्ष के साथ थोक मूल्य सूचकांक की चालू श्रृंखलायें 447 वस्तुओं जिसमें प्राथमिक क्षेत्र, ईंधन और विद्युत क्षेत्र और विनिर्माणकारी क्षेत्र में व्यापार की जाने वाली सभी वस्तुएं शामिल हैं---की कीमतों में परिवर्तन प्रतिबिम्बित करती है। प्राथमिक क्षेत्र के अन्तर्गत सभी कृषि खाद्य और खाद्य भिन्न उत्पाद तथा खनिज आते हैं। ईंधन, विद्युत और बिजली समूह में कोयला खनन, पेट्रोलियम उत्पाद और इलेक्ट्रिसिटी शामिल है। विनिर्मित समूह--जिसके अन्तर्गत सर्वाधिक संख्या (334) में वस्तुएं आती हैं में कृषि औद्योगिक खाद्य-उत्पाद, पेय, तम्बाकू और तम्बाकू उत्पाद, कपड़े लकड़ी और लकड़ी उत्पाद, कागज और कागज उत्पाद, चमड़ा और चमड़ा उत्पाद, रबड़ और प्लास्टिक उत्पाद, धातु भिन्न-खनिज उत्पाद, मूल धातुएं, मिश्र धातुएं तथा धातु उत्पाद, मशीनरी और मशीनी उपकरण, परिवहन उपकरण एवं पुर्जे तथा अन्य विविध विनिर्माणकारी उद्योग शामिल हैं।

फुटकर स्तर पर कीमतों में गति तीन भिन्न श्रृंखलाओं के उपभोक्ता मूल्य सूचकांकों औद्योगिक कर्मचारियों का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक, शहरी शारीरिक श्रम-भिन्न कर्मचारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक तथा खेतिहर मजदूर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक द्वारा प्रदर्शित की जाती है जिसकी संरचना नियमित रूप से क्रमशः आधार वर्ष 1982, 1984-85 तथा 1960-61 के साथ मासिक आधार पर की जाती है। संबंधित श्रृंखलाओं की वस्तुओं की टोकरी में खाद्य वस्तुएं, पान, सुपारी, तम्बाकू और मादक द्रव्य, आवास, ईंधन, और बिजली, कपड़ा, बिस्तर तथा जूते-चप्पले तथा विविध रूप से समूहित कई सेवाएं, शामिल हैं। औद्योगिक कर्मचारियों की श्रृंखलाओं के अंतर्गत 260 वस्तुएं, शहरी शारीरिक श्रम-भिन्न कर्मचारियों की श्रृंखलाओं में 180 वस्तुएं तथा खेतिहर मजदूर परिवार की श्रृंखलाओं में 60 वस्तुएं शामिल हैं।

थोक मूल्य सूचकांक में वित्तीय वर्ष परिवर्तन

5. इस वित्तीय वर्ष की प्रथम तीन तिमाहियों (अप्रैल-दिसम्बर) में कीमतों में अभिवृद्धि तीन सुस्पष्ट चरणों में आई। अप्रैल से जून तक प्रथम तिमाही के सदृश पहले चरण में, थोक मूल्य सूचकांक के 4 प्रतिशत की वृद्धि (मार्च 1994 के अन्त में) दर्ज करने के साथ स्पष्ट तौर पर ऊपरी रुख दिखाई पड़ा। दूसरे चरण (जुलाई-सितम्बर) में मात्र 1.6 प्रतिशत की बहुत वृद्धि मामूली हुई। इस प्रकार 1994-95 के पूर्वार्द्ध में कीमतों में 5.6 प्रतिशत तक की संचयी वृद्धि पूर्ववर्ती वर्ष के पूर्वार्द्ध में कीमतों में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि से बहुत नीचे थी जो कि आपूर्ति प्रबन्ध नीतियों की प्रभावकारिता की पुष्टि करती है। तीसरे चरण (अक्टूबर-दिसम्बर) में थोक मूल्य सूचकांक में मौसमी गिरावटी प्रवृत्ति के बजाए, दरअसल कीमतों में लगभग 1.5 प्रतिशत की ओर वृद्धि हुई। इस प्रकार चालू वित्तीय वर्ष के पहले नौ महीनों (अप्रैल-दिसम्बर) में कुल मूल्य वृद्धि 7.3 प्रतिशत की थी जो कि 1993-94 की समवर्ती अवधि में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि से थोड़ी कम थी तथापि, जनवरी, 1995 (4 फरवरी तक) में 2.2 प्रतिशत की और वृद्धि ने पिछले वर्ष की इसी अवधि में 8.5 प्रतिशत की तुलना में कुल मूल्यवृद्धि को 9.6 प्रतिशत तक पहुंचा दिया। (सारणी 4.2)।

सारणी 4.2

वित्तीय वर्ष वृद्धि (अप्रैल से 4 फरवरी तक)

(प्रतिशत)

	1993-94 अप्रैल-फरवरी	1994-95				
		पहली तिमाही अप्रैल-जून	दूसरी तिमाही जुलाई-सितम्बर	तीसरी तिमाही अक्तूबर-दिसम्बर[1]	चौथी तिमाही जनवरी-फरवरी[1]	योग अप्रैल-फरवरी[1]
1	2	3	4	5	6	7
सभी वस्तुएं	8.5	4.0	1.6	1.5	2.2	9.6
प्राथमिक वस्तुएं	9.8	6.9	2.0	1.3	2.8	13.7
ईंधन, शक्ति, बिजली इत्यादि	10.0	0.4	0.3	0.6	—	1.2
विनिर्मित उत्पाद	7.4	3.1	2.0	1.5	0.4	9.0

[1]अनन्तिम

प्राथमिक वस्तुएं

6. इस वित्तीय वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में प्राथमिक वस्तुओं का थोक मूल्य सूचकांक 10.2 प्रतिशत तक बढ़ गया। 1993-94 की समवर्ती अवधि में 10.3 प्रतिशत की उच्च वृद्धि पर यह वृद्धि गम्भीर चिन्ता का क्षेत्र होना चाहिये क्योंकि इस समूह में मजदूरी के सामान तथा अत्यावश्यक वस्तुएं शामिल हैं। प्रकट रूप में, पहली तिमाही, अप्रैल से जून के दौरान ये 7 प्रतिशत की उच्च वृद्धि थी जो कि प्रत्यक्ष रूप से फरवरी 1994 में खाद्यान्नों की नियन्त्रित मूल्य वृद्धियों के परिणामस्वरूप हुई जिसकी वजह से सम्भवत: इस वर्ष प्राथमिक वस्तुओं में तेज वृद्धि हुई। (सारणी 4.2)

प्राथमिक वस्तुओं, जिनका थोक मूल्य सूचकांक में वजन 32.3 है, का इस वर्ष (अप्रैल —4 फरवरी), की मुद्रा स्फीति में योगदान 46 प्रतिशत का था, जो कि उसके वजन की तुलना में बहुत अधिक है। प्राथमिक वस्तुओं के समूह में यह खाद्य वस्तुओं का समूह था जिसने 1994-95 में 14.7 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि दर्ज की जो मुद्रास्फीति में मात्र 11.9 प्रतिशत के योगदान सहित 1993-94 की इसी अवधि में 5.4 प्रतिशत की वृद्धि के विपरीत इस वर्ष की प्राय: एक तिहाई मुद्रास्फीति के लिये जिम्मेदार है। (सारणी 4.3)

7. यद्यपि मुख्यत: गेहूं की स्थिर कीमतों के कारण खाद्यान्न की कीमतों में वृद्धि (अप्रैल, 1994—4 फरवरी, 1995) पिछले वर्ष की वृद्धि (18 प्रतिशत) की अपेक्षा कम (8.7 प्रतिशत) थी, धान्य-भिन्न खाद्य सामानों जैसे कि फलों एवं सब्जियों (7.1 प्रतिशत), दूध (10.1 प्रतिशत), अण्डे, मछली और मांस (22.9 प्रतिशत), काफी चाय (79.2 प्रतिशत) तथा मसाले (36.4 प्रतिशत) में वृद्धि बहुत अधिक थी। खाद्य भिन्न वस्तुओं विशेषकर रेशेदार फसलों और गन्ने में वृद्धि इस वर्ष कम (13.8 प्रतिशत) थी तथा पिछले वर्ष के विपरीत जबकि इस समूह के थोक मूल्य सूचकांक में 17 प्रतिशत से अधिक तक की वृद्धि हुई, इस वर्ष की मुद्रास्फीति में इसका योगदान मात्र 15.7 प्रतिशत था (सारणी 4.3) तथा कुल मुद्रास्फीति में योगदान 18.5 प्रतिशत था।

सारणी 4.3

प्रमुख वस्तु समूहों के थोक मूल्यों में घटबढ़

(4 फरवरी के अनुसार)

(आधार : 1981-82 — 100)

(प्रतिशत)

वस्तु समूह/उप-समूह	भार (प्रतिशत)	मुद्रास्फीति (वित्तीय वर्ष)		वार्षिक मुद्रास्फीति (बिन्दु प्रति बिन्दु)		मुद्रास्फीति में योगदान	
		1994-95 (अप्रैल-फर.)	1993-94 (अप्रै.-फर.)	1994-95 (फर./फर)	1993-94 (फर./फर.)	1994-95 (अप्रै.-फर.)	1994-95 (फर/फर)
1	2	3	4	5	6	7	8
सभी वस्तुएं	100.00	9.6	9.1	11.4	9.5	100.0	100.0
1. प्राथमिक वस्तुएं	32.29	13.7	9.9	15.4	8.7	46.2	43.8
(क) खाद्य वस्तुएं	17.39	14.7	5.4	13.7	3.7	28.9	23.3
क. खाद्यान्न	7.92	8.7	18.0	8.1	18.7	7.8	6.2
चावल	3.69	7.9	10.8	9.8	12.4	3.3	3.4
गेहूं	2.25	0−0.5	21.2	−2.7	22.1	−0.1	−0.6
मोटे अनाज	0.89	27.7	11.5	36.9	10.6	2.3	2.4
दालें	1.09	15.8	38.8	7.4	36.7	2.3	1.0
फल एवं सब्जियां	4.09	7.1	−8.8	7.4	−7.7	2.9	2.5
दूध	1.96	10.1	0.1	13.8	0.1	2.3	2.6
अंडे, मछली और मांस	1.78	22.9	12.2	29.7	9.6	5.3	5.6
मिर्च और मसाले	0.95	36.4	−17.4	34.0	−243	5.2	4.3
अन्य खाद्य वस्तुएं (चाय एवं काफी)	0.69	79.2	9.6	24.6	−9.5	5.4	2.1
(ख) खाद्य-भिन्न वस्तुएं	10.08	13.8	17.3	21.2	16.5	15.7	19.4
रेशे	1.79	5.7	44.7	34.0	56.2	1.6	6.3
कच्ची रुई	1.34	4.4	41.2	42.9	54.6	1.0	5.8
कच्चा जूट	0.16	6.7	74.7	6.2	109.6	0.2	0.1
11. ईंधन, शक्ति बिजली और लुब्रिकेन्ट्स	10.66	1.2	12.6	1.6	15.2	1.5	1.6
111. विनिर्मित उत्पाद	57.04	9.0	7.8	11.1	8.9	52.4	54.7
(क) खाद्य-उत्पाद	10.14	9.3	10.3	−11.3	12.2	9.6	9.8
चीनी	2.01	−3.6	16.6	−2.3	28.6	−0.7	−0.4

1	2	3	4	5	6	7	8
खाद्य तेल	2.45	18.3	4.8	20.0	0.4	4.6	4.2
वस्त्र	11.55	11.0	10.5	17.3	12.2	12.4	15.9
रसायन और रसायन उत्पाद . . .	7.36	11.7	5.1	14.4	5.7	7.5	7.7
धातु भिन्न खनिज उत्पाद . . .	2.48	5.1	10.5	6.2	12.0	1.4	1.4
सीमेंट	0.86	13.6	−1.3	15.9	−1.1	1.0	1.0
मूल धातुएं, मिश्र धातुएं और धातु उत्पाद .	7.63	9.6	7.7	10.1	9.8	8.4	7.6
@1. नियंत्रित वस्तुएं[1]	15.93	2.5	13.3	2.6	15.4	3.6	3.3
2. मौसमी वस्तुएं[2]	34.40	13.2	9.9	15.3	9.3	50.0	48.8
3. कच्चे माल[3]	14.91	12.3	17.4	17.9	17.1	17.3	20.5
4. आवश्यक वस्तुएं	21.77	10.1	11.7	10.4	12.0	23.0	20.3

[1] नियंत्रित वस्तुओं में, कच्चा पैट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस, पैट्रोलियम उत्पाद, कोयला खनन, बिजली और एन यूरिया तत्व शामिल हैं।

[2] मौसमी वस्तुओं में खाद्य-भिन्न वस्तुएं, चीनी, खांडसारी और गुड़, खाद्य-तेल और तेल की खलियां शामिल हैं।

[3] कच्चे माल में खाद्य-भिन्न वस्तुएं और खनिज शामिल हैं।

विनिर्मित उत्पाद

8. चालू वित्त वर्ष (4 फरवरी, 1995 तक के दौरान अधिकांश वृद्धि पहले छः माह में होने के साथ (5.1 प्रतिशत), विनिर्मित उत्पाद समूह के मूल्य सूचकांक में 9 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई। इस समूह में खाद्य उत्पादों (जिसमें चीनी और खाद्य तेल शामिल है) में मुद्रास्फीति पिछले वर्ष (10.3 प्रतिशत) की अपेक्षा कम (9.3 प्रतिशत) थी तथा इस वर्ष की मुद्रास्फीति में योगदान भी कम था। दरअसल, चीनी के मूल्य में इस वर्ष गिरावट आ गई थी। खाद्य तेल की कीमतों में वृद्धि पिछले वर्ष की (4.8 प्रतिशत) की वृद्धि की तुलना में इस वर्ष अधिक (18.3 प्रतिशत) थी। रसायन, धातुओं और सीमेंट जैसे अत्यावश्यक मध्यस्थ उत्पादों ने चालू वर्ष में बहुत अधिक मुद्रास्फीति दर दर्ज की और वस्त्रों के साथ मिलकर इस वर्ष की मुद्रास्फीति में 28 प्रतिशत से अधिक का अपना योगदान दिया (सारणी 4.3)।

कच्चे माल

9. कच्चा माल समूह, जिसका थोक मूल्य सूचकांक में वजन 14.9 प्रतिशत का है, ने पिछले वर्ष की 17.4 प्रतिशत के विपरीत इस वर्ष (अप्रैल, 1994 से 4 फरवरी, 1995) बहुत कम 12.3 प्रतिशत की मुद्रास्फीति दर्ज की। इस समूह द्वारा मुद्रास्फीति में योगदान भी 1993-94 की समवर्ती अवधि में 23.4 प्रतिशत की तुलना में बहुत कम (17.3 प्रतिशत) था।

नियन्त्रित उत्पाद

10. थोक मूल्य सूचकांक में कुल 15.9 प्रतिशत के वजन के साथ सिर्फ पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद, कोयला खनन, इलेक्ट्रीसिटी तथा यूरिया खाद ही पूर्ण नियंत्रित मूल्य वाली वस्तुएं हैं। इस समूह के मूल्य सूचकांक में संतुलित रूप से 2.5 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई (पिछले वर्ष 13.3 प्रतिशत की तुलना में तथा 1993-94 में 20.1 प्रतिशत के विपरीत इस वर्ष की मुद्रास्फीति में केवल 3.6 प्रतिशत का योगदान रहा।

आवश्यक वस्तुएं

11. थोक मूल्य सूचकांक में 21.77 प्रतिशत का वजन रखने वाली 30 आवश्यक वस्तुओं ने मुख्यतः चीनी की कीमतों में गिरावट के कारण 4 फरवरी, 1995 तक 10.1 प्रतिशत की मुद्रास्फीति दर्ज की जो कि पिछले वर्ष के 11.7 प्रतिशत से थोड़ी कम थी। तथापि, चालू वर्ष की मुद्रास्फीति में इस समूह का योगदान 23 प्रतिशत था जो कि पिछले वर्ष की भांति थोक मूल्य सूचकांक में उसके वजन के समानुपात के अनुरूप नहीं था (सारणी 4.3)।

वार्षिक मुद्रास्फीति

सभी वस्तुएं

12. 4 फरवरी, 1995 को समाप्त 45वें सप्ताह का थोक मूल्य सूचकांक पिछले वर्ष की समवर्ती तारीख को दर्ज किए गए 254.2 (अंतिम सूचकांक) पर 11.4 प्रतिशत की वृद्धि प्रदर्शित करते हुए 283.1 (अनन्तिम) पर पहुंच गया था। चालू वित्तीय वर्ष के पहले 21 सप्ताहों की वार्षिक मुद्रास्फीति दर न्यूनतम 10.16 प्रतिशत से अधिकतम 12.1 प्रतिशत के बीच दो अंकों के स्तर पर रही। यह अगस्त के अंतिम सप्ताह में एक अंक के स्तर (9.57 प्रतिशत) पर आ गिरी। तत्पश्चात मध्य अक्तूबर 1994 तक 8 प्रतिशत से 9 प्रतिशत स्तर के बीच मंडराती रही। दिसम्बर में, वार्षिक दर को बिन्दु-प्रति-बिन्दु के आधार पर 10 प्रतिशत के स्तर पर और 4 फरवरी 1995 तक 11.4 प्रतिशत के स्तर पर ढकेलते हुए वार्षिक दर में पुनः कुछ ऊपरी रुझान दृष्टिगोचर हुआ। दिसम्बर के अन्त से मूल्य व्यवस्था किंचित उन्नति का सूचक है और इसलिए वर्षान्त मुद्रास्फीति की वार्षिक दर 11 प्रतिशत के आसपास रह सकती है (सारणी 4.4)।

सारणी 4.4
वार्षिक मुद्रास्फीति दर (बिन्दु प्रति बिन्दु)
(4 फरवरी के अनुसार)

(प्रतिशत)

वस्तु समूह/उप-समूह	भार (प्रतिशत)	वार्षिक मुद्रास्फीति दर		मुद्रास्फीति में योगदान	
		1994–95	1993–94	1994–95	1993–94
1	2	3	4	5	6
सभी वस्तुएं	100.00	11.4	9.5	100.0	100.0
1 प्राथमिक वस्तुएं	32.29	15.4	8.7	43.8	30.0
(क) खाद्य वस्तुएं	17.39	13.7	3.7	23.3	7.9
(क) खाद्यान्न	7.92	8.1	17.8	6.2	15.9
1. अनाज	6.82	8.2	15.4	5.2	11.1
(i) चावल	3.69	9.8	12.4	3.4	5.0
(ii) गेहूं	2.25	−2.7	22.1	−0.6	5.3
2. दालें	1.09	7.4	36.7	1.0	4.8
(ख) फल एवं सब्जियां	4.09	7.4	−7.7	2.5	−3.8
(i) फल	2.80	11.8	−15.7	2.7	−5.6
(ii) सब्जियां	1.29	−1.5	14.0	−0.2	1.9
(ग) दूध	1.96	13.8	0.1	2.6	0.0
(घ) अंडे, मछली और मांस	1.78	29.7	9.6	5.6	2.2
(ङ) मिर्च-मसाले	0.95	34.0	−24.3	4.3	5.3
(च) अन्य खाद्य वस्तुएं	0.69	24.6	−9.5	2.1	−1.2
(ख) खाद्य भिन्न वस्तुएं	10.08	21.2	16.5	19.4	17.0
1. रेशे	1.79	34.0	56.2	6.3	8.7
2. तेलहन	3.86	25.7	6.1	7.7	2.3
(ग) खनिज	4.83	4.8	19.6	1.1	5.0
II. ईंधन, शक्ति, बिजली और लुब्रीकेण्ट्स	10.66	1.6	15.2	1.6	17.6
III. विनिर्मित उत्पाद	57.04	11.1	8.9	54.7	52.4
(क) खाद्य उत्पाद	10.14	11.3	12.2	9.8	12.4
1. चीनी, खांडसारी और गुड़	4.06	3.7	29.3	1.2	9.8
(1) चीनी	2.01	−2.3	28.6	−0.4	4.6
2. खाद्य तेल	2.45	20.0	0.4	4.2	0.1
(i) तोरी एवं सरसों का तेल	0.28	19.4	7.8	0.4	0.2
(ii) मूंगफली का तेल	0.53	31.3	13.9	1.3	0.7
3. खली	0.43	17.2	18.0	0.7	0.8
अन्य					
1. वस्त्र	11.55	17.3	12.2	15.9	13.1
2. सीमेंट	0.86	15.9	−1.1	1.0	−0.1
3. लोहा एवं स्टील	2.44	7.0	11.0	1.6	2.8
4. उर्वरक	1.75	10.6	−0.1	1.2	−0.0
@5. अलौह धातुएं (अल्युमिनियम से भिन्न)	0.57	21.5	−1.3	1.4	−0.1
नियंत्रित वस्तुएं	15.93	2.6	15.4	3.3	21.8
1. पेट्रोलियम, कच्चा तेल एवं प्राकृतिक गैस	4.27	4.0	21.2	0.7	4.2
2. पेट्रोलियम उत्पाद (खनिज तेल)	6.67	−0.1	7.4	−0.1	4.9
3. कोयला खनन	1.26	5.2	17.9	0.8	3.0
4. इलैक्ट्रिसिटी	2.74	2.8	29.2	0.9	9.7
5 यूरिया नाइट्रोजन सहित	0.99	21.4	0.0	0.9	0.0
मौसमी वस्तुएं[1]	34.40	15.3	9.3	48.8	35.6
कच्चे माल[2]	14.91	17.9	17.1	20.5	21.9

[1]मौसमी वस्तुओं के अन्तर्गत खाद्य वस्तुएं, खाद्येतर वस्तुएं, चीनी, खांडसारी और गुड़, खाद्य तेल एवं खली शामिल हैं।
[2]कच्चे माल में खाद्येतर वस्तुएं तथा खनिज शामिल है।

चित्र 4.1

थोक मूल्य सूचकांक में वित्तीय वर्षीय परिवर्तन

समस्त वस्तुएं तथा प्रमुख समूह



प्राथमिक वस्तुएं

13. 4 फरवरी, 1995 को प्राथमिक वस्तुओं में वार्षिक मुद्रास्फीति दर 1994 की समवर्ती तारीख को 8.7 प्रतिशत की तुलना में 15.4 प्रतिशत थी। खाद्य वस्तुओं जो प्राथमिक वस्तुओं के समूह के वजन की आधी से ज्यादा होती है, इस वर्ष की मुद्रास्फीति में 23 प्रतिशत से अधिक योगदान देते हुए 13.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। 1993-94 में मुद्रास्फीति में इस समूह का योगदान 7.9 प्रतिशत था (सारणी 4.4)। पिछले वर्ष के विपरीत इस वर्ष की खाद्य वस्तु समूह में उच्चतर वृद्धि ज्यादातर अंडा, मछली और मांस (29.7 प्रतिशत), मिर्च-मसाले (34 प्रतिशत), काफी (137.4 प्रतिशत) तथा दूध (13.8 प्रतिशत) जैसे धान्य-भिन्न पदार्थों के मूल्यों में तीव्र वृद्धि के कारण है।

14. खाद्य-भिन्न वस्तुओं, जिनका थोक मूल्य सूचकांक में वजन 10.1 प्रतिशत है, में वार्षिक मुद्रास्फीति दर पिछले वर्ष की 16.5 प्रतिशत की अपेक्षा अधिक 21.2 प्रतिशत दर्ज की गई। पिछले वर्ष की ही तरह खाद्य-भिन्न वस्तुओं के मूल्य में अधिकांश वृद्धि का कारण कच्ची रुई की कीमतों में ऊंची वृद्धि है। तेलहन की कीमतें भी पिछले वर्ष की मात्र 6.1 प्रतिशत के विपरीत 25.7 प्रतिशत की मुद्रास्फीति दर्ज करते हुए काफी ऊंची उठी। मूंगफली में भी अपेक्षाकृत ऊंची मुद्रास्फीति (43.6 प्रतिशत) दर्ज की गई।

ईंधन शक्ति, बिजली तथा लुब्रीकेण्ट

15. 10.7 प्रतिशत के वजन वाला यह समूह 1993-94 में 15.2 प्रतिशत की तुलना में इस वर्ष मात्र (1.6 प्रतिशत) की वार्षिक मुद्रास्फीति दर दर्ज करता हुआ कम अस्थिर था। इस समूह में तीन प्रमुख संघटकों अर्थात् कोयला खनन, खनिज तेल तथा इलैक्ट्रिसिटी में पिछले वर्ष के विपरीत जब कोयले तथा इलैक्ट्रिसिटी के मूल्य में काफी भारी वृद्धि कर दी गई थी, हल्की मूल्य वृद्धि दर्ज की गई। इस समूह के मूल्य ज्यादातर नियन्त्रित हैं।

विनिर्मित उत्पाद

16. विनिर्मित उत्पादों में इस वर्ष 11.1 प्रतिशत की मुद्रास्फीति दर पिछले वर्ष 8.9 प्रतिशत की अपेक्षा अधिक थी। पिछले वर्ष के स्तर से बहुत अधिक वृद्धि दर्ज करने वाले मुख्य उत्पाद थे—खाद्य तेल (20 प्रतिशत), पेय पदार्थ (11.7 प्रतिशत), कपड़ा (17.3 प्रतिशत), रसायन तथा रसायन उत्पाद (14.4 प्रतिशत), यूरिया (21.4 प्रतिशत), सीमेंट (15.9 प्रतिशत) तथा अलौह धातुएं (21.5 प्रतिशत)।

वस्तु समष्टि

17. नियन्त्रित वस्तुओं ने पूर्ववर्ती वर्ष में 21.8 प्रतिशत के योगदान की तुलना में इस वर्ष की कुल मुद्रा-स्फीति में बहुत कम (3.3 प्रतिशत) योगदान करते हुए पिछले वर्ष की 15.4 प्रतिशत की वृद्धि के विपरीत इस वर्ष 2.6 प्रतिशत की न्यूनतर वृद्धि दर्ज की। मौसमी वस्तुओं ने जिनमें मौसमी प्राथमिक वस्तुएं तथा मौसमी विनिर्मित वस्तुएं भी शामिल हैं पिछले वर्ष के 9.3 प्रतिशत की तुलना में 15.3 प्रतिशत की उच्चतर वृद्धि दर्ज की और इस वर्ष की मुद्रास्फीति में पिछले वर्ष की 35.6 प्रतिशत की अपेक्षा 48.8 प्रतिशत का योगदान किया। कच्चे माल समूह ने 17.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जो कि पिछले वर्ष की 17.1 की तुलना में कुछ अधिक थी। इस प्रकार इस वर्ष की मुद्रास्फीति में उनका योगदान पिछले वर्ष की 21.9 प्रतिशत से थोड़ा कम 20.5 प्रतिशत था। थोक मूल्य सूचकांक गति पर आधारित, आवश्यक वस्तुओं की कीमतें 9.2 प्रतिशत तक ऊंची उठी (नवम्बर, 1993 की तुलना में नवम्बर, 1994) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (औद्योगिक कर्मचारी) पर आधारित इस समूह ने 10.5 प्रतिशत की वार्षिक मुद्रास्फीति दर दर्ज की (सारणी 4.5 और आकृति 4.2)।

चित्र 4.2 आवश्यक वस्तुओं में मुद्रा स्फीति की वार्षिक दर (सी०पी०आई० तथा डब्ल्यू०पी०आई० पर आधारित)



सारणी 4.5

आवश्यक वस्तुओं में मुद्रास्फीति की वार्षिक दरें

(नवम्बर, 1994)

(प्रतिशत)

वस्तु	भार		वित्तीय वर्ष परिवर्तन नवम्बर/मार्च				वार्षिक मुद्रास्फीति दर नवम्बर/नवम्बर			
			1994-95		1993-94		1994		1993	
	उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आई.डब्लू.)	थोक मूल्य सूचकांक	उपभोक्ता मूल्य सूचकांक	थोक मूल्य सूचकांक	उपभोक्ता मूल्य सूचकांक	थोक मूल्य सूचकांक	उपभोक्ता मूल्य सूचकांक	थोक मूल्य सूचकांक	उपभोक्ता मूल्य सूचकांक	थोक मूल्य सूचकांक
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
सामान्य सूचकांक	100.00	100.00	9.0	7.2	9.1	7.9	9.8	9.8	8.6	8.6
चावल	12.45	3.69	8.1	8.9	5.5	13.9	16.8	7.5	5.4	11.0
पूर्ण गेहूं	4.43	2.25	0.2	-2.7	5.7	8.4	13.9	8.3	7.8	13.7
गेहूं आटा	1.75	0.76	-1.0	1.3	10.2	6.3	5.7	7.7	7.9	6.0
ज्वार	0.46	0.42	12.7	20.8	-2.2	-13.5	14.3	32.8	-21.7	-21.8
बाजरा	0.16	0.18	10.0	-7.5	9.1	14.9	37.2	17.1	7.1	5.9
मूंग	0.53	0.20	14.6	23.1	4.5	9.5	23.3	41.0	10.2	21.2
चना	0.08	0.41	12.8	-2.9	43.2	49.0	10.2	-6.7	66.8	76.7
मसूर	0.41	0.05	28.1	52.6	9.5	20.0	32.7	50.5	3.4	8.9
अरहर	1.69	0.27	11.0	53.3	13.3	16.5	5.7	50.1	10.5	18.8
उड़द	0.35	0.15	72.7	-24.0	4.4	21.1	93.5	-19.0	-1.7	12.0
नारियल का तेल	0.09	0.17	4.8	2.3	-16.8	-18.7	-6.4	-4.9	-20.0	-20.9
मूंगफली का तेल	2.27	0.53	12.0	6.7	24.9	30.2	5.4	-2.3	4.5	9.2
सरसों का तेल	1.44	0.28	18.2	19.1	13.2	10.7	14.4	15.4	—0.3	—0.9
वनस्पति	0.78	0.52	14.6	50.7	13.1	8.0	8.1	41.0	—0.9	—8.8
बकरी का मांस	2.12	0.52	7.9	19.7	4.0	5.8	14.6	29.3	9.5	10.0
मछली ताजा	1.31	0.51	3.3	7.8	3.8	13.0	12.7	22.5	14.5	19.7
दूध	5.52	1.96	4.0	11.6	6.9	3.8	5.5	9.7	7.1	3.7
नमक	0.15	0.04	9.4	3.4	3.9	4.9	12.7	1.5	7.1	12.5
मिर्च	0.63	0.32	39.9	47.3	-21.1	-21.5	45.2	77.3	-47.6	-52.4
प्याज	0.67	0.16	38.2	39.4	106.5	75.0	-32.8	-24.9	193.2	179.2
आलू	1.23	0.47	81.4	63.6	94.0	102.3	4.3	-7.2	41.3	30.8
चीनी	2.24	2.01	-0.8	-3.4	3.1	6.7	12.7	6.7	19.3	17.0
गुड़	0.47	1.75	6.6	16.6	41.5	39.5	-6.1	5.1	47.9	51.7
चाय पत्ती	0.82	0.56	0.3	8.7	15.1	-3.5	0.8	-21.2	23.8	20.0
साफ्ट कोक	0.80	0.35	1.7	5.2	3.3	4.8	2.9	5.2	6.5	20.4
किरोसीन तेल	1.82	0.87	0.6	0.0	1.1	0.0	1.0	0.0	1.8	0.0
माचिस	0.23	0.23	16.3	0.5	4.4	8.2	16.9	0.6	8.5	13.1
कपड़े धोने का साबुन	1.33	0.59	2.8	9.1	4.0	-6.2	3.4	14.8	3.9	-6.2
लट्ठा	0.20	0.36	12.6	8.5	11.0	2.6	16.1	35.7	7.6	9.4
धोती	0.35	1.19	12.4	9.1	11.3	10.5	15.9	12.1	8.3	12.4
साड़ियां	2.05		9.1		12.3		11.1		11.7	
आवश्यक वस्तुएं	48.83	21.77	9.2	10.1	10.8	12.7	10.5	9.2	9.7	13.2

मौद्रिक अभिवृद्धि और मुद्रास्फीति

18. मुद्रास्फीति अर्थव्यवस्था की मांग और आपूर्ति पक्षों की तरफ कार्यरत विभिन्न कारकों की आपसी गतिविधि का परिणाम है। चालू वित्तीय वर्ष में, संक्षिप्त अवधि के लिए चीनी को छोड़कर आपूर्ति पक्ष के कारक सब मिलकर अनुकूल रहे। अतः चालू वित्तीय वर्ष में सामान्य मूल्य स्तर में ऊपरी प्रवृत्ति, विशेष रूप से मध्य अक्तूबर, 1994 से, प्रणाली में अतिरिक्त नकदीकरण से उत्पन्न मांग पक्ष के कारकों द्वारा घटित हुई प्रतीत होती है।

19. 1993-94 में सरकार के राजकोषीय घाटे में अभिवृद्धि ने प्रणाली में स्फीतिकारी दबाव का निर्माण किया था। राजकोषीय घाटा और ज्यादा विशेष तौर पर मुद्रीकृत घाटा (सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक का ऋण) आरक्षित नकदी मुद्रा तथा परिणामतः मुद्रा आपूर्ति की अभिवृद्धि में सहायक होता है जो स्फीतिकारी मांग दबाव को तीव्र करने में मदद करती है। केन्द्र का राजकोषीय घाटा 1992-93 में 40,173 करोड़ रुपए से बढ़कर 1993-94 में 58,551 करोड़ रुपए हो गया। मुद्रीकृत घाटे में भी 1992-93 में 11.4 प्रतिशत के विपरीत 15.6 प्रतिशत की उच्चतर वृद्धि दर दर्ज की गई। तथापि 1993-94 के अन्त से आरक्षित नकदी मुद्रा के विस्तार में प्रमुख कारक विदेशी मुद्रा की शुद्ध परिसंपत्तियों में तीव्र अभिवृद्धि ही रही है। 1993-94 में भारतीय रिजर्व बैंक की निवल विदेशी परिसम्पत्तियों में अभिवृद्धि 1992-93 में मात्र 17.6 प्रतिशत के मुकाबले 105 प्रतिशत थी। परिणामतः 1993-94 में आरक्षित नकदी मुद्रा में अभिवृद्धि 25 प्रतिशत से आगे चली गई तथा मुद्रा आपूर्ति अभिवृद्धि 1992-93 में 15.7 प्रतिशत से बढ़कर 1993-94 के अन्त में 18.2 प्रतिशत हो गई। इसी तरह मुद्रास्फीति की वार्षिक दर 1992-93 के अन्त में 7 प्रतिशत के निम्न स्तर से 1993-94 के अंत में 10.8 प्रतिशत तक ऊपर चली गई।

20. चालू वित्तीय वर्ष में प्रणाली में अतिरिक्त नकदीकरण को पूरे वर्ष के लिए 6,000 करोड़ रुपए की सीलिंग की शर्त और वर्ष के दौरान लगातार दस कार्य दिवसों के लिए 9,000 करोड़ रुपए तक की अधिकतम अस्थायी पहुंच द्वारा तदर्थ राजकोषीय हुंडियों के माध्यम से सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिए जाने वाले ऋण की अभिवृद्धि को सीमित करके नियंत्रित करने का अनुरोध किया गया है। चालू वित्तीय वर्ष में 20 जनवरी, 1995 तक पिछले छः माह से केन्द्र सरकार का बजटीय घाटा नकारात्मक रहा है। 31 मार्च, 1994 और 20 जनवरी, 1995 के बीच सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक के ऋण में पिछले वित्तीय वर्ष की समवर्ती अवधि में इसके 7.4 प्रतिशत के विस्तार के विपरीत 4 प्रतिशत की गिरावट आई है। तथापि, प्रणाली में अतिरिक्त नकदीकरण का उत्पादन नवम्बर, 1994 के अन्त तक, भारतीय रिजर्व बैंक की निवल विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में तीव्र अभिवृद्धि के कारण जारी रहा, जिस अवधि तक उन्होंने पूर्ववर्ती वर्ष में 27 प्रतिशत की अभिवृद्धि के मुकाबले 36.3 प्रतिशत की अभिवृद्धि दर्ज की। केवल दिसम्बर, 1994 में पिछले महीनों में नीति संबंधी कई कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप भारतीय रिजर्व बैंक की विदेशी मुद्रा परिसम्पत्तियों में कुछ कमी आई है। खाद्य-भिन्न बैंक ऋण में तेजी के फलस्वरूप भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वाणिज्यिक और सहकारी बैंकों को दिए जाने वाले ऋण में व्यापक रूप से वृद्धि हुई और 1993-94 की समवर्ती अवधि में 18 प्रतिशत के विपरीत 1994-95 के दौरान 20 जनवरी, 1995 तक आरक्षित मुद्रा में अभिवृद्धि को 14.2 प्रतिशत तक आगे बढ़ा दिया। वार्षिक आधार पर आरक्षित नकदी मुद्रा में अभिवृद्धि एक वर्ष पूर्व की तुलना में बहुत ज्यादा है (20.3 प्रतिशत के मुकाबले 21.2 प्रतिशत)। आरक्षित नकदी मुद्रा में भारी अभिवृद्धि ने मुद्रा आपूर्ति अभिवृद्धि को भी तीव्र किया है। वार्षिक आधार पर 20 जनवरी, 1995 को यह एक वर्ष पूर्व 17.5 के मुकाबले 18.6 प्रतिशत है। इस प्रकार प्रणाली में निरन्तर नकदीकरण अभिवृद्धि उत्पादन (तथा परिणामतः अतिरिक्त नकदीकरण) ने अतिरिक्त मांग में वृद्धि की है और उसके द्वारा प्रणाली में स्फीतिकारी दबाव का प्रोत्साहन प्रदान किया है। एम-3 में 24 जून, 1994 को 18.6 प्रतिशत से अगली तिमाही के अंत में 20.2 प्रतिशत तक और पुनः 26 नवम्बर, 1994 को 21.8 प्रतिशत की बढ़ती हुई वार्षिक अभिवृद्धि दर यह स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करती है कि दूसरी तिमाही में एक संक्षिप्त अधोगामी प्रवृत्ति के पश्चात वार्षिक मुद्रास्फीति की दर ने पुनः दर अक्टूबर, 1994 से ऊर्ध्वगामी प्रवृत्ति क्यों प्रदर्शित की है (सारणी (4.6)।

सारणी 4.6

मुद्रास्फीति और धन आपूर्ति अभिवृद्धि

(प्रतिशत)

	वित्तीय वर्ष के परिवर्तन					वार्षिक दर			
	1994–95		1993–94			1994–95		1993–94	
	एम$_3$	मुद्रास्फीति	एम$_3$	मुद्रास्फीति		एम$_3$	मुद्रास्फीति	एम$_3$	मुद्रास्फीति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
अप्रैल – जून . .	5.2	4.0	4.9	3.3	जून 24	18.6	11.6	13.1	7.1
अप्रैल – सितम्बर .	9.7	5.7	7.8	7.8	सित. 30	20.2	8.6	12.1	8.5
अप्रैल – अक्तूबर . .	12.2	6.3	9.1	8.0	अक्तू. 28	21.6	9.1	12.6	8.2
अप्रैल – नवम्बर . .	13.4	6.5	10.0	7.6	नव. 26	21.8	9.7	13.4	8.6
अप्रैल – दिसम्बर . .	14.1	7.1	12.4	8.1	दिस. 23	21.2	9.8	15.4	8.9
अप्रैल – जनवरी . .	14.3	8.9	14.6	8.6	जन. 20	18.6	11.1	17.5	9.1

1994–95 में मुद्रास्फीति के आधारभूत कारण

21. 1994-95 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के दौरान थोक मूल्य सूचकांक में 4 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि 1 फरवरी, 1994 से चावल (23 प्रतिशत), गेहूं (21.8 प्रतिशत) और चीनी (9 प्रतिशत) की केन्द्रीय वस्तु मूल्य में वृद्धि का अतिरेक प्रभाव था। मजदूरी संबंधी वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि सामान्यतः कुछ समय पश्चात् अन्य सभी वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का कारण बनती है। इसके अतिरिक्त चीनी, रुई, जूट और मूंगफली की पैदावार में कमी, जिसने, संभवतः स्फीतिकारी दबावों के और उत्प्लावकता प्रदान की हो, के कारण अल्पकालिक आपूर्ति असंतुलनों का प्रभाव था। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष की मुद्रास्फीति के, वस्तुओं के एक बहुत विस्तृत प्रतिबिम्ब-पार अधिक व्यापक होने का यह भी एक कारण हो सकता है। लेकिन, यह केवल एक आंशिक स्पष्टीकरण है। इस वर्ष की स्फीतिकारी दबावों के लिए महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण कुल मांग की तरफ, विशेष रूप से मौद्रिक समष्टियों में सारवान वृद्धि है।

22. ऐसे कारक जिन्होंने वर्ष के दौरान स्फीतिकारी अन्तःप्रवाह को ईंधन प्रदान किया है, मोटे तौर पर निम्नलिखित हैं :—

(i) 1993-94 में उच्चतर राजकोषीय घाटे का अतिरेक प्रभाव जिसने व्यापार न किये जाने योग्य वस्तुओं तथा उन वस्तुओं, जिनका आयात अभी भी प्रतिबन्धित है, पर दबाव डाला।

(ii) मौद्रिक परिवर्तनों की ऊंची अभिवृद्धि मुख्यतः विदेशी मुद्रा भण्डार के सशक्त गठन के कारण।

(iii) 1993-94 में चीनी, रुई, जूट और मूंगफली के उत्पादन में कमी ने अल्पकालीन आपूर्ति असंतुलन पैदा किया जिससे उनकी कीमतों में तीव्र वृद्धि हुई।

(iv) 1993-94 के बाद के महीने में गेहूं, चावल, चीनी और ऊर्जा उत्पादों में नियन्त्रित मूल्य वृद्धियों के अतिरेक प्रभाव।

(v) लगातार पिछले तीन वर्षों से न्यूनतम समर्थन मूल्यों में भारी वृद्धि के संचयी प्रभाव के परिणामस्वरूप प्राथमिक उत्पाद की कीमतों में उच्चतर वृद्धि हुई है तथा मजदूरी संबंधी वस्तुओं पर ऊपरी दबाव पैदा हुआ है।

स्फीतिकारी-निरोधी उपाय

23. पिछले वर्ष के अन्त में स्फीतिकारी ऊर्ध्वगामी प्रवृत्ति के पुनर्नवीकरण में जब वर्ष का अन्त मुद्रास्फीति दर के 10.8 प्रतिशत पर पहुंचने से हुआ सरकार को मूल्यों की अभिवृद्धि में धीमापन लाने के लिए कई कदम उठाने पर मजबूर किया। सबसे महत्वपूर्ण कदम केन्द्र सरकार के राजकोषीय घाटे को नियन्त्रित करने का निश्चय था जिसके लिए कार्य संबंधी ढांचे की रूपरेखा 1994-95 बजट में तैयार की गई थी। इस ढांचे की प्रमुख विशेषता 6,000 करोड़ रुपए तक की तदर्थ राजकोषीय हुंडियों के जारी करने के मध्य से सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिए जाने वाले निवल ऋण पर उच्चतम सीमा लगाना तथा ऐसी राजकोषीय हुंडियों के लगातार दस दिन से अधिक के लिए 9,000 करोड़ रुपए से ऊपर के लिए जारी होने की अनुमति न देना, जिसका पालन न करने पर भारतीय रिजर्व बैंक तदर्थ राजकोषीय हुंडियों का स्तर घटाने के लिए बाजार में स्वतः ताजे सरकारी पेपर की बिक्री करेगा।

24. भारतीय रिजर्व बैंक ने भी वर्ष 1993-94 में 18.2 प्रतिशत की वास्तविक एम 3 वृद्धि के विपरीत वर्ष 1994-95 में 16 प्रतिशत के अन्तर्गत (एम० 3) मुद्रा आपूर्ति की वृद्धि को नियन्त्रित करने के लिए मुद्रास्फीतिकारी-निरोधी मौद्रिक नीति संबंधी उपायों के समूह, सहित हस्तक्षेप किया है। नकद प्रारक्षित अनुपात में मौद्रिक वृद्धि को नियन्त्रित करने के लिए मई 1994 में 14 से 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इन्हीं लक्ष्यों सहित, नकद प्रारक्षित अनुपात एफ०सी०एन०आर० (बैंकों) और अनिवासी अप्रत्यावर्तनीय (एन० आर० एन० आर०) खातों पर अधिरोपित किया गया जबकि एन०आर०ई० खातों पर अधिकतम ब्याज दर में गिरावट आई। एफ० सी० एन० आर० स्कीम (जिसके अन्तर्गत सरकार मुद्रा गारंटी का वहन करती है) को चरणबद्ध ढंग से समाप्त किया गया जिससे अनिवासी जमाराशियों के अन्तप्रवाह को संतुलित किया जा सके। भारतीय रिजर्व बैंक ने अतिरिक्त नकदी को आमेलित किए जाने के लिए सरकारी प्रतिभूतियों की खुले बाजार में बिक्री किए जाने का आयोजन भी किया।

सारणी 4.7

प्रारक्षित मुद्रा और इसके स्रोत की तिमाही वृद्धि

(प्रतिशत)

		प्रथम तिमाही	दूसरी तिमाही	तृतीय तिमाही
प्रारक्षित मुद्रा	1993–94	3.5	9.7	14.2
	1994–95	6.5	5.7	11.3[1]
स्रोत (1994–95)[1]				
(i) सरकार को दिया जाने वाला निवल भा. रि. बैं. ऋण		−0.7	−10.6	−7.8[1]
(ii) भारतीय रिजर्व बैंक की निवल एफ. ई. परिसम्पत्तियां		13.3	30.3	33.0[1]
(iii) अन्य स्रोत		−23.0	−23.3	−53.5[1]

[1]23 दिसम्बर, 1994 तक

25. आपूर्ति की दिशा में इस वित्तीय वर्ष की प्रमुख उपलब्धता गेहूं के मूल्यों में स्थिरता होना था जिसे मुख्यतः भारतीय खाद्य निगम द्वारा रखे जा रहे केन्द्रीय पूल से खुले बाजार में गेहूं की बिक्री (जनवरी 1995 तक 3.4 मिलियन टन) द्वारा प्राप्त किया गया है, जबकि पिछले वर्ष 1993-94 में इसके विपरीत 2.8 मिलियन टन गेहूं बेचा गया था। गेहूं के प्रमुख उत्पादन राज्यों में इसके मूल्य जनवरी, 1995 में लगभग जनवरी, 1994 के समान ही थे। खुले बाजार में चावल की बिक्री 2.3 लाख टन थी। भारतीय खाद्य निगम द्वारा जनवरी 1995 में इसके बिक्री मूल्यों में कमी की घोषणा के पश्चात इसकी बिक्री बढ़ने की संभावना है।

26. मई, 1994 के मध्य में चीनी के मूल्य काफी बढ़ गए जो थोक बाजार में 17 रुपए प्रति कि०ग्रा० तक पहुंच गए, ऐसा 1993-94 (अक्तूबर–सितम्बर) में चीनी के उत्पादन में भारी गिरावट के परिणामस्वरूप हुआ। चीनी के आयातों को शून्य शुल्क पर खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत रखकर और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से आपूर्ति के लिए सरकारी खाते में लगभग 10 लाख टन आयात करके दिसम्बर, 1994 तक इसके थोक मूल्य 12-13 रुपए तक नीचे लाने में सहायता की। इसी तरह अप्रैल 1994 में कपास के आयात को भी शून्य शुल्क पर खुले सामान्य लाइसेंस में रखकर घरेलू आपूर्ति-मांग की दूरी को पूरा करने में सहायता मिली। अप्रैल 1994 में खुले सामान्य लाईसेंस पर पामोलीन तेल के आयात को रखना त्यौहार के मौसम से पहले सामान्यतः खाद्य तेलों में पायी जाने वाली सट्टे बाजी की प्रवृत्तियों को रोकना था परन्तु 1994–95 की अन्तिम तिमाही में खाद्य तेलों में उर्ध्वगामी रुख ने सरकार को मार्च 1995 से सभी प्रमुख खाद्य तेलों, नारीयल के तेल को छोड़कर, को 30 प्रतिशत के रियायती शुल्क पर खुले समान्य लाईसेंस के अन्तर्गत रखने के लिए तैयार होना।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली

27. खाद्यान्न मुख्यतः चावल और गेहूं, चीनी, खाद्य तेल और मिट्टी का तेल राज्य सरकार/संघ शासित प्रशासनों द्वारा लाइसेंसशुदा उचित दर दुकानों के एक तंत्र के माध्यम से जनता को वितरित किए जाते हैं। 31 मार्च, 1994 को ऐसी दुकानों की संख्या 4.24 लाख से अधिक थी जिनमें से 3.24 लाख ग्रामीण क्षेत्रों में और 99 हजार शहरी क्षेत्रों में स्थित थी।

28. सामान्यतः 2000 की जनसंख्या पर एक उचित दर दुकान होती है। जून, 1992 से सार्वजनिक वितरण प्रणाली को संशोधित करते हुए एक विशेष स्कीम शुरू की जहां राज्य सरकार द्वारा आपूरित चाय, साबुन, दाल और आयोडीन युक्त नमक जैसी अतिरिक्त वस्तुएं दी ताकी पिछड़े और कमजोर आधारभूत ढांचे वाले दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित 1775 खंडों में जनजातीय, पहाड़ी और रेगिस्तानी क्षेत्र की जनसंख्या की सेवा कर सके। राज्यों को यह आश्वासन दिया गया है कि उनके सामान्य आबंटन से अलग नवीकृत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए 3.1 मिलियन टन खाद्यान (चावल और गेहूं) की अतिरिक्त मात्रा दी जाएगी ताकि इन्हें नवीकृत उचित दर दुकानों से ऐसे दामों पर वितरित किया जा सके जो कहीं भी सामान्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली की तुलना में केन्द्रीय निर्गम मूल्य से 50 रुपए प्रति क्विटल कम हो। राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने की सलाह भी दी गई है कि इन नवीकृत उचित दर दुकानों के खुदरा मूल्य केन्द्रीय निर्गम मूल्य से 25 पैसे प्रति कि०ग्रा० से अधिक न हों। वर्तमान नवीकृत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के 1775 खण्डों के अतिरिक्त सरकार ने नवीकृत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत शामिल किए जाने के लिए 409 और खण्डों की पहचान की है।

29. सार्वजनिक वितरण प्रणाली हेतु चीनी की मासिक आपूर्तियां 3.35 से 3.50 लाख टन के औसत स्तर पर रखी जा रही थी। त्यौहार के मौसम में आबंटन बढ़ाकर सितम्बर में 3.65 लाख टन और अक्तूबर में 3.80 लाख टन कर दिया गया था। सरकार ने पूर्णतया सार्वजनिक वितरण प्रणाली के भण्डार को बढ़ाने के लिए मई-दिसम्बर, 1994 के बीच 9.8 लाख टन चीनी का आयात किया।

30. खाद्य तेलों के घरेलू उत्पादन में मामूली कमी को पूरा करने के लिए, खासतौर पर त्यौहार के मौसम के दौरान, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से आपूर्ति हेतु 20 प्रतिशत रियायत शुल्क पर जुलाई और अक्तूबर, 1994 के बीच 1.08 लाख टन पामोलिन तेल का आयात किया गया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से वितरण हेतु राज्य सरकारों ने अप्रैल-दिसम्बर के बीच 93000 टन आयातित पामोलिन तेल उठाया। राज्यों को आयातित तेल खुला 24000 रुपए प्रति टन और 15 कि०ग्रा० के टिन में 27000 रुपए प्रति टन के केन्द्रीय निर्गम मूल्य पर आवंटित किया गया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से दिए जाने वाले आयातित तेल के अंतिम उपभोक्ता मूल्य का निर्धारण राज्य सरकारों पर छोड़ दिया गया।

खाद्यान्न

31. खाद्यान्नों का सार्वजनिक भंडारण बनाना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से आपूर्ति हेतु राज्य सरकारों को प्रत्येक माह इसे जारी करना ही केन्द्रीय सरकार के खाद्य सुरक्षा अभियानों का केन्द्रीय घोषणा-पत्र है। प्रत्येक राज्य को एक निर्धारित मात्रा में आवंटन किया जाता है जो उसके पिछले रिकार्डों, मांग, खरीद की प्रवृत्ति तत्संबंधी आवश्यकता और ऐसे ही संबंधित तथ्यों पर आधारित होता है। किसी भी दिए गए समय में चावल और गेहूं के न्यूनतम भंडार का केन्द्रीय बफर स्टाक रखा जाता है ताकि खाद्य सुरक्षा की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। यदि

इसमें कोई कमी हो तो स्टाक को आयातों के माध्यम से भरा जाता है । यदि स्टाक ज्यादा है, जैसा कि पिछले वर्ष हुआ, तो आपूर्ति को सुधारने और खुले बाजार में इसके मूल्यों को संतुलित रखने के लिए स्टाक को खुली बिक्री के लिए जारी किया जाता है ।

खाद्यान्नों का आवंटन और खरीद

32. 1990-91 से प्रत्येक वर्ष 9 मिलियन टन से ऊपर के गेहूं के आवंटन में से पिछले कुछ समय से इसकी खरीद कम होती जा रही है । 1991-92 में 8.78 मिलियन टन से घटकर 1993-94 में यह 5.86 मिलियन टन तक नीचे चली गई । गेहूं की खरीद अप्रैल-दिसम्बर, 1994 के चालू वर्ष में पिछले वर्ष की इसी अवधि में 4.3 मिलियन टन की तुलना में सिर्फ 3.20 मिलियन टन (सारणी 4.8) ही थी । जबकि 1991-92 से चावल के वार्षिक आवंटन 11 मिलियन टन से अधिक रहे हैं और 1993-94 में तो इससे भी अधिक 12.20 मिलियन टन थे । वार्षिक खरीद 1993-94 में 8.74 मिलियन टन और 1991-92 में 9.94 मिलियन टन के बीच रही । पिछले तीन वर्षों के दौरान गेहूं और चावल दोनों की ही खरीद में गिरावट आई है जो उपभोक्ता की खुले बाजार को वरीयता देना दर्शाता है । इसका मुख्य कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली और खुले बाजार के मूल्य के बीच कम अन्तर होना प्रतीत होता है । ऐसा विशेषकर गेहूं के मामले में गेहूं की खपत वाले राज्यों में है ।

सारणी 4.8

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत खाद्यान्न आवंटन और खरीद

(मिलियन टन)

वर्ष	गेहूं		चावल	
	आवंटन	खरीद	आवंटन	खरीद
1990-91	9.50	7.09	9.61	7.87
1991-92	10.36	8.78	11.36	9.94
1992-93	9.24	7.41	11.48	9.36
1993-94	9.56	5.86	12.41	8.88
1993-94 (अप्रैल-दिसम्बर)[3]	7.01	4.03	9.03	6.77
1994-95[1] (अप्रैल-दिसम्बर)[3]	7.91	3.20[2]	9.90	5.86[2]

1—22 दिसम्बर 1994 तक   2—दिसम्बर, 1994 के लिए संभावित खरीद शामिल है।   3.—अनन्तिम

खाद्यान्नों की वसूली और वितरण

33. 1994-95 में गेहूं की 11.87 मिलियन टन की वसूली पिछले वर्ष की 12.83 मिलिनन टन से मामूली सी कम थी । अप्रैल 1995 में आने वाली अगली फसल के साथ ही स्टाक की स्थिति और सुधरने की संभावना है । पिछले वर्ष (अक्तूबर 1993 से सितम्बर 1994 तक) चावल की 13.65 मिलियन टन की वसूली एक रिकार्ड थी । इस वर्ष (अक्तूबर 1994 से सितम्बर 1995 तक) चावल की वसूली पिछले वर्ष जितनी या उससे अधिक होने की संभावना है । दिसम्बर 1994 के अन्त तक, चालू चावल वर्ष (खरीफ विपणन वर्ष 1994-95 अक्तूबर-सितम्बर) के पहले तीन महीनों में केन्द्रीय पूल में इसकी वसूली 8 मिलियन टन को पार कर गई जो कि पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि के लगभग समान थी । (सारणी 4.9 और सारणी 4.11) ।

सारणी 4.9

केन्द्रीय पूल भंडार और न्यूनतम बफर स्टॉक मानदंड

(मिलियन टन)

महीने के प्रारम्भ में	गेहूं		चावल		जोड़	
	न्यूनतम मानदंड	वास्तविक भंडार	न्यूनतम मानदंड	वास्तविक भंडार	न्यूनतम मानदंड	वास्तविक भंडार
1	2	3	4	5	6	7
जनवरी–1992	7.7	5.3	7.7	8.6	15.4	13.9
अप्रैल	3.7	2.2	10.8	8.9	14.5	11.1
जुलाई	13.1	6.5	9.2	7.4	22.3	13.9
अक्तूबर	10.6	4.3	6.0	5.1	16.6	9.4
जनवरी–1993	7.7	3.3	7.7	8.5	15.4	11.8
अप्रैल	3.7	2.7	10.8	9.9	14.5	12.6
जुलाई	13.1	14.9	9.2	9.3	22.3	24.2
अक्तूबर	10.6	13.7	6.0	7.2	16.6	20.9
जनवरी–1994	7.7	10.8	7.7	11.2	15.4	22.0
अप्रैल	3.7	7.0	10.8	13.5	14.5	20.5
जुलाई	13.1	17.5	9.2	13.2	22.3	30.7
अक्तूबर	10.6	15.6	6.0	10.9	16.6	26.5
जनवरी–1995 [1]	7.7	12.9	7.7	17.4	15.4	30.3

1.—अनन्तिम

सारणी 4.10

केन्द्रीय पूल भण्डार

(मिलियन टन)

पहली जनवरी को	गेहूं	चावल	कुल
1980	8.58	8.15	16.73
1981	6.21	4.91	11.12
1982	5.34	5.01	10.35
1983	4.77	6.99	11.76
1984	4.34	10.45	14.79
1985	6.74	14.54	21.28
1986	9.06	14.93	23.99
1987	8.50	13.93	22.43
1988	5.91	7.35	13.26
1989	4.09	4.44	8.53
1990	5.65	5.61	11.26
1991	8.65	9.27	17.92
1992	8.63	5.28	13.91
1993	8.46	3.29	11.75
1994	11.17	10.82	21.99
1995 [1]	12.88 [1]	17.42 [1]	30.30 [1]
पहली जनवरी को संकटरोधी (बफर) मानदंड	7.7	7.7	15.4

[1]अनंतिम

34. लगातार दूसरे वर्ष बढ़िया वसूली के प्रदर्शन ने केन्द्रीय पूल में सार्वजनिक भंडारों को अभूतपूर्व स्तरों तक ऊंचा पहुंचा दिया है । जबकि देश ने 1992-93 में 3 मिलियन टन गेहूं का आयात किया, वर्तमान भंडार स्थिति ऐसी है कि इस वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक 3.7 मिलियन टन के न्यूनतम बफर स्टाक मानदंड से हमारे पास 5 मिलियन टन से ऊपर गेहूं का अधिक भण्डार होगा । चावल के मामले में भी स्थिति भिन्न नहीं है । सितम्बर, 1994 के अन्त में केन्द्रीय पूल में चावल का भण्डार 6 मिलियन टन के न्यूनतम बफर स्टाक मानदंड के विपरीत 10.86 मिलियन टन था । सितम्बर 1995 के अंत तक जब चालू चावल वर्ष समाप्त होता है, *बफर स्टाक न्यूनतम मानदंड से 8 मिलियन टन से भी अधिक का फालतू भंडार हो जाएगा ।

35. जनवरी, 1994 में भंडार 15.4 मिलियन टन के न्यूनतम बफर स्टाक के विपरीत 22 मिलियन टन (10.8 मिलियन टन गेहूं और 11.2 मिलियन टन चावल) तक पहुंच गए । जनवरी 1993 में कुल भंडार 11.8 मिलियन टन और जनवरी 1992 में 13.9 मिलियन टन (सारणी 4.10 देखें) था । अप्रैल-जून 1994 के बीच गेहूं की वसूली से जुलाई 1994 में कुल भंडार 30.7 मिलियन टन तक पहुंच गया जो जुलाई 1993 की अपेक्षा 6 मिलियन टन से अधिक था और जुलाई 1992 के भंडारों के दुगुने से भी अधिक था । दिसम्बर 1994 के आरम्भ में अब तक कुल भंडार 30.7 मिलियन टन था, जो इस माह के लिए न्यूनतम बफर की अपेक्षा से लगभग दुगुना था ।

सारणी 4.11

गेहूं और चावल की वसूली (केन्द्रीय पूल)

(मिलियन टन)

विपणन वर्षवार	गेहूं अप्रैल–मार्च		चावल (अक्तूबर–सितम्बर)		कुल (गेहूं और चावल)	
	मात्रा	प्रतिशत परिवर्तन	मात्रा	प्रतिशत परिवर्तन	मात्रा	प्रतिशत परिवर्तन
1	2	3	4	5	6	7
1985-86 . . .	10.34	11.3	8.86	1.2	19.20	5.1
1986-87 . . .	10.53	1.8	8.24	−7.0	18.77	−2.2
1987-88 . . .	7.88	−25.2	6.33	−23.0	14.21	−24.2
1988-89 . . .	6.58	−16.5	6.94	9.6	13.52	−4.8
1989-90 . . .	8.94	35.9	10.88	56.8	19.82	46.6
1990-91 . . .	11.07	23.7	11.74	7.9	22.81	15.1
1991-92 . . .	7.75	−29.9	9.24	−21.3	16.99	−25.5
1992-93 . . .	6.38	−17.7	11.80	27.7	18.18	7.0
1993-94 . . .	12.83	101.1	13.65	15.7	26.48	45.7
1994-95* . . .	11.87	−7.5	9.67	—	21.54	

*19 जनवरी, 1995 तक

केन्द्रीय निर्गम मूल्य

36. विभिन्न कृषि वस्तुओं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम०एस०पी०) बढ़ाने और इसके परिणामस्वरूप खाद्यान्नों के वसूली मूल्य में वृद्धि से केन्द्रीय निर्गम मूल्य में आवधिक संशोधन की आवश्यकता होती है । सार्वजनिक वितरण प्रणाली की तीन प्रमुख आवश्यक वस्तुओं गेहूं, चावल और चीनी के लिए केन्द्रीय निर्गम मूल्य में पिछला बड़ा संशोधन 1 फरवरी 1994 को किया गया था जब गेहूं का केन्द्रीय निर्गम मूल्य 330 रुपए प्रति क्विटल से बढ़ाकर 402 रुपए प्रति क्विटल (सारणी 4.12) किया गया था । इस वृद्धि से, चाहे देर से ही सही, गेहूं की अप्रैल 1993 की फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ोतरी पहले ही 280 रुपए से 330 रुपए प्रति क्विटल प्रतिबिंबित हुई है । तत्पश्चात अप्रैल 1994 की फसल हेतु किसानों को देय गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य पुनः बढ़ाकर 350 रुपए कर दिया गया । न्यूनतम समर्थन मूल्य के इस संशोधन से अप्रैल 1994 से केन्द्रीय निगम मूल्य में एक बार फिर 402 रुपए से 440 रुपए प्रति क्विटल की वृद्धि होनी सुनिश्चित हुई । तथापि यह संशोधन 1994 के पूरे वर्ष नवीकृत मुद्रास्फीति झुकाव के कारण प्रभावित नहीं हुआ । अप्रैल 1995 में आने वाली गेहूं की फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य पुनः बढ़ाकर 360 रुपए प्रति क्विटल कर दिया गया था । इसलिए निकट भविष्य में घोषित किए जाने वाले केन्द्रीय निर्गम मूल्य केवल

गेहूं की अप्रैल 1993 की फसल के अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य को ही नहीं बल्कि अप्रैल 1995 में काटी जाने वाली 1994-95 की फसल को भी प्रतिबिंबित करेंगे । चावल के मामले में भी स्थिति वही है जहां पहले ही वसूल की जा चुकी 1993-94 की फसल के लिए संशोधित न्यूनतम समर्थन मूल्य और 1994-95 की फसल की चालू वसूली 1994-95 के केन्द्रीय निर्गम मूल्य में प्रतिबिंबित नहीं हुई है । 1 अक्तूबर, 1994 से लागू चावल के संशोधित केन्द्रीय निर्गम मूल्य जिसे सामान्य किस्म, अच्छी किस्म और बहुत अच्छी किस्म में प्रत्येक के लिए 60 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाना था । मूल्यों में हाल ही में ऊर्ध्वगामी प्रवृत्तियों को और तेज होने के संभावित प्रभाव के कारण स्थगित रखा गया ।

37. केन्द्रीय निर्गम मूल्य में आवश्यक सुधार करने की अनिच्छा या देरी से न्यूनतम समर्थन मूल्य/वसूली मूल्य में अनुवर्ती वृद्धि से बजट की खाद्य पर आर्थिक सहायता 1994-95 में 4000 करोड़ रुपए के बजट प्रावधानों से बहुत अधिक बढ़ जाएगी । इसके साथ पहली बार ऐसा हुआ है कि भारतीय चावल अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अप्रतिस्पर्धात्मक हो गए हैं । गेहूं का निर्यात भी कोई व्यवहारिक विकल्प प्रतीत नहीं होता । भारत नरम गेहूं का उत्पादन करता है जो विश्व भर में व्यापार किए जाने वाले सख्त गेहूं के 130 डालर से 160 डालर प्रति टन के विपरीत बहुत कम निर्यात मूल्य (लगभग 100 डालर प्रतिटन पोत-पर्यन्त) प्राप्त कर पाता है । इसलिए गेहूं के निर्यात में भी हम घाटे में ही हैं जब तक कि हम सख्त बीज के गेहूं का उत्पादन नहीं करते । सरकार को अब से आगे वसूली मूल्यों की घोषणा करते हुए यह ध्यान रखने की आवश्यकता होगी, सार्वजनिक भंडार, निर्यात के सीमित अवसर तथा खुले बाजार और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में उपभोक्ता तक सीमित कीमत के बीच मामूली अन्तर तक पहुंचते हुए भी जो अतिरिक्त आपूर्ति बाजार वास्तविकता को नहीं दर्शाते ।

सारणी 4.12

सार्वजनिक वितरण प्रणाली में केन्द्रीय निर्गम मूल्य में आवधिक संशोधन

(रुपए/क्विंटल)

	चावल			गेहूं	
संशोधन की तारीख	सामान्य	अच्छा	बहुत अच्छा	संशोधन की तारीख	
1	2	3	4	5	6
1982 (अक्तूबर) . . .	188	200	215	1982 (अगस्त)	160
1984 (जनवरी) . . .	208	220	235	1983 (अप्रैल)	172
1985 (अक्तूबर) . . .	217	229	244	1986 (फरवरी)	190
1986 (फरवरी) . . .	231	243	253	1987 (मई)	195
1986 (अक्तूबर) . . .	239	251	266	1988 (मार्च)	204
1987 (अक्तूबर) . . .	239	264	279		
1989 (जनवरी) . . .	244	304	325		
1990 (जून) . . .	289	349	370	1990 (मई)	234
1991 (दिसम्बर) . . .	377	437	458	1991 (दिसम्बर)	280
1993 (जनवरी) . . .	437	497	518	1993 (जनवरी)	330
1994 (फरवरी) . . .	537	617	648	1994 (फरवरी)	402

38. यह इंगित करना भी महत्वपूर्ण है कि जहां केन्द्रीय सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली हेतु राज्यों को खाद्यान्न एक समान केन्द्रीय निर्गम मूल्य पर जारी करती है, सार्वजनिक वितरण प्रणाली हेतु राज्य सरकारों द्वारा निर्धारित किए जाने वाले उपभोक्ता तक सीमित खुदरा मूल्य विभिन्न राज्यों में बहुत भिन्न होते हैं । महाराष्ट्र और गुजरात में गेहूं के सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उपभोक्ता मूल्य सबसे ऊंचे हैं और तमिलनाडु में चावल के मूल्य सबसे नीचे (सारणी 4.13) हैं । उन राज्यों में जहां खाद्यान्नों के उपभोक्ता सार्वजनिक वितरण प्रणाली में मूल्य केन्द्रीय निर्गम मूल्य से कम हैं, उदाहरण के लिए तमिलनाडु और आन्ध्र प्रदेश, राज्य सरकारें स्पष्टतया अतिरिक्त आर्थिक सहायता वहन करती हैं ।

कृषि मूल्य समर्थन और खाद्य सुरक्षा नीति

39. सरकार की खाद्य सुरक्षा नीति का उद्देश्य जनता को वहन करने योग्य मूल्य पर खाद्यान्नों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है । सार्वजनिक वितरण प्रणाली जो दूसरे विश्व युद्ध से देश में विद्यमान थी इन दोनों उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए प्रयासरत है । चावल और गेहूं देश की खाद्य सुरक्षा और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के मूल सिद्धांत का गठन करते हैं । इन अनाजों और कुछ सीमित मात्रा में मोटे अनाजों की वसूली मूलभूत खाद्य की उपलब्धता और मूल्य में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सरकार के हस्तक्षेप का मुख्य हिस्सा है । अनाज की ऐसे मूल्य पर घरेलू खरीद से खाद्यान्नों के अपेक्षित भंडारण और अनुरक्षण तथा वसूली द्वारा उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है जो कृषि के समर्थन मूल्य के रूप में भी काम करती है जो आगे चलकर देश की कृषि मूल्य नीति का एक महत्वपूर्ण तत्व बनता है ।

सारणी 4.13

1 फरवरी, 1994 से लागू चावल और गेहूं के राज्यवार उपभोक्ता सार्वजनिक वितरण प्रणाली खुदरा मूल्य

(रुपए/क्विंटल)

केन्द्र राज्य/संघ शासित क्षेत्र	चावल						गेहूं	
	सामान्य		अच्छा		बहुत अच्छा			
	(केन्द्रीय निर्गम मूल्य 537 रुपए)		(केन्द्रीय निर्गम मूल्य 617 रुपए)		(केन्द्रीय निर्गम मूल्य 648 रुपए)		(केन्द्रीय निर्गम मूल्य 402 रुपए)	
	सार्वजनिक वितरण प्रणाली खुदरा मूल्य	सार्वजनिक वितरण प्रणाली केन्द्रीय निर्गम मूल्य की प्रतिशत वृद्धि	सार्वजनिक वितरण प्रणाली खुदरा मूल्य	सार्वजनिक वितरण प्रणाली केन्द्रीय निर्गम मूल्य की प्रतिशत वृद्धि	सार्वजनिक वितरण प्रणाली खुदरा मूल्य	सार्वजनिक वितरण प्रणाली केन्द्रीय निर्गम मूल्य की प्रतिशत वृद्धि	सार्वजनिक वितरण प्रणाली खुदरा मूल्य	सार्वजनिक वितरण प्रणाली केन्द्रीय निर्गम मूल्य की प्रतिशत वृद्धि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
पश्चिम								
गुजरात	660	22.9	760	23.2	800	23.5	490	21.9
महाराष्ट्र	660	22.9	750	21.6	790	21.9	500	24.4
मध्य प्रदेश	600	11.7	680	10.2	715	10.3	460	14.4
गोआ	570	6.1	655	6.2	685	5.7	430	7.0
दमन और दीव	—	—	—	—	—	—	415	3.2
दक्षिण								
केरल	575	7.1	656	6.3	687	6.0	438	9.0
तमिलनाडु	350	−34.8	475	−23.0	475	−26.7	450	11.9
पांडिचेरी	555	3.4	635	2.9	665	2.6	427	6.2
कर्नाटक	595	10.8	675	9.4	705	8.8	—	—
आंध्र प्रदेश (पिंक कार्ड) तू	675	25.7	—	—	—	—	—	—
(व्हाईट कार्ड)	350	350	—	—	—	—	—	—
(होटल/एस. बैल)	265	−51.0	—	—	—	—	—	—
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	660	22.9	740	19.9	775	19.6	500	24.4
उत्तर								
हरियाणा	—	—	—	—	692	6.8	422	5.0
हिमाचल प्रदेश	—	—	—	—	745	15.0	432	7.5
जम्मू व कश्मीर (सा.वि.प्र.)	560	−4.3	605	−1.9	665−725	2.6-11.9	432−437	7.5−8.7
(न. सा. वि. प्र.)	512	−4.7	—	—	623	−3.9	377	−6.2
पंजाब	—	—	—	—	679	4.8	405	0.7
राजस्थान	490	−8.8	670	8.6	700	8.0	445	10.7
उत्तर प्रदेश	600	11.7	690	11.8	721	11.3	450	11.9
दिल्ली	473	−11.9	657	6.5	690	6.5	427	6.2
चण्डीगढ़	—	—	—	—	685	5.7	451	12.2
पूर्व								
बिहार	608	13.2	690	11.8	726	12.0	458	13.2
उड़ीसा	622	15.8	709	14.9	743	14.7	455	13.2
प. बंगाल	590	9.9	680	10.2	715	10.3	455	13.2
सिक्किम	600	11.7	—	—	708	9.3	435	8.2

1	2	3	4	5	6	7	8	9
उत्तर-पूर्व								
असम	605	12.7	693	12.3	736	12.0	—	—
अरुणाचल प्रदेश (न.सा.वि.प्र.)	487	−9.3	567	−8.1	598	−7.7	352	−12.4
मणिपुर	600	11.7	636	11.2	720	11.1	—	—
मेघालय (न.सा.वि.प्र.)	540	0.6	620	0.5	650	0.3	—	—
नागालैंड (न.सा.वि.प्र.)	512	−4.7	592	−4.1	623	−3.9	377	−6.2
त्रिपुरा (न.सा.वि.प्र.)	590	9.9	670	8.6	700	8.0	455	13.2
मिजोरम (न.सा.वि.प्र.)	512	−4.7	592	−4.1	623	−3.9	—	—

40. कृषि मूल्य नीति के साधन के रूप में सरकार के वसूली अभियानों का इरादा किसान को मानक पारिश्रमिक आय मूल्य उपलब्ध कराना और फसल के समय मूल्यों में भारी गिरावट को रोकना है। दूसरे शब्दों में वसूली मूल्य मूल्यों में अनिश्चितता के विरुद्ध एक सुरक्षात्मक कवच का काम करते हैं जिससे किसान को उत्पादकता सुधारने और विभिन्न फसलों के बीच संसाधनों के औचित्यपूर्ण पुनः आवंटन हेतु निरन्तर प्रोत्साहन उपलब्ध कराना है । इस तरह न्यूनतम समर्थन मूल्य बाजार की आपूर्ति में स्थिरता को सुनिश्चित करते हैं।

41. न्यूनतम समर्थन मूल्य हर वर्ष कृषि लागत और मूल्य आयोग द्वारा तैयार किए जाते हैं जिसकी सिफारिशें उत्पादन की लागत और अन्य संबद्ध उपादानों की जांच पर आधारित होती है । कृषि लागत और मूल्य आयोग धान, गेहूं, ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी और जौं के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की सिफारिश करता है । यह चना, अरहर, मूंग और उड़द इन चार दालों, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, रेपसीड/सरसों, कुसुम, तोरिया और नारियल नामक सात तिलहनों के मूल्यों की सिफारिश करता है । यह कपास, पटसन, गन्ना और तम्बाकू (सारणी 4.14) जैसी चार अखाद्य फसलों के लिए भी न्यूनतम समर्थन मूल्य की सिफारिश करता है ।

42. सरकार द्वारा घोषित वसूली मूल्य कृषि लागत और मूल्य आयोग द्वारा अनुशंसित न्यूनतम समर्थन मूल्य और खाद्य भंडारण के लिए पुनः पूर्ति की आवश्यकताओं का सरकार को ध्यान दिलाने तथा खुले बाजार में मूल्यों के व्यवहार पर आधारित होते हैं । पिछले तीन वर्षों के दौरान विभिन्न फसलों के वसूली मूल्य में पर्याप्त वृद्धि हुई । (सारणी 4.14) । गेहूं की अप्रैल 1995 (1994-95 की फसल के लिए) में आने वाली फसल के वसूली मूल्य 360 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किए गए हैं जिसमें 1993-94 में 2.9 प्रतिशत की संतुलित वृद्धि हुई । तथापि अप्रैल 1992 की तुलना में जब वसूली मूल्य 280 रुपए प्रति क्विंटल था, अप्रैल 1995 में वसूली मूल्य 360 रुपए प्रति क्विंटल, 29 प्रतिशत अधिक है । धान का समर्थन मूल्य साधारण, अच्छी और बहुत अच्छी इन तीन किस्मों के लिए घोषित किया जाता है । 1994-95 (अक्तूबर 1994 से सितम्बर 1995 तक) के मौसम के लिए साधारण धान का वसूली मूल्य 1993-94 के मौसम में 310 रुपए से बढ़ाकर 340 रुपए प्रति क्विंटल किया गया था जो 9.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है । अच्छी किस्म का मूल्य 330 रुपए से बढ़ाकर 360 रुपए और बहुत अच्छी किस्म का पिछले वर्ष के 350 से बढ़ाकर 380 रुपए कर दिया गया था । वर्ष 1994-95 में कुल मिलाकर खाद्यान्नों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3 प्रतिशत से 9.7 प्रतिशत के बीच बढ़ा है । गन्ने के मामले में यह वृद्धि 13.3 प्रतिशत और एच-4 कपास में 14.3 प्रतिशत (सारणी 4.14) थी ।

सारणी 4.14

वसूली और न्यूनतम समर्थन मूल्य

(फसल वर्ष आधार)

(रु. प्रति क्विंटल)

वस्तु	कीमतों का प्रकार	किस्म	1990-91	1991-92	1992-93	1993-94	1994-95	% वृद्धि 1994-95
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1. धान	व.	सामान्य	205	230	270	310	340	9.7
		बढ़िया	215	240	280	330	360	9.1
		बहुत बढ़िया	225	250	290	350	380	8.6
2. मोटा अनाज	व.	अ.औ. स्तर	180	205	240	260	280	7.7
3. मक्का	व.	अ.औ. स्तर	180	210	245	265	290	9.4
4. गेहूं	व.	अ.औ. स्तर	225	275[1]	330[1]	350	360	2.9
5. जौ	न्यूनतम समर्थन मूल्य	अ.औ. स्तर	200	210	260	275	285	3.6

1		2	3	4	5	6	7	8	9
6. चना	.	न्यूनतम समर्थन मूल्य	अ.औ. स्तर	450	500	600	640	670	4.7
7. अरहर	. .	न्यूनतम समर्थन मूल्य	अ.औ. स्तर	480	545	640	700	760	8.6
8. मूंग	. .	न्यूनतम समर्थन मूल्य	अ.औ. स्तर	480	545	640	700	760	8.6
9. उड़द	. .	न्यूनतम समर्थन मूल्य	अ.औ. स्तर	480	545	640	700	760	8.6
10. गन्ना	.	सांविधिक समर्थन मूल्य	आ.औ. स्तर	23	26	31	34.5	39.1[5]	13.3
11. कपास	. .	न्यूनतम समर्थन मूल्य	एफ-414/एच-777	620	695	800	900	1000	11.1
		न्यूनतम समर्थन मूल्य	एच-4	750	840	950	1050	1200	14.3
12. मूंगफली	. .	न्यूनतम समर्थन मूल्य	अ.औ. स्तर	580	645	750	800	860	7.5
13. जूट		न्यूनतम समर्थन मूल्य	टीडी-5 ग्रेड	320	375	400	450	470	4.4
14. तोरिया और सरसों		सांविधिक समर्थन मूल्य	अ.औ. स्तर	600	670	760	810	830	2.5
15. सूरजमुखी		न्यूनतम समर्थन मूल्य	अ.औ. स्तर	600	670	800	850	900	5.9
16. सोयाबीन		न्यूनतम समर्थन मूल्य	काला	350	395	475	525	570	8.6
			पीला	400	445	525	580	625	7.8
17. कुसुम		न्यूनतम समर्थन मूल्य	अ.औ. स्तर	575	640	720	760	780	2.6
18. तोरिया		न्यूनतम समर्थन मूल्य	अ.औ. स्तर	570	645	735	—		
19. तम्बाकू		न्यूनतम समर्थन मूल्य	बी एफ सी एफ-2	13250[3]	1475[3]	16004	—	1850[3]	
20. नारियल (मिलिंग)		न्यूनतम समर्थन मूल्य	एल-2	1425[4]	1600[4]	17504	—	2100[4]	
21. कोपरा गिरि		न्यूनतम समर्थन मूल्य	अ.औ. स्तर	1600[5]	3700[6]	—	—	2350	
		न्यूनतम समर्थन मूल्य	अ.औ. स्तर	1850	—	—	—	2575	

व.—वसूली कीमत, अ.औ. स्तर—अच्छा औसत स्तर

न्यून=न्यूनतम समर्थन मूल्य सां. सम मूल्य—सांविधिक समर्थन मूल्य

25.00 रुपए प्रति क्विंटल का एक केन्द्रीय बोनस शामिल है।

ये कीमतें उस स्तर से ऊपर प्रत्येक 0.1 प्रतिशत के लिए आनुपातिक मूल्य के साथ 8.5 प्रतिशत की आधारभूत वसूली से संबंधित है।

काली मिट्टी हल्की मिट्टी कैलेण्डर वर्ष 1989, 1990 और 1991 के लिए (–) घोषणा नहीं हुई।

ये कीमतें 8.5 प्रतिशत की मूल वसूली से सम्बद्ध हैं लेकिन उस स्तर से ऊपर 10 प्रतिशत तक की वसूली में प्रत्येक 0.1 प्रतिशत बिन्दु की वृद्धि—के लिए 0.46 रुपए का प्रीमियम और 10 प्रतिशत से अधिक की वसूली में प्रत्येक 0.1 प्रतिशत बिन्दु के लिए 0.60 रुपए का प्रीमियम शामिल होगा।

कृषि और उद्योग के मूल्य में सापेक्ष घटबढ़

43. विनिर्मित उत्पादों के मूल्य के अनुपात में कृषि के मूल्य विशेष रूप से 1991-92 से कृषि क्षेत्र के लिए अधिक अनुकूल झुकाव दर्शाते हैं। विनिर्मित उत्पादों के मूल्य सूचकांक कृषि मूल्य सूचकांक का अनुपात इस वित्तीय वर्ष (अगस्त तक) में 113.1 था जो पिछले वर्ष के वार्षिक औसत 111.8 से थोड़ा अधिक (सारणी 4.15) था। सरकार की कृषि मूल्य नीति ने पहले की उद्योग का पक्ष लेने वाली पक्षपात पूर्ण नीति को सुधारने का प्रयास किया है और इस प्रकार कृषि संबंधी उत्पादकों के लिए अधिक अनुकूल व्यापार क्षेत्र उत्पन्न कर दिया है।

सारणी 4.15

विनिर्मित उत्पादों के थोक मूल्यों की तुलना में कृषि वस्तुओं के थोक मूल्य सूचकांक

(आधार : 1981–82=100)

वर्ष	थोक मूल्यों का सामान्य सूचकांक	कृषि उत्पादों का मूल्य सूचकांक[1]	विनिर्मित उत्पादों का मूल्य सूचकांक	विनिर्माण मूल्यों का कृषि मूल्यों से प्रतिशत
वजन	100.00	27.47	57.04	(कालम 3/ कालम 4) × 100)
1	2	3	4	5
1982-83	104.9	107.3	103.5	103.7
1983-84	112.8	121.4	109.8	110.6
1984-85	120.1	129.2	117.5	109.9
1985-86	125.4	129.1	124.4	103.8
1986-87	132.7	142.8	129.2	110.5
1987-88	143.6	161.8	138.5	116.8
1988-89	154.3	170.9	151.6	112.7
1989-90	165.7	174.4	168.6	103.5
1990-91	182.7	198.3	182.8	108.5
1991-92	207.8	236.8	203.4	116.4
1992-93	228.7	255.5	225.6	113.2
1993-94	247.8	271.4	243.2	111.6
1994-95[2]	271.0	303.0	264.9	114.4

1 उप-समूहों का मिश्रित सूचकांक—खाद्य पदार्थ और अखाद्य पदार्थ

2 अप्रैल—दिसम्बर 1994 की वार्षिक औसत

स्रोत=आर्थिक सलाहकार का कार्यालय, उद्योग मंत्रालय

दृष्टिकोण

44. इस वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर वार्षिक मुद्रास्फीति की दर लगभग 11 प्रतिशत रहने की संभावना है, जो 1993-94 के अन्त में दर्ज की गई मुद्रास्फीति के लगभग समान है। वर्ष 1994-95 की पहली तिमाही में जिन कारणों से मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ा वे ज्यों-ज्यों वर्ष आगे बढ़ा उनमें न्यूनाधिक नरमी आई परन्तु वर्ष की प्रथम छमाही में मौद्रिक संचय में बढ़ोतरी से अक्तूबर के आखिर तक मुद्रास्फीति के नए दबाव उत्पन्न हुए। यही एक कारण है कि क्यों इस वर्ष की मुद्रास्फीति 1993-94 की स्थिति की तुलना में कई वस्तुओं में अधिक सामान्य रही।

45. आपूर्ति की दिशा में, संचित भारी लोक भण्डार और उच्च विदेशी मुद्रा प्रारक्षित भण्डार द्वारा प्रोत्साहित उदारीकृत आयात नीति से खुले बाजार की अपनी नीति के माध्यम से चावल, गेहूं, चीनी और खाद्य तेलों जैसी विशेष रूप से मुख्य आवश्यक वस्तुओं में अनिश्चित दबावों के नियंत्रण के लिए युक्ति-चालनीयता का सरकार के पास पर्याप्त कार्यक्षेत्र है। वस्तुओं के उदार आयातों के माध्यम से घरेलू आपूर्तियों की अनुपूर्ति किए जाने की सरकार की नीति जारी रहेगी, जिसमें घरेलू उत्पादन अपर्याप्त है। अधिक सक्रिय उपभोक्ता प्रवृत्ति से युक्त उदार आयात घरेलू उत्पादों द्वारा व्यवहार में लाई जाने वाली एकाधिकारी और सीमित उत्पादकों के बीच परस्पर प्रतिस्पर्धात्मक कीमतों का सामना किए जाने में पर्याप्त भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। मांग पक्ष में, सरकार को राजकोषीय घाटों और मुद्रा आपूर्ति की वृद्धि पर कठोर अनुशासन बनाए रखना चाहिए।

अध्याय 5

वैदेशिक क्षेत्र

वर्ष 1993-94 में भारत के वैदेशिक क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन दिखाई दिया । इस वर्ष के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक की विदेशी मुद्रा आस्तियां मार्च, 1993 के अंत में 6.4 बिलियन अमरीकी डालर से मार्च, 1994 के अंत में 15.1 बिलियन अमरीकी डालर तक बढ़कर दुगुने से अधिक हो गई । प्रारक्षित निधि में अत्यधिक संग्रहण चालू खाते में उल्लेखनीय सुधार और पूंजी खाते में निजी पूंजी प्रवाह में वृद्धि के कारण हुआ था । वर्ष 1993-94 में व्यापार और भुगतान नीतियों में हुए सुधार का निर्यात पर प्रभाव पड़ा जिससे निर्यातों में डालर के रूप में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई । अदृश्य खाते में अधिशेष दुगुना हो गया । चालू खाते का घाटा वर्ष 1990-91 में लगभग 10 बिलियन डालर की तुलना में घटकर 315 मिलियन डालर हो गया । पूंजी खाते को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और पोर्टफोलियो निवेशों में तीव्र वृद्धि से समर्थन प्राप्त हुआ था जो वर्ष 1992-93 में 600 मिलियन अमरीकी डालर से भी कम से बढ़कर वर्ष 1993-94 में 4 बिलियन अमरीकी डालर से भी अधिक हो गया ।

2. वर्ष 1994-95 में भुगतान संतुलन की स्थिति और सुदृढ़ हुई है । विदेशी मुद्रा के प्रारक्षित भण्डार में संग्रहण जो जनवरी, 1995 के अंत में 19.6 बिलियन डालर के स्तर पर पहुंच गया था, उसी गति पर बना रहा जैसा कि वर्ष 1993-94 के उत्तरार्द्ध में था । यह संग्रहण चालू वर्ष के प्रथम छह महीनों में तेल-भिन्न आयातों में 28 प्रतिशत तक की वृद्धि की तीव्र बढ़ोतरी के बावजूद हुआ था और यह मुख्य रूप से ऋण-भिन्न सृजनकारी पूंजी के लगातार सुदृढ़ प्रवाह का परिणाम था । बकाया विदेशी ऋण मार्च, 1994 के अंत में 90.7 बिलियन अमरीकी डालर से थोड़ा घटकर सितम्बर, 1994 के अंत में 90.4 बिलियन अमरीकी डालर हो गया । भुगतान संतुलन की लगातार सुदृढ़ता ने देश के चालू खाते की परिवर्तनीयता में सफल संक्रमण को मजबूत किया । वर्ष 1994-95 के बजट भाषण में की गई घोषणा के अनुसरण में भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष के अनुच्छेद–8 के अन्तर्गत अगस्त, 1994 में दायित्व ग्रहण किया ।

3. पूंजी अन्तर्प्रवाहों में वृद्धि, जो प्रारक्षित भण्डार में त्वरित संग्रहण का मुख्य कारण था, ने भी वृहत् आर्थिक दायित्व बनाए रखने के लिए नई नीतिगत चुनौतियां उत्पन्न कीं । वर्ष 1993-94 के उत्तरार्द्ध और वर्ष 1994-95 के पूर्वार्ध में विदेशी मुद्रा आस्तियों में पर्याप्त वृद्धि ने मौद्रिक प्रसार में योगदान दिया जिससे कीमतें प्रभावित हुई हैं । अन्य कारकों ने भी भारत के प्रमुख व्यापारिक भागीदार देशों की तुलना में अधिक दर पर मुद्रास्फीति बढ़ाई । इसके परिणामस्वरूप चालू वित्तीय वर्ष के दौरान वास्तविक विनिमय दर में वृद्धि हुई है । सरकार द्वारा किए गए कई उपायों के परिणामस्वरूप, विदेशी मुद्रा प्रारक्षित भण्डार में वृद्धि अक्तूबर, 1994 से स्थिर रही है और इसने मौद्रिक प्रसार को नियंत्रित रखने में सहायता की है ।

4. हाल की घटनाएं बहुत उत्साहवर्धक रही हैं और भारत के भुगतान संतुलन की अल्पावधिक संभावनाएं अच्छी बनी हुई हैं । परन्तु वर्ष 1993-94 और 1994-95 में विदेशी भुगतान की स्थिति में काफी सुधार के बावजूद, निर्यात बढ़ाने और अर्थव्यवस्था में अधिक मात्रा में और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के संभावित दीर्घावधिक प्रवाहों को आकर्षित करने में हमारे प्रयासों में कोई कमी नहीं की जा सकती ।

भुगतान संतुलन

5. भारत के वैदेशिक क्षेत्र में हाल की घटनाएं विदेशी मुद्रा-बाधित नियंत्रण व्यवस्था में एक अधिक मुक्त, बाजार-प्रचालित और उदारीकृत अर्थव्यवस्था में अंतरण प्रदर्शित करती है । इसे देश के भुगतान संतुलन में पिछले कुछ वर्षों के दौरान हुए संरचनात्मक परिवर्तन द्वारा सुसाध्य बना दिया गया है । इस परिवर्तन की सबसे उल्लेखनीय विशेषता निर्यात अर्जन द्वारा आयातों को पूरा करने में तीव्र वृद्धि रही है (सारणी 5.1 और चित्र 5.1) । अस्सी के दशक के प्रारंभ में पूरा करने का यह अनुपात केवल 52.4 प्रतिशत था और इससे काफी अधिक व्यापार घाटा हुआ । यह पिछले दशक के अंत तक सुधर कर लगभग 70 प्रतिशत हो गया था । जैसा कि सारणी 5.1 से स्पष्ट है, पिछले तीन वर्षों के दौरान निर्यात अर्जन औसतन आयात मूल्य का लगभग 90 प्रतिशत हुआ है । अदृश्य खाते में हुए सुधार के साथ मिलकर निर्यात-आयात अनुपात में यह सुस्पष्ट वृद्धि-चालू खाते के घाटे में तीव्र कमी के कारण हुई है, जो सकल घरेलू उत्पाद (और 1990-91 में अधिक से अधिक 3.3 प्रतिशत) के 2 प्रतिशत से अधिक के असतत स्तर से कम होकर पिछले वर्ष आधे प्रतिशत से भी कम हो गया है (चित्र 5.2 और 5.3) ।

सारणी 5.1

भुगतान संतुलन की चयनित मदों का अनुपात

(1)	1980-81 (2)	1985-86 (3)	1986-87 (4)	1987-88 (5)	1988-89 (6)	1989-90 (7)	1990-91 (8)	1991-92 (9)	1992-93 (10)	1993-94 (11)
1. निर्यात/आयात (प्रतिशत)	52.4	54.7	58.7	63.8	60.4	69.5	66.2	86.7	81.2	94.6
2. चालू खाता/स. घ. उ. (प्रतिशत)	−1.6	−2.3	−2.0	−1.9	−2.6	−2.0	−3.3	−0.4	−1.8	−0.1
3. चालू खाते का घाटा (मिलियन अमरीकी डालर)	2095	4845	4563	4853	7996	6837	9680	1178	3526	315
4. वि. वा. उ./कु. पूं. प्र. (प्रतिशत)	10.9	25.2	48.1	20.1	36.7	31.8	26.8	30.6	−8.4	9.1
5. अनिवासी भारतीय जमा/कु. पूं. (प्रतिशत)	9.7	38.2	31.6	29.3	31.3	26.2	18.3	6.1	47.0	10.2
6. विदेशी सहायता/कु. पूं. (प्रतिशत)	60.9	36.2	34.6	46.9	36.7	33.2	26.3	63.9	43.7	18.5
7. चालू प्राप्तियों की प्रतिशतता के रूप में ऋण संबंधी अदायगियां	10.2	18.7	24.8	26.8	26.5	31.8	32.3	29.8	30.3	24.8

टिप्पणी :

(1) कु. पूं. प्र. – कुल पूंजी प्रवाह (निवल)

(2) स. घ. उ. – सकल घरेलू उत्पाद

(3) वि. वा. उ. – विदेशी वाणिज्यिक उधार

(4) चूंकि कुल पूंजी प्रवाहों को कुछ बहिर्प्रवाहों को हिसाब में लेने के बाद घटाया जाता है, कुल मामलों में मद सं० 4, 5, और 6 के लिए अनुपात 100 से भी अधिक हो सकते हैं।

(5) वर्ष 1980-81, 1985-86, 1986-87, 1987-88 और 1988-89 के लिए ऋण शोधन संबंधी अदायगियों में रक्षा ऋण शामिल नहीं हैं।

चित्र 5.1 आयातों के प्रतिशत के रूप में निर्यात



5.2 चालू खाते का घाटा


चित्र 5.2 चालू खाता घाटा
1980-81 से 1993-94
(मिलियन अमरीकी डॉलर)
12000
10000
8000
6000
4000
2000
0
2095
4845
4563
4853
7996
6837
9680
1178
3526
315
1980-81
1985-86
1986-87
1987-88
1988-89
1989-90
1990-91
1991-92
1992-93
1993-94


चित्र 5.3 सकल देशी उत्पाद के प्रतिशत के रूप में
चालू खाता घाटा, 1980-81 से 1993-94
(प्रतिशत)
3.5
3
2.5
2
1.5
1
0.5
0
1980-81
1985-86
1986-87
1987-88
1988-89
1989-90
1990-91
1991-92
1992-93
1993-94

6. सारणी 5.1 यह भी दर्शाती है कि विदेशी सहायता और विदेशी वाणिज्यिक उधारों पर देश की निर्भरता उल्लेखनीय रूप से कम हुई है। यह विशेषकर विदेशी सहायता के लिए सत्य है, जो अस्सी के दशक में बहुत अधिक ऊंचे स्तर की तुलना में निवल पूंजी अंतर्प्रवाहों के 20 प्रतिशत से भी कम था। यह अनुमान है कि आने वाले वर्षों में चालू खाते के घाटे का वित्तपोषण करने में विदेशी सहायता की भूमिका और भी कम होगी। सारणी 5.1 स्पष्टतया आठवें दशक के उत्तरार्ध के दौरान चालू खाते के घाटे को वित्तपोषित करने के लिए वाणिज्यिक उधारों पर अत्यधिक निर्भरता दर्शाती है, जब यह देश के कुल पूंजी अतर्प्रवाहों के 25 प्रतिशत से भी अधिक था। इसे अब वर्ष 1993-94 के लिए 9.1 प्रतिशत के अधिक युक्तिसंगत स्तरों तक लाया गया है और इसका लाभ आने वाले वर्षों में अपेक्षाकृत निम्न ऋण-अदायगी अनुपातों के रूप में प्राप्त होगा। जैसा कि सारणी 5.2 से देखा जा सकता है, ऋण अदायगी अनुपात में भी पिछले तीन वर्षों के दौरान गिरावट की प्रवृत्ति दिखाई दी है, जो वर्ष 1990-91 में 32.3 प्रतिशत से कम होकर वर्ष 1992-93 में 30.3 प्रतिशत और वर्ष 1993-94 में और कम होकर 24.8 प्रतिशत हो गई।

7. इस प्रकार अर्थव्यवस्था पिछले चार वर्षों के दौरान अधिक स्थायी और अविच्छिन्न भुगतान संतुलन की स्थिति की ओर अग्रसर हुई है। जैसा कि सरकार द्वारा अनुमान किया गया था और कुछ तबकों में व्यक्त की गई आशंकाओं के विपरीत व्यापार उदारीकरण और बाजार निर्धारित विनिमय दर व्यवस्था में अन्तरण का देश के भुगतान संतुलन की स्थिति पर महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

चालू खाता

8. वर्ष 1992-93 में व्यापार घाटे में होने वाली लगभग 4.4 बिलियन डालर से लेकर वर्ष 1993-94 में लगभग 1.3 बिलियन डालर तक की तीव्र गिरावट वर्ष 1993-94 के दौरान भुगतान संतुलन में परिवर्तन के लिए उत्तरदायी मुख्य कारक था (सारणी 5.1)। ऐसा क्रमशः निर्यातों में

सारणी 5.2

भुगतान संतुलन : मुख्य संकेतक

(मिलियन अमरीकी डालर)

	1990–91 (प्रा. अ.)	1991–92 (प्रा. अ.)	1992–93 (प्रा. अ.)	1993–94 (तु. अ.)	अप्रैल—सितंबर 1993	तु. अ. 1994
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1. निर्यात	18477	18266	18869	22700	10590	11853
2. आयात	27914	21064	23237	23985	11436	13385
जिसमें से : पेट्रोल, तेल और स्नेहक	6028	5364	6100	5653	3045	2652
3. **व्यापार शेष**	**−9437**	**−2798**	**−4368**	**−1285**	**−846**	**−1532**
4. अदृश्य (निवल)	−243	1620	842	970	−92	1096
कारक-भिन्न (सेवाएं	979	1207	1128	777	उ. न.	उ. न.
निवेश आय	−3752	−3830	−3422	−4002	उ. न.	उ. न.
निजी अन्तरण	2069	3783	2773	3325	उ. न.	उ. न.
अनुदान	461	460	363	370	उ. न.	उ. न.
5. **चालू खाता**	**−9680**	**−1178**	**−3536**	**−315**	**−938**	**−436**
6. विदेशी सहायता (निवल)	2210	3037	1859	1700	48	281
7. वाणिज्यिक उधार (निवल)	2249	1451	−358	839	254	−302
8. अं. मु. को. (निवल)	1214	786	1288	191	236	—1134
9. अनिवासी जमा (निवल)	1536	290	2001	940	657	536
10. रुपया ऋण शोधन	−1193	−1240	−878	−745	−690	−650
11. विदेशी निवेश	68	154	585	4110	608	2586
जिसमें से :						
(i) डी. एफ. आई.	68	154	344	620	299	466
(ii) एफ. आई. आई.	0	0	1	1665	240	1017
(iii) यूरो–इक्विटी	0	0	240	1460	69	903
12. अन्य प्रवाह[2]	2318	271	−243	2148	1018	2441
13. पूंजी खाता जोड़ (निवल)	8402	4754	4254	9183	2131	3758
14. प्रारक्षित भंडार प्रयोग	1278	−3576	−728	−8868	−1192	−3322
स्थापित मदें	(सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में)					
निर्यात	6.2	7.3	7.8	9.1		
आयात	9.4	8.4	9.8	9.6		
व्यापार शेष	−3.2	−1.1	−2.0	−0.5		
अदृश्य शेष	−0.1	0.7	0.2	0.4		
चालू खाता शेष	−3.3	−0.4	−1.8	−0.1		

प्रा. अ. = प्रारंभिक आंकड़े, तु. अ. = तुरन्त अनुमान उ० न० = उपलब्ध नहीं

1. इसमें भारत विकास बांड शामिल है।

2. इसमें त्रुटियां तथा विलंबित निर्यात प्राप्तियां शामिल हैं। वर्ष 1992-93 के लिए इसमें उदारीकृत विनिमय दर प्रबंध प्रणाली (एल ई आर एम एस) के अंतर्गत लागू दोहरे विनिमय दरों से उत्पन्न होने वाली त्रुटियां भी शामिल हैं।

अपवादस्वरूप होने वाले अच्छे निष्पादन के कारण हुआ, जिसमें डालर के हिसाब से 20.3 प्रतिशत की वृद्धि और आयातों में 3.2 प्रतिशत की थोड़ी वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष 1994-95 के पूर्वार्ध में व्यापार घाटा वर्ष 1993-94 के पूर्वार्ध के लगभग 850 मिलियन डालर से बढ़कर 1.5 बिलियन डालर हो गया है। यह 11.9 प्रतिशत (वर्ष 1993-94 के पूर्वार्ध में 21.4 प्रतिशत) की कम निर्यात वृद्धि और 17.0 प्रतिशत (वर्ष 1993-94 के पूर्वार्ध में 3.5 प्रतिशत की गिरावट) की उच्च आयात वृद्धि के कारण है। इन प्रवृत्तियों से पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 1994-95 में अधिक व्यापार घाटा होने का अनुमान है।

9. देश के भुगतान संतुलन में उल्लेखनीय घटना वर्ष 1991-92 से अदृश्य खाते में सुधार की रही है। वर्ष 1990-91 में अदृश्य खाते में घाटे को वर्ष 1991-92 में लगभग 1.6 बिलियन डालर के अधिशेष में रूपान्तरित किया गया और परवर्ती वर्षों में अदृश्य खाता अधिशेष में बना रहा। यह प्राथमिक तौर पर गैर-कानूनी (हवाला) माध्यमों से हटकर निजी अंतरणों को बैंकिंग माध्यमों में अंतरित करने के कारण हुई है, जिसे अब पर्याप्त रूप से आकर्षक और सुरक्षित माना जाता है। वर्ष 1992-93 से पर्यटकों से होने वाली आय भी बढ़ी है। निजी अंतरणों और पर्यटकों से होने वाली आय में सुधार वर्ष 1994-95 के पूर्वार्ध में जारी रहा और इससे यात्रा को छोड़कर निवेश आय संबंधी भुगतानों और कारक-भिन्न सेवाओं के कारण अधिक बहिर्प्रवाहों के लिए क्षतिपूर्ति भी अधिक हुई। कुल मिलाकर अदृश्य प्राप्तियों में अप्रैल-सितम्बर, 1993 के दौरान हुए लगभग 90 मिलियन डालर के संतुलित घाटे के विपरीत अप्रैल–सितम्बर, 1994 के दौरान लगभग 1.1 बिलियन डालर का अधिशेष दर्ज किया गया है। इन गतिविधियों के परिणामस्वरूप चालू खाते के घाटे में अप्रैल–सितम्बर, 1993 की तुलना में इस वर्ष के पूर्वार्ध में कमी हुई। वर्तमान वर्ष का लगभग 1 बिलियन डालर के चालू खाते के घाटे से समाप्त होना अनुमानित है, जो सकल घरेलू उत्पादन का लगभग आधा प्रतिशत होगा और इससे वित्तपोषण संबंधी कोई समस्या उपस्थित नहीं होगी।

पूंजी खाता

10. भुगतान संतुलन के पूंजी खाते में अब संरचनात्मक अंतरण होने जा रहा है। कुल पूंजी अंतर्प्रवाहों में रियायती और वाणिज्यिक ऋण-सृजनकारी प्रवाहों का हिस्सा कम हो रहा है। इसे ऋण-भिन्न सृजनकारी विदेशी निवेश अंतर्प्रवाहों द्वारा प्रतिस्थापित किया जा रहा है। यह प्रवृत्ति जो पहली बार 1993-94 में देखी गई थी, चालू वर्ष में और सुदृढ़ हो गई।

विदेशी सहायता

11. बहुपक्षीय और द्विपक्षीय दोनों प्रकार की विदेशी सहायता (अनुदानों को छोड़कर) के कारण होने वाली 3.5 बिलियन डालर की सकल प्राप्तियां वर्ष 1992-93 के स्तर से कुछ अधिक थी। तथापि, देश के विदेशी वित्त संबंधी अंतर का वित्तपोषण करने में उनके अंशदान में कुछ वर्षों से गिरावट आई है। कुल निवल विदेशी पूंजी अंतर्प्रवाह में निवल विदेशी सहायता का हिस्सा वर्ष 1980-81 के 61 प्रतिशत से घटकर वर्ष 1990-91 में 26 प्रतिशत हो गया। भुगतान संतुलन के संकट को पूरा करने के लिए इस वर्ष में मुख्यतः आपवादिक वित्त की अत्यधिक उपलब्धता के कारण वर्ष 1991-92 में इसके शेयर में 64 प्रतिशत की वृद्धि के बाद, भी यह हिस्सा उसके बाद पुनः घट गया और वर्ष 1993-94 में यह 20 प्रतिशत से कम था।

12. चालू वर्ष के पूर्वार्ध के दौरान किया गया 1.2 बिलियन डालर का सकल संवितरण पिछले वर्ष के पूर्वार्ध के दौरान हुए 850 मिलियन डालर के संवितरण की तुलना में अधिक है। अप्रैल–सितम्बर, 1994 के दौरान हुआ 281 मिलियन डालर का निवल संवितरण पिछले वर्ष की इसी अवधि में हुए 48 मिलियन डालर के संवितरण से काफी अधिक रहा है। हाल के पिछले कुछ समय में विदेशी सहायता के उपयोग को सुधारने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इनमें राज्य सरकारों को अग्रिम तौर पर निधियां जारी करना, केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र की इकाइयों को दिए जाने वाले ऋणों में मध्यस्थता को समाप्त करना, उच्च-स्तरीय कार्य दल द्वारा दिए गए सुझाव के अनुसार संविदा प्रदान करने और अधिप्राप्ति से संबंधित कार्यविधि को सरल और कारगर बनाना, परियोजना अनुवीक्षण और पर्यवेक्षण को सुदृढ़ करने के लिए आर्थिक कार्य विभाग में एक परियोजना प्रबंध इकाई (पी०एम०यू०) का गठन करना और पोर्टफोलियो युक्तिकरण के लिए कई उपाय करना शामिल है। इन उपायों का परिणाम प्राप्त होने में कुछ समय लगेगा। तथापि, संवितरण अनुपात बाधाएं अत्यन्त जटिल हैं और इसके लिए केन्द्र और राज्य सरकारों दोनों ही स्तर पर और आयोजना परिव्यय आबंटित करने के तौर-तरीकों में कुछ बड़े प्रयास करने होंगे। इन मुद्दों पर अब ध्यान दिया गया है। तथापि, संवितरण अनुपात में वर्ष 1992-93 के 10 प्रतिशत की मामूली वृद्धि से लेकर 1993-94 में 12 प्रतिशत और वर्ष 1994-95 के पूर्वार्ध में और वृद्धि द्वारा कुछ प्रत्यक्ष परिवर्तन दिखाई दिए हैं।

13. भारत सहायता परिसंघ को भारत विकास मंच (आई.डी.एफ.) में परिवर्तित कर दिया गया था और निजी निवेशकर्ताओं को अंतर्राष्ट्रीय पूंजी प्रवाहों में निजी विदेशी निवेशों के बढ़ते हुए महत्व और ऐसे प्रवाहों को आकर्षित करने के लिए भारत की बढ़ी हुई क्षमता को देखते हुए भारत विकास मंच की 30 जून-पहली जुलाई, 1994

के दौरान हुई बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था । बैठक ने भारत की वैदेशिक स्थिति में सुधार और आपातकालीन सहायता की आवश्यकताओं में समतुल्य कमी का अवलोकन किया । भारत विकास मंच ने कुल 6 बिलियन डालर मूल्य की द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहायता का वचन दिया जिसमें से 2.4 बिलियन डालर अनुदान अथवा कम ब्याज वाले ऋणों में था। यह पिछले वर्ष की 7.4 बिलियन डालर की राशि से कम था, जिसमें 2.2 बिलियन डालर की राशि कम ब्याज और लम्बी परिपक्वता वाली उदार शर्तों पर दी गई थी। रियायती संघटक में सुधार के साथ कुल मात्रा में कमी कुल सहायता की घटी हुई आवश्यकता और ऋण प्रवाहों की गुणवत्ता के अनवरत महत्व की मान्यता प्रदर्शित करती है।

विदेशी वाणिज्यिक उधार

14. पिछले कुछ वर्षों में सरकार की नीति की एक महत्वपूर्ण विशेषता विदेशी ऋणग्रस्तता पर सख्त नियंत्रण बनाए रखना रहा है। विदेशी वाणिज्यिक उधार (ई.सी.बी.) की नीति सावधानीपूर्वक कुल विदेशी ऋणग्रस्तता को विवेकपूर्ण सीमा में बनाए रखने के लिए चिह्नांकित की गई है। इस नीति से लाभ प्राप्त हुए हैं और भारत का ऋण संबंधी दर्जा सुधरा है। जापान बांड अनुसंधान संस्थान (जे. बी. आर. आई.) ने मार्च, 1994 में भारत को निवेश श्रेणी में उन्नयित कर दिया, जिसके बाद मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस, सं. रा. अ ने दिसम्बर, 1994 में ऐसी ही कार्रवाई की।

15. वर्ष 1993-94 के दौरान, विदेशी वाणिज्यिक उधारों का सकल संवितरण अथवा अंतर्प्रवाह वर्ष 1992-93 के दौरान 1.2 बिलियन डालर की तुलना में तेजी से बढ़कर 2.9 बिलियन डालर हो गया । इसमें निजी भारतीय निगमित कंपनियों द्वारा 915 मिलियन डालर के विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांडों का निर्गमन शामिल है, जिसे बाद में इक्विटी में परिवर्तित किया जा सकता है। निवल रूप में वर्ष 1993-94 के दौरान विदेशी वाणिज्यिक उधार वर्ष 1992-93 के दौरान 358 मिलियन डालर के बहिर्प्रवाह के विपरीत 839 मिलियन डालर था । वर्ष 1994-95 के पूर्वार्ध के दौरान पिछले वर्ष की इसी अवधि में 254 मिलियन डालर के निवल अंतर्प्रवाह की तुलना में 302 मिलियन डालर के निवल बहिर्प्रवाह के कारण विदेशी वाणिज्यिक उधारों का आश्रय कम लिया गया । कुछ निजी क्षेत्र के विद्युत् और पेट्रोलियम क्षेत्र की परियोजनाओं द्वारा अपने वित्तपोषण संबंधी पैकेजों को अंतिम रूप देने से वर्ष 1994-95 के उत्तरार्ध में विदेशी वाणिज्यिक उधारों के अन्तर्गत अंतर्प्रवाहों के बढ़ने की संभावना है। यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए गए हैं कि विदेशी ऋण की समग्र वृद्धि दर को नियंत्रणाधीन रखते हुए आधारभूत संरचना संबंधी परियोजनाओं के लिए वांछित विदेशी वाणिज्यिक उधार उपलब्ध हो सकें। वर्ष 1994-95 के उत्तरार्ध के दौरान पूंजीगत वस्तुओं के आयातों, जिन्होंने औद्योगिक सुधार के प्रत्युत्तर में वृद्धि दर्शायी है, का वित्तपोषण करने के लिए आपूर्तिकर्ता ऋण में कुछ वृद्धि होने की संभावना है।

अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष से उधार

16. भारत में जून, 1993 में एवजी व्यवस्था के अंतर्गत 325 मिलियन डालर की अंतिम किस्त (ट्रांश) आहरित की, जिससे वर्ष 1993-94 के दौरान 191 मिलियन डालर का निवल आहरण हुआ। भुगतान संतुलन में उल्लेखनीय सुधार के परिप्रेक्ष्य में सरकार ने पूर्वापेक्षित मध्यावधिक विस्तारित निधि सुविधा के लिए अं.मु.को. से सम्पर्क नहीं करने का निर्णय लिया । इसकी बजाए, देश ने अप्रैल, 1994 में निधि की 1.1 बिलियन डालर की अग्रिम वापसी अदायगी की । इसका 1994-95 के दौरान किस्तों में भुगतान किया जाना था ।

अनिवासी जमा राशि

17. पिछले सर्वेक्षण में उतार-चढ़ाव के तत्व और अनिवासी जमाराशियों के साथ संबद्ध मुद्रा जोखिमों की लागत को कम करने के लिए प्राधिकारियों द्वारा उठाए गए कई कदमों का विवरण दिया गया था । ये जमा राशियां अस्सी के दशक उत्तरार्ध के दौरान देश में पूंजी अंतर्प्रवाह का मुख्य स्रोत रही हैं । विदेशी मुद्रा अनिवासी खाता (एफ.सी.एन. आर.ए.), जिसके लिए भारतीय रिजर्व बैंक/सरकार विनिमय जोखिम का वहन कर रही है, अंतिम रूप से अगस्त, 1994 में समाप्त हो गया था । इसके लिए कोई नई जमाराशि स्वीकार नहीं की जाएगी। वर्ष 1993-94 के दौरान विदेशी मुद्रा अनिवासी खाते से 1.3 बिलियन डालर निवल बहिर्प्रवाह हुआ था। वर्ष 1993-94 के दौरान विदेशी मुद्रा (बैंक और अन्य) जमाराशियों से भी 576 मिलियन डालर का निवल बहिर्प्रवाह हुआ था। ये बहिर्प्रवाह अन्य अनिवासी जमा स्कीमों, जैसे एन.आर. (ई.) आर.ए. और एन.आर. (एन.आर.) आर.डी. में अंतर्प्रवाहों द्वारा अधिक प्रतिपूरित हो गए थे। इस प्रकार, पूरे वर्ष 1993-94 के लिए अनिवासी जमाराशियों के कारण 940 मिलियन डालर का निवल अंतर्प्रवाह हुआ था। तथापि, यह वर्ष 1992-93 के दौरान हुए लगभग 2.0 बिलियन डालर के निवल अंतर्प्रवाह के आधे से भी कम था ।

18. भारतीय रिजर्व बैंक ने इन निधियों की लागत कम करने और उन्हें अधिक स्थायित्व प्रदान करने के लिए अनिवासी जमा स्कीमों में कतिपय परिवर्तन किए हैं । विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक) (एफ.सी.एन.आर.) (बी.) जमा पर ब्याज की दरें नवम्बर, 1994 से अंतर्राष्ट्रीय ब्याज दरों की तुलना में कुछ कम हो गई हैं । अक्तूबर, 1994 में, इन जमाराशियों को नकदी प्रारक्षित अनुपात की 7.5 प्रतिशत की आवश्यकताओं के अधीन लाया गया था, जिसे जनवरी, 1995 में और बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया

था। भारतीय रिजर्व बैंक ने जनवरी, 1995 में एन.आर. (एन.आर.) आर. जमाराशियों पर 7.5 प्रतिशत का नकदी प्रारक्षित अनुपात भी लागू किया है। अनिवासी (विदेशी) रुपया खाता (एन.आर.) ई (आर.ए.) पर ब्याज दरें जमाराशियों की बचत करने के लिए 5 प्रतिशत से घटाकर 4.5 प्रतिशत और विभिन्न परिपक्वताओं वाली मियादी जमाओं के लिए 10 प्रतिशत अनधिक से 8 प्रतिशत अनधिक कर दी गई थीं। ये निवासी जमाराशियों की दरों से कम हैं। विदेशी मुद्रा अनिवासी खाते की समाप्ति से और ऊपर उल्लिखित परिवर्तनों को देखते हुए, वर्ष 1994-95 के दौरान सभी अनिवासी जमाराशियों के अधीन निवल अंतर्प्रवाह पिछले वर्ष की तुलना में बहुत कम होने की संभावना है। चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम छः महीनों के दौरान इन जमाराशियों में निवल अंतर्प्रवाह पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 657 मिलियन डालर की तुलना में 536 मिलियन डालर होना अनुमानित है। तथापि, पूरे वर्ष के लिए हम अनिवासी जमाराशियों के केवल संतुलित निवल अंतर्प्रवाह की ही आशा कर सकते हैं। (बाक्स 5.1)

बाक्स 5.1

अनिवासी बैंक खाता/जमा स्कीमें

भारतीय राष्ट्रिक और विदेशों में भारतीय मूल के निवासी व्यक्ति भारत में स्वतंत्र रूप से विदेशों से प्रेषित निधियों अथवा विदेशों से लाई गई विदेशी मुद्रा या भारत में उन्हें वैध रूप से देय निधियों में से बैंक खाता खोल सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत में बैंकों, जो विदेशी मुद्रा में लेन-देन करने के लिए प्राधिकृत (प्राधिकृत डीलर) है, को मुक्त रूप से ऐसे खाते खोलने के लिए सामान्य अनुमति दे दी है। छह किस्म के ऐसे अनिवासी खाते हैं, जिन्हें प्राधिकृत डीलरों द्वारा रखा जा सकता है:--

(1) विदेशी मुद्रा अनिवासी खाता (एफ.सी.एन.आर.ए.)

(2) अनिवासी विदेशी रुपया खाता (एन.आर. (ई.) आर.ए.)

(3) विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक) खाता (एफ.सी.एन.आर.(बी.))

(4) अनिवासी (अप्रत्यावर्तनीय) रुपया जमाराशि (एन.आर.) एन.आर. (आर.डी.)

(5) विदेशी मुद्रा सामान्य अप्रत्यावर्तनीय (एफ.सी.ओ.एन.)

(6) विदेशी मुद्रा (बैंक एवं अन्य) जमाराशि (एफ.सी.) बी.एण्ड.ओ.(डी.)

	स्कीमें	आरंभ होने की तारीख	समाप्त होने की तारीख	के अन्त तक बकाया स्टाक (मिलियन अमरीकी डालर)				
				मार्च, 1991	मार्च, 1992	मार्च, 1993	मार्च, 1994	20 जनवरी, 1995
1.	एफ.सी.एन. आर. (ए.)	नवम्बर, 1975	15-8-94	10,103	9792	10617	9300	7266
2.	एन.आर. (ई.) आर.ए.	फरवरी, 1970	–जारी–	3588	2527	2863	3590	4726
3.	एफ.सी.एन. आर. (बी.)	मई, 1993	–जारी–	–	—	—	1075	2921
4.	एन.आर. (एन. आर.) आर.डी.	जून, 1992	–जारी–	—	—	610	1797	2299
5.	एफ.सी.ओ.एन.	जन, 1991	20-8-94	—	—	1	18	7
6.	एफ.सी. (बी. एण्ड.ओ.)डी.	दिसम्बर 1990	31-7-92	262	607	1044	533	0
	जोड़			13,953	12926	15135	16313	17219

टिप्पणी : 1. सभी आंकड़ों में प्राप्त ब्याज शामिल है।

2. एन.आर. (एस.आर.) आर.डी. और एफ.सी.ओ.ए. को छोड़कर इन सभी स्कीमों के अन्तर्गत बकाया स्टाक सारणी 5.7 में यथा-निर्दिष्ट भारत के विदेशी ऋण का भाग है।

रुपया ऋण-शोधन अदायगियां

19. वर्ष 1993–94 में रूस की ऋण शोधन अदायगियों में गिरावट आई थी, जो पिछले वर्ष के दौरान 977 मिलियन डालर की तुलना में केवल 745 मिलियन डालर थी। यह भारत से आयातों की अपेक्षित माला, जो ऋण की पूरी तरह अदायगी करने के लिए आवश्यक है, को प्राप्त कर सकने में रूस की असमर्थता प्रदर्शित करता है। रूस को अभी भी भारत के ऋण संबंधी दायित्वों का पूरी तरह उपयोग करने के लिए उचित प्रक्रिया का प्रवर्तन करना है।

विदेशी निवेश

20. विदेशी निवेश के अन्तर्प्रवाह वर्ष 1993–94 से देश में पूंजी अंतर्प्रवाह में वृद्धि के मुख्य कारक थे। कुल पूंजी अंतर्प्रवाह (अं.मु.को. के लेन-देनों सहित) वर्ष 1992–93 में लगभग 4.3 बिलियन डालर के दुगुने से भी अधिक बढ़कर वर्ष 1993-94 में 9.2 बिलियन डालर हो गया, जिसमें से विदेशी निवेश के अंतर्प्रवाह का हिस्सा 585 मिलियन डालर (14 प्रतिशत) से बढ़कर 4.1 बिलियन डालर (45 प्रतिशत) हो गया। पूंजी अंतर्प्रवाह में विदेशी निवेश का अंशदान वर्ष की प्रथम तीन तिमाहियों में इस खाते के अधीन पहले से होने वाले लगभग 3.9 बिलियन डालर के अंतर्प्रवाह के साथ वर्ष 1994–95 में और बढ़ने की संभावना है। (सारणी 5.3)।

सारणी 5.3

श्रेणीवार विदेशी निवेश प्रवाह

(मिलियन अमरीकी डालर)

	1991–92	1992–93	1993–94	1994–95* (अप्रैल-दिस.)
क. प्रत्यक्ष निवेश	150	341	620	756
क. भा. रि. बैं. के स्वचालित माध्यम	0	42	89	81
ख. एस. आई. ए./एफ. आई. पी. बी. माध्यम	87	238	315	380
ग. अनिवासी भारतीय (40 प्रतिशत से शत-प्रतिशत)	63	61	217	295
ख. पोर्टफोलियो निवेश	8	92	3493	3141
क. एफ. आई. आई.	0	1	1665	1195
ख. यूरो–इक्विटी	0	86	1460	1726
ग. अपतटीय निधियां और अन्य	8	5	365	220
जोड़ (क + ख)	158	433	4113	3897

*अनन्तिम

टिप्पणी :– वास्तविक अन्तर्प्रवाहों पर आधारित और ये भुगतान संतुलन सारणी 5.2 में विदेशी निवेश के अन्तर्गत दी गई संख्याओं से मेल नहीं खाते जो मिलने वाली राशि के आधार पर दिए गए हैं।

21. विदेशी निवेश व्यवस्था के उदारीकरण के प्रति विदेशी निवेशकर्ताओं का प्रत्युत्तर बहुत उत्साहवर्धक रहा है। जी० डी० आर० सहित पोर्टफोलियो निवेश ने शीघ्रतापूर्वक प्रत्युत्तर दिया है, जो वर्ष 1992-93 में 100 मिलियन डालर से भी कम से बढ़कर वर्ष 1993-94 में लगभग 3.5 बिलियन डालर हो गया और वर्ष 1994–95 में इतना ही हो सकता है। प्रत्यक्ष निवेश प्रस्तावों के अनुमोदनों में तीव्र वृद्धि हुई है, जिसका मूल्य वर्ष 1991 में 235 मिलियन डालर (534 करोड़ रुपए) से बढ़कर वर्ष 1994 में 2.9 बिलियन डालर (8957 करोड़ रुपए) हो गया (सारणी 5.4)। वर्ष 1991 से 1994 तक अनुमोदित कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रस्तावों की राशि पूरे पिछले दशक (1981-90) के दौरान अनुमोदित 1.0 बिलियन डालर (1274 करोड़ रुपए) से थोड़ी कम राशि की तुलना में 7.2 बिलियन डालर (22238 करोड़ रुपए) है। इन सभी प्रस्तावों को वास्तविक अंतर्प्रवाह में फलीभूत होने में कुछ समय लगता है परन्तु पहले से ही ऐसे संकेत मिले हैं कि वास्तविक अंतर्प्रवाहों में वर्ष 1992 से बढ़ते हुए अनुमोदनों में प्रवाहों के अनुपात के साथ वृद्धि हो रही है (सारणी 5.4)।

भारत के निर्यातों की संरचना

(प्रतिशत)

क - कृषि और सबद्ध उत्पाद

ख - अयस्क और खनिज

ग - विनिर्मित वस्तुए

घ - कच्चा तेल और पेट्रोलियम पदार्थ

ड. - अन्य



सारणी 5.4

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश

वास्तविक अन्तर्प्रवाह बनाम अनुमोदन

	1991	1992	1993	1994	जोड़ (1991 से 1994)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
अनुमोदन					
करोड़ रुपए	534.1	3887.5	8859.3	8956.8	22237.7
मिलियन अमरीकी डालर	234.9	1317.5	2817.5	2854.8	7224.7
वास्तविक अन्तर्प्रवाह					
करोड़ रुपए	351.4	675.2	1786.0	2969.9	5782.5
मिलियन अमरीकी डालर	154.5	228.8	568.0	946.6	1897.9
अनुमोदनों के प्रतिशत के रूप में वास्तविक राशियां	65.8	17.4	20.2	33.2	26.0

22. विशुद्ध इक्विटी निर्गमों के अतिरिक्त, निगमित निकायों को भी विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड (एफ.सी.सी.बी.) जारी करने की अनुमति दी जाती है । वर्ष 1993-94 में विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांडों से लगभग 915 मिलियन डालर की राशि जुटाई गई थी । विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड इक्विटी में रूपांतरित होने तक देश के विदेशी ऋण का हिस्सा होते हैं और इसलिए चालू वर्ष में उनके लिए सरकार ने विदेशी ऋण की वृद्धि को रोकने के लिए कुछ हद तक प्रतिबंधात्मक नीति अपनाई है ।

विदेशी मुद्रा प्रारक्षित भंडार

23. विदेशी मुद्रा प्रारक्षित भंडार में घटबढ़ सभी विदेशी लेन-देनों का निवल परिणाम है । इसलिए वे देश के भुगतान-संतुलन की दशा का सार सूचकांक प्रदान करते हैं । वर्ष 1993-94 के दौरान भारत के भुगतान संतुलन में महत्वपूर्ण सुधार के कारण भारतीय रिजर्व बैंक की विदेशी मुद्रा आस्तियों का अभूतपूर्व संग्रहण हुआ। ये वर्ष 1992–93 के अंत में 6.4 बिलियन डालर (20140 करोड़ रुपए) से बढ़कर वर्ष 1993–94 के अंत में 15.1 बिलियन डालर (47287 करोड़ रुपए) हो गए अर्थात् वर्ष 1993–94 के दौरान 8.7 बिलियन डालर (27147 करोड़ रुपए) की वृद्धि हुई (चित्र 5.4) । विदेशी मुद्रा प्रारक्षित भंडार, जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक की विदेशी मुद्रा आस्तियां और स्वर्ण तथा एस.डी.आर. भी शामिल हैं, उसी अवधि के दौरान 9.8 बिलियन डालर (30745 करोड़ रुपए) से बढ़कर 19.3 बिलियन डालर (60420 करोड़ रुपए) हो गए । विदेशी मुद्रा प्रारक्षित भंडार में वृद्धि वर्ष 1994–95 में तेज रही और विदेशी मुद्रा आस्तियां दिनांक 31 अक्तूबर, 1994 का 19.8 बिलियन डालर तक पहुंच गई। उस समय से ये करीब 19.5 बिलियन डालर के स्तर पर स्थिर बनी हुई हैं ।

24. वर्ष 1993–94 से आगे प्रारक्षित भंडारों में तीव्र संग्रहण भुगतान संतुलन के चालू और पूंजी खातों में महत्वपूर्ण सुधार होने के कारण हुआ । यह स्मरणीय है कि वर्ष 1990–91 के दौरान भी पूंजी खाते में 8.4 बिलियन डालर का काफी अंतर्प्रवाह हुआ था । तथापि, चालू खाते के अत्यधिक घाटे को वित्तपोषित करने के लिए ही इसका अपेक्षाकृत अधिक उपयोग किया गया था जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 1990–91 में विदशी मुद्रा प्रारक्षित भंडारों में कमी हुई (सारणी 5.2) । परन्तु वर्ष 1993–94 से आगे अत्यधिक पूंजी अन्तर्प्रवाहों के कारण प्रारक्षित भंडार में वृद्धि हुई है क्योंकि चालू खाते का अंतर काफी कम हो गया है । पूंजी अंतर्प्रवाहों के स्वरूप में भी आकस्मिक परिवर्तन हुआ है; विदेशी सहायता की भूमिका को धीरे-धीरे और वाणिज्यिक उधारों, अ.मु.को. ऋणों और अनिवासी जमाराशियों की भूमिका को उत्तरोत्तर विदेशी निवेश अंतर्प्रवाहों द्वारा प्रतिस्थापित किया जा रहा है ।

25. निरंतर वृद्धि और विकास की संभावनाओं के साथ अभूतपूर्व उच्च स्तरीय प्रारक्षित भंडार ने विदेशी मुद्रा प्रारक्षित भंडार के प्रबन्ध से संबंधित मुद्दे उठाए हैं । साधारणतया यह माना जाता है कि जैसे चालू और पूंजी खाते पर भुगतान कम प्रतिबंधित और अधिक मुक्त होते हैं, वैसे ही अंतर्राष्ट्रीय प्रारक्षित भंडार की आवश्यकता बढ़ जाती है । किसी भी मामले में सारणी 5.5 से यह निर्दिष्ट हो जाता है कि भारत के प्रारक्षित भंडार का मौजूदा स्तर कुछ अन्य बड़ी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अपवादस्वरूप ऊंचा नहीं हैं । (सारणी 5.6)

चित्र 5.4 विदेशी मुद्रा की प्रारक्षित निधियां



सारणी 5.5

चयनित देशों में विदेशी मुद्रा प्रारक्षित भण्डार, 1990–94

(मिलियन डालर)

देश	1990	1991	1992	1993	1994 (अद्यतन)
1	2	3	4	5	6
भारत	1205	3580	5461	9807	19604[3]
चीन[1]	28594	42664	19443	21199	39969
इंडोनेशिया	7353	9151	10181	10988	11021
मेक्सिको	9327	10421	16784	26814	29689
द. कोरिया	14459	13306	16639	20804	23404
थाइलैंड	13247	17287	20012	24078	28321
ताइवान[2]	35790	40275	43534	44295	42622
आयात सीमा (कवर) (महीनों की संख्या)					
भारत	0.6	2.1	2.8	5.2	8.2
चीन	6.4	8.0	2.9	2.5	4.6
इंडोनेशिया	4.0	4.2	4.5	4.7	4.7
मलेशिया	3.8	3.4	5.0	7.1	7.8
द. कोरिया	2.5	2.0	2.4	3.0	3.3
थाइलैंड	4.8	5.5	5.9	6.3	7.4
ताइवान	7.8	7.7	7.2	6.9	5.6

1 वर्ष 1992 से पूर्व विदेशी मुद्रा में बैंक आफ चायना की विदेशी मुद्रा धारिता भी शामिल थी और वर्ष 1992 से इसमें केवल पीपुल्स बैंक आफ चायना की विदेशी मुद्रा धारिता शामिल है।

2. स्वर्ण को घटाकर कुल प्रारक्षित भंडार

3. जनवरी 1995 के अन्त में विदेशी मुद्रा आस्तियां

स्रोत: अन्तराष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी अ०मु०को

सारणी 5.6
विदेशी मुद्रा प्रारक्षित भंडार[1]
ऐतिहासिक परिदृश्य

(मिलियन अमरीकी डालर)

वर्ष	विदेशी मुद्रा प्रारक्षित भण्डार[2]	आयात सीमा (महीनों की संख्या[3])	चालू भुगतान सीमा (कवर (महीनों की संख्या 3))
(1)	(2)	(3)	(4)
1950–51	1914	16.8	14.6
1955–56	1648	12.2	10.6
1960–61	390	2.0	1.7
1965–66	383	1.6	1.3
1970–71	584	2.9	2.2
1975–76	1657	3.3	2.9
1980–81	5850	4.5	4.0
1985–86	5972	4.2	3.5
1990–91	2236	1.0	0.8
1991–92	5631	3.3	2.3
1992–93	6434	3.4	2.5
1993–94	15068	7.5	5.3
1994–95[5]	19604	8.2	5.9

1. स्वर्ण और विशेष आहरण अधिकारों को छोड़कर 2. वर्षान्त स्तर 3. संबंधित वर्षान्त स्तर के विदेशी मुद्रा प्रारक्षित भंडार पर आधारित
4. पण्य सामग्रियों के आयातों के योग और अदृश्य राशियों के आधार पर बहिप्रवाह के चालू भुगतान सीमा (कवर) का अनुमान लगाया गया है।
5. जनवरी, 1994 के अन्त में।

विदेशी ऋण

26. विदेशी ऋण का उच्च स्तर सरकार के लिए चिन्ता का विषय रहा है। तथापि, भुगतान संतुलन में किए गए सुधार ने सरकार को अतिरिक्त ऋण की वृद्धि कम करने में काफी सक्षम बनाया है। इस प्रकार वर्ष 1993-94 के दौरान विदेशी ऋण में बढ़ोतरी मात्र 740 मिलियन अमरीकी डालर थी। वस्तुतः वर्ष 1994-95 के पूर्वार्ध के दौरान ऋण में लगभग 270 मिलियन डालर की गिरावट आई (सारणी 5.7)। इस प्रकार हाल के वर्षों में पहली बार, देश के विदेशी ऋण में पूर्ण रूप से गिरावट हुई है। सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात के रूप में, विदेशी ऋण वर्ष 1991-92 में 41 प्रतिशत से घटकर वर्ष 1992-93 में 40 प्रतिशत और वर्ष 1993-94 में और तेजी से घटकर 36 प्रतिशत हो गया। कुल ऋण में अल्पावधिक संघटक का हिस्सा भी उत्तरोत्तर घट रहा है। यह हिस्सा वर्ष 1990-91 के अन्त में 10.2 प्रतिशत से घटकर 1993-94 के अन्त में 10.2 प्रतिशत से घटकर वर्ष 1993-94 के अन्त तक 4.0 प्रतिशत हो गया तथा यह सितम्बर, 1994 के अन्त तक मात्र 3.1 प्रतिशत था। इस आंकड़े की इंडोनेशिया (23.1 प्रतिशत), ब्राजील (20.5 प्रतिशत) मैक्सिको (23.1 प्रतिशत) और टर्की (27.3 प्रतिशत) जैसे देशों के आंकड़ों से अनुकूल रूप से तुलना की जा सकती है। इस बात पर बल देने की आवश्यकता है कि कुल ऋण में रियायती ऋण का हिस्सा भारत में उन अन्य विकासशील देशों, जिनके पास विदेशी ऋण का बड़ा भण्डार है, की तुलना में आपवादिक रूप से अधिक है। इसके परिणामस्वरूप, सम्पूर्ण देश की तुलनाओं से यह पता चलता है कि जब विदेशी ऋण के वर्तमान मूल्य पर विचार किया जाता है तब भारत के ऋण का अनुमान अन्य देशों की तुलना में काफी कम हो जाता है (सारणी 5.8)।

सारणी 5.7
विदेशी ऋण और ऋण शोधन : मुख्य संकेतक

	1989-90	1990-91	1991-92	1992-93	1993-94	1994-95 (अप्रैल – सित.)
अवधि के अंत में बकाया ऋण स्टाक						
बिलियन अमरीकी डालर	75.90	83.96	85.33	89.99	90.72	90.45
हजार करोड़ रुपए	130.28	163.31	253.03	280.63	234.20	273.93
ऋण स्टाक में परिवर्तन						
बिलियन अमरीकी डालर		8.06	1.38	4.65	0.74	-0.27
ऋण शोधन अदायगियां :						
बिलियन अमरीकी डालर	7.60	8.23	8.13	8.09	8.32	
कुल ऋण						
स. घ. उ. के प्रतिशत के रूप में	28.5	30.5	41.1	39.9	36.1	
निर्यातों के प्रतिशत के रूप में	447.7	454.4	467.2	476.9	399.7	
कुल ऋण शोधन						
चालू प्राप्तियों के प्रतिशत के रूप में	31.6	32.3	29.8	30.3	24.8	
निर्यात के प्रतिशत के रूप में	44.8	44.5	44.5	42.9	36.6	

1. अनन्तिम अनुमान

सारणी 5.8

चयनित देशों के लिए ऋण संकेतक, 1993

(बिलियन अमरीकी डालर)

देश	कुल विदेशी ऋण	ऋण का वर्तमान मूल्य	कुल ऋण में रियायती ऋण (प्रतिशत)
1	2	3	4
भारत	91.78	60.52	46.7
अर्जेन्टीना	74.47	72.08	0.7
ब्राजील	132.75	130.08	1.9
चीन	83.80	76.59	16.1
इंडोनेशिया	89.54	81.50	27.9
मेक्सिको	118.03	116.46	1.2
रूसी संघ	83.09	81.37	4.5
टर्की	67.86	63.74	10.3

स्रोत : विश्व बैंक ऋण सारणियां, 1994-95

27. पिछले तीन वर्षों में ऋण शोधन अदायगियां लगभग 8.2 बिलियन डालर तक होती रहीं परन्तु वर्ष 1994-95 में ये बढ़कर लगभग 10.5 बिलियन डालर तक हो जाने का अनुमान है। ऋण शोधन अदायगियों का विवरण सारणी 5.9 में देखा जा सकता है। ऋण शोधन अनुपात (सरकारी अन्तरणों को छोड़कर चालू प्राप्तियों के प्रतिशत के रूप में ऋण शोधन) वर्ष 1990-91 रहा है और यह गिरावट वर्ष 1992-93 में 30.3 प्रतिशत के से वर्ष 1993-94 से 24.8 प्रतिशत तक विशेषकर तेज रही है। तथापि, वर्ष 1994-95 में यह अनुपात बढ़ने की आशा है।

विनिमय दर और चालू खाते की परिवर्तनीयता

28. वर्ष 1993-94 के प्रारंभ में विदेशी मुद्रा बजटीयकरण को समाप्त करके आयातों पर मुद्रा संबंधी प्रतिबंधों को हटाना तथा विनिमय दर का समरूपीकरण चालू खाते की परिवर्तनीयता की ओर प्रथम मुख्य कदम था (बॉक्स 5.2)। वर्ष 1994-95 के बजट में इस दिशा में उठाए जाने वाले अगले कदम को इंगित किया गया और तदनुसार रिजर्व बैंक ने अनेक अदृश लेन-देनों के मामले में भुगतान प्रतिबन्धों में ढील देने की घोषणा की। अदृश भुगतानों को और उदार बनाकर तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुच्छेद-VIII के तहत बाध्यताओं को स्वीकार करके चालू खाता परिवर्तनीयता की ओर अंतिम कदम, अगस्त, 1994 में उठाया गया जिसके अन्तर्गत भारत चालू अंतर्राष्ट्रीय लेन-देनों पर विनिमय प्रतिबन्धों का भुगतान संतुलन की व्यवस्था करने के एक साधन के रूप में प्रयोग न करने के लिए वचनबद्ध है।

सारणी 5.9

ऋण शोधन संबंधी अदायगियां

(मिलियन अमेरिकी डालर)

	1989-90	1990-91	1991-92	1992-93	1993-94@
1	2	3	4	5	6
1. विदेशी सहायता	2145	2307	2588	2798	2984
वापसी अदायगियां	1148	1244	1406	1523	1656
ब्याज अदायगियां	997	1063	1182	1275	1328
2. विदेशी वाणिज्यिक उधार*	2240	2665	2573	2873	3252
वापसी अदायगियां	1154	1502	1373	1639	2033
ब्याज अदायगियां**	1086	1163	1200	1234	1219
3. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आई. एम. एफ.)	1046	783	697	614	430
वापसी अदायगियां	877	649	459	335	134
ब्याज अदायगियां	169	134	238	279	296
4. अनिवासी भारतीयों की जमाराशि					
ब्याज अदायगियां	1112	1282	1036	930	905
5. रुपया ऋण शोधन	1055	1193	1240	878	745
कुल ऋण शोधन	7598	8230	8134	8093	8316
वापसी अदायगियां	4234	4588	4478	4375	4568
ब्याज अदायगियां	3364	3642	3656	3718	3748
चालू प्राप्तियों के प्रतिशत के रूप में	31.8	32.3	29.8	30.3	24.8

* डी. सी. ए. रक्षा सहित ** अल्पकालिक व्यापार से संबद्ध ऋण पर अनुमानित ब्याज सहित @ अनन्तिम

बॉक्स 5.2

चालू खाते की परिवर्तनीयता की और बढ़ते कदम

* ब्रेटन वुड्स सम्मेलन के बाद अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक व्यवस्थाओं ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के सदस्यों से चालू खाते की परिवर्तनीयता पुनः चालू करने की अपेक्षा की। यह दायित्व अनुच्छेद-VIII धारा 2, 3 और 4 में परिभाषित है, जो यह निर्दिष्ट करती है कि सदस्य देशों को :
  (क) चालू भुगतानों (पूंजी खाते पर प्रतिबन्ध अनुमत्य है) पर प्रतिबंध नहीं होना चाहिये; और
  (ख) भेदमूलक मुद्रा व्यवहार (बहु विनिमय दरों सहित) से बचना चाहिए।
* अगर कोई सदस्य देश निधि में शामिल होने पर अनुच्छेद VIII के दायित्वों की पूर्ति नहीं करता है तो उसे अनुच्छेद XIV के अंतर्गत परिवर्ती व्यवस्थाएं करने की अनुमति दी जाती है ।
* चालू खाते की परिवर्तनीयता को निम्नलिखित अंतर्राष्ट्रीय लेन-देनों के लिए विदेशी मुद्रा खरीदने अथवा बेचने की स्वतन्त्रता के रूप में परिभाषित किया गया है :
  (क) विदेश व्यापार, सेवाओं सहित अन्य चालू व्यापार और सामान्य अल्पावधिक बैंकिंग और ऋण सुविधाओं से संबंधित सभी बकाया भुगतान;
  (ख) ऋणों पर ब्याज के रूप में और अन्य निवेशों से निवल आय के रूप में देय भुगतान;
  (ग) ऋणों को चुकाने अथवा प्रत्यक्ष निवेशों के मूल्य ह्रास के लिए मामूली राशि का भुगतान, और
  (घ) परिवार निर्वाह व्यय के लिए मामूली प्रेषणाएं ।
* चालू खाते की परिवर्तनीयता की ओर मार्च, 1993 में भारत द्वारा एक बड़ा कदम उठाया गया था । उस समय विदेशी मुद्रा बजट समाप्त कर दिया गया, विनिमय दर एकरूप बना दी गई और व्यापार खाते पर लेन-देनों को मुद्रा नियंत्रण से मुक्त कर दिया गया । रुपए के विनिमय दर का निर्धारण बाजार पर छोड़ दिया गया था । वर्ष 1994-95 के बजट भाषण में कहा गया था कि "चालू खाते पर परिवर्तनीयता की ओर अगला कदम उठाने और उन्मुख होने का समय आ गया है ।"
* बजट में की गई घोषणा के अनुसरण में भारतीय रिजर्व बैंक ने 28 फरवरी, 1994 को निम्नलिखित के संबंध में विनिमय नियंत्रण विनियमनों का एक निर्दिष्ट सीमा तक उदारीकरण करने की घोषणा की थी :
  (क) मुद्रा अर्जक विदेशी मुद्रा खाता;
  (ख) बुनियादी यात्रा कोटा;
  (ग) विदेशों में अध्ययन
  (घ) उपहार प्रेषणाएं;
  (ङ) दान; और
  (च) विदेशी पक्षों द्वारा प्रदान की गई कतिपय सेवाओं का भुगतान ।
* दिनांक 19 अगस्त, 1994 को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा और भी कदम उठाए गए थे, जिनमें ये शामिल हैं : चालू खाते के भुगतानों पर और छूट, इस बात की पुष्टि कि पहले निर्दिष्ट की गई सीमाएं स्वरूप में केवल सांकेतिक थीं और भारतीय रिजर्व बैंक अतिरिक्त सुविधाओं के लिए उचित अनुरोधों पर अनुकूल रूप से विचार करेगा; विदेशी मुद्रा अनिवासी खाता (एफ सी एम आर ए) स्कीम जिसके अन्तर्गत परिपक्वताओं को धीरे-धीरे समाप्त कर दिया गया था, 15 अगस्त, 1994 से बन्द कर दी गई; अनिवासी (अप्रत्यावर्तनीय) रुपया जमा स्कीम के अधीन प्राप्त ब्याज को पहली अक्टूबर, 1994 में प्रारंभ होने वाली तिमाही से प्रत्यावर्तनीय बना दिया गया; विदेशी मुद्रा (साधारण) अप्रत्यावर्तनीय जमा स्कीम (एफ. सी. ओ. एन.) दिनांक 20 अगस्त, 1994 से समाप्त कर दी गई और मौजूदा विदेशी मुद्रा (साधारण) अप्रत्यावर्तनीय जमा स्कीम में जमा राशियों पर प्राप्त ब्याज को पहली अक्टूबर, 1994 की मौजूदा जमा राशियों की परिपक्वता तारीख तक प्रत्यावर्तन के लिए पात्र बना दिया गया; अनिवासी भारतीयों द्वारा निवेश आय का प्रत्यावर्तन अब आयकर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कर का भुगतान करने के बाद 3 वर्ष की अवधि में चरणबद्ध तरीके से प्रत्यावर्तनीय होना । भारत ने दिनांक 20 अगस्त, 1994 को अनुच्छेद VIII का दर्जा प्राप्त किया ।
* अब तक सतानवे देशों ने अनुच्छेद-8 का दर्जा प्राप्त किया है । साठ देशों ने वर्ष 1995 तक अनुच्छेद- VIII का दर्जा प्राप्त किया था, वर्ष 1986--92 के दौरान चौदह और देशों ने यह दर्जा प्राप्त किया तथा तेईस और देशों ने इसे जनवरी, 1993 से 6 अक्टूबर, 1994 की अवधि के दौरान प्राप्त किया । भारत के अतिरिक्त वर्ष 1994 में अनुच्छेद-VIII का दर्जा पाने वाले देश बंगला देश, घाना, ग्रेनेडा, केन्या, लटाविया लिथूनिया, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, यूगांडा, एस्टोनिया, पराग्वे हैं और 6 अक्टूबर, 1994 तक पश्चिमी समोआ की यह दर्जा प्राप्त कर लिया ।

29. अमरीकी डालर की तुलना में रुपए की स्थिरता जुलाई 1993 से करीब 31.37 रुपए प्रति अमरीकी डालर चल रही थी, 1994-95 के दौरान भी वहीं चलती रही। तथापि, 1994-95 की प्रथम तीन तिमाहियों में रुपए की नामिनल प्रभावी विनिमय दर में मामूली कमी हुई क्योंकि प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डालर के मूल्य में कमी हुई थी (चित्र 5.5 और 5.6 तथा परिशिष्ट सारणी 6.6)। लेकिन भारत में मुद्रास्फीति प्रमुख औद्योगिक देशों के मुकाबले काफी अधिक होने के कारण रुपए की वास्तविक प्रभावी विनिमय दर 1993 की दूसरी छमाही के दौरान बढ़ गई और 1994 में स्थिर रही।

चित्र 5.5 रुपए की सांकेतिक तथा वास्तविक प्रभावी विनिमय दर (5 देशीय सूचकांक)



चित्र 5.6 रुपए की सांकेतिक तथा वास्तविक प्रभावी विनिमय दर (10 देशीय सूचकांक)



30. वर्ष 1993-94 के दौरान अमरीकी डालर का "हवाला" प्रीमियम जुलाई और अगस्त माह को छोड़कर जब यह 9 प्रतिशत से भी कम था, 10 से 13 प्रतिशत के बीच रहा। वर्ष 1994-95 के दौरान दिसम्बर, 1994 तक यह प्रीमियम 10 से 12 प्रतिशत के बीच रहा जबकि केवल मई और जून में ही यह बढ़कर करीब 13 प्रतिशत तक हो गया था। अन्तः बैंक बाजार में अमरीकी डालर पर वायदा प्रीमियम जो 1993-94 के प्रारंभ में 10 प्रतिशत वार्षिक से अधिक था, स्थिर गति से घटकर जुलाई, 1993 में करीब 5 प्रतिशत हो गया तथा बाद में और भी घटकर फरवरी-मार्च, 1994 के दौरान 1 प्रतिशत से भी कम हो गया। तत्पश्चात जुलाई, 1994 तक यह बढ़कर 2 से 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष हो गया। बाजार में अमरीकी डालर के इतने कम वायदा प्रीमियम ने रिजर्व बैंक को जून, 1994 में विनिमय (स्वैप) सुविधा हटा लेने के लिए उद्यत किया। बाजार में विदेशी मुद्रा की सहज स्थिति और एक लम्बी अवधि तक रुपए की उल्लेखनीय स्थिरता ने अन्तः बैंक बाजार में विनिमय (स्वैप) प्रीमियम स्तरों को कम करने में योग दिया है। तथापि, वायदा प्रीमियम ने नवम्बर, 1994 से बढ़ने की प्रवृत्ति दर्शाई है।

पण्य व्यापार

निर्यात

31. 1994-95 की प्रथम छमाही में चालू खाते शेष में व्यापक व्यापार घाटा देखा गया था। ऐसी आशा थी। निर्यात संवर्धन में कमी तथा पेट्रोलियम, तेल व स्नेहक (पी० ओ० एल०) भिन्न आयातों में महत्वपूर्ण वृद्धि होने की वजह से ही यह घाटा हुआ है। डी० जी० सी० आई० एण्ड एस० से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार वर्ष 1992-93 में 18.5 बिलियन डालर की तुलना में वर्ष 1993-94 में 22.2 बिलियन डालर का निर्यात हुआ था। वर्ष 1993-94 के दौरान निर्यातों की 20 प्रतिशत की वृद्धि दर वास्तव में ही उत्साहवर्धक रही और इसके बाद अप्रैल- नवम्बर-1994-95 की अवधि में 16.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इससे यह परिलक्षित होता है कि निर्यातों को प्रोत्साहन देने के लिए हाल ही में किये गये नीति संबंधी उपायों के सुनिश्चित परिणाम प्राप्त होने लगे है।

32. अप्रैल-दिसम्बर, 1994 के दौरान समग्र निर्यात 18.3 बिलियन डॉलर का हुआ था। 1994-95 के पहले नौ महीनों के दौरान निर्यातों की वृद्धि दर काफी ऊंची रही है। आशा है कि वर्ष 1994-95 के शेष भाग में निर्यातों में निरन्तर वृद्धि होती रहेगी।

33. जिस समूह के अनुसार निर्यातों की वृद्धि दर सारणी 5.10 में दर्शाई गई है। जिन मदों के निर्यात में अप्रैल-सितम्बर, 1994 में काफी वृद्धि हुई है उनमें विनिर्मित वस्तुओं की वृद्धि दर सर्वाधिक रही है। इस समूह के अन्तर्गत सूती धागे के निर्यात में 40.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और इलैक्ट्रानिक वस्तुओं के निर्यात में पिछले वर्ष की समतुल्य अवधि की तुलना में 24.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जिन अन्य मदों के निर्यात में अधिक वृद्धि हुई ये हैं—यातायात के साधन (33.9 प्रतिशत) और रंग सामग्री (29.4 प्रतिशत)। हीरे और जवाहरातों के निर्यात में करीब 7.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

34. कृषि निर्यातों में, जिनमें कुल मिलाकर 0.3 प्रतिशत तक की मामूली गिरावट आई है, जिन मुख्य मदों के निर्यात में कमी हुई है वे इस प्रकार हैं: कच्ची कपास (–) 81.5 प्रतिशत अविनिर्मित तम्बाकू (—) 44.0 प्रतिशत और अनाज (—) 17.9 प्रतिशत। ऐसा मुख्यतया जिस बाजार की अस्थिर प्रकृति और बाजार की असामान्य स्थितियों की वजह से रूस की मांग कम हो जाने के कारण ही हुआ है। दूसरी ओर काफी के निर्यात में 208.4 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है। इस वृद्धि का मुख्य कारण यह था कि ब्राजील में कॉफी की फसल में कमी होने की वजह से भारतीय काफी की मांग बढ़ गई।

35. सारणी 5.11 यह दर्शाती है कि वर्ष 1993-94 की प्रथम छःमाही में (75.5 प्रतिशत) की तुलना में वर्ष 1994-95 की प्रथम छःमाही (78.0 प्रतिशत) के दौरान विनिर्मित वस्तुओं द्वारा अधिकांश अंशदान करने से निर्यात का संघटन वस्तुतः अपरिवर्तित रहा है। कृषि संबंधी निर्यातों के हिस्से में मामूली कमी हुई थी जो 17.9 प्रतिशत से घटकर 15.9 हो गया है (चित्र 5.7)।

आयात

36. वर्ष 1993-94 में कुल आयातों का समूचा स्तर 23307 मिलियन अमरीकी डालर रहा। यह पिछले वर्ष की तुलना में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। अप्रैल-दिसम्बर, 1994 के दौरान आयात बिल 20339 मिलियन अमरीकी डालर का था। इसमें पेट्रोलियम, तेल और स्नेहक (पी.ओ.एल.) की आयात राशि 4201 मिलियन अमरीकी डालर है जबकि पेट्रोलियम, तेल और स्नेहक भिन्न (नॉन-पी.एल.ओ.) आयातों की राशि 16138 मिलियन अमरीकी डालर है। आयात के भाग में वृद्धि कुछ हद तक औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ते हुए उतार-चढ़ाव के कारण हुई जिसकी वजह से पूंजीगत वस्तुओं के आयात को प्रोत्साहन मिला। अप्रैल-दिसम्बर, 1994-95 की अवधि तक आयातों की वृद्धि दर 23.9 प्रतिशत रही है। पेट्रोलियम तेल और स्नेहक भिन्न आयातों में वृद्धि वर्ष 1992-93 से ही स्पष्ट है। वर्ष 1992-93 में 9.6 प्रतिशत की वृद्धि से पेट्रोलियम, तेल और स्नेहक भिन्न आयात वर्ष 1993-94 में 14.0 प्रतिशत तक बढ़कर अप्रैल-दिसम्बर, 1994 में 33.1 प्रतिशत हो गया। दूसरी ओर पेट्रोलियम, तेल और स्नेहक के आयात में 2.1 प्रतिशत की गिरावट आई।

37. अप्रैल-सितम्बर, 1994 में आयातों की संवृद्धि का विश्लेषण (सारणी 5.12) यह दर्शाता है कि जिन उत्पादों में सर्वाधिक वृद्धि हुई है, वे हैं खाद्य तेल जिनमें 413.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इससे खाद्य उत्पादों के आयात की समूची वृद्धि दर बढ़कर 282.6 प्रतिशत हो गई है। कोयले के आयात में 56.7 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई। जिन पूंजीगत वस्तुओं के आयात में 28.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्शायी गई है उनमें से मशीनरी के आयात में 40.8 प्रतिशत और परियोजना वस्तुओं के आयात में 43.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मदों की अगली श्रेणी जिनके आयातों में पर्याप्त वृद्धि हुई है, वे हैं–रसायन 60.0 प्रतिशत, लोहा एवं इस्पात 60.2 प्रतिशत और अलौह धातु 66.1 प्रतिशत।

38. पिछले वर्ष की तुलना में 1994-95 की पहली छःमाही में आयातों की संरचना में परिवर्तन हुआ है। खाद्य और सम्बद्ध उत्पादों का शेयर जो अप्रैल-सितम्बर, 1993-94 में 2.0 प्रतिशत था अप्रैल 1994-95 में बढ़कर 6.3 प्रतिशत हो गया है और पूंजीगत वस्तुओं का शेयर 23.5 प्रतिशत से मामूली बढ़कर 25.2 प्रतिशत हो गया है (सारणी 5.13)। बाद की स्थिति निवेश संबंधी कार्यकलाप में वृद्धि होने की वजह से हो सकती है और यह स्थिति देशी पूंजीगत वस्तु उद्योगों की भरमार के कारण नहीं है, जिसने उत्पाद में तेजी भी दिखाई है। दूसरी ओर ईंधन और उर्वरकों के आयातों के शेयर में कमी हुई है, जो अप्रैल-सितम्बर, 1993-94 और अप्रैल-सितम्बर, 1994-95 के बीच क्रमशः 30.6 प्रतिशत से घटकर 24.1 प्रतिशत और 3.6 प्रतिशत से घटकर 3.1 प्रतिशत हो गया (चित्र 5.8)।

सारणी 5.10

जिन्स समूहों द्वारा भारत का निर्यात

(मिलियन अमरीकी डालर)

जिन्स समूह	1992-93	1993-94	अप्रैल-सित. 1993-94	अप्रैल-सित. 1994-95	अप्रैल-मार्च 1993-94 (प्रतिशत परिवर्तन)	अप्रैल-सित. 1994-95
1	2	3	4	5	6	7
I. कृषि और सम्बद्ध वस्तुएं जिनमें :	3135.8	3994.8	1847.7	1853.2	27.4	0.3
1. चाय	337.2	311.9	164.7	141.3	-7.5	-14.2
2. कॉफी	129.9	177.1	60.9	187.7	36.3	208.4
3. अनाज	343.9	423.6	193.9	160.8	23.2	-17.1
4. विनिर्मित तम्बाकू	122.8	118.0	61.0	34.2	-3.9	-44.0
5. मसाले	135.8	178.9	85.7	78.4	31.7	-8.4
6. काजू	257.2	332.1	159.3	204.5	29.1	28.3
7. खली	535.5	736.2	303.4	254.1	38.0	-16.2
8. फल एवं सब्जियां	107.9	133.4	60.8	66.8	23.6	10.0
9. समुद्री उत्पाद	601.9	808.8	310.5	438.3	34.4	41.2
10. कच्ची कपास	62.8	210.2	163.6	30.2	235.0	-81.5
II अयस्क और खनिज जिनमें	737.8	888.0	402.7	435.1	20.4	8.0
11. कच्चा लोहा	381.2	432.7	211.5	188.7	13.5	-10.8
12. संसाधित खनिज	143.0	195.0	88.8	109.1	36.3	22.8
13. अन्य अयस्क एवं खनिज	188.0	232.9	93.7	129.1	23.9	37.8
III विनिर्मित वस्तुएं जिनमें	14015.9	16789.0	7810.0	9059.6	19.8	16.0
14. चमड़ा और चमड़े से बनी वस्तुएं	867.3	839.9	410.9	472.4	-3.2	15.0
15. चमड़े के जूते	410.2	479.8	202.3	219.4	17.0	8.5
16. हीरे और जवाहारात	3071.7	3994.4	1875.0	2016.3	30.0	7.5
17. औषध, भेषज और विशुद्ध रसायन	529.3	642.1	289.1	346.2	21.3	19.7
18. रंग-सामग्री/मध्य रंग और कोलतार रसायन	330.6	366.5	165.5	214.2	10.9	29.4
19. धातुओं का विनिर्माण	560.2	693.3	313.8	323.3	23.8	3.0
20. मशीनरी और उपस्कर	541.6	636.4	304.9	325.8	17.5	6.9
21. परिवहन उपस्कर	533.7	586.7	252.9	338.6	9.9	33.9
22. प्राथमिक और अर्द्ध-निर्मित लोहा और इस्पात	164.4	432.1	222.7	174.0	162.9	-21.9
23. इलैक्ट्रानिक वस्तुएं	212.3	311.8	137.9	172.1	46.9	24.8
24. कपास के सूत, कपड़ा और बने बनाए वस्त्र	1350.5	1542.3	713.4	1004.9	14.2	40.8
25. सिले-सिलाए वस्त्र	2393.0	2579.6	1217.4	1325.4	7.8	8.9
26. हस्तशिल्प	865.2	928.7	437.4	481.5	7.3	10.1
IV कच्चा तेल एवं पैट्रोलियम उत्पाद	476.2	397.8	236.7	217.4	-16.5	-8.1
V अन्य एवं वर्गीकृत मदें	171.6	103.9	47.9	55.4	-39.4	15.7
कुल जोड़	18537.2	22238.6	10345.0	11620.6	20.0	12.3

स्रोत : डी. जी. सी. आई. एण्ड एस., कलकत्ता ।

सारणी 5.1[1]

निर्यातों का संघटन

प्रतिशत हिस्सा

जिंस समूह	1992-93	1993-94	अप्रैल – सितम्बर 1993-94	अप्रैल – सितम्बर 1994-95
I. कृषि और सम्बद्ध उत्पाद जिनमें :	16.9	18.0	17.9	15.9
1. चाय	1.8	1.4	1.6	1.2
2. कॉफी	0.7	0.8	0.6	1.6
3. अनाज	1.9	1.9	1.9	1.4
4. विनिर्मित तम्बाकू	0.7	0.5	0.6	0.3
5. मसाले	0.7	0.8	0.8	0.7
6. काजू	1.4	1.5	1.5	1.8
7. खली	2.9	3.3	2.9	2.2
8. फल और सब्जियां	0.6	0.6	0.6	0.6
9. समुद्री उत्पाद	3.2	3.6	3.0	3.8
10. कच्ची कपास (अवशिष्ट सहित)	0.3	0.9	1.6	0.3
II. अयस्क और खनिज जिसमें :	4.0	4.0	3.9	3.7
11. कच्चा लोहा	2.1	1.9	2.0	1.6
12. संसाधित खनिज	0.8	0.9	0.9	0.9
13. अन्य अयस्क और खनिज	1.0	1.0	0.9	1.1
III. निर्मित वस्तुएं जिसमें :	75.6	75.5	75.5	78.0
14. चमड़ा और चमड़े से बनी वस्तुएं	4.7	3.8	4.0	4.1
15. चमड़े के जूते	2.2	2.2	2.0	1.9
16. हीरे और जवाहारात	16.6	18.0	18.1	17.4
17. औषध, भषज और विशुद्ध रसायन	2.9	2.9	2.8	3.0
18. रंग रोगन/मध्य रंग और कोलतार रसायन	1.8	1.6	1.6	1.8
19. धातु विनिर्माण	3.0	3.1	3.0	2.8
20. मशीनरी और उपकरण	2.9	2.9	2.9	2.8
21. यातायात उपस्कर	2.9	2.6	2.4	2.9
22. प्राथमिक और अर्ध निर्मित लोहा व इस्पात	0.9	1.9	2.2	1.5
23. इलक्ट्रानिक वस्तुएं	1.1	1.4	1.3	1.5
24. कपास के सूत, बने बनाए कपड़े	7.3	6.9	6.9	8.6
25. सिले-सिलाए वस्त्र	12.9	11.6	11.8	11.4
26. हस्तशिल्प	4.7	4.2	4.2	4.1
IV. कच्चा तेल और पैट्रोलियम उत्पाद	2.6	1.8	2.3	1.9
V. अन्य और अवर्गीकृत मदें	0.9	0.8	0.5	0.5
कुल जोड़	100.0	100.0	100.0	100.0

स्रोत : डी. जी. सी. आई. एण्ड एस., कलकत्ता।

सारणी 5.12

जिन्स समूहों द्वारा भारत को आयात

(मिलियन अमरीकी डालर)

जिन्सें	1992-93	1993-94	अप्रैल-सित. 1993-94	अप्रैल-सित. 1994-95	अप्रैल-मार्च 1093-95 (प्रतिशत परिवर्तन)	अप्रैल-सित. 1994-95 (प्रतिशत परिवर्तन)
1	2	3	4	5	6	7
I. खाद्य और संबद्ध उत्पाद, जिनमें	721.8	550.4	212.8	814.1	-23.7	282.6
1. अनाज	333.5	84.9	66.6	20.6	-74.5	-69.0
2. दालें	115.5	1809.9	60.9	87.0	56.7	42.9
3. काजू की गिरी	129.9	153.9	44.9	111.7	18.4	148.6
4. खाद्य तेल	57.6	52.2	15.1	77.4	-9.4	413.5
II. ईंधन जिनमें	6396.1	6221.5	3298.6	3097.4	-2.7	6.1
5. कोयला	477.6	465.0	216.1	338.8	-2.6	56.7
6. पेट्रोल, तेल, स्नेहक	5918.6	5756.5	3082.5	2758.6	-2.7	-10.5
III. उर्वरक	977.7	831.2	387.5	394.2	-15.0	1.7
IV. कागज बोर्ड विनिर्माण और अखबारी कागज	177.2	222.1	85.4	103.0	25.3	20.6
V. पूंजीगत वस्तुएं जिनमें	4531.0	6040.0	2533.0	3243.4	33.3	28.0
7. (बिजली और मशीन उपकरणों को छोड़कर) मशीनरी	1652.6	2190.7	823.5	1159.7	32.6	40.8
8. बिजली की मशीनरी	826.2	794.4	475.4	547.8	-3.8	15.2
9. परिवहन उपस्कर	461.8	1266.8	503.6	517.7	174.3	2.8
10. परियोजनागत वस्तुएं	1278.5	1401.0	577.5	828.9	9.6	43.5
VI. अन्य, जिनमें	6067.0	6377.5	2962.9	3142.8	5.1	6.1
11. रसायन	2017.5	1986.3	827.5	1323.7	-1.5	60.0
12. मोती, बहुमूल्य, रत्न और अर्द्ध बहुमूल्य रत्न	2441.9	2641.2	1429.6	780.0	8.2	-45.4
13. लोहा और इस्पात	711.4	781.6	302.7	484.9	9.9	60.2
14. अलौह धातुएं	394.8	474.9	210.2	349.3	20.3	66.1
15. व्यावसायिक यंत्र, प्रकाशीय वस्तुएं आदि	501.4	493.4	192.9	204.9	-1.6	6.2
VII. अवर्गीकृत मदें	3011.5	3064.0	1316.2	2056.2	1.7	56.2
कुल जोड़	21881.6	23306.7	10796.4	12851.1	6.5	19.0

स्रोत :- डी. जी. सी. आई. एण्ड. एस. कलकत्ता।

सारणी 5.13

भारत के आयातों का संघटन

(प्रतिशत शेयर)

1	1992-93	1993-94	अप्रैल—सितम्बर 1993-94	अप्रैल—सितम्बर 1994-95
	2	3	4	5
I. खाद्य और संबद्ध उत्पाद,	3.3	2.4	2.0	6.3
जिनमें				
1. अनाज	1.5	0.4	0.6	0.2
2. दालें	0.5	0.8	0.6	0.7
3. काजू की गिरी	0.6	0.7	0.4	0.9
4. खाद्य तेल	0.6	0.7	0.4	0.9
II. ऊ ईंधन	29.2	26.7	30.6	24.1
जिनमें				
5. कोयला	2.2	2.0	2.0	2.6
6. पेट्रोल, तेल, स्नेहक	27.0	24.7	28.6	21.5
III. उर्वरक	4.5	3.6	3.6	3.1
IV. कागज बोर्ड, विनिर्माण एवं अखबारी कागज	0.8	1.0	0.8	0.8
V. पूंजीगत वस्तुएं जिनमें	20.7	25.9	23.5	25.2
7. बिजली और मशीनरी उपकरण को छोड़कर मशीनरी	7.6	9.4	7.6	9.0
8. विद्युत मशीनरी	3.8	3.4	4.4	4.3
9. परिवहन उपस्कर	2.1	5.4	4.7	4.0
10. परिरयोजनागत वस्तुएं	5.8	6.0	5.3	6.5
VI. अन्य	27.7	27.4	27.4	24.5
जिनमें				
11. रसायन	9.2	8.5	7.7	10.3
12. मोती, बहुमूल्य रत्न और अर्द्ध बहुमूल्य रत्न	11.2	11.3	13.2	6.1
13. लोहा और इस्पात	3.3	3.4	2.8	3.8
14. अलौह धातु	1.8	2.0	1.9	2.7
15. व्यावसायिक यंत्र, प्रकाशीय वस्तुएं आदि	2.3	2.1	1.8	1.6
VII. अवर्गीकृत मदें	13.8	13.1	12.2	16.0
कुल जोड़	100.0	100.0	100.0	100.0

स्रोत : डी.सी.जी.सा.आई.एण्ड एस. कलकत्ता।

व्यापार की दिशा

39. सारणी 5.14 और 5.15 में यथा-उल्लिखत व्यापार की दिशा से यह पता चलता है कि जबकि निर्यात के गंतव्य स्थलों अथवा आयातों के उद्गम स्थलों, दोनों में कोई खास अन्तर नहीं आया है, फिर भी कतिपय व्यापारिक क्षेत्रों का महत्व बढ़ा है। इसमें से संभवतः अत्यन्त महत्वपूर्ण क्षेत्र पूर्वी एशियाई देश हैं। चुनिन्दा एशियाई देशों के साथ व्यापार की प्रमात्रा में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है (सारणी 5.14)। अप्रैल-सितम्बर, 1994 में उनके कुल निर्यातों का प्रतिशत शेयर 1991-92 के 11.1 प्रतिशत से बढ़कर 14.1 प्रतिशत हो गया। आयातों में भी वृद्धि हुई है जो कि 1991-92 में 9.9 प्रतिशत से अप्रैल-सितम्बर, 1994 में बढ़कर 10.7 प्रतिशत हो गया। यह देखा गया है कि इन पूर्वी एशियाई देशों में से हांगकांग, सिंगापुर और थाइलैण्ड निर्यात के मख्य गंतव्य स्थल रहे हैं। दूसरी ओर भारत में आयात मुख्यतया सिंगापुर, दक्षिणी कोरिया और मलेशिया से हुआ है। हांककांग को किए ज. रहे निर्यातों का प्रतिशत शेयर जो 1991-92 में 3.4 प्रतिशत था बढ़कर 1993-94 में 5.6 प्रतिशत हो गया और अप्रैल-सितम्बर, 1994-95 की अवधि में निर्यात 5.4 प्रतिशत पर ही स्थिर रहा। इंडोनेशिया आयातों का एक प्रमुख स्रोत देश रहा है जिसने महत्वपूर्ण वृद्धि दर्शायी है, जो 1991-92 के 0.3 प्रतिशत से बढ़कर 1993-94 में 0.5 प्रतिशत और अप्रैल-सितम्बर, 1994-95 में 1.1 प्रतिशत हो गया था। दक्षिणी कोरिया से हो रहे आयातों के प्रतिशत शेयर में भी वृद्धि दर्शायी गई है जो 1991-92 के 1.7 प्रतिशत से बढ़कर 1993-94 में 2.4 प्रतिशत हो गया है। तथापि दक्षिण कोरिया के आयातों के शेयर में अप्रैल-सितम्बर, 1994 की अवधि में 2.0 प्रतिशत तक की कमी हुई है। जहां तक भारत के पारपरिक हिस्सेदारों का संबंध है, इसमें जो मुख्यतया परिवर्तन हुए वे हैं —1994-95 की पहली छमाही में रूस के बाजार को किए जाने वाले निर्यातों के शेयर में वृद्धि इसके अतिरिक्त जर्मनी के अलावा ई० यू० के देशों से होने वाले आयातों के शेयर में कमी और अन्य कम विकसित देशों से होने वाले आयातों

सारणी 5.14

चुनींदा पूर्वी एशियाई देशों के साथ भारत के व्यापार की दिशा

(प्रतिशत शेयर)

देश	निर्यात					आयात				
	1991-92	1992-93	1993-94	1993-94	1994-95	1991-92	1992-93	1993-94	1993-94	1994-95
		(अप्रैल-मार्च)			(अप्रैल-सित)		(अप्रैल-मार्च)			(अप्रैल-सित)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
क. इंडोनेशिया	0.8	0.7	1.0	1.0	0.9	0.3	0.3	0.5	0.4	1.1
ख. मलाया (मलेशिया)	1.1	1.0	1.1	1.3	1.0	2.0	1.9	1.1	1.0	2.2
ग. हांगकांग	3.4	4.1	5.6	5.8	5.4	0.6	0.8	0.8	0.8	0.8
घ. द कोरिया	1.4	0.9	0.9	0.9	1.1	1.7	1.6	2.4	1.6	2.0
ड. सिंगापुर	2.2	3.2	3.4	3.4	2.9	3.6	2.9	2.7	2.5	2.8
च. थाइलैंड	1.1	1.4	1.6	1.4	1.5	0.3	0.3	0.2	0.3	0.8
छ. चीनी ताइपेई	1.0	1.0	1.2	1.4	1.1	1.5	1.0	0.7	0.8	0.9
जोड़	11.1	12.3	14.8	15.2	14.1	9.9	8.7	8.4	7.4	10.7

स्रोत : डी जी सी आई एण्ड एस, कलकत्ता ।

सारणी 5.15

भारत के व्यापार की दिशा

(प्रतिशत शेयर)

देश	निर्यात				आयात			
	1992-93	1993-94	1993-94	1994-95	1992-93	1993-94	1993-94	1994-95
	(अप्रैल-मार्च)		(अप्रैल-सित)		(अप्रैल-मार्च)		(अप्रैल-सित)	
1	2	3	4	5	6	7	8	9
क. यूनाइटेड किंगडम	6.5	6.2	6.3	6.5	6.5	6.6	7.0	5.6
ख. जर्मनी	7.7	6.9	6.9	6.6	7.6	7.7	7.3	7.3
ग. अन्य यूरोपीय देश	14.1	12.9	12.2	12.9	16.1	15.7	17.6	11.0
घ. संयुक्त राज्य अमरीका	19.0	18.0	18.5	19.8	9.8	11.7	10.5	9.9
ङ. जापान	7.7	7.8	7.7	7.7	6.5	6.6	5.9	7.3
च. रूस	3.3	2.9	2.4	3.0	1.2	1.1	0.9	1.3
छ. पूर्वी यूरोप	1.1	0.9	1.0	0.6	1.4	0.6	0.6	0.6
ज. ओ पी ई.सी.	9.6	10.7	10.4	9.5	21.6	22.4	24.8	21.0
झ. अन्य कम विकसित देश	20.8	24.1	24.5	23.2	15.2	15.3	13.7	21.5
ञ. अन्य	10.1	9.7	10.2	10.1	14.2	12.4	11.7	14.6
जोड़	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0

स्रोत : डी जी सी आई एण्ड एस, कलकत्ता ।

भारत के आयात की संरचना

(प्रतिशत)

क - खाद्य एवं संबद्ध उत्पाद
ख - ईंधन
ग - उर्वरक
घ - कागज बोर्ड विनिर्माण और अखबारी कागज
ङ. - पूजीगत वस्तुए
च - अन्य भारी वस्तुए
छ - अन्य



भारतीय निर्यात के गन्तव्य स्थल

(प्रतिशत)

क - यू.के.

ख - जर्मनी

ग - अन्य यूरोपीय संघ

घ - संयुक्त राज्य अमरीका

ङ. - जापान

च - रूस

छ - पूर्व यूरोपीय देश.

ज - तेल निर्यातक देशों का संगठन

झ - कम विकसित देश

ञ - अन्य



चित्र 5.10

भारत के आयात के स्रोत



में तीव्र वृद्धि जिनका शेयर अप्रैल, 1993-94 के 13.7 प्रतिशत से बढ़कर अप्रैल-सितम्बर, 1994-95 में 21.5 प्रतिशत हो गया। फिर भी इसकी एक अन्य विशेषता यह है कि संयुक्त राज्य अमरीका के साथ व्यापार में सुधार हुआ है। उदाहरणार्थ, अप्रैल-सितम्बर, 1994-95 में निर्यातों का प्रतिशत शेयर विगत वर्ष की इसी अवधि तक 18.8 प्रतिशत की तुलना में 19.8 प्रतिशत रहा। दूसरी ओर संयुक्त राज्य अमरीका से होने वाले आयातों में अप्रैल-सितम्बर, 1994-95 की अवधि में 9.9 प्रतिशत की मामूली गिरावट आई जो कि विगत वर्ष के इसी अवधि में 10.5 प्रतिशत की थी। (चित्र 5.9 और 5.10)।

30 मार्च 1994 से नीति संबंधी गतिविधियां

40. निर्यातों को बढ़ावा देने और आयात प्रक्रियाओं को सरल बनाने के नीतिगत उद्देश्य के अनुरूप में इस वर्ष निम्नलिखित उपाय शुरू किए गए।

— शुल्क छूट स्कीम (डी.ई.एस.) तथा निर्यात संवर्धन पूंजीगत माल योजना के तहत तीसरी पार्टी के निर्यातों को लाभ प्रदान किया गया।

— विशेष आयात अनुज्ञा-पत्रों के तहत आयात की जाने वाली मदों की मात्रा में वृद्धि की गई।

— तदर्थ मानदंडों पर आधारित शुल्क मुक्त अनुज्ञा-पत्र प्रदान करने की सुविधा आयातकों को उपलब्ध कराई गई।

— निर्यात/व्यापार/उत्कृष्ट व्यापार गृह की मान्यता प्रदान करने के लिए विशिष्ट व्यावसायिक सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

— सर्वोत्कृष्ट व्यापार गृहों की एक नई श्रेणी का सृजन किया गया जो अन्य बातों के साथ-साथ व्यापार नीति एवं संवर्धन संबंधी शीर्ष परामर्शदात्री निकायों की सदस्यता की पात्र है।

— 5 वर्षों से अधिक की न्यूनतम अवशिष्ट अवधि वाले सभी पुराने पूंजीगत माल को वास्तविक प्रयोक्ताओं द्वारा पूरी तरह आयात योग्य बनाया गया।

— अग्रिम अनुज्ञा-पत्रों के लिए बैंक गारंटियों और विधिक वचन-पत्र (अंडरटेकिंग) को मूलत: युक्तिसंगत और सरल बनाया गया।

— ई.पी.सी.जी. स्कीम सेवा क्षेत्र में लागू होती रही।

— उन कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों के निर्यात में लगे हुए एककों को ई.ओ.यू. की मान्यता प्रदान की गई जिन्होंने दूसरे क्षेत्रों के लिए 75 प्रतिशत की न्यूनतम आवश्यकता की तुलना में अपने उत्पादों का कम से से कम 50 प्रतिशत निर्यात किया गया।

— ई.ओ.यू./ई.पी.ज़ेड. के लिए मूल्य संयोजन सूत्रों को सरल और कारगर बनाया गया।

41. इन उपायों के बन जाने से व्यापार नीति फोकस में निर्यातों को बढ़ावा देने के लिए संस्थागत और अवस्थापनात्मक, दोनों प्रकार का समर्थन प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है।

अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक परिवेश

उरूग्वे दौर संबंधी मुद्दे

42. गैर वार्ताओं का उरूग्वे दौर दिनांक 12 अप्रैल से 15 अप्रैल, 1994 तक माराकेश, मोरोक्को में आयोजित सरकारी सम्मेलन में औपचारिक रूप से सम्पन्न हुआ। 110 अन्य देशों सहित भारत ने अन्तिम अधिनियम पर हस्ताक्षर करते हुए उरूग्वे दौर के परिणामों को अधिप्रमाणित किया। इसके अलावा, 104 देशों ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू० टी०ओ०) की स्थापना से संबंधित समझौते पर भी हस्ताक्षर किए। विश्व व्यापार संगठन समझौता 1 जनवरी, 1995 से लागू हो गया है और भारत 30 दिसम्बर, 1994 को विश्व व्यापार संगठन समझौते का अनुसमर्थन करके इसका एक संस्थापक सदस्य बन गया है।

43. विश्व बैंक, ओ०ई०सी०डी० और गैर सचिवालय द्वारा जो अनुमान लगाये गये हैं, उनसे ऐसा प्रतीत होता है कि उरूग्वे दौर पैकेज के कार्यान्वयन से विश्व की आमदनी वार्षिक रूप से 213 से 274 बिलियन अमरीकी डालर तक बढ़ जाएगी। समग्र व्यापार संघटन के संबंध में गैर-सचिवालय का अनुमान है कि वस्तुओं के पण्य व्यापार का स्तर वर्ष 2005 में 745 बिलियन अमरीकी डालर तक बढ़ जाएगा, जैसाकि पहले कभी नहीं हुआ था। गैर सचिवालय का यह भी अनुमान है कि सर्वाधिक वृद्धि कपड़े (60 प्रतिशत), कृषि, वानिकी और मत्स्य उत्पादों (20 प्रतिशत) तथा प्रसंस्कृत खाद्य और पेय पदार्थों (19 प्रतिशत) के क्षेत्र में होगी। चूंकि भारत की विद्यमान और संभावित निर्यात प्रतिस्पर्द्धा इन उत्पाद समूहों में निहित है, अत: इस बात का विश्वास करना तर्कसंगत होगा कि भारत को इन क्षेत्रों से बहुत लाभ प्राप्त होगा। यह मानते हुए कि विश्व निर्यातों में भारत का बाजार शेयर 0.5 प्रतिशत से बढ़कर 1 प्रतिशत हो गया है और हम सृजित अवसरों का लाभ उठाने में समर्थ हैं, अतिरिक्त निर्यातों से मोटे तौर पर प्रतिवर्ष कम से कम 2.7 बिलियन अमरीकी डालर तक का लाभ हो सकता है। इस संबंध में लगाए गए और अधिक उदार अनुमानों के अनुसार अतिरिक्त निर्यातों से प्राप्त लाभ 3.5 से 7 बिलियन अमरीकी डालर के बीच होंगे।

44. उरूग्वे दौर पैकेज में कई ऐसे क्षेत्र है जिनका संबंध विपणन सुगम्यता से है। उनमें से अधिक महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं, टैरिफ, वस्त्रोद्योग और कपड़े तथा कृषि।

(i) अधिकांश विकसित देशों में औद्योगिक शुल्क (टैरिफ) कम कर दिया गया है और अब वे बहुत ही न्यून स्तरों (औसतन 5 प्रतिशत) पर ही लगते हैं। वे व्यापार के लिए कोई महत्वपूर्ण अवरोध नहीं हैं। विकासशील देश भी अपने शुल्क कम कर रहे हैं। उरूग्वे दौर में समग्र शुल्क में औसतन एक तिहाई की कटौती हुई है। भारत में औद्योगिक कच्चे माल, संघटकों और पूंजीगत माल पर शुल्क 40 प्रतिशत (जबकि 1993-94 में यह 40 प्रतिशत से अधिक था) और अन्य मामलों में 25 प्रतिशत तक सीमित है। 1 मार्च, 1995 से जहां आवश्यक हो, शुल्क की कटौती छह समान वार्षिक किश्तों में की जाएगी। जैसा कि शुल्क में कटौती की उल्लिखित तारीख 1 जनवरी, 1990 है, जब भारतीय शुल्क बहुत ऊंचे थे और पर्याप्त रूप से स्वायत्त शुल्क कटौतियां की गई थीं तब से ही आरम्भिक वर्षों में शुल्क में खास कटौती करने की कोई बाध्यता नहीं है। इस समय हमारी शुल्क सीमा 5 प्रतिशत तक सीमित है और उरूग्वे दौर के पश्चात् यह करीब 68 प्रतिशत हो जाएगी। इसकी तुलना में एशिया और लातीन अमरीका के बहुत से विकासशील देशों में शुल्क सीमा 90 से 100 प्रतिशत के बीच है जो भारत की बाध्यताओं के समान अथवा उससे कम स्तर पर है।

(ii) वस्त्रोद्योग एवम कपड़ा समझौता भी विपणन सुगम्यता का एक हिस्सा है। इसकी प्रमुख उपलब्धि इस क्षेत्र के ढांचे में स्वीकृत करने की वचनबद्धता है। पहली बार ऐसा हुआ है कि आयातकर्ता देशों ने वस्त्र व्यापार को गैट में एकीकृत करने की सुस्पष्ट वचनबद्धता की स्वीकृति दी है। एकीकरण की विधिसम्मत वचनबद्धता को विश्व व्यापार संगठन पाठ के इस प्रावधान द्वारा और भी मजबूत बना दिया गया है कि संधिकाल से संबद्ध समझौते के तहत बाध्यताओं से छूट केवल सर्वसम्मति के आधार पर दी जा सकती है। कहने का अभिप्राय यह है कि छूट के निर्णय पर कोई भी सदस्य आपत्ति कर सकता है। भारत वस्त्रोद्योग समझौते में दस वर्ष के संधिकाल से नीतियां निर्धारित करके उद्योग में नीति संबंधी प्रतिक्रियाओं की अनुमति दे सकेगा ताकि एकीकरण से अधिक लाभ उठाया जा सके। इसके अलावा, भारत ने वस्त्रोद्योग और कपड़ों से संबंधित शुल्क की कटौतियों और बाध्यताओं को वस्त्रोद्योग समझौते के कार्यान्वयन से जोड़ दिया है।

(iii) कृषि के सम्बन्ध में, भारत ने यह सुनिश्चित किया है कि कृषि के विकास से संबंधित सभी मुख्य कार्यक्रमों को कृषि समझौते के प्रतिबंधों से छूट दी जाएगी। समझौता पाठ में एक एकल समष्टि सहायता मापन (ए.एम.एस.) की व्यवस्था की गई है जो उत्पाद विशेष और गैर उत्पाद विशेष, दोनों तरह की सहायता पर आधारित है। सम्बद्ध आधार अवधि 1986-87 में भारत का कुल ए.एम. एस. ऋणात्मक (निम्न आय वाले तथा साधन रहित किसानों को दी जाने वाली निविष्टि संबंधी आर्थिक सहायता पर उपलब्ध छूटों को ध्यान में रखे बिना) है और इनमें कटौती संबधी कोई वचनबद्धता नहीं है। भारत की कृषि क्षेत्र में विपणन सुगम्यता संबंधी कोई न्यूनतम वचनबद्धता भी नहीं है। अन्तिम अधिनियम के पाठ में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि लोक वितरण प्रणाली का प्रचालन समझौते के प्रावधानों से प्रभावित नहीं होगा। विकासशील देशों को कृषि सबंधी शुल्कों पर सीमा संबंधी अधिकतम बाध्यताएं निर्दिष्ट करने की शिथिलता प्राप्त है। भारत ने प्राथमिक उत्पादों पर 100 प्रतिशत, प्रसंस्कृत उत्पादों पर 150 प्रतिशत और खाद्य तेलों पर 300 प्रतिशत की सीमा बाध्यताओं का उल्लेख किया।

45. उरूग्वे दौर समझौते में बहुपक्षीय नियमावलियों और प्रतिबंधों को भी सुदृढ़ बनाया गया है। इनमें से सबसे महत्वपूर्ण नियमों एवं प्रतिबंधों का संबंध प्रतिपादन, आर्थिक सहायता और प्रतिसंतुलनकारी उपायों, सुरक्षा उपायों और विवाद निपटान से है। उदाहरणार्थ, आर्थिक सहायता के मामले में, 1000 अमरीकी डालर से कम की प्रति व्यक्ति आय वाले देशों को औद्योगिक उत्पादों पर निर्यात संबंधी आर्थिक सहायता को धीरे-धीरे समाप्त करने की सामान्य छूट से विमुक्त किया गया है। प्रति व्यक्ति आय को ध्यान में रखे बगैर सभी देशों को उन उत्पादों में जिनमें उनका शेयर लगातार दो वर्ष तक विश्व बाजार का 3.25 प्रतिशत अथवा इससे अधिक रहा हो, निर्यात संबंधी आर्थिक सहायता को धीरे-धीरे समाप्त करना होगा। लेकिन इससे भारत के हीरे-जवाहरातों के निर्यात पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। प्रतिपाटन और आर्थिक सहायता तथा प्रतिसन्तुलनकारी उपायों की नई बाध्यताओं के अनुसार 31 दिसम्बर, 1994 को एक अध्यादेश लागू करके सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम में संशोधन किए गए हैं। विवादों के निपटारे से संबंधित नियमों को समयबद्ध स्वचालित और न्यायाधीन बनाया गया है।

46. व्यापार सम्बद्ध निवेश उपाय समझौते (ट्रिम्स) में राष्ट्रीय व्यवहार (अनुच्छेद–III) के साथ मेल न खाने वाले निवेश संबंधी उपायों अथवा मात्रात्मक प्रतिबंधों (अनुच्छेद–II) के सामान्य बहिष्कार का निषेध किया गया है। असंगत ट्रिम्स को धीरे-धीरे समाप्त करने के लिए विकासशील देशों को पांच वर्ष की संक्रमणकालीन अवधि की अनुमति दी गई है। समझौते में विदेशी निवेश के सभी अथवा किसी एक विशेष क्षेत्र को सुगम्यता प्रदान करने के लिए किसी तरह का प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।

47. सेवाओं से संबंधित सामान्य समझौते (जी. ए. टी. एस.) की दो मुख्य सार्वजनिक आवश्यकताएं हैं। पहली है–सर्वाधिक समर्थित देश (एम. एफ. एन.) खण्ड के आधार पर अविभेद और दूसरी है पारदर्शिता। सेवा क्षेत्र खोलने की सार्वजनिक आवश्यकता नहीं है। भारत ने देश के स्वहित के आधार पर प्रस्ताव किया है। सेवाओं से संबंधित बातचीत में भारत की रूचि मुख्यतया अपने नागरिकों की सीमा पर की गतिविधियों की रूपात्मकता के जरिए सेवाओं की सुपुर्दगी में थी। सेवाओं से संबंधित बातचीत विश्व व्यापार संगठन की स्थापना संबंधी समझौते के लागू होने के छह माह बाद सम्पन्न हो जाएगी।

48(i). व्यापार संबद्ध बौद्धिक सम्पदा अधिकार (ट्रिप्स) समझौते में प्रतिलिप्याधिकारों और सम्बद्ध अधिकारों, व्यापार चिह्नों, भौगोलिक निर्देशनों, औद्योगिक डिजाइनों, एकस्वों, (पेटेन्ट्स), एकीकृत सरकिटों के अभिन्यास डिजाइनों और गोपनीय सूचना की रक्षा के मानदण्डों और मानकों की व्यवस्था की गई है। प्रतिलिप्याधिकारों और सम्बद्ध अधिकारों के मामले में इस समझौते में बर्न अभिसमय के प्रावधानों का अनुपालन करने की अपेक्षा की गई है। भारत बर्न अभिसमय का पहले से ही एक हस्ताक्षरकर्ता है और नया प्रतिलिप्याधिकार अधिनियम पहले से ही ट्रिप्स समझौते की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। सेवा चिह्नों की सुरक्षा के लिए व्यापार और पण्य चिह्न अधिनियम 1958 में संशोधन करने हेतु एक विधेयक 1993 में संसद में पेश किया गया है। भारत में भौगोलिक निर्देशनों के लिए कोई विशेष कानून नहीं है, हालांकि निर्णय विधि में भौगोलिक निर्देशनों की सुरक्षा की अनुमति दी गई है। इस संबंध में एक नया कानून बनाना होगा लेकिन इससे पहले समझौते के तहत पांच वर्ष की संक्रमण अवधि होती है। औद्योगिक डिजाइनों के संबंध में डिजाइन अधिनियम, 1991 को अद्यतन बनाना होगा लेकिन इसके लिए पांच वर्ष की संक्रमण अवधि दी जाती है। एकीकृत सरकिटों के अभिन्यास डिजाइन और गोपनीय सूचना की रक्षा के लिए भी पांच वर्ष की संक्रमण–अवधि की अनुमति दी जाती है

(ii) एकस्वों के मामले में मूल बाध्यता यह है कि कि उत्पाद और प्रसंस्करण एकस्वों की अनुमति सभी क्षेत्रों में दी जाए। तथापि, चुनिंदा क्षेत्रों के लिए एकस्वता के विशेष अपवादों को स्वीकृति दी गई है। जो देश इस समय कतिपय क्षेत्रों में उत्पाद एकस्व प्रदान नहीं करते हैं, वे उत्पाद एकस्वों की आवश्यकता सम्बंधी प्रावधानों में पांच वर्ष की मंजूर की गई सामान्य छूट के बाद और पांच वर्षों के लिए विलम्ब कर सकते हैं। लेकिन जनवरी, 1995 के बाद एकस्व प्राप्त करने वाले उत्पादों के लिए पूर्ण विपणन अधिकार प्रदान करने होंगे। तदनुसार, एकस्व (संशोधन) अध्यादेश 1994–31, दिसम्बर 1994 को लागू किया गया। पौध की किस्मों के संबंध में एकस्वों द्वारा अथवा किसी प्रभावी अद्वितीय प्रणाली द्वारा अथवा दोनों के सम्मिश्रण द्वारा सुरक्षा प्रदान करना अनिवार्य है। समझौते में अद्वितीय प्रणाली के संघटकों का उल्लेख नहीं किया गया है और प्रत्येक देश ऐसे तत्वों का निर्धारण कर सकता है जो कारगर सुरक्षा प्रदान कर सकें। भारत ने उत्पाद एकस्व के बजाए अद्वितीय प्रणाली अपनाने का निश्चय किया है क्योंकि यह राष्ट्रीय हित में अधिक है। कृषि मंत्रालय ने एक उपयुक्त विधान का मसौदा तैयार करने का कार्य पहले ही शुरू कर दिया है जो किसानों और अनुसंधानकर्ताओं के अधिकारों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करेगा पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा गठित एक मसौदा। समूह ने जननिक सामग्री तक पहुंच संबंधी विनियम का मुद्दा उठाया है।

वस्त्रों से संबंधित करार

49. भारत ने सं.रा.अ. और ई.यू. से दिनांक 31 दिसम्बर, 1994 को वस्त्रों में बाजार अभिगम्यता के विषय पर दो पृथक करारों पर हस्ताक्षर किए। ये करार भारत और सं.रा.अ. तथा ई.यू. देशों के बीच वस्त्र उत्पादों संबंधी व्यापार को सुविधाजनक बनाने की दृष्टि से किए गए हैं। इस समय, भारत के कुछ वस्त्र निर्यातों का लगभग दो-तिहाई निर्यात इन देशों को किया जाता है।

50. यह अनुमान लगाया गया है कि अगर भारत दो करारों के परिणामस्वरूप प्राप्त होने वाली अतिरिक्त अभिगम्यता का पूर्ण उपयोग कर पाता है तो इससे प्रारंभिक वर्षों में प्रतिवर्ष लगभग 1100 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय होगी। उरुग्वे दौर के वस्त्र और वस्त्रोद्योग संबंधी समझौते में निर्धारित किए गए कोटे की संवृद्धि दरों के कारण, उपलब्ध अतिरिक्त अभिगम्यता एकीकरण के दूसरे और तीसरे चरणों में और बढ़ जाएगी तथा इन अवधियों के दौरान अधिक आय प्रदान करेगी।

51. सं.रा.अ. और ई.यू. के कुछ हितों को समायोजित करने के लिए, भारत ने तीन से सात वर्ष से प्रारंभ होने वाली अवधियों के लिए भिन्न-भिन्न दरों पर विश्व व्यापार संगठन के साथ कतिपय मदों के लिए चरणबद्ध टैरिफ उदारीकरण अनुसूची प्रदान करने की सहमति दी है। इसके अतिरिक्त, भारत ने चरणबद्ध तरीके से वस्त्र उत्पादों

के लिए अपना बाजार खोल देने की भी सहमति व्यक्त की है। मोटे तौर पर कहा जा सकता है कि पहले चरण में भारत ने रेशे, सूत और औद्योगिक फैब्रिक्स, जो बुनियादी कच्चे माल हैं और जिनमें से कुछ घरेलू आवश्यकता की पर्याप्त पूर्ति नहीं होती, को मुक्त सामान्य लाइसेंस के अधीन रखने की सहमति दे दी है। अगले चरण में, फैब्रिक्स और परवर्ती चरण में तैयारशुदा मदों और कपड़े को मुक्त सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत आयात करने की अनुमति दी जाएगी। ऐसा अन्तर्राष्ट्रीय रूप से प्रतिस्पर्धी कीमतों पर कच्चे माल उपलब्ध कराने की नीति को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

अन्य गतिविधियां

52. अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में दीर्घकालीन मंदी के उपरांत सुधार के लक्षण दिखाई दिए हैं। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार भी बढ़ा है। माराकेश करार के अनुसमर्थन और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू० टी० ओ०) की स्थापना से व्यापार का बहु-पक्षीय ढांचा और मजबूत बनेगा तथा विश्व व्यापार और अधिक बढ़ेगा। कुछ उप-सहारा देशों के दृष्टिकोण में भी वास्तविक प्रति व्यक्ति आय में कई वर्षों की गिरावट के उपरान्त सुधार होने लगा है। जिन क्षेत्रों में परिवर्तन जल्दी होने लगा उनमें पहले से ही सुधार हो रहा है अथवा उन्होंने उत्पादों में होने वाली पूर्ववर्ती गिरावटों को नियंत्रित कर लिया है। इन सकारात्मक लक्षणों के बावजूद विश्व अर्थव्यवस्था को कतिपय संरचनात्मक कमजोरियों के कारण क्षति पहुंचनी जारी है जिससे मध्यकालिक संवृद्धि संभावनाएं भी प्रभावित हो सकती हैं। इससे भारत सहित अनेक विकासशील देशों द्वारा शुरु किए गए सुधार कार्यक्रमों को मदद नहीं मिलेगी।

53. औद्योगिक देशों में बेरोजगारी 1930 के दशक से ही अत्यधिक रही है। इससे केवल इन देशों में ही समस्याएं उत्पन्न नहीं होती हैं बल्कि संरक्षणवाद की प्रवृत्ति के कारण बहुपक्षीय व्यापार को भी खतरा उत्पन्न हो सकता है। बहुत से औद्योगिक देशों में राजकोषीय घाटा अधिक बना हुआ है जिससे राष्ट्रीय बचतों तथा ब्याज दरों पर दबाव पड़ रहा है। इससे इन देशों में निजी निवेशों तथा विकासशील देशों को होने वाले वित्तीय संसाधनों के प्रवाह पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। हालांकि अनेक विकासशील देशों ने आर्थिक सुधार के भाग के तौर पर व्यापार को पर्याप्त उदार बना दिया है, फिर भी विकसित देशों ने बाधाएं उत्पन्न की हैं जिससे कि विकासशील देशों के काम आने वाली वस्तुओं की बाजार सुलभता को खतरा उत्पन्न हो गया है।

54. विकासशील देशों को दी जाने वाली सरकारी विकास सहायता (ओ० डी० ए०) 1993 में वास्तविक रूप में कम होकर लगभग 8 प्रतिशत तक रह गई जो कि 0.7 प्रतिशत के अन्तर्राष्ट्रीय रूप से स्वीकृत लक्ष्य की तुलना में विकसित देशों के सकल घरेलू उत्पाद (जी० एन० पी०) के 0.3 प्रतिशत से कम है। वास्तविक रूप में 1992 से ही अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (आई० बी० आर० डी०) से ऋण नहीं मिल पाया तथा विश्व बैंक से होने वाले कुल निवल अन्तरण पिछले कई वर्षों में नकारात्मक रहे हैं।

55. 1981 से विशेष आहरण अधिकारों (एस०डी०आर०), अंतर्राष्ट्रीय रूप से सृजित प्रारक्षित परिसंपत्ति, का नए सिरे से नियतन नहीं हुआ है। एक तिहाई से अधिक विकासशील देशों तथा संक्रमणकालीन स्थिति से गुजरने वाले आधे देशों के पास 1993 के अंत तक दो महीनों से कम अवधि में आयातों से होने वाली आय के बराबर प्रारक्षित निधियां थीं। बहुत से विकासशील तथा संक्रमणकालीन देशों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, विशेष आहरण अधिकारों का नए सिरे से नियतन करना बहुत आवश्यक हो गया है। दुर्भाग्यवश, अक्तूबर, 1994 में मैड्रिड में आयोजित अंतरिम समिति की अन्तिम बैठक में इस संबंध में कोई सवसम्मति न हो सकी।

दृष्टिकोण

56. आर्थिक सुधारों की मुख्य उपलब्धि भारत की आर्थिक संवृद्धि पर पचास के दशक के मध्यकाल से प्रचलित विदेशी मुद्रा के दबाव को अकस्मात् मुक्त करना रहा है। 1994-95 में भुगतान संतुलन आशाप्रद बना रहा। निर्यात संवृद्धि 1993-94 में दर्ज की गई 20 प्रतिशत की उच्च संवृद्धि से अपेक्षाकृत कम और आयात संवृद्धि औद्योगिक सुधारों के कारण पिछले वर्ष दर्ज की गई लगभग 6 प्रतिशत की संवृद्धि से काफी ऊंची हो सकती है जिसके कारण 1994-95 के लिए व्यापार घाटा अपेक्षाकृत अधिक होगा। फिर भी, परोक्ष निवेशों के बेहतर निष्पादन तथा पूंजी के अधिक अंतप्रर्वाहों के कारण विदेशी मुद्रा की प्रारक्षित निधियों में संग्रह होता रहा है तथा 1994-95 के अंत में यह 20 बिलियन डालर तक पहुंच सकती है।

57. तेजी से हो रहे औद्योगिक सुधारों और बढ़ते हुए आयातों की वजह से इस वर्ष और संभवतः 1995-96 में भी व्यापार घाटे में वृद्धि होने की आशा है। विगत ऋण पर ऋण शोधन अदायगियां अधिक ही रहेंगी और 1995-96 में ये 13 बिलियन डालर तक पहुंच सकती हैं। मध्यावधि में भारत की भुगतान संतुलन स्थिति मुख्यतया निर्यात निष्पादन पर निर्भर बनी रही। निर्यात संवर्धन को सुदृढ़ बनाए रखने में सफलता मुख्यतया प्रतिस्पर्द्धी विनिमय दर को बनाए रखने, समूची बृहत् आर्थिक स्थिरता, देशी बाजार की तुलना में निर्यातों की सापेक्षिक लाभ संभाव्यता को बढ़ाने के प्रयासों और भारत के उद्योग, कृषि और सेवाओं की बढ़ती हुई प्रतिस्पर्द्धात्मकता पर निर्भर करेगी। इन सब बातों से विश्वव्यापी आर्थिक परिवेश में भारत के एकीकरण का संकेत मिलता है।

अध्याय 6

औद्योगिक नीति और विकास

वर्ष 1993-94 में औद्योगिक विकास में 4.1 प्रतिशत की सामान्य वृद्धि हुई और अप्रैल-अक्टूबर, 1994 में 8.0 प्रतिशत की अत्यन्त प्रभावशाली वृद्धि हुई। औद्योगिक उत्पादन के एक उन्नत सूचकांक के अनुसार (औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक में 50 प्रतिशत के भार सहित) औद्योगिक क्षेत्र में अप्रैल--दिसम्बर, 1994 के दौरान 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। ऐसे स्पष्ट संकेत हैं कि 1990 के आरम्भिक आर्थिक नीतिगत सुधारों के अनुसरण में भारी और बड़े पैमाने पर औद्योगिक सुधार आने वाला है। पूंजीगत सामान क्षेत्र, जो पहले शांत अवस्था में रहा वह अब औद्योगिक उत्प्लावकता का एक अग्रणीय अंशदाता बन कर उभरा है और उसने अप्रैल---अक्टूबर, 1994 में 21.7 प्रतिशत की वृद्धि दिखायी है। इस ठोस वृद्धि में आंशिक रूप से पिछले बजट में किए गए एकमुश्त नीतिगत उपायों और अंशतः उन अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में हुए सुधार के प्रत्युत्तर में निवेशजन्य वस्तुओं की मांग सामान्य कमी द्वारा प्रतिबिम्बित होती है, जैसा कि पिछले वर्ष की आर्थिक समीक्षा में उल्लेख किया गया था कि व 1993-94 के उत्तरार्ध में पहले से ही परिचयन के दौर में है। उपभोक्ता वस्तुएं, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं और उपभोक्ता गैर-टिकाऊ दोनों वस्तुएं भी सही कार्य निष्पादन कर रही हैं। कपास और जूट के अतिरिक्त वस्त्र उत्पादों, कागज और कागज उत्पादों, धातु और धातु-उत्पादों, बिजली की मशीनरी और परिवहन उपस्करों ने भारी वृद्धि दर्ज करना जारी रखा। छः प्रमुख आधारभूत उद्योग, अर्थात् विद्युत, उत्पादन, कोयला, लोहा और इस्पात, सीमेंट, कच्चा तेल तथा तेल शोधक उत्पादों ने जिनका औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक में 28.8 प्रतिशत भार बैठता है, अपनी सा मान्य ऊर्ध्वगामी प्रवृत्ति बनाए रखी है और अप्रैल दिसम्बर, 1994 के दौरान 8.0 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की। निवेश का वातावरण अत्यधिक उत्प्लावक बना हुआ है

2. वर्ष के दौरान किए गए प्रमुख नीतिगत उपक्रमों में लगभग सभी थोक औषधियों को लाइसेंस मुक्त किया जाना और अधिकांश औषधियों तथा नुस्खों में 51 प्रतिशत विदेशी इक्विटी को स्वतः अनुमोदन दिया जाना शामिल हैं। इसके साथ ही बुनियादी दूर संचार सेवाएं जो सार्वजनिक क्षेत्र के लिए आरक्षित थीं उन्हें निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए खोल दिया गया। एक अन्य अच्छी घटना यह है कि बहुत से राज्य आधारिक स्तर पर उदारीकरण के लिए प्रक्रियात्मक और नीतिगत सुधार कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल की सुस्पष्ट नई औद्योगिक नीति विशषरूप से हितकर है जिसका उद्देश्य राज्य की अर्थव्यवस्था में निजी स्वदेशी और विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करना है।

3. सारणी 6.1 में तीन प्रमुख क्षेत्रों की मासिक वृद्धि दरों की प्रवृत्ति और वर्ष 1993 से औद्योगिक उत्पादन का सामान्य सूचकांक प्रस्तुत किया गया है। सारणी में स्पष्टतः बताया गया है कि भारतीय उद्योग विनिर्माण उत्पादन में महत्वपूर्ण सुधार सहित निश्चित सुधार की प्रक्रिया पर है। औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक ने अप्रैल-अक्टूबर, 1993 में केवल 3.8 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल-अक्टूबर, 1994 में 8.0 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की।

4. सामान्यतः यह स्वीकार किया जाता है कि विद्यमान आंकड़ा संग्रहण प्रणाली कुछ क्षेत्रों की, विशेषरूप से उद्योगों की वृद्धि को पूर्णतया दर्ज नहीं कर पाती है। इसका कारण असंगठित क्षेत्र के आंकड़ों का उपलब्ध न हो पाना और कुछ सीमा तक संगठित क्षेत्र द्वारा उन्हें सूचित न किया जाना है। औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक के अनुमान के लिए आंकड़ा आधार और कार्य पद्धति में सुधार लाने की आवश्यकता पर विचार करते हुए औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक को 1980-81 से बदलकर 1985-86 किया जा रहा है जिसमें संशोधित मदों और औद्योगिक क्षेत्र के लिए सम्बद्ध आंकड़ों की उन्नत भारण प्रणाली को भी सुदृढ़ बनाते हुए पुनरीक्षा की जा रही है।

S/13 Fin./95—18

सारणी 6.1

औद्योगिक उत्पादन की मासिक वृद्धि दरों की प्रवृत्तियां

(प्रतिशत)

अवधि	सामान्य	विनिर्माण	खनन और उत्खनन	विद्युत
(भार)	(100)	(77.11)	(11.46)	(11.43)
1	2	3	4	5
1993				
जनवरी	—3.2	—5.4	—1.4	7.6
फरवरी	—3.1	—4.4	—3.1	4.6
मार्च	—1.2	—3.7	8.5	5.3
अप्रैल	—0.5	—2.1	1.4	6.4
मई	2.3	1.2	—0.4	9.5
जून	2.8	1.1	4.9	9.9
जुलाई	6.7	6.8	5.5	7.3
अगस्त	9.2	8.8	6.6	13.3
सितम्बर	3.7	3.5	2.8	5.5
अक्तूबर	2.6	2.8	1.1	2.3
नवम्बर	2.2	1.5	1.8	6.7
दिसम्बर	6.4	7.2	1.5	6.2
1994				
जनवरी	6.5	7.2	4.0	5.0
फरवरी	6.0	6.7	1.1	6.9
मार्च	1.1	—0.6	1.4	10.7
अप्रैल	6.9	8.4	—0.9	5.7
मई	8.0	8.4	5.6	8.3
जून	7.0	8.1	0.3	6.8
जुलाई	6.8	7.2	3.4	7.4
अगस्त	8.9	9.8	7.8	4.7
सितम्बर	7.9	7.1	11.3	9.2
अक्तूबर	10.3	9.2	15.6	11.8

औद्योगिक नीति में सुधार

5. जुलाई 1991 से आरम्भ की गई औद्योगिक नीति में सुधारों की प्रक्रिया इस वर्ष के दौरान भी जारी रही। 1994-95 के दौरान नीतिगत परिवर्तनों में अन्य बातों के साथ-साथ "मोडवाट" का और अधिक क्षेत्रों में विस्त उत्पाद कर ढांचे में सुधार करना, सीमा शुल्कों को अधिक युक्तियुक्त बनाना तथा उनमें कटौती किया जाना, बैंकों की उधार देने की दरों से नियंत्रण हटाना, कुछ एक औषधियों के अतिरिक्त औषधियों और भेषजीय क्षेत्र को लाइसेंस से मुक्त करना तथा दूर संचार क्षेत्रों का उदारीकरण करना शामिल है।

6. हाल के वर्षों में राज्य सरकारों ने भी सुधार प्रक्रिया और नई औद्योगिक नीति के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण पहलें की हैं । बाक्स 6.2 राज्य सरकारों द्वारा क्रियान्वित किए गए सुधारों में से कुछ की विशिष्टता प्रकट करता है ।

बाक्स 6.1

औद्योगिक क्षेत्र में सुधार

* लगभग सभी थोक औषधियों के लिए औद्योगिक लाइसेंस प्रणाली को समाप्त किया गया ।
* 51 प्रतिशत तक विदेशी निवेश का स्वतः अनुमोदन और केवल कुछ एक को छोड़कर सभी थोक औषधियों तथा फार्मूलेशनों के लिए विदेशी प्रौद्योगिकी करार ।
* बुनियादी दूरसंचार सेवाएं विदेशी निवेश सहित प्राइवेट भागीदारी के लिए खोली गईं ।
* 2 लाख रुपए से अधिक राशि के लिए न्यूनतम उधार दरें समाप्त की गई । 25,000 रुपए और 2 लाख रुपए के बीच अग्रिमों के लिए दरें घटाकर 13.5 प्रतिशत की गई ।
* वाणिज्यिक क्षेत्र के लिए और अधिक ऋण उपलब्ध कराने के लिए सांविधिक नकदी अनुपात कम करके 31.5 प्रतिशत किया गया ।
* पूंजीगत माल पर आयात शुल्क घटाकर निर्यात से संबंधित पूंजीगत वस्तुओं पर 15 प्रतिशत, परियोजना आयातों और अधिकांश पूंजीगत वस्तुओं के लिए 25 प्रतिशत किया गया तथा विद्युत परियोजनाओं के लिए 20 प्रतिशत पर रियायती शुल्कों को जारी रखा गया तथा उर्वरक परियोजनाओं के लिए [illegible] शून्य रहा ।
* मोडवाट का विस्तार पूंजीगत वस्तुओं तथा पेट्रोलियम उत्पादों के लिए किया गया ।
* निगम कर को घरेलू कम्पनियों के लिए पर्याप्त मात्रा में धारित कम्पनियों के लिए घटाकर 45 प्रतिशत तथा सीमित रूप से रखे जाने वाली कम्पनियों के लिए 50 प्रतिशत से घटाकर 40 प्रतिशत किया गया और विदेशी कम्पनियों के लिए 65 प्रतिशत से घटाकर 55 प्रतिशत किया गया ।
* 1993-94 के बजट में औद्योगिक स्तर पर पिछड़े हुए राज्यों में जिन नए औद्योगिक उपक्रमों को आरम्भ में पांच वर्ष के करावकाश की अनुमति दी गयी थी उसे उन पिछड़े हुए क्षेत्रों में भी बढ़ाया गया है जिसे राजस्व विभाग द्वारा अधिसूचित किया जाता है ।
* दरों का यौक्तिकीकरण, अधिकांश अन्तः प्रयोज्य छूटों को समाप्त करना और विशिष्ट शुल्कों से यथा-मूल्य शुल्कों में सामान्य बदलाव सहित उत्पाद-कर ढांचे में प्रमुख परिवर्तन किया जाना ।
* शीर्ष स्तरीय शुल्क दरों में कटौती, अधिकांश अन्तः प्रयोज्य छूटों की समाप्ति और अनवरत लगने वाले शुल्कों से छूटों की समाप्ति सहित सीमा शुल्कों में लगातार सुधार ।

बाक्स 6.2

औद्योगिक नीतिगत सुधार : राज्य सरकारों के चुनिंदा उपक्रमण

हरियाणाः

* प्रक्रिया को सरल बनाने और एक समय सीमा के कार्य के निपटान के लिए अनेक कदम उठाये गये ।
* सिंगल विंडो एजेन्सी के रूप में औद्योगिक सहायता ग्रुप की स्थापना । विभिन्न सरकारी संगठनों के बीच प्रभावी समन्वय को सुनिश्चित करने के लिए सिंगल विंडो सेवाओं का जिला स्तर तक और अधिक विस्तार।
* औद्योगिक भूखण्डों भवनों को आवंटित करने, हस्तान्तरित करने, पट्टे पर देने और किराये पर लेने, हरियाणा वित्त निगम द्वारा ऋणों की स्वीकृति : संवितरण, एक निश्चित सीमा तक बिजली-भार की स्वीकृति करने की शक्तियां जिला स्तर के अधिकारियों को सौंपी गयी हैं ।

* समय बद्ध निपटान/स्वीकृतियों में निम्नलिखित सभी पहलू शामिल हैं आवेदन प्राप्ति के समय से परियोजना स्वीकृति (15 दिन) लघु इकाई के रूप में पंजीकरण (एक दिन), राज्य प्रदूषण बोर्ड द्वारा अनापत्ति प्रमाणपत्र देना (15 दिन), भूखण्डों/सायबानों का आवंटन (10 दिन)।

* राज्य के माध्यम से बिक्री कर की सभी बाधाएं दूर की गई ।

* निश्चित समयावधि के अन्दर सभी निपटानों को सुनिश्चित करने के लिये उच्च स्तरीय समन्वय समिति की स्थापना। प्रशासन को और अधिक चुस्त बनाने के लिये एक शक्ति सम्पन्न ग्रुप (विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधित्व सहित) की स्थापना ।

* विदेशी निवेशों अनिवासी भारतीय परियोजनाओं और शत-प्रतिशत निर्यातोन्मुख परियोजनाओं पर तत्काल निर्णय लेने के लिये उच्च अधिकार प्राप्त समिति की स्थापना।

* उद्यमियों के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए एक राज्य स्तरीय शिकायत निवारण समिति की स्थापना।

* निरीक्षकों के दौरों को औचित्यपूर्ण और सरल बना दिया गया है ।

केरल

* अधिक निवेश आकर्षित करने और प्रक्रियागत नियमों में सरलीकरण के लिए अनेक उपाय किए गए हैं/किए जाने का प्रस्ताव है ।

* निर्धारित समय सीमा के अन्दर नए लघु उद्योगों के आवेदनों का शीघ्रता से निपटान सुनिश्चित करने, अच्छे औद्योगिक संबंधों की समीक्षा करने और उन्हें बनाए रखने तथा औद्योगिक विकास के क्रियाकलापों का अनुवीक्षण करने के लिए राज्य औद्योगिक विकास समितियां गठित की जाएंगी ।

* प्रत्येक जिले में जिला विकास समिति गठित की जानी है ।

* औद्योगिक संबंध समिति का विस्तार सभी विद्यमान और संभावित औद्योगिक क्षेत्रों में किया जाना है ।

* सभी शोधन-पत्रों का शीघ्रता से निपटान करने के लिए एक नई "ग्रीन चैनल स्कीम" लागू की जाएगी और सभी अनावश्यक लाइसेंस प्रणालियों और शोधनों को समाप्त किया जाएगा ।

* एक औद्योगिक आधारिक विकास प्राधिकरण स्थापित किया जाएगा ।

* केन्द्रीय परियोजनाओं से सम्बद्ध कियाकलापों को समन्वित करने के लिए एक विशेष कक्ष बनाया जाएगा ।

* प्रथम सात वर्षों तक नई इकाइयों को सभी प्रकार के राज्य करों से छूट दी जाएगी ।

* कतिपय सीमाओं के साथ निवेश-राज-सहायता को बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया जाएगा ।

उड़ीसा

* आधारिक सुविधाओं की पूर्ति और सरकारी सहायता के लिए प्रस्तावों का निपटान करने के लिए तथा रुग्ण औद्योगिक इकाइयों के पुनर्स्थापन के लिए उपायों की संस्तुति करने हेतु राज्य सरकार स्तर पर एक नोडल समिति गठित की गयी ।

* उड़ीसा के औद्योगिक संवर्धन और निवेश निगम में विदेशी निवेश प्रभाग अनिवासी भारतीयों और विदेशी निवेशकों द्वारा निवेश के लिए एकल खिड़की के रूप में कार्य कर रहा है ।

* उद्यमियों द्वारा अनुभव की जा रही स्थानीय समस्याओं का समाधान करने के लिए जिला स्तर पर नोडल समितियां गठित की गयी है ।

पंजाब

*निवेश को आकर्षित करने, प्रोत्साहनों और क्रियाविधियों की बहुलता से बचने, रोजगार के नए अवसर सृजित करने और उद्यमों का शीघ्रता से शोधन करने के लिए अक्टूबर, 1992 में घोषित तथा लागू किए गए एक मुश्त नए प्रोत्साहन। जो उपाय किए गए हैं/अपेक्षित हैं, उनमें ये शामिल हैं :--

* "आफ दि शेल्फ" को भूमि प्रदान करने के लिये एक समिति गठित की गई।

*परियोजनाओं का शोधन करने के लिए एकल स्थानीय सेवा के रूप में कार्य करने वाली "शेल्फ उद्योग सहायिका"।

*औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का उन्नयन करने के लिए चयनित औद्योगिक इकाइयों के साथ राज्य सरकार ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

*सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों का निजीकरण किया जाना है।

*आधारभूत विकास के एक भाग के रूप में चयनित औद्योगिक क्षेत्रों का विकास करना। निजी पहलों का उपयोग आधार भूत विकास, विशेष रूप से विद्युत के लिए किया जाना है।

*राज्य वित्तीय संस्थाओं द्वारा ऋण प्रदान करने की क्रियाविधियों को सरल बनाया जाना। निर्यात के संवर्धन के लिए विदेशी बैंकों की शाखाएं लुधियाना में स्थापित की जानी हैं।

*अनुरोध की प्राप्ति के 24 घंटे के अन्दर उद्योगों की स्थापना करने के लिए सहमति प्रदान किया जाना सुनिश्चित करने के लिए राज्य नीति तैयार कर रहा है।

राजस्थान

*आधारभूत ढांचे का विस्तार करने/सुदृढ़ बनाने, नियमों और क्रियाविधियों को सरल बनाने, निविष्टियों/शोधनों की शीघ्र उपलब्धता सुनिश्चित करने, निजी क्षेत्र की भूमिका को बढ़ाने, रोजगार और निवेश को बढ़ाने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं।

*निजी क्षेत्र में विद्युत उत्पादन, दूरसंचार सेवाएं, पर्यटन, होटल उद्योग को प्रोत्साहित किया गया।

*प्राइवेट पार्टियों को उनके द्वारा निर्मित सड़कों/पुलों से पथ-कर वसूल करने की अनुमति देने के कानून को बनाते हुए उसे क्रियान्वित करना।

*औद्योगिक प्रयोजनार्थ भूमि के आवंटन और उसे औद्योगिक प्रयोजनार्थ परिवर्तित करने से संबंधित नियमों में संशोधन किया गया।

*राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने से 155 लघु उद्योगों को छूट दी गयी। अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने के अधिकारों को विकेन्द्रीकृत किया गया।

*कारखाना अधिनियम के अन्तर्गत जिन उद्योगों की जांच की जाएगी उनकी संख्या 15 से घटाकर 3 कर दी गई है। इस प्रयोजनार्थ तैयार की गई जांच सूची के अनुसार सामान्य निरीक्षण किया गया है। यहां तक कि लघु उद्योगों के लिए प्रक्रिया को सरलतम बनाया गया है।

पश्चिम बंगाल

* राज्य, जहां उचित समझता है, विदेशी प्रौद्योगिकी तथा निवेश का स्वागत करता है।

* राज्य, वृद्धि को बढ़ावा देने के लिये निजी क्षेत्रों के महत्व और प्रमुख भूमिका को मान्यता देता है।

*मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तर पर एक अधिकार प्राप्त समिति गठित की गई है जो निवेश संबंधी प्रस्तावों पर शीघ्र निर्णय लेगी।

*पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम लि० के एकल मार्गी अभिकरण को नई परियोजनाओं को 'प्रभावी सुरक्षा सेवाएं' प्रदान करने के लिए सुदृढ़ बनाया गया है।

*भूमि, रोजगार और अन्य सम्बद्ध विषयों पर शीघ्र निर्णय सुनिश्चित करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में प्रत्येक जिले में समितियां गठित की गई हैं।

*बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए विद्युत उत्पादन में निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित किया गया है।

औद्योगिक उत्पादन 1993-94

7. औद्योगिक उत्पादन के सामान्य सूचकांक में 1993-94 के दौरान 4.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी जिसमें खनन और उत्खनन में 2.5 प्रतिशत, बिजली में 7.4 प्रतिशत और विनिर्माण में 3.6 प्रतिशत की वृद्धि का योगदान रहा। सभी प्रमुख क्षेत्रों ने 1992-93 की तुलना में 1993-94 के दौरान अच्छा निष्पादन किया। सारणी 6.2 उद्योग के प्रमुख क्षेत्रों में वार्षिक वृद्धि दरें दर्शाती हैं।

8. वियोजित स्तर पर औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक का विश्लेषण प्रकट करता है कि विनिर्माण क्षेत्र के 17 प्रमुख औद्योगिक समूहों में से केवल चार समूहों अर्थात् खाद्य उत्पादों, अन्य वस्त्र उत्पादों, बिजली की मशीनरी और विविध उद्योग (जिनका 12.8 प्रतिशत मिश्रित भारांश है) ने वर्ष 1993-94 के दौरान नकारात्मक वृद्धि दरें दर्ज कीं। दूसरी ओर मादक पेयों और तम्बाकू ने अधिकतम वृद्धि (21.3 प्रतिशत) दर्ज की तथा जूट के वस्त्रों, कागज और कागज उत्पादों, चमड़ा और फर के उत्पादों रसायन और रसायन उत्पादों तथा बुनियादी धातुओं ने 6.0 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दरें दर्ज कीं। 1993-94 में औद्योगिक वृद्धि की धीमी प्रगति में पुन: संरचना की प्रक्रिया में अदृश्य समायोजन संबंधी विलम्ब, निवेशों और आयातों में मंदी, ब्याज और निगम करों की अभी तक बनी हुई ऊंची दरें और सामान के बेहतर उपयोगों जैसे अनेक कारकों का योगदान रहा।

सारणी 6.2

उद्योग के प्रमुख क्षेत्रों में वार्षिक विकास दर

(प्रतिशत)

वर्ष (भार)	खनन	विनिर्माण	विद्युत	सामान्य
1	2	3	4	5
1981-82	17.7	7.9	10.2	9.3
1982-83	12.4	1.4	5.7	3.2
1983-84	11.8	5.7	7.6	6.7
1984-85	8.8	8.0	12.0	8.6
1985-86	4.1	9.7	8.5	8.7
1986-87	6.2	9.4	10.3	9.2
1987-88	3.8	7.9	7.6	7.3
1988-89	7.9	8.7	9.5	8.7
1989-90	6.3	8.6	10.8	8.6
1990-91	4.5	8.9	7.8	8.3
औसत				
(1980-81 से 1990-91)	8.4	7.6	9.0	7.9
1991-92	0.6	—1.8	8.5	0.6
1992-93	0.6	2.2	5.0	2.3
1993-94	2.5	3.6	7.4	4.1
अप्रैल-अक्टूबर				
1992-93	—0.2	4.6	4.3	4.0
1993-94	3.1	3.1	7.7	3.8
1994-95	6.2	8.3	7.7	8.0

औद्योगिक उत्पादन 1994-95

9. अप्रैल-अक्टूबर 1994-95 के दौरान समग्र औद्योगिक उत्पादन में 8.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई जिसमें विनिर्माण में 8.3 प्रतिशत, बिजली में 7.7 प्रतिशत और खनन तथा उत्खनन में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि का योगदान रहा (सारणी 6.3)। उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रदत्त औद्योगिक उत्पादन के अग्रिम सूचकांक के अनुसार ऐसे 24 प्रमुख उद्योग जिनका औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक में 50 प्रतिशत का भार रहा, अप्रैल-दिसम्बर, 1993 में 5.0 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में अप्रैल-दिसम्बर, 1994 में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई। वाणिज्य वाहनों ने अप्रैल-दिसम्बर, 1993 में 1.6 की कमी की तुलना में अप्रैल-दिसम्बर, 1994 में 52.5 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की।

चित्र 6.1

औद्योगिक उत्पादन के परिवर्तन की दरें

1980-81 = 100



चित्र 6.2

औद्योगिक उत्पादन के मासिक सूचकांक

1980-81=100



सारणी 6.3

मुख्य श्रेणियों और उपभोग आधारित वर्गीकरण द्वारा औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दरें

(प्रतिशत)

क्षेत्र	भार	1991-92	1992-93	1993-94	अप्रैल 94	मई 94	जून 94	जुलाई 94	अगस्त 94	सितम्बर 94	अक्तूबर 94	अप्रैल-अक्तूबर 1994	अप्रैल-अक्तूबर 1993
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
सामान्य	100.00	0.6	2.3	4.1	6.9	8.0	7.0	6.8	8.9	7.9	10.3	8.0	3.8
विनिर्माण	77.11	0.8	2.2	3.6	8.4	8.4	8.1	7.2	9.8	7.1	9.2	8.3	3.1
खनन और उत्खनन	11.46	0.6	0.6	2.5	--0.9	5.6	0.8	3.4	7.8	11.3	15.6	6.2	3.1
विद्युत	11.43	8.5	5.0	7.4	5.7	8.3	6.8	7.4	4.7	9.2	11.8	7.7	7.7
उपभोग आधारित वर्गीकरण													
बुनियादी सामान	39.4	6.5	--2.6	5.9	6.0	7.4	4.4	0.9	0.7	2.0	10.6	4.2	7.2
पूंजीगत सामान	16.4	--8.6	--0.1	--5.3	15.0	19.7	12.1	32.7	35.6	22.9	14.4	21.7	--8.7
मध्यवर्ती सामान	20.5	--2.2	5.4	11.4	5.9	4.2	6.4	4.5	4.6	2.5	4.3	4.6	10.2
उपभोक्ता सामान	23.6	1.5	1.8	3.1	3.3	3.9	8.5	6.1	8.0	10.4	11.5	7.3	3.1
उपभोक्ता टिकाऊ सामान	2.6	--10.7	--0.7	15.2	17.2	13.3	14.2	4.4	12.7	3.1	--2.3	8.6	14.1
गैर-टिकाऊ उपभोक्ता सामान	21.0	4.7	2.4	0.5	0.5	1.7	7.1	6.6	6.8	12.4	15.2	7.0	0.7

10. विनिर्माण क्षेत्र के 17 प्रमुख समूहों की वृद्धि दरों के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि केवल चार क्षेत्रों, अर्थात् सूती वस्त्रों, जूट वस्त्रों, बुनयादी धातुओं और विविध विनिर्माण उद्योगों ने, जिनका मिश्रित भार 25.0 प्रतिशत था अप्रैल-अक्तूबर 1994 के दौरान नकारात्मक वृद्धि दरें दर्ज कीं (सारणी 6.4)। तथापि, सूती वस्त्रों में गिरावट केवल नाममात्र की थी। अन्य सभी समूहों ने जिनका मिश्रित भार 52.1 प्रतिशत था, सकारात्मक वृद्धि दर्ज की।

सारणी 6.4

विनिर्माण के बड़े समूहों द्वारा औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर

(प्रतिशत)

क्षेत्र	भारांश	1991-92	1992-93	1993-94	अप्रैल 1994	मई 1994
1	2	3	4	5	6	7
खाद्य उत्पाद	5.3	4.8	−1.6	−8.4	−13.8	0.1
मादक पेय, तम्बाकू	1.6	2.4	5.9	21.3	23.1	−2.0
सूती कपड़ा	12.3	9.8	8.0	5.0	1.3	−4.0
जूट वस्त्र	2.0	−10.6	−4.2	18.6	−12.1	−28.3
अन्य वस्त्र उत्पाद	0.8	−5.8	−22.0	−3.2	11.6	35.1
लकड़ी और लकड़ी के उत्पाद	0.5	−6.2	3.0	4.3	12.1	14.7
कागज और कागज उत्पाद	3.2	2.6	3.9	6.6	13.4	9.2
चमड़ा तथा फर उत्पाद	0.5	−6.7	3.5	6.6	−6.4	13.0
रबड़ और पेट्रोलियम उत्पाद	4.0	−1.1	1.5	0.9	−0.7	1.4
रासायनिक उत्पाद	12.5	2.8	6.0	7.6	9.0	8.3
गैर-धातु खनिज उत्पाद	3.0	6.2	1.8	3.4	11.0	4.7
मूल धातु और मिश्रित धातु	9.8	5.7	0.4	15.0	8.0	6.8
धातु उत्पाद और पुर्जे	2.3	−7.0	−6.4	1.4	23.0	19.0
बिना बिजली की मशीनें	6.2	−1.9	−1.2	4.2	4.1	10.3
बिजली की मशीनें	5.8	12.4	−2.0	−6.8	21.6	20.6
परिवहन उपस्कर	6.4	−0.7	5.0	5.2	19.5	26.3
अन्य विनिर्माण उद्योग	0.9	−16.1	4.2	−5.7	−8.7	−8.1

(प्रतिशत)

	जून 1994	जुलाई 1994	अगस्त 1994	सितम्बर 1994	अक्टूबर 1994	अप्रैल-अक्टूबर 1994	1993
1	8	9	10	11	12	13	14
खाद्य उत्पाद	9.5	12.1	9.5	6.1	18.7	4.2	−15.4
मादक पेय, तम्बाकू	−4.6	1.2	2.4	7.4	8.9	4.9	13.7
सूती कपड़ा	−2.7	−5.1	−2.3	0.9	1.4	−1.6	7.6
जूट वस्त्र	−21.2	−19.8	−21.1	−18.4	−13.9	−19.3	19.5
अन्य वस्त्र उत्पाद	31.9	18.2	6.5	1.7	0.0	13.7	−13.1
लकड़ी और लकड़ी के उत्पाद	−8.1	3.5	−7.9	0.4	−1.0	1.6	3.4
कागज और कागज उत्पाद	1.4	20.4	12.0	17.9	13.9	12.6	3.1
चमड़ा तथा फर उत्पाद	12.5	5.6	14.7	9.6	−12.9	5.0	14.3
रबड़ और पेट्रोलियम उत्पाद	−1.8	6.4	10.7	12.7	19.1	6.6	−0.4
रासायनिक उत्पाद	15.9	10.1	6.6	6.5	10.7	9.5	7.9
गैर-धातु खनिज उत्पाद	4.2	1.0	3.1	9.9	14.1	6.7	1.5
मूल धातु और मिश्रित धातु	7.1	−23.9	−15.0	6.8	7.9	−2.3	16.9
धातु उत्पाद और पुर्जे	16.5	17.1	18.6	14.1	−19.6	12.6	−1.8
बिना बिजली की मशीनें	−0.4	−0.9	1.7	−6.2	0.4	1.0	3.6
बिजली की मशीनें	15.6	47.7	54.1	39.3	17.9	31.1	−12.3
परिवहन उपस्कर	14.7	20.1	20.0	12.2	10.9	17.4	1.8
अन्य विनिर्माण उद्योग	−8.3	−12.8	−13.4	−9.6	−3.8	−9.3	2.1

अन्य वस्त्र उत्पादों, कागज तथा कागज उत्पादों, धातु उत्पादों और हिस्से पुर्जों, बिजली की मशीनरी और परिवहन उपस्करों में 12 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दरें दर्ज हुई। इससे स्पष्ट रूप से यह जाहिर होता है कि 1994-95 के दौरान औद्योगिक व्यवसाय का काफी विस्तार हुआ है।

11. सारणी 6.3 में उपभोग आधारित वर्गीकरण द्वारा औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दरें भी प्रस्तुत हैं। सारणी से पता चलता है कि पूंजीगत वस्तु क्षेत्र का कार्यनिष्पादन काफी प्रभावशाली रहा है। इसने अप्रैल-अक्टूबर, 1993 में 8.7 प्रतिशत की आयी गिरावट की तुलना में अप्रैल-अक्टूबर, 1994 में 21.7 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की। बुनियादी वस्तुओं (4.2 प्रतिशत), मध्यवर्ती वस्तुओं (4.6 प्रतिशत), उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं (8.6 प्रतिशत) और उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं (7.0 प्रतिशत) में काफी सुधार हुआ है।

12. 172 चुनिंदा उद्योगों के संबंध में जिनका औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक में 88.1 प्रतिशत बैठता है, अप्रैल-अक्टूबर, 1994 के उत्पादन आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है, कि चीनी, रेलवे वैगन, समुद्री जहाज निर्माण, जूट विनिर्माण, जीप, ग्रफाइट इलक्ट्रोट एंड एनोड्स, मशीन औजार और डीजल इंजनों जैसे कुछ उत्पादों को छोड़कर सामान्यतः औद्योगिक सुधार व्यापक स्तर पर था। 74.2 भारांश वाले 121 उद्योगों ने सकारात्मक वृद्धि दरें दर्ज की और 13.9 भारांश वाले 51 उद्योगों ने नकारात्मक वृद्धि दरें दर्ज की। कुछ ऐसे महत्वपूर्ण उद्योगों जिन्होंने 10 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि दर्ज की उनमें निम्नलिखित शामिल हैं :—रेडियो रिसीवर (397.0 प्रतिशत) सड़क रोलर (369.2 प्रतिशत), टेट्रासाइक्लिन (73.8 प्रतिशत), क्षुधावर्धक एवं लौहयुक्त पदार्थ (64.9 प्रतिशत), वाणिज्यिक वाहन (64.9 प्रतिशत), पोलिथीलेन एल० डी० (63.8 प्रतिशत), फास्फेट उर्वरक (47.4 प्रतिशत), इलेक्ट्रिक जनरेटर (37.2 प्रतिशत), अर्थमूविंग उपकरण (28.9 प्रतिशत), पेंसिलिन (20.7 प्रतिशत), अशोधित पेट्रोल (17.5 प्रतिशत), कपड़ा (विकेन्द्रित क्षेत्र), (16.9 प्रतिशत), आटो अनुषंगिक पुर्जे (15.5 प्रतिशत), पेपर एवं पेपर बोर्ड (14.5 प्रतिशत), जियन्ट टायर (14.1 प्रतिशत), कृषि ट्रैक्टर (12.5 प्रतिशत), चमड़ा वस्त्र (10.5 प्रतिशत)। तथापि, इनका कार्य निष्पादन कई क्षेत्रों, जैसे रेलवे वैगन (—28.5 प्रतिशत)), जूट विनिर्माण (−12.9 प्रतिशत), जीप (−10.1 प्रतिशत), ग्रेफाइड इलेक्ट्रोड एण्ड एनोड्स (−8.9 प्रतिशत), चीनी (−6.9 प्रतिशत), मशीनी औजार (−5.1) प्रतिशत समुद्री जहाज विनिर्माण (मरम्मत कार्य सहित) (−5.1 प्रतिशत), कास्टिक सोडा (−3.4 प्रतिशत) और डीजल इंजन (−3.1 प्रतिशत), के उत्पादन में आई० गिरावट के माध्यम से आंशिक रूप से प्रति संतुलित हो गया था।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक

13. वर्तमान औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आधार 1980-81=100) में 352 मदें शामिल हैं। सामान्यतः यह स्वीकार किया जाता है कि लघु उद्योग क्षेत्र, जो कि भारतीय अर्थव्यवस्था का एक प्रगतिशील और तेजी से वृद्धि करने वाला क्षेत्र है, आंकड़ों के उपलब्ध न होने के कारण इसका भारांश रेखाचित्र में कम प्रस्तुत किया गया है विशेषकर सिले-सिलाये वस्त्रों, चमड़ा, हीरे और जवाहरात जैसे निर्यातोन्मुख क्षेत्रों का कम उल्लेख किया गया है। 1980-81 के भारांशों में आटोमोबाइल्स, चमड़े का सामान और इलेक्ट्रोनिक जैसे कुछ संगठित क्षेत्रों, जिन्होंने 1980 और 1990 के दशकों में काफी प्रगति दर्शाई, का पूरी तरह से उल्लेख नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त जुलाई, 1991 में अधिकांश उद्योगों को लाइसेंस से मुक्त करने और इसके पश्चात डी.जी.टी.डी. का कार्यालय बन्द करने के बाद आंकड़ों को प्रस्तुत करने में कुछ चूकें हो गई हैं। इसलिए यह महसूस किया गया है कि आधार वर्ष को अद्यतन वर्ष के नजदीक लाने तथा भारांश रेखाचित्र को अधिक सादृश्य बनाने की जरूरत है। इस तरह के संशोधन की आवश्यकता और आंकड़ों की उपलब्धता में विद्यमान कठिनाइयों पर पर्याप्त विचार-विमर्श करने के बाद औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आई.आई.पी.) का आधार वर्ष 1980-81 से बदलकर 1985-86 किया जा रहा है और मदों की संख्या 352 से बढ़ाकर 375 की जा रही है। 28 नई मदें हैं और जैसी कि उपायुक्त लघु उद्योग (डी.सी.एस.एस. आई) द्वारा सूचना दी गयी है कि 18 मदें नए सूचकांक में शामिल की गयी हैं। 2 अंकीय स्तर पर पूर्ववर्ती शृंखला के साथ सामंजस्यता के लिए संशोधित शृंखला की परख कर ली गई है और इसे बहुत संतोषजनक पाया गया है।

14. तथापि, इसमें लगातार सुधार करने की जरूरत है ताकि कुछ कठिनाइयों पर काबू पाया जा सके जो अभी भी बनी हुई हैं। लघु उद्योग क्षेत्र को पूरा-पूरा प्रतिनिधित्व दिए जाने की जरूरत है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में औद्योगिक क्षेत्र की गतिशीलता और उभरते परिदृश्य की जहां तक हो सके, ठीक-ठीक पकड़ रखने की जरूरत है। आंकड़ों का संग्रहण और उपलब्धता समय पर और सटीक होनी चाहिए। इसलिए यह आवश्यक है कि एक स्वतंत्र औद्योगिक रिपोर्टिंग प्रणाली बनाई जाए और सूचकांक में शामिल मदों के लिए रिपोर्टिंग अनिवार्य कर दी जाए।

निवेश की रूप रेखा

15. आर्थिक सुधारों का देश के निवेश संबंधी वातावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इन्होंने विदेशी निवेशकों और पोर्टफोलियो प्रबन्धकों से भी सुदृढ़ सकारात्मक प्रतिक्रियाओं का अह्वान किया है। पारम्परिक संकेतकों से

पता चलता है कि निवेश के वातावरण और पूंजी बाजार दोनों में तेजी बनी रही । इस तेजी को स्वदेशी बाजार और विदेशों दोनों में भारतीय कम्पनियों द्वारा पूंजी निर्गमों की संख्या में वृद्धि करके और जापान बांड अनुसंधान संस्थान तथा मूडी के निवेशकों की सेवा जैसी अन्तर्राष्ट्रीय ऋण दर निर्धारण अभिकरणों द्वारा भारतीय प्रमुख ऋण दर निर्धारण को उन्नयन करके पुनः बल मिला है ।

16. स्वदेशी निवेश में उत्साहजनक प्रवृत्ति रही है जो कि अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं द्वारा आवधिक ऋणों की मंजूरियों व संवितरणों और पूंजी बाजार प्रचालन से स्पष्ट है ।

17. जबकि वर्ष 1993-94 में स्वीकृति में 28.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी, संवितरण 15.1 प्रतिशत बढ़ा । अप्रैल-दिसम्बर, 1994 में इन संस्थाओं द्वारा स्वीकृत वित्तीय सहायता ने 59.2 प्रतिशत की प्रभावी वृद्धि दर्ज की, परन्तु संवितरणों ने 26.3 प्रतिशत की कम वृद्धि दर्शायी जो मुख्यतः परिवर्तनीय ऋण पत्रों/ जी०डी०आर० के यूरो निर्गमों के जरिए वैकल्पिक सुलभ निधियों की उपलब्धता के कारण हैं । वित्तीय सहायता में वृद्धि को पूंजी बाजार में उत्प्लावकता द्वारा अनुपूरित किया गया है, जैसाकि (सारणी 6.5) में दिया गया है ।

सारणी 6.5

अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत और संवितरित ऋण तथा प्रमुख बाजार में जुटाई गयी पूंजी

(निर्गमों की संख्या और राशि करोड़ रुपये में)

	1991-92	1992-93	1993-94	1993	1994
				(अप्रैल—दिसम्बर)	
1	2	3	4	5	6
स्वीकृत	23146	32675	41444	27982	44545
संवितरित	15589	22269	25632	15792	19946
निर्गमों की संख्या	517	1034	1143	753	1032
जटाई गयी राशि	5757	16749	21982	16276	11381

18. वर्ष 1991 से सितम्बर 1994 तक दाखिल किए गए औद्योगिक उद्यमियों के ज्ञापनों की कुल संख्या 17014 थी और इनकी समग्र निवेश राशि 345000 करोड़ रुपए थी ।

सारणी 6.6

दाखिल किए गए औद्योगिक उद्यमियों के ज्ञापनों में प्रस्तावित निवेश राशि और अनुमोदित एफ. डी. आई. ।

वर्ष	दाखिल किए गये औद्योगिक उद्यमियों के ज्ञापन (सं०)	प्रस्तावित निवेश (करोड़ रु०)	अनुमोदित एफ०डी०आई संख्या	अनुमोदित एफ०डी०आई अनुमोदित राशि (करोड़ रुपए)
1991	3034	76300	289	534
1992	4860	115900	692	3888
1993	4456	64000	785	8859
1994	4664	88800	1040	8957
कुल	17014	345000	2806	22238

19. विदेशी निवेशकों द्वारा व्यक्त प्रतिक्रिया भी काफी उत्साहवर्धक थी । 1991 से 1994 की अवधि के दौरान सरकार ने 22238 बिलियन रुपए के विदेशी इक्विटी के 2806 प्रस्तावों सहित 5778 विदेशी सहयोग प्रस्तावों को अनुमोदित किया । इन अनुमोदनों में से 80 प्रतिशत से अधिक अनुमोदन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों, जैसे विद्युत उत्पादन, तेल शोधन कारखाने, बिजली के उपकरण, रसायन और निर्यात संबद्ध क्षेत्रों में हैं । फेरा में संशोधन और विदेशी निवेश नीति के उदारीकरण के परिणामस्वरूप बहुत सी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों (एम.एन.सी.) ने अपनी इक्विटी को 51 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ा दिया है। कोका कोला, आई.बी.एम. जैसी बहुत सी कम्पनियां, जिन्होंने 1970 के दशक में विनिवेश किया था, नए सुअवसरों का फायदा उठाने के लिए भारत लौट आई हैं । यहां तक कि जो क्षेत्र अभी तक सरकारी क्षेत्र (दूरसंचार, हाईड्रो-कार्बन, कोयला, रेलवे और डाक सेवाएं) के लिए आरक्षित थे,

सरकार ने विदेशी निवेशों सहित निजी निवेशों के संबंध में काफी उदार दृष्टिकोण अपनाया है ।

20. वर्ष 1994-95 में अनिवासी भारतीयों और भारतीय मूल के व्यक्तियों को निर्माण और अचल सम्पत्ति से संबंधित कार्यकलापों में बड़े पैमाने में विदेशी निवेश की अनुमति दी गई थी । विदेशी निवेश की अनुमति, राजमार्गों, द्रुतगामी मार्गों एवं पुलों के निर्माण और प्रचा न के लिये पथकर प्रणाली के आधार पर बिजली उत्पन्न करने के लिये बनाओ-चलाओ-अपनाओ के आधार पर और रेलवे के कतिपय कार्य प्रचालनों तथा बुनियादी दूरभाष सेवाओं के संचालनों के लिये बनाओ -चलाओ -पट्टे पर दो-हस्तान्तरण करो के आधार पर दी गई थी । पूर्व अनुमोदनों के बिना; विदेशी निवेदक अब किसी भारतीय फर्म में इक्विटी का 24 प्रतिशत तक और और नए निजी बैंकों में 20 प्रतिशत तया का स्वामित्व रख रख सकते हैं ।

सरकारी क्षेत्र के उद्यमों में सुधार

21. बाजार का नियमाचरण मुहैया कराने और सरकारी क्षेत्र के उद्यमों के कार्य-निष्पादन को सुधारने के उद्देश्य से चुनिदा सरकारी क्षेत्र के उद्यमों की शेयर पूंजी में 'सरकारी धारित के एक भाग के अपनिवेश की परिकल्पना वाले औद्योगिक नीति विवरण की घोषणा सरकार ने जुलाई, 1991 में की थी । मार्च 1994 तक 4950 करोड़ रुपये की कुल राशि का अपनिवेश सरकारी क्षेत्र की वित्तीय संस्थाओं, म्यूच्यूअल फंडों और आम जनता में पहले ही किया जा चुका है ।

22. सरकारी क्षेत्र के कर्मचारियों के हितों को संरक्षित करने के लिए फरवरी 1992 में एक राष्ट्रीय नवीकरण निधि की स्थापना की गई और कर्मचारियों के पुनः ही प्रशिक्षण, पुनर्नियोजन, और उन्हें परामर्श देने के सहायतार्थ योजनाएं प्रस्तावित की गई हैं । ऐसे मामलों में जहां कर्मचारी स्वेच्छा से सेवा निवृत्ति लेते हैं या उन्हें फालतू घोषित किया जाता है, राष्ट्रीय नवीकरण निधि के माध्यम से निधियों की व्यवस्था भी विद्यमान है । राष्ट्रीय नवीकरण निधि स्कीमों को कार्यान्वित करने के लिए एक अधिकार प्राप्त प्राधिकरण का सृजन किया गया है और चालू वर्ष के बजट में 700 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है । राष्ट्रीय नवीकरण निधि से 542.23 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है और स्कीम के अन्तर्गत अनुमानित 75,000 कर्मचारियों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिये चयन किया है । इस राशि के एक प्रमुख भाग को कपड़ा क्षेत्र में इस्तेमाल में लाया गया है ।

23. सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के पुनर्वास और पुनर्संरचना की प्रणाली की स्थापना करने के उद्देश्य से जिसमें सरकार को उसका पूरा वित्तीय बोझ वहन न करना पड़े, सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों को इसके सीमा क्षेत्र के अन्तर्गत लाने के लिये रुग्ण औद्योगिक कम्पनी अधिनियम के उपबन्धों को संशोधित किया गया है । नवम्बर 1994 के अंत तक औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड को 52 सरकारी क्षेत्र के उपक्रम पहले ही सौंपे जा चुके हैं । औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड ने अब तक आई डी पी एल और विक्को लारी लि० के पुनरुद्धार के लिए आदेश जारी किये हैं । उन्होंने अभी तक राष्ट्रीय बाईसिकल कारपोरेशन लि०, कानपोर टेक्सटाइल्स लि०, एलिजन मिल्स लि० और ब्रिटिश इंडिया कारपोरेशन लि० को बन्द करने की सिफारिश भी की है

चुनिंदा सरकारी क्षेत्र के उपकरणों का कार्य निष्पादन

24. 31 मार्च, 1994 की स्थिति के अनुसार ऐसी 9 कम्पनियों के अतिरिक्त जिनमें केन्द्रीय सरकार का निवेश तो था लेकिन प्रबंधन के लिए प्रत्यक्ष उत्तरदायित्व नहीं था, 240 केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उपक्रम 6 बीमा कंपनियां और 3 वित्तीय संस्थाएं थी। इनमें से 6 निर्माण में, 74 सेवा कार्यों में और 166 विनिर्माण में थे।

25. 240 परिचालित सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में से पिछले वर्ष के दौरान 131 की तुलना में 1993-94 के दौरान केवल 120 ही लाभकारी थे । इन लाभार्जन करने वाले उद्यमों का लाभ 1992-93 में 7384 करोड़ रुपये से बढ़कर 1993-94 में 9722 करोड़ रुपये हो गया जो 31.7 प्रतिशत की वृद्धि प्रकट करता है (सारणी 6.7) । लेकिन घाटा होने वाली शेष कम्पनियों का घाटा इसी अवधि के दौरान 4113 करोड़ रुपये से बढ़कर 5287 करोड़ रुपए हो गया जो 28.5 प्रतिशत से भी अधिक की वृद्धि दर्शाता है । सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में नियोजित पूंजी की तुलना में समग्र प्राप्ति की दर 1992-93 के दौरान 2.33 प्रतिशत से बढ़कर 1993-94 के दौरान 2.78 प्रतिशत हो गई । लेकिन, नियोजित पूंजी के प्रतिशत के रूप में सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों का सकल मार्जिन (अर्थात् मूल्यह्रास, ब्याज और करों से पूर्व) 1992-93 में 18.01 से गिरकर 1993-94 में 17.33 रह गया। विगत में भारी पूंजी निवेश के साथ-साथ ब्याज के अत्यधिक बोझ ने सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के सकल मार्जिन में कमी की है ।

26. पिछले दस वर्षों के बाद भी सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों की लाभदेयता में नियोजित पूंजी के सकल मार्जिनों और सकल लाभों के अनुपातों के अनुसार कोई सुधार नहीं हुआ है (सारणी 6.7) । तथापि नियोजित पूंजी के निवल लाभ के अनुपात में 1993-94 में मामूली सुधार दिखायी दिया है । ऐसे 15 बड़े उद्यमों में से जो एकाधिकार वाले हैं और महत्वपूर्ण क्षेत्र में परिचालित हैं. उसमें से घाटा देने वाले उद्यमों में भारतीय उर्वरक निगम, इंडियन एयर लाइन्स कारपोरेशन, दिल्ली परिवहन निगम, वायुदूत, भारत गोल्ड माइन्स और राष्ट्रीय इस्पात निगम तथा हिन्दुस्तान शिपयार्ड शामिल हैं ।

सारणी 6.7

सार्वजनिक क्षेत्र के केन्द्रीय उद्यमों को लाभ देयता

1	1981-82 2	1990-91 3	1991-92 4	1992-93 5	1993-94 6
1. परिचालित उद्यम	188	236	237	239	240
(1) लाभकारी उद्यम	104	123	133	131	120
(2) घाटा देने वाले उद्यम	83	111	102	106	117
			करोड़ रुपए		
2. नियोजित पूंजी	21935	102083	117991	140110	159307
3. सकल मार्जिन	4012	18312	22223	25227	27600
4. सकल लाभ	2654	11102	13675	15957	18438
5. निवल लाभ	445	2272	2355	3271	4435
6. लाभ देने वाले उद्यमों का लाभ	1293	5394	6097	7384	9722
7. घाटा देने वाले उद्यमों की हानियां	848	3122	3723	4113	5287
			प्रतिशत		
8. नियोजित पूंजी की तुलना में सकल मार्जिन का अनुपात	18.29	17.94	18.83	18.01	17.33
9. नियोजित पूंजी की तुलना में सकल लाभ का प्रतिशत	12.10	10.88	11.59	11.39	11.59
10. नियोजित पूंजी की तुलना में निवल लाभ का प्रतिशत	2.03	2.23	2.00	2.33	2.78

27. समझौता ज्ञापन प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाया गया है। 1992-93 के दौरान 101 सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों ने समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किये जबकि पिछले वर्ष इनकी संख्या 98 थी। इनके लेखा-परीक्षणों के आधार पर 100 सरकारी क्षेत्र के उद्यमों के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन किया गया जिसमें से 46 को उत्कृष्ट (46 प्रतिशत), 29 को बहुत अच्छा (29 प्रतिशत), 12 को अच्छा और 10 को मध्यम श्रेणी में रखा गया। 1994-95 में 106 सरकारी क्षेत्र के उद्यमों ने समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जो पिछले वर्ष की अपेक्षा 5 प्रतिशत अधिक है।

जुलाई, 1991 से सरकार ने चुनिंदा सरकारी क्षेत्र के उद्यमों में लगी हुई अपनी इक्विटी के एक भाग का विनिवेश भी किया है। बाक्स 6.3, 35 चुनिंदा सरकारी क्षेत्र के उद्यमों जहां सरकार ने दिसम्बर, 1994 के अन्त तक विनिवेशों का अनुमोदन किया है, में केन्द्रीय सरकार की इक्विटी में परिवर्तनों को सूचित करता है।

चुनिंदा उद्योगों का कार्यनिष्पादन

इस्पात

28. पिछले 2/3 वर्षों में इस्पात की विभिन्न किस्मों के उत्पादन में आई मंदी के बाद, वर्ष 1994-95 में उत्पादन में काफी वृद्धि हुई है। वर्ष 1994-95 के बजट में इस्पात पर ऊंचे आयात शुल्कों को 75-80 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत तथा एच०आर० कायल्स पर शुल्क को यथा मूल्य 50 प्रतिशत से घटाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया।

सारणी 6.8

लोहा और इस्पात का उत्पादन

(मिलियन टन)

	1993-94	1993-94	1994-95
		(अप्रैल—नवम्बर)	
बिक्री योग्य इस्पात			
सेल और बी एस पी	9.83 (6.7)	6.22	6.71 (7.9)
जोड़	11.98 (6.1)	7.58	8.20 (8.2)
परिष्कृत इस्पात			
प्रमुख उत्पादनकर्ता	8.77 (4.2)	5.54	6.12 (10.5)
अनुषंगी उत्पादक	6.36 (—6.4)	4.28	4.74 (10.7)
बिक्री योग्य कच्चा लोहा			
मुख्य उत्पादनकर्ता	1.98 (17.7)	1.17	1.36 (16.3)

कोष्ठकों में दिए गये आंकड़े पिछले वर्ष की समरूप अवधि में हुए परिवर्तन को दर्शाते हैं।

चयनित उद्योगों का उत्पादन



बाक्स 6.3

वर्ष 1991-92 से विनिवशित शेयरों का वर्षवार/सरकारी क्षेत्र का उद्यमवार ब्यौरा

क्रम संख्या	सरकारी क्षेत्र के उद्यमों का नाम	केन्द्रीय सरकार की धारित की प्रतिशतता				
		1-7-91	31-3-92	31-3-93	31-3-94	31-12-94
1	2	3	4	5	6	7
1.	एन्ड्रयू यूले	71.30	62.80	62.80	62.80	62.80
2.	भारत अर्थमूवर्स लि० *	100.00	80.00	80.00	80.00	60.03
3.	भारत इलैक्ट्रोनिक्स लिमिटेड	100.00	80.00	80.00	80.00	75.86
4.	भारत हैवी इलैक्ट्रीकल्स लि०	100.00	80.00	79.54	79.46	68.46
5.	भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड	100.00	80.00	70.00	69.62	69.62
6.	बोंगोई गांव रिफाइनरीज एण्ड पैट्रोकेमिकल्स लि०	100.00	80.00	74.60	74.59	74.59
7.	सी एम सी लि०	100.00	83.31	83.31	83.31	83.31
8.	कोचीन रिफाइनरीज लि०	61.16	55.04	55.04	55.04	55.04
9.	ड्रेजिंग कारपोरेशन लि०	100.00	98.56	98.56	98.56	98.56
10.	फर्टिलाइजर एण्ड केमीकल्स (ट्रावनकोर) लि०	98.99	97.46	97.35	97.35	97.35
11.	एच०एम०टी० लि०	100.00	95.14	90.32	90.32	90.32
12.	हिन्दुस्तान केबल्स लि०	100.00	96.36	97.97	97.97	97.97
13.	हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड	100.00	100.00	98.88	98.88	98.88
14.	हिन्दुस्तान आर्गेनिक केमीकल्स लि० *	100.00	80.00	80.00	80.00	56.90
15.	हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लि०	100.00	80.00	70.00	69.72	62.72
16.	हिन्दुस्तान फोटोफिल्मस मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी लि०	100.00	87.47	87.47	87.47	87.47
17.	हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड	100.00	80.04	75.93	75.93	75.93
18.	इंडियन पेट्रोकेमिकल्स कारपोरेशन लि०**	100.00	80.00	80.97	62.40	62.40
19.	इंडियन रेलवे कन्स्ट्रक्शन कम्पनी लि०	100.00	99.74	99.74	99.74	99.74
20.	इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज लि०	99.65	79.72	77.79	77.67	77.67
21.	मद्रास रिफाइनरीज लिमिटेड	84.62	67.70	67.70	51.80	51.80
22.	महानगर टेलीफोन निगम लि०	100.00	80.00	80.00	80.00	67.18
23.	मिनरल्स एण्ड मेटल ट्रेडिंग कारपोरेशन	100.00	99.33	99.33	99.33	99.33
24.	नेशनल एल्यूमीनियम कम्पनी लि०	100.00	97.28	87.20	87.19	87.19
25.	नेशनल फर्टीलाइजर लिमिटेड	100.00	97.72	97.66	97.66	97.65
26.	नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कारपोरेशन लि०	100.00	100.00	98.38	98.38	98.38
27.	नेवेली लिगनाइट कारपोरेशन **	100.00	95.42	93.86	94.19	94.19
28.	राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टीलाइजरस	100.00	94.36	92.50	92.50	92.50
29.	शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया	100.00	81.49	81.49	81.49	80.12
30.	स्टेट ट्रेडिंग कॉरपोरेशन	100.00	92.02	91.02	91.02	91.02
31.	स्टील अथारिटी ऑफ इंडिया लि०	100.00	95.01	89.45	89.45	89.36
32.	विदेश संचार निगम लिमिटेड	100.00	85.00	85.00	85.00	85.00
33.	कन्टेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया	100.00	100.00	100.00	100.00	80.00
34.	इंडियन आयल कारपोरेशन	99.88	99.88	99.88	99.88	88.17
35.	आयल एण्ड नेचुरल गैस कारपोरेशन	100.00	100.00	100.00	100.00	98.00

*हाल में कम्पनी ने पब्लिक इश्यु जारी किया है। पब्लिक इश्यु समाप्ति के पश्चात् डी. पी. ई. के पास सरकारी स्वामित्व का कोई ब्यौरा नहीं है। उपरोक्त सूचना सरकार द्वारा दी गई स्वीकृति पर आधारित है।

**सरकार द्वारा और अधिक इक्विटी जारी करने के कारण।

29. सेल और बी०एस०पी० द्वारा बिक्री योग्य इस्पात का उत्पादन वर्ष 1993-94 में 6.7 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल-नवम्बर, 1994 में 7.9 प्रतिशत बढ़ा। वर्ष 1993-94 और अप्रैल-नवम्बर, 1994 के दौरान मुख्य उत्पादन-कर्त्ताओं द्वारा बिक्री योग्य कच्चे लोहे के उत्पादन में 15 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दरें दर्ज की गई। जबकि मुख्य उत्पादनकर्ताओं ने परिष्कृत इस्पात के उत्पादन में पर्याप्त वृद्धि दर्ज की और गौण उत्पादनकर्ताओं द्वारा उत्पादन में कुछ कमी दिखाई गयी।

30. वर्ष 1993-94 में लोहा और इस्पात का निर्यात 22.2 लाख मीट्रिक टन था जिसमें 144 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई। परन्तु वर्ष 1994-95 में लौह और इस्पात के निर्यातों में विभिन्न कारकों जैसे देशीय मांग में वृद्धि और चीन जैसे प्रमुख देशों द्वारा आयात में की गयी कमी के कारण अब तक गिरावट आयी है। महत्वपूर्ण उदारीकरण के बावजूद, इस्पात का आयात वर्ष 1990-1994 में 11.5 लाख मीट्रिक वार्षिक टन के औसत स्तर पर लगभग स्थिर रहा।

31. उदारीकरण से भारतीय लौह और इस्पात के क्षेत्र में गुणात्मक परिवर्तन हुआ है। इस्पात उद्योग को लाइसेंस से मुक्त करने और उस पर नियंत्रण हटाने से तथा लौह और इस्पात मदों से आयात शुल्कों को कम करने से उत्पादनकर्ता उपभोक्ता की आवश्यकताओं के प्रति अधिक उत्तरदायी हो गए हैं। गुणवत्ता में सुधार करने और लागतों को कम करने की आवश्यकता के प्रति जागरूकता भी बढ़ रही है।

चीनी

32. चीनी उद्योग ऐसे बहुत कम उद्योगों में से एक है जिसने 1991-92 को समाप्त होने वाली तीन वर्षों की अवधि में निरन्तर उच्च वृद्धि बनाए रखी है। 1991-92 तक के पिछले 3 वर्षों के दौरान गन्ने में औसत वार्षिक वृद्धि 7.8 प्रतिशत रही। तथापि, चीनी वर्ष 1992-93 (अक्तूबर-सितम्बर) के दौरान चीनी का उत्पादन पिछले वर्ष के 106.09 लाख मीट्रिक टन के उत्पादन की अपेक्षा 20.9 प्रतिशत कम था। पिछले तीन वर्षों के दौरान वसूली दर में वृद्धि की प्रवृत्ति रही है। चीनी मौसम 1993-94 में चीनी का उत्पादन लगभग 98 लाख मी० टन था। चीनी मौसम 1993-94 में कमी, गन्ने का अधिक गुड़ बनाने और खांडसारी और प्रमुख चीनी उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में गन्ने/चीनी उत्पादन में गिरावट आने के कारण हुई है। हालांकि अगस्त, 1994 से चीनी उत्पादन में काफी वृद्धि दर्शाई है। इसमें (अगस्त-अक्तूबर) 1994 के दौरान 128.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। चीनी के उत्पादन में 1994-95 में 20.0 प्रतिशत की और वृद्धि होने की सम्भावना है।

33. जैसा कि गत वर्ष की आर्थिक समीक्षा में दर्शाया गया था, चीनी पर पूर्ण नियंत्रण जारी रहा। चीनी की अर्थव्यवस्था काफी नियंत्रित बनी हुई है। चीनी उद्योग के लिए लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है। केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित गन्ने के लिये एक सांविधिक न्यूनतम मूल्य है और सांविधिक न्यूनतम मूल्य के अलावा राज्य सरकारों द्वारा गन्ने के लिए निर्धारित सांविधिक विवेचित मूल्य है। 1993-94 (अक्तूबर-सितम्बर) के चीनी मौसम के लिए गन्ने का सांविधिक न्यूनतम मूल्य 34.50 रुपए प्रति क्विटल निर्धारित किया गया, जिसे 8.5 प्रतिशत चीनी की वसूली से जोड़ा गया। राज्य विवेचित मूल्य 36.00 रुपए प्रति क्विटल से लेकर 62.00 रुपए प्रति क्विटल था। चीनी उत्पादन का कतिपय हिस्सा (नई यूनिटों के लिए न्यूनतम दरों पर सामान्यतः 40 प्रतिशत) राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों को लेवी के रूप में आवंटित किया जाता है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से वितरण करने के लिए इसका प्रयोग किया जाता है। चीनी की लेवी की कीमतें औद्योगिक लागत और कीमत ब्यूरो की सिफारिशों के अनुसार गन्ने के सांविधिक न्यूनतम मूल्य और परिवर्तन लागतों के आधार पर जोन वार निर्धारित की जाती है। हालांकि चीनी की खुली बिक्री पर कोई कंट्रोल नहीं है लेकिन इसकी बाजार आपूर्तियां सरकार द्वारा मासिक निर्मुक्ति कोटा निर्धारित करके विनियमित की जाती है ताकि मूल्यों की स्थिरता बनी रहे। निर्यात कोटा सरकार द्वारा निर्धारित किये जाते हैं और एक नामांकित अभिकरण चीनी निर्यातों का संचालन करता है। इस प्रकार उद्योग के प्रविष्टि से लेकर निर्यात तक के लगभग सभी पहलू सरकार द्वारा नियंत्रित होते हैं। इस समय इस बात की समीक्षा किए जाने की आवश्यकता है कि क्या ऐसे विस्तृत नियंत्रणों की अब भी जरूरत है और यदि इनमें से कुछ नियंत्रण शिथिल कर दिए जाएं तो क्या इससे अधिक कार्यक्षमता प्राप्त की जा सकती है।

मोटर वाहन

34. वर्ष 1993 के दौरान मोटरवाहन उद्योग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और यह 1994 में और भी बढ़ रहा है। उद्योग के सभी क्षेत्रों में बिक्री में वृद्धि हुई है। वर्ष 1993-94 के दौरान कारों की बिक्री लगभग 20 प्रतिशत, जीपों की 30 प्रतिशत, वाणिज्यिक वाहनों की 25 प्रतिशत, दुपहिया की 18 प्रतिशत और तिपहिया की 41 प्रतिशत बढ़ी है। वर्ष 1994-95 में मोटर वाहनों के क्षेत्र में वृद्धि बनी हुई है। अप्रैल-सितम्बर, 1993 की तुलना में अप्रैल-सितम्बर, 1994 के दौरान उत्पादन की वृद्धि की दर लगभग 25 प्रतिशत अधिक रही है।

35. मोटर वाहन क्षेत्र (आटो घटकों के क्षेत्र को शामिल करते हुए) देश के लिए निवल विदेशी मुद्रा कमाने वाला क्षेत्र है। आटो-मोटिव वाहनों का निर्यात भी लगातार

बढ़ रहा है । यह वर्ष 1992-93 के दौरान 737 करोड़ रुपये था जो वर्ष 1993-94 के दौरान बढ़कर 1100 करोड़ रुपये हो गया ।

36. मोटर वाहन उद्योग में अग्रणी देशों की रूचि भारत में फिर से उत्पन्न हुई है । भारतीय कम्पनियों और विश्व के जाने माने कार निर्माताओं के बीच में कार निर्माण के लिए हाल ही में कई नये संयुक्त उपक्रम करारों पर हस्ताक्षर हुए हैं । इन संबंधों में मैसर्स हिन्दुस्तान मोटर्स का अमेरीका की जनरल मोटर्स के साथ, पीएएल का फ्रांस की पीजिअट के साथ, टैल्को का जर्मनी की मर्सीडीस बेंस के साथ, डी०सी०एम० टोयटा का दक्षिण कोरिया की दीवू के साथ और सिपानी आटोमाबाईल्स का इंग्लैंड की रोवर्स के साथ किये गये संबंध शामिल हैं । इससे उद्योग के लिए और अधिक प्रतियोगी पर्यावरण और उपभोक्ता के लिए पर्याप्त चयन के अवसर प्राप्त होने की आशा है ।

उर्वरक

37. जैसा कि गत वर्ष की आर्थिक समीक्षा में बताया गया है, सरकार ने उर्वरक क्षेत्र द्वारा सामना की जा रही कठिनाइयों पर काबू पाने के लिए अनेक कदम उठाए । उठाये गए कदमों में निम्नलिखित शामिल हैं:—कुछ संशोधनों के साथ विनियमित उर्वरकों के लिए रियायत का पुनः आरम्भ करना, मुरिएट ऑफ पोटाश (एम ओ पी), मोनो अमोनिया फास्फेट (एम ए पी) और सल्फेट ऑफ पोटाश (एस ओ पी) को असारणीबद्ध करना । इस समय केवल यूरिया को ही सांविधिक मूल्य और गतिविधि नियंत्रण के अन्तर्गत लिया गया है । सी ए एन, अमोनिया सल्फेट और अमोनिया क्लोराइड जैसे निम्न विश्लेषण के नाईट्रोजन उर्वरकों पर से 10 जून, 1994 से नियंत्रण हटा दिया गया ।

38. वर्ष 1993-94 में नाइट्रोजन के उत्पादन का लक्ष्य 78 लाख टन निर्धारित किया गया था । इसका वास्तविक उत्पादन 72.31 लाख टन था । उत्पादन में कमी के मुख्य कारण गैसों की कम उपलब्धता, उपस्कर समस्याएं और दो रूग्ण सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियों का खराब निष्पादन थे । फास्फेट का उत्पादन वर्ष 1993-94 में 22 लाख टन के लक्ष्य की तुलना में 18.16 लाख टन था । इसके उत्पादन में कमी अगस्त 1992 में फास्फेट उर्वरकों के विनियंत्रण जैसे कई नीतिगत परिवर्तनों के फलस्वरूप हुई थी । वर्ष 1993-94 में घोषित अनेक रियायतों के बावजूद किसानों को विनियंत्रण से पहले की तुलना में अभी भी वास्तविक रूप से अधिक कीमतें चुकानी पड़ रही हैं । इसके अतिरिक्त, विशेष रियायतों की स्कीम के अन्तर्गत, कुछ राज्यों ने समय-समय पर इकाइयों को अपनी उत्पादन लागत से कम कीमत पर बेचने के लिए बाध्य करते हुए देशी डी ए पी और सम्मिश्रणों की अलाभकारी कीमतें निश्चित की हैं ।

39. अप्रैल-नवम्बर, 1994 की अवधि के दौरान अप्रैल-नवम्बर, 1993 की तुलना में नाईट्रोजन के लिए उर्वरक उत्पादन की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत और फास्फेट के लिए 49.9 प्रतिशत थी । तथापि, 1994-95 की प्रथम 7 महीनों के दौरान नाइट्रोजन का उत्पादन 50.94 लाख टन और फास्फेट का उत्पादन 14.44 लाख टन था, जबकि उनके उत्पादन का लक्ष्य क्रमशः 47.29 टन और 10.30 टन था ।

40. खरीफ, 1994 में यूरिया की उपलब्धता कुल मिलाकर मांग के अनुरूप ही थी । खरीफ 1993 की तुलना में खरीफ 1994 के दौरान यूरिया की बिक्री 7 प्रतिशत अधिक थी । खरीफ, 1994 के दौरान देश में विनियंत्रित फास्फेट और पोटाश उर्वरकों की उपलब्धता भी कुल मिलाकर संतोषजनक ही थी । खरीफ, 1994 की अवधि के दौरान, डी ए पी की बिक्री 1993 की अनुरूपी अवधि की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक थी । इसी प्रकार, इस अवधि के दौरान एम०ओ०पी० की बिक्री में 36 प्रतिशत की वृद्धि हुई ।

इलैक्ट्रोनिक्स

41. वर्ष 1992-93 और 1993-94 के दौरान इलेक्ट्रोनिक्स उद्योग की वृद्धि दर 16.6 प्रतिशत थी ।

सारणी 6.9

वर्ष 1991-92 से 1993-94 तक इलैक्ट्रोनिक्स का उत्पादन (क्षेत्रवार विवरण)

(मूल्य करोड़ रुपयों में)

	1991-92	1992-93	1993-94
1. उपभोक्ता इलैक्ट्रोनिक्स	3100	3300	4050
2. औद्योगिक इलैक्ट्रोनिक्स	1500	1700	1750
3. कम्प्यूटर प्रणाली	870	1040	1050
4. संचार और प्रसारण उपस्कर	2130	2800	3150
5. नीतिगत इलैक्ट्रोनिक्स	430	385	500
6. संघटक	1900	2200	2600
7. मुक्त व्यापार क्षेत्र (हार्डवेयर)	275	350	550
8. निर्यात के लिए सोफ्टवेयर (ई०पी०जेड०) को शामिल करते हुए, 100 प्रतिशत (ई०ओ०यू०)	385	575	750
जोड़	10590	12350	1440

42. वर्ष 1993-94 के बजट में घोषित पर्याप्त उत्पादन-शुल्क रियायतों के परिणामस्वरूप टेलिविजन उद्योग में आमूलचूल परिवर्तन आया। जिसने गत 4 वर्षों में नकारात्मक वृद्धि की तुलना में, वर्ष 1993 में 22 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की।

43. वर्ष 1993-94 के दौरान इलेक्ट्रोनिक्स क्षेत्र का निर्यात क्रमिक रूप से बढ़कर 1750 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो 1990-91 में 910 करोड़ रुपये था। निर्यात के क्षेत्रों में से एक महत्वपूर्ण स्थान कम्प्यूटर सोफ्टवेयर का है। डालर के अनुसार लगभग 25 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर दर्शाते हुए, इस क्षेत्र में ठोस आधार पर कार्य निष्पादन हो रहा है। कम्प्यूटर सोफ्टवेयर का निर्यात वर्ष 1990-91 में 220 करोड़ रुपये की तुलना में वर्ष 1993-94 के दौरान 750 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

44. सोफ्टवेयर टैक्नोलॉजी पार्क (एस टी पी) स्कीम के अन्तर्गत, सोफ्टवेयर निर्यातकों को अधिक लचीला नीतिगत माहौल प्रदान किया जाता है और कोर कम्प्यूटर तथा हाई स्पीड द्वारा लिंक जैसी कुछ महत्वपूर्ण संरचनात्मक सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। एस टी पी यूनिटों में किये गये सभी प्रकार के आयात पूरी तरह से शुल्क मुक्त होते हैं।

45. इलैक्ट्रोनिक हार्डवेयर टैक्नोलॉजी पार्क (ई एच टी पी) स्कीम निर्यातोन्मुख इलेक्ट्रोनिक उत्पादन में निवेशों को आकर्षित करने के लिए तैयार की जाती है। ई एच टी पी शुल्क मुक्त क्षेत्र हैं। अप्रैल, 1993 में हुए इसके आरम्भ से इस स्कीम के अन्तर्गत 2000 करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्तावों को स्वीकार किया जा चुका है और बहुत सी यूनिटों ने उत्पादन आरम्भ कर दिया है।

रसायन और पेट्रो-रसायन

46. हाल के विगत में रसायन, औषध और पेट्रो-रसायन उद्योगों का कार्य निष्पादन काफी अच्छा रहा है। सारणी 6.10 में इस क्षेत्र में उत्पादन की वृद्धि दरों की प्रवृत्तियों को दर्शाया गया है।

सारणी 6.10

रसायन और पेट्रो-रसायन की वृद्धि दर

(प्रतिशत)

	1990-91	1991-92	1992-93	1993-94 (अनुमानित)
1. रसायन और रसायन उत्पादन	2.8	2.7	4.6	3.7
2. औषध	12.6	24.7	25.4	15.0
3. पैट्रो-रसायन	17.0	10.0	22.0	21.0

47. विगत वर्षों में प्राप्त किए गये अनुभवों के आधार पर, सरकार ने वर्तमान औषध नीति, 1991 में सुधार करने एवं इसे औद्योगिक नीति, 1991 के समरूप लाने और इसकी कार्य प्रणाली में पायी गयी विसंगतियों/दोषों को दूर करने की आवश्यकता महसूस की। 15 सितम्बर, 1994 को घोषित नीति में किये गये संशोधनों की मुख्य विशेषताएं निम्न प्रकार से हैं:—

(क) (i) सरकारी क्षेत्र के लिए आरक्षित पांच अभिज्ञात थोक औषधियों; (ii) पुन संयोजन डी० एन०ए० तकनीक के प्रयोग सहित दवाइयों; और (iii) विशेष कोषिका/उत्तक लक्षित फार्मूलेशनों को छोड़कर सभी थोक औषधियों एवं उनके फार्मूलेशनों (नुस्खों) और मध्यवर्तियों के लिए औद्योगिक लाइसेंस प्रणाली समाप्त कर दी गई है।

(ख) 51 प्रतिशत तक के विदेशी निवेश की स्वतः स्वीकृति सभी औषधियों, उनके मध्यवर्तियों और फार्मूलेशनों को प्रदान की गई है। विदेशी तकनीकी करारों, पुन संयोजन डी. एन. ए. तकनीकी का उपयोग करके उत्पादित उत्पादों को छोड़कर उन सभी उत्पादों के लिए औद्योगिक नीति के अनुसार स्वतः स्वीकृति प्रदान की गई है।

(ग) मौलिक स्तर पर निर्मित की गई औषधियों के मामले में एक नया मूल्य संबंधी फार्मूला तैयार किया गया है।

(घ) 400 लाख अथवा अधिक रुपये का वार्षिक कारोबार करने वाली औषधियों को मूल्य नियंत्रण में रखने का निर्णय किया गया है। परिणामस्वरूप मूल्य नियंत्रण के अन्तर्गत आने वाली औषधियों की संख्या वर्तमान में 142 से घटकर लगभग 73 हो जायेगी और नियंत्रण का विस्तार वर्तमान में 70 प्रतिशत से घटकर लगभग 50 प्रतिशत हो जायेगा।

(ङ) मूल्य नियंत्रण के अन्तर्गत आने वाली औषधियों के सभी मामलों में समरूप अधिकतम स्वीकार्य विनिर्माणोत्तर खर्चों (एम ए पी ई) के शत प्रतिशत तक की अनुमति प्रदान की जायेगी।

(च) गुणवत्ता नियंत्रण और औषधियों के विवेकपूर्ण उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए अधिक कुशल तंत्र प्रदान करने के उद्देश्य से एक राष्ट्रीय औषधि प्राधिकरण की स्थापना की जायेगी।

(छ) आयुर्वेदिक, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथिक और औषधियों की अन्य परम्परागत पद्धतियों के विकास और उन्नयन पर अधिक ध्यान देने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अन्तर्गत एक अलग विभाग का सृजन किया जायेगा।

48. वर्ष के दौरान पेट्रो-रसायन उद्योग को कम मूल्य पर किये गये आयातों के दबावों का मुकाबला, विश्व व्यापार में आई मंदी और मात्रा की अधिकता को ध्यान में रखते हुए, जिसका सबसे अधिक दबाव एशिया प्रशान्त क्षेत्र में पड़ा करना पड़ा था। वर्तमान परियोजनाओं के विस्तार और नये संयंत्र स्थापित करने की योजनाओं को कम लाभों, जिससे आंतरिक संसाधनों का उत्पादन बहुत ही घटिया हो रहा था, के कारण टाला जाना जारी रहा।

कपड़ा

49. कपड़ा उद्योग हमारे देश में सबसे बड़ा उद्योग रहा है। यह समस्त औद्योगिक उत्पादन का 20 प्रतिशत बैठता है, इससे 20 मिलियन लोगों को रोजगार प्राप्त होता है और कुल निर्यात में इसका लगभग 30 प्रतिशत योगदान है।

50. उदारीकरण की सामान्य नीति के अनुरूप, नियंत्रणों को हटाने/कम करने के लिए और कपड़ा क्षेत्र में अधिक स्पष्टता लाने के लिए अनेक कदम उठाये गये हैं। वस्त्र (विकास एवं विनियमन) आदेश, 1993 के अनुसार कपड़ा उद्योग को लाइसेंस मुक्त कर दिया गया है। जनवरी, 1994 से दिसम्बर, 1996 तक प्रभावी वर्तमान निर्यात हकदारी संवितरण नीति (जो कोटा नीति के नाम से जानी जाती है), का उद्देश्य कोटा प्रणाली को अधिक सुस्पष्ट एवं सरल बनाने और कपड़ा एवं परिधान कोटाओं से बढ़े हुए यूनिट मूल्य को वसूल करने तथा परिधानों के कोटा-भिन्न निर्यात को प्रोत्साहित करना है। कपड़ा और परिधान करार, जिसको जी.ए.टी टी. (गैट) के अन्तिम अधिनियम के एक भाग के रूप में शामिल किया गया है उसमें 10 वर्षों की निश्चित अवधि के दौरान बहुरेशा व्यवस्था (एम एफ ए) के अन्तर्गत व्यवहार्य विभेदक कोटा प्रणाली को विखंडित करने का प्रावधान है।

51. भारतीय कपड़ा उद्योग मुख्यत: कपास पर ही आधारित रहा है और कपड़े के लगभग 70 प्रतिशत उत्पादन में कपास का ही उपयोग होता है। वर्ष 1993-94 के कपास मौसम के दौरान कपास का उत्पादन वर्ष 1992-93 की तुलना में 10 प्रतिशत कम हुआ। वर्ष के प्रारम्भ में उत्पादन आशानुरूप होने की संभावना थी, परन्तु उत्तरी राज्यों में फसल में कीड़ों के प्रकोप और पाकिस्तान एवं चीन में फसल में हुए नुकसान के कारण कपास की उपलब्धता में अनपेक्षित कमी हो गयी। कपास वर्ष 1993-94 के दौरान, नवम्बर, 1993 से कपास की कीमतों में असाधारण वृद्धि देखी गयी। तथापि, (शून्य अथवा रियायती दरों पर विसकोस तन्तु रेशा कपास के प्रतिबद्ध आयात की अनुमति देने जैसे विनिर्दिष्ट मात्रा के आयातों की अनुमति दे और कपास के लिए ऋण पर चयनात्मक तरीके से नियंत्रण के उपायों को कड़ा करने जैसे सरकार द्वारा उठाये गये अनेक कदमों से कपास के मूल्यों में हुई वृद्धि को नियंत्रित करने में सहायता मिली।

52. सारणी 6.11 में कपड़ा उत्पादन की प्रवृत्ति और कपड़े के कुल उत्पादन में मिलों, बिजली करघों तथा हथकरघों का हिस्सा दर्शाया गया है। कपड़ा उत्पादन में मिल क्षेत्र के हिस्से में मामूली कमी आई।

सारणी 6.11

कपड़े का उत्पादन

(मिलियन वर्ग मीटर)

क्षेत्र	1989-90	1990-91	1991-92	1992-93	1993-94	अप्रैल-नवम्बर	
						1993-94	1994-95 (अ)
मिल	2677	2589	2376	2000	1990	1337	1225
बिजलीकरघा*	14007	16044	16089	17826	19631	12892	13055
हथकरघा	3924	4295	4123	5219	5851	3826	3706
जोड़	20608	22938	22588	25045	27472	180 55	17986
	उत्पाद में हिस्सा (प्रतिशत)						
मिल	12.95	11.29	10.52	7.98	7.24	7.41	6.81
बिजलीकरघा*	68.00	69.98	71.23	71.18	71.46	71.40	72.58
हथकरघा	19.05	18.73	18.25	20.84	21.30	21.19	20.60
जोड़	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00

अ—अनन्तिम

* हौजरी सहित।

53. इन वर्षों में कपड़े के उत्पादन में वृद्धि की प्रवृत्ति पाई गयी। केवल 1991-92 में मामूली कमी हुई थी। वर्ष 1993-94 के दौरान कपड़े का कुल उत्पादन, 1992-93 की तुलना में 9.7 प्रतिशत अधिक था। अप्रैल-नवम्बर, 1994 की अवधि के दौरान, कपड़े के उत्पादन में अप्रैल-नवम्बर, 1993 की अवधि की तुलना में 0.4 प्रतिशत की कमी हुई। कताई के धागे का उत्पादन लगभग पूर्णरूप से संगठित क्षेत्र के अन्तर्गत था और इसमें पिछले वर्षों के दौरान निरंतर वृद्धि की प्रवृत्ति पाई गई, केवल 1991-92 के दौरान मामूली कमी आई थी। वर्ष 1993-94 के दौरान कताई के धागे के उत्पादन में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई परन्तु इसने अप्रैल-नवम्बर, 1994 में कोई परिवर्तन नहीं दर्शाया। लघु इकाइयों द्वारा किया गया 75 मिलियन कि०ग्रा० कताई के धागे का उत्पादन कुल उत्पादन का अब एक महत्वपूर्ण भाग बन गया है।

सारणी 6.12

कताई के धागे का उत्पादन

(मिलियन किलोग्राम)

वर्ष	सूती धागा	मिश्रित धागा	100 प्रतिशत गैर सूती धागा	जोड़
1989-90	1372	173	107	1652
1990-91	1510	207	107	1824
1991-92	1450	234	122	1806
1992-93	1523	247	125	1895
1993-94	1622	305	140	2067
अप्रैल-नवम्बर				
1993-94	1078	198	92	1368
1994-95 (अ)	1039	223	105	1367

अ—अनन्तिम

54. मानव-निर्मित रेशे का उत्पादन 4553 लाख कि०ग्रा० था, जिसने वर्ष 1993-94 के दौरान 19.2 प्रतिशत वृद्धि की दर दर्ज की। अप्रैल-अगस्त 1994 की अवधि के दौरान इसका उत्पादन 1856 लाख कि०ग्रा० था, जबकि अप्रैल-अगस्त 1993 की अवधि के दौरान उत्पादन 1771 लाख कि०ग्रा० था। इस प्रकार वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत रही। गत वर्षों में मानव निर्मित तन्तु धागे के उत्पादन में भी वृद्धि की प्रवृत्ति दर्ज की गयी।

55. पिछले कुछ वर्षों के दौरान कपड़े के निर्यात में तेजी से वृद्धि हो रही है। वर्ष 1993-94 के दौरान कपड़े का कुल निर्यात अनुमानतः (नारियल रेशे, पटसन और दस्तकारी सहित) 25011 करोड़ रुपये का था, जिसमें वर्ष 1992-93 की तुलना में 30.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कपड़े की विभिन्न मदों में, सिले-सिलाये कपड़ों में 31.7 प्रतिशत, सूती कपड़े में (मिल-निर्मित, बिजली करघा एवं हथकरघा द्वारा निर्मित) 29.6 प्रतिशत, रेशमी कपड़े में 7.5 प्रतिशत, मानव-निर्मित रेशे के कपड़े में 28.4 प्रतिशत, ऊनी कपड़े में 43.1 प्रतिशत, हस्त निर्मित कपड़े की वस्तुओं में 39.8 प्रतिशत, पटसन के सामान में 5.7 प्रतिशत और नारियल के रेशे के सामान में 32.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष 1993-94 के दौरान सूती धागे के निर्यात में भी 37.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

खाद्य प्रसंकरण

56. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, दूध, मछली और मांस जैसे उद्योग समाहित है। इस उद्योग में, महत्वपूर्ण एवं व्यापक रोजगार प्रदान करने और निर्यात में ठोस योगदान देने के लिए कृषि उत्पादकता को बढ़ाने की बहुत अधिक संभावनाएं हैं और यह सब सापेक्षतः सरल तकनीक अपनाते हुए किया जा सकता है।

57. खाद्य प्रसंस्करण में निजी क्षेत्र की पहल को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने अनेक कदम उठाये हैं। 1991-92 के बजट में फल और सब्जियों के उत्पादों को केन्द्रीय उत्पाद शुल्क से मुक्त कर दिया गया। 51 प्रतिशत तक विदेशी इक्विटी की भागीदारी और विदेशी प्रौद्योगिकी करार को स्वतः स्वीकृति दी गयी है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में प्रवेश करने में कोई बाधा नहीं है। आयात-निर्यात नीति में किए गए परिवर्तन और उदारीकृत विनिमय-दर के कारण भी इस क्षेत्र को सहायता मिली है।

58. उत्पादन की हाल की प्रवृत्तियों और इस उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों के निर्यात से महत्वपूर्ण कार्य-निष्पादन किया है। यह मोटेतौर पर इस क्षेत्र के लिए की गयी नीतिगत पहलों का परिणाम है।

सारणी 6.13

खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का विकास

(पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि)

	1990	1991	1992	1993	1994
1	2	0	4	5	6
संसाधित फल और सब्जियां	5.9	14.3	28.6	30.3	20.0
दुग्ध उत्पाद	—2.4	—1.2	8.6	4.1	12.3
**मत्स्य उत्पाद	4.6	8.3	5.0	7.1	1.5

संसाधित खाद्यपदार्थों का निर्यात

(करोड़ रुपये)

	1990-91	1991-92	1992-93	1993-94
संसाधित फल और सब्जियां	122.5	193.9	263.0	332.4
दुग्ध उत्पाद	2.48	11.18	8.37	14.14
मत्स्य उत्पाद	893.4	1375.9	1767.4	2503.6

*परियोजित **वित्त वर्ष से सम्बन्धित है।

59. पैकिंग सामग्री तथा विभिन्न राजकीय करों पर लगाए जाने वाले शुल्कों को फलों और सब्जियों की अधिक पैदावार बढ़ाने में अब भी बाधक समझा जाता है। अत्यधिक वृद्धि होने के बावजूद फलों और सब्जियों का वाणिज्यिक प्रसंस्करण मात्र 1.2 प्रतिशत ही हुआ है।

चमड़ा

60. चमड़ा उत्पादों के मूल्यवर्धित निर्यातों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा अनेक नीतिगत पहल की गयी है। कच्चे माल तथा मशीनरी के आयात को उदार बना दिया गया है। परिष्कृत चमड़े के विनिर्माण को 28 अप्रैल, 1993 से लाइसेंस मुक्त कर दिया गया है। जूता उद्योग के लिए संघटकों के घरेलू विनिर्माण को संयुक्त उद्यम को बढ़ावा देने तथा ऐसे संघटकों के विनिर्माण के लिए अपेक्षित निवेशों पर लगने वाले शुल्क को युक्तिसंगत बनाने जैसे उपायों के द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा है।

61. देश में चुनिन्दा संस्थाओं/अभिकरणों के जरिए प्रौद्योगिकी उन्नयन के एक कार्यक्रम सहित चमड़ा उद्योग के समेकित विकास के लिए सरकार द्वारा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यू.एन.डी.पी.) की सहायता से एक राष्ट्रीय चमड़ा विकास कार्यक्रम (एन एल डी पी) क्रियान्वित किया जा रहा है। मूल्यवर्धित चमड़ा उत्पादों के निर्यात को बढ़ाने के लिए चमड़ा उत्पाद परिषद ने संयुक्त राज्य अमेरिका (यू.एस.) के बाजार में पहचान बनाने का एक कार्यक्रम (लेदर विलट्ज) शुरू किया है। यह राष्ट्रीय चमड़ा विकास कार्यक्रम का एक संघटक है।

62. चमड़ा उद्योग के उत्पादन आधार में लघु उद्योग इकाइयों का अब भी प्रमुख स्थान है। कुटीर उद्योग क्षेत्र का अपने परंपरागत ग्रामीण शिल्पकारों सहित चमड़ा शोधन में प्रमुख स्थान है। भारतीय चमड़ा उद्योग अनेक अन्तनिष्ठ लाभों से अभिलक्षित किया जाता है। वार्षिक रूप से उपलब्ध चमड़े और खालों के लगभग 166 मिलियन अदद का कच्चे माल का एक वृहत आधार उद्योग का एक मुख्य ठोस आधार है। अनुमान है कि यह बढ़कर 1994-95 में 185 मिलियन अदद और 2000 ई० में 218 मिलियन अदद हो जायगा। भारतीय बकरी/बछड़ा/भेड़ की कुछ खालों के अच्छे बाजार को नियंत्रित करने वाले विशिष्ट उत्पाद के रूप में माना जाता है। तथापि, उद्योग के प्रमुख भागों में बड़ी-बड़ी इकाइयों के विरुद्ध प्रवेश बाधाओं के माध्यम से कुछ सीमा तक अतिरिक्त कुशलता और क्षमता के उन्नयन को नियंत्रित किया जाता है।

63. चमड़ा और चमड़े के उत्पादों का भारत से निर्यात अप्रैल-सितम्बर, 1993 में 1945.5 करोड़ रुपये की तुलना में अप्रैल-सितम्बर, 1994 की अवधि में 2089.6 करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया गया था।

लघु और ग्रामीण उद्योग

64. जैसा कि लघु विकास आयुक्त के कार्यालय द्वारा अनुमान लगाया गया है लघु उद्योग क्षेत्र में संख्या, रोजगार, उत्पादन और निर्यात सारणी 6.14 में दिए गए हैं।

सारणी 6.14

लघु उद्योग--संख्या, उत्पादन, रोजगार और निर्यात

वर्ष	इकाइयों की संख्या (लाख में) (31 दिसम्बर को)	चालू कीमतों पर उत्पादन (करोड़ रु०)	रोजगार (लाख में)	निर्यात (करोड़ रुपये)
1991-92	20.82	178699	129.80	13883
1992-93	22.35 (7.3)	209300 (17.1)	134.06 (3.3)	17785 (28.1)
1993-94	23.84 (6.7)	241648 (15.5)	139.38 (4.0)	2400* (34.9)

*मोटा सा अनुमान

टिप्पणी : कोष्टक में दिए गये आंकड़े गत वर्षों की तुलना में प्रतिशतता वृद्धि को दर्शाते हैं।

65. वास्तव में लघु उद्योग क्षेत्र में 1991-92 में 3.1 प्रतिशत और 1992-93 में 5.6 प्रतिशत वृद्धि दर की तुलना में 1993-94 में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की है। ये दरें सम्पूर्ण औद्योगिक क्षेत्र प्राप्त वृद्धि दर की तुलना में काफी अधिक थी।

66. लघु उद्योग क्षेत्र विनिर्माण क्षेत्र में कुल बिक्री में 40 प्रतिशत और कुल निर्यातों के 35 प्रतिशत का योगदान करता है। लघु उद्योग क्षेत्र को सहायता प्रदान करने और इसकी प्रतियोगितात्मक शक्ति को बढ़ाने के लिए अनेक नीतिगत पहल की गयी हैं। किए गए उपायों में निम्नलिखित शामिल हैं --

-- ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में 50 केन्द्रों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए हाल ही में एकीकृत संरचनात्मक विकास की एक नई योजना आरम्भ की गयी।

-- 30 लाख रुपये से 75 लाख रुपये तक की बिक्री वाली इकाइयों को उपलब्ध उत्पाद शुल्क की रियायती दर गैर-पंजीकृत क्षेत्र के लिए भी विस्तारित की गयी।

-- ऐसे लघु उद्योग उत्पादनों के गुणवत्ता संबंधी मानकों में सुधार करने के लिए 1994 में एक गुणवत्ता प्रमाणीकरण योजना आरम्भ की गयी जिन्हें अभिज्ञान कार्यक्रमों और वित्तीय सहायता द्वारा सहायता प्रदान की जानी है ताकि आई एस ओ 9000 अथवा उसी प्रकार के अन्तर्राष्ट्रीय गुणवत्ता संबंधी मानकों को प्राप्त किया जा सके।

67. एस आई डी बी आई द्वारा प्रचालित "एकल मार्गी स्कीम" में संशोधन किए गए। स्कीम के अन्तर्गत परियोजना परिव्यय को समग्र रूप से जिससे कार्यशील पूंजी और सावधि ऋण संघटकों के लिए उप-सीमाओं को हटा दिया गया। 30 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दिया गया।

68. भारतीय रिजर्व बैंक ने नायक समिति की अधिकांश सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है और आवश्यक मार्गदर्शी सिद्धांत जारी कर दिए हैं। इनमें निम्नलिखित शामिल हैं --

(क) संबंधित क्षेत्र की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करते समय उस क्रम में ग्रामीण उद्योगों, बहुत छोटे उद्योगों और दूसरी लघु उद्योग इकाइयों को प्राथमिकता देना।

(ख) यह सुनिश्चित करने के लिए कि लघु उद्योग क्षेत्र की वैध आवश्यकताओं को पूरी तरह पूरा किया जाता है, निचले (बॉटम अप) आधार पर वार्षिक बजट तैयार करना।

(ग) "एकल मार्गी स्कीम" सभी जिलों में विस्तरित की जानी चाहिए।

69. उत्तर पूर्वी क्षेत्र के लिए उद्यमकारिता आधार में सुधार लाने के लिए गुवाहाटी, असम में एक नया उद्यमकारिता विकास संस्थान स्थापित किया गया है।

खादी और ग्रामोद्योग

70. इस समय खादी और ग्रामोद्योग 3,490 करोड़ रुपये के मूल्य के माल का उत्पादन करता है तथा इनमें 55.50 लाख व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करता है। भारत सरकार क्षेत्र के लिए संरचनात्मक और निवेश संबंधी सहयोग दे रही है नीतिगत पैकेज में उचित मूल्य पर कच्चे माल की आपूर्ति अनुसंधान कार्यक्रमों के माध्यम से प्रौद्योगिकी और उत्पादकता का उन्नयन, शिल्पकारों के लिए प्रशिक्षण, रियायती और पर्याप्त संस्थागत ऋण का प्रवाह शामिल

है । हाल ही में, भारत सरकार ने प्रधान मंत्री की अध्यक्षता में एक उच्च अधिकार प्राप्त समिति नियुक्त की थी और समिति अपनी रिपोर्ट पहले ही प्रस्तुत कर चुकी है । इसकी प्रमुख सिफारिशों को शामिल करते हुए एक कार्य योजना तैयार की गयी है जिसे 2 अक्तूबर, 1994 से आरम्भ कर दिया गया है । कार्य योजना के कार्यान्वयन से, उक्त क्षेत्र को उत्पादन और रोजगार में काफी मात्रा में वृद्धि से प्रोत्साहन मिलेगा ।

औद्योगिक रुग्णता

71. सारणी 6.15 से रुग्ण इकाइयों की संख्या (लघु इकाइयों और गैर-लघु इकाइयों दोनों तथा उन पर बकाया राशि) का पता चलता है । सितम्बर, 1992 के अन्त में, रुग्ण और कमजोर इकाइयों की संख्या 2.36 लाख थी । इनमें से 2.33 लाख इकाइयां लघु उद्योग क्षेत्र में थी । मार्च, 1992 के अन्त में बकाया राशि 11533 करोड़ रुपये से बढ़कर सितम्बर, 1992 के अन्त में 12586 करोड़ रुपये हो गयी, जो 9.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है । यद्यपि सितम्बर, 1992 के अन्त में लघु उद्योग की कुल रुग्ण और कमजोर इकाइयां 98.7 प्रतिशत थीं, बैंक ऋण में कुल जमा में उनका भाग केवल 26.6 प्रतिशत था ।

सारणी 6.15

औद्योगिक रुग्णता

(करोड़ रुपये)

	इकाइयों की संख्या			बकाया राशि		
	मार्च, 1991 के अंत में*	मार्च, 1992 के अंत में*	सितम्बर 1992 के अंत में	मार्च, 1991 के अंत में*	मार्च, 1992 के अंत में*	सितम्बर, 1992 के अंत में
1	2	3	4	5	6	7
1. लघु उद्योग रुग्ण इकाइयां	221472	245575	233441	2792	3101	3346
2. गैर-लघु उद्योग रुग्ण इकाइयां	1461	1536	1599	5106	5787	6805
3. गैर-लघु उद्योग कमजोर इकाइयां	876	813	828	2870	2646	2436
जोड़	223809	247924	235868	10768	11533	12586
	(पिछले वर्ष अर्द्ध/वार्षिक की तुलना में हुआ परिवर्तन प्रतिशत)					
1. लघु उद्योग रुग्ण इकाइयां	1.2	10.9	—4.9	15.0	11.1	7.9
2. गैर-लघु उद्योग रुग्ण इकाइयां	0.4	5.1	4.1	12.5	13.3	17.6
3. गैर-लघु उद्योग कमजोर इकाइयां	7.6	—7.2	1.9	20.3	—7.8	—7.9
जोड़	1.2	10.8	—4.9	15.1	7.1	9.1

*दिसम्बर, 1988 की तुलना में प्रतिशत परिवर्तन

72. आरम्भ से सितम्बर, 1994 के अन्त तक, औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड (बी॰आई॰एफ॰आर॰) को रूग्ण औद्योगिक कंपनी अधिनियम (एस॰आई॰सी॰ए॰) की धारा 15 के अधीन 2207 संदर्भ प्राप्त हुए । इनमें से, 1602 संदर्भ अधिनियम के उपबंधों के अधीन आगे की कार्रवाई के लिए पंजीकृत किए गए । 1602 संदर्भों में से, 334 मामले खारिज किए गए क्योंकि उन्हें चालू नहीं रखा जा सकता था । 463 मामलों के संबंध में पुनः प्रवर्तित स्कीमें स्वीकृत अथवा अनुमोदित की गयी और 343 मामलों को कम्पनी अधिनियम के उपबंधों के अधीन सम्बद्ध उच्च न्यायालयों से बन्द करने की सिफारिश की गयी । 10 मामलों के बारे में कार्रवाई बंद कर दी गयी क्योंकि छानबीन के दौरान कम्पनी की निवल सम्पत्ति सकारात्मक हो गयी थी । कार्यान्वयन के अधीन पुनः प्रवर्तन स्कीमों के हाल ही के अध्ययन से पता चलता है कि लगभग 22 प्रतिशत मामलों में पुनः प्रवर्तन होने वाला है, लगभग 20 प्रतिशत मामलों में किसी प्रकार की राय व्यक्त करना बहुत जल्दी होगा तथा शेष 36 प्रतिशत मामलों में प्रगति संतोषजनक नहीं है ।

73. आन्तरिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड द्वारा की गयी कार्रवाई के परिणामस्वरूप किसी मामले के पंजीकरण और उसकी प्रथम सुनवाई के बीच लिए गए समय को कम करना सम्भव था । प्रथम सुनवाई के लिए 1994 के दौरान लिए गए समय का औसत प्रथम 5 वर्षों में 160 दिनों से अधिक के औसत की तुलना में 63 दिन था । निर्णय लेने वाले

मामलों के लिए लिया गया समय भी बोर्ड की कार्य प्रणाली की प्रथम 5 वर्षों में 700 दिनों से पर्याप्त रूप से कम होकर 1993 में 187 दिन रह गया ।

74. उच्च न्यायालयों द्वारा स्थगन के कारण रुके हुए मामलों को छोड़कर 1987 के दौरान औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड में पंजीकृत सभी मामले निपटा दिए गए थे । 1988, 1989 और 1990 के लम्बित मामलों की संख्या (न्यायालयों द्वारा स्थगित मामलों को छोड़कर) क्रमश: 4, 5 और 9 थी । ये या तो कार्यवाही की उपांतिम स्थिति में पहुंच गये हैं अथवा कार्यवाही को अग्रिम स्थिति में हैं ।

सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के मामलों से संबंधित स्थिति के बारे में आंकड़े सारणी 6.16 में दिए गए हैं :--

सारणी 6.16

औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड को भेजे गए सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के मामलों को स्थिति :

	केन्द्रीय	राज्य	जोड़
1	2	3	4
पंजीकृत संदर्भ (मामले)	54	66	120
खारिज किए गए क्योंकि उन्हें चालू नहीं रखा जा सकता था	2	20	22
पुन: प्रवर्तन स्कीम स्वीकृत	4	7	11
संबंधित उच्च न्यायालय को बन्द करने के लिए की गयी सिफारिश	2	5	7
न्यायालयों द्वारा स्थगित किए गए मामले	5	--	5

75. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के मामलों के निपटान में देरी, अन्य बातों के साथ-साथ, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा भेजी गयी अपर्याप्त सूचना, केन्द्रीय/राज्य सरकारों के अंतिम विचारों की अनुपलब्धता और मामलों की जटिलता इत्यादि के कारण है ।

दृष्टिकोण

76. पूंजीगत वस्तुओं और टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं में महत्वपूर्ण सुधार के साथ-साथ 1994-95 के दौरान औद्योगिक क्षेत्र में सुस्पष्ट सुधार हुआ है । पूंजीगत वस्तु क्षेत्र, जिसमें 1992 से घटिया कार्यनिष्पादन हो रहा था, अप्रैल—अक्टूबर, 1994 में 21.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ काफी अच्छा कार्यनिष्पादन दिखाया है । औद्योगिक रिकवरी भी काफी बढ़ी है और केवल रेलवे वैगन, जूट. निर्माण, जीप, ग्रेनाइट इलैक्ट्रोड तथा एनोड, मशीन टूल्स, जहाज निर्माण, कास्टिक सोडा और डीजल इंजन जैसे कुछ उप-क्षेत्र अभी भी नकारात्मक वृद्धि दरें दर्शाते हैं। अधिक क्षेत्रों में "मोडवाट" का विस्तार, सीमा शुल्कों का और यौक्तिकीकरण तथा न्यूनीकरण, निगम करों की कटौती तथा ब्याज दरों से सरकारी नियंत्रण हटाना सहित सरकार द्वारा उठाये गये अनेक नीतिगत अभिक्रमों द्वारा औद्योगिक सुधार और ठोस वृद्धि सम्भव हो पायी है। इसे भी नयी औद्योगिक नीति की सुधार प्रक्रिया और कार्यान्वियन में राज्य सरकार द्वारा की गयी सुस्पष्ट पहल शक्तियों द्वारा सहायता प्राप्त हुई है ।

77. आपूर्ति संबंधी कोई प्रमुख बाधा नहीं है । मांग में सार्थक वृद्धि हुई है । जो परिवर्तन और सम्भावनाएं उद्योग क्षेत्र में दिखाई दे रही हैं उनसे यह निश्चित रूप से प्रतीत होता है कि उच्च वृद्धि दरें कायम होंगी और यहां तक कि ये बढ़ भी रही हैं । इसे देखते हुए यह आशा की जाती है कि यह वर्ष 8 प्रतिशत से भी अधिक वृद्धि दर के साथ समाप्त होगा ।

अध्याय 7

कृषि

वर्ष 1994 में काफी अच्छा मानसून आने के कारण जून-सितम्बर के दौरान देश भर में अच्छी वर्षा हुई जो कि वर्ष 1989 से लेकर अब तक की सर्वोत्तम वर्षा थी, इस प्रकार कृषि के लिए अत्यधिक सुविधाजनक यह एक उत्कृष्ट वर्ष था। देश में वर्ष 1994-95 में 1850 लाख मी० टन का रिकार्ड खाद्यान्न उत्पादन होने की संभावना है। खरीफ, 1994 में 1020 लाख मी० टन खाद्यान्न उत्पादन होने का अनुमान है और रबी फसल का उत्पादन 830 लाख मी० टन से अधिक होने की संभावना है। सोयाबीन के उत्पादन में कुछ बाधा पड़ने के बावजूद गौण तथा साथ ही प्राथमिक स्रोतों से तेलहनों/खाद्य तेलों का कुल उत्पादन वर्ष 1994-95 में मामूली रूप से अधिक होने की संभावना है। वर्ष 1994-95 में मुख्यतया महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु में गन्ने की अपेक्षाकृत अधिक उपलब्धता के कारण चीनी का उत्पादन अधिक होने की आशा है। कपास का उत्पादन अपेक्षाकृत अधिक और पटसन तथा मेस्ता का उत्पादन वर्ष 1993-94 के समान होने की संभावना है। बागवानी वाली फसलों में चाय और प्राकृतिक रबड़ का उत्पादन वर्ष 1994-95 में अपेक्षाकृत अधिक होगा परन्तु कॉफी के उत्पादन में बहुत गिरावट आ सकती है।

मानसून 1994

1. वर्ष 1994 का मानसून सातवां लगातार सामान्य मानसून था। चार महीने (जून--सितम्बर) की अवधि के दौरान पूरे देश के लिए संचयी मौसमी वर्षा अपनी दीर्घावधिक औसत का लगभग 110 प्रतिशत थी। पिछले 10 वर्षों के दौरान दूसरी बार मानसून की सबसे अधिक वर्षा हुई, सबसे अधिक वर्षा 1988 में हुई थी जब कि यह दीर्घावधिक औसत का 119 प्रतिशत थी।

2. केरल में मानसून अपनी सामान्य तारीख से कुछ दिन पहले ही दिनांक 28 मई, 1994 को आया और यह असामान्य रूप से तेजी से आगे बढ़ा और सामान्य तारीख से लगभग 15 दिनों पूर्व पूरे देश में छा गया। मानसून के मौसम की समाप्ति तक 35 मौसम विज्ञान उप-प्रभागों में से 25 और देश के 75 प्रतिशत क्षेत्र को शामिल करने वाले 76 प्रतिशत जिलों में सामान्य से लेकर अधिक वर्षा हुई। वर्ष 1988 से 1994 तक की अवधि के लिए मानसून का तुलनात्मक निष्पादन सारणी 7.1 और चित्र 7.1 में दर्शाया गया है।

सारणी 7.1

वर्ष 1988 से 1994 तक मानसून का निष्पादन

(जून--सितम्बर)

वर्ष	मौसम उप-प्रभागों की संख्या			सामान्य/अधिक वर्षा वाले जिलों का प्रतिशत	सामान्य वर्षा के प्रतिशत के रूप में वास्तविक वर्षा (समग्र रूप से देश)
	अधिक/सामान्य	न्यून/अल्प	जोड़		
1	2	3	4	5	6
1988	32	3	35	88	119
1989	29	6	35	72	101
1990	32	3	35	84	106
1991	27	8	35	68	91
1992	32	3	35	65	93
1993	31	4	35	78	100
1994	25	10	35	76	110

Fig 7.1

चित्र 7.1 अखिल भारत मौनसून वर्षा (जून-सितम्बर)
1988 से 1994



Fig 7.2

चित्र 7.2 सामान्य से अधिक तथा सामान्य से कम वर्षा वाले जिले
1988 से 1994



3. देश के पूरे भूतल क्षेत्र में 35 मौसम विज्ञान उप-प्रभाग हैं, जिसके अन्तर्गत 415 जिले आते हैं । वर्षा के वितरण को मात्रा के रूप में प्रत्येक जिले में मानसून की प्रगति की जांच की जाती है । चित्र 7.2 में पिछले सात वर्षों के लिए वर्षा के जिलेवार - वितरण की सूची दी गई है।

सारणी 7.2

खरीफ के अनाज उत्पादन द्वारा भारांशित राज्य-वार वर्षा सूचकांक

(प्रतिशत)

राज्य	उत्पादन भारांश	सिंचाई के अधीन चावल का क्षेत्र[1]	14 जुलाई को			30 सितम्बर को		
			1988	1993	1994	1988	1993	1994
1	2	3	4	5	6	7	8	9
आन्ध्र प्रदेश	8.70	94.9	106.29	82.04	98.38	151.16	80.40	85.88
असम	3.34	33.8	79.27	106.50	87.92	103.05	113.15	74.73
बिहार	7.94	35.4	137.30	69.10	87.74	107.68	97.14	87.61
गुजरात	3.30	48.5	62.62	161.50	158.00	133.69	102.25	180.22
हरियाणा	2.49	99.1	241.23	192.64	121.27	206.93	97.32	121.18
हिमाचल प्रदेश	0.85	57.6	151.51	137.93	161.01	136.32	81.41	108.70
जम्मू और कश्मीर	1.23	91.2	165.97	200.16	56.66	152.60	38.74	59.76
कर्नाटक	5.80	61.0	75.78	96.88	143.38	119.08	93.34	125.94
केरल	1.31	40.1	70.92	104.84	107.63	99.05	82.40	115.74
मध्य प्रदेश	9.42	20.1	100.93	101.37	179.99	90.79	101.76	140.05
महाराष्ट्र	7.51	30.4	82.54	100.64	139.16	125.82	100.80	118.37
उड़ीसा	6.13	35.6	108.85	109.50	141.24	91.88	88.35	131.07
पंजाब	6.91	99.2	179.37	250.86	78.95	183.13	115.95	110.93
राजस्थान	4.02	22.5	93.49	199.45	163.13	79.24	110.44	141.30
तमिलनाडु	8.06	90.8	117.38	100.66	83.64	122.60	102.91	70.17
उत्तर प्रदेश	12.87	43.4	116.49	99.13	80.01	102.96	95.75	95.26
पश्चिम बंगाल	8.40	24.6	136.81	95.69	69.65	112.99	113.39	89.76
अखिल भारतीय	**100.00**	**45.1**	**107.95**	**105.65**	**106.74**	**115.28**	**94.81**	**105.52**

[1]यह वर्ष 1990-91 में चावल के अधीन सिंचित क्षेत्र को प्रतिशतता दर्शाता है ।

4. कुल मिलाकर पूरे देश के लिए वर्ष 1994 में वर्षा का वितरण बहुत संतोषप्रद था और देश के लिए वर्षा की कुल प्रमात्रा बहुत अच्छी रही । तथापि, पूर्वी और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ भागों में यह कुछ हद तक न्यून थी । वर्ष 1994 के मानसून की एक मुख्य विशेषता यह थी कि यद्यपि वर्षा की मात्रा औसत से अधिक थी और देश के केन्द्रीय भागों में मौसम की अधिकांश अवधि के दौरान सामान्य से अधिक वर्षा हुई थी उत्तरपूर्वी भारत के भारी वर्षा वाले पारम्परिक क्षेत्रों में पर्याप्त वर्षा नहीं हुई । इसके परिणामस्वरूप पूर्वी भारत के बाढ़-प्रवण क्षेत्र इस वर्ष बाढ़ के प्रकोप से बच गए ।

5. वर्ष 1994-95 के दौरान मानसून का काल संबंधी वितरण पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष खरीफ की फसल के लिए अधिक अनुकूल था। वर्ष 1994 और पिछले वर्ष में तथा साथ ही वर्ष 1988 में पूर्ववर्ती सर्वोत्तम-स्थानीय वितरण को सारणी 7.2 में सूचीबद्ध किया गया है । वर्ष 1993 और 1988 की तुलना में वर्ष 1994 के मानसून मौसम के दौरान वर्षा के काल-संबंधी वितरण का सप्ताहवार तुलनात्मक दृश्य चित्र 7.3 में दर्शाया गया है । दिनांक 30 सितम्बर, 1994 को खरीफ के अनाज के उत्पादन द्वारा भारांशित समग्र वर्षा सूचकांक पिछले वर्ष समतुल्य अवधि के लिए दर्ज किए गए केवल 94.81 प्रतिशत की तुलना में 105.52 प्रतिशत था ।

चित्र 7.3 **खरीफ के अनाज के उत्पादन द्वारा मापित अखिल भारत साप्ताहिक वर्षा सूचकांक**



जलाशय संबंधी स्थिति

6. 1994 के मानसून के अंत में 62 महत्वपूर्ण जलाशयों में कुल मौजूदा संग्रहण स्थिति सितम्बर, 1993 के दौरान 87.2 हजार मिलियन घनमीटर (टी० एम० सी०) की तुलना में 109.6 हजार मिलियन घनमीटर (टी०एम०सी०) थी। पिछले 10 वर्षों के दौरान औसत मौजूदा संग्रहण 89.5 हजार मिलियन घन मीटर (टी० एम० सी०) था। इस प्रकार चालू वर्ष ने इस वर्ष जलाशय-संग्रहण में न केवल लगभग 26 प्रतिशत की वृद्धि दर्शायी बल्कि सितम्बर, 1993 में दर्ज किये गए 71 प्रतिशत की तुलना में निर्दिष्ट उपयोगिता योग्य संग्रहित जल को 90 प्रतिशत तक भी बढ़ाया।

उत्पादन संबंधी निष्पादन

मुख्य फसलें

7. पिछले चार वर्षों में कृषि उत्पादन संबंधी निष्पादन और वर्ष 1994-95 की फसल उत्पादन की संभावनाओं को सारणी 7.3 में दर्शाया गया है। वर्ष 1982-83 से 1993-94 की अवधि के लिए खाद्यान्न उत्पादन संबंधी प्रवृत्ति को चित्र 7.4 में दर्शाया गया है। वर्ष 1970-71 और 1980-81 की तुलना में वर्ष 1986-87 से 1993-94 की अवधि के लिए उत्पादन संबंधी निष्पादन चित्र 7.5 और चित्र 7.6 में दर्शाया गया है।

सारणी 7.3

मुख्य फसलों का कृषि उत्पादन

फसल	1990-91	1991-92	1992-93	1993-94		1994-95	
			(संशोधित)	लक्ष्य	अंतिम	लक्ष्य	संभावित
1	2	3	4	5	6	7	8
			(दस लाख टन)				
चावल	74.3	74.7	72.9	78.0	79.0	78.5	80.0
गेहूं	55.1	55.7	57.2	58.5	59.1	58.5	58.5
मोटे अनाज	32.7	26.0	36.6	36.0	30.9	36.5	32.0
दालें	14.3	12.0	12.8	15.5	13.1	15.5	14.5
कुल खाद्यान	**176.4**	**168.4**	**179.5**	**188.0**	**182.1**	**189.0**	**185.0**
खरीफ	99.4	91.6	101.5	105.5	99.4	106.3	101.80
रबी	77.0	76.8	78.0	82.5	82.7	82.7	83.2
तेलहन	18.6	18.6	20.1	21.0	21.5	22.0	21.5
गन्ना	241.0	254.0	228.0	250.0	227.1	250.0	245.6
कपास[1]	9.8	9.7	11.4	12.5	10.7	12.5	11.6
जूट और मेस्ता[2]	9.2	10.3	8.6	9.3	8.5	9.3	8.5
	(पिछले वर्ष की तुलना में उत्पादन में प्रतिशत घटबढ़)						
चावल	1.0	0.5	—2.4		8.4		1.3
गेहूं	10.6	1.1	2.7		3.3		—1.0
मोटे अनाज	—6.0	—20.5	40.8		—15.6		3.6
दालें	10.9	—16.1	6.7		2.3		10.7
कुल खाद्यान	**3.2**	**—4.5**	6.6		**1.4**		**1.6**
खरीफ	—1.6	—7.8	10.8		—2.1		2.4
रबी	10.0	—0.3	1.6		6.0		0.6
तेलहन	10.1	0.0	8.1		7.0		0.0
गन्ना	6.8	5.4	—10.2		—0.4		8.1
कपास	—14.0	—1.0	17.5		—6.2		8.4
जूट और मेस्ता	10.8	12.0	—16.5		—1.2		0.0

[1]प्रत्येक 170 किलोग्राम की दस लाख गांठें
[2]प्रत्येक 180 किलोग्राम की दस लाख गांठें

चित्र 7.5


कृषि उत्पादन
रबी
खरीफ
दस लाख मीट्रिक टन
चावल
गेहूं
समस्त अनाज
दालें
तेलहन
गन्ना
दस लाख गांठे *
दस लाख गांठे +
कपास (लिंट)
पटसन और मेस्ता
1970-71 80-81 85-86 88-89 -90 -91 -92 -93 -94
* प्रत्येक गांठ 170 कि. ग्रा
+ प्रत्येक गांठ 180 कि. ग्रा

चित्र 7.6

कृषि उत्पादन का सूचकांक

आधार :— 1981-82 की समाप्त त्रिवर्ष = 100



चित्र 7.4 खाद्यान्न उत्पादन में प्रवृत्तियाँ



खाद्यान्न

8. वर्ष 1993-94 में 1820 लाख मी टन का खाद्यान्न उत्पादन पिछले वर्ष से अधिक (लगभग 1.4 प्रतिशत) था। खाद्यान्नों के उत्पादन में वृद्धि पिछले तीन वर्षों के दौरान अपेक्षतया संतुलित रही है। परन्तु वर्ष 1994-95 में उत्पादन लगभग 1850 लाख मी० टन अर्थात् वर्ष 1993-94 से 30 लाख मी० टन अधिक होने की संभावना है।

चावल

9. वर्ष 1993-94 में चावल का उत्पादन 780 लाख मी० टन के लक्ष्य से बढ़कर 790 लाख मी० टन हो गया, जो पिछले वर्ष में 60 लाख मी० टन अधिक है। वर्ष 1994-95 में 10 लाख मी० टन की वृद्धि हो सकती है, जिससे कुल उत्पादन 800 लाख मी० टन तक पहुंच जाने की संभावना है जो वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य से पुनः अधिक होगा। खरीफ 1994 का मौसम चावल के उत्पादन का अच्छा वर्ष था।

गेहूं

10. वर्ष 1993-94 में गेहूं का उत्पादन 591 लाख मी० टन तक पहुंच गया, जो वर्ष 1992-93 में हुए उत्पादन से 3.3 प्रतिशत अधिक था। वर्ष 1994-95 के दौरान उत्पादन की संभावना बहुत अच्छी है और संभावित उत्पादन 585 लाख मी० टन है, जो वर्ष के लिये निर्धारित लक्ष्य के बराबर है।

मोटे अनाज

11. मोटे अनाजों में ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, जौ और छोटे मड़वे आते हैं। वर्ष 1992-93 में कुल मोटे अनाजों के अधीन क्षेत्र 344 लाख हेक्टेयर था, जो पिछले वर्ष से 3 प्रतिशत अधिक था। वर्ष 1993-94 में मोटे अनाजों का उत्पादन पिछले वर्ष से कम है और वर्ष 1994-95 के दौरान संभावित उत्पादन 320 लाख मी० टन होगा जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक होगा। संभवतः अच्छी वर्षा वाले वर्ष के कारण मोटे अनाजों के अधीन रहने वाले क्षेत्रों में कमी करके भी अधिक क्षेत्रों में उच्च कीमत वाली फसलें तैयार की जाती हैं, ताकि मोटे अनाजों वाले प्रति इकाई क्षेत्र में भी अधिक उत्पादन सुनिश्चित किया जा सके।

दालें

12. भारत में दालों का उत्पादन पिछले 30 वर्षों से लगभग 110-140 लाख मी० टन पर ही अवरुद्ध रहा है। मानसून की प्रवृत्ति पर निर्भर करते हुए वर्ष-दर-वर्ष उत्पादन घटता-बढ़ता रहता है। वर्ष 1987-88 में 109 लाख मी० टन से वर्ष 1992-93 में 128 लाख मी० टन के बीच घट-बढ़ कर वर्ष 1993-94 में दालों का उत्पादन 131 लाख मी० टन हो गया जिसमें वर्ष 1992-93 की तुलना में लगभग 2.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष 1994-95 में 155 लाख मी० टन के लक्ष्य की तुलना में लगभग 145 लाख मी० टन उत्पादन होने की प्रत्याशा है।

खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि

13. वर्ष 1967-68 से प्रारंभ हुए पश्च हरित क्रांति अवधि में खाद्यान्न उत्पादन में वार्षिक वृद्धि 2.62 प्रतिशत थी जो जनसंख्या की वृद्धि दर से थोड़ी अधिक थी। अभी हाल की अवधि (1980-81) में चावल उत्पादन में वृद्धि ने काफी बढ़कर गेहूं उत्पादन में वृद्धि दर को संतुलित कर दिया है। एकमात्र गतिरोध दालों में है जिन्होंने गिरावट दर्ज किया है, और इसके फलस्वरूप दालों की प्रति व्यक्ति दैनिक उपलब्धता वर्ष 1991 में प्रतिदिन लगभग 69 ग्राम से घटकर वर्ष 1994 में 37.8 ग्राम हो गई। दालों के उत्पादन में काफी वृद्धि करना आवश्यक है और इसका निष्पादन किया जाना चाहिए क्योंकि मौजूदा उपज कम है। दालों के उत्पादन में मंद वृद्धि का कारण मुख्यतया दालों की अधिक उपज देने वाली नई किस्मों का विकसित न हो पाना है। अरहर (तूर) मूंग और चने में कुछ सफल कार्य किए गए हैं परन्तु आपूर्ति बढ़ाने पर इसका प्रभाव अभी भी दिखाई नहीं देता। (सारणी 7.4)।

सारणी 7.4

खाद्यान्न उत्पादन में वार्षिक वृद्धि दर

(प्रतिशत)

खाद्यान्न	मिश्रित वृद्धि दर[1]		वार्षिक (वर्ष-दर-वर्ष परिवर्तन)				
	1967-68 से 1992-93	1980-81 से 1992-93	1990-91	1991-92	1992-93	1993-94	1994-95[2]
1	2	3	4	5	6	7	8
चावल	2.84	3.47	1.00	0.54	—2.41	8.37	1.27
गेहूं	4.89	3.55	10.60	1.09	2.69	3.32	—1.02
दालें	0.94	1.49	10.89	—16.09	6.67	2.34	10.69
खाद्यान्न	2.62	2.84	3.16	—4.54	6.59	1.45	1.59

[1]वर्ष 1981-82=100 को समाप्त वर्षांत्य आधार के सूचकांक पर आधारित। [2]अनंतिम।

तेलहन

14. देश में पैदा किए जाने वाले मुख्य खाद्य तेलहन मूंगफली, तोरिया और सरसों, सोयाबीन, सूरजमुखी, तिल, अरण्डी, कुसुम्ब, नाइजर और अलसी है। वर्ष 1992-93 में तेलहन का कुल उत्पादन 201 लाख मी० टन था, और वर्ष 1993-94 में 215 लाख मी० टन था। वर्ष 1994-95 में उत्पादन का लक्ष्य 220 लाख मी० टन है, जिसे तभी प्राप्त किया जा सकता है जब रबी की फसल का उत्पादन पिछले वर्ष हुए 93 लाख मी० टन के उत्पादन की तुलना में 100 लाख मी० टन हो। खरीफ, 1994 के मौसम में सोयाबीन की फसल में गतिरोध आया था और इसलिए इस वर्ष का फसल उत्पादन पिछले वर्ष के उत्पादन से अधिक न होने के बारे में कुछ अनिश्चितता है। वर्ष 1987-88 से 1993-94 तक तेलहन उत्पादन की प्रवृत्ति और लक्ष्य के साथ वर्ष 1994-95 के दौरान संभावित उत्पादन सारणी 7.5 में दर्शाया गया है।

सारणी 7.5

तेलहन का उत्पादन

(दस लाख मी० टन)

	1987-88	1988-89	1989-90	1990-91	1991-92	1992-93[1]	1993-94[2]	1994-95	
								लक्ष्य	संभावित
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
मूंगफली	5.85	9.66	8.10	7.51	7.09	8.56	7.76	8.30	8.22
खरीफ	4.18	7.49	6.10	5.12	4.99	6.66	5.61	6.10	6.01
रबी	1.67	2.17	2.00	2.39	2.10	1.90	2.15	2.20	2.21
अरण्डी	0.20	0.41	0.52	0.72	0.58	0.62	0.64	0.70	0.89
तिल	0.58	0.68	0.74	0.84	0.71	0.76	0.57	0.90	0.81
तोरिया और सरसों	3.46	4.38	4.12	5.23	5.87	4.80	5.39	5.70	5.47
अलसी	0.39	0.36	0.33	0.33	0.29	0.28	0.33	0.40	0.36
नाइजरसीड	0.18	0.18	0.19	0.19	0.18	0.16	0.18	0.20	0.20
कुसुम्ब	0.46	0.44	0.49	0.32	0.20	0.34	0.58	0.40	0.60
सूरजमुखी	0.63	0.37	0.63	0.87	1.19	1.18	1.40	1.40	1.18
खरीफ	0.38	0.22	0.27	0.33	0.36	0.43	0.53	0.60	0.38
रबी	0.25	0.15	0.36	0.54	0.83	0.75	0.87	0.80	0.80
सोयाबीन	0.90	1.55	1.80	2.60	2.49	3.39	4.63	4.00	3.72
जोड़	**12.65**	**18.03**	**16.92**	**18.61**	**18.60**	**20.11**	**21.48**	**22.00**	**21.45**
खरीफ	**6.42**	**10.53**	**9.62**	**9.80**	**9.31**	**12.03**	**12.16**	**12.50**	**12.01**
रबी	**6.23**	**7.50**	**7.30**	**8.81**	**9.29**	**8.08**	**9.32**	**9.50**	**9.44**

[1]संशोधित [2]अंतिम

गन्ना

15. गन्ने के उत्पादन में वर्ष 1985-86 से लेकर जब तक कि वर्ष 1991-92 में यह 2540 लाख मी० टन के उच्च स्तर तक नहीं पहुंच गया उर्ध्वमुखी प्रवृति बनी रही। मुख्यतया वर्ष 1991-92 में क्षेत्र के 38 लाख हेक्टेयर से कम होकर वर्ष 1992-93 में 36 लाख हेक्टेयर हो जाने के कारण वर्ष 1992-93 में यह घटकर 2280 लाख मी० टन हो गया। वर्ष 1993-94 में लगभग 2270 लाख मी० टन का उत्पादन होना अनुमानित है, जो वर्ष 1992-93 में हुए उत्पादन से 10 लाख मी० टन कम था। वर्ष 1994-95 में 2456 लाख मी० टन गन्ने के उत्पादन की स्पष्ट संभावना है। इस वर्ष महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु में पिछले वर्ष की तुलना में गन्ने का अधिक उत्पादन होने की संभावना है।

कपास

16. कपास के उत्पादन में व्यापक घट-बढ़ होती है। फिर भी उत्पादन सीमा वर्ष 1982-83 में 75.3 लाख गांठें (प्रत्येक 170 कि०ग्रा०) के निम्न स्तर से बढ़कर 1992-93 में 114 लाख गांठें हो गई। वर्ष 1994-95 में कपास का उत्पादन पिछले वर्ष में हुए 107 लाख गांठों के उत्पादन की तुलना में लगभग 116 लाख गांठें हो सकता है। कपास के अधीन क्षेत्र वर्ष 1981-82 में 80.6 लाख हेक्टेयर से काफी कम होकर वर्ष 1993-94 में 73.4 लाख हेक्टेयर हो गया है। इसलिए कपास के उत्पादन में वृद्धि इसकी उत्पादकता के वर्ष 1981-82 में प्रति हेक्टेयर 166 कि०ग्रा० से लेकर वर्ष 1992-93 में 257 कि०ग्रा० तक काफी बढ़ जाने का परिणाम है। कपास की खपत भी वर्ष 1981-82 में 75.9 लाख गांठों से लगातार बढ़कर वर्ष 1993-94 में 128 लाख गांठें हो गई हैं, इस प्रकार यह कपास के उत्पादन में वृद्धि से अधिक हो गई है। जब तक कपास के उत्पादन में पर्याप्त वृद्धि नहीं होती तब तक कच्चे कपास की मांग में वृद्धि होने से घरेलू कीमतों पर दबाव पड़ने की संभावना है।

जूट और मेस्ता

17. वर्ष 1985-86 में 12.6 लाख गांठों (प्रत्येक 180 कि०ग्रा०) के उच्च उत्पादन स्तर से उत्तरोत्तर वर्षों में इसका उत्पादन कम होकर 8.5 लाख से 10.3 लाख गांठों के बीच स्तर पर आ गया है। वर्ष 1994-95 में 85 लाख गांठों के उत्पादन होने की आशा है, जो लगभग पिछले वर्ष के समान ही है।

* पौध रोपण एवं बागानी फसलें

कॉफी

18. भारत का कॉफी उत्पादन विश्व उत्पादन का मात्र 2.8 प्रतिशत है। एरेबिका और रोबस्ता भारत में उगाई जाने वाली दो प्रमुख किस्में हैं। कॉफी की खपत मुख्यतया दक्षिणी राज्यों में होती है और वार्षिक उत्पादन का बड़ा हिस्सा अधिशेष होता है और इसलिए निर्यात के लिए उपलब्ध होता है। कॉफी की घरेलू मांग प्रतिवर्ष लगभग 60,000 टन पर स्थिर रही है।

सारणी 7.6

कॉफी का उत्पादन

(मी० टन)

मौसम/वर्ष	उत्पादन
1950-51	18893
1985-86	122450
1986-87	192094
1987-88	122713
1988-89	215000
1989-90	118053
1990-91	169726
1991-92*	174000
1992-93*	161500
1993-94*	212000
1994-95**	180100

*संशोधित अनुमान

**पूर्णण अनुमान

19. कॉफी का उत्पादन वर्ष 1950-51 में 18,893 मी० टन की अल्प मात्रा से बढ़कर वर्ष 1988-89 में 2.15 लाख मी० टन के रिकार्ड स्तर तक पहुंच गया (सारणी 7.6)। वर्ष 1993-94 में उत्पादन बढ़कर 2.12 लाख मी० टन हो गया और फिर वर्ष 1994-95 में घटकर 1.8 लाख मी० टन हो गया। कुछ वर्षों में कॉफी के उत्पादन में अधिक घट-बढ़ मौसम संबंधी कारकों के कारण है क्योंकि कॉफी मौसम की दशाओं में परिवर्तन के प्रति बहुत संवेदनशील है। वर्ष 1985-86 से देश में वार्षिक उत्पादन का ब्यौरा सारणी 7.6 में सूचीबद्ध है।

20. विश्व निर्यात में भारत का हिस्सा लगभग 2.3 प्रतिशत होना अनुमानित है। वर्ष 1992-93 के दौरान 113,602 मी० टन का निर्यात हुआ था, जिसका मूल्य 381.3 करोड़ रुपए था। तथापि, वर्ष 1993-94 में निर्यात बढ़कर 135,626 मी० टन हो गया और निर्यात से होने वाली आय मुख्यतः अधिक विश्वव्यापी मूल्यों के कारण बढ़कर 581.8 करोड़ रुपए हो गई।

21. कॉफी अधिनियम 1942 के अनुसार कुछ क्षेत्रों को छोड़कर देश में उत्पादित कॉफी नीलामी/बिक्री के लिए कॉफी बोर्ड को सुपुर्द कर दी जाती है। तथापि, यह अधिनियम उत्पादकों को उत्पाद के अधिकतम 30 प्रतिशत तक आंतरिक बिक्री कोटा की अनुमति देता है। दिनांक 14 जनवरी 1994 से कॉफी अधिनियम को उस उत्पाद, जिसे उत्पादक घरेलू और निर्यात दोनों बाजारों में बेच सकें, के खुले बाजार में बिक्री के कोटे को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए संशोधित किया गया था। उत्पाद के शेष 50 प्रतिशत को कॉफी बोर्ड द्वारा नीलामी के लिए रखा गया था। इस संशोधन से घरेलू बिक्री और निर्यात के लिए दोहरी नीलामी प्रणाली को कॉफी बोर्ड में एक नीलामी में संयोजित कर दिया गया था।

22. वर्ष 1994 में विश्व बाजार में कॉफी की सामान्य कमी के कारण और घरेलू उत्पादन की खुली बिक्री के कोटे को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने के कारण घरेलू कॉफी के मूल्य तेजी से बढ़े। इसलिए सरकार ने निर्यात पर मात्रात्मक प्रतिबंध लगाया और जनवरी-दिसम्बर 1994 के 12 महीनों की अवधि के लिए 110 हजार मी० टन के सीमा निर्धारण की घोषणा की गई। इस सीमा को बाद में बढ़ाकर 120 हजार मी० टन कर दिया गया था। कॉफी की कुछ श्रेणियों के निर्यात पर रोक लगा दी गई थी। तथापि इस निर्णय की समीक्षा की गई है और सरकार ने पहली जनवरी, 1995 से कॉफी के निर्यात पर से सभी प्रतिबंध हटा दिए हैं।

प्राकृतिक रबड़

23. प्राकृतिक रबड़ सड़क परिवहन उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण कच्ची सामग्री है। इस समय देश में प्राकृतिक रबड़ के लगभग 95 प्रतिशत की मांग देशी उत्पादन से पूरी की जाती है और शेष कमी को आयातों से पूरा किया जाता है।

24. हाल के वर्षों के उत्पादन ने काफी ऊर्ध्वमुखी प्रवृति दर्शायी है। वर्ष 1988-89 में 2.6 लाख मी० टन से यह वर्ष 1993-94 में बढ़कर 4.35 लाख मी० टन हो गया है। रबड़ के वृक्षों के अन्तर्गत क्षेत्र के भी वर्ष 1988-89 में 26,469 हेक्टेयर से बढ़कर वर्ष 1994-95 में 5.03 लाख हेक्टेयर हो जाने का अनुमान है। केरल रबड़ उत्पादक राज्यों में प्रमुख है जिसके अधिकार में लगभग 85 प्रतिशत रबड़ उत्पादन क्षेत्र आता है। रबड़ का उत्पादन महाराष्ट्र त्रिपुरा, मेघालय, मिज़ोरम, मणिपुर, असम, नागालैंड अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह, गोआ, उड़ीसा आदि गैर-परम्परागत क्षेत्रों में भी होता है। रबड़ की अधिकांश बागवानी छोटे क्षेत्र में होती है, जिसका औसत जोत आकार केवल 0.5 हेक्टेयर होता है। वर्ष 1993-94 में 4.35 लाख मी० टन के उत्पादन और 4.5 लाख मी० टन की अनुमानित खपत की तुलना में वर्ष 1994-95 के दौरान अनुमानित उत्पादन और खपत क्रमशः 4.75 लाख मी० टन और 4.85 लाख मी० टन है। सीमांत पर प्राकृतिक रबड़ के आयातों से कुल आवश्यकता और कुल उत्पादन के बीच अन्तर को पूरा करना जारी रहा।

चाय

25. चाय उद्योग भारत का एक प्राचीनतम और सुसंगठित उद्योग है और यह राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। यह नगण्य आयात अंश सहित पारम्परिक रूप से एक महत्वपूर्ण विदेशी मुद्रा अर्जक है और राज्य तथा केन्द्रीय राजकोषों में महत्वपूर्ण अंशदान करता है।

26. देश में चाय का उत्पादन वर्ष 1982-83 में 5610 लाख कि०ग्रा० के स्तर से लगातार बढ़कर वर्ष 1992-93 में 7230 लाख कि०ग्रा० हो गया है। चाय की घरेलू मांग तेज गति से बढ़ी है, जिससे निर्यात योग्य अधिशेष पर दबाव पड़ा है, जो लगभग 2000 लाख कि०ग्रा० के करीब है। सरकार द्वारा बढ़ती हुई घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन बढ़ाने के उपाय किए ए हैं। इस परिप्रेक्ष्य में, वर्ष 2000 तक 10000 लाख कि०ग्रा० का उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने के लिए चाय बोर्ड द्वारा एक संदर्शी योजना तैयार की गई है। वर्ष 1992-93 में 993.4 करोड़ रुपए मूल्य की 1779 लाख कि०ग्रा० चाय का निर्यात किया गया था। वर्ष 1993-94 में निर्यात घटकर 1612 लाख कि०ग्रा० हो गया, जिससे 1080.1 करोड़ रुपए की आय हुई। निर्यात में गिरावट मुख्यतया रूस द्वारा अपनी आर्थिक समस्याओं के कारण, भारतीय चाय की कुल खरीद में कमी करने और ईरान और मिस्र को उनकी विदेशी मुद्रा समस्याओं के कारण कम निर्यात करने के कारण हुई थी।

27. वर्ष 1994-95 के लिए 7700 लाख कि०ग्रा० का उत्पादन लक्ष्य और 2100 लाख कि०ग्रा० का निर्यात लक्ष्य निर्धारित किया गया है । अगस्त, 1994 तक उत्पादन पिछले वर्ष की तदनुरुप अवधि के दौरान 4541 लाख कि०ग्रा० की तुलना में 4659 लाख कि०ग्रा० हुआ था । इसी प्रकार, अगस्त, 1994 तक पिछले वर्ष की तदनुरुप अवधि में 408.1 करोड़ रुपए मूल्य के 591 लाख कि०ग्रा० के निर्यात की तुलना में 330.5 करोड़ रुपए मूल्य के 535 लाख कि०ग्रा० का निर्यात किया गया था ।

फल और गिरी

28. कृषि संबंधी जलवायु की असीम विविधता के कारण ही भारत में बागवानी फसलों की एक बहुत बड़ी किस्म जैसे कि फल, सब्जियां, फूल, बागानी फसलें—नारियल, काजू, कोको, सुपारी और कई किस्म के मसाले, औषधियां एवं सुगन्धित पौधों की पैदावार होती है । इस समय इन फसलों के अन्तर्गत अनुमानतः 13.6 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है जिसमें 106 मिलियन मी० टन वार्षिक उपज होती है जो कि ब्राजील और चीन के बाद सर्वाधिक उपज की दृष्टि से तीसरे स्थान पर है । भारत अदरक, हल्दी और धनिया का सबसे बड़ा उत्पादक होने के साथ-साथ विश्व के कुल नारियल उत्पादन का 17 प्रतिशत और विश्व के कुल काजू उत्पादन का 40 प्रतिशत उत्पादन करने वाला देश है । मसालों, विशेषतया काली मिर्च के विश्व व्यापार में भारत का शेयर करीब 18 प्रतिशत है ।

29. वर्ष 1992-93 में भारत में फलों का उत्पादन करीब 33 मिलियन मी० टन हुआ जिससे भारत उस शिखर स्तर के करीब पहुंच गया जिस पर इस समय विश्व के सबसे बड़े फल उत्पादक ब्राजील का स्थान है । मुख्यतः 1992-93 में उत्पादकता 1981-82 के 5445 गिरी प्रति हेक्टेयर से बढ़कर 7034 गिरी हो जाने के कारण 1992-93 तक नारियल का उत्पादन बढ़कर 11375 मिलियन गिरी हो गया । आठवीं योजना (1992–97) में वार्षिक उत्पादन का लक्ष्य 15000 मिलियन गिरी है ।

30. वर्ष 1992-93 में काजू का उत्पादन 3.5 लाख मी० टन तक पहुंच गया । 1993-94 में 72450 मी० टन काजू का निर्यात किया गया जिससे 1044 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा अर्जित की गई । हालांकि भारत प्रसंस्कृत काजू का सबसे बड़ा निर्यातक है लेकिन देशी उत्पादन प्रसंस्करण उद्योग की आन्तरिक मांग से कम होता है और इसलिए कच्चे काजू का आयात भी किया जाता है । आठवीं योजना में काजू के उत्पादन का लक्ष्य 4.73 लाख मी० टन था जो अब भी 6 लाख मी० टन की अनुमानित मांग से कम रहेगा ।

मसाले

31. मसाले की बहुत-सी फसलों में से 15 मुख्य मसालों की फसलों को विकास हेतु चुना गया है । इनमें से काली मिर्च देशी उपभोग तथा साथ ही निर्यात के लिए अत्यधिक विशिष्ट फसल है । 1992-93 में प्रमुख मसालों का कुल उत्पादन 2.2 मिलियन मी० टन होने का अनुमान लगाया गया है और आठवीं योजना में सभी मसालों के लिए 3.2 मिलियन मी० टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । बढ़ते हुए विश्वव्यापी निर्यात बाजार में अपना शेयर बढ़ाने के लिए प्रसंस्करण और गुणवत्ता नियंत्रण पर और अधिक ध्यान देना आवश्यक होगा ।

पुष्प कृषि

32. निर्यात की ऊंची संभावनाओं वाला यह एक नया क्षेत्र है । विदेशी भागीदारी से संयुक्त उद्यम वाली 41 परियोजनाओं को पहले ही अनुमोदन प्राप्त हो गया है और कुछ परियोजनाओं के उत्पादन स्तर पर पहुंचने की सूचना मिली है ।

बागवानी में प्लास्टिक का प्रयोग

33. बागवानी फसलों की उत्पादकता में सुधार लाने के लिए ड्रिप सिंचाई, पादप-गृहों और प्लास्टिक पलवारों के रूप में प्लास्टिक का उपयोग सरकार का एक प्रमुख प्रयास रहा है, जिसके लिए आठवीं योजना की अवधि (1992–97) में 250 करोड़ रुपए का निवेश आवंटित किया गया है । इसमें से 200 करोड़ रुपए केवल ड्रिप सिंचाई के लिए नियत किए गए हैं, जो अनेक राज्यों में काफी लोकप्रिय बनती जा रही है । पादप-गृहों को निर्यातोन्मुखी पुष्पकृषि परियोजनाओं के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है । गैर-मौसमी सब्जियां पैदा करने के लिए यह लद्दाख क्षेत्र में पहले ही लोकप्रिय हो चुकी हैं ।

फसल की कटाई के बाद की प्रौद्योगिकी

34. मोटे तौर पर यह अनुमान लगाया गया है कि भारत को कमजोर आधारभूत ढांचे और सुव्यवस्थित विपणन की कमी की वजह से फलों और सब्जियों की कटाई के पश्चात् होने वाली हानियों के कारण 3000 करोड़ रुपए से अधिक का वार्षिक नुकसान हो रहा है । आठवीं योजना में इस क्षेत्र को उच्च प्राथमिकता दी गई है और देश के भिन्न-भिन्न भागों में पूर्वशीतलन एककों, शीतागारों, पैकिंग गृहों आदि की स्थापना करने के लिए निगमित क्षेत्र सहित विभिन्न एजेंसियों को उदार शर्तों पर ऋण प्रदान करने के लिए 200 करोड़ रुपए की राशि निर्धारित की गई है ताकि हानियों को कम किया जा सके और अंतिम उत्पाद की गुणवत्ता में गिरावट को रोका जा सके । तथापि, कटाई के पश्चात् प्रसंस्करण और परिरक्षण प्रौद्योगिकी में गैर-सरकारी निवेश की संभाव्यता का अभी तक पूरी तरह पता नहीं लग पाया है ।

कृषि संबंधी निविष्टियां

35. कुछ मुख्य और अधिक मूल्य की फसलों का कृषि उत्पादन बढ़ाने में प्राप्त हुई सफलताओं के बावजूद, अभी भी कई फसलें हैं, जहां उत्पादन और इसलिए खेतिहरों को प्राप्त होने वाली आय बहुत कम है। इसलिए कृषि क्षेत्र के लिए निविष्टि संबंधी पर्याप्त सहायता जुटाने में कोई आत्मनिर्भरता प्राप्त नहीं की जा सकती। विशेषकर छोटे और सीमांत किसानों के लिए निविष्टियों के पैकेज उनकी उपलब्धता और सुपुर्दगी प्रणाली पर बल देना जारी रखना होगा। कृषि संबंधी कुछ मुख्य निविष्टियां नीचे दर्शायी गई हैं।

सिंचाई

36. फसल उपजाने की एक अत्यधिक सक्षम और सिंचित फसल प्रणाली ही भारत की विशाल और बढ़ती हुई जनसंख्या का भरण-पोषण कर सकती है। इसलिए सिंचाई क्षमता का विस्तार और उसका इष्टतम उपयोग उच्च प्राथमिकता रखता है।

37. देश की सिंचाई क्षमता योजना-पूर्व अवधि में 226 लाख हेक्टेयर से बढ़कर वर्ष 1993-94 के अंत में 850 लाख हेक्टेयर हो गई है जिनमें 318 लाख हेक्टेयर बड़ी और मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के अधीन और 532 लाख हेक्टेयर क्षेत्र लघु सिंचाई स्कीमों के अधीन है। वर्ष 1994-95 के लिए लक्ष्य 28 लाख हेक्टेयर है जिसमें 7 लाख हेक्टेयर बड़ी और मध्यम परियोजनाओं के अधीन और 21 लाख हेक्टेयर क्षेत्र लघु सिंचाई स्कीमों के अधीन हैं। वर्ष 1994-95 के अंत में सृजित पूर्वानुमानित सिंचित क्षमता 878 लाख हेक्टेयर है जिसमें 325 लाख हेक्टेयर बड़ी और मध्यम परियोजनाओं के अधीन और 553 लाख हेक्टेयर क्षेत्र लघु सिंचाई स्कीमों के अधीन है। आठवीं पंचवर्षीय योजना में सिंचाई का क्षेत्र विकास के लिए एक प्राथमिकता वाला क्षेत्र बना हुआ है।

38. विशेषकर बड़ी और मध्यम सिंचाई परियोजनाओं में सृजित सिंचाई क्षमता का कम उपयोग बना हुआ है। वर्ष 1993-94 के अंत में 851 लाख हेक्टेयर की सृजित क्षमता की तुलना में 763 लाख हेक्टेयर क्षेत्र का उपयोग हुआ था। इससे कम उपयोग किए गए 88 लाख हेक्टेयर क्षेत्र (46 लाख हेक्टेयर बड़ी और मध्यम सिंचाई तथा 42 लाख हेक्टेयर क्षेत्र लघु सिंचाई के अधीन) की क्षमता का अन्तर रह जाता है। इस अन्तर का मुख्य कारण खेतों में जलमार्गों के निर्माण, भू-समतलीकरण और "बाड़ाबंदी" प्रणाली (कमान क्षेत्र में जल वितरिकाओं और छोटी नालियों का जाल) को अपनाने जैसे खेती के कार्यों के विकास में होने वाली देरी और अंतिम रूप से किसानों द्वारा नई फसल पद्धति अर्थात् शुष्क खेती से सिंचित खेती अपनाने में लिया गया समय है।

39. सृजित क्षमता और उपयोग में लाई गई क्षमता के बीच अन्तर कम करने के मूल उद्देश्य से वर्ष 1974-75 से एक केन्द्र-प्रायोजित कमान क्षेत्र विकास स्कीम (सी०ए०डी०) कार्यान्वित की जा रही है। इस कार्यक्रम में खेतों में जलमार्गों के निर्माण, भू-समतलीकरण और खेतों को आकार देने, चक्रीय जलापूर्ति के लिए "बाड़ाबंदी" का कार्यान्वयन करने और खेत में नालियों का निर्माण करने जैसे खेती के विकास कार्यों का निष्पादन परिकल्पित है। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम में अपनाई जाने वाली विधियों का परीक्षण, प्रदर्शन और किसानों का प्रशिक्षण तथा उपयुक्त फसल पद्धतियां शुरु करना भी शामिल है। मार्च 1994 तक इस कार्यक्रम पर लगभग 5102 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे, जिसमें से केन्द्रीय सहायता की राशि 1302 करोड़ रुपए थी और शेष 3800 करोड़ रुपए की राशि की पूर्ति राज्य क्षेत्र स्कीमों के अधीन की गई थी।

40. लघु सिंचाई स्कीम में भू-जल और भू-तल जल स्कीमें शामिल हैं। जबकि भू-जल स्कीमों में खोदे गए गहरे कुंए, छिछले नलकूप और पम्पसेट शामिल हैं वहीं भूतल जल स्कीमों में तालाब और जलाशय मार्ग-परिवर्तन स्कीमें नदियों और सरिताओं से लिफ्ट सिंचाई आदि शामिल हैं। इन स्कीमों पर विशेष खाद्यान्न उत्पादन कार्यक्रम के अधीन विशेष ध्यान दिया गया है। वर्ष 1993-94 के अंत में सृजित सिंचाई क्षमता और लघु सिंचाई स्कीम के माध्यम से उसके उपयोग का अनुमान क्रमशः 532 लाख हेक्टेयर और 491 लाख हेक्टेयर लगाया गया था। वर्ष 1994-95 के लिए सृजित और प्रयुक्त अतिरिक्त सिंचाई क्षमता का लक्ष्य क्रमशः 21 लाख हेक्टेयर और 16 लाख हेक्टेयर रखा गया है। अपेक्षाकृत त्वरित विकास में विलम्ब और कम निवेश लागत के कारण भू-जल और भू-तल जल दोनों को शामिल करने वाली लघु सिंचाई स्कीमों के सृजन पर बल दिया जाना है। उपयुक्त जल-स्तर के कारण आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान लघु सिंचाई अन्वेषण के लिए पूर्वी

क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सिंचाई क्षमता के विकास और उसके उपयोग के ब्यौरे सारणी 7.7 में दिए गए हैं।

सारणी 7.7

सिंचाई क्षमता का विकास और उसका उपयोग

(दस लाख हेक्टेयर)

	सातवीं योजना के अन्त में (1989-90)	वर्ष 1991-92 के दौरान	वर्ष 1991-92 के अन्त में	1992-93 (वास्तविक)	1993-94 (संभावित)	1994-95 (लक्ष्य)
1	2	3	4	5	6	7
1. बड़ी और मध्यम सिंचाई						
क्षमता	29.9	0.8	30.7	0.4	31.8	0.7
उपयोग	25.5	0.9	26.3	0.3	27.2	0.6
2. लघु सिंचाई						
क्षमता	46.6	3.7	50.4	1.5	53.2	2.1
उपयोग	43.1	3.4	46.5	1.4	49.1	1.6
3. **जोड़**						
क्षमता	**76.5**	**4.5**	**81.1**	**1.9**	**85.0**	**2.8**
उपयोग	**68.6**	**4.3**	**72.8**	**1.7**	**76.3**	**2.2**

टिप्पणी :—10000 हेक्टेयर से अधिक के संचयी कमान क्षेत्र (सं०क०क्षे०) वाली सिंचाई परियोजनाओं को बड़ी परियोजनाओं और 2000 हेक्टेयर से अधिक और 10000 हेक्टेयर तक के संचयी कमान क्षेत्र (सं०क०क्षे०) वाली परियोजनाओं को मध्यम परियोजनाओं के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

41. सिंचाई के आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाना आठवीं पंचवर्षीय योजना का एक मुख्य उद्देश्य है। वर्ष 1992 में आठवीं योजना की शुरूआत में पिछली योजनाओं से आगे लाई गई 158 बड़ी, 226 मध्यम और 95 विस्तार, नवीकरण और आधुनिकीकरण (ई०आर०एम०) परियोजनाएं थीं। इन परियोजनाओं की पहले की कुल लागत का अनुमान लगभग 40563 करोड़ रुपए लगाया गया है। इसलिए आठवीं योजना की नीति चालू परियोजनाएं पूरा करने को प्राथमिकता देने का स्पष्ट संकेत देती है। इस नीति के अन्य मुख्य तत्वों में सिंचित कृषि में तीव्र अन्तरण सुनिश्चित करना और कमान क्षेत्र विकास कार्यक्रम के माध्यम से जल का इष्टतम प्रयोग करना, जल की कमी वाले और सूखा प्रवण क्षेत्रों में छिड़काव और रिसाव सिंचाई प्रणालियों की संस्थापना और भू-जल तथा लिफ्ट सिंचाई को प्रोत्साहन देना शामिल है।

42. सिंचाई जल के प्रयोक्ता लागत का मामला ऐसा है जिससे अंतर्राज्यीय स्तर पर चर्चा जारी रहती है ताकि बढ़ते हुए बकायों और तदनुरूपी आर्थिक सहायता द्वारा उत्पन्न की जा रही समस्याओं पर सहमति हो सके। मोटे तौर पर यह सहमति है कि सिंचाई की दरों में कम से कम वार्षिक अनुरक्षण और प्रचालनात्मक व्यय और नियत लागत का कुछ हिस्सा शामिल होना चाहिए। जबकि भूजल और भूतल जल के लिए जल की दरों को छोटे और सीमांत किसानों के हितों का सम्यक ध्यान रखते हुए युक्तिसंगत बनाने की आवश्यकता है, वहीं सिंचाई परियोजनाओं के मजबूत वित्तीय पुनर्गठन की समस्या से अनिश्चित काल तक बचा नहीं जा सकता।

बीज

43. सत्तर के दशक के प्रारम्भ में मोटे अनाज के उत्पादन में अधिकांश उल्लेखनीय उपलब्धि और इसके फलस्वरूप होने वाली हरित क्रांति का श्रेय बीज प्रौद्योगिकी में प्राप्त सफलता को दिया जाता है। बीजों में "विकल्प के युग" का प्रारम्भ होने से बीजों की प्रारंभिक अवस्था के जननिक प्रयोग ने इस प्रकार देश के किसानों के लिए नए द्वार खोले। दुर्भाग्यवश, बीज-क्रांति, कृषि अर्थव्यवस्था के केवल मोटे अनाज के खण्ड को सम्मिलित करने के बाद क्षीण हो गई प्रतीत होती है। कृषि अर्थव्यवस्था के दालों, तिलहनों, सब्जियों और फलों जैसे महत्वपूर्ण खण्ड उन्नत बीज प्रौद्योगिकी के लाभों से वंचित हैं।

44. बड़ी और बढ़ती हुई जनसंख्या और इससे भी महत्वपूर्ण आय-स्तरों में वृद्धि के अनुसार मोटे अनाजों की अपेक्षा मोटे अनाजों से भिन्न अनाजों की अधिमानता में, अन्तरण होने से सब्जियों और फलों की मांग बढ़ रही है जिनका आम उपभोक्ता की खपत क्षमता में अब महत्वपूर्ण स्थान है। कीमतों की अनिश्चित स्थिति और फलों और सब्जियों की कीमतों में होने वाले काफी अधिक मौसमी परिवर्तन अब चिन्ता उत्पन्न कर रहे हैं। चालू वित्तीय वर्ष और पिछले वर्षों में भी मूल्यों में अधिकांश उर्ध्व प्रवृत्ति

का कारण बहुत हद तक सब्जियों और फलों तथा दालों की कीमतों में होने वाली अधिक वृद्धि रही ।

45. सब्जियों और फलों तथा दालों के लिए उपयुक्त बीज प्रौद्योगिकी विकसित करने में देशी प्रयास धीमा अथवा असफल है । इसलिए विशेषकर सब्जियों तथा फलों, जिसके लिए संसाधन अब कोई बाधा नहीं रह गए हैं, के लिए विश्वव्यापी रूप से अच्छे किस्म के बीजों का पता लगाने में कोई हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए क्योंकि ऐसे आयात मोटे अनाजों से भिन्न फसलों के वाणिज्यिक उत्पादन को बढ़ाने में सहायक होंगे ।

46. गेहूं, धान, मोटे अनाजों, दालों और बुआई के लिए चारे के बीजों का आयात करने की अनुमति वर्ष 1988 में तैयार की गई बीज नीति के उपबंधों की पूर्ति करने पर लाइसेंस के बिना दी जाती है । तथापि, गेहूं और धान का थोक आयात बीज नीति के अन्तर्गत आवश्यक नहीं माना जाता है क्योंकि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का आई० आर०आर० आई०, मनीला और सी०आई०एम०एम०वाई०टी०, मेक्सिको से अनुसंधान संबंधी प्रभावी सहयोग है ।

47. सब्जियों, फूलों, फलों और पौधों के बीजों, कन्दों, कतरनों, पौधों और बुआई तथा रोपण के लिए फूलों तथा फलों की कलमों के आयात के लिए पौधा, फल और बीज आदेश, 1989 के उपबंधों के अनुसार लाइसेंस के बिना अनुमति दी जाती है ।

48. वर्ष 1993-94 के दौरान 61 लाख क्विंटल प्रमाणीकृत अच्छी किस्म वाले बीजों का वितरण किया गया था । आठवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक इसके 70 लाख मी० टन के स्तर तक पहुंच जाने की आशा है । विभिन्न फसलों के अन्तर्गत उच्च उत्पादक किस्म की बीजों के अधीन आने वाले क्षेत्रों और कुल क्षेत्र में उनके हिस्से का विवरण सारणी 7.8 में सूचीबद्ध किया गया है ।

सारणी 7.8

बीजों की अधिक उपज देने वाली किस्मों के अन्तर्गत क्षेत्र

फसल		1966-67	1988-89	1989-90	1990-91	1991-92*	1992-93**	1993-94 (लक्ष्य)
1	2	3	4	5	6	7	8	9
				(दस लाख हेक्टेयर)				
धान	0.9	25.4	26.2	27.4	28.0	27.5	28.9	32.8
गेहूं	0.5	20.2	20.3	21.0	20.5	21.7	22.0	23.3
ज्वार	0.2	6.1	6.9	7.1	6.8	6.9	6.88	7.0
बाजरा	0.1	5.9	5.6	5.7	5.4	5.6	5.1	6.2
मक्का	0.2	2.5	2.3	2.6	2.8	2.6	2.7	2.9
रागी	—	—	—	1.2	1.2	1.1	1.2	1.3
जोड़	1.9	60.1	61.2	65.0	64.7	65.4	66.6	73.5
	(फसल के अन्तर्गत कुल क्षेत्र की तुलना में अधिक उपज देने वाली किस्मों के क्षेत्र की प्रतिशतता)							
धान	2.6	60.9	62.1	64.2	65.7	65.9	68.8	
गेहूं	3.9	83.8	86.4	86.9	88.1	88.2	. 4	
ज्वार	1.1	41.8	46.6	49.4	53.0	53.1	52.7	
बाजरा	0.8	49.2	51.4	54.4	53.8	52.8	53.7	
मक्का	3.9	42.4	39.0	44.1	47.8	43.6	45.1	
रागी	—	—	—	55.3	56.3	57.6	62.8	

*संशोधित **प्रत्याशित

49. समय-समय पर यथासंशोधित बीज अधिनियम, 1966 और बीज नियम, 1986 के प्रावधानों के अंतर्गत बीज का गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित किया जाता है । बीज अधिनियम और नियम के प्रावधान राष्ट्रीय स्तर के दो शीर्ष निकायों, केन्द्रीय बीज समिति एवं केन्द्रीय बीज प्रमाणन बोर्ड (सी०एस०सी०बी०) और राज्य स्तर की बीज उप-समितियों द्वारा प्रशासित किए जाते हैं ।

उर्वरक

50. भारतीय कृषि में फसल उत्पादन की दरों को बढ़ाने में रासायनिक उर्वरक एक आधारभूत आदान सिद्ध हुआ है । रासायनिक उर्वरकों की खपत जो 1955-56 में पोषक तत्वों के रूप में केवल 0.13 मिलियन मी० टन थी, 1993-94 में पोषक तत्वों के रूप में बढ़कर 12.4 मिलियन मी० टन हो गई । वर्ष 1986-87 से देश में उर्वरकों की खपत की प्रगति सारणी 7.9 में सूचीबद्ध है ।

सारणी 7.9

रासायनिक उर्वरकों की खपत

(दस लाख मी० टन पोषक तत्व)

वर्ष	नाइट्रोजन (एन०)	फास्फेट (पी०)	पोटाश (के०)	जोड़ एन०पी०के०
1986-87	5.7	2.1	0.9	8.7
1987-88	5.7	2.2	0.9	8.8
1988-89	7.3	2.7	1.1	11.1
1989-90	7.4	3.0	1.2	11.6
1990-91	8.0	3.2	1.3	12.5
1991-92	8.0	3.3	1.4	12.7
1992-93	8.4	2.9	0.9	12.2
1993-94	8.8	2.7	0.9	12.4
1994-95*	9.9	3.1	1.1	14.1

*अनुमानित

51. तीन प्राथमिक पौध पोषक तत्वों—नाइट्रोजन (एन०) फास्फेट (पी०) और पोटाश (के०) के उचित मिश्रण (अनुपात) की खपत फसल उत्पादन को बढ़ाने के लिए अनिवार्य है। देश के लिए समग्र रूप से एन०पी०के० का कुल सही अनुपात 4:2:1 है लेकिन अखिल भारतीय एन०पी०के० खपत अनुपात इस आदर्श प्रतिमान की तुलना में काफी भिन्न है। (सारणी 7.10)

सारणी 7.10

भारत में एन०पी०के० का खपत अनुपात

वर्ष	नाइट्रोजन	फास्फेट	पोटाश
1955-56	10.8	1.3	1
1960-61	7.2	1.8	1
1965-66	7.5	1.7	1
1980-81	5.9	1.9	1
1985-86	7.0	2.5	1
1991-92	5.9	2.4	1
1992-93	9.5	3.2	1
1993-94	9.3	3.0	1

52. एन०पी० खपत अनुपात वर्ष 1980-81 में 5.9:1.9 था, जो 1991-92 में थोड़ा घटकर 5.9:2.4 हो गया था। तथापि, वर्ष 1992-93 और 1993-94 के दौरान यह प्रवृत्ति विपरीत हो गई लगती है क्योंकि 1992-93 और 1993-94 में नाइट्रोजन और फास्फेट का अनुपात बढ़कर क्रमशः 9.5: 3.2 और 9.3:3 हो गया था।

53. सारणी 7.10 से पता चलता है कि एन०पी०के० अनुपात में, जो अगस्त, 1992 में उर्वरकों के विनियंत्रण से पूर्व प्रायः सही स्तर पर था, विनियंत्रण के पश्चात काफी अन्तर आया है। इस प्रतिकूल प्रवृत्ति को रोकने और नियंत्रित उर्वरकों पर बढ़ते हुए आर्थिक सहायता बिल को नियंत्रित रखने के लिए 10 जून, 1994 से यूरिया की कीमत 20 प्रतिशत बढ़ा दी गई। इसके अलावा, कम विश्लेषित नाइट्रोजनी उर्वरकों अर्थात् कैल्शियम, अमोनियम नाइट्रेट,

अमोनियम सल्फेट और अमोनियम क्लोराइड के मूल्यों को भी उसी तारीख से विनियंत्रित किया गया। तथापि, विनियंत्रित फास्फेटी और पोटाशी उर्वरकों पर विशेष रियायत देने की स्कीम लगातार तीसरे वर्ष चल रही है।

54. वर्ष 1993-94 के दौरान नाइट्रोजनी और फास्फेटी उर्वरकों का उत्पादन लगभग 9.05 मिलियन मी० टन हुआ, जो कि 1992-93 की तुलना में लगभग 7.1 प्रतिशत कम है। तथापि, 1994-95 में नाइट्रोजनी और फास्फेटी उर्वरकों के उत्पादन में 10 मिलियन मी० टन 78.2 लाख मी० टन नाइट्रोजन और 23 लाख मी० टन फास्फेट से अधिक वृद्धि होने की आशा वर्ष 1987-88 से उत्पादन, आयात और आर्थिक सहायता के ब्यौरे सारणी 7.11 में दिए गए हैं।

सारणी 7.11

उर्वरक उत्पादन, आयात और आर्थिक सहायता

वर्ष	उत्पादन (एन+पी) (हजार मी०टन०)	आयात (एन+पी+के) (हजार मी०टन०)	आर्थिक सहायता आयातित उर्वरकों पर	देशी उर्वरकों पर	(करोड़ रुपए) जोड़
1987-88	7131	984	114	2050	2164
1988-89	8964	1608	201	3000	3201
1989-90	8543	3114	771	3771	4542
1990-91	9045	2758	659	3730	4389
1991-92	9863	2769	1300	3500	4800
1992-93	9736	2988	996	4800	5796
1993-94	9047	3166	600	3800	4400 *
1994-95	10120	1518*	500**	3500**	4000*

*इसमें पोषक तत्व के रूप में यूरिया का आयात शामिल है, जो सरकारी खाते में आयातित एकमात्र नियंत्रित उर्वरक है।

** (बजट व्यवस्था)

55. आयातित यूरिया के मूल्य में वृद्धि और खपत में वृद्धि होने के अलावा, मुख्यतया यूरिया के लिए प्रतिधारण मूल्य व आर्थिक सहायता स्कीम के अंतर्गत छठी निर्धारण अवधि के लिये नीति पैरामीटरों को अंतिम रूप दिये जाने के कारण वर्ष 1994-95 में उर्वरक संबंधी आर्थिक सहायता 4000 करोड़ रुपए की बजट राशि से अधिक हो जाने की संभावना है। चालू वित्तीय वर्ष में यूरिया का मूल्य 3320 रुपए प्रति मी० टन तक बढ़ने (20 प्रतिशत वृद्धि) और कम विश्लेषित उर्वरकों (सी०ए०एम०, अमोनियम क्लोराइड और अमोनियम सल्फेट) के विनियंत्रण से आर्थिक सहायता के बोझ के कुछ भाग को प्रतिसंतुलित करने में अवश्य मदद मिलेगी।

56. देशी उर्वरक उद्योग को गैर-नाइट्रोजनी उर्वरकों के विनियंत्रण और असरणीकरण तथा वर्ष 1992-93 में किये गये व्यापार नीति संबंधी परिवर्तनों की वजह से और अधिक प्रतियोगिता का सामना करना पड़ रहा है। डाई-अमोनियम फास्फेट (डी०ए०पी०) के विनिर्माण में प्रयोग किये जाने वाले मुख्य मध्यवर्ती पदार्थ फास्फोरिक अम्ल के आयात पर सीमा शुल्क को सितम्बर, 1993 में समाप्त कर दिया गया था ताकि देशी फास्फेटी उद्योग उत्पादन लागत को कम कर सकें। इसके अलावा, इसे अपेक्षाकृत सस्ते आयातों से प्रतिस्पर्द्धा करने में समर्थ बनाने के लिये विनियंत्रित उर्वरकों पर विशेष रियायतें देने की स्कीम 1993-94 से आगे देशी डाई-अमोनियम सल्फेट (डी०ए० पी०) और सिंगनल सल्फेट फास्फेट (एस० एस० पी०) सहित मिश्रित उर्वरकों तक सीमित कर दी गई है। तथापि, यह रियायत आयातित म्यूरेट आफ पोटाश (एम० ओ० पी०) की बिक्री पर भी उपलब्ध है क्योंकि देश में पोटाश का कोई ज्ञात और उपयोग में लाया जाने वाला भण्डार न होने के कारण म्यूरेट आफ पोटाश का पूरी मात्रा में आयात किया जाता है।

57. उर्वरक संयंत्रों की पूंजी संबंधी लागत को कम करने के दीर्घावधिक उपाय के तौर पर, नये उर्वरक संयंत्र स्थापित करने तथा नवीकरण और आधुनिकीकरण कार्यक्रमों के लिए आवश्यक पूंजीगत वस्तुओं के आयात पर सीमा शुल्क 23 सितम्बर 1992 से समाप्त कर दिया गया।

वनस्पति रक्षण

58. पारिस्थितिक प्रणाली और पर्यावरण की सुरक्षा की दृष्टि से आठवीं योजना अवधि के दौरान समूचे फसल

उत्पादन कार्यक्रमों में एकीकृत कीट प्रबंध (आई॰पी॰ एम॰) को मुख्य क्षेत्र के रूप में अपनाने की नीति रही है। 1993-94 में कीटनाशियों की खपत 83000 मी॰ टन होने का अनुमान लगाया है जबकि 1992-93 में यह 69463 मी॰ टन थी। कीटनाशियों की अधिकांश जरूरत देशी उत्पादन से पूरी की जाती है। वर्ष 1993-94 के दौरान चावल और कपास के लिए एकीकृत कीट प्रबंध (आई॰ पी॰ एम॰) में करीब 5000 विस्तार कार्यकर्ताओं और 3000 कृषकों को प्रशिक्षित किये जाने की योजना बनाई गई है।

59. राज्य प्राधिकारियों के साथ एकीकृत कीट प्रबंध (आई॰ पी॰ एम॰) प्रशिक्षण/प्रदर्शन कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने के लिये मार्च, 1994 में एकीकृत कीट प्रबन्ध पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसी प्रकार, जैव कीटनाशियों के प्रयोग के संबंध में भी सक्रिय रूप से अध्ययन किया जा रहा है। भारत में एकीकृत कीट प्रबन्ध (आई॰ पी॰ एम॰) को बढ़ावा देने के लिये खाद्य और कृषि संगठन (एफ॰ ए॰ ओ॰) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यू॰ एन॰ डी॰ पी॰) और एशियाई विकास बैंक (ए॰ डी॰ बी॰), सी॰ ए॰ बी॰ आई॰ जैसी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों की तकनीकी और वित्तीय सहायता की मांग की जा रही है।

कृषि ऋण

60. कृषि उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए किसानों को यथा-समय और पर्याप्त ऋण प्रदान करने के लिये कृषि ऋण नीति का उतरोतर संस्थायीकरण किया गया है। लघु और सीमांत किसानों तथा अन्य कमजोर वर्गों को आधुनिक प्रौद्योगिकी और उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाने में समर्थ बनाने के लिये उन्हें संस्थागत ऋण बेहतर ढंग से उपलब्ध कराना इस नीति का मुख्य लक्ष्य रहा है।

61. कृषि ऋण एक बहु-एजेंसी नेटवर्क के जरिये संवितरित किया जाता है, जिनमें वाणिज्यिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और सहकारी समितियां शामिल हैं। विभिन्न संस्थागत स्रोतों से कृषि ऋण की मात्रा 1985-86 के 7005 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1992-93 में 13000 करोड़ रुपए कर दी गई है। वर्ष 1994-95 के लिये ऋण संवितरण का लक्ष्य 16700 करोड़ रुपए का है। कृषि ऋण का वर्ष 1987-88 से 1993-94 तक एजेंसीवार संवितरण और 1994-95 के लक्ष्य सारणी 7.12 में दर्शाए गए हैं।

सारणी 7.1 2

कृषि ऋण का संवितरण

(करोड़ रुपए)

मद	1987-88	1988-89	1989-90	1990-91[1]	1991-92[1]	1992-93[1]	1993-94[1]	1994-95 (लक्ष्य)
1	2	3	4	5	6	7	8	9
सहकारी समितियां								
अल्पावधिक	3824	4087	3995	2822	3950	4900	6000	6600
मध्यावधिक	688	809	577	366	391	182	461	
दीर्घावधिक	734	655	684	785	1005	1213	2039	3000
उप-जोड़	5246	5551	5256	3973	5346	6295	8500	9600
वाणिज्यिक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक								
अल्पावधिक और सावधिक ऋण	4009	4234	4930	5010	5962	6705	6600	7100
कुल जोड़	9255	9785	10186	8983	11308	13000	15100	16700

अनंतिम

62. सहकारी समितियों ने कृषि क्षेत्र में उत्पादन और निवेश दोनों के लिए ऋण के प्रवाह में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कुल संवितरणों का 57.5 प्रतिशत ऋण सहकारी समितियों और 37.5 प्रतिशत वाणिज्यिक बैंकों द्वारा तथा 5 प्रतिशत क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा अल्पकालीन (उत्पादन) अग्रिमों के रूप में दिए जाते हैं। मध्यावधिक/दीर्घावधिक (निवेश) ऋण के मामले में कुल संवितरणों में सहकारी समितियों का हिस्सा 30 प्रतिशत है जबकि वाणिज्यिक बैंकों का 65 प्रतिशत और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का 5 प्रतिशत है। हालांकि कृषि ऋण में सहकारी समितियों के शेयर में 1991-92 तक कमी की प्रवृत्ति दिखाई दी थी। लेकिन उसके पश्चात् इसमें बहुत तेजी से सुधार हुआ है। अल्पावधिक अग्रिमों के लिये 88000 प्राथमिक कृषि समितियों और दीर्घावधिक ऋण के लिये 2258 प्राथमिक एककों के साथ मिलकर सहकारी ऋण संस्थाओं का नेटवर्क देश के दूर-दराज के इलाकों में किसानों को ऋण पहुंचाने में सहायता करता रहा है।

63. कृषि ऋण में व्यापक वृद्धि के बावजूद अतिदेयताओं की एक गंभीर समस्या है, जिससे ऋण विस्तार और ऋण-दाता संस्थाओं, विशेष रूप से सहकारी समितियों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की आर्थिक व्यवहार्यता में बाधा आई है। वर्ष 1990 में कृषि ऋणों को माफ कर देने से वसूली की समस्या और बढ़ गई है। सरकार ने कृषि ऋण पुनरीक्षा समिति की सिफारिश पर सहकारी समितियों का पुनरुद्धार करने के लिए कतिपय उपाय भी शुरू किए हैं। इन उपायों में राज्य सहकारी कानूनों में संशोधन, सहकारी निकायों के चुनाव करवाना और व्यापार विकास योजना के माध्यम से प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का पुनरुद्धार शामिल है। सरकार सहकारी ऋण तंत्र का पुनः प्रवर्तन करने के लिए एक व्यापक स्कीम शुरू करने पर भी विचार कर रही है। नाबार्ड ने भी सहारी ऋण तंत्र को सुदृढ़ करने हेतु सहकारी ऋण संस्थाओं के लिए विकासात्मक कार्रवाई योजनाएं (डी. ए. पी. एस.) तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की है ताकि इसे व्यवहार्य और आत्मनिर्भर बनाया जा सके। अक्तूबर 1994 में भारतीय रिजर्व बैंक ने उधार देने (बशर्ते कि यह कम स कम 12 प्रतिशत हो) और जमाराशि बढ़ाने हेतु सहकारी समितियों के लिए ब्याज दर की संरचना को पूर्णतया विनियंत्रित कर दिया है। इससे सहकारी बैंकों की व्यवहार्यता में काफी सुधार होने की आशा है।

फसल बीमा

64. खरीफ 1985 से 1993-94 के रबी मौसम के अंत तक 7.20 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में 414 लाख किसानों को व्यापक फसल बीमा योजना (सी.सी.आई.एस.) के अन्तर्गत शामिल किया गया है, जिसकी बीमा राशि 10004 करोड़ रुपए है। जून, 1994 के अंत तक किसानों को 963 करोड़ रुपए की रकम के दावों का भुगतान किया गया) जिसमें आधे से ज्यादा रकम के दावे केवल गुजरात के ही थे) जबकि इसकी तुलना में प्रीमियम आय 167 करोड़ रुपए थी।

निवेश

65. वर्ष 1980-81 से सरकारी व्यय का अधिक हिस्सा निवेश की बजाय उर्वरक, सिंचाई, विद्युत, ऋण और अन्य कृषि संबंधी निविष्टियों के लिए आर्थिक सहायता के बढ़े हुए स्तर के रूप में इस समय खर्च हुआ। चालू व्यय (केन्द्र और राज्यों का विकासात्मक राजस्व व्यय) पर उपलब्ध आंकड़े और कृषि में सकल पूंजी निर्माण (जी०सी०एफ०) वर्ष 1993-94 में स्वागत योग्य बदलाव सहित चालू व्यय की तुलना में निवेश के अनुपात (जी०सी०एफ०) में गिरावट की प्रवृत्ति दर्शाते हैं (सारणी 7.13 और चित्र 7.7)।

66. वर्ष 1945-46 के पूर्व, सरकारी सिंचाई स्कीमों ने कार्यशील व्यय, ब्याज प्रभार को पूरा करने और अनुत्पादक कार्यों में हानियां समंजित करने के बाद अधिशेष प्रदर्शित किया। तब से इस परिदृश्य में नाटकीय परिवर्तन हुए हैं। उदाहरणार्थ, वर्ष 1989-90 में सिंचाई क्षेत्र द्वारा उठाई गई वित्तीय हानि (कार्यशील व्यय और संग्रहित राजस्व के बीच अन्तर) का अनुमान ब्याज प्रभार को छोड़कर 3600 करोड़ रुपए और निवेश पर ब्याज सहित 8900 करोड़ रुपए लगाया गया था। औसतन सिंचाई के प्रति हेक्टयर (कमान) 149 रुपये की हानि उठाई जा रही है। विद्युत क्षेत्र में राज्य विद्युत बोर्डों द्वारा कृषि क्षेत्र को औसत लागत से कम पर बेचे गए विद्युत के कारण वास्तविक रूप से उठाई गई क्षति की राशि वर्ष 1992-93 में काफी अधिक 7205 करोड़ रुपये थी। वर्ष 1993-94 में इसके 8888 करोड़ रुपए होने की अनुमान है। संशोधित अनुमानों के अनुसार यह वर्ष 1994-95 में 10113 करोड़ रुपए भी हो सकता है।

67. वास्तविक रूप में कृषि में (1980-81 की कीमतों पर) सकल निवेश अवरुद्ध हो गया है। यह वर्ष 1980-81 में 4636 करोड़ रुपए और वर्ष 1992-93 (वास्तविक) में 4617 करोड़ रुपये था। वर्ष 1980-81 में कुल सकल घरेलू पूंजी निर्माण के 18 प्रतिशत से गिरकर यह वर्ष 1992-93 में 9 प्रतिशत हो गया है। सरकारी क्षेत्र द्वारा कृषि में वास्तविक पूंजी निर्माण में और अधिक गिरावट दिखाई देती है क्योंकि यह वर्ष 1980-81 में 1796 करोड़ रुपए की तुलना में वर्ष 1992-93 में कम होकर 1065 करोड़ रुपए हो गई है। कृषि में निजी क्षेत्र का वास्तविक निवेश सापेक्ष रूप में वर्ष 1980-81 में 2840 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 1992-93 में 3552 करोड़ रुपए हो गया है। यद्यपि कुल सकल घरेलू पूंजी निर्माण में इसका हिस्सा इस अवधि के दौरान काफी कम हुआ है। कुल सकल पूंजी निर्माण में निजी निवेश का घटता हुआ हिस्सा यह सुझाव देता प्रतीत होता है कि कृषि क्षेत्र अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों की तुलना में निजी निवेश के लिए सापेक्षतया

सारणी 7.13

कृषि में सकल पूंजी निर्माण और चालू सरकारी (केन्द्र और राज्य) व्यय
(चालू मूल्यों पर)

(करोड़ रुपए)

वर्ष	सकल पूंजी निर्माण		चालू व्यय 2	अनुपात (कालम 3+4
	1980-81 के मूल्यों पर	चालू मूल्यों पर		
1	2	3	4	5
1987-88	4414	8389	11201	0.75
1988-89	4347	9062	13545	0.67
1989-90	4353	10025	16692	0.60
1990-91	4593	11592	18867	0.61
1991-92	4497	12837	26174	0.49
1992-93	4617	14462	27552 (सं. अनु.)	0.52
1993-94	4695	15642	24383 (ब. अनु.)	0.64

1. ये आंकड़े सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्रों के लिए हैं।

2. चालू व्यय में केन्द्र और राज्यों का कृषि और सम्बद्ध सेवाओं, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण, विद्युत और उर्वरक संबंधी आर्थिक सहायता पर विकासात्मक राजस्व व्यय शामिल है। इसमें सरकारी क्षेत्र के गैर-विभागी वाणिज्यिक और गैर-सरकारी उद्यमों द्वारा किया गया व्यय शामिल नहीं है।

चित्र 7.7 सरकार (केन्द्रीय-राज्य) के वर्तमान व्यय की तुलना में कृषि में कुल पूंजी निर्माण



कम आकर्षक है। यह कृषि क्षेत्र में अधिक निजी निवेश आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहनों पर जोर देने की आवश्यकता का सुझाव देता है। कृषि में निजी निवेश में वृद्धि की संभावना कृषि प्रसंस्करण के विकास की गति और मूल्यवर्धित गैर-पारम्परिक कृषि उत्पादों के निर्यात पर भी निर्भर होगी।

68. शैक्षणिक और नीति-निर्माण स्तरों पर कृषि निविष्टियां संबंधी आर्थिक सहायता (विशेषकर विद्युत और जल) के बढ़ते हुए बोझ को बदलने की आवश्यकता पर लगातार चर्चा होती रही है। यह इस तथ्य से प्रेरित है कि धीरे-धीरे कम की गई आर्थिक सहायता का बोझ कृषि में सरकारी निवेश की घटती हुई प्रवृत्ति को बदलने के लिए आवश्यक संसाधन निर्मित करेगा, क्योंकि कृषि में निवेश की समस्या संसाधन की कुल उपलब्धता की समस्या कम और चालू व्यय तथा पूंजी निर्माण के बीच वितरण की समस्या अधिक है। यह भी महसूस किया जाता है कि निजी क्षेत्र द्वारा निवेश बढ़ाने की संभावना है बशर्ते कि नीति संबंधी प्रोत्साहनों को विशेषकर निर्यातोन्मुख कृषि उद्यमों में प्रभावी बनाया जाए।

कृषि अनुसंधान और विस्तार

69. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एक प्रमुख शीर्ष संस्था है जो कृषि अनुसंधान और शिक्षा में विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए जिम्मेदार है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आई०सी०ए०आर०) भिन्न-भिन्न कृषि जलवायु वाले प्रदेशों में स्थित अनुसंधान संस्थानों और राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के नेटवर्क के जरिए फसल विज्ञान, मृदा-कृषि विज्ञान, पशु पालन और मात्स्यकी में कृषि के लिए प्रौद्योगिकियों का विकास करने और प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण के माध्यम से उनका प्रयोग करने में सफल रहा है। सत्तर के दशक में हरित क्रांति लाने में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की भूमिका इसकी एक सबसे बड़ी उपलब्धि है।

70. सरकार ने उत्तर-पूर्वी राज्यों और अन्य संघ राज्य क्षेत्रों सहित प्रमुख राज्यों में विस्तार सेवाओं को पुनर्गठित किया है। केन्द्रीय और राज्य क्षेत्र में प्रशिक्षण संबंधी आधारभूत ढांचे का पर्याप्त विकास किया गया है। विभिन्न स्तरों पर विस्तार कार्मिकों के प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान, 15 उच्च प्रशिक्षण संस्थानों और 4 विस्तार शिक्षा संस्थानों की स्थापना की गई है। वर्ष 1994-95 से दो नई स्कीमें अर्थात् "स्वैच्छिक संगठन के माध्यम से कृषि विस्तार और "कृषि में महिलाएं" नामक दो नई स्कीमें लागू की गई हैं।

सम्बद्ध क्षेत्र

पशु पालन और डेरी विकास

71. पशु पालन विकास ने बढ़ती हुई और विविध कृषि के एक अभिन्न अंग के रूप में समूची अर्थव्यवस्था में

परिकल्पना से अधिक बड़ी भूमिका निभाई है। इस समय इस क्षेत्र का योगदान कृषि उत्पाद के सकल मूल्य के 25 प्रतिशत से अधिक है। भारत की विशाल पशुधन संख्या में दुग्ध, अण्डा, मांस, ऊन आदि की घरेलू मांग को पूरा करने की भारी क्षमता है। यह क्षेत्र विशेष रूप से सीमांत और लघु किसानों तथा कृषि श्रमिकों के लिए नए रोजगार का स्रोत माना जाने लगा है क्योंकि इससे उन्हें पारिवारिक आय बढ़ाने के लिए सहायक रोजगार मिलता है।

72. इस क्षेत्र से उत्पाद का सकल मूल्य 1992-93 में 58800 करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जो भारवाही पशु उत्पाद के योगदान को छोड़कर कुल कृषि उत्पाद के मूल्य के एक चौथाई से अधिक है।

73. वर्ष 1993-94 में दुग्ध उत्पादन 60.2 मिलियन मी० टन हुआ जो 1992-93 की तुलना में करीब 4.6 प्रतिशत अधिक था। दुग्ध उत्पादन में भारत का विश्व में दूसरा स्थान है। दुग्ध उत्पादन के स्तर को बढ़ाने में सफलता का श्रेय आपरेशन फ्लड परियोजना को जाता है जो राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एन०डी०डी०बी०) द्वारा 1970 में शुरू किया गया विश्व का सबसे बड़ा एकीकृत डेरी विकास कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम बुनियादी रूप से ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों को शहरी उपभोक्ताओं से जोड़ने के लिए तैयार किया गया है और इस समय यह कार्यान्वयन के तीसरे चरण में है। 170 दुग्ध शेडों में 68900 से अधिक डेरी सहकारी समितियां गठित की गई हैं, जिनमें सितम्बर, 1994 तक करीब 88 लाख किसान सदस्य शामिल थे।

कुक्कुट पालन

74. कुक्कुट मानव उपयोग हेतु कम महत्व के आहार को न्यूनतम समय में अधिक महत्व वाले पोषाहार में बदलने का एक सर्वाधिक सक्षम परिवर्तक है। यह फार्म अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण घटक बनता जा रहा है क्योंकि यह समाज के कमजोर वर्गों को अतिरिक्त आय और रोजगार के अवसर प्रदान करता है। इसकी मुख्य कार्यनीति यह है कि बढ़िया किस्म के चूजों की उपलब्धता और सहायक सुविधाओं जैसे कि संचयन, विपणन, संतुलित चारा, स्वास्थ्य-रक्षा और अन्य आधारभूत सुविधाओं को बढ़ाकर अण्डों और कुक्कुट मांस के उत्पादन में वृद्धि की जाए। देश में पचास के दशक से अण्डों का उत्पादन बारह गुना बढ़ गया है जो कि 1950-51 में 1832 मिलियन से बढ़कर 1993-49 में अनुमानतः 23718 मिलियन हो गया था।

मत्स्य उद्योग

75. मत्स्य उद्योग अर्थव्यवस्था में बिस्तृत तटीय जनसंख्या के लिए रोजगार का सृजन करने, पोषाहार स्तरों को बढ़ाने, खाद्य आपूर्ति में तेजी लाने और विदेशी मुद्रा अर्जित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा तैयार किए गए तुरन्त अनुमानों के अनुसार चालू कीमतों पर निवल घरेलू उत्पाद में मत्स्य उद्योग क्षेत्र के योगदान में चार गुना वृद्धि हुई है जो कि वर्ष 1984-85 में 1478 करोड़ रुपए थी और 1992-93 में 5860 करोड़ रुपए हो गयी।

76. देश में मत्स्य उत्पादन जो 1950-51 में 7.5 लाख मी० टन था 1993-94 के दौरान बढ़कर 46.8 लाख मी० टन हो गया। 1984-85 से 1993-94 की अवधि के दौरान मत्स्य उत्पादन की औसत वार्षिक वृद्धि दर 6 प्रतिशत है। इस अवधि के दौरान समुद्री और अंतर्देशीय मत्स्य उद्योग की वृद्धि दरें प्रतिवर्ष क्रमशः 5.5 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत रही है। मत्स्य उत्पादन और निर्यात की प्रवृत्ति सारणी 7.14 में देखी जा सकती है

सारणी 7.14

मत्स्य उत्पादन और समुद्री उत्पादों का निर्माण

वर्ष	मत्स्य उत्पादन			समुद्री उत्पादों का निर्यात	
	समुद्री (लाख मी० टन)	अंतर्देशीय	कुल	मात्रा (लाख मी० टन)	मूल्य (करोड़ रुपए)
1	2	3	4	5	6
1989-90	22.75	14.02	36.77	1.11	634.99
1990-91	23.00	15.36	38.36	1.39	893.37
1991-92	24.47	17.09	41.56	1.72	1375.89
1992-93	25.76	17.89	43.65	2.09	1767.43
1993-94	26.88(अ)	19.93(अ)	46.81(अ)	2.44	2503.62
1994-95	27.30(ल)	20.20(ल)	47.50(ल)	2.87(ल)	3120.00(ल०)

अ: अनन्तिम ल: लक्ष्य

77. 1994-95 में मत्स्य उत्पादन का लक्ष्य 47.5 लाख मी. टन है जिसमें 27.3 लाख मी. टन समुद्री स्रोतों और 20.2 लाख मी. टन अन्तर्देशीय जलाशयों से प्राप्त होगा। मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के लिए कृषि और सहकारिता विभाग ने अनेक स्कीमें शुरू की हैं। ये स्कीमें हैं : मत्स्य पालक विकास एजेंसियों के जरिए मीठे पानी में मत्स्य पालन का विकास, मत्स्य संघटक के रूप में खारा पानी मत्स्य पालक विकास, एजेंसियों के जरिए खारे पानी में मत्स्य पालन विकास, तटीय समुद्री मत्स्य उद्योग विकास योजना के अंतर्गत आधुनिकीकृत मत्स्य नौकाओं की शुरुआत करना ताकि मछुआरे अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार कर सकें तथा अपतटीय जल क्षेत्र में मछली पकड़ सकें और समुद्र में मछली पकड़ने के लिए कुल 20 मी. लंबाई की पंजीकृत नौका के लिए प्रयोग किए जाने वाले डीजल पर उत्पाद शुल्क राहत। आंध्र प्रदेश, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल राज्यों में झींगा पालन के विकास और इन तीन राज्यों के अलावा, बिहार और उत्तर प्रदेश में अन्तर्देशीय मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के लिए विश्व बैंक की सहायता से झींगा और मत्स्य पालन परियोजना कार्यान्वित की जा रही है।

कृषि विपणन

78. देश में फार्म उत्पादों का विपणन कुल मिलाकर आपूर्ति और मांग की सामान्य मान्यताओं के तहत किया जाता है। निजी व्यापार देश की विपणन प्रणाली का केन्द्र बिन्दु है। सरकार का हस्तक्षेप मुख्यतया उत्पादकों और उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण करने और देश में कृषि जिंसों के संगठित विपणन को बढ़ावा देने तक सीमित है। इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु अधिकांश राज्य सरकारों ने कृषि उत्पाद संबंधी बाजारों के विनियमन हेतु आवश्यक कानून बनाए हैं।

79. 31 मार्च, 1994 की स्थिति के अनुसार देश में विनियमित बाजारों की संख्या 6809 थी। केन्द्र सरकार ने बाजारों में अवसंरचनात्मक सुविधाओं का सृजन करने तथा गांवों में गोदाम की स्थापना करने के लिए सहायता प्रदान की है। कृषि उत्पाद (श्रेणीकरण एवं अंकन) अधिनियम, 1937 के तहत 150 कृषि एवं सम्बद्ध जिंसों के लिए मानक निर्धारित किए गए हैं। 31 मार्च, 1994 की स्थिति के अनुसार देश में 3124 लाइसेंसशुदा शीतागार हैं जिनकी संस्थापित क्षमता 8.174 मिलियन मी० टन है। सहकारी क्षेत्र के अधीन शीतागार की स्थापना को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम ने मार्च, 1994 के अंत तक 243 शीतागारों जिनकी संस्थापित क्षमता 7.16 लाख मी० टन होगी, की संस्थापना के लिए 74.9 करोड़ रुपए प्रदान किए हैं।

80. कृषि उत्पादों के उत्पादन, मूल्य निर्धारण और विपणन को प्रभावित करने वाली उत्पाद एवं क्षेत्र संबंधी विशिष्ट समस्याओं को हल करने के लिए इस समय कई संगठन एवं संस्थाएं कार्य कर रही हैं। इनमें कृषि लागत और मूल्य आयोग, भारतीय खाद्य निगम, भारतीय कपास निगम, भारतीय पटसन निगम और जिंस बोर्ड अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं।

81. कृषि विपणन प्राथमिक स्तर, राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर सहकारी समितियों के नेटवर्क से भी अधिक जुड़ा हुआ है। विपणन संबंधी सहकारी समितियां लगभग सभी "मंडियों" में कार्य कर रही हैं। सहकारी समितियां फल एवं सब्जियों के प्रसंस्करण, गन्ने की पेराई, कपास की ओटाई और बिनौले निकालने आदि के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं।

82. राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम सहकारी समितियों के जरिए कृषि उत्पादों के उत्पादन, प्रसंस्करण, विपणन, संचयन, निर्यात और आयात के लिए कार्यक्रमों का आयोजन और संवर्धन करता है। भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लि० (नैफेड) चुनिन्दा कृषि जिंसों की अधिप्राप्ति, वितरण, निर्यात और आयात में कार्यरत एक शीर्ष सहकारी संगठन है। सहकारी क्षेत्र के कुछ अन्य संगठन राष्ट्रीय सहकारी तम्बाकू उत्पादन संघ लि०, राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ और भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लि० (ट्राइफेड) (जो विशेष रूप से जनजातीय इलाकों की विपणन संबंधी समस्याओं को हल करता है) हैं। तथापि, कृषि जिंसों के कुल विपणन में सहकारी समितियों का हिस्सा अपेक्षाकृत कम है।

83. रबड़, कॉफी, चाय, तम्बाकू, मसालों, नारियल, तेलहनों और वनस्पति तेलों, बागवानी आदि के लिए विशिष्ट जिंस बोर्ड कार्य करते आ रहे हैं। राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड भी कृषि जिंसों के विपणन में संलग्न है। कृषि संबंधी कच्ची सामग्री जैसे कि गन्ना, पटसन, तम्बाकू, तेलहन, चावल, बाजरा, कपास, दालें, काजू, कोको, सुपारी, मसाले आदि के विकास की व्यवस्था करने के लिए पृथक निदेशालयों का सृजन किया गया है। इसके अलावा, विशेष जिंसों जैसे कि चावल, दालें, पटसन, बाजरा, कपास, तम्बाकू, तेलहन, गन्ना, सुपारी, कोको आदि के लिए कई विकास परिषदों की स्थापना की गई है। निर्यात के क्षेत्र में राज्य व्यापार निगम के अलावा, कुछ सम्बद्ध निकाय काजू निर्यात संवर्धन परिषद्, चपड़ा (शेलॉक) निर्यात संवर्धन परिषद, कृषि और संसाधित खाद्य निर्यात विकास प्राधिकरण हैं। कृषि उत्पादों के विपणन में सहकारी समितियों की भूमिका निरन्तर बढ़ रही है।

फार्म निर्यात

84. फार्म निर्यातों से देश की समूची निर्यात आमदनी में भारी वृद्धि होती है। चूंकि गैर-कृषि क्षेत्र की तुलना में कृषि क्षेत्र के आयात की मात्रा काफी कम है, अतः

देश को कृषि निर्यातों के जरिए अर्जित प्रति इकाई विदेशी मुद्रा में काफी अधिक लाभ होता है।

85. कृषि निर्यातों को प्रोत्साहन देने के लिए निर्यात-आयात नीति को उत्तरोत्तर युक्तिसंगत बनाया गया है। व्यापार नीति संबंधी परिवर्तनों का उद्देश्य शुल्क और गैर-शुल्क प्रतिबंधों को कम करना है, जिनसे कृषि निर्यातों के लिए नए मार्ग प्रशस्त होंगे।

86. चावल एक प्रमुख निर्यात उत्पाद बनता जा रहा है। चावल की सभी किस्मों के संबंध में न्यूनतम निर्यात मूल्य समाप्त कर दिया गया है। फल, सब्जियां और फूल अधिक क्षमता वाले गैर-पारम्परिक निर्यात उत्पाद हैं। इन उत्पादों के निर्यात में पिछले तीन वर्षों के दौरान निरन्तर वृद्धि हुई है और निगमित निवेशक भी इसकी ओर आकर्षित होने लगे हैं। पुष्पोत्पादन के क्षेत्र में कई निर्यातोन्मुखी एकक विभिन्न अवस्थाओं में पूर्ण होने वाले हैं।

87. बातचीत के उरुग्वे दौर के सफल समापन से भारत के कृषि उत्पादों की प्रतिस्पर्द्धात्मकता में सुधार होगा। विकसित देशों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने-अपने देशों में घरेलू और निर्यात संबंधी आर्थिक सहायता के विद्यमान स्तरों को कम करें। इससे प्राथमिक उत्पादों के निर्यातक देशों के लिए नए बाजार खुलने की आशा है।

88. कृषि निर्यातों (अवशिष्ट सहित कच्ची कपास को छोड़कर) में पिछले 2 वर्षों के दौरान उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है जैसाकि 1992-93 में 7430 करोड़ रुपए के मूल्य का निर्यात किया गया था जो कि 1993-94 के दौरान बढ़कर 10062 करोड़ रुपए हो गया। चालू वर्ष में निर्यात निष्पादन और भी सुदृढ़ होना चाहिए।

दृष्टिकोण

89. समूचे आर्थिक विकास में कृषि क्षेत्र एक मूलभूत भूमिका निभाता रहेगा क्योंकि सकल घरेलू उत्पाद में इस क्षेत्र का योगदान अभी भी लगभग 30 प्रतिशत है और करीब दो तिहाई जनसंख्या अब भी जीविकोपार्जन के लिए इस क्षेत्र पर आश्रित है। सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर बढ़ाने के लिए भारतीय कृषि में 3 प्रतिशत की दीर्घावधिक वृद्धि दर एक वांछनीय लक्ष्य है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृषि क्षेत्र की अति महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान करना आवश्यक होगा।

90. हाल ही के कुछ वर्षों में कृषि में निवेश की दर में आई गिरावट में सुधार करने की जरूरत है। सरकारी पूंजी परिसंपत्तियों के प्रचालन और रख-रखाव के लिए विशेष प्रावधानों की जरूरत है। सिंचाई, ग्रामीण संचार तथा भूमि और जल के अवक्रमण को रोकथाम और नियंत्रण की स्कीमों में सरकारी निवेश बढ़ाना होगा। इस प्रयोजन हेतु जल, विद्युत और उर्वरकों के लिए प्रदान की गई भारी आर्थिक सहायता को कम करके ही संसाधनों को बढ़ाया जा सकता है। कृषि में गैर-सरकारी निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए कृषि के पक्ष में सापेक्ष प्रोत्साहनों में सुधार करने के लिए सुधार नीतियों को जारी रखना चाहिए।

91. वर्षा सिंचित/शुष्क भूमि की फसलों की उपज बढ़ाने के लिए ऐसी कृषि जलवायु वाली परिस्थितियों के अनुरूप स्थान विशिष्ट किस्मों के प्रयोग पर अधिक जोर देने की जरूरत है। जल संरक्षण और विविधीकृत उत्पादन प्रणालियों के संवर्धन के लिए एकीकृत जल संभर विकास परियोजनाओं की प्रगति का बारीकी से अनुवीक्षण किया जाना आवश्यक है। भूमि कटाव, भू-अवक्रमण और अच्छी सस्य भूमि को शहरी औद्योगिक प्रयोग में लाने की निरंतर प्रक्रिया के कारण कृषि योग्य भूमि संकुचित होती जा रही है। इसलिए सीमांतिक और वर्षा सिंचित भू-जोतों में उत्पादकता बढ़ाने के लिए विभिन्न मृदा और जल संरक्षण प्रौद्योगिकियों को तेजी से अपनाए जाने की आवश्यकता है।

92. बीज क्रांति जो केवल अनाज खण्ड को शामिल करने के बाद समाप्त होती हुई लगती है, को व्यापक बनाना होगा ताकि दालें, तिलहन, सब्जियां और फल जैसे महत्वपूर्ण खण्डों को उसके दायरे में लाया जा सके। इस बात को ध्यान में रखते हुए कि औसत आय स्तरों में वृद्धि होने से अनाज-भिन्न खाद्य मदों की मांग बढ़ गई है, यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। इन जिंसों (फल, सब्जियों, तेल) की सुस्पष्ट मौसमी विशिष्टता को कम करने की जरूरत है ताकि वर्ष भर उन्नत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके और मुद्रास्फीति के दबाव कम हों। इस क्षेत्र के सफल विकास हेतु पूर्व अपेक्षित उपायों के रूप में पर्याप्त और अधिक आधुनिक संचयन और भाण्डागारण की सुविधाओं की व्यवस्था है। इसके अलावा, कृषि प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश और नई प्रौद्योगिकी के प्रयोग में तेजी लाने की जरूरत है।

93. कृषि ऋण की वर्तमान प्रणाली में पूरी तरह सुधार किए जाने की जरूरत है। लघु और गरीब किसानों को निधियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मध्यस्थता की ऊंची लागत को कम करना आवश्यक होगा।

94. कृषि उत्पादों की फसल कटाई के बाद की नई प्रौद्योगिकियों के आविर्भाव से महत्वपूर्ण वृक्ष फसलों के लिए विशेषकर उनकी बढ़ी हुई निर्यात क्षमता को देखते हुए बेहतर डाटा बेस की आवश्यकता होगी। जबकि टैरिफ, व्यापार और विनिमय दर के सुधारों ने कृषि निर्यातों के लिए प्रोत्साहनों को बढ़ाया है, कृषि उत्पादों के निर्यात को अवरुद्ध करने वाले अभी भी कई विनियमन हैं, जिन्हें धीरे-धीरे समाप्त किए जाने की जरूरत है। खाद्य प्रसंस्करण के लिए प्रौद्योगिकीय उन्नयन में निवेश के लिए उपर्युक्त नीति संबंधी प्रोत्साहनों को उच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

अध्याय 8

आधारभूत ढांचा

आधारभूत ढांचे की पर्याप्त गुणवत्ता, मात्रा और विश्वसनीयता समग्र अर्थव्यवस्था और निर्यातों की वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण निर्धारक हैं । भारत में अधिकांश आधारभूत सेवाएं अभी तक सार्वजनिक एकाधिकार और अर्ध-एकाधिकार प्राप्त उद्योगों द्वारा प्रदान की जा रही हैं और वे जबावदेही की कमी, अल्प-उत्पादकता, खराब वित्तीय निष्पादन तथा अति-रोजगार जैसी गंभीर समस्याओं से घिरी रही हैं । इसलिए तीव्र आर्थिक विकास तथा अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों का सामना करने के लिए इन क्षेत्रों में और अधिक कार्य कुशलता तथा जवाबदेही लाने, वाणिज्यिक सिद्धांतों का अधिक प्रचार करने और आधारभूत संरचनात्मक सेवाओं के प्रावधानों एवं प्रचालनों में और अधिक प्रतिस्पर्धा लाने की तत्काल आवश्यकता है । चूंकि आधारभूत क्षेत्रों में निवेश करने की सरकार की क्षमता में गंभीर अवरोध आया है इसलिए यह आवश्यक हो गया है कि प्राइवेट क्षेत्र के निवेश को तथा आधारभूत संरचनात्मक सेवाओं की व्यवस्था में भागीदारी को और अधिक प्रेरित किया जाए । प्राइवेट संभरकों का प्रवेश भी आधारभूत क्षेत्रों की जोखिम में बेहतर भागीदारी, जबावदेही, अनुवीक्षण तथा प्रबंधन को प्रोत्साहित कर सकता है ।

2. सरकार ने आधारभूत क्षेत्रों में अनेक संरचनात्मक सुधार पहले से ही आरम्भ कर दिए हैं । विद्युत क्षेत्र में प्राइवेट निवेश को आकर्षित करने के लिये एक मुश्त प्रोत्साहनों की घोषणा की जा चुकी है । इन एक मुश्त प्रोत्साहनों में विद्युत उपस्करों पर आयात शुल्कों को घटाकर 20 प्रतिशत किया जाना, नई विद्युत परियोजनाओं के लिए पांच वर्ष का करावकाश, प्रदत्त तथा अभिदत्त पूंजी पर गारन्टीशुदा 16 प्रतिशत प्रतिफल की दर और केन्द्र सरकार द्वारा प्रति-गारन्टी की व्यवस्था किया जाना शामिल है । पैट्रोलियम क्षेत्र में सरकार ने नए निवेशों को प्रेरित करने तथा परिचालनात्मक कार्य-कुशलता को प्रोत्साहित करने के लिए प्राइवेट क्षेत्र द्वारा बाजार मूल्य पर घरेलू खाना पकाने की गैस और मिट्टी के तेल जैसे कतिपय पैट्रोलियम उत्पादों का आयात करने और वितरण करने की अनुमति दी है । हाल में ही सृजित तेल और प्राकृतिक गैस आयोग लिमिटेड ने अपनी इक्विटी पूंजी के 2 प्रतिशत का पहले ही विनिवेश कर दिया है और स्वदेशी तथा विदेशी बाजारों में और 18 प्रतिशत पूंजी का विनिवेश किए जाने का प्रस्ताव है । प्राइवेट और विदेशी कम्पनियों को अब तेल और प्राकृतिक गैस आयोग अथवा आयल इंडिया लिमिटेड के साथ संयुक्त उपक्रम में तेल अन्वेषण तथा उत्पादन के साथ पेट्रोलियम उत्पादों के परिष्करण में भी अनुमति दी गयी है । स्नेहकों में घरेलू बाजार को विदेशी सहयोग के लिए खोल दिया गया है । सरकार ने 1994-95 में एक राष्ट्रीय दूर-संचार नीति घोषित की है । इसमें आधारिक दूरसंचार सेवाओं में प्राइवेट भागीदारी और 49 प्रतिशत तक विदेशी इक्विटी की अनुमति दी गयी है ।

3. वायु निगम अधिनियम, 1994 के व्यवस्थापन ने प्राइवेट हवाई टैक्सी कम्पनियों को स्वदेशी क्षेत्र में प्रचालन करने योग्य बनाया है । 1994-95 के दौरान वायुयान नियम में निर्धारित मानदण्डों का अनुपालन करने वाले 6 हवाई टैक्सी प्रचालकों को निर्धारित हवाई कम्पनी का दर्जा प्रदान किया गया है । विमानपत्तन की आधारभूत संरचना के विकास और उसके अनुरक्षण तथा प्रमुख विमान पत्तनों पर सामान के संचालन के कार्य प्राइवेट क्षेत्र की भागीदारी के लिए खोल दिये गये हैं । डाक सेवाओं में भी सरकार कमीशन के आधार पर डाक सामग्री के वितरण में प्राइवेट क्षेत्र के प्रवेश को अनुमति देते हुए अपने एकाधिकार नियंत्रण को छोड़ने पर सहमत हो गयी है । सड़कों के विकास और उनके अनुरक्षण में प्राइवेट क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ाने के लिये वर्ष 1994-95 में अनेक उपायों की घोषणा की गयी है जिसमें सड़क क्षेत्र को एक ऐसा उद्योग घोषित किया गया है जो वित्तीय संस्थाओं से उधार ले सकेगा; सड़क का उपयोग करने वालों पर मार्ग कर लगाने के लिये राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम में संशोधन और इस क्षेत्र में बड़ी फर्मों का प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए एम० आर० टी० पी० के उपबन्धों में ढील दिया जाना शामिल है । उदारीकरण और प्रतिस्पर्धा की नई नीति के अनुसरण में रेलवे ने अपनी विपणन और वाणिज्यिक नीतियों में सुधार करने आरम्भ कर दिये हैं तथा महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नियमों और क्रियाविधियों को सरल बनाया गया है । पत्तन क्षेत्र में प्राइवेट क्षेत्र को ऐसे क्षेत्रों में सम्मिलित होने के लिये आमंत्रित किया जा रहा है । पत्तनों में, पत्तन संबंधी उपस्करों को पट्टे पर देने, तट-आधारित उद्योगों द्वारा प्राइवेट पत्तनों की स्थापना करने, जहाजों की मरम्मत और उनका अनुरक्षण तथा पत्तनों के अन्दर परिवहन जैसे क्षेत्रों में प्राइवेट क्षेत्र को भागीदारी के लिये आमंत्रित किया गया है । इन उपायों से आधारभूत क्षेत्रों के कार्य-निष्पादन में सुधार लाने और इन आयोजनात्मक क्षेत्रों में क्षमताओं के विस्तार के संवर्धन की दृष्टि से आधारभूत क्षेत्रों को प्राइवेट क्षेत्र की भागीदारिता के लिए खोलने की सरकार की वचनबद्धता प्रतिबिम्बित होती है ।

4. 1993-94 के दौरान अवसंरचनात्मक क्षेत्रों का समग्र कार्य-निष्पादन संतोषजनक था । कच्चे तेल के उत्पादन

सारणी 8.1

8—2

आधारभूत क्षेत्रों के कार्य निष्पादन की प्रवृत्तियां

	यूनिट			अप्रैल—दिसम्बर*		पिछले वर्ष की तुलना में परिवर्तन	
		1992-93	1993-94*	1993	1994	1993-94	1994-95@
1	2	3	4	5	6	7	8
						(प्रतिशत)	
ऊर्जा							
1. कोयला							
(क) उत्पादन	मिलियन टन	238.26	246.04	165.75	171.01	3.3	3.2
(ख) खानद्वार भंडार (वर्षांत)	"	51.30	50.69	38.73	36.52	—1.2	−5.7
(ग) प्रेषण	"	231.03	242.60	175.43	176.78	5.0	0.8
2. उत्पादित बिजली (केवल उपयोगिताएं)	अरब कि. वा. घ.	301.07	323.53	237.86	257.87	7.5	8.4
(क) पनबिजली	—तदैव—	69.83	70.37	55.12	64.86	0.8	17.7
(ख) तापीय (नाभिकीय सहित)	—तदैव—	231.24	253.16	182.74	193.01	9.5	5.6
3. पेट्रोलियम							
(क) कच्चा तेल उत्पादन	मिलियन टन	26.95	27.03	20.00	23.87	0.3	19.4
(ख) रिफाइनरी कुल मात्रा	"	53.48	54.34	40.41	42.42	1.5	5.0
परिवहन एवं संचार							
1. रेलवे द्वारा राजस्व-उपार्जक माल का उत्पादन		350.05	358.72	258.37	264.74	2.5	2.5
2. प्रमुख पत्तनों पर ढोया गया माल	तदैव	166.58	179.26	130.12	141.00	7.6	8.4
3. दूर संचार— दिए गए नए दूरभाष कनेक्शन (डी.ई.एल. एस)	(सं. हजारों में)	986.81	1229.00	416.00	754.00	24.5	81.3

*अनंतिम

@अप्रैल—दिसम्बर

की गिरती हुई प्रवृत्ति पर रोक लगी और अतिरिक्त क्षमताओं के सृजन के कारण इसमें बदलाव आया। 1994-95 का वर्ष अवसंरचनात्मक क्षेत्रों में आशाजनक कार्य निष्पादन के साथ आरम्भ हुआ तथा तेल क्षेत्र में ठोस प्रतिवर्तन जारी रहा। अप्रैल—दिसम्बर, 1993-94 की तुलना में अप्रैल—दिसम्बर 1994-95 के दौरान विद्युत उत्पादन में 8.4 प्रतिशत, कच्चे तेल के उत्पादन में 19.4 प्रतिशत, और नए टेलीफोन के कनेक्शन देने की क्षमता में 81.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। (सारणी 8.1) छः अवसंरचनात्मक उद्योगों, अर्थात् बिजली, कोयला, इस्पात, सीमेंट, कच्चा तेल और पैट्रोलियम उत्पादों में, जिनका औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक में 28.8 प्रतिशत का मिश्रित भार रहा है, अप्रैल—दिसम्बर, 1993 में 5.0 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल—दिसम्बर, 1994 के दौरान 8.0 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गयी।

कोयला

5. कोयला ऊर्जा का एक प्रमुख स्रोत है जिसका देश में कुल ऊर्जा की खपत में लगभग 67 प्रतिशत हिस्सा बैठता है। 1993-94 में 2460 लाख मीट्रिक टन कोयले का उत्पादन 1992-93 की तुलना में 3.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। गैर-कोककारी कोयले का उत्पादन, जिसका कुल कोयला उत्पादन में लगभग 82 प्रतिशत अंशदान है, 4.2 प्रतिशत बढ़ा जबकि कोककारी कोयले के उत्पादन में 0.7 प्रतिशत की मामूली गिरावट आयी। अप्रैल-दिसम्बर 1994 के दौरान कोयले के उत्पादन में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई (सारणी 8.2) लेकिन इस अवधि के लिए निर्धारित लक्ष्य से यह 1.0 प्रतिशत कम रहा। हालांकि भूमिगत तथा खुली खानों, दोनों ही में अप्रैल—दिसम्बर, 1994 के दौरान 3.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई लेकिन खुली खानों द्वारा कोयला उत्पादन में प्रमुख योगदान दिया जाना जारी रहा।

6. अप्रैल-दिसम्बर, 1994 के दौरान कोककारी कोयले का उत्पादन 260 लाख मीट्रिक टन था जो अप्रैल-दिसम्बर, 1993 में हुए उत्पादन की अपेक्षा 7.1 प्रतिशत कम था। कोककारी कोयले के उत्पादन की प्रवृत्तियों और इसमें राख की भारी मात्रा को देखते हुए यह आशा नहीं की जा सकती कि निकट भविष्य में कोककारी कोयले के आयात में गिरावट

आधारिक संरचनात्मक क्षेत्रों का कार्य निष्पादन



सारणी 8.2

कोयला क्षेत्र की प्रवृत्तियां

			अप्रैल—दिसम्बर*		पिछले वर्ष की तुलना में परिवर्तन	
	1992-93	1993-94*	1993	1994	1993-94	1994-95@
1	2	3	4	5	6	7
1. उत्पादन		(मिलियन टन)				(प्रतिशत)
(क) ओपन कास्ट	163.36	169.60	115.61	119.27	3.8	3.2
(ख) अंडर ग्राउंड	74.90	76.44	50.14	51.74	2.1	3.2
जोड़	238.26	246.04	195.75	171.01	3.3	3.2
2. उत्पादन (कोयला ग्रेडों में)						
(क) कोकिंग कोयला	45.36	45.06	28.06	26.08	−0.7	−7.1
(ख) नान-कोकिंग कोयला	192.90	200.98	137.69	144.93	4.2	5.3
(ग) धुला हुआ कोयला	12.16	12.22	8.63	8.43	0.5	−2.3
(घ) मध्यवर्ती	5.06	5.18	3.73	3.83	2.4	2.7
3. खानद्वार भंडार (वर्षांत में)	51.30	50.69	38.73	36.52	−1.2	−5.7
4. प्रेषण	231.03	242.60	175.43	176.78	5.0	0.8
5. लिग्नाइट उत्पादन**	13.31	14.15	10.45	10.53	6.3	0.8
6. प्रति व्यक्ति पारी पर उत्पादन						
(1) सी. आई. एल.	1.46	1.52	1.34	1.49	4.1	11.2
(2) एस. सी. सी. एल	1.04	1.05	0.98	0.97	1.0	−1.0

*अनंतिम

@अप्रैल-दिसम्बर

**केवल एन. एल. सी. द्वारा

आएगी। कोयले का आयात जो पिछले तीन वर्षों में 60 लाख टन से अधिक ही बना रहा वर्ष 1993-94 में 66 लाख टन के स्तर पर पहुंच गया।

7. 1993-94 में कुल 2426 लाख टन कोयला उठाया गया जो 5.0 प्रतिशत की वृद्धि प्रकट करता है लेकिन अप्रैल-दिसम्बर, 1993 की तुलना में अप्रैल-दिसम्बर 1994 में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कोयले का कुल गर्तमुख भंडार जो 31 मार्च, 1993 की स्थिति के अनुसार 507 लाख टन था वह 31 दिसम्बर, 1994 को गिरकर 365 लाख टन रह गया। लेकिन ये भंडार अभी भी इष्टतम भंडार के स्तरों से काफी अधिक हैं जो एक महीने के उत्पादन के बराबर होंगे। गर्तमुख कोयले के भंडारों को एक उपयुक्त स्तर तक कम करने के लिए कोयले को उपभोक्ता स्थानों तक लाने के लिए रेलवे वैगनों की उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए योजनाबद्ध अल्पकालिक कोयला उत्पादन करने की आवश्यकता होगी।

8. कोयला क्षेत्र की लाभकारिता में आने वाली प्रमुख बाधाओं में से एक है भूमिगत खानों में कम उत्पादकता। यह भूमिगत खानों के यांत्रिकीकरण में अत्यधिक निवेश किए जाने के बावजूद भी पिछले दो दशकों से प्रति व्यक्ति पारी 0.55 टन के उत्पाद पर स्थित है। भूमिगत खदानों में मानव शक्ति का 80 प्रतिशत नियोजित है लेकिन ये कुल उत्पाद का केवल 30 प्रतिशत ही योगदान देती हैं। मशीनरी और उपस्करों के विद्यमान भंडारों के बेहतर उपयोग, मानव शक्ति के नियोजन में अधिक नम्यता और कार्यबल के यौक्तिकीकरण द्वारा उत्पादकता के स्तरों में सुधार लाया जा सकता है।

9. भारतीय कोयले में राख की मात्रा अधिक होती है और इसका ऊष्मीय मान कम होता है। राख की मात्रा 20 से 30 प्रतिशत के बीच होती है और कभी-कभी यह 40 प्रतिशत से भी अधिक हो जाती है। इस प्रकार के अलाभकारी कोयले जैसी निष्क्रिय सामग्री को लंबी दूरी तक ले जाने में न केवल परिवहन क्षमता और ऊर्जा व्यर्थ जाती है बल्कि इससे कोयला आधारित तापीय विद्युत् संयंत्रों की कार्यकुशलता में भी गिरावट आती है और उच्च स्तरीय उत्सर्जन तथा राख के निकलने से वायु प्रदूषण भी बढ़ता है। अपने विशाल कोयला भंडारों तथा वैकल्पिक ईंधन के उच्च आयात मूल्यों को देखते हुए पर्यावरणीय प्रदूषण को न्यूनतम करने के लिए कोयला उपयोग की उन्नत तकनीकों के स्तर का मूल्यांकन करना आवश्यक हो गया है।

सारणी 8.3

विद्युत क्षेत्र की प्रवृत्तियां (केवल उपयोगिताएं)

(पिछले वर्ष की तुलना में परिवर्तन)

			अप्रैल-दिसम्बर*			
	1992-93	1993-94*	1993	1994	1993-94	1994-95@
1	2	3	4	5	6	7
		(बिलियन कि०वा० घं०)				(प्रतिशत)
1. बिजली का उत्पादन	301.07	323.53	237.86	257.87	7.5	8.4
(1) पनबिजली	69.83	70.37	55.12	64.86	0.8	17 7
(2) तापीय	224.49	247.76	178.48	189.23	10.4	6.0
(3) नाभिकीय	6.75	5.40	4.26	3.78	—20.0	—11.4
2. तापीय संयंत्रों का संयंत्र भार अनुपात (प्रतिशत)	57.10	61.00	58.80	57.50	—	—

*अनन्तिम

@अप्रैल-दिसम्बर

10. कोयला क्षेत्र में प्राइवेट क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से प्राइवेट क्षेत्र में लोहा और इस्पात तथा विद्युत् उत्पादन और कोयले की धुलाई का कार्य करने वाली कंपनियों द्वारा मंद कोयला खानों के परिचालन के लिए 9 जून, 1993 से कोयला खान (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1973 में संशोधन किया गया। खुले सामान्य लाइसेंस के के अन्तर्गत कोककारी कोयले के आयातों की अनुमति दी गयी है और आयात शुल्क को 85 प्रतिशत से घटाकर 35 प्रतिशत किया गया है। ग्यारह विद्युत् उत्पादन करने वाली कंपनियों/बिजली बोर्डों तथा लोहा और इस्पात क्षेत्र में तीन कंपनियों के लिए मंद कोयला खनन खंडों की पहचान कर ली गयी है।

11. 31 दिसम्बर, 1994 की स्थिति के अनुसार कोयला क्षेत्र में क्रियान्वित की जाने वाली 71 परियोजनाओं में से 22 परियोजनाओं समय और लागत बाहुल्य के कारण बिगड़ गई हैं। औसतन प्रति परियोजना लागत अतिक्रमण लगभग 77 करोड़ रुपए हैं और प्रति परियोजना समय अतिक्रमण लगभग 38 महीने है। कोयला क्षेत्र में परियोजना कार्यान्वियन को सुधारने की तत्काल आवश्यकता है।

12. 31 मार्च, 1994 को स्थिति के अनुसार केन्द्र सरकार से कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा लिए गए उधार को राशि 3814 करोड़ रुपए थी। तथापि, सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला कंपनियों को उत्पादन में योजनाबद्ध वृद्धि को पूरा करने के लिए आंतरिक संसाधन जुटाने पड़ेंगे। कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा 1 अक्तूबर, 1992 से क्रियान्वित नकद भुगतान करो और ले जाओ योजना से कंपनी अपनी बकाया राशियों में होने वाली वृद्धि को कम करने में सक्षम हो सकी लेकिन कंपनी से अपेक्षा की जाती है कि वह बिक्री के उन अविवादित अर्न्तलाभों को जो भारी मात्रा में बकाया है, वसूल करने के लिए कदम उठाए। उदारीकृत आयातों और निधियों के प्रत्यावर्तन की नई नीति के अंतर्गत कोल इंडिया लिमिटेड कोयला खानों में कटाई की लंबी दीवारों के खनन की परियोजनाओं में विदेशी कंपनियों को संयुक्त उद्यम में काम करने के लिए आमंत्रित करने की योजना बना रही है। जब तक कोल इंडिया लिमिटेड अपनी लाभकारिता में सुधार नहीं लाती तब तक हो सकता है कि उसे विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने में कठिनाई अनुभव हो।

विद्युत

13. वर्ष 1993-94 में 323.5 बिलियन किलोवाट के विद्युत् उत्पादन से 1992-93 की तुलना में 7.5 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की और वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य से 2.2 प्रतिशत अधिक रहा। जबकि तापीय और पन बिजली उत्पादन क्रमश: 10.4 प्रतिशत और 0.8 प्रतिशत बढ़ा, न्यूक्लीय विद्युत् उत्पादन में वर्ष 1992-93 के दौरान हुए उत्पादन की तुलना में 20.0 प्रतिशत की गिरावट आई (सारणी 8.3)। न्यूक्लीय उत्पादन में गिरावट का मुख्य कारण रियेक्टर संबंधी समस्याएं थीं।

14. अप्रैल-दिसम्बर, 1994 में विद्युत का कुल उत्पादन 257.9 बिलियन किलोवाट हुआ जबकि अप्रैल-दिसम्बर, 1993 के दौरान यह उत्पादन 237.9 बिलियन किलोवाट था जो 8.4 प्रतिशत की वृद्धि प्रकट करते हुए इस अवधि के लक्ष्य से 1.3 प्रतिशत अधिक रहा। तापीय और पन बिजली उत्पादन में क्रमश: 6.0 प्रतिशत और 17.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि न्यूक्लीय उत्पादन में 11.4 प्रतिशत की गिरावट आई।

सारणी 8.4

तापीय संयंत्र भार कारक

			अप्रैल–दिसम्बर*		
	1992-93	1993-94*	1993 वास्तविक	1994 लक्ष्य	1994 वास्तविक
1	2	3	4	5	6
					(प्रतिशत)
राज्य बिजली बोर्ड	54.1	56.6	54.1	54.8	52.7
दिल्ली (डेसु)	54.0	49.0	47.6	62.0	51.2
हरियाणा	49.9	40.3	37.3	47.4	42.6
राजस्थान	77.0	81.1	76.6	78.1	73.6
पंजाब	58.3	63.5	62.1	65.1	56.1
उत्तर प्रदेश	50.5	50.1	48.2	46.3	42.0
गुजरात	61.6	60.4	56.9	58.6	57.5
महाराष्ट्र	59.7	64.1	61.7	59.8	59.3
मध्य प्रदेश	52.5	56.0	50.6	52.1	52.9
आंध्र प्रदेश	65.0	68.7	64.8	68.6	65.7
तमिलनाडु	65.2	69.1	67.7	59.1	65.0
कर्नाटक	49.4	66.9	64.9	67.5	62.2
बिहार	25.2	24.4	23.9	28.6	20.5
उड़ीसा	34.5	35.6	33.6	36.8	29.0
पश्चिम बंगाल	31.1	40.5	40.1	40.6	41.7
प० बंगाल विद्युत विकास निगम	58.1	68.2	69.5	62.2	60.5
दुर्गापुर प्रोजेक्ट लिमिटेड	28.7	26.3	27.1	28.4	24.6
असम	24.3	19.9	17.1	28.9	25.3
II. केन्द्रीय क्षेत्र	62.7	69.8	67.7	65.1	65.8
राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम	68.8	76.9	74.8	70.9	72.5
नवेली लिगनाइट कार्पोरेशन	56.4	55.5	52.8	65.7	55.9
दामोदर घाटी निगम	32.3	42.3	40.7	39.9	37.6
III. प्राइवेट क्षेत्र	58.8	57.0	58.7	56.5	65.4
अखिल भारत	57.1	61.0	58.8	58.5	57.5
IV. क्षेत्र					
उत्तरी	62.0	64.0	61.8	61.7	56.5
पश्चिमी	59.7	62.4	61.0	60.2	61.5
दक्षिणी	62.6	68.3	65.7	66.3	64.8
पूर्वी	39.8	44.8	44.1	42.3	43.2
उत्तर-पूर्वी	24.3	19.9	17.1	28.9	25.3

*अनन्तिम

15. संयंत्र भार अनुपात तापीय विद्युत् संयंत्रों की प्रचालनात्मक कार्यकुशलता का एक महत्वपूर्ण संकेतक है और राष्ट्रीय औसत संयंत्र भार अनुपात में प्रत्येक एक प्रतिशत की वृद्धि से स्थापित उत्पादन क्षमता में 450 मेगावाट की अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध होती है। केन्द्र सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में 1993-94 और अप्रैल—दिसम्बर, 1994 के दौरान औसत संयंत्र भार अनुपात राज्य बिजली बोर्डों द्वारा प्राप्त किए गए स्तर की अपेक्षा काफी अधिक था (सारणी 8.4)। राज्य बिजली बोर्डों के तापीय विद्युत् संयंत्रों की निम्नस्तरीय क्षमता का उपयोग किए जाने का मुख्य कारण प्रबंधन और प्रचालनों में त्रुटियां, अनुरक्षण का अभाव, और उपयुक्त गुणवत्ता के कोयले की अनुपलब्धता है। तापीय विद्युत् संयंत्रों के औसत संयंत्र भार अनुपात में व्यापक अन्तर्राज्यीय विभिन्नताएं हैं। पूर्वी और उत्तर पूर्वी क्षेत्रों के मामले में औसत संयंत्र भार अनुपात अखिल भारतीय औसत की तुलना में काफी कम बना रहा।

16. विद्युत् उत्पादन के भौतिक और वित्तीय पहलुओं और संप्रेषण तथा संवितरण को शामिल करते हुए अल्पावधिक, मध्यावधिक एवं दीर्घावधिक उपायों के रूप में एक चरणबद्ध पद्धति द्वारा विद्युत् क्षेत्र के कार्य निष्पादन को सुधारने के लिए एक कार्य योजना तैयार की गयी है। अल्पकालिक उपायों में बायलरों का जीर्णोद्धार और अनुरक्षण तथा क्षेत्रीय ग्रिडों का इष्टतम प्रचालन शामिल है जिससे विद्युत् केन्द्रों की उपलब्धता में पर्याप्त सुधार आएगा और परिणामतः संयंत्र भार अनुपात में वृद्धि होगी। अनुरक्षण के उपयुक्त आयोजन जैसे मध्यावधिक उपायों के माध्यम से तापीय विद्युत् केन्द्रों के संयंत्र भार अनुपात में महत्वपूर्ण सुधार लाया जा सकेगा। दीर्घावधिक उपायों में उपयुक्त नवीनीकरण और आधुनिकीकरण कार्यक्रमों द्वारा पुराने तापीय विद्युत् संयंत्रों के संयंत्र भार अनुपात की उपलब्धता को सुधारा जा सकता है।

17. वर्तमान में कुल विद्युत् उत्पादन का 76 प्रतिशत तापीय संयंत्रों द्वारा और 22 प्रतिशत पन बिजली संयंत्रों द्वारा तथा शेष 2 प्रतिशत भाग न्यूक्लीय संयंत्रों द्वारा उत्पादित किया जा रहा है। 31 मार्च 1994 की स्थिति के अनुसार विद्युत् उत्पादन की स्थापित क्षमता 76,713 मेगावाट थी। आठवीं योजना के प्रथम दो वर्षों के दौरान विद्युत उत्पादन की क्षमता में वास्तविक योगदान क्रमशः 3537 मेगावाट (लक्ष्य का 79 प्रतिशत) और 4539 मेगावाट (लक्ष्य का 102 प्रतिशत) रहा। वर्ष 1994-95 के लिए निर्धारित 4819 मेगावाट के लक्ष्य के मुकाबले अप्रैल-दिसम्बर के दौरान वास्तविक वृद्धियां 1992 मेगावाट की रही है जो इस अवधि के लिए निर्धारित लक्ष्य की तुलना में 38.3 प्रतिशत कम है (सारणी 8.5)

सारणी 8.5

उत्पादन क्षमता में वृद्धि

(मे० वा०)

क्षेत्र	1992-93		1993-94*		अप्रैल–दिसम्बर 1994*	
	लक्ष्य	वास्तविक	लक्ष्य	वास्तविक	लक्ष्य	वास्तविक
1	2	3	4	5	6	7
तापीय	3359	2944	3265	3742	2905	1938
पन-बिजली	879	373	954	797	102	54
नाभिकीय	220	220	220	—	220	—
जोड़	4458	3537	4439	4539	3227	1992

*अनन्तिम

18. राज्य बिजली बोर्ड जो विद्युत उत्पादन और वितरण शुल्कों का निर्धारण और राजस्व संग्रहण का कार्य करते हैं, का खराब कार्यनिष्पादन विद्युत क्षेत्र में आलोचना का विषय बना रहा। राज्य बिजली बोर्डों के पास उपभोक्ताओं के सापेक्ष हिस्सों के अनुसार कृषि और उद्योग, उपभोक्ताओं की दो अति महत्वपूर्ण श्रेणियां बनी रहीं क्योंकि कृषि क्षेत्र के लिए विद्युत प्रभार लागत से काफी कम और औद्योगिक क्षेत्र के लिए इन्हें यूनिट लागत से ऊपर रखा गया था (सारणी 8.6)। कृषि क्षेत्र से किसी भी राज्य बिजली बोर्ड ने यूनिट औसत लागत के एक उचित हिस्से के रूप में यूनिट राजस्व प्राप्तियां नहीं की जिसके कारण भारी वित्तीय हानियां उठानी पड़ीं। राज्य बिजली बोर्डों की वाणिज्यिक हानियां निरपेक्ष रूप में 1991–92 में लगभग 4100 करोड़ रुपए से बढ़कर 1994–95 (सं.अ.) में 6300 करोड़ रुपए के लगभग पहुंच गयीं और 1995–96 में इन हानियों के लगभग 7100 करोड़ रुपए तक हो जाने का अनुमान है। कृषि और घरेलू क्षेत्रों के लिए अप्रत्यक्ष राज-सहायता 1992–93 में 7439 करोड़ रुपए से बढ़कर 1994–95 (सं.अ.) में 11,477 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गयी और 1995–96 में इसके और आगे बढ़कर 13,307 करोड़ रुपए तक हो जाने का अनुमान है (सारणी

सारणी 8.6

बिजली की उपभोक्ता श्रेणीवार बिक्री और औसत टैरिफ

उपभोक्ता	1992-93 बिक्री (प्रतिशत)	1992-93 टैरिफ (पैसे/ कि. वाट घं.)	1993 94 बिक्री (प्रतिशत)	1993 94 टैरिफ (पैसे/ कि. वा. घं.)	1994-95@ बिक्री (प्रतिशत)	1994-95@ टैरिफ (पैसे/ कि. वा.घं)
1	2	3	4	5	6	7
घरेलू	15.96	79.08	16.52	84.96	16.51	88.21
वाणिज्यिक	4.54	167.36	4.66	134.30	4.75	190.52
कृषि	29.85	15.59	28.44	20.09	27.55	21.70
औद्योगिक	35.69	160.44	37.32	185.79	37.80	201.92
रेलवे द्वारा संकर्षित	1.86	206.70	2.05	227.75	2.15	240.88
राज्य के बाहर	1.68	77.83	1.48	77.93	1.40	80.75
समग्र	10.42	105.52	9.53	120.71	9.84	129.76
सभी उपभोक्ता	100.00	98.28	100.00	112.67	100.00	125.00

@ पूर्वानुमान

8.7) । 50 पैसे/किलोवाट के प्रस्तावित राष्ट्रीय न्यूनतम कृषि शुल्क को आरम्भ करने पर, यदि उसे क्रियान्वित किया जाए तो इस क्षेत्र को प्रदान की गयी आर्थिक सहायता का एक भारी अनुपात फिर भी शामिल किए बगैर रह जाएगा।

19. विद्यमान विद्युत शुल्क ढांचों के अन्तर्ग्रस्त विशाल प्रति-राज सहायताओं के अतिरिक्त, राज्य बिजली बोर्ड तापीय उत्पादन यूनिटों के इष्टतम स्तर से कम क्षमता उपयोग से और उच्च स्तरीय सम्प्रेषण एवं वितरण से हानियां उठाते रहे।

सारणी 8.7

राज्य विद्युत क्षेत्र का वित्तीय निष्पादन

	1991-92	1992-93	1993-94 (पूर्व वास्तविक)	1994-95 (सं. अ.)	1995-96 (वा. यो.पू.)
1	2	3	4	5	6
क. सम्मिलित सकल आर्थिक सहायता					(करोड़ रु.)
(1) निम्नलिखित को बिजली की बिक्री के कारण					
(क) कृषि	5938	7205	8888	10113	11178
(ख) घरेलू	1310	1919	2420	2963	3492
(ग) अंतर्राज्यीय बिक्री	201	226	138	232	330
जोड़	7449	9350	11446	13308	15000
(2) राज्य सरकारों से प्राप्त अंशदान—	2045	1911	2068	1831	1693
(3) निवल आर्थिक सहायता	5404	7439	9378	11477	13307
(4) अन्य क्षेत्रों को बिक्री द्वारा सृजित अधिशेष	2173	3312	3502	5308	5941
(5) शामिल न की गई आर्थिक सहायता	3231	4127	5876	6169	7366
(ख) वाणिज्यिक हानियां@	4117	4358	4995	6332	7130
(ग) राजस्व जुटाना					
(i) आय की दर $	—12.7	—11.8	—12.2	—13.5	—13.5
(ii) उपलब्ध राशि से अतिरिक्त राजस्व जुटाना					
(क) आय की दर 3 प्रतिशत	4959	5462	6221	7737	8715
(ख) कृषि/सिंचाई के लिए 50 पैसे/यूनिट शुरू करने से	2176	2159	2223	2017	1927

सं. अ.=संशोधित अनुमान

वा.यो.पू.=वार्षिक योजना पूर्वानुमान

@वाणिज्यिक हानियां शामिल न की गयी आर्थिक सहायता से भिन्न है क्योंकि इनमें राज्य बिजली बोर्डों द्वारा शुरू किए गए अन्य कार्यकलापों के वित्तीय परिणाम शामिल हैं।

$प्रतिशत में

ये सम्प्रेषण एवं वितरण संबंधी हानियां 21 से 23 प्रतिशत के बीच बनी रहीं जबकि इनका अन्तर्राष्ट्रीय औसत 10 प्रतिशत से भी कम है। इनका कारण अधिकांश क्षेत्रों में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में दिए गए अलग-अलग बिजली भार, संप्रेषण प्रणाली में स्तर से कम निवेश, अपर्याप्त रूप से बिल बनाए जाने और विद्युत की भारी मात्रा में चोरी है। इन हानियों को उन व्यवस्थित सुधार योजनाओं के माध्यम से कम किया जा सकेगा जिन्हें राज्य बिजली बोर्डों द्वारा आरम्भ किया जा रहा है।

20. विद्युत क्षेत्र में राज्य बिजली बोर्डों की वित्तीय स्थिति को बहाल करना और उनके प्रचालनात्मक कार्य निष्पादन में सुधार लाना आज अति गंभीर विषय बने हुए हैं। बिजली (आपूर्ति) अधिनियम, 1948 की धारा 59 के अनुसार राज्य बिजली बोर्डों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी व्यवहृत निवल अचल परिसम्पत्तियों पर मूल्यह्रास और ब्याज प्रभारों की व्यवस्था करने के पश्चात् न्यूनतम 3 प्रतिशत प्रतिलाभ की दर अर्जित करें। लेकिन 1993-94 के दौरान प्रतिलाभ की दर के संशोधित अनुमान प्रकट करते हैं कि राज सहायता देने के बावजूद भी सात राज्य बिजली बोर्डों की प्रतिलाभ की दर नकारात्मक थी। 50 पैसे प्रति यूनिट के न्यूनतम कृषि टैरिफ सहित अचल परिसम्पत्तियों पर 3 प्रतिशत का न्यूनतम प्रतिलाभ टैरिफ के निर्धारण के लिए एक कार्यशील ढांचा विद्युत को संरक्षण प्रदान कर सकता है। कुछ राज्यों ने कृषि क्षेत्र के लिए 50 पैसे प्रति यूनिट का न्यूनतम टैरिफ पहले ही निर्धारित कर रखा है लेकिन उनमें से अधिकांश इन दरों को केवल मीटर द्वारा की गयी सप्लाई के लिए लागू कर रहे हैं। मीटर के बगैर दी जाने वाली सप्लाई की मांगों को कम करने और बिजली की चोरी को रोकने के लिए कठोर कदम उठाए जाने चाहिए।

21. सरकार ने केन्द्रीय स्तर पर एक राष्ट्रीय विद्युत टैरिफ बोर्ड और दिल्ली बम्बई, कलकत्ता और शिलांग में क्षेत्रीय विद्युत टैरिफ बोर्डों को गठित करने का निर्णय लिया है। राष्ट्रीय विद्युत टैरिफ बोर्ड के मुख्य कार्य टैरिफों के निर्धारण के विषय में सभी क्षेत्रीय बोर्डों द्वारा एक समान दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत सिद्धांत और दिशा-निर्देशों को प्रस्तुत करने और विद्युत के अन्तर-राज्यीय तथा अन्तर-क्षेत्रीय आदान-प्रदान के लिए टैरिफ के निर्धारण करने होंगे। क्षेत्रीय विद्युत टैरिफ बोर्ड वित्तीय और अधिक उपादानों पर आधारित विशिष्ट सिद्धांतों को प्रस्तुत करेंगे और राज्य बिजली बोर्डों द्वारा आपूर्ति की जाने वाली विद्युत के लिए टैरिफों का निर्धारण करने और विभिन्न क्षेत्रों को विद्युत उपयोगिताएं देने के लिए संबंधित राज्य सरकारों से सिफारिशें करेंगे।

22. विद्युत मंत्रालय के अन्तर्गत केन्द्र सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को निवल बजटीय सहायता अनुमोदित आयोजना परिव्यय की तुलना में 1985-86 में 52 प्रतिशत से घट कर 1994-95 में लगभग 9 प्रतिशत रह गयी है। वर्ष 1994-95 के लिए प्रस्तावित निवल बजटीय सहायता 640 करोड़ रुपए है। वर्ष दर वर्ष बजटीय सहायता में कमी आने के कारण केन्द्र सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को आंतरिक और अतिरिक्त बजटीय संसाधनों के माध्यम से संसाधन जुटाने पड़ेंगे। 1993-94 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम आंतरिक और बजट बाह्य संसाधनों के अन्तर्गत 4061 करोड़ रुपए के अनुमोदित आबंटन के मुकाबले 2787 करोड़ रुपए की राशि के संसाधन जुटाने में समर्थ रहे। 1994-95 के दौरान केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को आंतरिक और बजट बाह्य संसाधनों के माध्यम से 4276 करोड़ रुपए जुटाने की आवश्यकता है जिसके मुकाबले सितम्बर, 1994 तक वास्तविक वसूली 1511 करोड़ रुपए की हुई है।

23. विद्यमान विदेशी सहायता के पोर्टफोलियो की समीक्षा करने से पता चलता है कि मार्च 1994 के अंत तक विद्युत क्षेत्र में विदेशी सहायता का कुल असंवितरित शेष 18316 करोड़ रुपए था। तथापि, नवम्बर, 1994 के अंत तक विधि विद्युत परियोजनाओं का अन्तर्राष्ट्रीय पुन-निर्माण और विकास बैंक के रद्द किए गए ऋणों का अनुपात 165 करोड़ रुपए बैठता है। सभी विद्युत परियोजनाओं के लिए 3004 करोड़ रुपए के अनुमान के मुकाबले 1993-94 के दौरान वास्तविक उपयोग 2970 करोड़ रुपए अर्थात् लक्ष्य का लगभग 99 प्रतिशत था

24. केन्द्र/राज्य सरकारों के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और राज्य बिजली बोर्डों के पास संसाधनों की कमी और तेजी से बढ़ रही बिजली की मांग और उसकी पूर्ति के बीच के अन्तर को भरने के संदर्भ में विद्युत क्षेत्र में प्राइवेट उद्यमियों द्वारा अधिकाधिक निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए 1991 में एक नीति तैयार की गई थी जिसका उद्देश्य विद्युत उत्पादन और संवितरण में क्षमता बढ़ाने के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाना था और वह नीति वर्तमान में कार्यान्वयनाधीन है। इस नई नीति को अप्रत्याशित समर्थन मिला है। अब तक प्राइवेट उद्यमों द्वारा 58,745 मेगावाट की अतिरिक्त क्षमता के लिए लगभग 2,19,927 करोड़ रुपए से भी अधिक के निवेश के लिए 138 नए प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। अनिवासी भारतीयों और संयुक्त उद्यम के प्रस्तावों सहित 41 प्रस्ताव विदेशी निवेशकों के हैं। इनमें से विदेशी निवेश के दृष्टिकोण से सरकार ने 13 प्रस्तावों को पहले ही स्वीकृति प्रदान कर दी है।

25. नीति को अधिक आकर्षक बनाने के लिए टैरिफ अधिसूचना में दो बार संशोधन किया जा चुका है जिसमें विदेशी मुद्रा विनिमय के उतार-चढ़ावों से विदेशी इक्विटी पर 16 प्रतिशत तक संरक्षण, 68.5 प्रतिशत से अधिक संयंत्र भार अनुपात के कार्यनिष्पादन के लिए अर्जित की जाने वाली राशियों पर प्रोत्साहनों की स्पष्टता, मूल्यह्रास की

बाक्स 8.1

स्वतन्त्र विद्युत परियोजनाओं के लिए भारत सरकार की प्रति-गारन्टियां

* भारत सरकार ने आठ अच्छा कार्य करने वाली स्वतंत्र विद्युत परियोजनाओं को प्रति-गारन्टी प्रदान करने का निर्णय लिया है ।

पात्रता संबंधी मानदंड :

* भारत सरकार द्वारा परियोजना के प्रस्ताव का गहराई से मूल्यांकन करने के पश्चात् ही प्रति-गारन्टी दी जाएगी ।
* विद्युत मंत्रालय तकनीकी आर्थिक सहमति प्रदान करेगा और प्रमाणित करेगा कि परियोजना ग्रिड प्रबन्धन के लिए अनिवार्य एवं अनुकूल है, जनरेटिंग क्षमता की प्रति लागत युक्तिसंगत है तथा टैरिफ एवं अन्य पैरामीटर भारत सरकार के अधिसूचित मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरूप हैं ।
* राज्य बिजली बोर्ड और विकासकर्ता एक विद्युत क्रय करार पर हस्ताक्षर करेंगे। प्रति यूनिट लागत निर्धारित करके उसे स्पष्ट रूप से विद्युत क्रय करार में दर्शाया जाएगा और इसमें समायोजन केवल ज्ञात एवं सहमत परिवर्तनों तक ही किए जा सकेंगे ।
* राज्य बिजली बोर्ड निजी विद्युत कम्पनी के साथ एक महीने की अपनी भुगतान संबंधी देयताओं के लिए अपरिवर्तनीय आवर्ती साख पत्र रखने पर सहमत होंगे और एक ऐसा निलम्ब खाता रखेंगे जिसमें निजी कम्पनी के एक महीने के बराबर राजस्व को जमा में डाला जाएगा ।
* राज्य बिजली बोर्ड द्वारा विद्युत वित्त निगम के साथ संचालनात्मक एवं वित्तीय कार्य योजना पर हस्ताक्षर करके उसे सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया जाएगा ।
* भारत सरकार के वित्त मंत्रालय की राय में राज्य बिजली बोर्ड और राज्य के वित्त निगमों का प्रबन्धन विवेकपूर्ण रहे और राज्य बिजली बोर्ड की पिछले वर्ष में कम से कम तीन प्रतिशत प्रतिफल दर की प्राप्ति हो ।

निबन्धन और शर्तें :

* भारत सरकार द्वितीय गारन्टीदाता होगी और संबंधित राज्य सरकारें प्रथम गारन्टीदाता रहेंगी ।
* भारत सरकार की गारंटी के अन्तर्गत पूर्व निर्धारित वार्षिक सीमा तक राज्य बिजली बोर्डों को क्षमता और उनके ऊर्जा भुगतान संबंधी दायित्व शामिल होंगे ।
* विद्युत क्रय करार को निरस्त करने की स्थिति में विदेशी ऋण दायित्वों के विरुद्ध स्वतंत्र विद्युत परियोजना को विदेशी इक्विटी की राशि की सीमा तक ही इसके अन्तर्गत लिया जाएगा ।
* प्रति गारन्टियों के साथ, ऐसे सहमति प्राप्त कार्यनिष्पादन पैरामीटर, जिन पर चूक की अवस्था में आर्थिक दण्ड लगाया जाएगा, को प्राप्त करने के लिए सम्बद्ध राज्य सरकारों के साथ करारों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे ।
* योजना सहायता के वार्षिक केन्द्रीय अंतरणों और सम्बद्ध राज्यों के करों द्वारा गारन्टियों की सीमा प्रतिबन्धित होगी तथा राज्य बिजली बोर्ड अथवा राज्य सरकार द्वारा भुगतान में चूक होने की दशा में ऐसे अन्तरणों की वचनबद्धता दी जाएगी ।
* गारन्टी की अवधि सामान्यतया वाणिज्यिक सेवा में आरम्भ होने की तारीख से 10 वर्ष की अवधि तक सीमित होगी । इसके पश्चात् स्वतंत्र विद्युत परियोजना को वैकल्पिक प्रतिभूति प्रबन्धों पर ही आश्रित रहना होगा ।

उदारीकृत दरें और कतिपय शर्तों के अधीन टैरिफ ढांचे में गतिशीलता प्रदान करने जैसे अतिरिक्त प्रोत्साहनों का वर्गीकरण निवेशकों को प्रदान करना शामिल है। पन-बिजली परियोजनाओं में प्राइवेट निवेश में वृद्धि करने के लिए सरकार पन-बिजली टैरिफ के मार्गदर्शी सिद्धान्तों की समीक्षा कर रही है और शीघ्र ही संशोधित मार्गदर्शी सिद्धान्त जारी किए जाने की आशा है। प्राइवेट निवेश को नई दिशा देने; पुराने विद्युत संयंत्रों का आधुनिकीकरण और उनकी श्रेणी का उन्नयन करने के लिए सरकार एकमुश्त उपायों की शीघ्र ही घोषणा करने वाली है।

26. तथापि, बिजली के लिए अंतिम बाजार तक पहुंच की कमी, राज्य बिजली बोर्डों का खराब कार्य निष्पादन, भुगतान दायित्वों को पूरा करने के लिए उनका पिछला खराब रिकार्ड और अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय बाजारों में उनके अथवा राज्य सरकारों की साख दर निर्धारण की अनुपलब्धता इस क्षेत्र में प्राइवेट निवेश को आकर्षित करने में आने वाली कुछ एक प्रमुख बाधाएं हैं। इसलिए, अधिकांश प्रवर्तक भारत सरकार से राज्य बिजली बोर्डों की भुगतान संबंधी बाध्यताओं के लिए प्रति-गारन्टी की मांग कर रहे हैं। भारत सरकार ने अभी हाल ही में कतिपय शर्तों और निबंधनों के अधीन 5,000 मेगावाट की कुल उत्पादन क्षमता सहित विदेशी निवेश के लिए आठ स्वतंत्र विद्युत परियोजनाओं के संबंध में राज्य बिजली बोर्डों की भुगतान संबंधी बाध्यताओं के लिए प्रति-गारन्टी के विस्तार को अनुमोदित कर दिया है (बाक्स 8.1)। लेकिन अभी तक केवल दो को ही अंतिम रूप दिया जा सका है।

पेट्रोलियम, तेल और स्नेहक :

27. वर्ष 1993–94 के दौरान 27.03 मिलियन टन कच्चे तेल का उत्पादन लक्ष्य से 0.5 प्रतिशत कम था लेकिन 1992–93 के दौरान प्राप्त किए गए 26.95 मिलियन टन के उत्पादन की अपेक्षा थोड़ा अधिक था। उत्पादन में इस वृद्धि के साथ 1990–91 से जो गिरावट की प्रवृति आरम्भ हुई थी, उस पर नियंत्रण लगा है। तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड ने 1993–94 में कुल कच्चे तेल का 90 प्रतिशत उत्पादन किया, जबकि शेष उत्पादन आयल इंडिया लिमिटेड ने किया। वर्ष 1994–95 के लिए कच्चे तेल के 38.28 मिलियन टन के उत्पादन के वार्षिक लक्ष्य के मुकाबले अप्रैल-दिसम्बर, 1994 के दौरान कच्चे तेल का उत्पादन 23.9 मिलियन टन हुआ जो अप्रैल-दिसम्बर 1993 के दौरान उत्पादित कच्चे तेल की अपेक्षा 19.4 प्रतिशत अधिक था (सारणी 8.8)।

28. 1993–94 के दौरान तेल शोधक कारखानों द्वारा शोधित कुल कच्चा तेल 54.3 मिलियन टन था जबकि 1992–93 में इसकी मात्रा 53.5 मिलियन टन थी। तेरह तेल शोधक कारखानों का औसत क्षमता उपभोग 1993–94 में 102 प्रतिशत था जबकि 1992–93 में 12 तेल शोधक कारखानों का औसत क्षमता उपभोग 101 प्रतिशत था। अप्रैल-दिसम्बर, 1994 के दौरान तेल शोधक कारखानों द्वारा शोधित कुल कच्चा तेल जो 42.4 मिलियन टन था जो 40.0 मिलियन टन के लक्ष्य की अपेक्षा 6.1 प्रतिशत अधिक था।

सारणी 8.8

पेट्रोलियम क्षेत्र की प्रवृत्तियां

			अप्रैल—सितम्बर*		पिछले वर्ष की तुलना में परिवर्तन	
	1992-93	1993-94*	1993	1994	1993-94	1994-95@
1	2	3	4	5	6	7
	(मिलियन टन)				(प्रतिशत)	
1. कच्चे तेल का उत्पादन	26.95	27.03	20.00	23.87	0.3	19.4
(i) तटीय	11.20	11.65	8.67	9.02	4.0	4.0
(क) तेल और प्राकृतिक गैस आयोग	8.68	8.84	6.56	6.84	1.8	4.1
(ख) आयल इंडिया लि०	2.52	2.81	2.11	2.19	11.5	3.8
(ii) अपतटीय (तेल और प्राकृतिक गैस आयोग)	15.75	15.38	11.33	14.85	−2.3	31.1
2. रिफाइनरी कुल मात्रा	53.48	54.30	40.41	42.42	1.5	5.0
3. पैट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन	50.36	51.08	37.91	39.62	1.4	4.5
	(बिलियन घन मीटर)					
4. प्राकृतिक गैस का उत्पादन	18.06	18.34	12.15**	13.05**	1.6	7.4**

*अनन्तिम ** अप्रैल-नवम्बर

@अप्रैल—दिसम्बर

29. 1993–94 में 18.3 बिलियन घन मीटर के स्तर पर प्राकृतिक गैस का उत्पादन 1992–93 के उत्पादन की अपेक्षा 1.6 प्रतिशत अधिक था। 1993–94 के दौरान प्राकृतिक गैस का उपयोग 16.3 बिलियन घन मीटर था जबकि 1992–93 में 16.1 बिलियन घन मीटर का उपयोग किया गया था। अप्रैल-नवम्बर, 1994 के दौरान 13.05 बिलियन घन मीटर प्राकृतिक गैस का उत्पादन किया गया, जो अप्रैल-नवम्बर, 1993 में किए गए उत्पादन की अपेक्षा 7.4 प्रतिशत अधिक था।

30. भविष्य में द्रव्य हाइड्रोकार्बन की मांग और पूर्ति के बीच अन्तर को पूरा करने के लिए प्राकृतिक गैस संभवतः एक प्रमुख भूमिका अदा करेगी। वर्तमान में, प्राकृतिक गैस का उपयोग मुख्यतः विद्युत और उर्वरक जैसे मूल क्षेत्र के उद्योगों के लिए आवश्यक सामग्री के रूप में किया जाता है। 1993–94 के दौरान प्राकृतिक गैस के कुल उत्पादन का लगभग 10 प्रतिशत भभक गया। तेल और प्राकृतिक गैस आयोग तथा आयल इंडिया लि. दोनों ने ही गैस भभकने में कटौती की परियोजना सहित भभके को न्यूनतम करने के लिए अनेक योजनाएं आरम्भ की हैं।

31. सरकार ने पैट्रोलियम क्षेत्र में आठवीं योजना के लिए 26,552 करोड़ रुपए के परिव्यय को स्वीकृति दी है। प्रथम दो वर्षों में वास्तविक व्यय 15,571 करोड़ रुपए था। 1994–95 के दौरान पूर्वानुमानित व्यय 11,537 करोड़ रुपए लगाया गया है। इसलिए, योजना के तीसरे वर्ष के अंत तक कुल व्यय योजना परिव्यय का 102 प्रतिशत हो जाएगा। यह इस क्षेत्र में संसाधनों की आवश्यकताओं को और प्राइवेट क्षेत्र की भागीदारी के लिए चल रहे उदारीकरण संबंधी उपायों की आवश्यकताओं को प्रकट करता है।

32. तेल और गैस क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण सुधार कार्यान्वित किए गए हैं। सरकार ने पहले ही तेल और प्राकृतिक गैस आयोग को एक निगम में पुनर्गठित कर दिया है और इसकी इक्विटी पूंजी का 2 प्रतिशत विनिवेशित भी कर दिया है। स्वदेशी तथा अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में शेयरों की पेशकश के माध्यम से तेल और प्राकृतिक गैस आयोग की इक्विटी पूंजी का 18 प्रतिशत और विनिवेशित किए जाने की कार्यवाही चल रही है। वर्ष भर चलने वाली बोलियों के आधार पर सरकार अन्वेषण खंडों की पेशकश कर रही है जिससे कि कंपनियां बोलियों के दौर में भाग लेने के लिए समय निकाल सकें। दिसम्बर, 1994 के अंत तक तेल और गैस की खोज के लिए बोलियों के आठ दौर सरकार ने प्रस्तुत किए। बोलियों के पांचवे दौर तक सरकार ने ग्यारह खंडों के लिए संविदाएं निष्पन्न की हैं। छठी, सातवीं और आठवीं बोलियों के दौरों का मूल्यांकन किया जा रहा है। सरकार ने इनके उत्पादन में गति लाने के लिए प्राइवेट कंपनियों को मध्यम और छोटे आकार के तेल और गैस के खोज लिए गए क्षेत्रों का विकास करने के लिए पेशकश की है। पहली पेशकश के अन्तर्गत, 5 मध्यम दर्जे के और 13 छोटे दर्जे के क्षेत्रों के लिए संविदाओं का निर्धारण कर दिया है। अन्वेषित क्षेत्रों के लिए दूसरी पेशकश में 7 मध्यम और 14 छोटे आकार के क्षेत्रों के विकास के लिए 54 बोलियां लगी हैं। तलछटी थालों पर भूवैज्ञानिक आंकड़ों का उन्नयन करने के लिए सरकार ने अनुमानित सर्वेक्षण कार्य करने के लिए कम्पनियों से बोलियां आमंत्रित की हैं। अब तक पूर्वानुमानित सर्वेक्षणों के दो दौरों की घोषणा की जा चुकी है। सरकार राष्ट्रीय तेल कंपनियों द्वारा विदेशों में तेल की खोज का अधिग्रहण करने और रकबों का विकास करने को प्रोत्साहन दे रही है। तेल और प्राकृतिक गैस विदेश लिमिटेड (तेल और प्राकृतिक गैस आयोग के संपूर्ण स्वामित्वाधीन अनुषंगी कंपनी) का वियतनाम के अपतटों में एक उद्यम है जहां तेल की खोज की गई है। सरकार ने तेल और प्राकृतिक गैस विदेश लिमिटेड के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दे दी है जिसमें मिस्र में एक उद्यम में, जो ब्रिटिश गैस, यू.के. के नेतृत्व में एक संघ द्वारा वर्धमान में आयोजित हुआ था, भागीदारिता के लिए अपने हित बनाए रखेगी।

33. 1993–94 के अंत तक देश में तेलशोधक क्षमता 53.25 मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष थी। जो दिसम्बर, 1994 तक बढ़कर 53.4 मिलियन मी. टन प्रति वर्ष हो गयी है। विद्यमान तेलशोधक कारखानों के प्रस्तावित विस्तार और विभिन्न पार्टियों को अब तक जारी किए गए आशय पत्रों के आधार पर ध्यान देते हुए 2001–02 तक पेट्रोलियम उत्पादों की 102 मिलियन मी. टन प्रतिवर्ष की अनुमानित मांग को पूरा करने के लिए तेल शोधन क्षमता 135 मि.मी. टन प्रतिवर्ष तक बढ़ने की आशा है। उपभोग के स्तरों को प्राप्त करने के लिए सरकार ने पब्लिक क्षेत्र में 12 मि.मी. टन प्रति वर्ष की कुल क्षमता सहित तीन नए तेलशोधक कारखाने स्थापित किए जाने के प्रस्तावों को अनुमोदित कर दिया है। सिद्धान्ततः सरकार ने तीन नए आधारभूत तेल शोधक कारखानों को स्थापित करने का भी निर्णय लिया है जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 6 मि. मी. टन प्रति वर्ष होगी। इसके अतिरिक्त, सरकार ने प्राइवेट क्षेत्र में 7 तेल शोधक कारखानों को स्थापित करने के आशय पत्र प्रदान किए हैं जिनसे 47 मि.मी. टन प्रति वर्ष की क्षमता का विस्तार होगा।

34. 1993–94 के दौरान पैट्रोलियम उत्पादों का उपभोग 60.8 मि.मी. टन था जो पिछले वर्ष की तुलना में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि प्रकट करता है। द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस, मोटर स्प्रिट और उच्च गति के डीजल के उपभोग ने काफी अधिक वृद्धि दरें प्रकट की। अप्रैल-दिसम्बर, 1994 के दौरान पैट्रोलियम उत्पादों के उपभोग में अप्रैल-दिसम्बर, 1993 की तुलना में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई (सारणी 8.9)। कच्चे तेल के उत्पादन में 1990–91 से गिरती हुई प्रवृत्ति और 1992–93 की तुलना में 1993–94

सारणी 8.9

पैट्रोलियम उत्पादों का उपभोग**

1	1992-93	1993-94*	अप्रैल—दिसम्बर* 1993	अप्रैल—दिसम्बर* 1994	पिछले वर्ष की तुलना में परिवर्तन 1993-94	पिछले वर्ष की तुलना में परिवर्तन 1994-95@
	2	3	4	5	6	7
	(मिलियन टन)				(प्रतिशत)	
1. हल्के आसुत	10.31	10.57	7.77	उ०न०	2.5	उ०न०
जिसमें से						
(क) नेफ्था	3.38	3.19	2.39	2.50	—5.6	4.6
(ख) एल० पी० जी०	2.87	3.11	2.24	2.48	8.4	10.7
(ग) पेट्रोल	3.60	3.83	2.86	3.07	6.4	7.3
2. मध्यम आसुत	36.15	38.15	28.06	उ०न०	5.5	उ०न०
जिसमें से						
(क) मिट्टी का तेल	8.48	8.70	6.43	6.65	2.6	3.4
(ख) डीजल तेल	24.29	25.88	19.05	20.86	6.5	9.5
3. भारी प्रयोज्य	12.44	12.09	8.82	उ०न०	—2.8	उ०न०
जिसमें से						
(क) ईंधन तेल	9.27	9.19	6.74	7.32	—0.9	8.6
जोड़	58.90	60.81	44.65	48.28	3.2	8.1

*अनंतिम

@अप्रैल—दिसम्बर

उ०न० उपलब्ध नहीं

** रिफाइनरी बायलर ईंधन के अतिरिक्त

में लगभग स्थिरता आने के कारण आयातों पर निर्भरता बढ़ी है । 1993–94 के दौरान 42.9 मिलियन मी. टन पर कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों का सकल आयात 1992–93 में किए गए आयात की अपेक्षा 5.8 प्रतिशत अधिक था । 1993–94 के दौरान पैट्रोलियम, तेल और स्नेहकों के आयात का मूल्य 17,730 करोड़ रुपए था जबकि पिछले वर्ष के दौरान 17,045 करोड़ रुपए मूल्य का आयात हुआ था । अप्रैल-दिसम्बर, 1994 के दौरान पेट्रोलियम, तेल और स्नेहकों का सकल आयात 30.7 मि.मी. टन था जिसका मूल्य 13181 करोड़ रुपए था जबकि अप्रैल-दिसम्बर, 1993 के दौरान 13459 करोड़ रुपए की लागत से 31.8 मिलियन मी. टन का आयात किया गया था ।

35. सरकार ने पूर्ति की स्थितियों को सुधारने तथा आर्थिक सहायता प्राप्त पैट्रोलियम उत्पादों की बिक्री के कारण राजकोषीय भार को कम करने के लिए द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस, बढ़िया मिट्टी के तेल और "लो सल्फर हैवी स्टाक" के लिए फरवरी, 1993 से एक समानान्तर विपणन प्रणाली गठित की है । इस प्रणाली के अन्तर्गत प्राइवेट पार्टियों को बाजार-निर्धारित मूल्यों पर अपने वितरण तंत्र के माध्यम से द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस/बढ़िया मिट्टी के तेल और 'लो सल्फर हैवी स्टाक' का आयात करने और उनका विपणन करने की अनुमति दी गयी है । सरकार ने समानान्तर विपणन प्रणाली के प्रचालनों को सुसाध्य बनाने के लिए द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस पर आयात शुल्कों में जनवरी, 1994 में कटौती की घोषणा की थी जो 85 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत की गयी है। 1994–95 के बजट में 10 प्रतिशत के प्रतिकारी शुल्क सहित इस शुल्क को फिर संशोधित करके 15 प्रतिशत कर दिया गया । प्राइवेट क्षेत्र को भी पैट्रोलियम के विपणन के लिए आधारिक संरचना के विकास के लिए निवेश करने की अनुमति दी गयी है । प्रणाली में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा विपणन की जाने वाली द्रवीकृत पैट्रोलियम गैस और बढ़िया मिट्टी के तेल का समानान्तर विपणन प्रणाली में विपथन रोकने के लिए सुरक्षात्मक उपाय किए गए हैं ।

36. ऊर्जा क्षेत्र में पर्यावरणात्मक दृष्टि से नीतियों को सुसाध्य बनाने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं । सरकार ने चार बड़े शहरों के लिए पेट्रोल से सीसे को प्रावस्थित करने के लिए एक योजना तैयार की है । जून, 1994 से चार प्रमुख शहरों को कम सीसे वाले, अर्थात् 0.15 ग्राम/लीटर (अधिकतम), मोटर स्प्रिट की आपूर्ति आरम्भ कर दी है । पैट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए

भी अनेक कदम उठाए गए हैं। इनमें तेल शोधक कारखानों की ऊर्जात्मक कार्यकुशलता को सुधारना, परिवहन क्षेत्र में ईंधन की कारगरता को बढ़ाना, सड़क परिवहन क्षेत्र में ईंधन के रूप में सम्पीड़ित प्राकृतिक गैस को उपयोग में लाना, स्नेहकों के स्तर का उन्नयन, बेकार बायलरों और भट्टियों का पुनर्स्थापन और औद्योगिक क्षेत्र में ईंधन के लिए कारगर उपस्करों और क्रियाविधियों का संवर्धन, कृषि क्षेत्र में सिंचाई के काम आने वाले पम्प सेटों में संशोधन, घरेलू क्षेत्र में ईंधन-कार्यक्षम मिट्टी के तेल, एल.पी.जी. स्टोवों और झंझावात दीप लालटेनों का विकास व संवर्धन और बहु-माध्यम जागरूकता अभियान चलाना तथा तेल उपयोगकर्ताओं के विविध लक्ष्य समूहों को शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रदान करना शामिल हैं। उठाए गए विभिन्न कदमों के परिणामस्वरूप 1993–94 के दौरान लगभग 1174 करोड़ रुपए के पेट्रोलियम उत्पादों की बचत की गई।

नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत :

37. ऊर्जा के विकास और नए तथा नवीकरणीय स्रोतों के उपयोग के लिए आरम्भ किए गए प्रमुख कार्यक्रमों में बायोगैस और बायोमास के विकास के लिए कार्यक्रम, सौर-ऊर्जा, सुधार किए गए चूल्हे, फोटोवोल्टिक्स, सोलर थर्मल, पवन विद्युत, माइक्रो हाइडल और शहरी/नगरपालिका तथा औद्योगिक अपशिष्ट पदार्थों से प्राप्त ऊर्जा शामिल है। बाजार विकास तथा वाणिज्यिकीकरण पर अत्यधिक बल देते हुए इन कार्यक्रमों का नवीकरण किया गया है। ऊर्जा के नवीकरणीय साधनों के संवर्धन के लिए एक तिहरी नीति अपनायी जा रही है, जिसमें प्रदर्शनात्मक परियोजनाओं के लिए सरकार के बजटीय संसाधन प्रदान करना; वाणिज्यिक दृष्टि से व्यवहार्य परियोजनाओं को आई.आर.ई.डी.ए. तथा अन्य वित्तीय संस्थाओं से संस्थागत वित्त उपलब्ध कराना, करावकाश, मूल्यह्रास की छूट, उत्पाद शुल्क तथा केन्द्रीय बिक्री कर से छूट, सीमा शुल्क संबंधी रियायतें और विद्युत के चक्रण और बैंकिंग की सुविधाएं उपलब्ध कराने के अतिरिक्त ग्रिडों को प्रदान की गयी विद्युत के लिए लाभप्रद मूल्य प्रदान करना शामिल हैं।

38. मार्च, 1994 के अंत तक प्राइवेट क्षेत्र की परियोजनाओं सहित पवन विद्युत उत्पादन के माध्यम से लगभग 115 मेगावाट की क्षमता स्थापित की गयी थी। वर्ष 1994–95 के दौरान प्राइवेट क्षेत्र के निवेश के माध्यम से लगभग 159 मेगावाट की पवन विद्युत उत्पादन क्षमता स्थापित किए जाने की आशा है। पवन विद्युत उत्पादन के लिए की गयी एकमुश्त पहलों में शत-प्रतिशत त्वरित मूल्यह्रास, 12.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर आई.आर. ई.डी.ए. से ऋण, किसी भी पांच वर्ष के ब्लाक के लिए करावकाश, उत्पाद शुल्क से छूट और विन्ड टर्बाइन के आयातों पर सीमा शुल्क से छूट/शुल्क की रियायती दरें शामिल हैं।

39. मार्च, 1994 तक लघु पन बिजली परियोजनाओं की 110.4 मेगावाट क्षमता प्रचालित की गयी है। लघु पन बिजली परियोजनाओं की स्थापना को बढ़ाने के लिए घोषित उपायों में 12.5 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर पर आई.आर.ई.डी.ए. द्वारा परियोजना लागत के 75 प्रतिशत तक का वित्तपोषण, राज्य बिजली बोर्डों के साथ वापसी–खरीद व्यवस्थाएं और प्राइवेट क्षेत्र को इन परियोजनाओं को बनाओ, ग्रहण करो और चलाओ आधार पर स्थापित करने की अनुमति शामिल हैं।

40. राष्ट्रीय बायोगैस विकास परियोजना के अंतर्गत देश में मार्च, 1994 के अंत तक 19.9 लाख से भी अधिक बायोगैस प्लांट स्थापित किए जा चुके थे। वर्ष 1994–95 के लिए 2.00 लाख प्लांट स्थापित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसमें से दिसम्बर, 1994 के अन्त तक 74,058 प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं। 1993–94 में आरम्भ किए गए खोई आधारित सह-उत्पादन कार्यक्रम संबंधी राष्ट्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत चीनी मिलों में खोई के रूप में उपलब्ध बायोमास को अतिरिक्त विद्युत उत्पादन में प्रयोग किए जाने का प्रस्ताव है।

41. वर्ष 1993-94 से अपनाए गए वाणिज्यिकीकरण दृष्टिकोण के अन्तर्गत सौर ऊर्जा से पानी गरम करने की प्रणालियों और सौर ऊर्जा से प्रयोग किए जाने वाले कुकरों पर आर्थिक सहायता को राजकोषीय प्रोत्साहनों द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। वर्ष 1993–94 के दौरान सोलर फोटोवोल्टिक पंपों और सोलर फोटोवोल्टिक लालटेनों के कार्यक्रम भी आरम्भ किए गए हैं। राजस्थान के जोधपुर में देश में अपनी किस्म की पहली सौर तापीय विद्युत परियोजना भी कार्यान्वियन के लिए अधिकृत की गयी है। इस क्षेत्र में विशेष रूप से सोलर फोटोवोल्टिक का बाजार खुल जाने से अत्यधिक प्रतिस्पर्धा, आधुनिकीकरण और लागतों में कटौती आई है।

42. वर्ष 1987 में स्थापित किए गए भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण लिमिटेड ने विश्व बैंक और विश्व पर्यावरण निधि के समर्थन से अपने कार्यकलापों का अत्यधिक विस्तार किया है। "भारतीय नवीकरणीय संसाधन विकास परियोजना" नामक परियोजना आरम्भ की गयी है जिसमें पवन-खेती विकास, फोटोवोल्टिक मार्किट विकास और लघु जल विद्युत विकास की तीन परियोजनाएं समाविष्ट हैं और विश्व बैंक/विश्व पर्यावरण निधि की 195 मिलियन अमरीकी डालर की सहायता शामिल है। आई.आर.ई.डी.ए. ने अनेक उद्यमकर्ता विकास कार्यक्रम भी आयोजित किए हैं ताकि उद्यमियों और परियोजना के विकास-कर्ताओं को आकर्षित किया जा सके। दिसम्बर, 1994 के अंत तक आई.आर.ई.डी.ए. ने नए और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की प्रणालियों और यंत्रों का विनिर्माण करने और उनकी

स्थापना करने के लिए लगभग 349.45 करोड़ रुपए की लागत पर 390 नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को स्वीकृति दी थी।

43. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए नीतिगत उपायों की घोषणा की गयी है। अनिवासी भारतीयों ने रूचि दिखायी है और आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, मध्यप्रदेश और केरल राज्यों में पवन खेती, सोलर प्लांट्स जैसी लगभग 450 मेगावाट की कुल क्षमता वाली परियोजनाएं आरम्भ होने की प्रक्रिया में हैं।

दूरसंचार :

44. भारत में 31 दिसम्बर, 1994 की स्थिति के अनुसार 83 लाख कार्यरत कनैक्शन हैं और 105 लाख लाइनों की क्षमता सहित 19,293 से भी अधिक एक्सचेंजों का एक नेटवर्क है। इस नेटवर्क में प्रतिवर्ष 22 प्रतिशत की दर से वृद्धि हो रही है। वर्ष 1993-94 के दौरान स्विचिंग क्षमता वाली 18.3 लाख लाइनें और शामिल की गयी थी, जोकि वर्ष 1992-93 से 54 प्रतिशत अधिक थीं। कुल क्षमता का लगभग 24 प्रतिशत दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता और मद्रास में और शामिल किया गया था।

45. नए टेलीफोन कनैक्शनों की वार्षिक वृद्धि दर 1988-89 में 9.8 प्रतिशत से क्रमिक रूप से बढ़कर 1992-93 में 17 प्रतिशत हो गयी। 1993-94 के दौरान इसमें 18.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। वर्ष 1993-94 में 12.3 लाख नए टेलीफोन कनैक्शन दिए गए। 31 मार्च, 1994 की स्थिति के अनुसार नए कनैक्शनों के लिए प्रतीक्षारत लोगों की संख्या 25 लाख थी, जो पिछले वर्ष की संख्या से 12.3 प्रतिशत कम थी। दूर-संचार विभाग ने सभी गांवों में सार्वजनिक टेलीफोन कनैक्शन प्रदान करने का बीड़ा उठाया है। वर्ष 1993-94 के दौरान 33,001 गांवों में टेलीफोन की सुविधाएं प्रदान की गई। यह 1992-93 में प्रदान की गयी सुविधाओं से 9.7 प्रतिशत अधिक है।

46. वर्ष 1993-94 के दौरान 137.5 लाख कन्डक्टर कि.मी. (एल.सी.के.एम.एस.) केबल डाले गये जो 1992-93 के मुकाबले 28 प्रतिशत अधिक हैं। मात्र चार प्रमुख महानगरों में डाले गए केबल ही कुल केबलों का 29.1 प्रतिशत बैठते हैं।

47. दूरसंचार विभाग के लिए (एम.टी.एन.एल. सहित) आठवीं योजना का परिव्यय 23946 करोड़ रुपए अनुमोदित किया गया है। योजना के प्रथम दो वर्षों 1992-93 और 1993-94 में विकासात्मक योजनाओं पर खर्च हुई कुल योजनागत राशि 10,367 करोड़ रुपए थी, जिसमें से 67.2 प्रतिशत राशि का वित्त पोषण आंतरिक संसाधनों से और 31.7 प्रतिशत राशि बाजार उधारों (टेलीकम बांड) से जुटाई गयी थी। इन दो वर्षों के दौरान कुल निवेश की मात्र 1.1 प्रतिशत राशि का बजटीय समर्थन प्राप्त हुआ था। योजना के शेष तीन वर्षों के दौरान यह अनुमान लगाया गया है कि परिकल्पित कुल निवेशों से योजनागत संबंधी व्यय बढ़कर 34,000 करोड़ रुपए हो जाएगा। इसमें से 75 प्रतिशत राशि का वित्त पोषण आंतरिक संसाधनों के जरिए किया जाएगा।

48. राष्ट्रीय दूरसंचार नीति (एन टी पी) की घोषणा मई, 1994 में की गयी थी। नीति की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता मौलिक दूरसंचार सेवाओं में प्रतिस्पर्धा आरम्भ करना है। ऐसी आशा की जाती है कि प्रतिस्पर्द्धा से उपागम्यता में सुधार होगा और वहनीय कीमत पर बेहतर प्रकार की सेवा उपलब्ध होगी। राष्ट्रीय दूरसंचार नीति (एन टी पी) की प्रमुख विशेषताएं हैं:—आठवीं योजना के अंत तक मांग पर टेलीफोन उपलब्ध कराने का लक्ष्य; 1997 तक प्रत्येक गांव में फोन कनैक्शन उपलब्ध कराना; 1997 तक शहरी क्षेत्रों में प्रति 500 व्यक्तियों पर एक पब्लिक काल आफिस की स्थापना करना; अन्तर्राष्ट्रीय रूप से उपलब्ध सभी मूल्यवर्धित सेवाओं का 1997 तक भारत में प्रचालन किया जाना और देश का एक प्रमुख विनिर्माण आधार और दूरसंचार उपस्करों के एक प्रमुख निर्यातक के रूप में उभरना (बाक्स 8.2)।

49. बुनियादी दूरसंचार सेवाओं के निजी क्षेत्र के प्रवेश के लिए मार्गनिर्देशों की घोषणा कर दी गयी है। बुनियादी टेलीफोन सेवाएं प्रदान कराने वाली कंपनियों को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच अपने कार्यकलापों में एक संतुलन बनाए रखना होगा। उन्हें एक सहमत टैरिफ और राजस्व विभाजन व्यवस्था के अन्तर्गत कार्य करना होगा। यदि बुनियादी दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने के लिए भारतीय और विदेशी कंपनी के बीच कोई संयुक्त उद्यम कंपनी गठित की जाती है तो 49 प्रतिशत से अधिक विदेशी इक्विटी की अनुमति नहीं होगी।

50. मूल्यवर्धित सेवाओं के क्षेत्र, जिसे निजी क्षेत्र के लिए खोल दिया गया है, में कोशिकामय चल फोन (सेल्यूलर मोबाइल फोन) प्रदान करने के लिए बम्बई, कलकत्ता, दिल्ली और मद्रास को विशेष अधिकार देने के प्रावधान को पहले ही अंतिम रूप दे दिया गया है। महानगर टेलीफोन निगम लि. द्वारा बम्बई और दिल्ली में रेडियो पेजिंग सेवा लागू कर दी गयी है। 27 अन्य नगरों में रेडियो पेजिंग सेवा को अधिक देने के लिए निजी आपरेटरों से निविदाएं आमंत्रित की गयी थीं और 15 बोलीदाताओं को आशय पत्र जारी किए गए थे। निजी कंपनियों को अधिकार प्रदान करने के लिए अन्य मूल्यवर्धित 6 सेवाओं की पहचान की गई हैं। ये हैं: इलैक्ट्रानिक डाक सेवाएं, ध्वनि डाक सेवाएं, आडियो टैक्स, 64 के बी पी एस डाटा सेवा उपयोग वी एस ए टी, वीडियो टैक्स और वीडियो कान्फेरन्सिंग इन सेवाओं के लिए प्रस्ताव प्राप्त किए जा रहे हैं और इनका सतत आधार पर मूल्यांकन किया जाता है।

बाक्स 8.2

दूरसंचार में सुधार

* वर्ष 1984 में ग्राहक परिसर उपस्कर उद्योग निजी क्षेत्र के लिए खोला गया।

* वर्ष 1992 में मूल्यवर्धित सेवाएं (वी ए एस) निजी क्षेत्र के लिए खोली गयी। इन सेवाओं में कोशिकामय चल फोन (सेल्यूलर मोबाइल फोनस्) रेडियो पेजिंग, इलैक्ट्रानिक डाक सेवाएं, ध्वनि डाक सेवाएं, आडियो टैक्स सेवाएं, वीडियो टैक्स सेवाएं, डाटा सेवाएं, वी. एस. ए. टी. का प्रयोग और वीडियो कान्फरेन्सिंग शामिल है।

* राष्ट्रीय दूरसंचार नीति (एन टी पी), 1994 के अनुसार प्रतिस्पर्धा के लिए बुनियादी दूरसंचार सेवाएं खोली गई। वर्धित आंतरिक उत्पादन के माध्यम से और लिसिंग आस्थगित अदायगियों, बनाओ, चलाओ और हस्तांतरित करो, बनाओ, मालिक बनो और चलाओ, आदि जैसे नए साधन अपनाकर अतिरिक्त संसाधन जुटाने के लिये दूरसंचार विभाग के प्रयासों को पूरक बनाने के लिये निजी क्षेत्र प्रयासों का उपयोग किया जायेगा।

* बुनियादी दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने के लिए किसी भारतीय कम्पनी और विदेशी कम्पनी के बीच गठित एक संयुक्त उद्यम कम्पनी के मामले में 49 प्रतिशत तक की विदेशी इक्विटी की भागीदारी की अनुमति दी जाती है।

* बुनियादी दूरसंचार सेवाओं में प्रवेश करने के लिए निजी क्षेत्र की लाइसेंस सर्कल आधार पर दिए जाएंगे। दूरसंचार विभाग के अतिरिक्त केवल एक लाइसेंस प्रत्येक सर्कल में ऑपरेट करने की अनुमति दी जा रही है। लाइसेंस की अवधि सामान्यतः 15 वर्ष होगी। फिर भी, ग्राहकों को निर्धारित स्तर/किस्म की सेवा प्रदान करने और दायित्वों को पूरा करने में असमर्थ होने पर लाइसेंस प्राप्तकर्ता के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

* ग्राहकों की मांग को पूरा करने और सभी को वहनीय तथा उचित कीमतों पर बुनियादी दूरसंचार उपलब्ध कराने के लिए सेवाओं के विरुद्ध अनुमत्य क्षेत्र के साथ दूरसंचार की व्यवस्था।

* सरकार ने भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण एक स्वायत निकाय की स्थापना करने का निर्णय किया है, जो विनियामक कार्य को नीति निर्माण और प्रचालन कार्यों से अलग करेगा। इसके विचारणीय विषय निम्नलिखित होंगे :--मानक निर्धारण कीमतों का विनियमन, विभिन्न सेवा प्रदान करने वालों के बीच तकनीकी अनुकूलता सुनिश्चित करना, बढ़ते हुए प्रभारों का निर्धारण, उपभोक्ता के हितों का संरक्षण, सेवा प्रदान करने वालों के बीच विवादों का निपटान और सेवा प्रदानकर्ताओं के बीच स्थानीय और दूरसंचार विभाग दूरवर्ती सर्किट उपलब्ध कराने के लिए समय-तालिका सुनिश्चित करना।

51. उचित प्रतिस्पर्द्धा सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं के हितों को संरक्षित और संवर्धित करने के लिए सरकार ने भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (टी.आर.ए.आई.) स्थापित करने का निर्णय लिया है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण की स्थापना से निजी क्षेत्र का प्रवेश भी आसान हो जाएगा।

डाक :

52. विश्व की अपेक्षा भारत में डाकघरों का सबसे बड़ा नेटवर्क है। मार्च, 1994 के अंत तक राष्ट्रीय डाक नेटवर्क में 1.5 लाख डाकघर थे। दीर्घावधिक उद्देश्य, प्रत्येक गांव की 3 कि.मी. की परिधि में एक डाकघर स्थापित करना है। 1993-94 के दौरान 637 अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघरों और 116 विभागीय उप-डाकघरों की मंजूरी दी गयी। अब विभाग का उद्देश्य इन क्षेत्रों में पंचायतों की विद्यमान बुनियादी प्रणाली का उपयोग करके संविदात्मक आधार पर मूल डाक सुविधाएं प्रदान करके इस प्रयास में तेजी लाना है। इस संबंध में तैयार की गई पंचायत डाक सेवा योजना के दो लाभ हैं, एक तो जरूरतमंद क्षेत्रों में डाक सुविधाओं का विस्तार करने के लिए बजटीय संसाधनों पर निर्भरता को कम करना और दूसरे इस प्रकार के क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करना है।

53. सूचना और संचार प्रौद्योगिकी में तीव्र परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए डाक विभाग ने उपभोक्ताओं को नई मूल्यवर्धित सेवाएं प्रदान करने के लिए आधुनिकीकरण के अपने कार्यक्रम पर बल दिया है। वर्ष 1994-95 के दौरान छः महानगरों को जोड़ने वाली मेट्रो चेनल सर्विस और दिल्ली को अधिकांश राज्यों की राजधानियों से जोड़ने वाली राजधानी चेनल तथा पिन कोड व्यापार डाक को विशेष महत्व देने के लिए व्यापार चेनल शुरू किए गए हैं। विभाग ने एक ग्रीन चेनल भी प्रारम्भ किया है, जिसके अन्तर्गत स्थानीय डाक को प्राथमिकता दी जाती है। अप्रैल, 1993 में बम्बई में एक एकीकृत डाक संसाधन संयंत्र स्थापित किया गया था, एक अन्य संयंत्र मद्रास में स्थापित किए जाने की प्रक्रिया में है ऐतथा

ही संयंत्र दिल्ली, बंगलौर तथा अन्य प्रमुख केन्द्रों में स्थापित करने पर विचार किया जा रहा है ।

54. मनीआर्डर सेवा रोकड़ अंतरण का एक समाजोपयोगी साधन है । मनीआर्डर सम्प्रेषण में तेजी लाने के उद्देश्य से उपग्रह चैनलों के उपयोग की एक परियोजना कार्यान्वित की जा रही है । 6 केन्द्रों को कवर करते हुए एक प्रायोगिक परियोजना को पहले ही सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया जा चुका है और 1994-95 के दौरान ऐसे 20 और केन्द्र स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है । इस प्रयोजन के लिए स्थापित बी एस ए टी (अत्यन्त छोटे द्वारक टर्मिनलों) के नेटवर्क का विस्तार किया जाना है और अन्य मूल्यवर्धित सेवाएं जैसे मिश्रज (हाईब्रिड) डाक, प्रीमियम बचत खाता, इस नेटवर्क के जरिए शुरू की जा रही है ।

55. स्पीड पोस्ट ट्रैफिक 47 प्रतिशत वार्षिक की दर से बढ़ रहा है । 1993-94 के दौरान कुल 50.13 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ और सृजित ट्रैफिक 109 लाख वस्तुओं का हुआ । डाक जीवन बीमा में 19.9 लाख से अधिक पालिसियां हैं, जिनकी बीमित राशि 4153 करोड़ रुपए है । 1992-93 की तुलना में 1993–94 में पालिसियों में 1.57 लाख की वृद्धि हुई, जिनकी बीमित राशि 595.4 करोड़ रुपए थी । विभाग ने विद्यमान पी एल आई योजना की भांति ही एक ग्रामीण बीमा योजना शुरू करने की योजना बनाई है ।

56. डाक घर बचत बैंक का संचालन डाकघरों के विस्तृत नेटवर्क के जरिए किया जाता है, जिनमें से 89 प्रतिशत डाकघर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं । वर्ष 1993–94 के अन्त में विभिन्न बचत योजनाओं के अन्तर्गत 67,293 करोड़ रुपये का कुल बकायाशेष था । डाकघर बचत बैंक के कार्यों का अब डाक विभाग द्वारा कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है । अक्तूबर 1993 में महिला समृद्धि योजना नामक एक नई योजना शुरू की गयी थी जिसका उद्देश्य प्रौढ़ ग्रामीण महिलाओं को वित्तीय रूप से योग्य बनाना है । 31 मार्च, 1994 की स्थिति के अनुसार इस योजना के अन्तर्गत 7.3 लाख खातों में 9.2 करोड़ रुपए एकत्रित किए गए थे ।

57. देश की डाक सेवा को अनिवार्य रूप से सामाजिक सेवा मान लिया गया है । परिणामस्वरूप, वाणिज्यिक व्यवहार्य के कड़े मानदण्डों का पालन नहीं किया गया है और इस समय यह प्रणाली घाटे में चल रही है । 1993–94 में विभाग को 207 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है । कुल व्यय में स्थापना खर्च 80 प्रतिशत है । स्थापना खर्च को नियंत्रित करने के लिए जनशक्ति का पुर्ननियोजन और उसको युक्ति-संगत बनाया जा रहा है ।

58. सरकार, पत्रों को भेजने के अपने एकाधिकार नियंत्रण को सीमित करने पर विचार कर रही है, इससे कुरियर उद्योग को एक औपचारिक दर्जा प्रदान करने का मार्ग खुल जाएगा । राज्य स्वामित्व वाली डाक सेवाओं के उदारीकरण की दिशा में एक दूसरे उपाय के रूप में सरकार नीजी क्षेत्र को कमीशन के आधार पर डाक लेखन-सामग्री को वितरण करने की अनुमति देने पर भी विचार कर रही है ।

रेलवे :

59. भारतीय रेलवे का 62,462 किलोमीटर का एक विस्तृत नेटवर्क है, जिसमें (36,824 किलोमीटर) बड़ी लाइनें, (20,653 किलोमीटर) मीटरगेज लाइनें और (3,985 किलोमीटर) छोटी लाइनें शामिल हैं । 11,793 किलोमीटर मार्ग का विद्युतीकरण किया गया है जो कुल किलोमीटर मार्ग का 18.8 प्रतिशत था । आठवीं योजना अवधि में प्राथमिकता दिए जाने वाले क्षेत्रों में पुरानी पड़ गई परिसम्पत्तियों का प्रतिस्थापन और नवीकरण, टर्मिनल और रोलिंग स्टाक क्षमताओं में वृद्धि करना, रेलवे लाइनों का बदलना और विद्युतीकरण शामिल है । भारतीय रेल ने 1992–93 में 1,351 किलोमीटर और 1993–94 में 1,619 किलोमीटर रेलवे लाइनों को बदला तथा 1994–95 के लिए 1,600 किलोमीटर का लक्ष्य रखा गया है ।

60. वर्ष 1993–94 के दौरान रेलवे द्वारा राजस्व उपार्जक माल यातायात की ढुलाई 359 मिलियन मी. टन थी । यह 1992–93 के कार्य-निष्पादन से 2.5 प्रतिशत अधिक थी । अप्रैल–दिसम्बर, 1994–95 के दौरान माल की ढुलाई 264.7 मिलियन टन थी जिसमें अप्रैल–दिसम्बर, 1993 की तुलना में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई । यह वृद्धि मुख्यतः कोयले इस्पात संयंत्रों के लिए कच्चे माल, उर्वरक, पी.ओ.एल. आदि में हुई । तथापि, खाद्यान्नों, कच्चा लोहा, परिष्कृत इस्पात, निर्यातों के लिए लौह-अयस्कों और सीमेंट में भारी कमी आई (सारणी 8.10) ।

सारणी 8.10

रेलवे का कार्य निष्पादन

			अप्रैल-दिसम्बर*		पिछले वर्ष की तुलना में परिवर्तन	
	1992-93	1993-94*	1993	1994	1993-94	1994-95@
1	2	3	4	5	6	7
					(प्रतिशत)	
कुल राजस्व उपार्जक माल यातायात ढुलाई (मिलियन टन)	350.05	358.72	258.37	264.74	2.5	2.5
(1) कोयला	157.73	167.00	121.39	125.08	5.9	3.0
(2) इस्पात संयंत्रों के लिये कच्चा माल (कोयले को छोड़कर)	32.97	33.40	23.81	26.56	1.3	11.5
(3) इस्पात संयंत्रों से तैयार किया हुआ कच्चा लोहा और परिष्कृत	12.03	12.08	8.77	8.66	0.4	—1.3
(4) निर्यात के लिए लोह अयस्क	10.47	10.46	7.73	7.26	—0.1	—6.1
(5) सीमेंट	30.38	32.54	22.70	22.99	7.1	—1.3
(6) खाद्यान्न	27.30	26.68	18.78	14.49	—2.3	—22.8
(7) उर्वरक	18.94	19.50	14.18	15.55	3.0	9.7
(8) पी०ओ०एल०	26.41	25.95	18.95	20.54	—1.7	8.4
(9) शेष (अन्य माल)	32.82	31.11	22.06	23.61	—8.0	7.0
2. निवल टन कि० मी० (मिलियन)	252.39	252.41	183.97	182.74	0.0	—7
3. निवल टन कि० मी० प्रतिदिन प्रति वैगन (ब्राड गेज)	1457.00	1506.00	1442.00	1505.00	3.4	4.4
4. मूल यात्री यातायात (मिलियन)**	3749.37	3708.04	1776.49	1921.15	—1.1	8.1
5. यात्री किलोमीटर (बिलियन)**	300.10	296.24	147.21	156.84	—1.3	6.5

*अनन्तिम @अप्रैल—दिसम्बर **अप्रैल—सितम्बर

61. रेल और सड़क परिवहन के बीच विद्यमान माडल शेयर उस इष्टतम शेयरों के अनुरूप नहीं हैं, जो न्यूनतम आर्थिक लागत द्वारा निर्धारित किए गए हैं। रेलवे ने अब सड़क परिवहन द्वारा की जा रही माल की ढुलाई को आकर्षित करने के लिए आर्थिक सुधारों को अपनाकर, एक नई विपणन नीति तैयार की है, जो ऊर्जा की अधिक खपत वाली है और पर्यावरण के कम अनुकूल हैं। नई विपणन स्कीम में मुख्य रूप से बल दिए जाने वाले क्षेत्रों का बाक्स 8.3 में उल्लेख किया गया है।

62. रेलवे में 16 लाख कर्मचारी नियोजित हैं, यह संख्या देश में किसी भी उपक्रम की सबसे अधिक संख्या है। कार्यकुशलता को बढ़ाने, श्रमिकों के पुनः प्रशिक्षण देने और अधिक उत्पादकता प्राप्त करने के लिए मानव संसाधन विकास के लिए एक सर्वतोमुखी योजना की आवश्यकता है। रेलवे को एकीकृत स्वाचालन नियंत्रण प्रणालियों का निर्माण करना चाहिए, ताकि रेल लाइनों, ट्रेकशनों, टर्मिनलों और रेल-गाड़ियों का बेहतर उपयोग किया जा सके। नेटवर्क की क्षमताओं के साथ एक सशक्त, सुवितरित कम्प्यूटर प्रणाली के अनुप्रयोग द्वारा सिगनल और दूरसंचार प्रणाली को सुधारा जा सकता है। यद्यपि पिछले वर्षों के दौरान प्रति कर्मचारी यातायात यूनिटों की संख्या के संदर्भ में कर्मचारियों की उत्पादकता, प्रति वैगन प्रतिदिन निवल मी. टन किलोमीटर के रूप में परिसम्पत्ति उत्पादकता, वैगन के आगे-जाने का समय, इंजन के उपयोग आदि में सुधार हुआ है, फिर भी इनमें और सुधार लाने की गुंजाइश है।

बाक्स—8.3

रेलवे की नई विपणन नीति की विशेषताएं

* भारतीय कंटेनर निगम (सी ओ एन सी ओ आर) एक सरकारी क्षेत्र का उपक्रम है जो स्वदेशी उपयोगकर्ताओं के लिये घर-घर सेवा प्रदान करेगा, छोटे ग्राहकों के लिए माल की बड़ी मात्रा में ढुलाई और अन्तर्राष्ट्रीय मानक संगठन (आई एस ओ) कंटेनरों में अन्तर्राष्ट्रीय परिवहन का कार्य करेगा।

* निश्चित समय पर निर्यात कंटेनरों के आवागमन के लिए बम्बई, जवाहर लाल नेहरू और मद्रास बन्दरगाहों के साथ तुगलकाबाद को जोड़ने वाली रेलगाड़ियां शुरू करेगा।

* ग्राहकों को ब्रेक वैन स्पेस लीज पर देना ताकि वे मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों द्वारा निश्चित स्थानों के बीच ढुलाई सुनिश्चित कर सकें।

* बम्बई और दिल्ली के बीच लम्बी दूरी की एक्सप्रेस पार्सल सेवा शुरू करेगा।

* मांग पत्रों की निर्बाध स्वीकृति वैगनों की आपूर्ति, एकल खिड़की बुकिंग प्रणाली और सुधार करने के लिये गन्तव्य स्थान तक बीजकों को फैक्स के द्वारा भेजने जैसे प्रमुख क्षेत्रों में नियमों को सरल बनाएगा।

63. रेलवे के लिए बजटीय समर्थन में निरन्तर गिरावट आई है, जो पांचवीं योजना में रेलवे योजना परिव्यय का 75 प्रतिशत था, वह सातवीं योजना में परिव्यय का 40 प्रतिशत और आठवीं योजना में परिव्यय का 20 प्रतिशत रह गया। तथापि, आठवीं योजना के प्रथम तीन वर्षों के दौरान रेलवे के लिए बजटीय समर्थन इसके वार्षिक परिव्ययों का लगभग 18 प्रतिशत रहा है। घटते हुए बजटीय समर्थन और राजस्वों में आयी कमी के फलस्वरूप इंजनों, कोचों और वैगनों की प्राप्ति के लिए रेलवे की योजना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इसलिए लाइनों के विस्तार, उनके नवीकरण, रेल लाइनों के परिवर्तन और प्रमुख मार्गों के विद्युतीकरण की चालू परियोजनाओं को पुनः प्राथमिकता देने की आवश्यकता महसूस की गयी है।

64. रेलवे योजनाओं के वित्तपोषण के लिए वैकल्पिक स्रोत अर्थात् बाजार उधार भी अनिश्चित और खर्चीले हो गए हैं। इसलिए रेलवे को आंतरिक उपार्जन पर अधिक निर्भर रहने के लिए बाध्य होना पड़ा है, जिसका 1994-95 में लगभग 66 प्रतिशत हो जाने का अनुमान लगाया गया है।

नागर-विमानन :

65. नागर विमानन के तीन कार्यात्मक उप-क्षेत्र हैं: परिचालनात्मक, संरचनात्मक और विनियामक-एवं-विकासात्मक। परिचालनात्मक पक्ष की ओर इंडियन एयरलाइन्स लि., वायुदूत (जो इंडियन एयरलाइन्स लि. के एक पृथक अभिज्ञात प्रभाग के रूप में कार्य कर रहा है) और निजी एयर लाइन्स (अनुसूचित और गैर-अनुसूचित), स्वदेशी वायु सेवाएं प्रदान करती हैं। एयर इंडिया लि. और इंडियन एयर लाइन्स लि. स्वदेशी एयर लाइनें हैं, जो अन्तर्राष्ट्रीय हवाई सेवाएं प्रदान करती हैं। पवन हंस लि. मुख्यतया पैट्रोलियम क्षेत्र को हैलीकाप्टर समर्थन सेवाएं प्रदान करती हैं। बुनियादी सुविधाएं, भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण (आई.ए.ए.आई.) और राष्ट्रीय विमान-पत्तन प्राधिकरण (एन.ए.ए.) द्वारा प्रदान की जाती हैं। भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 1994 के विधिकरण के फलस्वरूप इन दोनों प्राधिकरणों को मिलाकर एक ही प्राधिकरण अर्थात् भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण बनाया जा रहा है। विनियामक और विकासात्मक कार्यों की देखभाल नागर विमानन मंत्रालय और महानिदेशक नागर विमानन के कार्यालयों द्वारा की जाती हैं।

66. वायु निगम अधिनियम, 1953 को पहली मार्च, 1994 को निरसित कर दिया गया, जिसके फलस्वरूप अनुसूचित हवाई यातायात सेवाओं पर से इंडियन एयर लाइन्स, एयर इंडिया और वायुदूत का एकाधिकार समाप्त हो गया। 6 निजी ऑपरेटरों को, जो अब तक एयर टैक्सियों के रूप में काम कर रहे थे, अनुसूचित एयर लाइन्स का दर्जा प्रदान किया गया है।

67. असल में घरेलू सेवाओं में प्रतिस्पर्द्धात्मक वातावरण अप्रैल 1993 से विद्यमान है। मार्च, 1994 तक 120 प्लस कैटगरी में 19 विमान जो निजी एयर टैक्सियों के हैं, प्रचालन में थे। इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण कायम करने का स्वाभाविक परिणाम यह था कि मार्च, 1994 तक बाजार के 25 प्रतिशत भाग की सेवा निजी एयर टैक्सियों द्वारा की जा रही थी। एयर टैक्सी ऑपरेटरों द्वारा ले जाए जाने वाले यात्रियों की संख्या, जो 1990 में 15,000 थी वह 1992 में बढ़कर 4.1 लाख और 1993 में 29.2 लाख हो गई और आशा है कि 1994 के दौरान यह संख्या 35 लाख को पार कर जायगी। इस प्रकार, इंडियन एयर लाइन्स को एक ओर तो अपने लाभप्रद मुख्य मार्गों पर बाजार में भागीदारी करनी पड़ी। दूसरी ओर, अपने अत्यन्त

सक्षम कार्मिकों, को जिन्हें निजी ऑपरेटरों ने अधिक परिलब्धियां प्रदान करने की पेशकश की, सेवाएं खोने का डर हुआ। परिणामस्वरूप उनकी विद्यमान विमान क्षमता का इष्टतम उपयोग करने की उनकी क्षमता पर प्रभाव पड़ा। इंडियन एयर लाइन्स ने जून, 1993 से प्रतिस्पर्द्धात्मक वातावरण के प्रति स्वयं को अनुकूल बनाने के लिये भी चुनौतीपूर्ण कार्य करने के अनुरूप बनाया है। अनेक और भी उपाय किये गये हैं, जो मुख्यतः संगठन को निर्णय लेने के संबंध में विपणन दृष्टिकोण अपनाने और अपने उत्पादन को गुणवत्ता में पर्याप्त सुधार लाने पर जोर देते हैं। इसने अपनी यात्री सुविधाओं अर्थात् विमान के अन्दर और हवाई अड्डों दोनों पर यात्रियों को सुविधाएं प्रदान करने, विमानों को समय पर चलाने, उड़ान के समय सुरक्षा संबंधी उपायों में सुधार किया है तथा बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिये कर्मचारियों की भागीदारी भी बढ़ाई है।

68. चूंकि 1993-94 में कुल स्वदेशी बाजार म पर्याप्त वृद्धि नहीं हुई और विद्यमान बाजार को निजी ऑपरेटरों के साथ बांटना पड़ा, इसलिये इंडियन एयर लाइन्स को वर्ष के दौरान वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इस पर किराये ढांचे द्वारा और जोर दिया गया था, जिसने लागत निर्दिष्टियों की पूर्णतः पूर्ति नहीं की और विमानी बेड़े में नये विमानों के शामिल होने के कारण मूल्यह्रास और वित्त पोषण प्रभारों में काफी वृद्धि हुई। वर्ष 1994-95 के दौरान आशा है कि स्वदेशी बाजार में वृद्धि की दर लगभग 12 से 14 प्रतिशत होगी, किन्तु उद्योग द्वारा जिस लागत ढांचे का सामना किया जा रहा है वह अभी भी बहुत अधिक है और दीर्घावधिक सीमांतिक लागतों की अपेक्षा सीमांतिक राजस्व बहुत कम रहे। विमान टरबाइन ईंधन (ए.टी.एफ.) की घरेलू कीमतें, जो कुल खर्च का लगभग 35 प्रतिशत बैठती हैं, अन्तर्राष्ट्रीय कीमतों की तुलना में ढाई गुणा अधिक हैं। इसलिये सरकार ने 1994-95 के दौरान विशेष आयात लाइसेंस योजना के अन्तर्गत विमान टरबाइन ईंधन (ए० टी० एफ०) के सीधे आयात की अनुमति दे दी है। इंडियन एयर लाइन्स ने इस योजना के अन्तर्गत विमान टरबाइन ईंधन (ए० टी० एफ०) के आयात के लिए संविदाओं को अंतिम रूप दे दिया है तथा अन्य घरेलू एयर लाइन संबंधी कम्पनियां भी ऐसा ही करने की सोच रही हैं।

69. अप्रैल-फरवरी, 1993-94 के दौरान इंडियन एयर लाइन्स के राजस्व और व्यय में क्रमशः 13.3 प्रतिशत और 13.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस अवधि के दौरान 235 करोड़ रुपये की निवल हानि हुई, जबकि अप्रैल-फरवरी, 1992-93 के दौरान 179 करोड़ रुपये की हानि हुई थी। अप्रैल-नवम्बर, 1994 के दौरान 195.05 करोड़ रुपए की हानि होने का अनुमान है। देश के सभी भागों में हवाई सेवाओं का विस्तार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से घरेलू अनुसूचित ऑपरेटरों के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत बनाये गये, ताकि श्रेणी-II और III गैर-प्रमुख मार्गों के रूप में श्रेणीबद्ध मार्गों पर प्रचालनों की एक निश्चित न्यूनतम प्रतिशतता प्रदान की जा सके। इसके परिणामस्वरूप जबकि निजी ऑपरेटरों के पास कुल हवाई क्षमता में पर्याप्त रूप से वृद्धि नहीं हुई है, फिर भी, इस समय 36 मार्गों पर प्रतिस्पर्द्धात्मक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, जबकि 1993-94 में ये सेवायें लगभग 20 मार्गों पर प्रदान को जा रही थीं। हवाई अड्डों के आधारभूत ढांचे की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक की बढ़ती हुई आवश्यकता को पूरा करने और उन क्षेत्रों में सेवाओं में वृद्धि करने जहां ये अब तक नहीं थीं, हवाई यातायात सेवाओं के क्रमबद्ध विकास को सुनिश्चित करने के लिये स्वदेशी हवाई सेवाओं के लिए एक विनियामक ढांचे की स्थापना की गई है।

70. एयर इंडिया लि० को 1993-94 में लगभग 200 करोड़ रुपए का निवल लाभ हुआ तो जो 1992-93 की तुलना में 40 प्रतिशत कम था। अप्रैल-सितम्बर, 1994 के दौरान एयर इंडिया लि० का निवल लाभ 55 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। तथापि भारत के कुछ भागों में प्लेग फैलने के कारण भारत में आने वाले और भारत से जाने वाले विमानों पर खाड़ी देशों द्वारा लगाई गई रोक के कारण 28 सितम्बर, 1994 से 25 अक्टूबर, 1994 तक मध्यपूर्व के लिए जाने वाली उड़ानों को रद्द किये जाने के कारण एयर इंडिया लि० को 26.66 करोड़ रुपए की हुई अनुमानित निवल हानि के द्वारा आंशिक रूप से इसमें कमी आयी है। एयर इंडिया का समग्र भार अनुपात 57.3 प्रतिशत है, जो अन्य अंतर्राष्ट्रीय एयर लाइनों की तुलना में कम है। भारत से होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय यातायात में इसका हिस्सा, जो 1981 में 42 प्रतिशत था, वह 1991 में घटकर 35 प्रतिशत और 1993 में 20 प्रतिशत रह गया है। अपनी स्थिति में सुधार करने की दृष्टि से एयर इंडिया लि० स्टेट आफ दी आर्ट विमान प्राप्त करके और इसके साथ ही विमानों को वेट-लीस पर प्राप्त करके अपनी क्षमता का विस्तार कर रहा है।

71. पवन हंस लि० मूलतः तेल क्षेत्र को हेलीकॉप्टर सहायता सेवाएं प्रदान करता है। वर्ष 1993-94 के दौरान उड़ान के घंटों की कुल संख्या 18127 थी, जबकि 1992-93 के दौरान यह संख्या लगभग 17000 थी। वर्ष 1993-94 के दौरान राजस्व प्राप्तियां और निवल लाभ क्रमशः 127.7 करोड़ रुपए और 23.3 करोड़ रुपए थे, जबकि, 1992-93 में यह राशि क्रमशः 123.6 करोड़ रुपए और 27.5 करोड़ रूपए थी। अप्रैल--सितम्बर, 1994 के दौरान उड़ान घंटे 9260 थे और राजस्व तथा निवल लाभ क्रमशः 65.5 करोड़ रुपए और 17.8 करोड़ रुपए थे।

72. भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण बंबई, कलकत्ता, दिल्ली, मद्रास और तिरुवनन्तपुरम स्थित पांच

अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तनों का प्रबन्ध करता है, उनका संचालन और विकास करता है। 1993-94 में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण का निवल लाभ 50.2 करोड़ रुपए था, जो 1992-93 के दौरान हुए 45.7 करोड़ रुपए के निवल लाभ से 9.8 प्रतिशत अधिक था। 1993-94 के दौरान व्यय में 14.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि राजस्व में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 1993-94 के दौरान 209.7 लाख और 4.4 लाख टन क्रमशः यात्रियों और माल की उतराई-चढ़ाई हुई जो 1992-93 की तुलना में क्रमशः 11.5 प्रतिशत और 11.2 प्रतिशत अधिक थी। भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने 1993-94 के लिए 14.7 करोड़ रुपए (24 प्रतिशत) के लाभांश की घोषणा की, जबकि 1992-93 के लिए 14 करोड़ रुपए (23 प्रतिशत) की घोषणा की गयी थी।

73. अप्रैल–सितम्बर, 1994 के दौरान भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण के राजस्व और व्यय में क्रमशः 28.6 प्रतिशत और 22.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस प्रकार निवल लाभ 57.7 करोड़ रुपए का हुआ जो, अप्रैल—सितम्बर, 1993 की तुलना में 48.2 प्रतिशत अधिक था। इस अवधि के दौरान यात्रियों की संख्या और उतारे-चढ़ाए गए माल में क्रमशः 11.9 प्रतिशत और 15.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर टर्मिनल काम्पलैक्सों के निर्माण कार्य और हवाई पट्टियों तथा टर्मिनल भवनों के सुधार और उन्नयन का कार्य शुरू किया है। कलकत्ता में नए स्वदेशी टर्मिनल ने जनवरी 1995 में कार्य करना शुरू कर दिया है। बम्बई अन्तर्राष्ट्रीय टर्मिनल (तृतीय-चरण) का कार्य चल रहा है।

74. राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण को 1993-94 के दौरान 53.4 करोड़ रुपए का निवल लाभ हुआ, जो 1992-93 की तुलना में 216.5 प्रतिशत अधिक था। अप्रैल–सितम्बर, 1994 के दौरान राजस्व में 65.5 प्रतिशत की वृद्धि और व्यय में 23.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसके परिणामस्वरूप 59.7 करोड़ रुपए का लाभ हुआ, जो अप्रैल—सितम्बर, 1993 के दौरान हुए लाभ की तुलना में 427.8 प्रतिशत अधिक है।

75. बम्बई और दिल्ली हवाई अड्डों पर हवाई यातायात के आधुनिकीकरण, अहमदाबाद, गोवाहाटी, हैदराबाद और तिरुवनन्तपुरम में विमानपत्तन निगरानी राडार की स्थापना, हवाई अड्डों पर सुविधाओं को बढ़ाने और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए 12 माडल हवाई अड्डों के विकास जैसी अनेक परियोजनाएं शुरू की गई हैं। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के हवाई अड्डों पर निवेश यद्यपि किफायती नहीं है, फिर भी वहां बड़ी मात्रा में कार्य शुरू किए गए हैं। उन परियोजनाओं पर निवेश का 60 प्रतिशत भाग, जिन्हें उत्तर-पूर्वी परिषद का पूर्व-अनुमोदन प्राप्त है, उत्तर-पूर्वी परिषद द्वारा वहन किया जाता है।

76. हवाई अड्डों का संरचनात्मक ढांचा अधिक मात्रा में निवेश, प्रदायगियों के संबंध में अधिक व्यय पुनः स्थापन और नवीकरणों की अपेक्षा करता है। संसाधन संबंधी दबावों को ध्यान में रखते हुए घरेलू और विदेशी निवेशकर्त्ताओं को, जिनमें अनिवासी भारतीय शामिल हैं। नए अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों के विकास और कुछ अन्य स्वदेशी हवाई अड्डों पर संरचनात्मक सहायता के विस्तार में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विमान पत्तन प्राधिकरण ने हवाई अड्डों पर भीड़-भाड़ को कम करने और विमान आवागमन के समय में वृद्धि करने के उद्देश्य से दिल्ली और बम्बई में हवाई अड्डों पर माल के उतारने-चढ़ाने के कार्य को निजीकरण करने का भी निर्णय लिया है।

सड़क और सड़क परिवहन :

77. 1985 में देश में सड़क मार्गों की कुल लम्बाई 16.9 लाख कि.मी. थी, जो 1990-91 के अंत तक बढ़कर 20.4 लाख कि.मी. हो गई। इसमें से आधे मार्ग कच्ची सड़कों के बने हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क 1993-94 के अंत में 34058 किलो मीटर था, जो कुल सडक नेटवर्क का 2 प्रतिशत से भी कम है, लेकिन इस पर कुल सड़क यातायात का लगभग 40 प्रतिशत आवागमन होता है।

78. अनुमान लगाया गया है कि सड़क यातायात, जो यात्री यातायात का 80 प्रतिशत और माल यातायात का 60 प्रतिशत बैठता है, सन् 2000 तक क्रमशः 87 और 65 प्रतिशत हो जाएगा। इस तरह सड़क यातायात के विस्तार को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में अत्यधिक सुधार किए जाने की आवश्यकता है। अधिकांश सड़कों के खड़ंजों की मोटाई अपर्याप्त है। इसकी अन्य कमियां हैं; जैसे अपर्याप्त क्षमता, सवारी करने की स्थिति घटिया, पुल/पुलियां कमजोर और टूटे हुए, शहरी खण्ड भीड़ वाले, अत्यधिक रेलवे क्रासिंग, सड़कों के किनारे सुविधाओं की कमी और सड़क सुरक्षा संबंधी कमजोर उपाय। लगभग 20 प्रतिशत राष्ट्रीय राजमार्ग को सिंगल लेन से डबल लेन में करने की जरूरत है और दो लेन वाली लगभग 70 प्रतिशत सड़कों को मजबूत किया जाना है और राष्ट्रीय राजमार्गों पर चुनिंदा रास्तों को द्रुतगामी (एक्सप्रेस) मार्गों में बदले जाने की आवश्यकता है। स्पष्टतः यह एक बहुत बड़ा कार्य है और इसमें काफी निवेश करने तथा संगठनात्मक संसाधनों के लिए वचनबद्धता की आवश्यकता है।

79. पहले सड़कों का वित्तपोषण प्राय: बजटीय संसाधनों से किया जाता रहा है, और लोक निर्माण विभाग द्वारा इनका निर्माण किया जाता रहा है। चूंकि बजटीय आवंटन उपर्युक्त चुनौतियों का सामना करने के लिए पर्याप्त नहीं है इसलिए राष्ट्रीय राजमार्गों के चुनिंदा मार्गों पर शुल्क की लेवी लगाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम में संशोधन किया गया है। निजी क्षेत्र को निर्माण करने और शुल्क प्रभार लगाने की अनुमति देने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम का संशोधन किए जाने से निर्माण, प्रचालन और अन्तरण के आधार पर निजी क्षेत्र को सड़कों के निर्माण, अनुरक्षण और प्रचालन कार्य में भागीदारी करने की अनुमति मिलेगी। निजी क्षेत्र की भागीदारी को आकर्षित करने हेतु सरकार द्वारा किये गये अनेक सुधारों/उपायों का सारांश बाक्स 8.4 में दिया गया है।

80. वर्ष 1994-95 के दौरान सरकार ने कुल 850 करोड़ रुपए के निवेश वाली 17 परियोजनाओं के लिए विदेशी कम्पनियों सहित निजी क्षेत्र से प्रस्ताव आमंत्रित किए। इनमें राष्ट्रीय राजमार्गों पर 9 पुल और 8 बाई पास शामिल हैं। जबकि इन परियोजनाओं में से कुछ में 27 भारतीय कम्पनियों ने अपनी रुचि व्यक्त की, फिर भी, जनवरी, 1995 तक केवल 5 परियोजनाएं क्रियान्वित हो सकी और चुनिंदा उद्यमों को आशय पत्र जारी किए गए ताकि वे आंकड़ा संग्रहण कर सकें और कार्य प्रचालन व्यवस्थाओं आदि को सुदृढ़ बना सकें। तथापि, निर्माण कार्यों को सौंपे जाने पर अंतिम निर्णय अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार और जब भी सरकार द्वारा नीतियों पर निर्णय लिया जायेगा उन नीतियों के अनुसार लिया जायेगा।

81. राष्ट्रीय राजमार्गों में सुधार करने हेतु विश्व बैंक, एशियाई विकास बैंक और जापान के ओवरसीज आर्थिक सहयोग जैसी अन्तर्राष्ट्रीय अभिकरणों से ऋण सहायता के जरिए अतिरिक्त बजटीय समर्थन प्राप्त किया जा रहा है। हालांकि भूतल परिवहन मंत्रालय के एजेन्टों के रूप में राज्य सरकारों के माध्यम से प्रथम राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना के धीमे कार्यान्वयन ने विश्व बैंक को विदेशी सहायता की मात्रा में 96 मिलियन अमरीकी डालर की कटौती करने के लिए पहले ही विवश कर दिया है। इसलिए भारत सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को सक्रिय करने का

बाक्स–8.4

सड़क क्षेत्र में सुधार

* सभी राज्य सरकारों द्वारा पथकर को और उनमें से कई राज्यों द्वारा चुंगी को समाप्त कर दिया गया ताकि समग्र आवागमन के समय में कमी की जा सके और सड़क पर यातायात को निर्बाध गति से चलाने में मदद मिल सके।
* मोटर वाहन अधिनियम, 1988 को संशोधित कर दिया गया है, जो 14 नवम्बर, 1994 से लागू किया गया है, ताकि प्रक्रियाओं को सरल बनाया जा सके और राज्य सरकार को ड्राइविंग लाइसेंस मंजूर करने और मोटर वाहनों को परमिट प्रदान करने के मामले में अधिक अधिकार दिये जा सकें।

  जैसा कि मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन किया गया है, यह अन्य बातों के साथ-साथ व्यक्तिगत तौर पर अथवा कम्पनी द्वारा धारण किये जा सकने वाले स्टैंज केरीएज परमिटों की संख्या की सीमाओं को भी समाप्त करेगा।
* सड़क क्षेत्र को उद्योग घोषित किया गया है ताकि आसान शर्तों पर ऋण लेने की सुविधा मिल सके और बांडों को जारी करने की अनुमति मिल सके।
* एन० आर० टी० पी० उपबन्धों में ढील दी गई ताकि बड़ी फर्में राजमार्ग क्षेत्र में प्रवेश कर सकें।
* राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, संशोधित किया गया, ताकि राष्ट्रीय राजमार्गों, पुलों और सुरंगों पर शुल्क की लेवी लगाई जा सके।
* निर्माण उपकरणों पर सीमा शुल्क कम किया गया और प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया।

निर्णय लिया है, जिसका एक स्वतंत्र और स्वायत्त दर्जा होगा और उसे विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाओं को इसके सुपुर्द किया जाएगा ताकि उनके कार्यान्वयन की गति को बढ़ाया जा सके।

82. राज्य सड़क परिवहन उद्यम लगभग 1.1 लाख बसों का प्रचालन करते हैं तथा इसमें 8.9 लाख कर्मचारी कार्यरत हैं। इन उद्यमों को कुछ अपवादों के साथ अलाभकारी मार्गों पर भी वाहन चलाने की सामाजिक वचनबद्धता, लागत-आधारित भाड़ा संरचना का अभाव, कर्मचारियों की अधिकता, घटिया प्रबंध और व्यापक अकुशलताओं जैसे विभिन्न कारकों के कारण गंभीर वित्तीय अड़चनों का सामना करना पड़ता है।

83. शहरी क्षेत्रों में जनसंख्या और उसके परिणामस्वरूप परिवहन संबंधी मांग में गुणोत्तर वृद्धि हुई हैं। बहुत से शहरों में उपलब्ध सड़क नेटवर्क के अनुपात में वाहनों की संख्या बहुत अधिक हो गई है। जनसंख्या के अधिक घनत्व और भूमि की कमी के कारण बहुत से शहरों में सड़क क्षमता को पर्याप्त रूप से बढ़ाना कुल मिलाकर असम्भव है और इसलिए बढ़ती हुई वाहनों की संख्या और परिवहन संबंधी मांग में ताल-मेल बिठाना सम्भव नहीं है। इससे भूमि और पूंजी की रुकावटों, ऊर्जा उपभोग, प्रदूषण तथा दुर्घटनाओं पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता के कारण बढ़ती हुई परिवहन संबंधी मांग को पूरा करने के लिए वैकल्पिक रास्ते निकालने के कार्य में तेजी आई है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र की सरकार के साथ परामर्श करके एक हाई स्पीड ट्राम प्रणाली शुरू करने की एक परियोजना निर्धारित की गई है। इसे निजी भागीदारी की सहायता से शुरू किया जा सकता है। ये हाई-स्पीड ट्रामें उत्थापित मार्गों पर चलायी जायेंगी। बाद में इस परियोजना का विस्तार संबंधित राज्य सरकारों के साथ परामर्श करके अन्य महानगरों में भी किया जायेगा।

नौवहन :

84. वर्ष 1993-94 के दौरान भारतीय पोतों ने कुल समुद्री माल के लगभग 34 प्रतिशत माल की ढुलाई की। वर्ष 1993-94 में पी.ओ.एल की ढुलाई में भारतीय पोतों का हिस्सा 60.6 प्रतिशत, भारी माल की ढुलाई में 20.0 प्रतिशत और लाईनर यातायात में 8.8 प्रतिशत था। भारी माल की ढुलाई और लाईनर यातायात में भारत की हिस्सेदारी का दीर्घावधिक लक्ष्य क्रमशः 50 और 40 प्रतिशत है। दिसम्बर, 1994 के अन्त में 438 पोतों वाले बेड़े की क्षमता 6.3 मिलियन सकल पंजीकृत मीट्रिक टन (जी० आर०टी०) थी, जबकि दिसम्बर, 1993 में 443 पोतों वाले बेड़े में 6.27 मिलियन सकल पंजीकृत मीट्रिक टन की क्षमता थी। वर्ष 1993-94 के दौरान 136.97 मिलियन टन का विदेशी व्यापार हुआ था जबकि 1992-93 के दौरान 122.3 मिलियन टन का था। भविष्य में दक्षिणी अमेरिका को होने वाले निर्यात में तेजी आने का पूर्वानुमान लगाते हुए, कुछ नौवहन कम्पनियां इस क्षेत्र में अपनी सेवाएं बढ़ाने की योजना बना रही हैं।

85. वर्ष 1993-94 के दौरान भारतीय जहाजरानी निगम ने बेहतर कार्य-निष्पादन का प्रदर्शन किया है। 31 दिसम्बर, 1994 की स्थिति के अनुसार इसका सकल टन-भार 3.08 मिलियन जी०आर०टी० था (समस्त बेड़े का लगभग 50 प्रतिशत), जबकि 31 दिसम्बर, 1993 की स्थिति के अनुसार यह 3.04 मिलियन जी०आर०टी० था। भारतीय जहाजरानी निगम के सकल आन्तरिक संसाधन 1992-93 में 263 करोड़ रुपये की तुलना में, 1993-94 में 286 करोड़ रुपये हो गये। वर्ष 1993-94 के दौरान कर चुकाने के पश्चात् इसका निवल लाभ 168 करोड़ रुपये था, जिसने 1992-93 की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी। अप्रैल–सितम्बर, 1994 के दौरान, कर पश्चात् होने वाले लाभ का अनन्तिम तौर पर अनुमान 54.6 करोड़ रुपए लगाया गया है।

86. सरकार ने हाल ही में एक स्कीम स्वीकृत की है, जिसके अन्तर्गत चरणबद्ध तरीके से विदेशी व्यापार में सम्पादित कार्य लाईनर जहाजी माल के मूल्य के 40 प्रतिशत तक की भारतीय नौवहन कम्पनियों के लिए पोतवणिकों का स्वैच्छिक नौभार समर्थन की परिकल्पना की गयी है। इस स्कीम के लाभों का पूरा फायदा उठाने के लिए भा०ज०नि० ने अपनी ग्राहक सेवा सेल को सुदृढ़ बनाया है, ताकि प्राथमिकता के आधार पर पोतवणिकों की आवश्यकताओं पर ध्यान दिया जा सके।

87. अन्तर्राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्ध (आई.एस.एम.) कोड, जो नवम्बर, 1993 में अन्तर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (आई० एम०ओ०) द्वारा अपनाया गया था, के अनुसार भारतीय नौवहन कम्पनियों के लिए दिशा निर्देश तैयार करने के लिए सरकार ने कदम उठाये हैं। आई०एस०एम० कोड के अन्तर्गत, जो यात्री-पोतों और टैंकरों के मामले में जुलाई, 1998 तथा अन्य पोतों के मामले में जुलाई, 2002 से लागू होगा, नौवहन कम्पनियों से तटीय-कर्मचारियों और पोत पर कार्यरत नाविकों को विशेष प्रशिक्षण देने की अपेक्षा की जाती है।

पत्तन :

88. देश के 5560 कि०मी० लम्बे समुद्री तट पर 11 प्रमुख और 139 उपयोग योग्य लघु पत्तन स्थित हैं। वर्ष 1993-94 के दौरान प्रमुख पत्तनों पर 179.3 मिलियन टन माल उतारा-चढ़ाया गया, जो 1992-93 की तुलना में 7.6 प्रतिशत अधिक था। इसकी तुलना 1980 के दशक के उत्तरार्ध : ौरान प्राप्त की गयी लगभग 5 प्रति-

सारणी 8.11

प्रमुख पत्तनों पर यातायात की प्रवृत्तियां

			अप्रैल—दिसम्बर*		पिछले वर्ष की तुलना में परिवर्तन	
	1992-93	1993-94*	1993	1994	1993-94	1994-95@
1	2	3	4	5	6	7
	(मिलियन टन)					(प्रतिशत)
1. पी० ओ० एल०	73.61	76.92	56.90	60.13	4.5	5.7
2. लोह अयस्क	29.83	34.13	24.13	22.72	14.4	−6.5
3. उर्वरक तथा कच्चा माल	7.38	7.44	5.47	6.13	0.8	12.1
4. खाद्यान्न	2.32	1.47	1.20	0.45	−36.6	−62.5
5. कोयला	24.48	26.74	19.45	21.82	9.2	12.2
6. बनस्पति तेल	0.25	0.37	0.27	0.48	48.0	77.8
7. अन्य तरल पदार्थ	3.99	3.60	2.24	3.59	−9.8	60.3
8. डिब्बा बन्द माल	9.01	12.25	8.82	10.95	36.0	24.1
9. अन्य	15.71	16.34	11.46	14.73	4.0	28.5
जोड़	166.58	179.26	130.12	141.00	7.6	8.4

*अनन्तिम @अप्रैल-अक्टूबर

शत की वृद्धि दर से भली प्रकार की जा सकती है। अप्रैल–दिसम्बर, 1994 के दौरान प्रमुख पत्तनों के माध्यम से 141 मिलियन टन माल उतारा-चढ़ाया गया, जो अप्रैल–दिसम्बर 1993 में किए गए कार्य-निष्पादन की तुलना में 8.4 प्रतिशत अधिक था। (सारणी 8.11) उतारे-चढ़ाये गये माल यातायात में प्रमुख वृद्धियां उर्वरक और कच्ची सामग्रियां (12.1 प्रतिशत), कोयला (12.2 प्रतिशत), वनस्पति तेल (77.8 प्रतिशत), अन्य तरल पदार्थ (60.3 प्रतिशत) और डिब्बाबंद माल (24.1 प्रतिशत) के संबंध में देखी गयी थीं। हाल के वर्षों में यातायात के संघटन में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। इसलिए तदनुसार पत्तनों की क्षमताओं का पुनरीक्षण और पुनर्संरचना करना आवश्यक है।

89. हाल के वर्षों में पत्तन–उत्पादकता में वृद्धि हुई है, और जहाज आवागमन के औसत समय तथा प्रति जहाज–गोदी–दिन निर्गम में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पत्तन-उत्पादकता के विपरीत, श्रम और उपकरण उत्पादकता स्तर अभी भी कम है, इसके प्रमुख कारण हैं: पत्तनों पर मजदूरों की अधिकता, पुराने उपकरण तथा प्रचालनात्मक प्रतिबंध। कार्यदल के पुनर्गठन के लिए किये गए प्रस्तावों पर मजदूर संघों के विरोध के बावजूद ऐच्छिक सेवा निवृत्ति योजना (वी.आर.एस.) अतिरिक्त मानव शक्ति को कम करने के लिए सफलतापूर्वक प्रस्तावित की गई है। 30 नवम्बर, 1994 तक लगभग 9375 कर्मचारियों ने ऐच्छिक सेवा निवृत्ति योजना का लाभ उठाया है।

90. अधिकांश भारतीय पत्तनों में वार्षिक यातायात का परिमाण पर्याप्त रूप से उनकी क्षमता के अनुरूप है। आधुनिक तकनीक के साथ निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए, नई आर्थिक नीति की घोषणा के साथ ही पत्तन सुविधाओं के निजीकरण की कार्यवाही पहले ही आरम्भ हो चुकी है। निर्माण कार्य, कंटेनर-गोदी का संचालन एवं अनुरक्षण, गोदी में माल का उतारने चढ़ाने, तलछटों के अनुरक्षण एवं सुधार के लिए तलमार्जन, मालगोदाम तथा भंडारण सुविधाओं का सृजन और पत्तनों के अन्दर जहाजों की मरम्मत एवं परिवहन की व्यवस्था करने में अगले कुछ वर्षों के दौरान निजी क्षेत्र की भागीदारी की संभावना है।

91. तथापि, पत्तनों का अधिक निजीकरण, पत्तन प्राधिकरणों की भूमिका में क्रमिक परिवर्तन तथा आधुनिकीकरण एवं मशीनीकरण की दिशा में विचारों में परिवर्तन का संकेत करता है। वर्तमान में पत्तनों का नियंत्रण भारतीय पत्तन अधिनियम, 1908 और प्रमुख पत्तन ट्रस्ट अधिनियम, 1963 के द्वारा किया जाता है। इन अधिनियमों के अंतर्गत पत्तन गतिविधियों में निजीकरण को अनुमति प्रदान करने के लिए पर्याप्त लचीलापन है। फिर भी, यदि निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करना और कायम रखना है तो पत्तनों को प्रशासनिक एवं वित्तीय शक्तियों के बृहद प्रत्यायोजन पर गंभीरता से विचार करना होगा।

पर्यावरणीय समस्याएं :

92. पर्यावरणीय सुरक्षा और पारिस्थितिक संतुलन यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि विकास लम्बे समय तक कायम रहेगा। भारी, मध्यम एवं लघु उद्योगों के संयोजन पर आधारित विविधता/पूर्ण औद्योगिक ढांचे की स्थापना तथा देश में बढ़ती हुई शहरी एवं ग्रामीण जनसंख्या के परिणाम स्वरूप वायु, जल एवं भू-संसाधनों पर दबाव उत्पन्न किये हैं। इन दबावों को वायु तथा जल प्रदूषण के बढ़ते प्रभाव-क्षेत्र में विस्तार से देखा जा सकता है।

93. औद्योगिक कार्यकलाप के वर्तमान पैटर्न में खतरनाक पदार्थों का उपयोग तथा इससे ठोस कचरा उत्पन्न होना शामिल है। चिमनी से उड़ती राख, फास्फोजिप्सम तथा झोंका-भट्टी का धातु अपशिष्ट जैसे ठोस कचरे का भंडारण, कचरे का ढेर लगाना, एवं उसका निपटान करना औद्योगिक क्षेत्रों में प्रमुख समस्या के रूप में उभर रहे हैं। रसायन एवं पैट्रोरसायन उद्योगों के विकास के पीछे जहरीले ज्वलनशील एवं विस्फोटक रसायनों को विनियमित करने की समस्या भी बड़ी जटिल है। अधिकांश उद्योग दूषित जल को नदियों एवं जल-मार्गों में पर्याप्त शोधन के बिना ही छोड़ देते हैं। औद्योगिक अवशिष्टों का स्राव आसानी से घुलनशील नहीं होता है और अक्सर नदियां भी इसको प्राकृतिक रूप से आत्मसात नहीं कर पाती हैं जिसके परिणामस्वरूप जल तत्व प्रदूषित ही रह जाते हैं और जन-स्वास्थ्य पर इसका बुरा प्रभाव पड़ता है। 17 राज्यों में द्वितीय श्रेणी के 241 नगरों में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सी.पी.सी.बी.) द्वारा किये गये सर्वेक्षण के अनुसार, आपूर्ति किया गया 90 प्रतिशत जल गंदा होता है। अपर्याप्त सफाई की समस्या भी गंभीर है। जैसा कि 1988 के आंकड़ों से विदित होता है, कि शहरी जनसंख्या के 54 प्रतिशत भाग को और ग्रामीण जनसंख्या के 97 प्रतिशत भाग को सफाई सेवाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो पाता है।

94. औद्योगिक प्रदूषण का प्रमुख भाग अवशिष्ट पदार्थों के रूप में हैं। अधिकांश वायु निगरानी केन्द्रों, में इन अवशिष्ट पदार्थों का गाढ़ापन देखा जाता है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा सिफारिश किये गये मानक-स्तर से अधिक है। उद्योगों और सड़क पर चलने वाले मोटर वाहनों द्वारा (प्रतिदिन) हजारों टन प्रदूषित पदार्थ वायु में उत्सर्जित किया जाता है। कई यूरोपीय देशों एवं अमेरिका से तुलना करने पर भारत में वाहनों की सघनता अपेक्षाकृत अभी कम है, परन्तु इसके संतुलित होने के बावजूद भी शहरों में वाहनों की बढ़ती हुई संख्या के कारण वायु प्रदूषण में काफी वृद्धि हुई है। वाहनों के द्वारा उत्सर्जित प्रदूषण पदार्थ अधिक घातक सिद्ध होते हैं, क्योंकि उनसे जनता का नजदीकी सम्पर्क रहता है, और शहरों में ऊंचे-ऊंचे भवनों के कारण वायु में उनका प्रकीर्णन नहीं हो पाता है। शहरी क्षेत्रों में वाहनों के केन्द्रीयकरण के अतिरिक्त कुछ अन्य तत्व भी वायु प्रदूषण को बढ़ाते हैं जैसे पुराने प्रकार के इंजिन, पुराने वाहन, भीड़-भाड़ वाला यातायात, खराब दशा वाली सड़कें और घटिया किस्म का ईंधन।

95. कोयले पर आधारित तापीय संयंत्र सल्फर-डायोक्साइड, नाइट्रोजन आक्साइड आदि गैसें उत्सर्जित करके वातावरण को प्रदूषित बनाते हैं, जिसके कारण तेजाबी वर्षा होती है, जो क्षेत्र की मिट्टी वनस्पति एवं जल में रहने वाले जीव-जन्तुओं के जीवन को नष्ट करती है तथा बड़ी मात्रा में समाज का अहित होता है, चिमनी से उड़ने वाली राख एवं भूतल राख भी भारी मात्रा में उत्पन्न होती है। इसके अतिरिक्त, खनन उद्योग भी आस-पास के क्षेत्र में वायु और जल को प्रदूषण करने वाला सबसे बड़ा कारण रहा है। खननों के वास्तविक प्रचालनों के अलावा खानों से निकला अपशिष्ट पदार्थ और इनके ढेर क्षेत्र में खेतों एवं सम्पत्ति को नष्ट करते हैं। खुदाई से भूमिगत जल के स्रोत भी दूषित हो जाते हैं। खानों से बंदरगाहों और रेलवे-स्टेशनों के लिए लौह-अयस्कों की ढुलाई से प्रत्येक स्थान यथा वायु में, घरों में तथा खाना पकाने के बर्तनों में धूल की एक परत जम जाती है।

96. विशेषकर बड़े शहरों में ध्वनि प्रदूषण की भी वृद्धि हो रही है। बड़े शहरों में यातायात का शोर एवं वायुयानों का शोर मानव स्वास्थ्य और श्रवण शक्ति के लिए खतरा उत्पन्न करता है, और शारीरिक एवं मानसिक दोनों प्रकार के तनाव उत्पन्न करता है। बढ़ती हुई अत्यधिक जनसंख्या के कारण लोग विशेषत: महा-नगरों में, हवाई अड्डों की ओर बढ़ने शुरू हो गये हैं, जो भूमि के उपयोग की उचित आयोजन की कमी को दर्शाता है। वाहनों के ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए की जाने वाली कारंवाई को सुदृढ़ करने और हवाई अड्डों की ओर निवास बनाने के यथेच्छ फैलाव को रोकने की आवश्यकता है।

97. व्यापक स्तर पर गरीबी के साथ-साथ बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण हमारे प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव बढ़ा है, जिससे पर्यावरण का स्तर विकृत हुआ है। हमारे देश का कुल भौगोलिक क्षेत्र 329 मिलियन हैक्टेयर है, इसमें से लगभग 174 मिलियन हैक्टेयर भूमि विकृत होने का अनुमान है, इसमें कृषि गैर-कृषि और वन भूमि शामिल है। वन संसाधनों को अधिक चराई, व्यापारिक एवं घरेलू आवश्यकताओं दोनों प्रकार के अधिक उपयोग के दूसरे तरीकों, अतिक्रमणों,

अवैज्ञानिक कृषि जैसी अस्थायी पद्धतियों और विकासात्मक क्रियाकलापों के कारण खतरा उत्पन्न हो जाता है। अनुमान है कि वनों से ईंधन की लकड़ी की कुल 235 मिलियन घन मीटर से अधिक की कटाई होती है, जबकि लकड़ी के उत्पादन का स्थिर स्तर केवल 48 मिलियन घन मीटर है। वनों के अधिकांश भागों में पशुधन की प्रचुर मात्रा में चराई के कारण प्राकृतिक पुनरुत्पत्ति अपर्याप्त है, ऐसे पशुधन की अनुमानित संख्या लगभग 450 मिलियन है। देश में वनों के अधिक उपयोग और प्राकृतिक वन सम्पदा की कमी के कारण उपलब्ध सम्पन्न जैविक विविधता को खतरा उत्पन्न हो गया है। भारत में अनेक प्रकार की जैव-सम्पदा है, 75,000 से अधिक किस्म के जीव-जन्तु हैं एवं 45,000 प्रकार की वनस्पतियां पायी जाती हैं। तथापि, इनमें से बहुत सी खतरे में है। इन बहुत सारे जानवरों में से 79 प्रकार के स्तनपायी, 44 प्रकार के पक्षी, 15 प्रकार के सरीसृप और 3 प्रकार के उभयचर जानवरों का जीवन खतरे में है। लगभग 1500 प्रकार के पौधे भी खतरे के घेरे में हैं।

98. देश की नाजुक पारिस्थितिक-प्रणालियों को भी दबाव का सामना करना पड़ रहा है। मूंगे की चट्टानें, जो समुद्रीय पारिस्थितिकी-प्रणालियों की बहुत ही उत्पादनकारी प्रणाली है, पर भी चूने के उत्पादन, मनोरंजक वस्तुओं के उपयोग और आभूषण सम्बन्धी व्यापार के कारण हुए अन्धाधुन्ध दोहन से प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। 6700 वर्ग कि.मी. कच्छ वनस्पति क्षेत्र, मछली पकड़ने, भूमि तथा समुद्र के बीच के स्थान के उपयोग में परिवर्तन और जल प्रदूषण, जो कि समुद्री जहाजों एवं तटीय तेल शोधक कारखानों से तेल के रिसाव, घरेलू गंदगी तथा औद्योगिक बहिस्राव के गलत दिशा परिवर्तन से होता है, के कारण जैविक दबाव के अंतर्गत है। देश के 1.45 मिलियन हैक्टेयर में फैले अद्वितीय आर्द्र-भूमि क्षेत्रों को भी अवांछित वनस्पति, कृषि और अतिक्रमण के गादीय दबाव, रसायन एवं कार्बन की मात्रा, औद्योगिक क्षेत्रों के रूप में बदलाव शहरीकरण और आवासीय स्थानों की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। देश में अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के 85 आर्द्र-भूमि क्षेत्रों में से 45 प्रतिशत क्षेत्र को मध्यम अथवा उच्च दर्जे का खतरा है। इसी प्रकार, द्वीप समूहों के पारिस्थितिक-प्रणालियों का नाजुक परिपेक्ष भी विभिन्न प्रकार के दबावों, जिसमें मुख्य भूमि से लोगों का स्थानान्तरण भी शामिल है, के अंतर्गत है।

99. पर्यावरण को विकृत होने से बचाने के लिए सरकार में निरोधात्मक तथा प्रवर्तक उपायों सहित चल रहे प्रयास किए हैं। पर्यावरण को विकृत होने से रोकने के लिए अपनायी गई नीति में प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण, औद्योगिक एवं दूसरी परियोजनाओं के पर्यावरणीय प्रभाव का पूर्व मूल्यांकन, जनता के सहयोग से विकृत जंगलों का पुनरुत्थान और पर्यावरण जागरूकता अभियान शामिल हैं।

100. प्रदूषण निवारण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए क्रमशः वायु और जल के उत्सर्जन और रिसाव के पर्यावरणीय उत्कर्ष मानकों को लागू किया है। विशेष अनुवीक्षण करने तथा प्रवर्तन प्रयासों के लिए अत्यधिक प्रदूषित 17 उद्योगों को पहचान कर ली गई है तथा इनकी शिनाख्त की गयी अधिकांश यूनिटों में अपेक्षित प्रदूषण नियंत्रण उपकरण लगवा दिये गये हैं। विशेष रूप से ध्यान देने और जानपदिक रोग विज्ञानीय अध्ययन के लिए देश के विभिन्न भागों में गंभीर रूप से प्रदूषित 24 उद्योग क्षेत्रों को विनिर्दिष्ट करके क्षेत्र विशेष की प्रदूषण की समस्याओं को लक्षित किया है। वाहनों के लिए विस्तृत रूप से उत्सर्जन का मानक और ध्वनि के प्रदूषण के मानक भी तैयार किये गये एवं अधिसूचित किये गये हैं। विश्व बैंक से सहायता प्राप्त चालू औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रण परियोजना के अंतर्गत, कूड़े-करकट के न्यूनीकरण एवं पर्यावरणीय रूप से सुरक्षित उत्पादन के लिए स्वच्छ तकनीक आरम्भ करने के लक्ष्य पर कार्य किया जा रहा है। ऐसे उद्योगों जो निर्धारित प्रदूषण नियंत्रण मानकों को पूरा करते और उत्पादन, पैकेजिंग करना एवं कूड़े-करकट के निपटान में उच्च पर्यावरणीय सोहार्द दर्शाते हैं, के उत्पादनों को प्रमाणित करने के लिए एक "इको-मार्क स्कीम" प्रचालन में है। गंगा नदी की सफाई करने के लिए चलाई गई गंगा कार्य योजना नदी प्रदूषण के निवारण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार द्वारा प्रदूषण नियंत्रण के लिए उपयुक्त उपकरणों को स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए राजकोषीय सहायता भी दी जाती है।

101. वन क्षेत्रों का अधिक उपयोग करने और विनियमों का सख्ती से पालन करने की दृष्टि से तथा उपकरणों की एक विस्तृत रेंज एवं विशेष स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूलन प्रस्तावों को शामिल करने के लिए नव संरक्षण नीति तैयार की गयी है। राष्ट्रीय वन नीति में स्पष्ट रूप से, वनों की बहुउपयोगिता, स्थानीय जनता के सक्रिय सहयोग के बिना वन-संसाधनों की सुरक्षा के अनुपयुक्तता को शामिल करते हुए, उनके अधिकार, और गरीबों के अस्तित्व में बने रहने के लिए वनों की भूमिका को स्वीकार किया गया है। राष्ट्रीय वन रोपण और पारिस्थितिक विकास बोर्ड ने निम्न-स्तर की वन भूमि, वन क्षेत्रों के निकट की भूमि, और दूसरे सुरक्षित एवं पारिस्थितिकीय रूप से नाजुक क्षेत्रों में पुनरुत्पादन और पारिस्थिति का विकास कार्यक्रम के कार्यान्वयन के कार्य को आरंभ किया जा रहा है।

102. वन्य प्राणी क्षेत्र में बड़ी-बड़ी योजनाएं वन्य प्राणियों एवं उनके आवासों के संरक्षण, सुरक्षा और विकास पर ध्यान देती हैं। जैव विविधता के संरक्षण की मुख्य नीति प्रतिनिधिक पारिस्थितिक-प्रणाली में व्यावहारिक आवासों को सुरक्षा प्रदान करती है। 75 राष्ट्रीय पार्कों, 421 वन्य प्राणी अभ्यारण्यों, 21 बाघ परियोजना क्षेत्रों और 8 जीव सुरक्षित क्षेत्रों के एक व्यापक नेटवर्क कार्य ने इन जातियों के संरक्षण में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है।

दृष्टिकोण :

103. नई विकास नीति सक्षम आधारभूत सेवाओं के विकास को उच्च प्राथमिकता प्रदान करती है, ताकि परिवहन, विद्युत दूर संचार और अन्य आधारभूत सेवाओं में वर्तमान अड़चनें समग्र आर्थिक विकास एवं निर्यात की प्रगति में अवरोध उत्पन्न न कर सकें। विद्यमान सेवाओं को अपर्याप्त एवं घटिया गुणवत्ता, प्रौद्योगिकीय परिवर्तन, सार्वजनिक सम्पत्तियों, पर वित्तीय दबाव और बाह्य क्षेत्र की आवश्यकताएं परिवर्तन के लिए प्रोत्साहित कर रही है। मुख्य मुद्दा यह है कि हम संरचनात्मक विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारी को किसी प्रकार बढ़ा सकते हैं। ताकि कार्यक्षमता में सुधार लाया जा सके और सार्वजनिक वित्तीय मांग को कम किया जा सके। तथापि, निजीकरण के क्षेत्र में नियम कार्य-कुशलता रोजगार का सृजन और अपर्याप्त संसाधनों के संरक्षण जैसे अन्य कारकों को भी शामिल किया जाना चाहिए। विनियंत्रण एवं निजीकरण को विभिन्न प्रचालकों के बीच स्पष्ट प्रतियोगिता को सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं की रुचि की सुरक्षा करने, असुरक्षित एवं कमजोर वर्गों की आवश्यकता, जन-सुरक्षा, आन्तरिक एवं बाहरी सुरक्षा और पर्यावरणीय संरक्षण के लिए उचित विनियामक रूप रेखाओं की स्थापना के द्वारा पूरा किया जाने की आवश्यकता भी है।

104. आधारभूत संरचना के लगभग सभी क्षेत्रों में निजी निवेश के लिए संरचनात्मक कार्यवाई पहले ही आरम्भ हो चुकी है, इनमें उदाहरण के तौर पर उल्लेखनीय नागर विमानन, सड़कें, पत्तन, विद्युत, पेट्रोलियम और दूरसंचार हैं। रेलवे एवं पत्तनों जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के लिए आज भी आरक्षित क्षेत्रों में भी, सरकार विदेशी निवेश सहित निजी भागीदारी की अनुमति प्रदान कर रही है। तथापि, आधारभूत सेवाओं की प्रतियोगितात्मक आपूर्ति के लिए गति एवं कार्य क्षेत्र में क्षेत्रों के बाहर, क्षेत्रों के अन्दर और प्रौद्योगिकियों के बीच काफी भिन्नताएं होती हैं। ऐसी विशेषताएं जो उपभोग में बाह्यताओं, लागत वसूली पर प्रतिबन्धों, वितरण प्रतिष्ठानों और अधिप्लव प्रभावों की महत्ता आदि जैसे कुछ आधारभूत क्षेत्रों को अलग करते हैं, विक्रयता की सीमा निश्चित करती हैं। बदलाव के वर्तमान संक्रामी चरण की सफलता नीतियों एवं विनियमनों की अत्यधिक स्पष्टता और पारदर्शिता के साथ निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए सरकार की स्थिर वचनबद्धता पर निर्भर करती है। राज्य के एकाधिकार से प्रतियोगी पर्यावरण की ओर अग्रसर होने को संविदाओं की वचनबद्धता को पूरा करने की गारंटी देने और जहां पर आवश्यक हो वहां पर कीमतों को नियंत्रित करने जैसे विभिन्न उपायों के माध्यम से कारगर ढंग से पूरा किया जा सकता है, ताकि निजी उद्यमी जनहित और आधारभूत सेवाएं प्रदान करते हुए सार्वजनिक सम्पत्तियों के प्रचालन में व्यापारिक सिद्धान्तों को कार्यान्वित किये बिना कुशलतापूर्वक कार्य कर सकें।

105. प्रगतिशील भविष्य के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (पी.एस.ई.) अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण संरचनात्मक सेवाएं प्रदान करते हुए बड़ी जिम्मेदारी को निभाना जारी रखेंगे। वर्तमान प्रतियोगी वातावरण में निजी क्षेत्र के उद्यमों को अपने कार्यनिष्पादन में सुधार करने के लिए जरूरी कदम उठाना अनिवार्य है। बहुत से सार्वजनिक उद्यम प्रचालन की अकुशलताओं और रख-रखाव की कमी से दबे हुए हैं। इसका परिणाम यह होता है कि क्षमताओं का पूर्ण उपयोग नहीं हो पाता और उत्पादन में कमी होती है। इसके अतिरिक्त, कुछ सार्वजनिक उद्यमों में एक ओर तो कर्मचारियों की संख्या आवश्यकता से अधिक है, दूसरी ओर इसका उपयोग कुशलता पूर्वक नहीं हो पाता है, इससे लागत में वृद्धि होती है। आशा है कि ये सार्वजनिक उद्यम राष्ट्रीय नवीकरण निधि का समुचित उपयोग करेंगे, और जहां तक सम्भव हो वहां तक अपनी अतिरिक्त मानवशक्ति अर्थात् कर्मचारियों का पुर्ननियोजन करेंगे ताकि लागत को कम किया जा सके और उत्पादकता में वृद्धि की जा सके। बहुत से सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को उपभोक्ता-लागत की कम वसूली की समस्या का सामना करना पड़ता है, इसलिए खराब वित्तीय निष्पादन होता है। लागत-वसूली और विस्तार एवं आधुनिकीकरण के लिए निवेश योग्य पर्याप्त संसाधनों के सृजन को सुनिश्चित करने के लिए लाभकारी मूल्य के निर्धारण की अब एक नीति होनी चाहिए, ताकि संरचनात्मक विकास हो सके। इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को अपनी लम्बी अवधि की सामूहिक योजनाएं बनाने की आवश्यकता है, जिनमें निजी देशी एवं विदेशी भागीदारों के साथ नीतिगत संबंधों को शामिल किया जा सके। इससे उनकी आर्थिक हालत में सुधार होगा और वे आधुनिकतम तकनीक भी अपना सकेंगे।

अध्याय-9

सामाजिक क्षेत्र

भारत की विशाल मानविक संभाव्यताओं का विकास, आर्थिक विकास, समानता और आत्मनिर्भरता के मूलभूत उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए अनिवार्य है। स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद के दशकों में काफी कुछ निष्पन्न हुआ है लेकिन अभी भी बहुत कुछ करना शेष है। चूंकि, अर्थव्यवस्था अभी बड़े भारी आर्थिक संकट से उभरी है और एक मजबूत, व्यापक विकास के मार्ग से गुजर रही है, इसलिए सामाजिक क्षेत्र के विकास की प्रक्रिया को पुनर्बलित करना और इस संक्रमण काल के दौरान संरचनात्मक समायोजनों और स्थिरीकरण की नीतियों के कठोर नियंत्रणों से समाज के कमजोर एवं निर्धनतम वर्गों को संरक्षित करने के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

2. इन अनिवार्यताओं को जानते हुए सरकार ने पिछले दो बजटों में सामाजिक क्षेत्रों और गरीबी उन्नमूलन कार्यक्रमों के लिए केन्द्र के आयोजना आबटनों में भारी वृद्धि की है। जैसा कि सारणी 9.1 दर्शाती है, पिछले दो वर्षों में प्रारम्भिक शिक्षा के लिए परिव्यय में 84 प्रतिशत और प्रौढ़ शिक्षा के लिए परिव्यय में 78 प्रतिशत की वृद्धि सहित शिक्षा के लिए बजटीय आबंटन में 62 प्रतिशत वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य के लिए आबंटन में 91 प्रतिशत वृद्धि की गई। ग्रामीण विकास के लिए केन्द्रीय आयोजना परिव्यय में, जिसके परिवेष्टन में गरीबी उन्नमूलन और रोजगार सृजन के प्रमुख कार्यक्रम आते हैं, पिछले दो वर्षों के दौरान 126 प्रतिशत की वृद्धि करके 1994-95 (ब०अ०) में 7,000 करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया। वर्ष 1993-94 में रोजगार बीमा योजना और प्रधान मंत्री की रोजगार योजना नामक दो नयी योजनाएं आरम्भ की गयी थीं जिनको सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ विस्तार भी किया जा रहा है।

सारणी 9.1

सामाजिक क्षेत्रों के लिए केन्द्रीय आयोजना परिव्यय

(करोड़ रुपए)

मंत्रालय/विभाग/योजना	1992-93		1993-94		1994-95	प्रतिशत में बदलाव	
	बजट अनुमान	वास्तविक	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	बजट अनुमान	1994-95 बजट अनुमान 1993-94 बजट अनुमान	1994-95 बजट अनुमान 1992-93 बजट अनुमान
1	2	3	4	5	6	7	8
1. शिक्षा	952	964	1310	1314	1541	17.6	61.9
जिसमें :							
(क) प्राथमिक शिक्षा	284	307	442	389	523	18.3	84.2
(ख) प्रौढ़ शिक्षा	120	98	178	178	214	20.2	78.3
2. स्वास्थ्य	302	383	483	402	578	19.7	91.4
3. परिवार कल्याण	1000	1190	1270	1523	1430	12.6	43.0
4. महिला और बाल विकास जिसमें :	452	481	569	573	662	16.3	46.5
एकीकृत बाल विकास सेवाएं	360	372	474	474	537	13.3	49.2
5. कल्याण	530	532	630	747	705	11.9	33.0

1	2	3	4	5	6	7	8
6. ग्रामीण विकास	3100	3596	5010	5438	7010	39.9	126.1
जिसमें :							
(क) जवाहर रोजगार योजना	2046	2545	3306	3306	3855	16.6	88.4
(ख) रोजगार बीमा योजना	—	—	*	438	1200	—	—
(ग) एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम@	390	394	654	657	675	3.2	73.1
(घ) ग्रामीण जलापूर्ति और स्वास्थ्य	480	481	770	770	950	23.4	97.9
7. अन्य कार्यक्रम :							
(क) नेहरू रोजगार योजना	71	71	75	75	70	−6.7	−1.4
(ख) शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए स्वरोजगार योजना	45	40	40	38	**	—	—
(ग) प्रधान मंत्री की रोजगार योजना	—	—	*	35	145	—	—
जोड़ (अन्यों सहित)	48407		63936		70141	9.7	44.9

**प्रधान मंत्री की रोजगार योजना के साथ एकीकृत।

*2 अक्तूबर, 1993 को आरम्भ की गयी स्कीमों के लिए संशोधित अनुमानों के चरण में व्यवस्था की गयी। रोजगार बीमा योजना के लिए संशोधित अनुमान 600 करोड़ रुपए और प्रधान मंत्री की रोजगार योजना के लिए 35 करोड़ रुपए था।

@ग्रामीण विकास विभाग और योजना आयोग के अनुसार बजट-अनुमान। ग्रामीण विकास विभाग के लिए कुल बजट अनुमान में ही ऊर्ध्वगामी संशोधन किया गया। बजट दस्तावेजों में बजट अनुमान वर्ष 1992-93, 1993-94 और 1994-95 के लिए क्रमशः 375 करोड़ रुपए, 630 करोड़ रुपये और 624 करोड़ रुपये की राशि के थे।

स्रोत : बजट दस्तावेज और सम्बद्ध विभाग।

3. सामाजिक क्षेत्रों और गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के लिए केन्द्रीय आयोजना के आवंटनों में इन प्रमुख वृद्धियों के अतिरिक्त सरकार ने अपनी आर्थिक सुधार की नीतियों में एक चिरस्थायी एवं रोजगार में तेजी से विकास के संवर्धन को उच्च प्राथमिकता प्रदान की है। इसके परिणामस्वरूप योजना आयोग द्वारा अनुमानित, अर्थव्यवस्था में कुल रोजगार वृद्धि संभवतः 1992-93 और 1993-94 के प्रत्येक वर्ष में 1991-92 के संकटग्रस्त वर्ष में केवल मात्र 3 मिलियन की तुलना में बढ़कर लगभग 6 मिलियन के स्तर पर दुगुनी हो गयी है। 1994-95 में समग्र आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण गति आने के कारण कुल रोजगार में वृद्धि का अनुमान आनुपातिक आधार पर अधिक लगाया जा सकता है।

4. सारणी 9.2 में मानव विकास के बुनियादी निर्देशकों की प्रवृत्तियां प्रस्तुत हैं। नमूना पंजीकरण प्रणाली के वार्षिक आंकड़ों में वर्ष दर वर्ष परिवर्तनों को अधिक महत्व न देते हुए यह ध्यान देना अपेक्षाकृत अच्छा होगा कि अखिल भारतीय शिशु मृत्यु दर 1993 में गिरावट की प्रवृत्ति प्राप्त करने से पूर्व 1991 और 1992 के संकटकालीन वर्षों में वास्तव में स्थिर रही थी। इसी प्रकार, वर्ष 1993 में मृत्यु दर में भी गिरावट की प्रवृत्ति आने से पूर्व 1991 और 1992 के वर्षों में यह मामूली सी बढ़ी थी। ये अस्थायी प्रवृत्तियां इस दृष्टिकोण के अनुरूप हैं कि जबकि 1991-92 के आर्थिक संकट द्वारा सामान्य रहन-सहन का स्तर प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुआ था तो उसके पश्चात् आए सुधार का व्यापक लाभकारी प्रभाव पड़ा है।

सारणी 9.2

मानव विकास के बुनियादी संकेतक

वर्ष	जन्म के समय जीवन की संभावना@ वर्ष	साक्षरता दर@@ (प्रतिशत)	जन्म दर** (प्रति हजार)	मृत्यु दर** (प्रति हजार)	शिशु मृत्यु दर* (प्रति हजार जीवित जन्म)	1980-81 के मूल्यों पर प्रति व्यक्ति निवल राष्ट्रीय उत्पाद‡ (रुपए)
1	2	3	4	5	6	7
1951	32.1	18.3	39.9	27.4	146	1127
1961	41.3	28.3	41.7	22.8	146	1350
1971	45.6	34.5	41.2	19.0	129	1520

1	2	3	4	5	6	7
1981	50.4	43.6	37.2	15.0	110	1630
1982	उ.न.	उ.न.	33.8	11.9	105	1693
1983	55.4	उ.न.	33.7	11.9	105	1691
1984	उ.न.	उ.न.	33.9	12.6	105	1790
1985	उ.न.	उ.न.	32.9	11.8	97	1811
1986	उ.न.	उ.न.	32.6	11.1	96	1841
1987	उ.न.	उ.न.	32.2	10.9	95	1870
1988	57.7	उ.न.	31.5	11.0	94	1901
1989	उ.न.	उ.न.	30.6	10.3	91	2059
1990	उ.न.	उ.न.	30.2	9.7	80	2157
1991	उ.न.	52.2	29.5	9.8	80	2223
1992	60.8	उ.न.	29.2	10.1	79	2178
1993 अ०	उ.न.	उ.न.	28.5	9.2	74	2226

उ.न. = उपलब्ध नहीं   अ. = अनन्तिम

@वर्ष 1951, 1961, 1971 और 1981 के आंकड़े क्रमशः 1941–50, 1951–60, 1961–70 और 1971–80 के दशकों से संबंधित हैं जिनका केन्द्र बिन्दु दशक का मध्य है अर्थात् 1946, 1956, 1966 और 1976। वर्ष 1983 के लिए यह 1981–85 से संबंधित है जिसका केन्द्र बिन्दु 1981 है। वर्ष 1988 पर केन्द्रित अनुमान वर्ष 1986–90 की अवधि से सम्बद्ध हैं। वर्ष 1992 के लिए यह जनसंख्या पूर्वानुमान पर विशेषज्ञों की स्थायी समिति के बहिर्वेशित मूल्यों पर, जून, 1992 को केन्द्रित मानते हुए आधारित है।

@@1951, 1961 और 1971 के आंकड़े 5 वर्ष और अधिक की आयु वाली जनसंख्या से संबंधित हैं और 1981 तथा 1991 के आंकड़े 7 वर्ष और उससे अधिक आयु वाली जनसंख्या से संबंधित हैं। इन आंकड़ों में वर्ष 1981 में असम और 1991 में जम्मू और कश्मीर के आंकड़े शामिल नहीं है।

*वर्ष 1951, 1961, 1971 और 1981 के आंकड़े क्रमशः 1941–50, 1951–60, 1961–70 और 1971–80 के दशकों से संबंधित हैं। वर्ष 1981 से आगे के अनुमान नमूना पंजीकरण प्रणाली पर आधारित है।

‡वित्तीय वर्ष 1950–51, 1960–61 और इसी प्रकार आगे के वर्षों से संबंधित हैं।

स्रोत: (i) भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त।
(ii) केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन।

5. मानव विकास के संकेतकों में व्यापक अन्तर-राजीय असमानताएं हैं (सारणी 9.3)। उदाहरणार्थ, केरल में जन्म पर संभावित जीवनावधि 69.5 वर्ष और पुरुष साक्षरता दर 93.6 प्रतिशत है, जो बिहार, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में जहां जीवनावधि में सुधार लाने के लिए ठोस प्रयास किए जाने अपेक्षित है, की तुलना में ऊंचे स्तरों पर है। इसी प्रकार, केरल में शिशु मृत्यु दर 13 प्रति हजार है जो 74 प्रति हजार के अखिल भारतीय अनुमान के पांचवें भाग से भी कम है और मध्यप्रदेश और उड़ीसा में विद्यमान दरों के आठवें भाग से भी कम है। वास्तव में, केरल में मानव विकास के संकेतकों की तुलना चीन, मलेशिया, इंडोनेशिया, थाइलैंड और श्रीलंका जैसे अनेक एशियाई विकासशील देशों के साथ की जा सकती है जिन्होंने मानव विकास में काफी अच्छा कार्य किया है (सारणी 9.4)।

सारणी 9.3

प्रमुख राज्यों के मानव विकास के चयनित संकेतक*

राज्य	जन्म के समय जीवन की संभावना @(वर्ष 1986–90)	साक्षरता दर 1991**			शिशु मृत्यु दर£ (वर्ष 1993 के लिए नमूना पंजीकरण प्रणाली के अनन्तिम अनुमान) (प्रति हजार)	मृत्यु दर	जन्मदर
		जोड़	पुरुष (प्रतिशत)	महिला			
1	2	3	4	5	6	7	8
1. आन्ध्र प्रदेश	59.1	44.09	55.13	32.72	64	8.4	24.1
2. असम	53.6	52.89	61.87	43.03	81	10.2	29.5
3. बिहार	54.9	38.48	52.49	22.89	70	10.6	32.1

1	2	3	4	5	6	7	8
4. गुजरात	57.7	61.29	73.13	48.64	58	8.1	28.0
5. हरियाणा	62.2	55.85	69.10	40.47	65	7.8	30.6
6. कर्नाटक	61.1	56.04	67.26	44.34	67	8.0	25.5
7. केरल	69.5	89.81	93.62	86.17	13	6.0	17.3
8. मध्य प्रदेश	53.0	44.20	58.42	28.85	106	12.6	33.4
9. महाराष्ट्र	62.6	64.87	76.56	52.32	50	7.2	25.0
10. उड़ीसा	54.4	49.09	63.09	34.68	110	12.2	27.2
11. पंजाब	65.2	58.51	65.66	50.41	55	7.9	26.3
12. राजस्थान	55.2	38.55	54.99	20.44	82	9.0	33.6
13. तमिलनाडु	60.5	62.66	73.75	51.33	56	8.0	19.2
14. उत्तर प्रदेश	53.4	41.60	55.73	25.31	93	11.4	36.0
15. पं० बंगाल	60.8	57.70	67.81	56.56	58	7.3	25.6
अखिल भारत	57.7	52.21	64.13	39.29	74	9.2	28.5

*प्रमुख राज्यों में वे राज्य शामिल हैं जिनकी आबादी 1991 की जनगणना के अनुसार 10 मिलियन और उससे अधिक है।

@आंकड़े नमूना पंजीकरण प्रणाली द्वारा अनुमानित 1986-90 की अवधि के औसत से संबंधित है जिनका केन्द्र 1988 है।

**वर्ष 1991 के लिए 7 वर्ष और उससे ऊपर की आयु वाली जनसंख्या से सम्बद्ध है तथा अखिल भारतीय आंकड़ों में जम्मू और कश्मीर को शामिल नहीं किया गया है।

£शिशु मृत्यु दर।

स्रोत : (1) कालम 2, 6, 7 और 8--भारत के महापंजीयक, नमूना पंजीकरण प्रणाली के वर्ष 1994 का प्रासंगिक पत्र संख्या-1.
(2) कालम 3, 4 और 5--वर्ष 1991 की जनगणना अंतिम जनसंख्या के जोड़ पर आधारित हैं, भारत के महापंजीयक के वर्ष 1992 का पत्र संख्या 2, शृंखला-1।

सारणी 9.4

कुछ एशियाई देशों के मानव विकास के संकेतक-1992

देश	जन्म के समय जीवन की संभावना (वर्षों में)	शिशु मृत्यु दर (प्रति हजार जन्म दर)	प्रौढ़ साक्षरता (प्रतिशत)
1	2	3	4
चीन	70.5	27	80.0
इंडोनेशिया	62.0	66	84.4
भारत	60.8	74	52.2
केरल राज्य (भारत)	69.5	13	89.8
मलेशिया	70.4	14	80.0
फिलीपीन्स	64.6	40	90.4
पाकिस्तान	58.3	99	36.4
कोरिया गणराज्य	70.4	21	96.8
सिंगापुर	74.2	8	92.0
श्रीलंका	71.2	24	89.1
थाईलैण्ड	68.7	26	93.8

टिप्पणी : भारत और केरल राज्य के अनुमान सारणी 9.2 और 9.3 से लिए गए हैं।
स्रोत : संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम-मानव विकास रिपोर्ट, 1994

6. गरीबी का प्रभाव जो 1983-84 में 37.4 प्रतिशत था, वर्ष 1987-88 में गिरकर 29.9 प्रतिशत रह गया (राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 48वें दौर पर हाल ही में जारी किए गए योजना आयोग के आधिकारिक अनुमानों को अभी अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है)। ये समग्र देश के औसत हैं और इसमें राज्यों के बीच आने वाली विसंगतियों को दूर करने का प्रयास है। पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में 1987-88 में लगभग 7 से 12 प्रतिशत तक गरीबी का निम्नतम प्रभाव रहा जबकि इसके मुकाबले बिहार और उड़ीसा जैसे राज्यों में 40 प्रतिशत से भी अधिक लोग गरीबी में रहते हैं (सारणी 9.5)। यह निर्दिष्ट करता है कि पूरे देश में गरीबी के अनुपात में उल्लेखनीय कमी लाने के उद्देश्य से जनसंख्या बाहुल्य वाले राज्यों में जहां जनसंख्या का काफी अधिक समानुपात गरीबी की रेखा से नीचे रह रहा है, गरीबी को कम करने के लिए अनवरत प्रयास करने होंगे।

सारणी 9.5

गरीबी की रेखा से नीचे वाली जनसंख्या की राज्य-वार संख्या और प्रतिशत

राज्य	1983-84		1987-88	
	जनसंख्या (लाख)	प्रतिशत	जनसंख्या (लाख)	प्रतिशत
1	2	3	4	5
1. आन्ध्र प्रदेश	205.1	36.4	199.7	31.7
2. असम	49.8	23.5	52.9	22.8
3. बिहार	365.5	49.5	336.4	40.8
4. गुजरात	87.6	24.3	73.3	18.4
5. हरियाणा	27.7	15.6	18.2	11.6
6. हिमाचल प्रदेश	6.1	13.5	4.5	9.2
7. जम्मू और कश्मीर	10.3	16.3	9.8	13.9
8. कर्नाटक	137.6	35.0	136.5	32.1
9. केरल	71.5	26.8	49.0	17.0
10. मध्य प्रदेश	254.9	46.2	224.9	36.7
11. महाराष्ट्र	232.0	34.9	214.1	29.2
12. मणिपुर	1.9	12.3	@	@
13. मेघालय	4.0	28.0	@	@
14. उड़ीसा	118.1	42.8	135.1	44.7
15. पंजाब	24.4	13.8	13.9	7.2
16. राजस्थान	126.2	34.3	99.5	24.4
17. तमिलनाडु	200.2	39.6	176.9	32.8
18. त्रिपुरा	5.1	23.0	@	@
19. उत्तर प्रदेश	530.6	45.3	448.3	35.1
20. पश्चिम बंगाल	255.1	39.2	173.5	27.6
21. छोटे राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र	32.3	27.1	14.2	7.7
अखिल भारत	2710.0	37.4	2370.7	29.9

@ छोटे राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में शामिल है।

टिप्पणियां :

(1) वर्ष 1983-84 के अनुमान 1983-84 की कीमतों पर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 101.8 रुपए प्रति व्यक्ति प्रतिमाह की गरीबी रेखा का प्रयोग करके और शहरी क्षेत्रों के लिए 117.5 रुपए प्रति व्यक्ति प्रतिमाह का प्रयोग करके निकाले गए हैं, जिसके तदनुरूप 1973-74 के लिए गरीबी की रेखा से नीचे के अनुमान क्रमशः 49.1 रुपए और 56.6 रुपए थे।

(2) वर्ष 1987-88 के अनुमान 1987-88 की कीमतों पर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 131.8 रुपए प्रति व्यक्ति प्रति माह की गरीबी रेखा और 150.1 रुपए प्रति व्यक्ति प्रतिमाह शहरी क्षेत्रों के लिए गरीबी रेखा का प्रयोग करके निकाले गए हैं जिसके तदनुरूप 1973-74 में गरीबी की रेखा से नीचे के अनुमान क्रमशः 49.1 रुपए और 56.6 रुपए थे।

(3) गरीबी की रेखा से नीचे के व्यक्तियों की संख्या क्रमशः 1 मार्च, 1984 और 1988 की स्थिति के अनुसार जनसंख्या से संबंधित है।

स्रोत : योजना आयोग

7. खेतिहर मजदूरों की आर्थिक स्थिति को प्रतिबिम्बित करने वाली औसत वास्तविक कृषि मजदूरी में सम्पूर्ण देश में वर्ष 1991-92 (कृषि वर्ष जुलाई-जून) के संकटकालीन वर्ष में 5 प्रतिशत की गिरावट आयी। लेकिन महत्वपूर्ण बात यह रही कि 1992-93 और 1993-94 के सुधार के वर्षों में इसमें वृद्धि हुई जो 1991-92 में आई गिरावट की अपेक्षा काफी सीमा तक क्षतिपूरक रही। राष्ट्रीय स्तर पर वास्तविक मजदूरी में आए परिवर्तन काफी सीमा तक सम्पूर्ण देश में अवलोकित प्रवृत्तियों के अनुरूप रहे। केरल, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश को छोड़कर जहां वास्तविक मजदूरी में 1—6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, सभी चुनिंदा राज्यों में वर्ष 1991-92 (कृषि वर्ष जुलाई से जून) में 4—15 प्रतिशत के बीच गिरावट आई (सारणी 9.6)। अनुवर्ती वर्ष 1992-93 में बिहार, कर्नाटक और राजस्थान के अतिरिक्त सभी राज्यों में वास्तविक मजदूरी में वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष 1993-94 के दौरान कर्नाटक और महाराष्ट्र में जहां वास्तविक मजदूरी में तेजी से वृद्धि हुई वहीं असम, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल राज्यों में इसमें गिरावट आयी। इन प्रवृत्तियों से प्रकट होता है कि इन विभिन्न राज्यों में प्रचलित स्थानीय परिस्थितियों का संभवतः कृषि मजदूरी पर वैसा ही प्रभाव है जैसा कि राष्ट्रीय स्तर पर वृहद-आर्थिक उतार-चढ़ावों का है

सारणी 9.6

चुनिंदा राज्यों में अकुशल खेतिहर मजदूरों की वास्तविक मजदूरी में वार्षिक प्रतिशत परिवर्तन

पिछले वर्ष की तुलना में कृषि वर्ष (जुलाई-जून) में प्रतिशत परिवर्तन

राज्य	1990-91	1991-92	1992-93	1993-94(अ०)
1	2	3	4	5
आन्ध्र प्रदेश	(+) 1.1	(—) 11.4	(+) 1.6	(+) 8.7
असम	(+) 5.4	(—) 8.9	(+) 0.8	(—) 6.7
बिहार	(+) 4.2	(—) 4.5	(—) 4.7	(+) 5.9
गुजरात	(—) 0.8	(—) 4.3	(+) 7.7	(+) 3.0
कर्नाटक	(—) 3.1	(—) 13.1	(—) 14.4	(+) 41.3
केरल	(+) 5.2	(+) 4.1	(+) 9.7	(—) 2.9
मध्य प्रदेश	(+) 6.8	(—) 3.9	(+) 12.3	(—) 3.7
महाराष्ट्र	(+) 6.8	(—) 14.7	(+) 0.5	(+) 26.1
उड़ीसा	(+) 9.4	(—) 6.5	(+) 10.7	—
पंजाब	(+) 3.9	(+) 3.8	(+) 4.1	(+) 1.6
राजस्थान	(+) 0.7	(+) 5.6	(—) 3.3	(—) 7.6
तमिलनाडु	(+) 2.6	(—) 5.1	(+) 13.4	(+) 11.3
उत्तर प्रदेश	(—) 3.5	(+) 1.4	(+) 7.6	(—) 7.0
पश्चिम बंगाल	(—) 6.1	(—) 6.2	(+) 24.3	(—) 6.4
अखिल भारत	(+) 1.1	(—) 5.3	(+) 5.6	(+) 3.6

अ०—अनन्तिम

टिप्पणी: वर्तमान मूल्यों पर अकुशल खेतिहर मजदूरों की औसत मजदूरी दरों से संबंधित सामान्य आंकड़े कृषि मंत्रालय, आर्थिक और सांख्यिकीय निदेशालय से लिए गए हैं। उन्हें खेतिहर मजदूरों के लिए राज्य स्तर के उपभोक्ता मूल्य सूचकांकों के साथ अपस्फीत करके वास्तविक मजदूरी में परिवर्तित कर दिया है। कृषि वर्ष (जुलाई-जून) के लिए वास्तविक मजदूरी को अनुमानित करके पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत परिवर्तन निकाले गए हैं।
स्रोत: कृषि और श्रम मंत्रालय।

8. कमजोर वर्गों के हक में कुछ एक सामाजिक क्षेत्र के कार्यक्रमों को सुदृढ़ बनाते हुए उनका पुनरानुकूलन किया गया है। गरीबी दूर करने और रोजगार बढ़ाने के विशेष कार्यक्रमों में तथा अन्य अनेक कार्यक्रमों में भी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा महिलाओं को जो न्यूनतम जातिगत महत्व मिलना चाहिए, दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं की सस्ती दरों पर आपूर्ति में तेजी लाने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली को 1775 खंडों में फिर से दुरुस्त किया गया है। 1994-95 के दौरान 700 करोड़ रुपए (बजट अनुमान) का प्रावधान राष्ट्रीय नवीकरण निधि के लिए किया गया है जिसकी स्थापना 1991-92 में संरचनात्मक समायोजन की प्रक्रिया में क्षति-पूर्ति, पुनः प्रशिक्षण और पुनर्नियोजन जैसी सुविधाएं प्रदान करते हुए विद्यमान सामाजिक सुरक्षा तंत्र को सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से की गयी थी।

सारणी 9.7

अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों में साक्षरता दर£

श्रेणी	1981*			1991*		
	जोड़	पुरुष	महिला	जोड़	पुरुष	महिला
1	2	3	4	5	6	7
(1) अनुसूचित जातियाँ	21.38	31.12	10.93	37.41	49.91	23.76
(2) अनुसूचित जनजातियां	16.35	21.52	8.04	29.60	40.65	18.19
(3) सभी श्रेणियां	43.67	56.50	29.85	52.21	64.13	39.29

£साक्षरता दर 7 वर्ष और उसके अधिक आयु वाली जनसंख्या से संबंधित है।
*इसमें 1981 में असम को और 1991 में जम्मू और कश्मीर को शामिल नहीं किया गया है।
स्रोत: "सभी के लिए शिक्षा" भारतीय परिदृश्य 1993, मानव संसाधन विकास मंत्रालय।

9. जैसा कि आठवीं पंचवर्षीय योजना में जान लिया गया था कि उत्पादनकारी रोजगार के अवसरों का तीव्रतापूर्वक और अनवरत विकास तथा गरीबी दूर करने एवं सामाजिक क्षेत्रों के लिए प्रत्यक्ष कार्यक्रमों को सुदृढ़ बनाया जाना, गरीबी को कम करने की कारगर नीति के अनिवार्य संघटक हैं। इन उद्देश्यों का सफलतापूर्वक अनुसरण करने के लिए एक ठोस राजकोषीय आधार और सार्वजनकि सरकारी व्ययों का स्पष्टतः प्राथमिकीकरण किया जाना आवश्यक है। सामाजिक क्षेत्रों और गरीबी दूर करने के कार्यक्रमों के लिए अधिक मात्रा में संसाधनों को जारी करने के लिए ऐसे अन्य क्रियाकलापों पर सहायता को नियंत्रित करना पड़ेगा जिसे प्राइवेट क्षेत्र द्वारा लाभप्रद तरीके से संचालित किया जा सकता है।

साक्षरता और शिक्षा

10. शिक्षा समग्र रूप से विकास की प्रक्रिया से सम्बद्ध है। इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। साक्षरता दर, जो 1951 में 18.3 प्रतिशत थी वह 1991 में बढ़कर 52.2 प्रतिशत हुई है (सारणी 9.2)। प्राथमिक विद्यालयों की संख्या भी 1950-51 में 2.09 लाख से बढ़कर 1993-94 में 5.73 लाख हुई है। इसी अवधि के दौरान विश्वविद्यालयों की संख्या भी 27 से बढ़कर 169 हुई है।

11. मुख्य चिन्ता का विषय साक्षरता में लिंग-वार अन्तर है। 1991 में महिला साक्षरता दर 39.3 प्रतिशत थी जबकि इसके मुकाबले पुरुषों की साक्षरता दर 64.1 प्रतिशत थी (सारणी 9.7)। राज्यों के बीच भी साक्षरता दर में बहुत अन्तर है, जैसे कि 1991 में केरल में महिला साक्षरता 86.2 प्रतिशत थी तो राजस्थान में महिला साक्षरता मात्र 20.4 प्रतिशत थी (सारणी 9.3)। यही स्थिति पुरुष साक्षरता के विषय में भी विद्यमान है। अनुसूचित जाति के विषय में साक्षरता दर 1981 में 21.4 प्रतिशत से बढ़कर 1991 में 37.4 प्रतिशत हुई है। अनुसूचित जन जातियों में यह 1981 में 16.4 प्रतिशत से बढ़कर 1991 में 29.6 प्रतिशत हुई है (सारणी 9.7)।

12. प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। प्राथमिक स्तर (कक्षा I से V तक) में सकल पंजीकरण अनुपात 1950-51 में 42.6 प्रतिशत से बढ़कर 1992-93 में 104.5 प्रतिशत और प्राथमिक स्तर से ऊपर (कक्षा VI से VIII तक) यह 12.7 प्रतिशत से बढ़कर 67.7 प्रतिशत हुआ है। तथापि, प्रमुख राज्यों के बीच सकल पंजीकरण अनुपात में काफी अधिक अन्तर है। प्राथमिक स्तर में सकल पंजीकरण अनुपात जबकि बिहार में 76.1 प्रतिशत है तो इसके मुकावले तमिलनाडु में यह 145.0 प्रतिशत है (सारणी 9.8)।

13. 16 दिसम्बर, 1993 को "सभी के लिए शिक्षा" पर अधिक जनसंख्या वाले नौ देशों का एक शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें "सभी के लिए शिक्षा" को एक वास्तविकता बनाने के लिए कार्यवाई की रूपरेखा और घोषणा के रुप में दिल्ली को अपनाया गया। जनसांख्यिकीय और अन्य जटिल आधारिक वास्तविकताओं को दृष्टिगत रखते हुए भारत में "सभी के लिए शिक्षा" पर तैयार किए गए लक्ष्यों को बाक्स 9.1 में विस्तार से बताया गया है:—

14. दिल्ली घोषणा में निर्धारित किए गए उद्देश्यों को प्राप्त करने और साक्षरता पर एन० डी० सी० समिति की रिपोर्ट पर अनुवर्ती कार्यवाई करने के लिए फरवरी, 1994 में सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य मंत्रियों का एक विशेष सम्मेलन आयोजित हुआ था। उस सम्मेलन में शिक्षा के लिए संसाधन जुटाने और प्राथमिक एवं प्रौढ़ शिक्षा को उच्च प्राथमिकता प्रदान करने के लिए स्थानीय समुदायों, राज्य सरकारों तथा केन्द्र सरकार की ओर से समन्वित तथा सहयोजित कार्यवाई करने पर जोर दिया गया था।

15. प्राथमिक शिक्षा का सार्वभौमिकीकरण प्राप्त करने के उद्देश्य से जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम आरम्भ किया गया है। विश्व बैंक, छः राज्यों यथा असम, हरियाणा, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल के 23 जिलों

में इस कार्यक्रम को सहायता देने के लिए 260 मिलियन अमरीकी डालर का आई०डी०ए० ऋण प्रदान कर रहा है। यूरोपीय समुदाय भी मध्य प्रदेश में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम को सहायता देने के लिए 150 मिलियन ई०सी०यू० (585 करोड़ रुपए) का ऋण प्रदान कर रहा है।

16. संपूर्ण साक्षरता अभियान, जिसकी नीति का मूल उद्देश्य निरक्षरता समाप्त करना है, का विस्तार करके उसमें 282 जिलों को और साक्षरता-पश्च अभियान में 105 जिलों को शामिल किया गया है। इन अभियानों क्रियाकलापों को अब उन हिन्दी भाषी राज्यों में क्रियान्वित किया गया है जिनकी अधिकांश जनसंख्या निरक्षर है। अगस्त, 1994 की स्थिति के अनुसार राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत कुल 58.07 मिलियन लोगों को पंजीकृत किया जा चुका है।

सारणी 9.8

प्रमुख राज्यों में कक्षा I से V और VI से VIII में पंजीकरण का सकल अनुपात* 1992-93

(प्रतिशत)

राज्य	प्राथमिक (I से V)			प्राथमिक कक्षा से ऊपर VI-VIII		
	बालक	बालिका	जोड़	बालक	बालिका	जोड़
1	2	3	4	5	6	7
आन्ध्र प्रदेश	116.4	100.1	108.4	73.9	53.1	63.7
असम	134.4	125.3	130.0	89.3	65.5	77.7
बिहार	95.9	54.4	76.1	47.4	21.00	34.7
गुजरात	131.4	106.0	119.1	82.8	55.5	69.6
हरियाणा	109.7	95.6	102.8	81.8	59.2	70.9
कर्नाटक	124.3	115.2	119.9	72.4	57.2	65.2
केरल	103.8	100.8	102.3	108.3	105.7	107.8
मध्य प्रदेश	116.7	91.3	104.5	82.5	50.0	66.5
महाराष्ट्र	123.6	115.0	119.4	89.0	71.8	80.7
उड़ीसा	116.8	77.6	96.8	67.5	46.9	57.8
पंजाब	92.0	88.1	90.6	71.8	63.4	67.8
राजस्थान	119.3	60.9	91.8	76.8	28.9	53.6
तमिलनाडु	149.0	140.8	145.0	111.3	91.0	101.4
उत्तर प्रदेश	103.9	72.8	89.3	72.2	35.4	55.9
पश्चिम बंगाल	124.7	123.00	123.9	98.2	89.1	93.9
अखिल भारत	115.3	92.9	104.5	79.3	55.2	67.7

*1991 की जनगणना के अनुसार प्रमुख राज्यों में 1 करोड़ और उसके अधिक जनसंख्या वाले राज्य शामिल हैं।

स्रोत : मानव संसाधन विकास मंत्रालय।

17. महिलाओं की शिक्षा सदैव प्राथमिकता का विषय रहा है। अब इस बात पर बल दिया जा रहा है कि सभी शैक्षिक कार्यक्रमों में लिंग का सरोकार रखा जाए। औपचारिक तथा अनौपचारिक शिक्षा और प्रशिक्षण में बालिकाओं के करण जीप तथा प्रतिरक्षण पर तथा महिला अध्यापिकाओं की भर्ती में और पाठ्यचर्या में लिंग के पूर्वाग्रह को समाप्त करने पर भी जोर दिया गया है। नवीकृत ब्लैक बोर्ड स्कीम में कम से कम 50 प्रतिशत महिला अध्यापिकाओं की भर्ती के लिए व्यवस्था की गयी है और अनन्य रूप से बालिकाओं के लिए आरक्षित केन्द्रों को 90 प्रतिशत सहायता दी जा रही है।

18. शिक्षा के लिए केन्द्रीय योजना आबंटन (ब.अ.) जो 1992-93 में 952 करोड़ रुपए था, 1993-94 में बढ़ा 1310 करोड़ रुपए और उसके बाद 1994-95 में 1541 करोड़ रुपए कर दिया गया। केन्द्र और राज्यों द्वारा वर्ष 1992-1993 में शिक्षा पर योजना और योजना-भिन्न कुल सरकारी व्यय शिक्षा विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों द्वारा शिक्षा पर हुए व्यय सहित सकल राष्ट्रीय उत्पाद का 4.2 प्रतिशत था। एक अन्य महत्वपूर्ण घटना प्राथमिक और प्रौढ़ शिक्षा, जो गरीब लोगों के प्रति प्रत्यक्ष रूप से प्रासंगिक है, के लिए आबंटनों में काफी पर्याप्त वृद्धि करके अन्तर-क्षेत्रीय प्राथमिकताओं में हाल ही में आया बदलाव है। प्राथमिक और प्रौढ़ शिक्षा पर केन्द्र और राज्य सरकारों के कुल योजना व्यय (राजस्व) का हिस्सा जो 1990-91 में 48 प्रतिशत था 1993-94 में बढ़ाकर 51 प्रतिशत किया गया है। यह प्रवृत्ति सही दिशा में उठाया गया कदम

बाक्स 9.1

सभी के लिए शिक्षा के लक्ष्य

1. परिवारों, समुदायों और उपयुक्त संस्थाओं को अन्तर्वेष्ठित करते हुए बहु-आयामी प्रयासों के माध्यम से विशेष रूप से निर्धन, लाभ वंचित और विकलांग बच्चों के लिए आरम्भिक बाल्यावस्था परिचर्या और विकास क्रियाकलापों का विस्तार ।

2. प्राथमिक शिक्षा का सार्वभौमिकीकरण, जो निम्नलिखित के लिए मिश्रित कार्यक्रम के रूप में तैयार किया गया है :—

   * 14 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों के लिए प्राथमिक शिक्षा की सुलभता ।
   * जब तक वे औपचारिक अथवा अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से प्राथमिक शिक्षा के स्तर को पूरा नहीं कर लेते तब तक सार्वभौमिक भागीदारी ; और
   * शिक्षा के न्यूनतम स्तरों को सार्वभौमिक रूप से प्राप्त किया जाना ।

3. निरक्षरता में अत्यधिक कमी, विशेष रूप से 15-35 वर्ष के आयु वर्ग में । इस आयु वर्ग में साक्षरता के स्तर को प्रत्येक लिंग में और प्रत्येक अभिज्ञात लाभ-वंचित समूह के लिए भी इसे कम से कम 80 प्रतिशत तक लाया गया है, इसके अतिरिक्त, यह भी सुनिश्चित किया गया है कि पढ़ाई, लिखाई और गणित के स्तर भी लोगों के रहन-सहन और उनके कार्य करने की स्थितियों के अनुकूल हों।

4. उन सभी व्यक्तियों के लिए जो कार्यात्मक दृष्टि से साक्षर है तथा जिन्होंने औपचारिक तथा अनौपचारिक माध्यमों से प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की है, बौद्धिक ज्ञान के विकास के लिए सुविधाओं की व्यवस्था करना तथा उन्नत शिक्षा का उपयोग करने एवं अवसरों की व्यवस्था को बनाए रखना ।

5. आवश्यक संरचनाओं का सृजन करना तथा ऐसी प्रक्रियाओं को गतिशील बनाए रखना जो महिलाओं को समर्थ बनाए तथा शिक्षा को महिलाओं की समानता का एक साधन बनाए ।

6. शिक्षा के परिमाण और इसकी प्रक्रियाओं में सुधार लाते हुए इसे सामयिक परिस्थितियों, लोगों की संस्कृति तथा उनके रहन-सहन तथा कार्य करने की स्थितियों के साथ बेहतर तरीके से सम्बद्ध करते हुए उनकी सीखने की योग्यता को बढ़ाते हुए जीविकोपार्जन तथा पारिस्थितिक समस्याओं का मुकाबला करने में सक्षम बनाए ।

19. शैक्षिक संस्थाओं के वित्त पोषण में सरकार का हिस्सा बहुत अधिक है । 1985-86 में यह शैक्षिक संस्थाओं की कुल आय का लगभग 88 प्रतिशत था, जबकि शैक्षिक संस्थाओं से फीस और धर्मादा तथा अन्य स्रोतों के हिस्से में तेजी से गिरावट आई है (सारणी 9.9)।

सारणी 9.9

सभी शैक्षणिक संस्थाओं के आय-स्रोत

(प्रतिशत)

वर्ष	सरकारी धनराशियां (केन्द्र और राज्य)	स्थानीय निकायों की धनराशियां	विश्वविद्यालय की धनराशियां	जोड़ सरकारी (2+3+4)	शुल्क	दान और अन्य स्रोत	जोड़
1	2	3	4	5	6	7	8
1950-51	57.05	10.93	—	67.99	20.39	11.62	100.00
1960-61	67.97	6.53	—	74.50	17.14	8.35	100.00
1970-71	75.65	4.34	1.36	81.35	12.81	5.85	100.00
1980-81	81.70	4.71	1.37	87.78	8.20	4.03	100.00
1983-84	81.51	5.61	1.61	88.73	7.50	3.78	100.00
1984-85	79.98	5.40	2.08	87.46	6.47	6.07	100.00
1985-86	80.29	5.23	2.15	87.67	6.27	6.06	100.00

स्रोत : मानव संसाधन विकास मंत्रालय

20. चूंकि शिक्षा पर उसके अनुरक्षण व्यय सहित व्यय का काफी बड़ा भाग राज्य सरकारों द्वारा वहन किया जाता है इसलिए उन्हें व्यय को पुन: प्राथमिकता प्रदान करते हुए अपने राजकोषी अनुशासन को मजबूत बनना होगा । सार्वजनिक कार्यों पर खर्चों के अतिरिक्त शिक्षा के सामुदायिक वित्तपोषण को प्रोत्साहित किए जाने की की आवश्यकता है । समग्र राजकोषीय अड़चनों को दृष्टि रखते हुए इस क्षेत्र में विशेष रूप से शिक्षा के उच्च स्तरों पर फीसों और अन्य उपभोक्ता प्रभारों में संशोधन करते हुए प्रचुर मात्रा में संसाधन जुटाने की की आवश्यकता है ।

जनसंख्या और परिवार कल्याण

21. जनसांख्यिकीय गतिविधि एवं सामाजिक-आर्थिक प्रगति के बीच सम्बन्ध स्थापित करके समग्र विकास संबंधी लक्ष्यों के अन्तर्गत एकीकृत जनसंख्या नीतियों के महत्व को सितम्बर, 1994 में काहिरा में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या और विकास सम्मेलन में में पुनः दोहराया गया है। अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या और विकास सम्मेलन की सिफारिशों में जीवन के स्तर में सुधार लाने के एक साधन के रूप में महिलाओं को समर्थ बनाने पर भी बल दिया गया । ये सिफारिशें पूरी तरह से जनसंख्या और विकास के सम्बन्ध में भारत की नीतियों एवं कार्यक्रमों के अनुरूप हैं ।

22. अपनायी गयी विभिन्न नीतियों और कार्यक्रमों से जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने में सहायता मिली है । कुल प्रजनन दर, जो किसी महिला के प्रजनन काल के दौरान उसके बच्चों की औसत संख्या को मात्रा है, 1971 में 5.2 से घटकर 1992 में 3.6 रह गयी। एस.आर.एस. के अनन्तिम अनुमानों के अनुसार, अशोधित जन्मदर 1971 में 41.2 प्रति हजार से घटकर 1993 में 28.5 प्रति हजार हो गयी । इसी अवधि के दौरान अशोधित मृत्यु दर भी 19 प्रति हजार से घटकर 9.2 प्रति हजार हो गई । शिशु मृत्यु दर 1992 में प्रति हजार जीवित जन्मों पर 79 से घटकर 1993 में 74 रह गई। इससे परिवार कल्याण कार्यक्रम के मातृत्व एवं बाल स्वास्थ्य सघटक की सफलता का आंशिक रूप से पता चलता है । वर्ष 1981—91 की अवधि के दौरान वार्षिक जनसंख्या वृद्धि दर 2.14 प्रतिशत रही, जो 1971—81 की अवधि के दौरान 2.22 की वृद्धि दर से मामूली सी कम है ।

23. तथापि, राज्यों के बीच में परिवार कल्याण कार्यक्रम के निष्पादन में काफी अधिक भिन्नताएं हैं । केरल एवं तमिलनाडु जैसे कुछ दक्षिणी राज्यों ने समानता की निवल प्रजनन दर पहले ही प्राप्त कर ली है, जिसको राष्ट्रीय स्तर पर 2011–16 ई. की अवधि के दौरान प्राप्त किये जाने का अनुमान है । बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उड़ीसा और उत्तर प्रदेश का निष्पादन सन्तोषजनक नहीं है । इसलिए कम निष्पादन वाले राज्यों/जिलों में परिवार कल्याण कार्यक्रमों पर ध्यान केन्द्रित करने की तत्काल आवश्यकता है ।

24. लिंग-अनुपात में गिरावट से सम्बन्धित जन्म-पूर्व यौन-निर्धारण तकनीक (विनियमन एवं दुरूपयोग की रोकथाम) विधेयक, 1991 को 1994 में वर्षा सत्र के दौरान संसद ने पारित कर दिया था । इस अधिनियम में विशिष्ट परिस्थितियों और मान्य संस्थानों में ही महिलाओं पर जन्म-पूर्व रोग-निदान तकनीकों को प्रयोग करने की अनुमति प्राप्त है । कानून का उल्लंघन करने पर संस्थानों के स्वामियों, डाक्टरों एवं परीक्षण करने वाले दूसरे कर्मचारियों और गर्भवती महिला के परिवार के सदस्यों के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं के लिए भी दण्ड निर्धारित किए गये हैं ।

25. जनसंख्या दर एन.डी.सी. समिति की सिफारिशों के अनुसरण में डा. एम.एस. स्वामीनाथन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनसंख्या नीति तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था, विशेषज्ञ समिति ने राष्ट्रीय जनसंख्या नीति के मसौदे को प्रस्तुत कर दिया है, जिसको 14 जून, 1994 को संसद के दोनों सदनों के पटल पर रखा गया था।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य रक्षा

26. इस बात पर विचार किया गया है कि आठवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक स्वास्थ्य सेवाएं संपूर्ण जन-संख्या तक पहुंचनी चाहिएं । इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मध्यम स्तर की स्वास्थ्य सुरक्षा सेवाओं को सुदृढ़ बनाने और क्षेत्रीय स्तर की स्वास्थ्य सुरक्षा सेवाओं को अपनाने के साथ-साथ प्राथमिक स्वास्थ्य सुरक्षा को एक मुख्य साधन के रूप में स्वीकार किया गया है।

27. आर्थिक सुधारों को आरम्भ करने से स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों के लिए केन्द्रीय आयोजना परिव्यय वर्ष 1992–93 में 302 करोड़ रुपए (बजट अनुमान) से बढ़कर 1993–94 में 483 करोड़ रुपए (बजट अनुमान) हो गया, इसके पश्चात् 1994-95 में यह बढ़कर 578 करोड़ रुपए (बजट अनुमान) हो गया। आयोजना परिव्यय के पर्याप्त हिस्से में मुख्य संक्रामक रोगों की रोकथाम के आबंटन शामिल हैं। वर्ष 1994-95 के दौरान 578 करोड़ रुपए के केन्द्रीय आयोजना परिव्यय में से मलेरिया (90 करोड़ रुपए), क्षयरोग (46 करोड़ रुपए), कुष्ठ रोग (94 करोड़ रुपए), रोहा अन्धता (40 करोड़ रुपए) और एड्स (82.55 करोड़ रुपए) जैसी प्रमुख बीमारियों के नियंत्रण के लिए आबंटन किए गए हैं ।

28. चेचक उन्मूलन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है । हैजा और कुछ अन्य बीमारियों के कारण अस्वस्थता दर में पर्याप्त रूप से गिरावट आयी है, फिर भी कई

संक्रामक बीमारियों के कारण रुग्णता और विकलांगता अभी भी बहुत अधिक है। अभी हाल में फैले प्लेग के कारण देश में और देश के बाहर लोगों में आतंक उत्पन्न हो गया, जिसके कारण चाहे अस्थायी तौर पर ही सही, औद्योगिक उत्पादन, व्यापार और पर्यटन पर बुरा प्रभाव पड़ा। तथापि, सरकार द्वारा तुरन्त कदम उठाए जाने से विकृतियों पर काबू पाकर सामान्यावस्था लाई गयी।

29. वर्ष 1994-95 के दौरान आदिवासी जनसंख्या वाले उत्तर-पूर्वी राज्यों में मलेरिया का नियंत्रण करने के लिए 100 प्रतिशत केन्द्रीय सहायता के साथ एक कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। इस पर प्रति वर्ष 15 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यय होगा। केन्द्रीय सरकार बिहार और पश्चिम बंगाल को 20 करोड़ रुपए मूल्य की डी.डी.टी. एवं काला आजार निरोधी दवाईयां प्रदान कर रही है। इसके परिणाम-स्वरूप, वर्ष 1992-93 की तुलना में 1993-94 में बिहार में काला आजार से होने वाली मौतों में 28 प्रतिशत कमी हुई है।

30. गत वर्षों के दौरान स्वास्थ्य क्षेत्र की संरचना में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है (सारणी 9.10)। चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत मानव शक्ति के आधार पर अनुभव की गई आत्म-निर्भरता को ध्यान में रखते हुए, छठी पंचवर्षीय योजना (1980-85) के दौरान नये मेडिकल कालिज खोलने का निर्णय लिया गया था। तथापि, भारतीय चिकित्सा परिषद् (संशोधन) अधिनियम, 1943, के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार की अनुमति से ही नये मेडिकल कालिज खोले जा सकते हैं। ऐसा इस बात को ध्यान में रखकर किया गया है कि देश में निम्न स्तर के मेडिकल कालिजों की संख्या में कुकुरमुत्ता की तरह हो रही वृद्धि पर नियंत्रण पाया जा सके।

31. स्वास्थ्य क्षेत्र के संसाधन आधार का संवर्धन करने के लिए उपचार एवं परामर्श स्वास्थ्य सेवाओं पर उपयुक्त उपभोक्ता-प्रभार, उन लोगों पर जो वहन कर सकते हैं, लगाना भी आवश्यक है। इससे मूल स्वास्थ्य सुविधाओं के सार्वजनिक वित्तपोषण को सरल बनाये बिना ही बेहतर कोटि की सेवाएं प्रदान करने में भी सहायता मिलेगी, जिनकी आय में वृद्धि होने के साथ-साथ मांग बढ़ रही है।

महिला एवं बाल विकास

32. महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र और आत्म-निर्भर बनाने की दृष्टि से उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने और उनके बौद्धिक स्तर को उन्नत करने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। महिलाओं के लिए प्रशिक्षण और रोजगार कार्यक्रम को समर्थन देने की स्कीम को आरम्भ किए जाने

सारणी 9.10

स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

(संख्या में)

मद	1951	1961	1971	1981	1991	1992	1993
1	2	3	4	5	6	7	8
1. मेडिकल कालिज**	28*	60	98	111	128	146	146
2. अस्पताल**	2694	3094	3862	6804	11174	13692	उ०न०
3. औषधालय**	6515	9406	12180	16751	27431	27403	उ०न०
4. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र@	0	0	0	217	2071	2193	2289
5. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र@	725	2565	5112	5740	20450	20719	21009
6. उप-केन्द्र@	—	—	28489	51405	130958	131464	131471
7. अस्पतालों में रोगी-बिस्तर (सभी प्रकार के)**	117178	230000	348655	569495	810548	उ०न०	उ०न०
8. चिकित्सक**	61840	83756	151129	268712	394068	410825	उ०न०
9. दन्त चिकित्सक**	3290	3582	5512	8648	10751	11300	उ०न०
10. नर्से**	16550	35584	80620	154280	340208	385410	उ०न०

उ०न० = उपलब्ध नहीं।

* वर्ष 1950 से संबंधित।

** 31 दिसम्बर की स्थिति के अनुसार।

@ 31 मार्च की स्थिति के अनुसार।

स्रोत: स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय।

से दिसम्बर, 1994 तक लगभग 1.37 लाख महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। निर्धन महिलाओं की ऋण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 1992–93 में राष्ट्रीय महिला कोष की स्थापना की गयी थी। 31 करोड़ रुपए की संगृहीत निधि से कोष को स्थापना की गई थी। वर्ष के दौरान कोष ने 39 स्वैच्छिक संगठनों को सहायता प्रदान की और 7.05 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता से 44,186 महिलाओं को ऋण उपलब्ध कराया गया। 2 अक्तूबर, 1993 को आरम्भ की गयी महिला समृद्धि योजना का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं में बचत की आदत को बढ़ाना है। योजना के अन्तर्गत, एक वर्ष की परिबद्ध अवधि में 300 रुपए तक की बचत के लिए एक ग्रामीण वयस्क महिला को 75 रुपए का सरकार की ओर से प्रोत्साहन दिया जाएगा। इस स्कीम को पूरे देश में जबरदस्त समर्थन मिला है। इस योजना के आरम्भ में होने से लेकर (दिसम्बर 1994 तक) लगभग 72 लाख महिला समृद्धि खाते खोले जा चुके हैं जिनकी कुल जमा राशियां 65.90 करोड़ रुपए बैठती है।

33. अब संयुक्त राष्ट्र संघीय अन्तर्राष्ट्रीय बाल आपातिक निधि की सहायता से देश के 450 जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम प्रचलन में हैं। 1993–94 के दौरान, 2.69 लाख महिलाओं की सदस्यता सहित 15,483 समूह आर्थिक क्रियाकलापों को कार्यान्वित करने के लिए गठित किए गए थे। 1994-95 के दौरान (नवम्बर 1994 तक) 3.19 लाख महिला सदस्यता सहित 19,000 से अधिक समूह गठित हो चुके हैं।

34. विशेष रोजगार देने और गरीबी दूर करने के कार्यक्रमों में भी महिलाओं के लिए आरक्षण/प्राथमिकता है। एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत लाभभोगियों का 40 प्रतिशत महिलाएं होंगी। वर्ष 1993–94 के दौरान उपलब्धि 33.6 प्रतिशत थी। इसी प्रकार, जवाहर रोजगार योजना के अन्तर्गत रोजगार सृजन का 30 प्रतिशत भाग महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है। इसके मुकाबले 1993–94 में रोजगार में महिलाओं का हिस्सा लगभग 25 प्रतिशत था। महिलाओं की कार्यचालन स्थितियों को सुधारने और उन्हें समर्थन देने की अन्य योजनाओं में कामगार महिलाओं के लिए होस्टल, दिवस देखभाल केन्द्र/शिशुगृहों, रोजगार और प्रशिक्षण एवं उत्पादन केन्द्र आदि शामिल हैं।

35. एकीकृत बाल विकास सेवाएं बच्चों और गर्भवती/धाय माताओं के विकास के लिए व्यापक स्कीम हैं। इस स्कीम का क्रमिक रूप से 3381 परियोजनाओं में विस्तार किया गया है जिसमें 3657 खंड और 240 शहरी गंदी-बस्तियां शामिल की गयी हैं। एकीकृत बाल विकास सेवा के अन्तर्गत 3.4 लाख आंगनवाड़ियां हैं। एकीकृत बाल विकास सेवा के व्याप्ति क्षेत्र में 30 सितम्बर, 1994 की स्थिति के अनुसार 1.75 करोड़ बच्चों तथा 0.38 करोड़ माताओं की उच्च संख्या है। एकीकृत बाल विकास सेवा की 3381 परियोजनाओं में से 755 परियोजनाओं को विश्व बैंक की सहायता से आंध्र प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश के जनजातीय और पिछड़े क्षेत्रों की प्रधानता वाले इलाकों में कार्यान्वित किया जा रहा है। एकीकृत बाल विकास सेवा ने बच्चों के पोषाहार और स्वास्थ्य की स्थिति में अनुभूतक्षम सुधार किया है। एकीकृत बाल विकास सेवा के 507 खंडों में 11 से 18 वर्ष के आयु वर्ग में, विशेषरूप से विद्यालय छोड़ चुकी किशोरियों के लिए सेवाओं का विस्तार किया गया है। बच्चों के विकास के लिए अन्य मुख्य कार्यक्रमों में आरम्भिक बाल शिक्षा, बालवाड़ी पोषाहार कार्यक्रम, विशेष पोषाहार कार्यक्रम आदि शामिल हैं।

36. व्यापक पैमाने पर फैले हुए कुपोषण को समाप्त/घटाने के लिए अप्रैल 1993 में राष्ट्रीय पोषाहार नीति को अपनाया जाना एक अन्य महत्वपूर्ण कदम था। इसके लिए विशेष कार्रवाई योजनाएं तैयार की जा रही हैं। नीति के कार्यान्वयन का विहंगम दृष्टि से अवलोकन करने के लिए प्रधान मंत्री की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय पोषाहार परिषद् गठित की गई है।

कमजोर वर्गों का कल्याण

37. समाज के कमजोर और असुरक्षित वर्गों के विकास और कल्याण के लिए जो नीति अपनायी गयी है उसका उद्देश्य निधियां निर्धारित करके, आर्थिक सहायता प्रदान करके तथा सेवाओं और शैक्षिक संस्थाओं आदि में आरक्षण प्रदान करके विशेष लक्षित-वर्गोन्मुख कार्यक्रमों को प्रारम्भ करना है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लोगों के लिए जिन अन्य फायदों की परिकल्पना की गयी है उसमें अध्ययनों के लिए छात्रवृत्तियों, प्रतियोगी परीक्षाओं और प्रशिक्षणों आदि के लिए परीक्षा-पूर्व निःशुल्क शिक्षा शामिल है।

38. कुल जनसंख्या में से कम से कम अनुसूचित जातियों की जनसंख्या के अनुपात में उनके विकास के लिए केन्द्र और राज्य योजनाओं से निधियों के प्रवाह को सरणीबद्ध करने के लिए विशेष संघटक योजना संबंधी नीति अपनायी गयी है। राज्यों की विशेष संघटक योजनाओं को विशेष केन्द्रीय सहायता से संपूरित किया जाता है ताकि केन्द्रीय/राज्य योजनाओं से अपेक्षित और सामान्य के बीच के अन्तर को पूरा किया जा सके। 1994–95 के दौरान कुल 39,194 करोड़ रुपये के राज्य योजना परिव्यय में से 4,312 करोड़ रुपए की राशि (अर्थात् लगभग 11 प्रतिशत) विशेष संघटक योजना के लिए निर्धारित की गयी थी। इस प्रयोजन के लिए 274 करोड़ रुपये की विशेष केन्द्रीय सहायता प्रदान की गयी है। केन्द्रीय मंत्रालयों ने भी विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत अनुसूचित

जातियों के विकास के लिए निधियां निर्धारित की हैं। एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत जिन परिवारों को सहायता दी गयी/निधियां उपयोग में लायी गयीं उनमें से 50 प्रतिशत परिवार अनुसूचित जातियों के होने चाहिएं। इसी प्रकार जवाहर रोजगार योजना के अधीन रोजगार में प्राथमिकता अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के परिवारों को दी जाती है और रोजगार सृजन का लगभग 50 प्रतिशत भाग उनको जाता है। प्रधान मंत्री की रोजगार योजना में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लोगों के लिए 22.5 प्रतिशत का आरक्षण भी उपलब्ध है।

39. अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिए जनजातीय उपयोजना के क्षेत्र आधारित दृष्टिकोण को क्रियान्वित किया जा रहा है। जनजातीय उप-योजनाओं का 194 एकीकृत जनजातीय विकास परियोजनाओं और 250 संशोधित क्षेत्र विकास परियोजनाओं के माध्यम से क्रियान्वयन किया जाता है। जनजातीय उपयोजनाओं के लिए निधियां राज्य योजनाओं तथा विशेष केन्द्रीय सहायता से एकत्र की जाती हैं और विभिन्न कार्यक्रमों के लिए आबंटन केन्द्रीय मंत्रालयों द्वारा किया जाता है। 1994–95 के दौरान राज्यों को कुल योजना राशि में से 5,061 करोड़ रुपये की राशि जनजातीय उपयोजना के लिए और 275 करोड़ रुपए की राशि विशेष केन्द्रीय सहायता के लिए निर्धारित की गयी है।

40. अनुसूचित जाति/अनु० जनजाति के बच्चों के शैक्षिक विकास के लिए छात्रवृत्तियां, होस्टल सुविधा, निःशुल्क कोचिंग इत्यादि जैसे अनेक प्रोत्साहन दिये जाते हैं। मैट्रिक पश्च छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत वर्ष 1993–94 में लगभग 13.38 लाख अनुसूचित जाति और 3.37 लाख अनुसूचित जनजाति के बच्चों ने योजना से वित्तीय लाभ उठाया।

41. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वित्त और विकास निगम जिसकी स्थापना 1989 में की गयी थी, अनुसूचित जाति/अनु० जनजाति के लोगों के जीवन के आर्थिक स्तर और क्षमता को सुधारने के लिए सरकार के प्रयासों को पूरा करता है। निगम राज्य/संघ राज्य क्षेत्रीय स्तर के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति विकास निगमों और अन्य एजेन्सियों के माध्यम से निधियां सरणीबद्ध करता है ताकि आय सृजित करने वाली और स्वरोजगार परियोजनाओं के लिए उचित ब्याज दर पर ऋण प्राप्त करने के लिए अनुसूचित जाति/अनु० जनजाति के लोगों की मदद कर सके। सितम्बर, 1994 तक राष्ट्रीय अ० जा० और अ० ज० जाति वित्त और विकास निगम ने 491 करोड़ रुपये की लागत की 609 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की थी, जिनमें 1.79 लाख अ० जा०/अ० ज० जा० लाभभोगियों को सहायता दी गई। 243 करोड़ रुपये के स्वीकृत ऋण में राष्ट्रीय अ० जा०/अ० ज० जा० वित्त और विकास निगम के हिस्से के ऋण में से 137 करोड़ रुपये की राशि का संवितरण कर दिया गया था। भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ की अगस्त 1987 में जनजातीय क्षेत्रों से उत्पादों, विशेषकर लघु वन उत्पादों के विपणन के लिए मूल सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्थापना की गई थी। भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ द्वारा बिक्री और प्राप्ति का कुल कारोबार वर्ष 1988–89 में 22 करोड़ रुपए से बढ़कर 1992–93 में 86 करोड़ रुपये और 1993–94 में 106 करोड़ रुपए हो गया।

42. भारत सरकार ने अपने अन्तर्गत आने वाले सिविल सेवाओं और नौकरियों की रिक्तियों में "क्रीमी लेयर" को छोड़कर अन्य पिछड़े वर्गों के लिए 27 प्रतिशत के आरक्षण को कार्यान्वित किया है। अन्य पिछड़े वर्गों के आर्थिक विकास के संवर्धन के लिए वर्ष 1992–93 में 200 करोड़ रुपए की प्राधिकृत शेयर पूंजी के साथ एक राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम की स्थापना की गई थी। वर्ष 1993–94 के दौरान 76,289 लाभभोगियों की सहायता करने के लिए 106 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी।

43. अन्य पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों के कल्याण में सुधार करने के लिए अभी हाल में कुछ कदम उठाए गये हैं। इनमें (i) अन्य पिछड़े वर्गों की केन्द्रीय सूची में कुछ जातियों को शामिल करने के आवेदनों के परीक्षण के लिए एक राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की स्थापना करना ; (ii) झाड़ू-कशों, खाल उतारने वालों और चर्मशोधकों की विशिष्ट समस्याओं पर ध्यान देने के लिए राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की स्थापना करना ; (iii) अल्पसंख्यकों के बीच पिछड़े वर्गों की आर्थिक एवं विकासात्मक गतिविधियों का संवर्धन करने के लिए 500 करोड़ रुपए की शेयर पूंजी से राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास निगम की स्थापना करना ; (iv) समाज के शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों विशेष रूप से, अल्पसंख्यकों और पिछड़े वर्गों और दूसरे सामान्य वर्गों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान की स्थापना करना शामिल है।

आवास

44. अगस्त, 1994 में संसद द्वारा राष्ट्रीय आवास नीति अपनाई गई थी। नीति का दीर्घावधिक लक्ष्य गृहविहीनता को कम करना और सभी को निम्न स्तर पर अपेक्षित बुनियादी सेवाएं और सुविधाएं प्रदान करना है। यह स्वीकार्य है कि समस्या की गंभीरता जिसमें सरकार, सहकारिताएं, समुदाय और निजी क्षेत्र सहित विभिन्न अभिकरणों को इसमें हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित करती है। नीति में सरकार की भूमिका के बारे में एक बड़ा परिवर्तन लाने की परिकल्पना की गयी है, जोकि आवास प्रदान करने की अपेक्षा उसे सुलभ कराने में सहायक हो। अनुरक्षित वर्गों की आवश्यकताओं का सरकार द्वारा ध्यान रखा जा रहा है। आवास विकास नीति, जिसमें प्रौद्योगिकी, वित्तीय और संस्थागत जैसे

पहलू शामिल हैं, को नीतिगत ढांचे में शामिल किया गया है। हालांकि इसे आर्थिक विकास का एक अनिवार्य भाग मानते हुए परियोजना आधारित परिप्रेक्ष्य से हटकर क्षेत्रीयता पर जोर दिया गया है।

सारणी 9.11

कमजोर वर्गों और निम्न आय वर्गों के लिए ग्रामीण आवासन का कार्य निष्पादन

(लाख में)

स्कीम	1992-93	1993-94		1994-95	
	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि (अगस्त, 94 तक)
1	2	3	4	5	6
1. ग्रामीण आवास स्थल एवं आवास निर्माण :					
(क) आवास स्थल (परिवार)	8.88	5.53	9.21	4.98	3.26
(ख) निर्माण संबंधी सहायता (परिवार)	5.31	2.95	4.66	2.97	1.26
2. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (आवासीय यूनिट)	1.14	0.96	1.22	0.92	0.23
3. निम्न आय वर्गीय आवास (आवासीय यूनिट)	0.54	0.48	0.60	0.40	0.09

स्रोत : कार्यक्रम कार्यान्वियन मंत्रालय।

45. केन्द्र और राज्य सरकारें आवास क्षेत्र के लिए संस्थागत और अनुसंधान संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए विभिन्न स्कीमें चला रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के एक भाग के रूप में आवास के लिए स्थान और उसके निर्माण के लिए सहायता के आबंटन की स्कीम राज्य क्षेत्र की सीमा के अन्तर्गत है। ग्रामीण क्षेत्रों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के गरीबों में से भी अधिक गरीब लोगों तथा मुक्त कराए गए बंधुआ मजदूरों के लिए केन्द्रीय क्षेत्र में इंदिरा आवास योजना 1985–86 में शुरू की गई थी। इस योजना के अन्तर्गत अब कतिपय शर्तों के अधीन गैर-अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के गरीब परिवार भी पात्र हैं। जहां तक संभव है इंदिरा आवास योजना के अन्तर्गत छोटे परिवारों के हितों को ध्यान में रखते हुए आवासों का निर्माण समूहों में किया जाता है ताकि समूहों में सामान्य सुविधाएं प्रदान की जा सकें। 2.51 लाख आवासों की तुलना में वर्ष 1993–94 के दौरान इंदिरा आवास योजना के अन्तर्गत 3.06 लाख आवासों का निर्माण किया गया था।

46. ग्रामीण आवास के लिए स्थान और उसके निर्माण के लिए सहायता संबंधी स्कीम के अन्तर्गत वास्तविक कार्य निष्पादन से यह पता चलता है कि कमजोर वर्गों को पर्याप्त प्राथमिकता दी गई है। (सारणी 9.11)। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए वर्ष 1993–94 में 0.96 लाख आवास यूनिटों का लक्ष्य 1.22 लाख आवास यूनिटों को भी पार कर गया।

47. आवास कार्यकलापों को बढ़ावा देने की दृष्टि से भारतीय रिजर्व बैंक ने यह घोषित किया है कि आवास क्षेत्र के लिए बैंक ऋण (नए मकान के मामले में 2 लाख रुपए तक और मरम्मत के लिए 25,000 रुपए तक) को प्राथमिक क्षेत्र ऋण के एक भाग के रूप में माना जाएगा। आवास ऋण के लिए अधिकतम सीमा 10 लाख रुपए निर्धारित की गई है।

48. आवास क्षेत्र के लिए संस्थागत ऋण के प्रवाह को बढ़ाने तथा आवास वित्त संस्थाओं को संवर्धित और नियमित करने के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक को भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक बैंक के रूप में जुलाई, 1988 में स्थापित किया गया था। यह संसाधनों को जुटाता है और आवास तथा आधारभूत संबंधी विभिन्न स्कीमों के लिए उन्हें सारणीबद्ध करता है तथा वाणिज्य बैंकों तथा गैर-बैंकिंग संस्थाओं द्वारा प्रत्यक्ष रूप से दिए गए आवास ऋणों के पुनर्वित्तपोषण की व्यवस्था करता है। राष्ट्रीय आवास बैंक नए आवास/आवास यूनिटों के निर्माण/खरीद के लिए प्रत्यक्ष ऋण, भूमि विकास के लिए सार्वजनिक अभिकरणों, आश्रय परियोजनाओं, प्रारम्भिक सहकारिताओं, आवासीय समितियों, व्यवसायिक विकासकों को और भूमि विकास तथा आश्रय परियोजनाओं के अन्तर्गत प्लाट/आवास यूनिटों के आवंटियों को भी प्रत्यक्ष ऋण देने के लिए आवास वित्त संस्थाओं को वित्तपोषित करता है। राष्ट्रीय आवास बैंक ने अपने आरम्भ होने से मार्च, 1994 तक विभिन्न भूमि विकास और आश्रय परियोजनाओं के 196 करोड़ रुपए का अग्रिम देने के अलावा 1929 करोड़ रुपए की पुनर्वित्तपोषण सहायता प्रदान की थी।

49. आवास और शहरी विकास निगम आवास और आधारभूत विकास के लिए राज्य और स्थानीय अभिकरणों

को ऋण तथा तकनीकी सहायता भी प्रदान करता है। 1970 में इसकी शुरूआत से अक्तूबर, 1994 तक 9476 करोड़ रुपए की कुल राशि के ऋण मंजूर किये गये थे और 5.66 मिलियन से अधिक रिहायशी यूनिटों के निर्माण कार्यों के लिए वास्तव में 6,522 करोड़ रुपए संवितरित किए गए थे। हुडको आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और निम्न आय वर्गों के लाभ के लिए आवासीय परियोजनाओं की रिहायती दर पर वित्त भी प्रदान करता है। वर्ष 1994–95 के दौरान (अक्तूबर, 1994 तक) आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तथा निम्न आय वर्गों के लिए क्रमशः 85 करोड़ रुपए और 64 करोड़ रुपए मंजूर किए गये थे।

जल आपूर्ति और सफाई

50. साफ पेय जल की सुविधाओं की व्यवस्था करने में विशेषकर उन गांवों में जहां यह सुविधा नहीं है, काफी प्रगति हुई है परन्तु इस गम्भीर समस्या को देखते हुए भी इसमें अधिकांश क्षेत्रों को शामिल किया जाना है। सातवीं पंचवर्षीय योजना के अंत में 8365 "हार्ड कोर" वाले पिछले बकाया गांवों और उन गांवों को जहां स्वच्छ पेय जल की सुविधा का कोई स्रोत नहीं है, शामिल नहीं किया गया है। इन बकाया गांवों में से 8062 गांवों को वर्ष 1990–94 के दौरान शामिल किया गया था। चालू वर्ष के 278 गांवों के लक्ष्य की तुलना में नवम्बर, 1994 तक 59 गांव इसमें शामिल किए गए हैं।

सारणी 9.12

पेय जल और सफाई सुविधाओं के अन्तर्गत आने वाली जनसंख्या

(31 मार्च को स्थिति के अनुसार कवरेज का प्रतिशत)

मद/क्षेत्र	1985	1990	1993*
पेय जल आपूर्ति			
ग्रामीण	56.3	73.9	79.2
शहरी	72.9	83.8	84.9
सफाई सुविधाएं			
ग्रामीण	0.7	2.4	3.26
शहरी	28.4	45.9	47.9

*अनन्तिम

स्रोत: योजना आयोग।

51. 1985 से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ पेय जल की आपूर्ति और सफाई सुविधाएं प्रदान करने के लिए जनसंख्या के कवरेज में बड़ी तेजी से वृद्धि हुई है। (सारणी 9.12)। ग्रामीण जल आपूर्ति के लिए केन्द्रीय क्षेत्र योजना हेतु बजटीय आवंटन वर्ष 1993–94 में 770 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 1994–95 में 950 करोड़ रुपये किया गया जो 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

श्रम और रोजगार

52. रोजगार जैसे गहन क्षेत्रों के विकास पर जोर डालते हुए आठवीं योजना में विचारित रोजगार नीति के संबंध में 5.6 प्रतिशत के समग्र आर्थिक विकास की औसत वार्षिक दर के अपेक्षित लक्ष्य के अनुरूप प्रति वर्ष रोजगार की वृद्धि दर 2.6 प्रतिशत से 2.8 प्रतिशत तक प्राप्त किए जाने की प्रत्याशा की गई है। आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान प्रतिवर्ष औसतन 8.5 मिलियन रोजगार के अतिरिक्त अवसर सृजित किए जाने का अनुमान लगाया था। अब यह अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 1992–93 और 1993–94 में क्रमशः 6.4 मिलियन और 5.6 मिलियन रोजगार के अतिरिक्त अवसर सृजित किए गए। अतिरिक्त रोजगार के अवसरों में यह वृद्धि औसत वार्षिक वृद्धि के लक्ष्य से कम है। इसका मुख्य कारण है कि सकल घरेलू उत्पाद में कमी लक्षित वृद्धि से कम है। दूसरी तरफ वर्ष 1985–86 से 1991–92 तक की अवधि के दौरान प्रतिवर्ष उत्पन्न किए गए रोजगार के अतिरिक्त अवसर 5 मिलियन औसत की तुलना में योजना के प्रथम दो वर्षों में 6.0 मिलियन की औसत वृद्धि से कहीं अधिक हैं। इन प्रवृत्तियों से यह पता चलता है कि आठवीं पंचवर्षीय योजना के प्रथम दो वर्षों के दौरान रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है।

53. योजना आयोग द्वारा श्रम संबंधी एक स्थायी सलाहकार समिति गठित की गई है, ताकि श्रम तथा रोजगार के संबंध में योजनाओं और नीतियों को बनाते समय श्रम संबंधी मामलों में ट्रेड यूनियनों और विशेषज्ञों के साथ आसानी से परामर्श किया जा सके।

54. संवैधानिक आवश्यकताओं और कानूनी निवारकों के बावजूद भी बाल श्रम एक गंभीर समस्या बनी हुई है। बाल श्रम के प्रयोग में लगातार कमी करने तथा अन्ततः

उन्मूलन करने के चालू प्रयत्नों में मुख्यतः बाल श्रम वाले कई क्षेत्रों में, जहां बच्चों को बालश्रम से उन्मुक्त कराया गया है, इन बच्चों के पुनर्वास के लिए राष्ट्रीय बालश्रम परियोजनाएं शुरू करना है। 15 अगस्त, 1994 को प्रधान मंत्री द्वारा घोषणा किए जाने के बाद जोखिम वाले रोजगारों में बालश्रम का उन्मूलन करने हेतु वर्ष 2000 तक एक नई स्कीम तैयार की जा रही है। श्रम राज्य मंत्री की अध्यक्षता में अक्तूबर, 1994 में एक राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन प्राधिकरण स्थापित किया गया है जो निम्नलिखित कार्य करेगा :–

(i) विशेषकर जोखिम वाले रोजगारों में, बाल श्रम के उन्मूलन के लिए नीतियां और कार्यक्रम तैयार करना।

(ii) बाल श्रम के उन्मूलन हेतु कार्यक्रमों, परियोजनाओं और स्कीमों के कार्यान्वयन की प्रगति का मानीटर करना।

(iii) भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों की सम्बद्ध परियोजनाओं में बाल श्रम उन्मूलन के कार्यान्वियन का समन्वय करना।

55. यह भी निर्णय लिया गया है कि राज्य स्तरीय बाल श्रम सलाहकार बोर्डों, राज्य बाल श्रम उन्मूलन प्राधिकरणों और जिला स्तरीय बाल कल्याण समितियों को गठित करने के लिए कार्यवाही करनी चाहिए। प्रत्येक राज्य निर्धारित समय सीमा में बाल श्रम उन्मूलन हेतु मास्टर कार्य-योजना तैयार करेगा। इस प्रयोजनार्थ बाल श्रम की बहुलता वाले क्षेत्रों/उद्योगों का पता लगाया जाएगा। इन कार्यक्रमों में गैर-सरकारी संगठनों को भी सक्रिय रूप से शामिल किया जाएगा।

विशेष रोजगार कार्यक्रम और गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम

56. एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम स्व-रोजगार के लिए ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण जवाहर रोजगार योजना और नेहरू रोजगार योजना जैसे विशेष रोजगार और गरीबी-रोधी कार्यक्रम भारत की विकास नीति के प्रमुख लक्षण है। वर्ष 1993–94 में रोजगार बीमा योजना और प्रधान मंत्री रोजगार योजना नामक दो नए कार्यक्रम शुरू किए गए थे। इसके अतिरिक्त कुछ राज्य सरकारों के अपने विशेष रोजगार कार्यक्रम हैं, जैसे कि महाराष्ट्र में रोजगार गारंटी योजना और पश्चिम बंगाल में पंजीकृत बेरोजगारों के लिए स्वरोजगार योजना।

57. रोजगार बीमा योजना देश के 1778 पिछड़े खंडों में कार्यान्वित की गयी है। इस योजना का उद्देश्य रोजगार बीमा योजना के अन्तर्गत शामिल किए गए खंडों के भीतर गांवों में आमतौर पर रहने वाले प्रत्येक परिवार के 18 से 60 वर्ष की आयु के दो सदस्यों को 100 दिन का अकुशल शारीरिक श्रम कार्य उपलब्ध कराना है। यह आवश्यकता आधारित कार्यक्रम है, अतः रोजगार सृजन का कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है। वर्ष 1993–94 से जवाहर रोजगार योजना अधिक लक्ष्योन्मुख बनाई गई है और इसका बढ़ते हुए बजटीय आवंटनों के जरिए काफी विस्तार भी किया गया है। इस योजना को तीन भागों में बांटा गया है अर्थात :—

(i) जवाहर रोजगार योजना – पहले भाग को कुल आवंटन का 75 प्रतिशत, (ii) जवाहर रोजगार योजना–दूसरे भाग को 120 चुनिंदा पिछड़े जिलों के लिए कुल आवंटन का 20 प्रतिशत और (iii) जवाहर रोजगार योजना–तीसरा भाग नवीकरणीय परियोजनाओं के लिए है, जिनका उद्देश्य श्रमिकों के देशान्तरण को रोकना, महिलाओं के रोजगार को बढ़ाना, स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से विशेष कार्यक्रमों और जिनका लक्ष्य सूखा-रोधी तथा जलसंभर विकास क है, को तैयार करना है।

58. बेहतर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए, जवाहर रोजगार योजना के अंतर्गत परिसम्पत्तियों का लागत के आधार पर और विवेकपूर्ण ढंग से चयन करने के लिए जवाहर रोजगार योजना के प्रथम भाग की दो उप-योजनाओं, इंदिरा आवास योजना के लिए आवंटन जो 1992-93 में 6 प्रतिशत था 1993-94 में बढ़ाकर 10 प्रतिशत और लाखों के लिए कल्याणकारी योजना के लिए आवंटनों को इसी अवधि के दौरान 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत किया गया है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लोगों और मुक्त हुए बंधुआ मजदूरों के साथ-साथ गैर-अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के गरीब परिवारों को भी इंदिरा आवास योजना और लाखों के लिए कल्याणकारी योजना के अन्तर्गत सहायता के लिए शामिल किया गया है, परन्तु शर्त यह है कि उनका आवंटन में हिस्सा क्रमशः 4 प्रतिशत और 10 प्रतिशत से अधिक न हो।

59. एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी की रेखा से नीचे रह रहे सभी परिवार सहायता के लिए पात्र हैं। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति के लोगों के लिए सहायता प्राप्त कुल परिवारों का 50 प्रतिशत तक आरक्षण है। महिलाओं के लिए 40 प्रतिशत और शारीरिक रूप से विकलांगों के लिए 3 प्रतिशत आरक्षण है।

60. विशेष कार्यक्रमों की उपलब्धियां सारणी 9.13 में दी गयी हैं। वर्ष 1994-95 से शिक्षित बेरोजगार युवा स्वरोजगार योजना को प्रधान मंत्री रोजगार योजना के साथ जोड़ दिया गया है। वर्ष 1994-95 के लिए प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत 4.4 लाख रोजगार के अवसरों का सृजन करने के लिए 2.2 लाख छोटे-छोटे उद्यमों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्ष 1993-94 के दौरान जवाहर

सारणी 9.13

विशेष रोजगार कार्यक्रम और गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों की उपलब्धियां

(लाख में)

	1992-93		1993-94		1994-95	
	लक्ष्य	उपलब्धियां	लक्ष्य	उपलब्धियां	लक्ष्य	उपलब्धियां (प्र०) नवम्बर, 94 तक
1	2	3	4	5	6	7
क. ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम						
1. जवाहर रोजगार योजना सृजित श्रम दिवस	7557.95	7821.02	10383.26	10236.81	10365.53	4705.87
2. रोजगार बीमा योजना—सृजित श्रम दिवस*			**	494.74	**	1150.98
3. एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम सहायता प्रदत्त परिवार	18.75	20.69	25.70	25.38	21.15	9.91
4. स्वरोजगार के लिए ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण	3.00	2.76	3.50	3.04	3.22	1.06
5. ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बालकों का विकास						
(क) बनाए गए समूह	0.08	0.09	0.11	0.15	0.18	0.19
(ख) सदस्यता	—	1.29	—	2.69	—	3.19
ख. शहरी क्षेत्रों में कार्यक्रम						
6. नेहरू रोजगार योजना						
(क) सहायता प्राप्त परिवार	0.92	1.20	3.23	1.52	1.20	0.90‡
(ख) सृजित श्रम दिवस	158.20	133.89	143.00	123.67	100.66	45.72‡
(ग) प्रशिक्षित व्यक्ति	0.48	0.32	0.58	0.48	0.55	0.26‡
ग. अन्य कार्यक्रम						
7. शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए स्वरोजगार योजना	1.00	0.72	1.26	0.51	@	—
8. प्रधान मंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत लाभप्राप्तकर्ता						
(क) छोटे उद्यम	—	—	0.40	0.32	2.20	0.69‡
(ख) सृजित रोजगार	—	—	0.80	0.36	4.40	0.31ϕ

प्र० = अनन्तिम

*रोजगार बीमा योजना और प्रधानमंत्री रोजगार योजना 2 अक्तूबर, 1993 को शुरू किए गए थे।

‡दिसम्बर, 1994 तक

@प्रधानमंत्री रोजगार योजना में एकीकृत

**लक्ष्य निर्धारित नहीं किए गए क्योंकि इसके लिए आधार की आवश्यकता है।

स्रोत : ग्रामीण विकास, शहरी विकास और उद्योग मंत्रालय।

रोजगार योजना के अन्तर्गत लगभग 50 प्रतिशत रोजगार का सजृन अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समूह से किया गया। वर्ष 1993–94 के दौरान एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों का कवरेज सहायता प्राप्त कुल परिवारों में 50 प्रतिशत के लक्ष्य की तुलना में 53 प्रतिशत से अधिक था। महिलाओं का कवरेज 40 प्रतिशत के लक्ष्य की तुलना में 34 प्रतिशत था।

61. अनारक्षित बेरोजगार की अधिक व्यापकता और गरीबी की रेखा से नीचे रह रही जनसंख्या से अधिक अनुपात के कारण इन कार्यक्रमों को सुदृढ़ किया जाना न्यायसंगत है। हालांकि बेहतर लक्ष्य निर्धारित करके अधिक आवश्यकता वाले राज्यों के पक्ष में निधियों के आवंटन में लचीलापन लाने और क्षेत्रीय तथा क्षेत्र विकास कार्यक्रमों के साथ इन कार्यक्रमों का सामंजस्य स्थापित करने के माध्यम से इन कार्यक्रमों में गुणात्मक सुधार करने की तत्काल आवश्यकता है। उचित आयोजन, आधारीय स्तर पर बल दिए जाने वाले क्षेत्रों का निर्धारण, गरीब परिवारों की प्रबन्ध क्षमताओं के अन्तर्गत व्यवहार्य परियोजनाएं और विकसित तथा पिछड़े संबंधों का कारगर बंधन, ऋण और विपणन में भी गुणात्मक सुधार लाना आवश्यक है।

दृष्टिकोण

62. सामाजिक क्षेत्रों में विकास के लिए अपनाई गई विभिन्न नीतियों और कार्यक्रमों ने सकारात्मक दिशा में परिणाम दिखाने शुरू कर दिए हैं। जीवन स्तर में सुधार हुआ है। हाल के वर्षों में रोजगार के क्षेत्र में वृद्धि हुई है। परन्तु गरीबी को दूर करने की समस्याएं और मानव संसाधन विकास की समस्या जटिल और बड़ी है। राज्यों के बीच, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच तथा पुरुषों और महिलाओं के बीच व्यापक विषमताओं को कम करने के लिए सतत और भारी प्रयत्न किए जाने की आवश्यकता है।

6. एफसी(एन आर) लेखा के तहत मुद्रा क्षति	6. Exchange loss under FC(NR) Account Scheme	365	785	420
7. पुलिस	7. Police	2685	2837	152
8. पेंशन	8. Pensions	3651	3851	200
9. निजाम के जवाहरातों का अधिग्रहण	9. Acquisition of Nizam's jewellery	218	...	-218
10. राज्यों को आयोजना-भिन्न अनुदान	10. Non-Plan grants to States	2238	5927	3689
11. अल्प बचत संग्रहों के एवज में राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों को ऋण	11. Loans to State and UT Governments against small savings collections	9649	7000	-2649
12. अन्य	12. Others	16554	15101	-1453
जोड़	Total	113511	123651	10140

1. यह वृद्धि मुख्यतया ब्याज की उच्चतर दरों वाले ऋण द्वारा विद्यमान ऋण स्टाक के प्रतिस्थापन सहित आन्तरिक ऋण और अपेक्षाकृत अधिक संग्रहणों के कारण अल्प बचतों और सरकार के पास गैर-सरकारी भविष्य निधियों पर ब्याज की बढ़ती हुई आवश्यकता के कारण है।

2. यह वृद्धि सामान्य विकास और वचनबद्धताओं तथा अनिवार्य भुगतानों को पूरा करने के कारण है।

3. अगले वर्ष के बजट में व्यवस्था खाद्यान्नों की खरीद और खरीद मूल्यों के स्तर और पिछले बकायों के निपटान को ध्यान में रखकर की गई है।

4. यह वृद्धि अंतर्राष्ट्रीय मूल्य में भारी वृद्धि होने से यूरिया के आयात की बढ़ी हुई लागत की वजह से है।

5. सरकार ने किसानों को ऋण राहत देने की योजना के तहत उसके द्वारा लिए गए दायित्व का परिसमापन कर दिया है।

6. यह व्यवस्था भारतीय रिजर्व बैंक से सरकार द्वारा अपनाई गई विदेशी मुद्रा (अनिवासी) खाता स्कीम के तहत मुद्रा क्षति के कारण देयताओं की द्योतक है। बैंक अतिरिक्त लाभांश के रूप में इसके द्वारा निर्मित प्रारक्षित भंडार सरकार को अंतरित करेगा। इस खाते पर सरकारी बजट का निवल व्यय 785 करोड़ रुपए बैठता है।

7. यह वृद्धि पुलिस बल तथा सामान्य वृद्धि को सुदृढ़ करने के कारण है।

8. इस वृद्धि में वर्ष 1995-96 के दौरान पेंशनभोगियों को मंजूर की गई राहतों पर होने वाले खर्च को शामिल किया गया है।

9. यह भुगतान एकमुश्त था जो वर्ष 1994-95 में किया गया था।

10. अगले वर्ष के बजट में की गई व्यवस्था में दसवें वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिशों को शामिल किया गया है।

11. यह कमी अल्प बचत संग्रहणों के अपेक्षाकृत कम अन्तर्प्रवाह और अधिक निकासी के कारण है।

1. The increase is mainly attributable to larger requirement for interest on internal debt including replacement of existing stock of debt by debt carrying higher rates of interest and small savings following higher collections and non-Government Provident Funds lodged with the Government.

2. The increase is due to normal growth and to meet committed and obligatory payments.

3. Provision in the next Budget takes into account level of procurement and procurement prices of food grains and clearance of past arrears.

4. The increase is due to higher cost of import of urea on account of rise in the international price.

5. Government has liquidated the liability taken over by it under the scheme of debt relief to farmers.

6. The provision represents the liability on account of exchange loss under Foreign Currency (Non-Resident) Account Scheme taken over by the Government from Reserve Bank of India. The Bank will be transferring to Government the reserves built by it as additional dividend. The net expenditure on this account is estimated at Rs.785 crores.

7. The increase is on account of strengthening of Police forces and normal growth.

8. The increase takes into account the likely impact of reliefs to be sanctioned to the pensioners during 1995-96.

9. The payment involved was one-time, which was made in 1994-95.

10. The provision in the next Budget takes into account the recommendations made by the Tenth Finance Commission.

11. The decrease is due to lesser inflow of small savings collections and more withdrawals.

भाग-II

आयोजना-भिन्न व्यय, 1995-96

आयोजना-भिन्न व्यय शब्द का प्रयोग व्यापक अर्थ में सरकार के ऐसे सारे व्यय के बारे में किया जाता है, जो आयोजना में शामिल नहीं होता । इसमें विकासात्मक और गैर-विकासात्मक दोनों प्रकार का व्यय शामिल होता है । व्यय का कुछ भाग अनिवार्य देनदारियों से सम्बन्धित होता है, जैसे ब्याज सम्बन्धी अदायगियां, पेंशन प्रभार और राज्यों को साविधिक अन्तरण और व्यय का अन्य भाग राज्य के दायित्वों के सम्बन्ध में होता है अर्थात् रक्षा और आन्तरिक सुरक्षा । इसके अलावा, केन्द्र की कुछ विशेष जिम्मेदारियां हैं, जैसे विदेश कार्य, और करेंसी तथा टकसाल, और अन्य विकासशील देशों के साथ सहयोग । पिछली आयोजनाओं की अवधि में निर्मित परिसम्पत्तियों के अनुरक्षण पर किया जाने वाला व्यय भी आयोजना-भिन्न माना जाता है । इसी प्रकार, किसी एक आयोजना की अवधि में प्राप्त स्तरों पर जारी सेवाओं और गतिविधियों पर होने वाला व्यय अगली आयोजना में आयोजना-भिन्न के रूप में शामिल किया जाता है, जैसे शिक्षा और स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाएं, पहले से चालू अनुसंधान परियोजनाएं और बिजली घरों का प्रचालन व्यय । इस प्रकार, आयोजना के वित्तपोषण के वास्ते लिए गए उधारों पर ब्याज के अलावा, जैसे-जैसे अधिक आयोजनाएं पूरी होती जाती हैं, वैसे ही सुविधाओं तथा सेवाओं के अनुरक्षण और प्रचालन पर होने वाले खर्च की बहुत बड़ी राशि, आयोजना-भिन्न व्यय में बढ़ती जाती है ।

आयोजना-भिन्न व्यय के स्पष्ट श्रेणीवार ब्यौरे विवरण सं. 4 में दिए गए हैं ।

1995-96 के बजट में शामिल की गई आयोजना-भिन्न व्यय की महत्वपूर्ण मदों की जानकारी निम्नलिखित पैराग्राफों में दी गई है ।

1. ब्याज सम्बन्धी अदायगियां *(52000 करोड़ रुपए)*

ये आन्तरिक ऋण पर ब्याज से संबंधित हैं जिनमें मुख्यतया ये शामिल हैं; बाजार ऋण और अन्य मध्यावधिक तथा दीर्घावधिक ऋण, बाह्य ऋण और अल्प बचतें, भविष्य निधियां जिसमें गैर-सरकारी भविष्य निधियों के जमा शामिल हैं, वाणिज्यिक विभागों की प्रारक्षित निधियां और अन्य दायित्व।

2. रक्षा *(25500 करोड़ रुपए)*

इसमें रक्षा सेवाओं पर होने वाला राजस्व और पूंजी व्यय, राजस्व प्राप्तियों को घटाकर, शामिल है । इसके घटक ये है- थल सेना *(12432.81 करोड़ रुपए)*, नौ सेना *(1534.72 करोड़ रुपए)*, वायु सेना *(4134.91 करोड़ रुपए)*, आयुध कारखाने *(43.07 करोड़ रुपए)* और उपर्युक्त सभी सेवाओं का पूंजी परिव्यय *(7354.49 करोड़ रुपए)*।

3.1 प्रमुख आर्थिक सहायताएं (10965 करोड़ रुपए)

***3.1.1 खाद्य संबंधी आर्थिक सहायता** (5250 करोड़ रुपए)*:-भारतीय खाद्य निगम सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित खरीद मूल्यों पर केन्द्रीय पूल के लिए खाद्यान्नों की खरीद करता है । ये अनाज (क) सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से जनता को, (ख) सम्पुष्ट सार्वजनिक वितरण प्रणाली/समेकित आदिवासी विकास परियोजना और (ग) ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम और अन्य राहत योजनाओं के लिए सरकार द्वारा निर्धारित निर्गम मूल्यों पर दिए जाते हैं । आर्थिक लागत और निर्गम मूल्य के बीच के अन्तर की प्रतिपूर्ति निगम को उपभोक्ता सम्बन्धी आर्थिक सहायता के रूप में की जाती है । निगम सरकार की ओर से सुरक्षित भंडार भी रखता है और इसे रखने की लागत की, जिसमें उठाने-धरने और

PART-II

NON-PLAN EXPENDITURE 1995-96

Non-Plan expenditure is a generic term used to cover all expenditure of Government not included in the Plan. It includes both developmental and non-developmental expenditure. Part of the expenditure is obligatory in nature e.g. interest payments, pensionary charges and statutory transfers to States and a part of the expenditure is an essential obligation of a State, e.g. Defence and internal security. Then, there are special responsibilities of the Centre like external affairs, currency and mint and co-operation with other developing countries. Expenditure on maintaining the assets created in previous Plans is also treated as Non-plan expenditure. Similarly, expenditure on continuing services and activities at levels already reached in a Plan period is shifted to Non-plan in the next Plan, e.g. educational and health facilities, continuing research projects and operating expenses of power stations. Thus, as more Plans are completed, besides the interest on borrowings to finance the Plan, a large amount of expenditure on operation and maintenance of facilities and services created gets added to Non-plan expenditure.

Details of Non-Plan Expenditure by broad categories are given in Statement No.4.

Important items of Non-plan expenditure included in the Budget for 1995-96 are indicated in the following paragraphs.

1. INTEREST PAYMENTS *(Rs.52000 crore)*

These relate to interest on internal debt which mainly comprises market loans and other medium and long term loans; external debt and small savings, provident funds including deposits of non-Government provident funds, reserve funds of commercial departments and other obligations.

2. DEFENCE *(Rs.25500 crore)*

This includes revenue and capital expenditure on Defence Services net of revenue receipts. The components are Army *(Rs.12432.81 crore)*, Navy *(Rs.1534.72 crore)*, Air Force *(Rs.4134.91 crore)*, Ordnance factories *(Rs.43.07 crore)* and capital outlay on all the above services *(Rs.7354.49 crore)*.

3.1 MAJOR SUBSIDIES (Rs.10965 crore)

3.1.1 Food subsidy (Rs.5250 crore) :- The Food Corporation of India purchases foodgrains for the central pool at procurement prices fixed by government from time to time. These grains are issued to (a) public through public distribution system (b) revamped PDS/Integrated Tribal Development Projects and (c) for rural employment programme and other relief schemes, at issue prices fixed by Government. The difference between the economic cost and the issue price is reimbursed to the Corporation as consumer subsidy. The Corporation also carries buffer stock on behalf of Government and is reimbursed the carrying cost including handling, storage, interest

भंडारण का खर्च, ब्याज और प्रशासनिक प्रभार शामिल है, प्रतिपूर्ति की जाती है । जिन महत्वपूर्ण घटकों के आधार पर आर्थिक सहायता का अनुमान लगाया गया है, वे निम्नानुसार हैं-

and administrative charges. Important parameters on which the subsidy estimate has been framed are :

		(लाख टन In lakh tonnes)	
		गेहूं Wheat	चावल Rice
खरीद	Procurement	115.84	125.08
बिक्री	Offtake	100.00	100.00
औसत सुरक्षित भण्डार	Average buffer stock	61.95	142.52
	(प्रति क्विंटल दर, रुपयों में Rate per quintal in Rupees)		
खरीद लागत और खरीद सम्बन्धी आनुषंगिक व्यय	Purchase cost and procurement incidental	457.60	622.80
वितरण लागत (समूहीकृत)*	Distribution cost (pooled)*	114.40	115.30
कुल आर्थिक लागत*	Total economic cost*	572.00	738.10
बिक्री से प्राप्त राशि (औसत)	Sales Realisation (Average)	400.80	600.20
उपभोक्ता संबंधी आर्थिक सहायता	Consumer subsidy	171.20	137.90

		वितरण लागत Distribution cost		लाने-ले जाने की लागत Carrying cost
		गेहूं Wheat	चावल Rice	
ब्यौरे	Details			
भाड़ा	Freight	49.20	48.30	...
उठाना-धरना	Handling	12.20	12.10	9.10
भंडारण	Storage	6.50	6.50	19.56
ब्याज	Interest	36.50	38.40	66.56
प्रशासन संबंधी ऊपरी खर्च	Administrative overheads	10.00	10.00	7.48
*इसमें भंडारण और परिवहन संबंधी हानियां शामिल नहीं हैं ।	*Exclude storage and transit loss	*114.40*	*115.30*	*102.70*

3.1.2 ***देशी उर्वरक (3750 करोड़ रुपए):-*** देशी उर्वरकों के सम्बन्ध में प्रतिधारण मूल्य योजना 1977 से लागू है । इस योजना का उद्देश्य किसानों को उचित मूल्यों पर उर्वरक उपलब्ध कराना और उसी के साथ-साथ उर्वरकों के उत्पादकों को उनके निवेश पर उपयुक्त प्रतिलाभ दिलाना था ।

प्रतिधारण मूल्य योजना के अन्तर्गत निवल धनराशि पर 12 प्रतिशत कर-उपरांत प्रतिलाभ की अनुमति है । वितरण मार्जिन को घटाकर, इस प्रकार निर्धारित प्रतिधारण मूल्य और सांविधिक रूप से नियंत्रित उपभोक्ता मूल्य के बीच के अन्तर के सम्बन्ध में आर्थिक सहायता दी जाती है । आर्थिक सहायता की मात्रा प्रतिधारण मूल्य, उपभोक्ता मूल्य और उत्पादन के स्तर पर निर्भर होती है । इसके अलावा, विनिर्माताओं को कारखाने से वितरण के स्थान तक उर्वरकों को ले जाने के भाड़े के सम्बन्ध में भी आर्थिक सहायता दी जाती है ।

निविष्टि लागतों में हुई वृद्धि को शामिल करने के लिए प्रतिधारण मूल्य में तिमाही रूप से संशोधन किया जाता है। वर्ष 1994-95 के दौरान छठी मूल्य निर्धारण नीति को सरकार द्वारा 1.4.1991 से अनुमोदित किया गया था।

3.1.3 ***आयातित उर्वरक (1650 करोड़ रुपए) :-*** चूंकि देशी उत्पादन उर्वरकों की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है, अतः कमी को पूरा करने के लिए आयात किया जाता है । उर्वरकों की मुख्यतः तीन किस्में अर्थात् यूरिया, डाई–अमोनियम फास्फेट और म्यूरिएट आफ पोटाश आयात की जाती है । चूंकि नाइट्रोजनी उर्वरकों पर मूल्य नियंत्रण लागू होता है इसलिए ये अनुमान वर्ष के दौरान यूरिया के सम्भावित आयात पर आधारित हैं। यूरिया के अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य में भारी वृद्धि होने के कारण आयातित उर्वरकों पर विगत वर्षों की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक आर्थिक सहायता की जरूरत है।

3.1.4 ***निर्यात संवर्धन और बाजार विकास (315.40 करोड़ रुपए):-*** यह व्यवस्था मुख्यतः नकद प्रतिपूरक सहायता और वाणिज्यिक बैंकों को ऋण सहायता के भुगतान के लिए, पहले चल रही योजना, जो क्रमशः 3/7/91 और 6/8/91 को समाप्त हो गई, के अधीन बचे हुए दावों को निपटाने के लिए है । इसके अतिरिक्त, निर्यात संवर्धन परिषद और अन्य संस्थाओं को अनुदान का भुगतान करने के लिए भी व्यवस्था की गई है ।

3.1.2 Indigenous fertilisers (Rs.3750 crore) :– A retention price scheme for indigenous fertilizers is in operation since 1977. This scheme was intended to make fertilizers available to farmers at reasonable prices and at the same time give producers of fertilizers a reasonable return on their investment.

The retention price scheme allows a 12% post-tax return on net worth. The difference between the retention price so fixed *less* distribution margin and the statutorily controlled consumers' price is allowed as subsidy. The quantum of subsidy depends on the retention price, the consumers' price and the level of production. In addition, the manufacturers are also allowed freight subsidy for movement of fertilisers from factory to delivery points.

Quarterly revision is made in the retention price to account for the escalation in the input costs. During the year 1994-95 the sixth Pricing Policy was approved by the Government with effect from 1.4.1991.

3.1.3 Imported Fertilizers (Rs.1650 crore) :- As indigenous production is not adequate to meet the demand for fertilisers, imports are arranged to make up the shortfall. Mainly three varieties of fertilizers viz Urea, Diammonium phosphate and Muriate of Potash are imported. As only Nitrogenous fertilizers are under price control the estimates are based on the likely imports of urea during the year. Higher subsidy on the imported fertilisers is required as compared to the last year's requirement, because of steep rise in the international price of urea.

3.1.4 Export promotion and Market Development (Rs. 315.40 crore) :– This includes provision for clearance of residual claims under the erstwhile schemes for payment of cash compensatory support and credit subsidy to commercial banks which terminated with effect from 3.7.1991 and 6.8.1991 respectively and for payment of benefits to deemed exports and for grants to Export Promotion Councils and other institutions.

3.2 किसानों को रियायत वाले विनियंत्रित उर्वरकों की बिक्री (500 करोड़ रुपए):- यह व्यवस्था किसानों को रियायत वाले विनियंत्रित फास्फेटी और पोटाशिक उर्वरकों की बिक्री की स्कीम के अन्तर्गत विनिर्माताओं/एजेंसियों को भुगतान करने से संबंधित है।

3.3 किसानों को ऋण राहत :- इस योजना के तहत सरकार की देयता 1994-95 में समाप्त हो जाएगी।

3.4 ब्याज संबंधी आर्थिक सहायता (34.13 करोड़ रुपए):- सरकार द्वारा स्वीकृत ऋणों पर ब्याज की अदायगी सामान्यतः समय-समय पर निर्धारित दरों पर की जाती है । उन विशेष मामलों में, जहां किसी पार्टी को ब्याज की दरों में रियायत दी जाती है अथवा जहां ऋणकर्ता को ऋण पर ब्याज की अदायगी से छूट दी जाती है, वहां ब्याज के बदले आर्थिक सहायता दी जाती है । आर्थिक सहायता के बराबर की राशि को सरकार की ब्याज-प्राप्ति मान लिया जाता है।

ब्याज संबंधी आर्थिक सहायताओं के ब्यौरे विवरण संख्या 5 में दिए गए है।

3.5 अन्य आर्थिक सहायताएं (901.77 करोड़ रुपए)

अन्य आर्थिक सहायताओं के ब्यौरे विवरण संख्या 6 में दिए गए हैं । दो प्रमुख मदें जिनके संबंध में व्यवस्था की गई है, नीचे दी गई है :-

(क) रेलवे *(411.16 करोड़ रुपए)*

रेलवे कन्वेंशन समिति की सिफारिशों के रूप में रेलवे की अनेक मदों पर सामान्य राजस्व लाभांश की अदायगी के संबंध में रियायतें दी गई हैं । इनके बारे में प्राप्ति बजट में स्पष्ट रूप से बताया गया है । सामरिक महत्व की लाइनों के कार्य संचालन संबंधित हानियों को छोड़कर रेलवे को लाभांश रियायत सामान्य राजस्व से आर्थिक सहायता के रूप में उपलब्ध कराई जाती है।

(ख) मिल का बना कपड़ा और हथकरघों पर बना कपड़ा *(157.95 करोड़ रुपए)*: वस्त्रोद्योग और वस्त्रों पर लगाए गए अतिरिक्त उत्पाद शुल्क से प्राप्त होने वाली आय से वित्तपोषित एक स्कीम के अन्तर्गत उपभोक्ता को मिल निर्मित कंट्रोल का कपड़ा और हथकरघा क्षेत्र में उत्पादित धोतियां और साड़ियां रियायती दरों पर उपलब्ध कराई जाती हैं । हथकरघा कपड़े पर आर्थिक सहायता के लिए 156.95 करोड़ रुपए, जबकि मिल निर्मित कपड़े के लिए 1 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है ।

4. डाक सम्बन्धी घाटा *(287 करोड़ रुपए)*

यह डाक सेवाओं के निवल घाटे का द्योतक है । विभाग का अनुमानित कार्यचालन व्यय 1602 करोड़ रुपए और प्राप्तियां 1315 करोड़ रुपए है और इस प्रकार कुल 287 करोड़ रुपए का घाटा रह जाता है ।

5. विदेशी मुद्रा (अनिवासी) खाता योजना के तहत मुद्रा-क्षति (785 **करोड़ रुपए)**

विदेशी मुद्रा (अनिवासी) खाता योजना भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा चलाई जा रही है। सरकार ने मुद्रा-क्षति के कारण बैंक से इस देयता को अधिगृहीत करने का निर्णय किया है। रिजर्व बैंक इस प्रयोजन के लिए इसके द्वारा बनाई गई प्रारक्षित निधियों को अतिरिक्त लाभांश के रूप में सरकार को अन्तरित करेगा। बैंक से 2154 करोड़ रुपए की प्राप्तियों को हिसाब में लेने के बाद, सरकार द्वारा इस पर वहन किया जाने वाला निवल व्यय 785 करोड़ रु. होने का अनुमान लगाया गया है।

6. मतदाताओं को फोटो पहचान-पत्र जारी करना (225 **करोड़ रुपए)**

यह निर्वाचन आयोग के सम्पूर्ण देश में सभी निर्वाचकों को फोटो पहचान-पत्र जारी करने से संबंधित निर्देश के अनुसरण में है। आरम्भ में यह व्यय राज्य और संघ शासित क्षेत्रों द्वारा खर्च किया जाएगा और केन्द्र सरकार इस व्यय को 50 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति करेगी। यह व्यवस्था चालू वर्ष और अगले वर्ष के व्यय में केन्द्र सरकार के शेयर से संबंधित है।

7. सामान्य सेवाएं

7.01 राज्य के अंग (594.43 करोड़ रुपए):- इसमें संसद *(74.02 करोड़ रुपए)*, राष्ट्रपति/उपराष्ट्रपति *(5.23 करोड़ रुपए)*, मंत्रिपरिषद

3.2 Sale of decontrolled fertilizers with concession to farmers (Rs.500 crore) : The provision relates to payment to manufacturers/ agencies under the scheme of sale of decontrolled phosphatic and potassic fertilizers with concession to farmers.

3.3 Debt Relief to Farmers:- The liability of the Government under this scheme will be over by 1994-95.

3.4 Interest subsidies (Rs.34.13 crore) :– Interest on loans sanctioned by the Government is normally payable at the rates prescribed from time to time. In specific cases where a concession is allowed in the rate of interest to a party or where the loanee is exempted from payment of interest on the loans, subsidies are paid in lieu of interest. An amount equal to the subsidy is taken as interest receipt of the Government.

Details of interest subsidies are given in Statement No.5.

3.5 Other Subsidies (Rs.901.77 crore)

The details of other subsidies are given in Statement No.6. Two major items for which provisions are made are explained below:-

(a) Railways *(Rs.411.16 crore)*

In terms of the recommendations of the Railway Convention Committee, the Railways have been given concessions in payment of dividend to General Revenues on a number of items. These have been explained in the Receipts Budget. The dividend concessions, except that relating to loss in the working of strategic lines, is provided to Railways in the form of subsidy from General Revenues.

(b) **Mill made and handloom cloth** *(Rs.157.95 crore):* Under a scheme financed from the proceeds of additional excise duties levied on textiles and textile articles, the consumer is supplied mill made controlled cloth and dhoties and sarees produced in the handloom sector at subsidised rates. Provision for subsidy on handloom cloth is Rs.156.95 crore, while that for mill-made cloth is Rs.1 crore.

4. POSTAL DEFICIT *(Rs.287 crore)*

This represents the net deficit of the Postal services. Working expenses of the Department are estimated at Rs.1602 crore and receipts at Rs.1315 crore, leaving a deficit of Rs.287 crore.

5. EXCHANGE LOSS UNDER FOREIGN CURRENCY (NON-RESIDENT) ACCOUNT SCHEME (RS.785 CRORE)

The FC (NR) Account Scheme is operated by Reserve Bank of India. Government have decided to take over from the Bank the liability on account of exchange loss. Reserve Bank will be transferring to Government by way of additional dividends the reserves built by it for this purpose. The net expenditure on this account to be borne by the Government, after taking into account the receipts of Rs.2154 crore from the Bank, is estimated at Rs.785 crore.

6. ISSUE OF PHOTO IDENTITY-CARDS TO VOTERS (RS.225 CRORE)

This is in pursuance of the directive from the Election Commission regarding issuance of photo identity-cards to all electors across the country. The expenditure will be initially incurred by the State and Union territory Governments and Central Government will reimburse 50% of the expenditure. The provision relates to Central Government share of the expenditure in the current year and the next.

7. GENERAL SERVICES

7.01 Organs of State (Rs.594.43 crore): The main provisions are for Parliament *(Rs.74.02 crore)*, President/Vice President

(50.03 करोड़ रुपए), न्याय प्रशासन *(24.16 करोड़ रुपए)*, निर्वाचन *(284.99 करोड़ रुपए)* और लेखा-परीक्षा विभाग *(381 करोड़ रुपए)* के लिए व्यवस्था की गई है।

7.02 कर-संग्रह (1023.06 करोड़ रुपए)- यह व्यवस्था कर संग्रह एजेंसियों के व्यय के लिए है और यह मुख्यतः आयकर विभाग *(400 करोड़ रुपए)*, सीमाशुल्क *(322.91 करोड़ रुपए)* और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क *(282.47 करोड़ रुपए)* के सम्बन्ध में है।

7.03 अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष को देय प्रभार (570.80 करोड़ रुपए):- ये प्रभार अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष को विस्तारित निधि सुविधा/प्रतिपूरक और आकस्मिकता वित्तपोषण सुविधा और एवजी व्यवस्था के अन्तर्गत निकासियों के लिए देय हैं ।

7.04 सचिवालय सामान्य सेवाएं : (372.16 करोड़ रुपए):- प्रमुख व्यवस्थाएं रक्षा (महानियंत्रक रक्षा लेखा के संगठन सहित) *(203 करोड़ रुपए)*, विदेश कार्य *(58 करोड़ रुपए)* और और राजस्व विभाग *(25.42 करोड़ रुपए)* के लिए की गई है ।

7.05 पुलिस (2837.08 करोड़ रुपए) :-इसमें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के लिए 846.95 करोड़ रुपए, सीमा सुरक्षा बल के लिए 993.34 करोड़ रुपए, असम राइफल के लिए 303.20 करोड़ रुपए, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के लिए 344.45 करोड़ रुपए और भारत तिब्बत सीमा पुलिस के लिए 176.47 करोड़ रुपए की व्यवस्था शामिल है ।

7.06 विदेश कार्य (708.24 करोड़ रुपए):- यह व्यय मुख्यतः विदेशों में स्थित दूतावासों और मिशनों तथा विशेष राजनयिक व्यय के लिए है ।

707 पेंशनें (3850.51 करोड़ रुपए) :- इसमें रक्षा सेवाओं *(2857 करोड़ रुपए)* और अन्य सिविल विभागों *(993.51 करोड़ रुपए)* के सेवा-निवृत्त कार्मिकों की पेंशनें और अन्य सेवा-निवृत्ति लाभ शामिल हैं । रेलवे और डाक और दूर संचार विभागों के पेंशन प्रभारों को इन विभागों के कार्यचालन व्यय का भाग माना जाता है।

7.10 अन्य (393.09 करोड़ रुपए):- इसमें भारत सरकार के मुद्रणालयों सहित लेखन सामग्री और मुद्रण के लिए 74.84 करोड़ रुपए, की व्यवस्थाएं शामिल है।

इस सेक्टर में शामिल वाणिज्यिक विभागों यथा, कैन्टीन स्टोर विभाग और विभिन्न प्रतिभूति मुद्रण, करेंसी नोट और बैंक नोट मुद्रणालयों और प्रतिभूति कागज कारखाने का राजस्व व्यय 2438.24 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। तथापि, यह 2512.72 करोड़ रुपए की प्राप्तियों द्वारा अधिकांशतः प्रतिसंतुलित हो जाएगी।

8. सामाजिक सेवाएं

8.01 शिक्षा (863.70 करोड़ रुपए) :-इसमें केन्द्रीय विद्यालयों के लिए 185.46 करोड़ रुपए, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के लिए 341.82 करोड़ रुपए, तकनीकी शिक्षा के लिए 213.37 करोड़ रुपए, जिसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थाओं और क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेजों के लिए 148.91 करोड़ रुपए की व्यवस्था शामिल है ।

8.04 स्वास्थ्य और परिवार कल्याण (415.97 करोड़ रुपए):- इसमें केन्द्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना के लिए 120 करोड़ रुपए, एलोपैथी अस्पतालों और डिस्पेंसरियों के लिए 61.08 करोड़ रुपए, डाक्टरी शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए 160.57 करोड़ रुपए और लोक स्वास्थ्य योजनाओं के लिए 32.09 करोड़ रुपए की व्यवस्था शामिल है ।

8.06 सूचना और प्रसारण (432.30 करोड़ रुपए) :- इसमें विभिन्न सूचना और प्रचार अभिकरणों जैसे फिल्म डिवीजन, विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय, प्रेस सूचना सेवा, संगीत और नाटक प्रभाग, प्रकाशन प्रभाग आदि के लिए 86.61 करोड़ रुपए की व्यवस्था शामिल है । आकाशवाणी का कार्यचालन व्यय 236.50 करोड़ रुपए और इसकी प्राप्तियां 83 करोड़ रुपए होने का अनुमान है । अनुमान है कि दूरदर्शन का कार्यचालन व्यय 323.91 करोड़ रुपए और इसकी प्राप्तियां 466 करोड़ रुपए होंगी ।

(Rs.5.23 crore), Council of Ministers *(Rs.50.03 crore)*, Administration of Justice *(Rs.24.16 crore)*, Elections *(Rs.284.99 crore)* and the Audit Department *(Rs.381 crore)*.

7.02 Tax Collection (Rs.1023.06 crore) :–The provisions are for the expenditure of tax collecting agencies and relate mainly to the Income Tax department *(Rs.400 crore)*, Customs *(Rs.322.91 crore)* and Central Excise *(Rs.282.47 crore)*.

7.03 Charges payable to IMF (Rs.570.80 crore) :- These charges are payable to IMF for drawings under the Extended Fund Facility/Compensatory and Contingency Financing Facility and the Stand-by Arrangement.

7.04 Secretariat-General Services (Rs.372.16 crore):-The major provisions are for Ministry of Defence, including the C.G.D.A's organisation *(Rs.203 crore)*, External Affairs *(Rs.58 crore)*, and Department of Revenue *(Rs.25.42 crore)*.

7.05 Police (Rs.2837.08 crore):–The provision includes Rs.846.95 crore for Central Reserve Police, Rs.993.34 crore for Border Security Force, Rs.303.20 crore for Assam Rifles, Rs.344.45 crore for Central Industrial Security Force and Rs.176.47 crore for Indo-Tibetan Border Police.

7.06 External Affairs (Rs.708.24 crore):–This expenditure is mainly on the embassies and missions abroad and for special diplomatic expenditure.

7.07 Pensions (Rs. 3850.51 crore):–These include pensions and other retirement benefits of retired personnel of defence services *(Rs.2857 crore)* and other civil departments *(Rs.993.51 crore)*. Pensionary charges of Railways and Departments of Posts and Telecommunications are treated as a part of operating expenses of these Departments.

7.10 Others (Rs.393.09 crore) :– The major provision included here is Rs.74.84 crore for stationery and printing including Government of India presses.

The revenue expenditure of the commercial departments included in this sector, namely the Canteen Stores Department and the various security printing, currency note and bank note presses and Security Paper Mill, is estimated at Rs.2438.24 crore. However, this will be more than offset by receipts of Rs.2512.72 crore.

8. SOCIAL SERVICES

8.01 Education (Rs.863.70 crore) :–The provisions include Rs.185.46 crore for Kendriya Vidyalayas, Rs.341.82 crore for University Grants Commission, Rs.213.37 crore for technical education including Rs.148.91 crore for Indian Institutes of Technology and Regional Engineering Colleges.

8.04 Health and Family Welfare (Rs.415.97 crores):–The provisions include Rs.120 crore for Central Government Health Scheme, Rs.61.08 crore for allopathic hospitals and dispensaries, Rs.160.57 crore for medical education, training and research and Rs.32.09 crore for Public Health Schemes.

8.06 Information and Broadcasting (Rs.432.30 crore) :– The provisions include Rs.86.61 crore for the various information and publicity agencies like Films Division, Directorate of Advertising and Visual Publicity, Press Information Service, Song and Drama Division, Publications Division, etc. Operational expenses of Akashvani are estimated at Rs. 236.50 crore and the receipts at Rs.83 crore. Doordarshan's operational expenses are placed at Rs.323.91 crore and receipts at Rs.466 crore.

8.07 श्रमिक कल्याण (435.17 करोड़ रुपए) :- इसमें कर्मचारी परिवार पेंशन योजना को अंशदान के लिए 290 करोड़ रुपए, कोयला खान श्रमिक परिवार पेंशन-एवं-जीवन बीमा निधि में अंशदान के लिए 24.51 करोड़ रुपए शामिल है । अन्य योजनाएं, जिनके लिए व्यवस्था की गई है, ये हैः- औद्योगिक सम्बन्ध, काम की स्थितियां और सुरक्षा, श्रमिक कल्याण, श्रमिक शिक्षा और कारीगरों तथा पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण ।

8.08 सामाजिक सुरक्षा और कल्याण (290.76 करोड़ रुपए):- इसमें स्वतन्त्रता सेनानियों को दी जाने वाली पेंशन और अन्य लाभों के लिए 225.03 करोड़ रुपए, बाल और महिला कल्याण के लिए 38.99 करोड़ रुपए, विकलांगों के कल्याण के लिए 13.45 करोड़ रुपए की व्यवस्था शामिल है ।

9. आर्थिक सेवाएं

9.01 कृषि और सम्बद्ध क्रियाकलाप (473.74 करोड़ रुपए):- इसमें कृषि कार्य, बागान, भूमि और जल संरक्षण, पशु पालन, डेरी विकास, मीन उद्योग, वानिकी और वन्य-जीवन, खाद्य भंडारण, भांडागारण आदि से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं के लिए व्यवस्था है । मुख्य व्यवस्थाएं कृषि अनुसंधान और शिक्षा *(238.17 करोड़ रुपए)*, चीनी विकास निधि के लेन-देनों आदि *(139.38 करोड़ रुपए)* और बागानों *(30.03 करोड़ रुपए)* के लिए है ।

9.03 ऊर्जा (222.07 करोड़ रुपए) :- इस व्यवस्था में विद्युत केन्द्रों/स्कीमों पर निवल व्यय के लिए 117.57 करोड़ रुपए शामिल हैं । राजस्थान परमाणु विद्युत केन्द्र के मामले में व्यय प्राप्तियों से 61.72 करोड़ रुपए अधिक होने का अनुमान है । बदरपुर तापीय विद्युत केन्द्र की प्राप्तियां *(429 करोड़ रुपए)* व्यय *(430 करोड़ रुपए)* के आस-पास होने की सम्भावना है। इस क्षेत्र में अन्य प्रमुख व्यवस्थाएं कोयला खानों में संरक्षण और सुरक्षा *(45 करोड़ रुपए)* और कोयला क्षेत्र में सड़कों के विकास *(55 करोड़ रुपए)* से संबंधित है ।

9.04 उद्योग और खनिज (313.04 करोड़ रुपए) :- मुख्य व्यवस्थाएं ग्राम और लघु उद्योग, भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण, न्यूक्लीय ईंधन परियोजनाओं सहित परमाणु ऊर्जा विभाग की औद्योगिक परियोजनाओं, वस्त्रोद्योग और जूट से संबंधित संगठनों और स्कीमों के लिए है । परमाणु ऊर्जा विभाग की परियोजनाओं में ईंधन निर्माण सुविधाओं के लिए 47.59 करोड़ रुपए की प्राप्तियों को घटाकर व्यवस्था की गई है, जिसे वाणिज्यिक सेवा माना जाता है ।

9.05 परिवहन (464.68 करोड़ रुपए) :- इसमें की गई व्यवस्था मुख्यतः राष्ट्रीय राजमार्गों के अनुरक्षण *(230 करोड़ रुपए)*, तलकर्षण और सर्वेक्षण संगठन *(60 करोड़ रुपए)* से सम्बंधित है । दीप-स्तम्भ और दीप पोत विभाग को वाणिज्यिक उपक्रम माना जाता है, और 3.59 करोड़ रुपए की निवल प्राप्तियां होने का अनुमान है ।

9.06 विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण (873.67 करोड़ रुपए):- इसके अन्तर्गत की गई व्यवस्था में परमाणु ऊर्जा अनुसंधान के लिए 308.42 करोड़ रुपए, अंतरिक्ष अनुसंधान के लिए 154.51 करोड़ रुपए, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की स्कीमों के लिए 120.90 करोड़ रुपए, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के लिए 223.85 करोड़ रुपए और समुद्र-वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए 13.12 करोड़ रुपए शामिल है ।

10. राज्यों को आयोजना-भिन्न अनुदान *(5926.96 करोड़ रुपए)*

इनमें दसवें वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर संविधान के अनुच्छेद 275(1) के अन्तर्गत अनुदान और विशेष योजनाओं अथवा प्रयोजनों के लिए अन्य अनुदान शामिल है । अगले वर्ष अनुच्छेद 275(1) के अन्तर्गत 5078.42 करोड़ रुपए के अनुदान दिए जाने का अनुमान है। यात्री किराया कर के बदले दिए जाने वाले अनुदानों के लिए 380 करोड़ रुपए रखे गए हैं । अन्य व्यवस्थाओं में विश्वविद्यालय और कालेज के अध्यापकों के वेतनमानों के संशोधन के लिए 4.90 करोड़ रुपए, पुलिस योजनाओं के लिए 146 करोड़ रुपए, विस्थापित व्यक्तियों और प्रत्यावर्तित व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए 33.75 करोड़ रुपए रुपए, सीमा-सड़कों के निर्माण एवं-अनुरक्षण के लिए 213.10 करोड़ रुपए की व्यवस्थाएं शामिल हैं । ब्यौरे विवरण संख्या 10 में दिए गए हैं ।

8.07 Labour Welfare (Rs.435.17 crore):– The provision includes Rs.290 crore for contribution to Employees Family Pension Scheme and Rs.24.51 crore to Family Pension cum Life Assurance Fund for coal mine workers. Other schemes for which provision has been made include industrial relations, working conditions and safety, labour welfare, labour education and training of craftsmen and supervisors.

8.08 Social Security and Welfare (Rs.290.76 crore) :– The provision includes Rs.225.03 crore for pension and other benefits to freedom fighters, Rs.38.99 crore for child and women's welfare and Rs.13.45 crore for the welfare of handicapped etc.

9. ECONOMIC SERVICES

9.01 Agriculture and Allied activities (Rs.473.74 crore) :– The provisions are for various schemes relating to crop husbandry, plantations, soil and water conservation, animal husbandry, dairy development, fisheries, forestry and wild life, food, storage, warehousing etc. Major provisions are for agricultural research and education *(Rs.238.17 crore)*, Sugar Development Fund transactions, etc. *(Rs.139.38 crore)* and plantations *(Rs.30.03 crore)*.

9.03 Energy (Rs.222.07 crore) : - The provisions include Rs.117.57 crore for the net expenditure on power stations/schemes. In case of the Rajasthan Atomic Power Station, the expenditure is estimated to exceed the receipts by Rs.61.72 crore. The receipts of the Badarpur Thermal Power Station *(Rs.429 crore)* are likely to be close to the expenditure *(Rs.430 crore)*. Other major provisions in this sector relate to conservation and safety in coal mines *(Rs.45 crore)* and development of roads in coal field area *(Rs.55 crore)*.

9.04 Industry and Minerals (Rs.313.04 crore) :–The main provisions are for village and small industries, the Geological Survey of India, the industrial projects of Department of Atomic Energy including nuclear fuel projects and for organisations and schemes relating to textiles and jute. The provision for projects of Department of Atomic Energy takes into account Rs.47.59 crore as net receipts on Fuel fabrication facilities which is treated as a commercial service.

9.05 Transport (Rs.464.68 crore) :– The provisions mainly relate to maintenance of national highways *(Rs. 230 crore)*, Dredging and Survey organisation *(Rs.60 crore)*. Lighthouses and Lightships department is treated as a commercial undertaking and the net receipt is estimated at Rs.3.59 crore.

9.06 Science,Technology and Environment (Rs.873.67 crore):–The provisions include Rs.308.42 crore for Atomic energy research, Rs.154.51 crore for Space research, Rs.120.90 crore for the schemes of the Department of Science and Technology, Rs.223.85 crore for the Council of Scientific and Industrial Research and Rs.13.12 crore for oceanographic research.

10. NON -PLAN GRANTS TO STATES *(Rs.5926.96 crore)*

These include grants under Article 275(1) of the Constitution on the basis of the recommendations of the Tenth Finance Commission and other grants for specific schemes or purposes. Article 275(1) grants are estimated at Rs.5078.42 crore next year. Grants in lieu of tax on passenger fares are placed at Rs.380 crore. Other provisions include Rs.4.90 crore for revision of pay scales of University and College teachers, Rs.146 crore for Police schemes, Rs.33.75 crore for rehabilitation of displaced persons and repatriates and Rs.213.10 crore for construction and maintenance of border roads. Details are given in Statement No.10.

11. संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों को आयोजना-भिन्न अनुदान *(89.10 करोड़ रुपए)*

इसके अन्तर्गत व्यवस्था मुख्यतः पांडिचेरी के लिए आयोजना-भिन्न राजस्व के अन्तर *(88.22 करोड़ रुपए)* को पूरा करने के लिए की गई है । ब्यौरे विवरण संख्या 10 में दिए गए हैं ।

12. विदेशी सरकारों को अनुदान *(205.12 करोड़ रुपए)*

इसमें मुख्यतः भूटान के लिए 100 करोड़ रुपए, नेपाल के लिए 20 करोड़ रुपए और अन्य विकासशील देशों के लिए 30 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। ब्यौरे विवरण संख्या 11 में दिए गए हैं।

13. आयोजना-भिन्न पूंजी परिव्यय *(1484.95 करोड़ रुपए)*

मुख्य व्यवस्थाएं ये हैं :- परमाणु ऊर्जा उद्योगों पर पूंजी व्यय के लिए 311.15 करोड़ रुपए, भारत-बंगलादेश सीमा निर्माण कार्यों के लिए 150 करोड़ रुपए, सीमा सड़क विकास बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण के लिए 106 करोड़ रुपए, तट-रक्षक संगठन के लिए भवनों और समुद्री जहाज, तथा जलयानों के अधिग्रहण के लिए 170.50 करोड़ रुपए, पुलिस के लिए भवनों (आवासों सहित) के लिए 140 करोड़ रुपए, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा कार्यालयों और रिहायशी इमारतों के निर्माण के लिए 168.42 करोड़ रुपए विदेश स्थित भारतीय मिशनों द्वारा आवसीय और गैर-आवासीय भवन के अधिग्रहण/निर्माण के लिए 47 करोड़ रुपए और अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं को अभिदान के लिए 81.16 करोड़ रुपए। ब्यौरे विवरण संख्या 8 में दिए गए हैं।

14. राज्यों को आयोजना-भिन्न ऋण *(6751.29 करोड़ रुपए)*

इसमें राज्यों को अल्प बचत संग्रह के एवज में ऋण देने के लिए 6700 करोड़ रुपए की व्यवस्था शामिल है । ब्यौरे विवरण संख्या 10 में दिए गए है ।

15. संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों को आयोजना-भिन्न ऋण *(321.78 करोड़ रुपए)*

इसमें अल्प बचतों के संग्रहण में भाग के संबंध में दिल्ली तथा पांडिचेरी के लिए 300 करोड़ रुपये की व्यवस्था है । इसमें पांडिचेरी को अपने आयोजना-भिन्न पूंजीगत अन्तर को पूरा करने के लिए 21.78 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है ।

16. सरकारी उद्यमों को आयोजना-भिन्न उधार *(438.46 करोड़ रुपए)*

इसमें सरकारी क्षेत्र के कई उद्यमों की नकद हानियों और कार्यकारी व्ययों को पूरा करने के लिए 184.96 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है । खादी और ग्रामीण उद्योग आयोग को पहले दिए गए ऋणों के नवीकरण के लिए 246 करोड़ रुपए तथा केन्द्रीय सरकार कर्मचारी समूह बीमा स्कीम निधि से हुडको (एच यू डी सी ओ) को ऋण के लिए 7.50 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है ।

ब्यौरे विवरण संख्या 9 में दिए गए हैं ।

17. विदेशी सरकारों को ऋण *(100.03 करोड़ रुपए)*

मुख्य व्यवस्थाएं केन्द्रीय एशियाई गणराज्य के लिए 51.99 करोड़ रुपए, वियतनाम के लिए 23 करोड़ रुपए, और श्रीलंका के लिए 17 करोड़ रुपए की है। ब्यौरे विवरण संख्या 11 में दिए गए हैं ।

18. अन्य आयोजना-भिन्न उधार *(230.68 करोड़ रुपए)*

इसमें उत्पाद राहत स्कीम के अन्तर्गत उधार के रूप में 35 करोड़ रुपए और सरकारी सेवकों आदि को उधार के रूप में 162 करोड़ रुपए की राशि की व्यवस्था है।

19. बिना विधानमंडल वाले संघ राज्य क्षेत्रों का आयोजना-भिन्न व्यय *(548.61 करोड़ रुपए)*

इनमें यह व्यवस्था की गई है:- अंदमान और निकोबार द्वीपसमूह के लिए 194 करोड़ रुपए, दादरा और नागर हवेली के लिए 15.58 करोड़ रुपए, लक्षद्वीप के लिए 74.97 करोड़ रुपए, चंडीगढ़ के लिए 247.30 करोड़ रुपए और दमन एवं दीव के लिए 16.76 करोड़ रुपए।

ब्यौरे विवरण संख्या 3 में दिए गए है ।

11. NON-PLAN GRANTS TO UNION TERRITORY GOVERNMENTS *(Rs.89.10 crore)*

The provision is mainly for Pondicherry to cover its Non-Plan revenue gap *(Rs.88.22 crore)*. Details are given in Statement No.10.

12. GRANTS TO FOREIGN GOVERNMENTS *(Rs.205.12 crore)*

The major provisions are Rs.100 crore for Bhutan, Rs.20 crore for Nepal, and Rs.30 crore for other developing countries. Details are given in Statement No.11.

13. NON-PLAN CAPITAL OUTLAY *(Rs.1484.95 crore)*

The main provisions are Rs.311.15 crore for capital expenditure relating to Atomic Energy industries, Rs.150 crore for Indo-Bangladesh Border Works, Rs.106 crore for national highways constructed by Border Roads Development Board, Rs.170.50 crore for buildings and acquisition of ships and vessels for the Coast Guards Organisation, Rs.140 crore for Police buildings (including housing), Rs.168.42 crore for construction of office and residential buildings by the CPWD, Rs.47 crore for acquisition/construction of residential and non-residential buildings by India's missions abroad and Rs.81.16 crore for subscriptions to international financial insititutions. Details are given in Statement No.8.

14. NON-PLAN LOANS TO STATES *(Rs.6751.29 crore)*

The provision include Rs.6700 crore for loans to States against collection of small savings. Details are given in Statement No.10.

15. NON-PLAN LOANS TO UNION TERRITORY GOVERNMENTS *(Rs.321.78 crore)*

Includes Rs.300 crore for Delhi and Pondicherry towards share in small savings collections. The provision for Pondicherry for covering its Non plan capital gap is Rs.21.78 crore.

16. NON-PLAN LOANS TO PUBLIC ENTERPRISES *(Rs.438.46 crore)*

These comprise Rs.184.96 crore for meeting cash losses and working expenses of a number of Public Sector enterprises. Rs.246 crore for renewal of past loans given to Khadi and Village Industries Commission and Rs.7.50 crore for loans to HUDCO from Central Government Employes Group Insurance Scheme Fund.

Details are given in Statement No. 9.

17. LOANS TO FOREIGN GOVERNMENTS *(Rs.100.03 crore)*

The major provisions are Rs.51.99 crore for Central Asian Republics, Rs.23 crore for Vietnam, and Rs.17 crore for Sri Lanka. Details are given in Statement No.11.

18. OTHER NON PLAN LOANS *(Rs. 230.68 crore)*

This includes Rs.35 crore as loans under the Excise Relief Scheme and Rs.162 crore as loans to Government servants, etc.

19. NON-PLAN EXPENDITURE OF UNION TERRITORIES WITHOUT LEGISLATURE *(Rs.548.61 crore)*

The provisions are: Rs.194 crore for Andaman and Nicobar Islands, Rs.15.58 crore for Dadra and Nagar Haveli, Rs.74.97 crore for Lakshadweep, Rs.247.30 crore for Chandigarh and Rs. 16.76 crore for Daman and Diu.

Details are given in Statement No.3.

स्थूल श्रेणियों के अनुसार आयोजना-भिन्न व्यय
NON PLAN EXPENDITURE BY BROAD CATEGORIES

विवरण
STATEMENT 4
(करोड़ रुपए) *(In crores of Rupees)*

विवरण	Particulars	1994-95 बजट Budget	1994-95 संशोधित Revised	1995-96 बजट Budget
1. ब्याज अदायगियां	**1. Interest Payments**	**46000.00**	**44000.00**	**52000.00**
2. रक्षा	**2. Defence**	**23000.00**	**23544.00**	**25500.00**
राजस्व खाते पर	On Revenue Account	16168.87	16610.76	18145.51
पूंजी खाते पर	On Capital Account	6831.13	6933.24	7354.49
3. आर्थिक सहायता	**3. Subsidies**			
3.1 मुख्य आर्थिक सहायता	3.1 Major Subsidies	8300.00	10826.00	10965.40
3.11 खाद्य	3.1. 1 Food	4000.00	5100.00	5250.00
3.12 देशी उर्वरक	3.1.2 Indigenous fertilizers	3500.00	4000.00	3750.00
3.13 आयातित उर्वरक	3.1.3 Imported fertilizers	500.00	1166.00	1650.00
3.14 निर्यात संवर्धन और बाजार विकास	3.1.4 Export promotion & market development	300.00	560.00	315.40
3.2 किसानों को नियत्रण मुक्त उर्वरक की रियायत पर बिक्री	3.2 Sale of decontrolled fertilizers with concession to farmers	...	530.93	500.00
3.3 किसानों को ऋण राहत	3.3 Debt relief to farmers	341.00	341.00	...
3.4 ब्याज संबंधी आर्थिक सहायताएं (विवरण सं. 5)	3.4 Interest subsidies (Statement No-5)	112.03	76.27	34.13
3.5 अन्य आर्थिक सहायताएं (विवरण सं. 6)	3.5 Other subsidies (Statement No.-6)*	972.13	1035.76	901.77
कुल आर्थिक सहायता	***Total - Subsidies***	***9725.16***	***12809.96***	***12401.30***
4 डाक घाटा	**4. Postal deficit**	**125.00**	**313.00**	**287.00**
5. विदेशी मुद्रा(अनिवासी) के अन्तर्गत मुद्रा क्षति लेखा योजना	**5. Exchange loss under Foreign Currency (NR) Accounts Scheme**	**365.00**	**365.00**	**785.00**
6. मतदाताओं को फोटो पहचानपत्र जारी करना	**6. Issue of photo-identity cards to voters**	**0.01**	**225.01**	**225.00**
7. सामान्य सेवाएं	**7. General Services**	**9891.93**	**10049.88**	**10670.73**
7.01 राज्य के अंग	7.01 Organs of State	544.06	577.08	594.43
7.02 कर संग्रह	7.02 Tax collection	950.54	983.91	1023.06
7.03 अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष को देय प्रभार	7.03 Charges payable to IMF	840.36	686.91	570.80
7.04 सचिवालय-सामान्य सेवाएं	7.04 Secretariat-General Services	336.36	344.53	372.16
7.05 पुलिस	7.05 Police	2623.38	2685.34	2837.08
7.06 विदेश कार्य	7.06 External Affairs	579.11	691.33	708.24
7.07 पेंशन	7.07 Pensions	3604.28	3650.82	3850.51
7.08 लोक निर्माण कार्य	7.08 Public Works	126.33	177.20	170.80
7.09 आसूचना ब्यूरो	7.09 Intelligence Bureau	134.50	149.19	150.56
7.10 अन्य	7.10 Others	153.01	103.57	393.09
8. सामाजिक सेवाएं	**8. Social Services**	**2612.97**	**2722.48**	**2750.19**
8.01 शिक्षा	8.01 Education	834.21	886.87	863.70
8.02 खेल और युवा कार्य	8.02 Sports & Youth Services	25.57	25.57	22.49
8.03 कला और संस्कृति	8.03 Art & Culture	72.26	75.09	77.86
8.04 स्वास्थ्य और परिवार कल्याण	8.04 Health & Family Welfare	361.82	397.11	415.97
8.05 आवास और शहरी विकास	8.05 Housing & Urban Development	130.64	154.84	156.43
8.06 सूचना और प्रसारण	8.06 Information & Broadcasting	402.70	393.63	432.30
8.07 श्रमिक कल्याण	8.07 Labour Welfare	438.52	440.42	435.17
808 सामाजिक सुरक्षा और कल्याण	8.08 Social Security & Welfare	296.00	289.52	290.76
8.09 सचिवालय-सामाजिक सेवाएं	8.09 Secretariat-Social Services	39.50	39.66	41.90
8.10 अन्य	8.10 Others	11.75	19.77	13.61
9. आर्थिक सेवाएं	**9. Economic Services**	**2816.24**	**3838.57**	**2935.10**
9.01 कृषि और सम्बद्ध सेवाएं	9.01 Agriculture & Allied Services	472.62	497.09	473.74
9.02 विदेश व्यापार और निर्यात संवर्धन (आर्थिक सहायताओं के अलावा)	9.02 Foreign Trade & Export Promotion (Other than Subsidies)	81.88	122.33	80.50
9.03 ऊर्जा	9.03 Energy	196.79	198.08	222.07
9.04 उद्योग और खनिज	9.04 Industry & Minerals	376.99	418.64	313.04
9.05 परिवहन	9.05 Transport	419.10	616.05	464.68
9.06 विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण	9.06 Science Technology & Environment	816.15	840.03	873.67
9.07 मौसम-विज्ञान	9.07 Meteorology	53.07	57.30	59.46
9.08 सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण	9.08 Irrigation & Flood Control	67.64	70.42	73.11
9.09 जनगणना, सर्वेक्षण और सांख्यिकी	9.09 Census, Surveys & Statistics	98.44	95.89	95.66
9.10 पर्यटन	9.10 Tourism	15.90	19.00	16.64
9.11 सचिवालय-आर्थिक सेवाएं	9.11 Secretariat-Economic Services	132.23	142.92	146.35
9.12 अन्य	9.12 Others	85.43	760.82	116.18
10. राज्यों को आयोजना-भिन्न अनुदान(विवरण सं. 10)	**10. Non-Plan Grants to States (Statement No-10)**	**2250.57**	**2237.82**	**5926.96**
11. संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों को आयोजना-भिन्न अनुदान (विवरण सं. 10)	**11. Non-Plan Grants to Union Territory Govt. (Statement No-10)**	**83.77**	**88.77**	**89.10**
12. विदेशी सरकारों को अनुदान (विवरण सं.11)	**12. Grants to Foreign Governments (Statement No-11)**	**187.23**	**153.45**	**205.12**
13. आयोजना-भिन्न पूंजी परिव्यय (विवरण सं. 8)	**13. Non-Plan Capital Outlay (Statement No-8)**	**1401.94**	**1663.59**	**1484.95**
14. राज्यों को आयोजना-भिन्न ऋण (विवरण सं.10)	**14. Non-Plan Loans to States (Statement No-10)**	**5054.13**	**9371.48**	**6751.29**
15. संघ राज्य क्षेत्रों को आयोजना-भिन्न ऋण (विवरण सं.10)	**15. Non-Plan Loans to UTs (Statement No-10)**	**173.78**	**367.78**	**321.78**
16. सरकारी उद्यमों को आयोजना-भिन्न ऋण (विवरण सं. 9)	**16. Non-Plan Loans to Public Enterprises (Statement No-9)**	**637.07**	**910.97**	**438.46**
17. विदेशी सरकारों को ऋण (विवरण सं. 11)	**17. Loans to Foreign Governments (Statement No-11)**	**88.52**	**77.39**	**100.03**
18. अन्य आयोजना-भिन्न ऋण	**18. Other Non-Plan Loans**	**210.03**	**251.01**	**230.68**
19. बिना विधानमण्डल वाले संघ राज्य क्षेत्रों का व्यय (विवरण सं. 3)	**19. Expenditure of UTs without Legislature (Statement No-3)**	**493.87**	**521.47**	**548.61**
कुल जोड़	***GRAND TOTAL***	***105117.22***	***113511.63***	***123651.30***
*राज्य और संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से निर्मुक्त सहायता सहित	** Includes subsidies released through State and UT Governments*	*204.00*	*217.40*	*180.33*

आयोजना-भिन्न आर्थिक सहायता - ब्याज संबंधी आर्थिक सहायता
NON-PLAN SUBSIDIES - INTEREST SUBSIDIES

विवरण
STATEMENT 5

(करोड़ रुपए) (In crores of Rupees)

सरकारी उद्यमों आदि का नाम	Name of Public Enterprises etc.	बजट Budget 1994-95	संशोधित Revised 1994-95	बजट Budget 1995-96
1. कोल इण्डिया लि०	1. Coal India Ltd	58.08	0.00	0.00
2. मजगाव डॉक लि.	2. Mazagon Dock Ltd.	14.82	14.82	0.00
3 भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक	3. Industrial Reconstruction Bank of India	5.00	27.33	0.00
4. गोआनी बैंक	4. Goan Banks	0.11	0.11	0.11
5. खादी और ग्रामोद्योग आयोग	5. Khadi and Village Industries Commission	34.00	34.00	34.00
(क) खादी उद्योगों के लिए	(a) For Khadi Industries	23.00	23.00	23.00
(ख) अन्य ग्रामोद्योगों के लिए	(b) For other village industries	11.00	11.00	11.00
6. प्रेस ट्रस्ट ऑफ इण्डिया को ब्याज संबंधी आर्थिक सहायता	6. Interest subsidy to F.T.I.	0.01	0.01	0.01
7. बिन्नी एंड कम्पनी	7. Binny & Co.	0.01	0.00	0.01
जोड़ - ब्याज संबंधी आर्थिक सहायता	**TOTAL-INTEREST SUBSIDIES**	**112.03**	**76.27**	**34.13**

आयोजना-भिन्न आर्थिक सहायता - अन्य आर्थिक सहायता (सब्सिडी)
NON-PLAN SUBSIDIES - OTHER SUBSIDIES

विवरण
STATEMENT 6
(करोड़ रुपए) *(In crores of Rupees)*

विवरण	Particulars	बजट Budget 1994-95	संशोधित Revised 1994-95	बजट Budget 1995-96
1. आलुओं, प्याज आदि के लिए मूल्य समर्थन क्रियाकलाप	**1. Price support operations for Potatoes, Onions Etc.**	**0.01**	**0.01**	**0.01**
1.01 नाफेड के माध्यम से	1.01 Through NAFED	0.01	0.01	0.01
2. मदर डेरी को आर्थिक सहायता	2. Subsidy to Mother Dairy	0.01	0.01	0.01
3. अन्तर्राष्ट्रीय एयर लाइनों को बेचे गए विमानन ईंधन पर विक्रय कर के एवज में राज्य सरकारों को अदायगियां	3. Payments to State Governments in lieu of sales Tax on aviation fuel sold to international airlines	1.00	46.47	28.33
4. वस्तुओं के निर्यात के लिए राज्य व्यापार निगम को हानियों की प्रतिपूर्ति	4. Reimbursement of losses to S.T.C for export of commodities	0.01	0.01	0.01
5. हज तीर्थ यात्रियों को विनिमय की सरकारी दर से जारी विदेशी मुद्रा के कारण भारतीय स्टेट बैंक को अदायगी	5. Payment to SBI on account of foreign exchange released to Haj pilgrims at official rate of exchange	0.01	0.01	0.01
6. लाभांश राहत और अन्य रियायतों के लिए रेलवे को आर्थिक सहायता	6. Subsidy to Railways for dividend relief & other concessions	403.10	423.41	411.16
7. साधारण बीमा निगम आदि के माध्यम से गरीबों के लिए बीमा स्कीमें	7. Insurance schemes for the poor through GIC,etc.	10.00	17.00	18.00
8. रेल व समुद्री मार्ग से कोयले को लाने-ले जाने के लिए आर्थिक सहायता	8. Subsidy for transport of Coal by Rail-cum Sea route	0.15	0.10	0.05
9. चीनी के संकट-निरोधक भंडार को बनाए रखने के लिए आर्थिक सहायता	9. Subsidy on maintenance of buffer stock of Sugar	25.00	25.00	15.00
10. खाद्य तेलों के आयात के लिए राज्य व्यापार निगम की हानि का भुगतान	10. Payments to STC for loss on edible oil imports	...	25.00	...
11. गैर-किफायती नौवहन लाइनों के लिए भारतीय नौवहन निगम को आर्थिक सहायता	11. Subsidy to Shipping Corporation of India, for uneconomic Shipping Lines	15.31	15.31	7.45
12. शिपयार्डों को आर्थिक सहायता	**12. Subsidy to Shipyards**	**28.21**	**30.71**	**34.27**
12.01 कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड	12.01 Cochin Shipyards Ltd	0.01	4.46	8.00
12.02 ट्रालर विकास समर्थन निधि	12.02 Trawler development Support Fund	0.50	0.12	0.12
12.03 जहाजों का अधिग्रहण-ब्याज अंतर	12.03 Aquisition of Ships-Interest Differentials	27.70	26.13	26.15
13. जूट और कपास के लिए मूल्य समर्थन अभियान क्रियाकलाप	**13. Price Support operations in Jute & Cotton**	**7.00**	**19.00**	**7.00**
13.01 जूट	13.01 Jute	6.00	18.00	6.00
13.02 कपास	13.02 Cotton	1.00	1.00	1.00
14. मिल में बने कपड़े पर आर्थिक सहायता	**14. Subsidy on Mill-made Cloth**	**10.00**	**10.00**	**1.00**
15. हथकरघा संबंधी आर्थिक सहायता	**15. Handloom subsidy**	**205.39**	**159.49**	**156.95**
15.01 हथकरघा के कपड़े पर विशेष छूट	15.01 Special Rebate on handloom cloth	67.00	67.00	67.00
15.02 जनता कपड़े पर आर्थिक सहायता	15.02 Subsidy on Janata Cloth	136.00	90.00	85.00
15.03 अन्य	15.03 Others	2.39	2.49	4.95
16. दंगा-पीड़ितों को ब्याज राहत	16. Interest Relief to riot victims	15.00	15.00	10.00
17. पूर्वोत्तर क्षेत्र में हेलीकाप्टर सेवाओं के लिए आर्थिक सहायता	17. Subsidy for Helicopter services in North-eastern region	...	...	4.00
18. असम गैस क्रैकर परियोजना के लिए आर्थिक सहायता	18. Subsidy to Assam gas cracker project	...	...	75.00
19. मुद्रा विनिमय की हानि की प्रतिपूर्ति	19. Compensation for exchange loss	101.05	98.35	133.52
19.01 भारतीय औद्योगिक विकास बैंक	19.01 Industrial Development Bank of India	8.00	11.70	46.65
19.02 भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम	19.02 Industrial Credit & Investment Corpn. of India	40.85	36.55	34.67
19.03 राष्ट्रीय आवास बैंक	19.03 National Housing Bank	2.20	2.03	2.20
19.04 हाउसिंग विकास वित्त निगम	19.04 Housing Development Finance Corporation	50.00	48.07	50.00
20. राष्ट्रीय कैमिकल्स एंड फर्टिलाईजर्स लिमिटेड को कुवैत को ऋण देने पर हुई मुद्रा विनिमय की हानियों के लिए प्रतिपूर्ति	20. Compensation to Rashtriya Chemicals and Fertilizers Ltd. for exchange losses incurred in the discharge of Dinar loan from Kuwait	150.88	150.88	0.00
जोड़ - अन्य आर्थिक सहायता	***TOTAL-OTHER SUBSIDIES***	***972.13***	***1035.76***	***901.77***

विभागीय वाणिज्यिक उपक्रम
1. सूचना और प्रचार*	1. Information & Publicity *	22220	33.18	3.80	36.98	30.16	3.81	33.97	42.62	4.10	46.72

*इसमें शहरी विकास मंत्रालय की मांग में निर्माण कार्य परिव्यय के लिए की गई व्यवस्था शामिल है।
**Inclusive of Works outlay provided in the Demands of the Ministry of Urban Developement*

1. **सचिवालय-सामाजिक सेवाएं**: इसमें मंत्रालय के सचिवालय के व्यय के लिए व्यवस्था है।

सूचना तथा प्रचार :

2. **फिल्में** : इस शीर्ष के अंतर्गत मंत्रालय की निम्नलिखित गतिविधियों के लिए व्यवस्था की गई है, अर्थात (क) फिल्म प्रभाग, जो भारतीय तथा विदेशी दर्शकों को देश के जीवन के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में समाचार दर्शनों, लघु वृत्तचित्रों और वृत्तचित्रों के माध्यम से जानकारी देता है, (ख) फिल्म महोत्सव निदेशालय का स्थापना व्यय, (ग) फिल्मों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार, (घ) फिल्म महोत्सवों में पनोरमा आफ इंडियन फिल्म पर व्यय, (ङ) सिरिफोर्ट, नई दिल्ली में फिल्मोत्सव काम्पलेक्स, का अनुरक्षण (च) भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार जो राष्ट्रीय और विदेशी सिनेमा की उत्कृष्ट फिल्मों को सुरक्षित रखता है, (छ) राष्ट्रीय बाल एवं युवा फिल्म केन्द्र को अनुदान जो बच्चों के लिए फिल्मों का निर्माण तथा वितरण करता है और (ज) भारतीय फिल्म और दूरदर्शन संस्थान को अनुदान जो फिल्म निर्माण की कला एवं तकनीक में प्रशिक्षण देता है।

1. **Secretariat-Social Services :** The provision is for expenditure of the secretariat of the Ministry.

Information and Publicity

2. **Films :** The provision under this head covers the following activities of the Ministry, viz. (a) Films Division, which disseminates information on all important aspects of the country's life to Indian and foreign audiences through news-reels, short films and documentaries; (b) Establishment expenses of Directorate of Film Festivals; (c) National Awards for Films; (d) Expenditure on Panorama of Indian Films in the Film Festivals; (e) Maintenance of Film Festival Complex at Siri Fort, New Delhi; (f) National Film Archive of India which preserves the best of national and foreign film classics; (g) Grant to National Centre of Films for Children and Young People (NCYP) which produces and distributes films for children; and (h) Grants to Film & Television Institutes of India, which impart training in the art and technique of film making.

3. **चलचित्रकला फिल्मों का प्रमाणन:** इसके अंतर्गत (i) फिल्म प्रमाणन केन्द्रीय बोर्ड और (ii) फिल्म प्रमाणन अपील न्यायाधिकरण पर व्यय की व्यवस्था की गई है ।

4. **जन संचार में अनुसंधान तथा प्रशिक्षण :** इस शीर्ष के अन्तर्गत इनके लिए व्यवस्था शामिल है:- (क) भारतीय जन संचार संस्थान, जो एक स्वायत्त निकाय है और जो जन माध्यम में प्रशिक्षण तथा पत्रकारिता में पाठ्यक्रम आयोजित करता है (ख) अनुसंधान एवं संदर्भ प्रभाग, जो मंत्रालय और उसके माध्यम एककों, विदेशों में भारतीय मिशनों और समाचार पत्रों तथा माध्यम एजेंसियों के लिए माध्यम रूचि के महत्वपूर्ण विषयों पर बुनियादी सूचना इकट्ठा करता है और उसका समन्वय करता है ।

5. **विज्ञापन तथा दृश्य प्रचार :** इसके अंतर्गत विज्ञापन तथा दृश्य प्रचार निदेशालय के व्यय के लिए व्यवस्था की जाती है जो कि विज्ञापन तथा अन्य प्रकाशित सामग्री के जरिए और साथ ही रेडियो, दूरदर्शन, प्रदर्शनियों तथा अन्य बाहय प्रचार माध्यमों के जरिए जन अभियानों का कार्यक्रम बनाता है तथा उन्हें क्रियान्वित करता है ।

6. **प्रेस सूचना सेवाएं :** इसके अंतर्गत इनके लिए व्यवस्था शामिल है: (क) प्रैस सूचना ब्यूरो जो सरकार तथा प्रैस के बीच एक कड़ी के रूप में काम करता है तथा सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों की प्रचार तथा जन सम्पर्क संबंधी आवश्यकताओं को देखता है, (ख) भारतीय प्रैस परिषद, जो एक वैधानिक संगठन है, और जो प्रैस की स्वतत्रता को सुरक्षित रखने का प्रयत्न करता है, को अनुदान, और (ग) प्रैस ट्रस्ट आफ इंडिया के माध्यम से गुटनिरपेक्ष समाचार एजेंसी पूल के भारतीय समाचार पूल डेस्क का संचालन करने के लिए व्यवस्था ।

7. **क्षेत्रीय प्रचार :** इसमें क्षेत्र प्रचार निदेशालय तथा उसके जिला स्तरीय क्षेत्रीय एककों के खर्च के लिए व्यवस्था की गई है जो कि फिल्म प्रदर्शनों, सजीव मीडिया प्रोग्रामों, फोटो प्रदर्शनियों तथा संगोष्ठियों के माध्यम से व्यक्तियों के बीच विकास संबंधी संचार के क्षेत्र में कार्यरत है।

8. **संगीत तथा नाटक प्रभाग :** इसके अन्तर्गत की गई व्यवस्था संगीत तथा नाटक प्रभाग के लिए है जो देश भर में फैले हुए अपने एककों के माध्यम से राष्ट्रीय विकास के विभिन्न कार्यों के बारे में, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, जनसाधारण को अवगत कराने के लिए सजीव मनोरंजन के माध्यम का प्रयोग करता है ।

9. **प्रकाशन :** इसके अंतर्गत मंत्रालय के प्रकाशन के खर्च के लिए व्यवस्था की जाती है जो कि विभिन्न किस्म के विषयों पर अंग्रेजी, हिन्दी तथा अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में समूल्य पुस्तकें, पत्रिकाएं और अन्य मुद्रित सामग्री प्रकाशित करता है। प्रकाशन प्रभाग हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू और उड़ीया में, 'इम्पलाएमेंट न्यूज'/'रोजगार समाचार' साप्ताहिक भी निकालता है।

10. **पी.टी.आई. को ब्याज संबंधी आर्थिक सहायता :** इसके अंतर्गत प्रेस ट्रस्ट आफ इंडिया को इसके समाचार और अनुलिपि परियोजना के लिए ब्याज संबंधी आर्थिक सहायता देने पर होने वाले व्यय की व्यवस्था की गई है ।

11. **भवन और मशीनरी :** इसमें निम्नलिखित निर्माण कार्यों पर होने वाले पूंजीगत व्यय के लिए व्यवस्था शामिल है:- (क) सूचना भवन, दिल्ली (ख) फिल्म डिवीजन, बम्बई के लिए बहु-मंजिली इमारत, (ग) उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय के एककों के लिए कार्यालय और रिहायशी क्वार्टर, (घ) भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार, पुणे के लिए कार्यालय की इमारत, (ड.) सिरिफोर्ट काम्प्लेक्स, दिल्ली में फिल्म महोत्सव निदेशालय द्वारा एक नए छोटे-थियेटर का निर्माण (च) कलकत्ता में फिल्म और दूरदर्शन संस्थान की स्थापना-राष्ट्रीय भूमि अधिग्रहण तथा भवन निर्माण, नई दिल्ली से राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र की स्थापना तथा भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार, पत्र सूचना कार्यालय, क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय तथा गीत और नाटक प्रभाग के आधुनिकीकरण कार्यक्रमों के अंतर्गत उपस्करों की अधिप्राप्ति।

12. **सरकारी उद्यमों में निवेश :** यह बजट शीर्ष राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम और ब्रोडकास्ट इंजीनियरिंग कन्सल्टेंट (इन्डिया) लिमिटेड को इक्विटी एवं ऋण द्वारा बजटीय सहायता प्रदान करने के लिए है।

13. **संयुक्त क्षेत्र कम्पनी में निवेश :** इसमें एक द्वितीय राष्ट्रीय दूरदर्शन चैनल के प्रचालन के लिए स्थापित की जाने वाली प्रस्तावित संयुक्त क्षेत्र की कम्पनी को इक्विटी के रूप में बजटीय सहायता प्रदान करने तथा दक्षिण अफ्रीका की सरकार के सहयोग से 'मेकिंग आफ ए महात्मा' फीचर फिल्म के संयुक्त निर्माण के लिए भी व्यवस्था की गई है ।

14. **अन्य खर्च :** इसके अन्तर्गत फोटो डिवीजन, भारतीय समाचार पत्रों के रजिस्ट्रार और संचार के विकास सम्बन्धी अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए अंशदान की व्यवस्था शामिल है ।

3. **Certification of Cinematographic Films:** The provision covers expenditure on (i) Central Board of Film Certification and (ii) Film Certification Appellate Tribunal.

4. **Research and Training in Mass Communication:** The provision under this head is for (a) *Indian Institute of Mass Communication*, an autonomous body which imparts training in mass media and conducts courses in journalism, and (b) *Research and Reference Division* which collects and collates basic information on subjects of media interest for providing assistance to the Ministry and to its Media Units, Indian Missions abroad and newspapers and media agencies.

5. **Advertising & Visual Publicity** : This covers expenditure of the DAVP which plans and executes publicity campaigns through advertising and other printed materials, as well as through Radio, T. V., exhibitions and other out-door publicity media.

6. **Press Information Services:** This provides for expenditure (a) on the Press Information Bureau, which serves as a link between the Government and the Press and attends to the Publicity and Public relation requirements of various Ministries/Departments of the Government (b) Grants to Press Council of India, a statutory organisation seeking to preserve freedom of the Press, and (c) for running India's News Pool Desk of Non-aligned News Agencies Pool through Press Trust of India.

7. **Field Publicity :** This covers expenditure of the Directorate of Field Publicity and its district level field units, engaged in inter-personal, developmental communication through film shows, live media programmes, photo displays and seminars.

8. **Song and Drama Division :** Provision under this head is for the Song & Drama Division which utilises live entertainment media for creating awareness amongst the masses, particularly in rural areas, about various activities of national development through its units spread all over the country.

9. **Publications :** This provides for expenditure of the Publications Division of the Ministry which publishes priced books, journals and other printed material in English, Hindi and Regional languages on a wide variety of subjects. Publications Division also brings out the weekly 'Employment News'/ 'Rozgar Samachar' in English, Hindi, Urdu and Oriya.

10. **Interest Subsidy to P. T. I.:** This covers the expenditure involved in the grant of interest subsidy to Press Trust of India for its News and Facsimile project.

11. **Buildings & Machinery** : The provision is for capital expenditure on construction of (a) Soochna Bhawan, Delhi, (b) Multi-storeyed building of Films Division, Bombay, (c) Office and residential quarters for units of the Directorate of Field Publicity in the North-east, (d) Office building for National Film Archive of India, Pune, (e) a new mini-theatre at Siri-Fort Complex, Delhi, by the Directorate of Film Festivals (f) setting up of Film and Television Institute at Calcutta-acquisition of land and construction of building, (g) setting up of National Media Centre in New Delhi and for acquisition of equipment by Films Division, N.F.A.I., P.I.B., D.F.P. and Song & Drama Division under their modernisation programmes.

12. **Investment in Public Enterprises :** This budget head is for providing budgetary assistance to N.F.D.C and Broadcast Engineering Consultants (India) Limited by way of equity and loan.

13. **Investment in Joint Sector Company :** For providing budgetary assistance by way of equity to a Joint Sector Company proposed to be set up for operating a Second National Television Channel and also provision for a 'Joint production of feature film 'Making of a Mahatma' in collaboration with the Government of South Africa'.

14. **Other Expenditure :** The provision is for expenditure of the Photo Division, Registrar of Newspapers for India and contribution to International Programme for Development of Communication.

सूचना और प्रसारण मंत्रालय *MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING*

मांग संख्या DEMAND No.55

प्रसारण सेवाएं Broadcasting Services

क. वसूलियों और प्राप्तियों को घटाने के बाद, बजट आवंटन इस प्रकार है:
A. The Budget allocations, net of recoveries and receipts are given below:

(करोड़ रुपए) *(In crores of Rupees)*

		मुख्य शीर्ष Major Head	बजट 1994-95 Budget आयोजना Plan	आयोजना-भिन्न Non-Plan	जोड़ Total	संशोधित 1994-95 Revised आयोजना Plan	आयोजना-भिन्न Non-Plan	जोड़ Total	बजट 1995-96 Budget आयोजना Plan	आयोजना-भिन्न Non-Plan	जोड़ Total
राजस्व	Revenue		10.00	321.58	331.58	10.00	333.28	343.28	20.00	345.70	365.70
पूंजी	*Capital*		*17.82*	*1.14*	*18.96*	*17.82*	*0.88*	*18.70*	*38.38*	*2.20*	*40.58*
जोड़	**Total**		**27.82**	**322.72**	**350.54**	**27.82**	**334.16**	**361.98**	**58.38**	**347.90**	**406.28**
प्रसारण	***Broadcasting***										
आकाशवाणी	**Akashvani**										
1. निदेशन और प्रशासन	1. Direction & Administration	2221	3.22	9.23	12.45	2.79	9.44	12.23	3.11	9.69	12.80
2. अनुसंधान और विकास	2. Research and Development	2221	3.51	7.70	11.21	3.24	7.89	11.13	3.19	8.22	11.41
3. परिचालन व्यय :	3. Operational Expenses:										
3.01 परिचालन और रख-रखाव	3.01 Operation & Maintenance	2221	13.41	39.22	52.63	12.68	43.63	56.31	10.86	45.90	56.76
3.02 कार्यक्रम सेवाएं	3.02 Programme Services	2221	35.39	124.99	160.38	37.28	136.76	174.04	38.85	143.43	182.28
3.03 समाचार सेवाएं	3.03 News Services	2221	0.25	11.11	11.36	0.11	16.33	16.44	0.16	16.48	16.64
3.04 विदेश सेवाएं	3.04 External Services	2221	0.03	2.68	2.71	0.01	2.89	2.90	0.01	3.14	3.15
3.05 वाणिज्यिक सेवाएं	3.05 Commercial Services	2221	0.21	17.82	18.03	0.02	18.86	18.88	0.01	21.19	21.20
3.06 अन्य व्यय	3.06 Other Expenditure	2221	0.59	2.63	3.22	0.48	7.77	8.25	0.81	6.36	7.17
जोड़-प्रचालन व्यय	**Total-Operational expenses**		**49.88**	**198.45**	**248.33**	**50.58**	**226.24**	**276.82**	**50.70**	**236.50**	**287.20**
4. विभागीय कैंटीन	4. Departmental Canteens	2221	...	0.51	0.51	...	0.60	0.60	...	0.62	0.62
5. घटाइए - प्राप्तियां	5. Less - Receipts	0221	...	-60.00	-60.00	...	-70.16	-70.16	...	-83.00	-83.00
6. निवल	6. *Net*		*49.88*	*138.96*	*188.84*	*50.58*	*156.68*	*207.26*	*50.70*	*154.12*	*204.82*
7. प्रारक्षित निधि को/से अन्तरण	7. Transfers to/from Reserve Fund										
7.01 वाणिज्यिक राजस्व निधि को अन्तरण	7.01 Transfer to Commercial Revenues Fund	2221	...	40.16	40.16	...	46.47	46.47	...	53.89	53.89
7.02 वाणिज्यिक राजस्व निधि से अन्तरण	7.02 Transfer from Commercial Revenues Fund	2221	-51.61	-30.67	-82.28	-51.61	-33.58	-85.19	-47.00	-36.29	-83.29
जोड़		*Total*	*-51.61*	*9.49*	*-42.12*	*-51.61*	*12.89*	*-38.72*	*-47.00*	*17.60*	*-29.40*
8. पूंजीगत व्यय:	*8. Capital Expenditure:*										
8.01 स्टूडियो	8.01 Studios	4221	17.91	0.05	17.96	18.06	0.08	18.14	20.07	0.37	20.44
8.02 ट्रांसमीटर	8.02 Transmitters	4221	31.66	...	31.66	31.66	...	31.66	37.59	...	37.59
8.03 इमारतें उपस्कर आदि	8.03 Buildings Equipments Etc	4221	25.61	...	25.61	25.79	...	25.79	19.50	...	19.50
8.04 वाणिज्यिक राजस्व निधि से अन्तरण	8.04 Transfer from Commercial Revenues Fund	4221	-70.71	...	-70.71	-70.71	...	-70.71	-63.00	...	-63.00
8.05 अन्य व्यय	8.05 Other Expenditure	4221	0.53	1.09	1.62	0.20	0.80	1.00	0.84	0.75	1.59
जोड़-पूंजीगत व्यय	***Total Capital Expenditure***		***5.00***	***1.14***	***6.14***	***5.00***	***0.88***	***5.88***	***15.00***	***1.12***	***16.12***
जोड़- आकाशवाणी	**Total Akashvani**		**10.00**	**166.52**	**176.52**	**10.00**	**187.78**	**197.78**	**25.00**	**190.75**	**215.75**
दूरदर्शन	**Doordarshan:**										
1. निदेशन और प्रशासन	1.Direction & Administration	2221	0.20	7.57	7.77	0.17	7.90	8.07	0.19	8.44	8.63
2. परिचालन व्यय	*2. Operational Expenses:*										
2.01 परिचालन और रख-रखाव	2.01 Operation & Maintenance	2221	18.95	62.23	81.18	18.95	60.08	79.03	27.61	65.76	93.37
2.02 कार्यक्रम सेवाएं	2.02 Programme Services	2221	65.72	118.26	183.98	65.78	135.89	201.67	72.16	166.88	239.04
2.03 वाणिज्यिक सेवाएं	2.03 Commercial Services	2221	...	57.26	57.26	...	57.26	57.26	...	69.30	69.30
2.04 अन्य व्यय	2.04 Other Expenditure	2221	0.05	32.92	32.97	0.04	20.77	20.81	0.04	21.97	22.01
जोड़ - परिचालन व्यय	**Total-Operational expenses**		**84.72**	**270.67**	**355.39**	**84.77**	**274.00**	**358.77**	**99.81**	**323.91**	**423.72**
3. विभागीय कैंटीन	3. Departmental Canteens	2221	0.02	0.30	0.32	...	0.29	0.29	...	0.31	0.31
4. घटाइए - प्राप्तियां	4. Less - Receipts	0221	...	-386.00	-386.00	...	-386.00	-386.00	...	-466.00	-466.00
5. निवल	5. *Net*		*84.74*	*-115.03*	*-30.29*	*84.77*	*-111.71*	*-26.94*	*99.81*	*-141.78*	*-41.97*
6. वाणिज्यिक राजस्व निधि को/से निवल अन्तरण	6. Transfers to/from Reserve Fund										
6.01 वाणिज्यिक राजस्व निधि को अन्तरण	6.01 Transfer to Commercial Revenues Fund	2221	...	314.46	314.46	...	312.67	312.67	...	379.07	379.07
6.02 वाणिज्यिक राजस्व निधि से अन्तरण	6.02 Transfer from Commercial Revenues Fund	2221	-79.94	-50.80	-130.74	-79.94	-62.48	-142.42	-90.00	-89.66	-179.66
जोड़		*Total*	*-79.94*	*263.66*	*183.72*	*-79.94*	*250.19*	*170.25*	*-90.00*	*289.41*	*199.41*
7. पूंजीगत व्यय:	*7. Capital Expenditure:*										
7.01 स्टूडियो	7.01 Studios	4221	42.74	0.05	42.79	27.83	...	27.83	72.93	...	72.93
7.02 ट्रांसमीटर	7.02 Transmitters	4221	103.33	...	103.33	113.36	...	113.36	72.23	...	72.23
7.03 इमारतें और उपस्कर	7.03 Buildings & Equipments	4221	24.17	...	24.17	29.49	...	29.49	67.87	0.02	67.89
7.04 वाणिज्यिक राजस्व निधि से अन्तरण	7.04 Transfer from Commercial Revenues Fund	4221	-158.24	-0.05	-158.29	-158.24	...	-158.24	-190.40	-0.02	-190.42
7.05 अन्य व्यय	7.05. Other Expenditure	4221	0.82	...	0.82	0.38	...	0.38	0.75	1.08	1.83
जोड़- पूंजीगत व्यय	***Total Capital Expenditure***		***12.82***	***...***	***12.82***	***12.82***	***...***	***12.82***	***23.38***	***1.08***	***24.46***
जोड़- दूरदर्शन	**Total-Doordarshan**		**17.82**	**156.20**	**174.02**	**17.82**	**146.38**	**164.20**	**33.38**	**157.15**	**190.53**
कुल जोड़	***Grand Total***		***27.82***	***322.72***	***350.54***	***27.82***	***334.16***	***361.98***	***58.38***	***347.90***	***406.28***

(करोड़ रुपए) (In crores of rupees)

		मुख्य शीर्ष Major Head	बजट 1994-95 Budget			संशोधित 1994-95 Revised			बजट 1995-96 Budget		
			आयोजना Plan	आयोजना-भिन्न Non-Plan	जोड़ Total	आयोजना Plan	आयोजना-भिन्न Non-Plan	जोड़ Total	आयोजना Plan	आयोजना-भिन्न Non-Plan	जोड़ Total
ग. आयोजना परिव्यय	C. Plan Outlay*	विकास शीर्ष Head of Dev.	बजट समर्थन Budget Support	IEBR	जोड़ Total	बजट समर्थन Budget Support	IEBR	जोड़ Total	बजट समर्थन Budget Support	IEBR	जोड़ Total
प्रसारण*	Broadcasting*	22221	27.82	360.50	388.32	27.82	360.50	388.32	58.38	390.40	448.78

*इसमें शहरी विकास मंत्रालय की मांग में निर्माण कार्य परिव्यय के लिए की गई व्यवस्था शामिल है ।

*Inclusive of Works outlay provided in the Demands of the Ministry of Urban Developement.

ध्वनि प्रसारण (आकाशवाणी)

राजस्व भाग

1. **निदेशन और प्रशासन :** इसके अन्तर्गत आकाशवाणी महानिदेशालय और आकाशवाणी के वेतन और लेखा कार्यालयों के व्यय के लिए व्यवस्था की गई है ।

2. **अनुसंधान और विकास :** इस कार्य के दो भाग है:- आयोजना और विकास तथा अनुसंधान और प्रशिक्षण । पहले भाग के अंतर्गत, आकाशवाणी के क्षेत्रीय मुख्य अभियंताओं, जो आयोजनागत परियोजनाओं की आयोजना तैयार करने और विकास तथा आकाशवाणी और दूरदर्शन संस्थापनाओं के अनुरक्षण के लिये उत्तरदायी है, द्वारा किये जाने वाले व्यय, तथा दूसरे भाग के अंतर्गत अनुसंधान और प्रशिक्षण संबंधी व्यय की व्यवस्था है । दूसरा कार्य रेडियो और दूरदर्शन दोनों से संबंधित है ।

3.01. **परिचालन और रख-रखाव:** इसके अन्तर्गत उच्च शक्ति वाले ट्रांसमीटरों के प्रचालन तथा रख-रखाव और आकाशवाणी के केन्द्रीय भंडार कार्यालय हेतु सामान और फालतू पुर्जों की इकट्ठी खरीद के लिये व्यवस्था की गई है ।

3.02. **कार्यक्रम सेवाएं:** इसके अन्तर्गत कार्यक्रम तैयार करने से संबंधित व्यय और आकाशवाणी के सभी केन्द्रों के रोजमर्रा के कामकाज व रखरखाव के लिए आवश्यक खर्चों तथा इन केन्द्रों से संबद्ध ट्रांसमीटरों के खर्चों के लिए व्यवस्था की गई है ।

3.03. **समाचार सेवाएं:** इसके अन्तर्गत समाचार सेवा प्रभाग और मानीटरिंग सेवा के व्यय के लिए व्यवस्था की गई है ।

3.04. **विदेश सेवाएं:** इसके अन्तर्गत समुद्र पार श्रोताओं के लिए अनेक भारतीय तथा विदेशी भाषाओं में प्रसारण पर विदेश सेवा प्रभाग द्वारा किए जाने वाले व्यय के लिए व्यवस्था की गई है ।

3.05. **वाणिज्यिक सेवाएं:** इस कार्यक्रम के अन्तर्गत आकाशवाणी के सभी वाणिज्यिक प्रसारण सेवा केन्द्रों के लिए व्यय की व्यवस्था की गई है । वाणिज्यिक प्रसारण सेवा केन्द्र मुख्यतः वाणिज्यिक कार्यक्रमों को तैयार करने और उनके प्रसारण के लिए जिम्मेदार है ।

3.06 **अन्य व्यय:** इसके अन्तर्गत (i) "श्रोता अनुसंधान" कार्यकलाप अर्थात आकाशवाणी द्वारा प्रसारित विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में श्रोताओं की प्रतिक्रियायों को जानने से संबंधित अध्ययनों हेतु व्यय; (ii) उचन्त, जिसके अंतर्गत आकाशवाणी के संयंत्रों के अनुरक्षण के लिये आवश्यक कल-पुर्जों/भंडारों संबंधी व्यय; और (iii) योजनागत बजट के समर्थन के लिए ब्याज की व्यवस्था है ।

4. **विभागीय कैंटीन :** इस शीर्ष के अन्तर्गत आकाशवाणी महानिदेशालय के अन्तर्गत विभागीय कैंटीनों के व्यय को पूरा करने के लिए व्यवस्था की गई है ।

5. **प्राप्तियां:** प्राप्तियों के अनुमान मुख्य रूप से वाणिज्यिक प्रसारण से संबंधित है ।

7. **वाणिज्यिक राजस्व निधि को/से निवल अंतरण :**

7.01. **वाणिज्यिक राजस्व निधि को अंतरण :** इसमें व्यपगत न होने वाली निधि को अन्तरणीय राशि के लिए व्यवस्था की गई है।

7.02. **वाणिज्यिक राजस्व निधि से अंतरण :** इसमें कुल व्यय के लिए व्यवस्था की गई है जिसे व्यपगत न होने वाली निधि से पूरा किया जाएगा।

पूंजी भाग

8.01. **स्टूडियो:** इसके अन्तर्गत, स्टूडियो, भवनों का निर्माण करने, स्टूडियो उपस्कर की खरीद और उनकी स्थापना करने के लिए व्यवस्था शामिल है ।

8.02. **ट्रांसमीटर :** इसके अन्तर्गत ट्रांसमीटरों की स्थापना के लिए भवनों के निर्माण, ट्रांसमीटर उपस्कर खरीदने और उसकी स्थापना करने के लिए व्यवस्था की गई है ।

8.03. **भवन और उपस्कर :** इसके अन्तर्गत (i) आकाशवाणी की विविध निर्माण कार्य योजनाओं, और (ii) आकाशवाणी की प्रमुख परियोजनाओं के निर्माण और संस्थापन कार्यों में लगे हुए कर्मचारियों के वेतन, भत्तों,

SOUND BROADCASTING (AKASHVANI)

Revenue Section

1. **Direction and Administration :** Provides for expenditure of the Directorate General, All India Radio and Pay & Accounts Offices of All India Radio.

2. **Research and Development :** The activity has two components viz., Planning and Development and Research and Training. The first component provides for the expenditure incurred by the Offices of Zonal Chief Engineers of All India Radio, who are responsible for Planning and Development of Plan projects and maintenance of AIR and TV installations, and the second component provides for the expenditure involved on research and training. The latter relates to both Radio and TV.

3.01. **Operation and Maintenance :** The provision is for meeting expenditure on the operation and maintenance of High Power Transmitters and centralised procurement and deployment of stores and spares for Radio stations through Central Stores office.

3.02 **Programme Services :** Provides for expenditure on production of programmes and on running expenditure required for day-to-day operation and maintenance of all stations of AIR, including transmitters attached to the stations.

3.03 **News Services :** Covers the expenditure of News Services Division and on the Monitoring Service.

3.04 **External Services :** Provision under this activity covers the expenditure incurred by External Services Division on broadcast in several Indian and foreign languages for overseas listeners.

3.05. **Commercial Services :** The expenditure in respect of all commercial broadcasting service centres of AIR has been provided for under this activity. The Commercial Broadcasting Services centres, are mainly responsible for preparation and broadcasting of commercial programmes.

3.06. **Other Expenditure :** Provides for (i) the activity 'Listeners Research' which covers the expenditure on studies undertaken to ascertain reaction of the audience to the various programmes broadcast by All India Radio; (ii) Suspense, which covers expenditure on purchase of spares/stores required for maintenance of All India Radio installations; and (iii) Interest on Plan budget Support.

4. **Departmental Canteens :** provision under this head is for meeting the establishment expenditure of departmental canteens under DG : AIR.

5. **Receipts :** Estimates of receipts are mainly on account of commercial broadcasting.

7. **Net transfer to/from Commercial Revenues Fund :**

7.01. **Transfer to Commercial Revenues Fund :** Provides for the amount transferable to the Non-Lapsable Fund.

7.02. **Transfer from Commercial Revenues Fund :** Provides for the total expenditure to be met from NLF.

Capital Section

8.01 **Studios:** Provision covers expenditure on construction of studios, buildings, purchase of studio equipment and its installation.

8.02 **Transmitters:** Covers expenditure on construction of buildings to house transmitters, purchase of transmitting equipment and its installation.

8.03 **Buildings and Equipments:** Provision is for (i) expenditure to be incurred on miscellaneous works schemes of All India Radio and (ii) salaries, allowances, travel expenses and other expenses of

यात्रा-भत्तों तथा अन्य खर्चों और आकाशवाणी की अन्य योजनाओं के लिये किये जाने वाले व्यय की व्यवस्था की गई है ।

8.04. **वाणिज्यिक राजस्व निधि से अंतरण:** इसके अंतर्गत, इस निधि में से खर्च किये जाने वाले पूंजीगत व्यय के लिये व्यवस्था है।

8.05 **अन्य व्यय :** इसमें निम्नलिखित पर होने वाले व्यय के लिए व्यवस्था की गई है: (i) क्षेत्रीय मुख्य अभियंताओं और सिविल निर्माण विंग के कार्यालयों द्वारा प्रतिस्थापित किए जाने वाले कलपुर्जो और संयंत्रों की खरीद और उनके क्षेत्रों से संबंधित अन्य तकनीकी क्रियाकलापों पर होने वाला व्यय, और (ii) उन उपस्करों की खरीद करना जिनकी अदायगी की व्यवस्था इस शीर्ष के अन्तर्गत की जाती है ।

दूरदर्शन :

राजस्व भाग :

1. **निदेशन और प्रशासन :** इसके अन्तर्गत मुख्य निदेशालय और वेतन तथा लेखा कार्यालय, दूरदर्शन के व्यय के लिए व्यवस्था की गई है । यह निदेशालय पूरे संगठन का नियन्त्रण करता है, भारत में दूरदर्शन सेवाओं से संबंधित नीतियां तैयार करता है तथा आयोजनागत परियोजनाओं और रूपरेखाओं को तैयार करने के लिये उत्तरदायी है ।

2.01. **प्रचालन और रखरखाव :** इसके अन्तर्गत (i) केन्द्रीय खरीद और भंडार कार्यालय के माध्यम से दूरदर्शन केन्द्रों, पारेषण केन्द्रों के लिए रखरखाव सामान, भंडारों, फालतू पुर्जों और टेपों की केन्द्रीयकृत रूप से खरीद और उनके उपयोग से संबंधित व्यय और (ii) कार्यक्रम तैयार करने वाले केन्द्रों से जुड़े दूरदर्शन पारेषण केन्द्रों के अतिरिक्त, के प्रचालन और रख-रखाव के लिये व्यवस्था की गई है ।

2.02. **कार्यक्रम सेवाएं :** इसके अन्तर्गत दूरदर्शन के कार्यक्रम तैयार करने संबंधी कार्यों हेतु विभिन्न कार्यक्रम तैयार करने वाले केन्द्रों द्वारा व्यय तथा इन केन्द्रों से संबद्ध स्टूडियो और ट्रांसमीटरों आदि के परिचालन और रख-रखाव संबंधी व्यय के लिए व्यवस्था की गई है ।

2.03. **वाणिज्यिक सेवाएं :** इसके अन्तर्गत दूरदर्शन वाणिज्यिक सेवाओं और विज्ञापन एजेंसियों को कमीशन का भुगतान करने की व्यवस्था की गई है ।

2.04. **अन्य व्यय :** इसके अन्तर्गत, (i) विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में श्रोताओं की प्रतिक्रिया का सुनिश्चयन करने के लिए अध्ययनों सहित "श्रोता अनुसंधान" के लिए, (ii) अनुरक्षण के प्रयोजनार्थ अतिरिक्त कल-पुर्जों/भंडारों की खरीद के लिए अपेक्षित उचन्त व्यवस्था पर व्यय के लिए; और (iii) योजनागत बजट के समर्थन के लिए ब्याज का प्रावधान किया गया है।

3. **विभागीय कैंटीन :** इस शीर्ष के अन्तर्गत दूरदर्शन के अधीन विभागीय कैंटीनों के स्थापना व्यय को पूरा करने के लिए व्यवस्था की गई है।

4. **प्राप्तियां :** इन प्राप्तियों के अनुमान मुख्य रूप से दूरदर्शन पर वाणिज्यिक कार्यक्रमों से संबंधित हैं ।

6. **वाणिज्यिक राजस्व निधि को/से निवल अन्तरण :**

6.01. **वाणिज्यिक राजस्व निधि को अन्तरण :** इसमें व्यपगत न होने वाली निधि को अन्तरित की जाने वाली राशि के लिए व्यवस्था की गई है।

6.02. **वाणिज्यिक राजस्व निधि से अन्तरण :** इसमें इस निधि से पूरा किए जाने वाले व्यय के लिए व्यवस्था है ।

पूंजी भाग

7.01. **स्टूडियो :** इसके अन्तर्गत दूरदर्शन स्टूडियो, भवनों के निर्माण, दूरदर्शन स्टूडियो उपस्कर की खरीद तथा उनकी स्थापना से संबंधित व्यय की व्यवस्था की गई है ।

7.02. **ट्रांसमीटर :** इसके अन्तर्गत दूरदर्शन ट्रांसमीटरों को रखने के लिए भवन निर्माण, ट्रांसमीटिंग उपस्कर की खरीद और उनकी स्थापना से संबंधित व्यय की व्यवस्था की गई है ।

7.03. **भवन और उपस्कर :** इसमें (i) दूरदर्शन के विविध निर्माण कार्य योजनाओं के लिए अपेक्षित व्यय और (ii) स्थापना व्यय जैसे कि स्टाफ का वेतन, भत्ते, यात्रा व्यय और "अन्य व्यय" जो पूंजीगत परियोजनाओं के निर्माण/संस्थापन कार्य पर मात्र नियोजित स्टाफ के लिए है, व्यवस्था की गई है ।

7.04. **वाणिज्यिक राजस्व निधि से अन्तरण :** इसमें इस निधि में से होने वाले पूंजीगत व्यय के लिए व्यवस्था की गई है ।

7.05. **अन्य व्यय :** इसमें निम्नलिखित पर होने वाले व्यय के लिए व्यवस्था की गई है :- (i) आकाशवाणी के क्षेत्रीय मुख्य इंजीनियरों के कार्यालयों की स्थापना के लिए कल पुर्जों और यन्त्रों की खरीद व अन्य तकनीकी कार्यकलापों से संबंधित व्यय, ये कार्यालय दूरदर्शन परियोजनाओं के कार्यान्वयन और दूरदर्शन प्रतिस्थापनों के रख-रखाव का काम करते हैं; और (ii) भण्डार सामग्री और उपस्कर की खरीद करना, जिसके लिए अदायगियां इस शीर्ष के अन्तर्गत की जाती हैं ।

installation staff employed in construction and installation of capital projects and on other schemes of All India Radio.

8.04 **Transfer from Commercial Revenues Fund:** Provides for the Capital expenditure to be met from this fund.

8.05 **Other Expenditure:** Provides for expenditure to be incurred on (i) purchase of tools and plants by offices of Zonal Chief Engineers and Civil Construction Wing for installation and other technical activities pertaining to their zones and (ii) purchase of equipments for which payments are made under this head .

DOORDARSHAN :

Revenue Section :

1. **Direction & Administration:** Covers expenditure on main Directorate and Pay and Accounts Office, Doordarshan. The Directorate controls the organisation as a whole, formulates policies in relation to television services in India and is responsible for formulation of Plan Projects, designs etc.

2.01. **Operation and Maintenance:** Covers expenditure on (i) centralised procurement and deployment of maintenance stores/spares and tapes for Doordarshan Kendras and Transmitting Centres through Central Purchase and Store Office and (ii) operation and maintenance of relay TV transmitter, other than those attached with Programme Production Centres.

2.02. **Programme Services:** Provides for expenditure incurred by various Programme Producing Kendras/Centres in connection with programme production activities of Doordarshan and includes expenditure on operation and maintenance of studios and transmitters attached to those Kendras/Centres.

2.03. **Commercial Services:** Expenditure on TV commercial services and payment of commission to advertising agencies is provided here.

2.04. **Other Expenditure:** Provision is made for (i) 'Listeners Research' including studies to ascertain reaction of audience to various programmes; (ii) Suspense provision required for purchase of spares/stores for maintenance purposes; and (iii) Interest on Plan budget Support.

3. **Departmental Canteens** : Provision under this head is for meeting establishment expenditure of departmental canteens under Doordarshan.

4. **Receipts:** Estimates of receipts are mainly on account of commercials over Television.

6. **Net transfer to/from Commercial Revenues Fund:**

6.01. **Transfer to Commercial Revenues Fund:** Provides for the amount transferable to Non-lapsable Fund.

6.02. **Transfer from Commercial Revenues Fund:** Provides for the expenditure to be met from this fund.

Capital Section

7.01. **Studios**: Covers expenditure on construction of TV studios, buildings, purchase of TV studio equipment and its installation.

7.02. **Transmitters**: Covers expenditure on construction of building to house the TV transmitters, purchase of transmitting equipment and its installations.

7.03. **Building and Equipment:** Provides for (i) expenditure required for Miscellaneous Works Schemes of Doordarshan and (ii) establishment expenditure like salaries, allowances, travel expenses and other expenditure on the staff exclusively deployed on construction/installation of capital projects.

7.04. **Transfer from Commercial Revenues Fund**: Provides for expenditure on capital account to be met from this fund.

7.05. **Other Expenditure**: Provides for expenditure required to be incurred on (i) purchase of tools and instruments for installation and other technical activities of offices of Zonal Chief Engineers of AIR which look after bringing up of TV projects and maintenance of TV installations and (ii) Purchase of stores materials and equipment for which payments are made under this head.

श्रम मंत्रालय MINISTRY OF LABOUR

मांग संख्या DEMAND No. 56

श्रम मंत्रालय Ministry Of Labour

(करोड़ रुपए)
(In crores of Rupees)

क. वसूलियों को घटाने के बाद, बजट आवंटन इस प्रकार है :
A. The Budget allocations, net of recoveries, are given below:

		मुख्य शीर्ष Major Head	बजट 1994-95 Budget आयोजना Plan	आयोजना-भिन्न Non-Plan	जोड़ Total	संशोधित 1994-95 Revised आयोजना Plan	आयोजना-भिन्न Non-Plan	जोड़ Total	बजट 1995-96 Budget आयोजना Plan	आयोजना-भिन्न Non-Plan	जोड़ Total
राजस्व	Revenue		111.00	420.20	531.20	94.45	422.80	517.25	114.04	416.76	530.80
पूंजी	Capital		...	...	...	...	...	...	...	...	...
जोड़	**Total**		**111.00**	**420.20**	**531.20**	**94.45**	**422.80**	**517.25**	**114.04**	**416.76**	**530.80**
1. सचिवालय-सामाजिक सेवाएं	1. Secretariat - Social Services	2251	...	5.42	5.42	...	5.00	5.00	...	5.40	5.40
श्रम और रोजगार	***Labour And Employment***										
श्रम	**Labour**										
2. अनुसंधान एवं सांख्यिकी	2. Research and Statistics	2230	5.79	2.22	8.01	5.79	2.22	8.01	6.46	2.10	8.56
3. औद्योगिक संबंध	3. Industrial Relations	2230	2.59	7.29	9.88	2.59	7.48	10.07	2.84	7.15	9.99
4. कार्य करने की परिस्थितियां और सुरक्षा	4. Working Conditions and Safety	2230	2.46	10.79	13.25	2.78	10.79	13.57	4.36	10.65	15.01
5. श्रमिक कल्याण योजनाएं	5. Labour Welfare Schemes	2230	...	29.47	29.47	...	30.80	30.80	...	30.80	30.80
		3601	...	4.45	4.45	...	5.50	5.50	...	5.50	5.50
		4250	...	0.21	0.21	...	0.20	0.20	...	0.20	0.20
		6250	...	0.77	0.77	...	0.90	0.90	...	0.90	0.90
जोड़		*Total*	...	*34.90*	*34.90*	...	*37.40*	*37.40*	...	*37.40*	*37.40*
6. श्रम कल्याण निधियों में / से निवल अन्तरण	*6. Net Transfer to/from Labour Welfare Funds*										
6.01 बीड़ी कामगार कल्याण कोष	6.01 Beedi Workers Welfare Fund										
तक	To	2230	...	18.00	18.00	...	18.00	18.00	...	18.00	18.00
से	From	2230	...	-15.61	-15.61	...	-16.50	-16.50	...	-16.50	-16.50
		3601	...	-4.45	-4.45	...	-5.50	-5.50	...	-5.50	-5.50
		4250	...	-0.21	-0.21	...	-0.20	-0.20	...	-0.20	-0.20
		6250	...	-0.58	-0.58	...	-0.71	-0.71	...	-0.71	-0.71
निवल		*Net*	...	*-2.85*	*-2.85*	...	*-4.91*	*-4.91*	...	*-4.91*	*-4.91*
6.02 अभ्रक खनन श्रम कल्याण कोष	6.02 Mica Mines Labour Welfare Fund										
तक	To	2230	...	2.00	2.00	...	2.00	2.00	...	2.00	2.00
से	From	2230	...	-2.00	-2.00	...	-2.10	-2.10	...	-2.10	-2.10
		6250	...	-0.01	-0.01	...	...	...	...	...	...
निवल		*Net*	...	*-0.01*	*-0.01*	...	*-0.10*	*-0.10*	...	*-0.10*	*-0.10*
6.03 लौह अयस्क खान मैंगनीज अयस्क खान क्रोम अयस्क खान श्रम कल्याण कोष	6.03 Iron Ore Mines, Manganese Ore Mines Chrome Ore Mines Labour Welfare Fund										
तक	To	2230	...	7.50	7.50	...	10.00	10.00	...	10.50	10.50
से	From	2230	...	-7.13	-7.13	...	-7.20	-7.20	...	-7.20	-7.20
		6250	...	-0.04	-0.04	...	-0.05	-0.05	...	-0.05	-0.05
निवल		*Net*	...	*0.33*	*0.33*	...	*2.75*	*2.75*	...	*3.25*	*3.25*
6.04 चूनापत्थर और डोलोमाइट खान श्रम कल्याण कोष	6.04 Limestone and Dolomite Mines Labour Welfare Fund										
तक	To	2230	...	7.30	7.30	...	7.30	7.30	...	6.80	6.80
से	From	2230	...	-4.66	-4.66	...	-4.90	-4.90	...	-4.90	-4.90
		6250	...	-0.14	-0.14	...	-0.14	-0.14	...	-0.14	-0.14
निवल		*Net*	...	*2.50*	*2.50*	...	*2.26*	*2.26*	...	*1.76*	*1.76*
6.05 सिने कामगार कल्याण निधि	6.05 Cine Workers Welfare Fund										
तक	To	2230	...	0.10	0.10	...	0.10	0.10	...	0.10	0.10
से	From	2230	...	-0.07	-0.07	...	-0.10	-0.10	...	-0.10	-0.10
निवल		*Net*	...	*0.03*	*0.03*	...	...	...	...	...	...
जोड़		*Total*	...	*0.00*	*0.00*	...	...	...	...	...	...
श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा	**Social Security for Labour**										
7. कर्मचारी परिवार पेंशन योजना, 1971	7. Employees Family Pension Scheme, 1971	2230	...	291.50	291.50	...	291.00	291.00	...	290.00	290.00
8. औद्योगिक कामगारों के लिए जमा सबद्ध बीमा योजना	8. Deposit Linked Insurance Scheme for Industrial Workers	2230	...	31.70	31.70	...	32.00	32.00	...	31.00	31.00
9. असम में बागान कर्मचारियों के लिए परिवार पेंशन एवं-जीवन बीमा योजना और जमा संबद्ध बीमा योजना असम में चाय बागान कामगारों के लिए	9. Family Pension-cum-Life Insurance Scheme for Plantation Workers in Assam and Deposit link Insurance Scheme for Tea Plantation Workers in Assam	2230	...	4.90	4.90	...	5.00	5.00	...	5.00	5.00
जोड़-श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा	**Total- Social Security for Labour**		...	**328.10**	**328.10**	...	**328.00**	**328.00**	...	**326.00**	**326.00**
श्रमिक शिक्षा	**Labour Education**										
10. केन्द्रीय कर्मचारी शिक्षा बोर्ड	10. Central Board for Workers Education	2230	2.01	6.28	8.29	2.18	6.13	8.31	2.07	6.27	8.34
11. राष्ट्रीय श्रम संस्थान	11. National Labour Institute	2230	1.85	0.72	2.57	1.85	0.65	2.50	1.16	0.69	1.85
कुल-श्रम शिक्षा	**Total - Labour Education**		**3.86**	**7.00**	**10.86**	**4.03**	**6.78**	**10.81**	**3.23**	**6.96**	**10.19**

(करोड़ रुपए) (In crores of Rupees)

		मुख्य शीर्ष Major Head	बजट 1994-95 Budget आयोजना Plan	आयोजना-भिन्न Non-Plan	जोड़ Total	संशोधित 1994-95 Revised आयोजना Plan	आयोजना-भिन्न Non-Plan	जोड़ Total	बजट 1995-96 Budget आयोजना Plan	आयोजना-भिन्न Non-Plan	जोड़ Total
12. बंधुआ मजदूरों का पुनर्वास	12. Rehabilitation of Bonded Labour	2230	0.01	...	0.01	0.01	...	0.01	0.03	...	0.03
		3601	2.23	...	2.23	2.49	...	2.49	2.47	...	2.47
जोड़		*Total*	*2.24*	...	*2.24*	*2.50*	...	*2.50*	*2.50*	...	*2.50*
13. बाल/महिला श्रमिकों की कार्य-परिस्थिति में सुधार	13. Improvement in Working conditions of Child\ Women Labour	2230	4.55	...	4.55	4.61	...	4.61	34.90	...	34.90
14. अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग	14. International Cooperation	2230	...	3.03	3.03	...	3.08	3.08	...	3.00	3.00
15. अन्य मदें	15. Other items	2230	0.03	0.95	0.98	0.02	5.05	5.07	0.34	0.70	1.04
		3601	0.15	...	0.15	0.16	...	0.16	0.01	...	0.01
जोड़		*Total*	*0.18*	*0.95*	*1.13*	*0.18*	*5.05*	*5.23*	*0.35*	*0.70*	*1.05*
जोड़ - श्रम	**Total - Labour**		**21.67**	**394.28**	**415.95**	**22.48**	**400.80**	**423.28**	**54.64**	**393.96**	**448.60**
रोजगार और प्रशिक्षण	**Employment and Training**										
16. रोजगार	16. Employment	2230	1.01	6.90	7.91	1.01	6.00	7.01	1.09	6.10	7.19
		3601	1.11	...	1.11	1.11	...	1.11	1.12	...	1.12
जोड़		*Total*	*2.12*	*6.90*	*9.02*	*2.12*	*6.00*	*8.12*	*2.21*	*6.10*	*8.31*
17. प्रशिक्षण	*17. Training*										
17.01 उपस्कर आधुनिकीकरण स्कीम	17.01 Equipment Modernisation Scheme	2230	0.05	...	0.05	0.05	...	0.05	0.10	...	0.10
		3601	35.00	...	35.00	23.77	...	23.77	20.00	...	20.00
		3602	0.50	...	0.50	0.50	...	0.50	0.50	...	0.50
जोड़		*Total*	*35.55*	...	*35.55*	*24.32*	...	*24.32*	*20.60*	...	*20.60*
17.02 आई.टी.आई में नए व्यवसाय	17.02 New Trades in I.T.I s	2230	0.07	...	0.07	0.07	...	0.07	0.07	...	0.07
		3601	8.00	...	8.00	6.00	...	6.00	3.30	...	3.30
		3602	0.37	...	0.37	0.37	...	0.37	0.30	...	0.30
जोड़		*Total*	*8.44*	...	*8.44*	*6.44*	...	*6.44*	*3.67*	...	*3.67*
17.03 नए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान/महिलाओं के लिए स्कन्ध	17.03 New I.T.I s\Wings for Women	3601	5.50	...	5.50	5.50	...	5.50	5.50	...	5.50
17.04 उच्च प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण	17.04 Hi-Tech Training	2230	6.48	...	6.48	6.48	...	6.48	2.50	...	2.50
		3601	2.00	...	2.00	2.00	...	2.00	0.50	...	0.50
जोड़		*Total*	*8.48*	...	*8.48*	*8.48*	...	*8.48*	*3.00*	...	*3.00*
17.05 अन्य स्कीमें	17.05 Other Schemes	2230	15.44	12.90	28.34	14.44	10.30	24.74	16.28	10.60	26.88
		3601	12.50	...	12.50	9.50	...	9.50	7.20	...	7.20
		3602	0.98	...	0.98	0.98	...	0.98	0.60	...	0.60
जोड़		*Total*	*28.92*	*12.90*	*41.82*	*24.92*	*10.30*	*35.22*	*24.08*	*10.60*	*34.68*
जोड़-प्रशिक्षण	**Total - Training**		**86.89**	**12.90**	**99.79**	**69.66**	**10.30**	**79.96**	**56.85**	**10.60**	**67.45**
18. राष्ट्रीय नवीकरण निधि से पूरित व्यय	*18. Expenditure met from National Renewal Fund*										
18.01 विवेकपूर्ण श्रम को परामर्श और पुनः प्रशिक्षण	18.01 Counselling and Retraining of rationalised Labour	2230	0.40	...	0.40	0.11	...	0.11	...	...	...
		3601	1.03	...	1.03	0.26	...	0.26	...	...	...
		3602	0.07	...	0.07	0.02	...	0.02	...	...	...
जोड़		*Total*	*1.50*	...	*1.50*	*0.39*	...	*0.39*	...	...	...
18.02 राष्ट्रीय नवीकरण निधि से पूरित व्यय-घटाइए	18.02 Deduct expenditure met from NRF	2230	-0.40	...	-0.40	-0.11	...	-0.11	...	...	...
		3601	-1.03	...	-1.03	-0.26	...	-0.26	...	...	...
		3602	-0.07	...	-0.07	-0.02	...	-0.02	...	...	...
जोड़		*Total*	*-1.50*	...	*-1.50*	*-0.39*	...	*-0.39*	...	...	...
निवल		*Net*	...	...	...	...	...	...	...	...	...
जोड़-रोजगार और प्रशिक्षण	**Total - Employment and Training**		**89.01**	**19.80**	**108.81**	**71.78**	**16.30**	**88.08**	**59.06**	**16.70**	**75.76**
जोड़-श्रम और रोजगार	**Total - Labour and Employment**		**110.68**	**414.08**	**524.76**	**94.26**	**417.10**	**511.36**	**113.70**	**410.66**	**524.36**
19. अनु.जा.,अनु. जन जाति व अन्य पिछड़े वर्गों का कल्याण	19. Welfare of SC , STand other Backward Classes	2225	0.32	0.70	1.02	0.19	0.70	0.89	0.34	0.70	1.04
20. सहायता सामग्री और उपस्कर-सकल	20. Aid Material & Equipments - Gross	3606	...	0.50	0.50	...	0.34	0.34	...	0.70	0.70
घटाइये - कार्यात्मक मुख्य शीर्षों को अंतरण	*Deduct - Transfer to Functional Major Heads*	*3606*	...	*-0.50*	*-0.50*	...	*-0.34*	*-0.34*	...	*-0.70*	*-0.70*
सहायता सामग्री और उपस्कर *निवल*	Aid Material & Equipments	*Net*	...	...	...	...	...	...	...	...	...
कुल जोड़	***Grand Total***		***111.00***	***420.20***	***531.20***	***94.45***	***422.80***	***517.25***	***114.04***	***416.76***	***530.80***

ग. आयोजना परिव्यय* **C. Plan Outlay***

		विकास शीर्ष Head of Dev.	बजट समर्थन Budget Support	आ.ब.बा.सं. IEBR	जोड़ Total	बजट समर्थन Budget Support	आ.ब.बा.सं. IEBR	जोड़ Total	बजट समर्थन Budget Support	आ.ब.बा.सं. IEBR	जोड़ Total
1. श्रम और रोजगार	1. Labour and Employment	22230	125.68	...	125.68	99.86	...	99.86	135.66	...	135.66
2. अनु. जाति, अनु. जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों का कल्याण	2. Welfare of SC, ST& other Backward Classes	22225	0.32	...	0.32	0.19	...	0.19	0.34	...	0.34
जोड़		*Total*	126.00	...	126.00	100.05	...	100.05	136.00	...	136.00

*इसमें शहरी विकास मंत्रालय की माग में निर्माण कार्य परिव्यय के लिए की गई व्यवस्था शामिल है।

** Inclusive of Works outlay provided in the Demands of the Ministry of Urban Development*

मांग संख्या 79	Demand No. 80	4.60	...	4.60	1.26	...	1.26	5.40	...	5.40
मांग संख्या 80	Demand No. 81	10.40	...	10.40	4.34	...	4.34	16.56	...	16.56
जोड़	Total	**15.00**	...	**15.00**	**5.60**	...	**5.60**	**21.96**	...	**21.96**

1. **सचिवालय - सामाजिक सेवाएं** - इसके अन्तर्गत मंत्रालय के व्यय की व्यवस्था की गई है।

2. **अनुसंधान एवं सांख्यिकी** - इसके अन्तर्गत श्रम के विभिन्न विषयों के बारे में आंकड़ों का एकत्रीकरण एवं उनका प्रकाशन, जांच पड़ताल करने, सर्वेक्षण करने और अनुसंधान विषयक अध्ययन करने की व्यवस्था की गई है।

3. **औद्योगिक संबंध** - इसके अंतर्गत निम्नलिखित के लिए व्यवस्था की गई है। सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में औद्योगिक संबंधों को सुधारने, श्रम कानूनों, औद्योगिक संबंधों, कार्मिक नीतियों और प्रथाओं आदि के कार्यान्वयन का मूल्यांकन संबंधी अध्ययन करने के लिये काम की अन्य शर्तों व मजदूरी को नियमित करने के संबंध में निर्धारित आचार संहिता वाले समझौते, पंचाटों, श्रम कानूनों के शीघ्र कार्यान्वयन और सामंजस्यपूर्ण औद्योगिक संबंधों को प्रोत्साहित करने से संबंधित खर्च।

4. **कार्य करने की परिस्थितियां और सुरक्षा** - इसके अंतर्गत फैक्टरी सलाह सेवा महानिदेशालय और श्रमिक संस्थाओं के लिए व्यवस्था है जो गोदी कामगारों और फैक्टरी कामगारों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण के मामले में संयुक्त रूप से जिम्मेदार है। खान सुरक्षा महानिदेशालय के लिए भी व्यवस्था की गई है जो कि कोयला तथा कोयला-भिन्न खानों और तेल क्षेत्रों के कामगारों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य करने की परिस्थितियों के लिए जिम्मेदार है।

5. **श्रमिक कल्याण योजनाएं** - इसके अंतर्गत बीड़ी कामगारों, अभ्रक खानों, लोहा, क्रोम, मैंगनीज अयस्क खानों (कोयला खान के कामगारों को छोड़कर) चूने और डोलोमाइट खानों में काम कर रहे श्रमिकों और सिनेमा कामगार कल्याण योजनाओं के लिए प्रावधान रखा गया है। खर्च को संबंधित श्रम कल्याण अधिनियमों के तहत लगाए गए और वसूल किए गए उपकरों से पूरा किया जाता है, जिन्हें सरकारी खाते की आरक्षित निधि में अन्तरित कर दिया जाता है।

6. **श्रम कल्याण निधियों को / से निवल अंतरण** - यह विभिन्न कल्याण निधियों को उन करों की अंतरित राशि और इन निधियों में से किये गये कल्याण व्यय के अंतर को दर्शाता है।

7. **कर्मचारी परिवार पेंशन योजना, 1971** - इस योजना में कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के अन्तर्गत परिवार पेंशन और जीवन बीमा लाभों के लिए व्यवस्था की गई है। यह अनिवार्यतः सभी बीमा लाभभोगियों पर लागू होती है। यह उन सभी कर्मचारियों के लिए अनिवार्य है जो पहली मार्च, 1971 को तथा उसके पश्चात् भविष्य निधि के सदस्य बने है और यह उन सब लोगों के लिए वैकल्पिक होगा जो उस तारीख से पहले भविष्य निधि के सदस्य बने है। इस योजना का वित्तपोषण कर्मचारियों द्वारा भविष्य निधि में किए गए अंशदान में से उनके वेतन के $1\text{-}^1/_6$ प्रतिशत भाग को लेकर किया जाता है और निधि सदस्यों के वेतन के $1\text{-}^1/_6$ प्रतिशत पर इतना ही भविष्य निधि अंशदानों में नियोजक के भाग से लिया जाता है। इस व्यवस्था से योजना में केन्द्रीय सरकार के अंशदान और प्रशासनिक प्रभारों की प्रतिपूर्ति का वित्तपोषण होता है।

8. **औद्योगिक कामगारों के लिए जमा से जुड़ी हुई बीमा योजना** - यह प्रावधान कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के अन्तर्गत कर्मचारियों के लिए जमा से जुड़ी योजना, 1976 में केन्द्रीय सरकार के अंशदान और प्रशासनिक प्रभारों की प्रतिपूर्ति के लिए है।

9. **असम में बागान कामगारों के लिए कर्मचारी परिवार पेंशन एवं जीवन बीमा योजना** - यह योजना असम राज्य सरकार के माध्यम से असम के उन बागान कामगारों के लिए प्रशासित की जाती है जो असम चाय बागान द्वारा नियमित किए जाते हैं। इन पर भविष्य निधि और परिवार पेंशन तथा कर्मचारी जमा सयोंजन बीमा अधिनियम असम सरकार द्वारा लागू किया जाता है। इस प्रावधान में योजना के लिए केन्द्र सरकार के योगदान और प्रशासनिक प्रभारों की प्रतिपूर्ति की व्यवस्था है।

10. **केन्द्रीय कर्मचारी शिक्षा बोर्ड** - भारत सरकार द्वारा वर्ष 1958 में एक त्रिपक्षीय समिति के रूप में स्थापित केन्द्रीय कर्मचारी शिक्षा बोर्ड वर्ष 1957 में आयोजित पन्द्रहवें सम्मेलन की सिफारिशों का अनुपालन करते हुए कर्मचारियों की शिक्षा संबंधी गतिविधियों की जिम्मेदारी निभाता है।

1. **Secretariat - Social Services** - Provides for expenditure on secretariat of the Ministry.

2. **Research & Statistics** - Provides for collection and publication of statistics, conducting enquiries, surveys and research studies on various labour subjects.

3. **Industrial Relations** - Provides for expenditure incurred in connection with promotion of harmonious industrial relations and speedy implementation of labour laws, awards and agreements, laying down code of discipline etc. for improving industrial relations to regulate wages and other conditions of work and for conducting evaluatory studies of implementation of labour laws, industrial relations, personnel policies and practices etc. in public sector undertakings.

4. **Working Conditions and Safety** - Provides for Directorate General, Factory Advice Service and Labour Institutes which together are responsible for the safety, health and welfare of the dock workers and factory workers. Provision is also included for Directorate General of Mines Safety, who is responsible for the safety, health and working conditions of workers in coal and non-coal mines and oil fields.

5. **Labour Welfare Schemes** - Provides for schemes for welfare of Beedi Workers, labour working in Mica Mines, Iron, chrome, Manganese Ore Mines (excluding coal mines workers) Limestone and Dolomite Mines workers and Cine Workers. Expenditure is met out of cesses levied and collected under the respective Labour Welfare Acts, which are transferred to Reserve Funds in the Public Account.

6. **Net Transfer to/from Labour Welfare Funds** - Represents the difference between the transfer proceeds of cesses to various Labour Welfare Funds and the welfare expenditure met from these Funds.

7. **Employees Family Pension Scheme, 1971** - The scheme, under the Employees Provident Fund and Miscellaneous Provisions Act, 1952, provides for family pension and life assurance benefits. It is compulsorily applicable to all assurance benefits. It is compulsorily applicable to all employees who have become members of the Provident Fund on or after 1st March 1971 but is optional for those who had become members of the Provident Fund prior to that date. The scheme is financed by diverting 1-1/6 per cent of the pay of the employees from out of their share of contribution towards the Provident Fund, with an equal amount from the employers share of Provident Fund contributions at 1-1/6 per cent of the pay of the members of the Fund. The provision caters for Central Government's contribution to the Scheme as also for the reimbursement of administrative charges.

8. **Deposit Linked Insurance Scheme for Industrial Workers** - The provision represents Central Government's contribution to the Employees Deposit Linked Insurance Scheme, 1976, under the Employees Provident Fund and Miscellaneous Provisions Act, 1952, as also the provision for reimbursement of administrative charges.

9. **Employees Family Pension-cum-Life Assurance Scheme for Plantation Workers in Assam** - This scheme is administered through the State Government of Assam in respect of plantation workers in Assam, who are governed by the Assam Tea Plantation Provident Fund and Family Pension and Employees Deposit Linked Insurance Act administered by the Government of Assam. The provision caters for Central Government's contribution to the Scheme as also for the reimbursement of administrative charges.

10. **Central Board for Workers Education** - Central Board for Workers Education set up as a tripartite society by the Government of India in 1958 undertakes Workers Education activities in pursuance of the recommendations of the Fifteenth Indian Labour Conference held in 1957.

11. **राष्ट्रीय श्रमिक संस्थान** - 1972 में स्थापित राष्ट्रीय श्रमिक संस्थान समिति पंजीकरण अधिनियम के अन्तर्गत एक स्वायत्त निकाय है जो अनुसंधान सहित कार्य अनसंधान, शिक्षा और प्रशिक्षण, परामर्श, प्रकाशन आदि का कार्य करता है।

12. **बंधुआ मजदूरों का पुर्नवास** - यह योजना केन्द्र द्वारा प्रायोजित स्कीम है जो कि राज्यों /स्वैच्छिक एजेंसियों को बंधुआ मजदूरों का पता लगाने और उनके पुर्नवास से संबधित उनके कार्यक्रमों में सहायता देने के लिए है।

13. **बाल/महिला श्रमिकों की कार्य-परिस्थिति में सुधार लाना** - इसके अन्तर्गत बाल/महिला श्रमिकों के कल्याण से संबन्धित नीतियों और कार्यक्रमों को तैयार करने, उनका समन्वय करने और उन्हें क्रियान्वित करने के लिए व्यवस्था की गई है।

14. **अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग** - अन्तराष्ट्रीय सहयोग के कार्यों में अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर संगठन, अन्तर्राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ को वार्षिक चंदे की अदायगी करना और अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय तथा रोजगार संवर्द्धन संबधी एशियाई क्षेत्रीय दल को आवास तथा आधारभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए धनराशि जुटाना शामिल है।

15. **अन्य मदें** - (1) ग्रामीण श्रमिकों का कल्याण - इस स्कीम के अन्तर्गत ग्रामीण श्रमिकों को स्वयं को संगठित करने और उनके कल्याण के लिए बनाये गये कानूनों के बारे में उनको जानकारी देने के लिए प्रेरित करने का लक्ष्य रखा गया है।

(2) अप्रवासी श्रमिकों का कल्याण - विदेशों में रोजगार की भर्ती को विनियमित करने, कार्य और रहन-सहन सम्बन्धी उचित परिस्थितियां सुनिश्चित करने तथा भर्ती करने वाले एजेंटों के अनाचारों पर रोक लगाने के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना करना।

(3) प्रवर्तन मशीनरी को सुदृढ़ बनाना और युद्ध में घायल कर्मचारियों तथा नागरिकों को पेंशन/मुआवजे की अदायगी।

(4) गुट-निरपेक्ष एवं विकासशील देशों के श्रम-मंत्रियों के पांचवे अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करना।

(5) अनुसंधान/शैक्षिक संस्थाओं को सहायता-अनुदान।

16. **रोजगार** - इस योजना में मुख्य रूप से रोजगार बाजार सूचना कार्यक्रम, व्यावसायिक मार्ग दर्शन और रोजगार संबंधी परामर्श, शिक्षा एवं मार्गदर्शन केन्द्रों के माध्यम से कुछ चुनिंदा श्रेणियों को रोजगार संबधी सहायता, अपंगों के लिए व्यावसायिक पुर्नवास केन्द्र तथा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण रोजगार सेवाएं शामिल है।

17. **प्रशिक्षण**

1. (क) निम्नस्थ (ख) से भिन्न बुनियादी तथा विशेष उत्पाद शुल्क	1. (a) Basic and Special Excise Duties other than (b) below	30415.81	30693.50	35588.90
(ख) वस्त्रों तथा वस्त्रों से संबंधित सामग्री पर अतिरिक्त शुल्क	(b) Additional duties on textiles and textile article	493.65	483.55	554.95
जोड़	**Total**	**30909.46**	**31177.05**	**36143.85**
2. बिक्री-कर के बदले अतिरिक्त उत्पाद शुल्क	2. Additional Excise Duties in lieu of sales tax	**2700.76**	**2673.05**	**2980.05**
3. निम्न द्वारा प्रशासित निर्धारित उपकर :	3. Earmarked Cesses Administered by :-			
(क) राजस्व विभाग	(a) Revenue Department	2920.63	2882.25	3455.30
(ख) अन्य	(b) Others	169.15	167.65	200.80
जोड़ (1+2+3)	***Total (1+2+3)***	***36700.00***	***36900.00***	***42780.00***

वर्ष 1993-94 के वास्तविक आकड़ों के लिए, वर्ष 1994-95 के बजट और संशोधित अनुमानों के लिए और वर्ष 1995-96 के बजट अनुमानों के संबंध में संघ उत्पाद शुल्कों से प्राप्त राजस्व का वस्तुवार ब्यौरा *अनुबन्ध 2* में दिया गया है ।

बुनियादी और विशेष उत्पाद शुल्कों के 30415.81 करोड़ रुपए के मूल अनुमानों की तुलना में, संशोधित अनुमान को 30963.50 करोड़ रुपए आंका गया है। 277.69 करोड़ रुपये की प्रत्याशित वृद्धि मुख्यतः पैट्रोलियम उत्पादों, लोहे तथा इस्पात, रसायनों, सूती तागे तथा वस्त्र, मोटर वाहनों, मानवनिर्मित वस्त्रों, कागज तथा पेपर बोर्डों, इत्यादि से उच्च राजस्व प्राप्ति के कारण है। अनुमानित राजस्व प्राप्ति में इस वृद्धि से मानव निर्मित रेशों तथा तागों, प्लास्टिक, सिगरेट, सीमेंट इत्यादि से राजस्व प्राप्ति की प्रत्याशित गिरावट के पूर्णतया प्रति-संतुलित होने की सम्भावना है।

1994-95 के संशोधित अनुमान की तुलना में 1995-96 के बजट अनुमान में मूल उत्पाद शुल्कों मे 4895.40 करोड़ रु. की वृद्धि मुख्यतया लौह धातुओं, हस्त-निर्मित रेशे और यार्न, प्लास्टिक, मोटर वाहन, रसायन, कच्चे तेल पर उपकर, मशीनरी, रबर उत्पादों, वस्त्रों आदि से होने वाली प्रत्याशित उच्च उत्पाद शुल्क राजस्व वसूली के कारण है ।

मूल अनुमान में 2700.76 करोड़ रुपए की तुलना में 1994-95 के संशोधित अनुमान मे, बिक्री करके बदले अतिरिक्त उत्पाद-शुल्क से प्राप्तिया 2673.05 करोड़ रुपए आंकी गई हैं । 1995-96 का बजट अनुमान 2980.05 करोड़ रुपए आंका गया है ।

सेवाएं :

वित्त अधिनियम, 1994 के तहत तीन सेवाओं अर्थात दूरभाष, बीमा तथा स्टॉक ब्रोकरों की सेवाओं पर सेवा कर लगाया गया था। सेवाकर 1 जुलाई, 1994 से प्रभावी किया गया। 600 करोड़ रुपये मूल अनुमान की तुलना में 1994-95 के दौरान प्राप्तियां 375 करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया गया है। 1995-96 के दौरान प्राप्तियां 600 करोड़ रुपये होने की आशा है। अनुमानों का ब्यौरा निम्न प्रकार है:-

The commodity-wise details of revenue from Union Excise Duties for actuals of 1993-94, Budget and Revised Estimates of 1994-95 as well as the Budget Estimates of 1995-96 are given in *Annexure 2*.

As against the original estimate of basic excise duties of Rs. 30415.81 crores, the revised estimate has been placed at Rs.30693.50 crores. The anticipated increase of Rs. 277.69 crores is mainly on account of higher revene realisation from petroleum products, iron & steel, chemicals, cotton yarn & fabrics, motor vehicles, man-made fabrics, paper & paperboard, etc. This increase in estimated revenue realisation is likely to more than off set the expected decrease revenue from man-made fibres and yarns, plastics, cigarettes, cement, etc.

The increase of Rs. 4895.40 crores in basic excise duties in Budget Estimate for 1995-96 as compared to the Revised Estimate of 1994-95 is mainly on account of expected higher excise revenue realisation from ferrous metals, man-made fibres & yarns, plastics, motor vehicles, chemicals, cess on crude oil, machinery, rubber products, fabrics, etc.

The receipts from Additional Excise Duties in lieu of Sales Tax are placed at Rs. 2673.05 crores in the Revised Estimate for 1994-95 as against Rs.2700.76 crores in the original estimate. The Budget Estimate for 1995-96 is placed at Rs.2980.05 crores.

Services:

The service tax was imposed on the three services of telephones, insurance and stock brokers under the Finance Act, 1994. The service tax was brought into effect from 1st July, 1994. The receipts during 1994-95 are estimated at Rs. 375 crores as against the original estimate of Rs. 600 crores. The receipts in 1995-96 are expected to be Rs. 600 crores. The following is the break up of the estimates :

(करोड़ रुपए) (In crores of Rupees)

			बजट Budget 1994-95	संशोधित Revised 1994-95	बजट Budget 1995-96
(i)	टेलीफोन	Telephones	300.00	200.00	300.00
(ii)	बीमा	Insurance	230.00	145.00	230.00
(iii)	दलाली	Brokerage	70.00	30.00	70.00
	जोड़	**TOTAL**	**600.00**	**375.00**	**600.00**

केन्द्र और राज्यों में संघ उत्पाद शुल्कों का वितरण:

संविधान के अनुच्छेद 272 के अन्तर्गत, संघ उत्पाद शुल्कों की निवल प्राप्तियों के एक भाग की अदायगी तथा राज्यों के बीच उनके वितरण के लिए इस प्रयोजन हेतु बनाए गए कानून के अनुरूप व्यवस्था की गई है । तथापि, अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (वस्त्र तथा वस्त्र-सामग्री) अधिनियम, 1978 के अन्तर्गत वस्त्रों तथा वस्त्रों से संबंधित सामग्री पर लागू अतिरिक्त शुल्कों से प्राप्तिया उक्त अधिनियम की धारा 3(2) के अनुसार राज्यों के बीच बांटी नही जा सकती । इसी प्रकार, निर्धारित उपकरों से प्राप्त राशि भी राज्यों में नहीं बांटी जा सकती।

संघ उत्पाद शुल्क (वितरण) संशोधन अधिनियम 1990 के अंतर्गत जिसमें नौवें वित्त आयोग की दूसरी रिपोर्ट में की गई सिफारिशों के आधार पर, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क तथा नमक अधिनियम, 1944 के अन्तर्गत और ऐसे ही शुल्क को आरोपित करने के लिए तथा एकत्रित करने के लिए लागू किसी अन्य कानून के अन्तर्गत आरोपित एवं संग्रहीत संघ उत्पाद शुल्कों की निवल प्राप्तियों की रकम के 45 प्रतिशत अंश को राज्यों को 1990-91 से 1994-95 तक प्रत्येक वित्तीय वर्ष के दौरान आयोग द्वारा निर्धारित प्रतिशतताओं के आधार पर दिया जाना है । प्रतिशतता के आधार पर प्रत्येक राज्य का हिस्सा अनुबंध-3 में दिया गया है ।

दसवें वित्त आयोग ने 1995-2000 के लिए अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की है कि केन्द्रीय उत्पाद शुल्क की विभाज्य निवल प्राप्तियों में राज्यों का हिस्सा 47.5 प्रतिशत होगा जो आयोग द्वारा 1995-96 से 2000 तक के 5 वर्षों के प्रत्येक वर्ष के लिए निर्धारित प्रतिशत हिस्से के आधार पर संवितरित किया जाएगा। विभाज्य उत्पाद शुल्क की निवल आय का 40 प्रतिशत भाग आयोग द्वारा निर्धारित प्रतिशत के आधार पर सभी राज्यों मे संवितरित किया जाएगा जब कि शेष 7.5 प्रतिशत भाग आयोग द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित प्रतिशतता के आधार पर घाटे वाले राज्यों में संवितरित किया जाएगा। प्रतिशतता के आधार पर 1995-96 के लिए राज्यों के लिए तैयार किए गए हिस्सों का ब्यौरा अनुबंध-3 में दिया गया है। सरकार ने दसवें वित्त आयोग की सिफारिशों

Distribution of Union Excise Duties between Centre and States:

Article 272 of the Constitution provides for sharing a part of net proceeds of Union Excise Duties and their distribution among the States in accordance with law enacted for the purpose. However, the receipts from additional duties on textiles and textile articles levied under the Additional Duties of Excise (Textiles and Textile Articles) Act, 1978 are, in terms of Section 3(2) of the said Act, not distributable among the States. Similarly, the receipts from earmarked cesses are also not shareable with States.

Under the Union Duties of Excise (Distribution) Amendment Act, 1990 based on the recommendations made in the Second Report of the Ninth Finance Commission, 45 per cent of the net proceeds of Union duties of excise levied and collected under the Central Excise and Salt Act, 1944, and any other law for the levy and collection of such duty, excluding cesses levied under special Acts and earmarked for specific purposes, are to be paid to the States and distributed among them during each of the financial year 1990-91 to 1994-95 on the basis of the percentage prescribed by the Commission. The percentage share of each State has been given in Annexure-3.

The Tenth Finance Commission in its Report for 1995-2000 has recommended that the States' share in the net proceeds of shareable Union Excise Duties shall be 47.5% which shall be distributed among the States on the basis of the percentage shares prescribed by the Commission in each of the 5 years 1995-96 to 1999-2000. While 40% of the net proceeds of shareable Excise Duties will be distributed among all the States on the basis of percentages prescribed by the Commission, the balance 7.5% will be distributed among the deficit States in accordance with a separate set of percentages prescribed by the Commission for each of the financial year. The percentage shares on which the States' share for 1995-96 has been worked out are given in

को स्वीकार कर लिया है।

अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (विशेष महत्व की सामग्री) अधिनियम 1957 में चीनी, तम्बाकू, सूती वस्त्रों ऊन के तथा हाथ से बने कपड़ों पर अतिरिक्त शुल्क आरोपित किए जाने और उसे एकत्रित किए जाने की व्यवस्था है। यह शुल्क केन्द्रीय उत्पाद शुल्क तथा नमक अधिनियम, 1944 अथवा तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य कानून के अन्तर्गत देय शुल्कों के अतिरिक्त है और राज्यों की सरकारों के साथ सहमति से किए गए निर्णय के अनुसार बिक्री कर को प्रतिस्थापित करता है जिसे राज्य इन वस्तुओं पर अन्यथा आरोपित करते हैं। संघ राज्य क्षेत्रों को प्राप्तव्य राशियों को छोड़कर अतिरिक्त उत्पाद शुल्कों से प्राप्त होने वाली समग्र धनराशियां राज्यों के बीच बांट दी जाती है। अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (विशेष महत्व की सामग्री) संशोधन अधिनियम, 1990 में जो कि नौवें वित्त आयोग की दूसरी रिपोर्ट में की गई सिफारिशों के आधार पर अधिनियमित किया गया था, विभिन्न राज्यों को 1990-91 से 1994-95 तक प्रत्येक वित्तीय वर्ष में निवल प्राप्तियों से उनके 1.903 प्रतिशत के बराबर की रकम घटाकर जो कि संघ राज्य क्षेत्रों को प्राप्त होती है, अदा की जाने वाली निवल प्राप्तियां प्रतिशततताएं निर्धारित की गई है। प्रत्येक राज्य का प्रतिशत हिस्सा अनुबंध 3 में दिया गया है।

दसवें वित्त आयोग ने 1995-2000 के लिए अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की है कि अतिरिक्त उत्पाद शुल्क की निवल आय में से केन्द्रीय सरकार 2.203 प्रतिशत के बराबर की धनराशि संघ राज्य क्षेत्रों के लिए रख सकती है तथा शेष राशि को राज्यों के बीच आयोग द्वारा निर्धारित प्रतिशतता के अनुसार संवितरित किया जा सकता है, जिसका ब्यौरा अनुबंध 3 में दिया गया है। उत्पाद शुल्कों का यह विभाजन इस शर्त के अधीन रहेगा कि यदि किसी वित्तीय वर्ष में उस राज्य के किसी भी कानून के द्वारा अथवा अंतर्गत इन वस्तुओं में से किसी भी वस्तु की बिक्री या उसकी खरीद पर किसी भी राज्य में कोई कर आरोपित किया जाएगा अथवा एकत्रित किया जाएगा, तो जब तक केन्द्रीय सरकार विशेष आदेश जारी करके अन्यथा निर्देश न दे तब तक उस वित्तीय वर्ष के दौरान उस राज्य को उस वस्तु के संबंध में कोई धनराशि अदा नहीं की जाएगी।

नवें और दसवें वित्त आयोगों की सिफारिशों के आधार पर 1994-95 के संशोधित अनुमानों तथा 1995-96 के बजट अनुमानों के लिए संघ राज्य उत्पाद शुल्कों तथा बिक्री कर के बदले आरोपित अतिरिक्त उत्पाद शुल्कों में राज्यों का हिस्सा उपर्युक्त आधार पर निर्धारित किया गया है।

राज्यों को देय अंश का अनुमान नीचे दी गई सारणी में दिखाया गया है:-

Annexure 3. The recommendations of the Tenth Finance Commission have been accepted by the Government.

The Additional Duties of Excise (Goods of Special Importance) Act, 1957 provides for the levy and collection of additional duties on sugar, tobacco, cotton fabrics, woollen fabrics and man-made fabrics. This duty is in addition to the duties payable under the Central Excises and Salt Act, 1944 or under any other law for the time being in force, and had replaced, by agreement with the State Governments, the sales tax otherwise levied by the States on these commodities. The entire proceeds of the additional excise duties, other than the proceeds attributable to Union territories, are distributable among the States. Additional Duties of Excise (Goods of Special Importance) Amendment Act, 1990 based on the recommendations made in the Second Report of the Ninth Finance Commission prescribes the percentages of net proceeds to be paid to various States during each of the financial years 1990-91 to 1994-95, after deducting a sum equal to 1.903 per cent of the net proceeds as being attributable to Union territories. The percentage share of each State is shown in *Annexure 3.*

The Tenth Finance Commission in its Report for 1995-2000 have recommended that out of the net proceeds of Additional Duties of Excise, a sum equal to 2.203 per cent be retained by the Central Government as attributable to Union Territories and the balance should be distributed amongst States in accordance with the percentage prescribed by the Commission which have been indicated in Annexure 3. The sharing would be subject to the condition that if during any financial year, there is levied and collected in any State, a tax on the sale or purchase of any of these commodities by or under any law of that State, no sums shall be payable to that State in respect of that commodity in respect of that financial year unless the Central Government by special order otherwise directs.

The States' share of Union Excise Duties and Additional Excise Duties in lieu of Sales tax has been worked out on the above basis for Revised Estimates 1994-95 and Budget Estimates 1995-96 i.e. on the basis of the recommendations of Ninth and Tenth Finance Commissions, respectively.

The estimate of share payable to States is shown in the following table:-

(करोड़ रुपए) (In crores of Rupees)

			बजट Budget 1994-95	संशोधित Revised 1994-95	बजट Budget 1995-96
(क) बुनियादी(विशेष उत्पाद शुल्क सहित)	(a)	Basic (including Special Excise Duties)			
जोड़-संग्रह (वापसी घटाकर)		**TOTAL**-Collections (net of refunds)	30415.81	30693.50	35588.90
घटाइए		***Less***			
-विविध प्राप्तियां		-Miscellaneous receipts	-73.38	-80.00	-92.00
-संग्रह की लागत		-Cost of collection	-212.22	-215.40	-217.01
निवल प्राप्तियां		Net proceeds	30130.21	30398.10	35279.89
राज्यों का अंश (वर्ष 1994-95 के लिए 45 प्रतिशत और वर्ष 1995-96 के लिए 47.5 प्रतिशत) (क)		**States' share (45% for 1994-95 and 47.5% for 1995-96) (A)**	**13558.59**	**13679.14**	**16757.95**
(ख) बिक्री कर के बदले में अतिरिक्त उत्पाद शुल्क	(b)	Additional Excise Duties in lieu of sales tax			
जोड़-संग्रह (वापसी घटाकर)		**Total**-Collections (net of refunds)	**2700.76**	**2673.05**	**2980.05**
घटाइए– संग्रह की लागत		Deduct-Cost of collection	-18.84	-18.76	-18.17
निवल प्राप्तियां		Net proceeds	2681.92	2654.29	2961.88
घटाइए-संघ राज्य क्षेत्रों का अंश (वर्ष 1994-95 के लिए 1.903 प्रतिशत और वर्ष 1995-96 के लिए 2.203 प्रतिशत)		Deduct-Share of Union Territories (1.903% for 1994-95 and 2.203% for 1995-96)	-51.04	-50.52	-65.25
राज्यों का अंश (ख)		**States' share (B)**	**2630.88**	**2603.77**	**2896.63**
जोड़-संघ उत्पाद शुल्क में राज्यों का अंश (अर्थात् (क) + (ख)		**Total--States' share of Union Excise Duties i.e.(A) + (B)**	**16189.47**	**16282.91**	**19654.58**

प्रत्येक राज्य को देय राशि के अंश का विवरण अनुबन्ध 4 में दिया गया है ।

The amount of share of each State is given in *Annexure 4.*

संघ राज्य क्षेत्र के कर

विधान मंडल रहित संघ राज्य क्षेत्रों की प्राप्तियों का विस्तृत ब्यौरा निम्नलिखित है:-

TAXES OF UNION TERRITORIES

The receipts are in respect of Union territories without Legislature. Broad details are:-

(करोड़ रुपए) *(In crores of Rupees)*

		बजट Budget 1994-95	संशोधित Revised 1994-95	बजट Budget 1995-96
भू-राजस्व	Land Revenue	0.80	1.21	0.98
स्टाम्प और पंजीकरण	Stamps and Registration	8.80	8.90	8.92
राज्य उत्पाद शुल्क	State Excise Duties	57.50	58.29	61.58
बिक्री कर	Sales Tax	107.40	110.00	116.50
वाहनों पर कर	Taxes on Vehicles	5.22	5.37	5.58
सामान और यात्रियों पर कर	Taxes on goods and passengers	1.86	2.01	2.18
बिजली पर कर और शुल्क	Taxes and Duties on Electricity	3.50	3.50	3.60
अन्य कर और शुल्क	Other Taxes and Duties	1.32	1.44	1.57
जोड़	**Total**	**186.40**	**190.72**	**200.91**
घटाइए	**Less**			
संघ राज्य क्षेत्रों के करों और शुल्कों का स्थानीय निकायों को अंतरण	Transfer of Union Territory Taxes and Duties to Local Bodies	0.14	0.14	0.14
निवल-संघ राज्य क्षेत्रों के कर	Net-Taxes of Union Territories	186.26	190.58	200.77

अन्य कर और शुल्क

ब्यौरे निम्नानुसार है :

OTHER TAXES AND DUTIES

The details are as follows:-

		Budget 1994-95	Revised 1994-95	Budget 1995-96
(i) विदेशी यात्रा कर	(i) Foreign Travel Tax	110.00	120.00	125.00
(ii) अन्तर्देशीय हवाई यात्रा कर	(ii) Inland Air Travel Tax	150.00	280.00	280.00
जोड़	**Total**	**260.00**	**400.00**	**405.00**

(i) *विदेशी यात्रा कर योजना:-* यह योजना वित्त अधिनियम, 1971 के जरिए 15 अक्टूबर, 1971 को लागू की गई थी । योजना के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय यात्रा करने वाले प्रति यात्री पर 300/- रुपए की दर पर, कर लगाए जाने की व्यवस्था है । पड़ोसी देशों की यात्रा के संबंध में कर का दर 150/- रुपए है। इस प्रकार संग्रहित राशि में से, वापस की गई राशि को घटाकर, एक तिहाई प्रतिशत राशि वाहक को संग्रह प्रभारों के रूप में दे दी जाती है, जिसके लिए व्यय-बजट में व्यवस्था की गई है ।

(ii) *अन्तर्देशीय हवाई यात्रा कर* वित्त अधिनियम, 1989 के जरिए आरंभ किया गया था । यह कर कुल किराए के 15 प्रतिशत की दर पर प्रभारित होता है और विमान द्वारा देश के भीतर यात्रा करने वाले सभी यात्रियों द्वारा देय होता है । उत्तर-पूर्व, अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह और लक्षद्वीप में कुछ विशिष्ट मार्गों पर यात्राओं को इस कर से छूट-प्राप्त है। अन्य छूटें भी विद्यमान है यथा उन टिकटों पर भी लागू होती है जो अमरीकी डालरों में ली जाए । संग्रह और सरकारी खजाने में जमा किये गये संग्रहण का 5 प्रतिशत हिस्सा वाहकों को संग्रहण प्रभारों के रूप में अदा किया जाता है जिसके लिए व्यय बजट में व्यवस्था की गई है ।

वर्ष 1994-95 के दौरान अन्तर्देशीय हवाई यात्रा कर की जमाराशि में इसलिए भी वृद्धि हुई है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों के दौरान कुछ वाहक इस कर को नियमित रूप से जमा नहीं करवा रहे थे तथा वित्त अधिनियम, 1994 जिसके अंतर्गत बकाया राशि की वसूली के लिए कड़े प्रावधानों द्वारा कानूनी व्यवस्था में कुछ परिवर्तन किए गए हैं के फलस्वरूप अब उन वाहकों ने इस वित्तीय वर्ष में यह कर जमा करवा दिया है। दूसरा अन्य कारण यह भी है कि पहले इंडियन एयरलाइन्स को निर्धारित समय के बाद भी अन्तर्देशीय हवाई यात्रा कर की राशि जमा करवाने की अनुमति थी लेकिन अन्तर्देशीय हवाई यात्रा कर नियमों में संशोधन के पश्चात् यह छूट वापिस ले ली गई। इसके अतिरिक्त, इस वित्तीय वर्ष के दौरान वाहकों ने मूल किराए में वृद्धि की है जिसके परिणामस्वरूप अन्तर्देशीय हवाई यात्रा कर में वृद्धि हुई है।

(i) *Levy of Foreign Travel Tax* was introduced with effect from 15th October, 1971 through the Finance Act, 1971. The scheme provides for a levy of a tax at the rate of Rs. 300 for each passenger undertaking an international journey. (The rate of the tax is Rs. 150 for journeys to neighbouring countries). One third percent of the collections made, less refunds, is paid to the carriers as collection charges, provision for which is made in the Expenditure Budget.

(ii) *Inland Air Travel Tax* was introduced through the Finance Act, 1989. The tax is charged at a rate of 15% of the total fare and is payable by all passengers undertaking a domestic journey by air. Journeys on certain specified routes in the North East, Andaman & Nicobar Island and Lakshadweep Islands are exempt from the levy of the tax. Other exemptions also exist such as exemption when tickets is paid for in US dollar. 5% of the collections made and deposited in the Government Treasury is paid to the carriers as collections charges, provision for which is made in the Expenditure Budget.

The increase towards deposit of IATT during the year 1994-95 is on account of the fact that during the previous years some of the carriers were not depositing the IATT regularly which they have now deposited in this financial year due to certain changes in the legal provisions vide the Finance Act, 1994 which provides more strict provisions for recovery of dues. The other reason is that earlier, Indian Airlines was permitted to pay the IATT after the prescribed time, which relaxation was withdrawn after amendment of IATT Rules. Further, the carriers had also increased the basic fare in this financial year which has resulted in the increase of IATT.

कर-भिन्न राजस्व NON-TAX REVENUE

ब्याज प्राप्तियां, लाभांश और लाभ INTEREST RECEIPTS, DIVIDENDS AND PROFITS

इस भाग में केन्द्रीय सरकार द्वारा दिए जाने वाले ऋणों की ब्याज प्राप्तियों के अलावा, सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों से प्राप्त लाभांश और लाभों को शामिल किया गया है । इसमें केन्द्रीय सरकार को अन्तरित भारतीय रिजर्व बैंक के अतिरिक्त लाभ को भी शामिल किया गया है ।

मुख्य शीर्ष के अनुसार इसका ब्यौरा इस प्रकार है :-

Apart from receipts on account of interest on loans by the Central Government, this Section comprises dividends and profits from public sector enterprises. It also includes surplus profits of the Reserve Bank of India transferred to Government.

The details by major heads are: –

(करोड़ रुपए) (In crores of Rupees)

		बजट Budget 1994-95	संशोधित Revised 1994-95	बजट Budget 1995-96
(क) ब्याज प्राप्तियां	(a) Interest Receipts	15977.89	16234.52	18419.48
(ख) लाभांश और लाभ	(b) Dividends and Profits	2793.00	2721.19	2945.87
जोड़	**Total**	**18770.89**	**18955.71**	**21365.35**
(क) ब्याज प्राप्तियां	(a) Interest Receipts:			
(i) ऋणों पर ब्याज	(i) Interest on loans to-			
(क) राज्य	(a) States	11126.50	11342.96	13305.50
(ख) संघ राज्य क्षेत्र (विधान मंडल सहित)	(b) Union Territories (with Legislature)	36.15	36.54	42.30
(ग) रेलवे द्वारा देय ब्याज	(c) Interest payable by Railways	1372.00	1380.00	1371.16
(घ) दूर संचार द्वारा देय ब्याज	(d) Interest payable by Telecommunications	263.40	269.20	265.00
(ङ) अन्य ब्याज प्राप्तियां	(e) Other Interest receipts	3179.84	3205.82	3435.52
जोड़	**Total**	**15977.89**	**16234.52**	**18419.48**

(क) राज्यों को दिए गए ऋणों पर ब्याज

नौवें वित्त आयोग, सरकार द्वारा यथास्वीकृत, (वर्ष 1990-95 के लिए दूसरी रिपोर्ट) की सिफारिशों के अनुसार वर्ष 1984-89 के दौरान किए गए और 1989-90 के अन्त तक बकाया राज्य आयोजना ऋण, 15 वर्ष के लिए 9 प्रतिशत ब्याज की दर से समेकित कर दिए गए हैं । नौवें वित्त आयोग ने 1979 से पूर्व के समेकित ऋणों के संबंध में किसी परिवर्तन की सिफारिश नहीं की है । 1979 से पूर्व के ऋणों पर 4.75 प्रतिशत की दर से ब्याज लगता है, जबकि 1979-84 के दौरान दिए गए ऋणों पर, जिनको 15 से 30 वर्ष की अवधि के लिए समेकित किया गया था, 6 से लेकर 6.75 प्रतिशत तक की दरों से ब्याज लगता है ।

राज्य सरकारों को 1.4.1974 से पूर्व दिये गये अल्प बचत ऋणों पर 4.75 प्रतिशत की दर से ब्याज लगता है । पहली अगस्त 1974 से 31 मई, 1981 तक और 1.6.1981 से 31.5.1982 तक दिये गए ऋणों पर क्रमशः 6.25 प्रतिशत और 7.25 प्रतिशत की दर से ब्याज लगेगा । 1.6.1982 से 31.5.1983 तक दिए गए ऋणों पर 7.75 प्रतिशत की दर से ब्याज लगेगा और 1.6.1983 से 31.5.1984 तक दिए गए ऋणों पर 8.75 प्रतिशत की दर से ब्याज लगेगा । 1.6.1984 से ब्याज की दर 9.75 प्रतिशत और 1.6.1985 से 10.25 प्रतिशत है । 1.6.86 से 31.5.89 तक ऋणों पर 12 प्रतिशत की दर से ब्याज लगता था। 1.6.89 से 31.5.91 तक ऋणों पर ब्याज दर 13 प्रतिशत है । ब्याज की दर बढ़ाकर 1.6.91 से 13.5 प्रतिशत और 1.6.92 से 14.5 प्रतिशत, 1.6.93 से 15 प्रतिशत और 2.9.93 से 14.5 प्रतिशत कर दी गई है।

राज्यों को दिए गए अन्य आयोजना और आयोजना-भिन्न ऋणों पर 1.6.84 से 31.5.85 तक और 1.6.85 से 31.5.86 तक ब्याज की दर क्रमशः 7.50 प्रतिशत और 8 प्रतिशत थी । 1.6.86 से 31.5.87 तक के ऋणों पर 8.75 प्रतिशत की दर से ब्याज लगता था, जबकि 1.6.87 से 31.5.88 तक लिए गए ऋणों पर 9.25 प्रतिशत की दर से ब्याज लगा था। 1.6.88 से 31.5.90 तक लिए गए ऋणों पर 9.75 प्रतिशत ब्याज लगा था। 1.6.90 से 31.5.91 तक के ऋणों पर ब्याज की दर 10.25 प्रतिशत है। दिनांक 1.6.91 से ब्याज की दर बढ़ाकर 10.75 प्रतिशत और 1.6.92 से 11.75 प्रतिशत कर दी गई है। दिनांक 1.6.93 से ऋण पर ब्याज दर 12 प्रतिशत कर दी गई है।

वर्ष 1994-95 के संशोधित अनुमानों में राज्य सरकारों से 11342.96 करोड़ रुपए की ब्याज प्राप्तियां तथा 1995-96 के बजट अनुमानों में 13305.50 करोड़ रुपए की तुलना में 1994-95 के बजट अनुमानों में 11126.50 करोड़ रुपए की ब्याज प्राप्तियों का अनुमान लगाया गया है।

उपर्युक्त अनुमानों में, नौवें वित्त आयोग द्वारा वर्ष 1990-95 के लिए दूसरी रिपोर्ट में की गई और 1995-2000 के लिए दसवें वित्त आयोग की सिफारिशों के प्रभाव को हिसाब में लिया गया है ।

(ख) संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों को दिए गए ऋणों पर ब्याज

संघ राज्य क्षेत्र पांडिचेरी को दिए गए ऋणों पर 1994-95 के दौरान 36.54 करोड़ रुपए और 1995-96 के बजट अनुमानों में 42.30 करोड़ रुपए की ब्याज-प्राप्तियां होने का अनुमान है ।

(ग) रेलवे द्वारा दिया जाने वाला ब्याज

संसद की अनुक्रमिक रेलवे अभिसमय समिति की सिफारिशों के अनुसार रेलवे में लगी पूंजी पर, जिसका हिसाब वार्षिक आधार पर लगाया जाता है, रेलवे द्वारा ब्याज के एवज में सामान्य राजस्व को एक निश्चित लाभांश और थोड़ा सा अंशदान दिया जाता है । रेलवे अभिसमय समिति की अंतिम सिफारिशें आने तक, समिति की पांचवी रिपोर्ट, जिसे लोक सभा में 31.3.93 को स्वीकृत किया गया था, के आधार पर 1995-96 के अनुमान, 1994-95 के लिए स्वीकृत व्यवस्थाओं के आधार पर तैयार किए

(a) Interest on loans to States

In pursuance of the recommendations of the Ninth Finance Commission (Second Report for the period 1990-95) as accepted by the Government, the State Plan loans advanced to States during 1984-89 and outstanding as at the end of 1989-90 have been consolidated for 15 years with 9% rate of interest. The Ninth Finance Commission has not recommended any change in respect of the pre-1979 consolidated loans. The pre- 1979 consolidated loans carry rate of interest of 4.75 *per cent*, while those advanced during 1979-84 and consolidated for terms ranging from 15 years to 30 years carry interest at rates varying from 6 *per cent* to 6.75 *per cent*.

Small Savings loans given to the State Governments prior to 1.4.1974 carry effective rate of interest of 4.75 *per cent*. The loans from 1.8.74 to 31.5.81 and 1.6.81 to 31.5.82 carry interest at 6.25 *per cent* and 7.25 *per cent* respectively. The loans from 1.6.1982 to 31.5.83 carry interest at 7.75 *per cent* and those from 1.6.83 to 31.5.84 that of 8.75 *per cent*. The rate of interest from 1.6.84 is 9.75 *per cent* and from 1.6.85 it is 10.25 *per cent*. The loans from 1.6.86 to 31.5.89 carry interest at 12 per cent. The loans from 1.6.89 to 31.5.91 carry interest at 13 per cent. The rate has been revised to 13.5 per cent from 1.6.91 and 14.5 per cent from 1.6.92, 15 per cent from 1.6.93 and 14.5 per cent from 2.9.93.

The rate of interest on other plan and non-plan loans to States from 1.6.84 to 31.5.85 and 1.6.85 to 31.5.86 carry interest at 7.50 per cent and 8 per cent respectively. Loans from 1.6.86 to 31.5.87 carry interest at 8.75 per cent while loans from 1.6.87 to 31.5.88 carry interest at 9.25 per cent. Loans from 1.6.88 to 31.5.90 carry interest at 9.75 per cent. The loans from 1.6.90 to 31.5.91 carry interest at 10.25 per cent. The rate was raised to 10.75 per cent w.e.f. 1.6.1991 and 11.75 per cent from 1.6.92. Loans from 1.6.1993 carry insterest at 12 per cent.

The interest receipts from the State Governments are estimated at Rs. 11342.96 crores in the Revised Estimate 1994-95 and Rs.13305.50 crores in Budget Estimate 1995-96 against the B.E. 94-95 of Rs. 11126.50 crores.

The above estimates take into account the effect of the recommendations of the Ninth Finance Commission made in Second Report for 1990-95 and Tenth Finance Commission for 1995-2000.

(b) Interest on loans to Union Territory Governments

The interest receipts during 1994-95 is estimated at Rs. 36.54 crores and Rs. 42.30 crores in Budget Estimate 1995-96 on loans advanced to Union territory of Pondicherry.

(c) Interest payable by Railways

In terms of the recommendations of the successive Railway Convention Committees (RCC) of Parliament, the Railways pay a fixed dividend to General Revenues on the capital invested in the Railways as computed annually in lieu of interest charges *plus* a small amount of contribution. Pending final recommendations of RCC (1991) based on their Fifth Report as adopted by Lok Sabha on 31.3.93, the estimates for the year 1995-96 have been framed on the basis of the arrangements

गए है । इन व्यवस्थाओ मे निम्नलिखित शामिल है :-

(i) रिहायशी इमारतों की पूंजीगत लागत को छोड़कर, जिन पर 3.5 प्रतिशत की दर से लाभांश दिया जाता है, रेलवे की तरफ से लाभांश वाली समस्त पूंजी पर 7 प्रतिशत लाभांश की अदायगी की जाती है चाहे निवेश किसी भी वर्ष मे किया गया हो (31.3.1964 तक राज्यों को अदायगी के लिए निवेश पूंजी पर यात्री किराया कर आदि के बदले 1.5 प्रतिशत सहित) ।

(ii) रेलवे द्वारा नीचे बताई गई पूंजी के संबंध मे लाभांश की अदायगी नही की जाती:-

(1) *सामरिक महत्व की लाइने* —ऐसी लाइनों के कार्यचालन मे वार्षिक हानि सामान्य राजस्व से पूरी की जाती है और उनके कार्यचालन मे अधिशेष राशि, यदि कोई हो तो, सामान्य लाभांश के स्तर तक सामान्य राजस्व को अन्तरित कर दी जाती है।

(2) *अलाभकारी ब्रांच लाइने*- पूंजी पर लाभांश की अदायगी से एक विशेष ब्रांच लाइन को छूट इस लाइन की अलाभकारिता की वार्षिक समीक्षा के आधार पर दी जाती है जिसके निर्धारण मे "सीमान्तिक लागत" का सिद्धात अपनाया जाता है ।

(3) नौकाओं, कल्याण कार्यों से सबंधित इमारतों, (अस्पताल, औषधालय, स्वास्थ्य एकक, क्लब, संस्थाएं, स्कूल तथा कालेज, होस्टल तथा अन्य कल्याण केन्द्र) और पूर्वोत्तर सीमा रेलवे का असामरिक भाग ।

(4) अयस्क लाइने (किरिबुरू-बिमलागढ़ तथा संबलपुर-टिटलागढ़ लाइने, जिन पर अयस्क की ढुलाई के लिए भाड़े की रियायती दरें उपलब्ध कराई जाती हैं) बशर्ते कि वे लाभकारी नही है, लाभप्रदता, "सीमान्तिक लागत" सिद्धान्त को अपनाते हुए निर्धारित की जाती है ।

(5) "वित्तीय भिन्न आधार पर" पहली अप्रैल, 1955 को अथवा उसके बाद शुरू की गई 28 "नई लाइनों" की पूंजीगत लागत जिनमे से 'सीमान्तिक लागत' के सिद्धान्त के अनुसार वे लाइने शामिल नहीं है जिनसे वर्ष के दौरान लाभ प्राप्त होना शुरू हो गया था । यह प्रबंध जम्मू-कठुआ तथा तिरुनेलवेली-त्रिवेन्द्रम-कन्याकुमारी लाइनो पर लागू होता है जिनको 'राष्ट्रीय निवेश' के नाम से जाना जाता है ।

उपर्युक्त 'नई लाइनों' को छोड़कर अन्य नई लाइनो मे निवेशित पूंजी पर लाभांश, निर्माण की अवधि के दौरान तथा उनके खुलने के बाद पहले पांच वर्षों के लिए स्थगित किया गया है । आस्थगित लाभाश छठे वर्ष से वसूल किया जा सकता है, बशर्ते कि नई लाइनों की निवल आय मे चालू लाभाश की अदायगी के बाद कुछ अधिशेष रहे । इन लाइनो पर आस्थगित लाभांश का खाता उनके खुलने की तारीख से 20 वर्ष की अवधि के बाद आस्थगित लाभाश के लिए किसी देयता को समाप्त करते हुए जिसे उस अवधि मे समाप्त नही किया गया, बन्द कर दिया जाता है ।

(iii) चालू पूंजीगत निर्माण कार्यो पर एक वर्ष मे होने वाले पूंजी-परिव्यय के 50 प्रतिशत भाग को (जिस पर अन्यथा लाभाश देय होता हो) तीन वर्ष की अवधि के लिए लाभाश की अदायगी से छूट दी गई है ।

(iv) उपर्युक्त लाभांश छूटो को (सामरिक महत्व की लाइनो से सबंधित कार्यो पर होने वाली हानि को छोड़कर) रेलवे का सामान्य राजस्व से आर्थिक सहायता के रूप मे उपलब्ध किया जाता है ।

(v) ऐसे वर्षों मे जब रेलवे का निवल राजस्व चालू लाभाश देनदारियों को पूरा करने के लिए काफी नहीं होता, चालू लाभांश की अदायगी की कमी को आस्थगित देनदारी माना जाता है (जिस पर कोई ब्याज नहीं लिया जाता) । इस राशि की अदायगी आने वाले वर्षों मे रेलवे के अधिशेष से की जाती है ।

उपर्युक्त सिद्धातों के आधार पर 1994-95 के संशोधित अनुमान तथा 1995-96 के बजट अनुमानो हेतु रेलवे द्वारा देय लाभांश के अनुमान निम्नानुसार है :-

adopted for 1994-95. These arrangements are:

(i) Except for the Capital cost of residential buildings which bears dividend at 3.5 per cent, Railways pay dividend at 7% on entire dividend-paying capital irrespective of the year of investment (inclusive of 1.5% on dividend bearing capital less subsidy capital invested upto 31.3.1964, for payment to States in lieu of Passenger fares tax).

(ii) The Railways do not pay dividend on capital in respect of:

(1) *Strategic Lines* - the annual loss in respect of working of such lines is borne by General Revenues and surplus, if any, in their working is transferred to General Revenues upto the level of normal dividend.

(2) *Unremunerative branch lines* - the exemption of a particular branch line from payment of dividend on capital is based on annual review of the un-remunerativeness of the line, the remunerativeness being determined adopting the 'marginal cost' principle.

(3) Ferries, welfare buildings (hospitals, dispensaries, health units, clubs, institutes, schools and colleges, hostels and other welfare centres) and non-strategic portion of the Northeast Frontier Railway.

(4) Ore lines (Kiriburu-Bimlagarh and Sambhalpur-Titlagarh lines, which involve concessional rates of freight for the carriage of ore) provided that they are not remunerative, the remunerativeness being determined adopting the 'marginal cost' principle.

(5) 28 'new lines' taken up on or after 1st April, 1955 on 'other than financial' considerations, except those which become remunerative during the year adopting the 'marginal cost' principle; this arrangement applies also to Jammu-Kathua and Tirunelvelli - Trivandrum - Kanyakumari lines which are known as 'national investments'.

On the 'new lines' other than those referred to above, dividend on capital invested is deferred during the period of construction as well as for the first five years after their opening. The deferred dividend is recoverable from the sixth year provided the net income of the new lines leaves a surplus after payment of the current dividend. The account of the unliquidated deferred dividend on these lines is closed after a period of 20 years from the date of their opening, extinguishing any liability for deferred dividend not liquidated within that period.

(iii) 50 per cent of the outlay in a year on capital works-in-progress (which would otherwise be liable to payment of dividend) is exempted from payment of dividend for a period of three years.

(iv) The above dividend concessions (except losses in the working of strategic lines) are provided to Railways in the form of subsidy from General Revenues.

(v) In years in which the net revenue of the Railways is not adequate to meet the current dividend liability, the shortfall in the payment of the current dividend is treated as deferred dividend liability (on which no interest is charged) to be discharged by Railways from surplus in future years.

Based on the principles mentioned above, the estimates of dividend payable by Railways for Revised Estimates 1994-95 and Budget Estimates 1995-96 work out as follows:-

(करोड़ रुपए) (In crores of Rupees)

		बजट Budget 1994-95	संशोधित Revised 1994-95	बजट Budget 1995-96
(i) लगी पूंजी पर लाभांश (सामान्य राजस्व द्वारा देय आर्थिक सहायता को घटाकर)	(i) Dividend on Capital at charge(net of subsidy payable by General Revenues)	1106.50	1096.06	1182.71
(ii) सामान्य राजस्व द्वारा देय आर्थिक सहायता	(ii) Subsidy payable by General Revenues	403.10	423.41	411.16
(iii) रेल यात्री किराए पर कर के एवज मे रेलवे द्वारा अदायगी	(iii) Payment by Railways in lieu of Tax on Railway Passenger Fares	23.12	23.12	23.12
(iv) रेलवे सुरक्षा निर्माण कार्यों के लिये रेलवे द्वारा राज्यों को सहायता हेतु अदायगी	(iv) Payment by Railways for assistance to States for railway safety works	2.53	2.48	2.48
जोड़	**Total**	**1535.25**	**1545.07**	**1619.47**
घटाइए-"सामरिक महत्व की लाइनों" के कार्यचालन मे हानियां	**Less**-Loss on working of 'Strategic Lines'	163.25	165.07	248.31
रेलवे द्वारा देय निवल लाभांश जिसे ब्याज के रूप मे लिया गया है	**Net dividend payable by Railways taken as interest**	**1372.00**	**1380.00**	**1371.16**

1964-65 से पहले की पूंजी पर रेलवे द्वारा दिए जाने वाले 1.5 प्रतिशत के अतिरिक्त लाभांश में से 23.12 करोड़ रुपए की रकम रेलवे द्वारा प्रदत्त अंशदान, निरसित रेलवे यात्री किराया कर के एवज में राज्यों को अनुदान के रूप में दिया जा रहा है तथा शेष राशि राज्यों को उपलब्ध कराई जाती है तथा अंशतः रेलवे को सुरक्षा कार्यों अर्थात् कर्मचारी नियंत्रित रेलवे फाटक, सड़क ऊपरी पुलों और निचले पुल के खर्च को पूरा करने के लिए दिया जाता है। तथापि, नौवें वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर केन्द्र वर्ष 1994-95 तक राज्यों को 150 करोड़ रुपए के वार्षिक अनुदान का भुगतान कर रहा है तथा उसे आयोग द्वारा अनुशंसित प्रतिशतता अंश के अनुसार राज्यों में वितरित किया जाता है जैसाकि अनुबंध 3 में दर्शाया गया है। सरकार ने दसवें वित्त आयोग की इस सिफारिश को स्वीकार कर लिया है कि वार्षिक अनुदान की प्रमात्रा 380 करोड़ रुपए होगी जिसे आयोग द्वारा निर्धारित तथा अनुबंध 3 में निर्दिष्ट प्रतिशतता अंश के अनुसार वितरित किया जाएगा।

(घ) दूर संचार *विभाग द्वारा देय ब्याज* :- दूर संचार विभाग तथा सामान्य राजस्व के वित्तीय संबंधों को शासित करने वाले अभिसमय के अन्तर्गत दूर संचार विभाग सामान्य राजस्व को निम्न दरों के अनुसार लाभांश देगाः-

(i)1963-64 के अन्त तक दी गई उस निवल पूंजी पर 4.5 प्रतिशत प्रतिवर्ष लाभांश, जिसमें डाक-तार विभाग के 31 मार्च 1960 तक के संचित अधिशेष के अंश की रकम (29.78 करोड़ रुपए) और विभाग की नवीकरण प्रारक्षित निधि* में 1963-64 के अन्त में जमा रकम (52.72 करोड़ रुपए) घटा दी जाती है ।

(ii) वर्ष 1980-81 और उससे आगे तक संबंधित वर्षों में लिए गए ब्याज की औसत उधार दर :

(क) वर्ष 1964-65 से 1969-70 तक दी गई पूंजी जिसमें से इसी अवधि में नवीकरण प्रारक्षित निधि* में हुई निवल वृद्धि की रकम घटा दी गई है, और

(ख) 1969-70 के बाद 1984-85 तक प्रदत्त पूंजी जिसमें से डाक संबंधी संचयित घाटे की रकम निकाल दी गई थी, पूर्ववर्ती डाक व तार विभाग की राजस्व प्रारक्षित निधि में से (938.40 करोड़ रुपए) पूरी कर दी गई ।

यदि विभाग सामान्य राजस्व में देय लाभांश को अदा करने में असमर्थ है, तो उत्तरवर्ती विभाग के कार्यचालन परिणामों में हुई कमी और घाटे को यदि, कुछ हो, पूरा करने के लिए दूर संचार राजस्व प्रारक्षित निधि को ब्याज पर अग्रिम देता है ।

परिव्यय राशि में से घटाकर परिसम्पत्ति की वास्तविक प्रारंभिक लागत के आधार पर मूल्यह्रास के लिए की गई व्यवस्था को पूंजी खाते में अंतरित कर दिया जाता है ।

राजस्व प्रारक्षित निधि और पूंजी प्रारक्षित निधि के शेषों पर औसत दर से ब्याज मिलता है और यह ब्याज निधियों में जमा कर दिया जाता है।

दूर-संचार विभाग के कार्यचालन के वित्तीय परिणाम संक्षिप्त रूप में इस प्रकार है :-

Out of the additional 1.5 *per cent* dividend paid by the Railways on the pre-1964-65 capital, an amount of Rs.23.12 crores is contributed by the Railways for being passed on to the States as grant in lieu of the repealed tax on railway passenger fares and the balance is made available to States and partly to Railways to finance railway safety works such as manned level crossings, road over-bridges and under-bridges. However, on the basis of the recommendations of Ninth Finance Commission, Centre is paying an annual grant of Rs. 150 crores upto 1994-95 to States and this is distributed among the States according to percentage share recommended by the Commission, shown in Annexure 3. The Tenth Finance Commission has made the recommendation, which has been accepted by the Government, that the quantum of the annual grant will be Rs. 380 crores, which will be distributed according to percentage share prescribed by the Commission and indicated in Annexure 3.

(d) *Interest payable by the Department of Telecommunications* Under the Convention governing the financial relationship between the Department of Telecommunications and the General Revenues, the Department of Telecommunications would pay dividend to General Revenues at the following rates:

(i) 4.5% per annum on the net capital advanced upto the end of 1963-64 reduced by the Department's share of accumulated surplus as on 31st March, 1960(Rs.29.78 crores), and the balance in the Department's Renewals Reserve Fund* as at the end of 1963-64 (Rs.52.72 crores).

(ii) Average borrowing rate of interest as applicable to the respective years from 1980-81 and onwards on:

(a) Capital advanced from 1964-65 to 1969-70 reduced by the net accretion to the Renewals Reserve Fund* during this period and;

(b) Capital advanced after 1969-70 upto 1984-85 reduced by amount of accumulated Postal deficit met out of Revenue Reserve Fund of the erstwhile P & T Department (Rs.938.40 crores).

In case the Department is unable to pay dividend due to General Revenues, the latter makes interest-bearing advance to the Telecommunications Revenue Reserve Fund to cover the shortfall, as well as for meeting the deficit, if any, in the working results of the Department.

Provision for depreciation based on historical cost of assets is transferred to capital in reduction of the outlay.

The balances in the Revenue Reserve Fund and the Capital Reserve Fund earn interest at the average rate and this interest is added to the Funds.

The financial results of the working of the Department of Telecommunications are briefly as under :-

(करोड़ रुपए) (In crores of Rupees)

		बजट Budget 1994-95	संशोधित Revised 1994-95	बजट Budget 1995-96
सकल प्राप्तियां	Gross Receipts	8152.00	7698.00	8876.00
कार्यचालन व्यय (वास्तविक)	Working Expenses (Net)	4482.60	4123.80	4744.00
निवल प्राप्तियां	Net receipts	3669.40	3574.20	4132.00
*सामान्य राजस्व में लाभांश	*Dividend to General Revenues	263.40	269.20	265.00
निवल अधिशेष :	*Net surplus :*	3406.00	3305.00	3867.00
राजस्व प्रारक्षित निधि	Appropriation to			
पूंजी प्रारक्षित निधि	Revenue Reserve Fund	60.00	63.89	70.00
में विनियोजन	Capital Reserve Fund	3346.00	3241.11	3797.00

*सम्पूर्ण राशि ब्याज के रूप में समायोज्य है । * The entire amount is adjustable as interest.

*नवीकरण प्रारक्षित निधि को पहली अप्रैल, 1970 से समाप्त कर दिया गया था ।

* The Renewals Reserve Fund was abolished with effect from 1st April, 1970

1994-95 के बजट अनुमानों में परिकल्पित 8152.00 करोड़ रुपयों की तुलना में 1994-95 के संशोधित अनुमानों में 7698.00 करोड़ रुपए की प्राप्तियां होने का अनुमान है ।

Receipts in RE 1994-95 are estimated at Rs.7698.00 crores as against Rs.8152.00 crores assumed in BE-1994-95.

7698.00 करोड़ रुपये (संशोधित अनुमान) की कुल प्राप्तिया बजट अनुमान अवस्था पर अनुमानित आंकड़ों की तुलना में मुख्यतः किराया एवं काल प्रभार एवं टेलेक्स के अन्तर्गत कम है।

Aggregate receipts of Rs. 7698.00 crores (R.E.) are less as compared to the figure estimated at B.E. stage mainly under Rental and Call Charges and Telex.

संशोधित अनुमान 1994-95 के कार्यचालन व्ययों में कमी मुख्यतः लीज प्रभारों, बांडों की वापसी तथा स्टॉफ व्यय में कमी के कारण हुई है । बजट अनुमान 1995-96 में प्राप्तियों और कार्य-चालन खर्चों में सामान्य वृद्धि होने की परिकल्पना कर ली गई है।

Decrease in the Working Expenses in RE 1994-95 is mainly on account of less expenditure under Leass Charges, Redemption of bonds and staff expenses. Budget Estimates 1995-96 under Receipts and Working Expenses assume normal increase.

वित्तीय परिणामों का अग्रेतर ब्यौरा अनुबन्ध 5 में दिया गया है।

Further details of the financial results are given in Annexure-5.

(ङ) अन्य ब्याज प्राप्तियां

(e) Other Interest Receipts

"अन्य ब्याज प्राप्तियों" के अन्तर्गत लगाए गए अनुमान सरकारी क्षेत्र के उद्यमों, पत्तन न्यासों तथा अन्य सांविधिक निकायों, सहकारिताओं, सरकारी कर्मचारियों आदि को अग्रिम तौर पर दिये गए ऋणों पर ब्याज और विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों के पूंजीगत परिव्यय के सम्बन्ध में है।

The estimates under 'Other Interest Receipts' are in respect of interest on loans advanced to Public Sector Enterprises, Port Trusts and other Statutory Bodies, Cooperatives, Government servants, etc. and capital outlay on Departmental Commercial Undertakings.

प्राप्तियों में रेलवे विकास निधि को दिए गए ऋणों के लिए रेलवे से प्राप्त ब्याज भी शामिल है ।

The receipts also include interest from Railways against loans advanced to the Railway Development Fund.

लाभांश और लाभः

ब्यौरा निम्नानुसार है :

Dividends and Profits:

The details are as follows:–

(i) भारतीय रिजर्व बैंक का अधिशेष लाभ	(i) Surplus profits of Reserve Bank of India	7221.00	7087.00	3654.00
घटाइए-विदेशी मुद्रा अनिवासी (एफसीएनआर) खाता पर मुद्रा-क्षति हेतु अंशदान	Less-Contribution for exchange loss on Foreign Currency Non-Resident (FCNR) Account	5721.00	5587.00	2154.00
निवल	Net	1500.00	1500.00	1500.00
(ii) राष्ट्रीयकृत बैंकों से लाभ का अंश	(ii) Share of profits from nationalised banks	7.00	24.00	48.00
(iii) जीवन बीमा निगम से लाभ का अंश	(iii) Share of profits from LIC	105.00	110.00	110.00
(iv) भारतीय साधारण बीमा निगम और उसकी सहायक कंपनियां	(iv) GIC and its subsidiaries	26.95	53.82	53.82
(v) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक एवं अन्य वित्तीय संस्थाएं	(v) IDBI and other financial institutions	127.02	134.48	136.48
(vi) सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम और अन्य निवेशों से लाभांश	(vi) Dividends from Public sector enterprises and on other investments	1027.03	898.89	1097.57
जोड़	**Total**	**2793.00**	**2721.19**	**2945.87**

(i) *भारतीय रिजर्व बैंक का अधिशेष लाभ* : भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सरकार को अंतरित अधिशेष लाभ मौजूदा और आगामी वर्ष के लिए क्रमशः 7087 करोड़ रुपए और 3654 करोड़ रुपए है। तथापि, मुद्रा-क्षति संबंधी देयता, जो सरकार ने विदेशी मुद्रा अनिवासी खाता योजना के 1 जुलाई, 1993 से आगे परिपक्व होने वाली जमाराशियों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से अधिग्रहीत कर ली है, को पूरा करने हेतु की गई क्रमशः 5787 करोड़ रुपए तथा 2154 करोड़ रुपए की व्यवस्था को हिसाब में लेते हुए, 1994-95 के संशोधित अनुमान और 1995-96 के बजट अनुमान में निवल 1500 करोड़ रुपए की व्यवस्था है ।

(i) *Surplus profits of Reserve Bank of India:* The surplus profits transferred by RBI to Government during the current and next year are placed at Rs. 7087 crores and Rs. 3654 crores respectively. However, the Revised Estimates 1994-95 and Budget Estimate for 1995-96 has been netted to Rs. 1500 crores, taking into account the provision of Rs. 5587 crores and Rs. 2154 crores respectively made to meet the exchange loss liability which the Government has taken over from Reserve Bank of India on account of Foreign Currency Non-Resident Account Scheme for deposits maturing from 1st July, 1993 onwards.

(ii) *राष्ट्रीयकृत बैंकों से लाभ का अंश* : 1994-95 के संशोधित अनुमान में राष्ट्रीयकृत बैंकों से लाभ के संबंध में 24.00 करोड़ रुपए की प्राप्तियों का अनुमान लगाया गया है, जबकि 1994-95 के बजट में 7.00 करोड़ रुपए का अनुमान लगाया गया है। 1995-96 के बजट में इस संबंध में कुल 48.00 करोड़ रुपए की प्राप्तियों का अनुमान लगाया गया है।

(ii) *Share of Profits from Nationalised Banks:* The receipts from profits of nationalised banks are estimated at Rs. 24.00 crores in the Revised Estimate 1994-95 as against Rs.7.00 crores assumed in the Budget Estimate 1994-95. Budget Estimate 1995-96 assumes a total receipt of Rs. 48.00 crores on this account.

(iii) *जीवन बीमा निगम से लाभ का अंश :* जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 की धारा 28 के अंतर्गत, बीमांककीय मूल्यांकन द्वारा निर्धारित निगम के अधिशेष में से ज्यादा से ज्यादा 5 प्रतिशत की राशि सरकार को देय होती है । केन्द्रीय सरकार को देय निगम के अधिशेष की राशि का अनुमान 1994-95 के संशोधित अनुमान और 1995-96 के बजट अनुमान प्रत्येक में 110.00 करोड़ रुपए लगाया गया है।

(iii) *Share of Profits from Life Insurance Corporation:* In terms of Section 28 of the Life Insurance Corporation Act, 1956, not more than 5 per cent of the Corporation's surplus determined by actuarial valuation is payable to the Government. The share of the Corporation's surplus payable to the Central Government is estimated at Rs.110.00 crores each in the Revised Estimate 1994-95 and the Budget estimates for 1995-96.

(iv) *साधारण बीमा निगम और इसकी सहायक कंपनियां :* ये अनुमान साधारण बीमा निगम और इसकी चार सहायक कंपनियों से, अर्थात् नेशनल इन्श्योरेन्स कं. लि., न्यू इंडिया एश्योरेन्स कं. लि., ओरिएन्टल इन्श्योरेन्स कं. और यूनाइटेड इण्डिया इन्श्योरेन्स कं. लि. से प्राप्त लाभांश से संबंधित है।

(iv) *GIC and its subsidiaries:* The estimates relate to dividend from GIC and its four subsidiaries, namely, National Insurance Co Ltd. New India Assurance Co. Ltd, Oriental Insurance Co. Ltd. and United India Insurance Co. Ltd.

(v) *भारतीय औद्योगिक विकास बैंक और अन्य वित्तीय संस्थाएं :* संस्थावार लाभांश का ब्यौरा निम्नलिखित है :-

(v) *IDBI and other financial institutions:* The details of dividends institution-wise are as follows:–

(करोड़ रुपए) *(In crores of Rupees)*

		बजट Budget 1994-95	संशोधित Revised 1994-95	बजट Budget 1995-96
भारतीय औद्योगिक विकास बैंक	IDBI	113.02	120.48	120.48
निर्यात-आयात बैंक	Exim Bank	14.00	14.00	16.00
जोड़	**Total**	**127.02**	**134.48**	**136.48**

(vi) सार्वजनिक क्षेत्र और अन्य निवेशों से लाभांशः अनुमान मुख्यतः सरकारी कम्पनियों आदि द्वारा देय लाभांश के संबंध में है ।

(vi) *Dividends from public sector and other investments:* The estimates mainly relate to dividends payable by Government companies, etc.

अन्य कर-भिन्न राजस्व OTHER NON-TAX REVENUE

राजस्व का विस्तृत ब्यौरा इस प्रकार है Broad details of revenue are as follows:-

1. राजकोषीय सेवाएं	1. Fiscal Services	1236.57	1169.12	1198.78
2. अन्य सामान्य सेवाएं	2. Other General Services	2493.91	2667.38	2959.42
3. सामाजिक सेवाएं	3. Social Services	576.68	579.00	693.03
4. आर्थिक सेवाएं	4. Economic Services	3843.52	3965.29	4521.90
5. सहायता अनुदान और अंशदान	5. Grants-in-aid and Contributions	1365.00	1175.99	1153.66
जोड़	**Total**	**9515.68**	**9556.78**	**10526.79**
घटाइए—	*Less—*			
वाणिज्यिक विभाग*	Commercial Departments*	5136.58	4913.97	5675.44
निवल-अन्य कर-भिन्न राजस्व	**Net-Other Non-Tax Revenue**	**4379.10**	**4642.81**	**4851.35**

* उप - क्षेत्रों द्वारा वाणिज्यिक विभागों की प्राप्तियों का ब्यौरा निम्नलिखित है :-

* Details of receipts of the commercial departments by sub-sectors are as follows:–

राजकोषीय सेवाएं	Fiscal Services	612.51	541.99	654.59
अन्य सामान्य सेवाएं	Other General Services	1702.85	1596.85	1858.13
सामाजिक सेवाएं	Social Services	446.00	456.16	549.00
आर्थिक सेवाएं	Economic Services	2375.22	2318.97	2613.72
जोड़	**Total**	**5136.58**	**4913.97**	**5675.44**

राजकोषीय सेवाएं **FISCAL SERVICES**

अनुमानों का ब्यौरा नीचे दिया है:- The estimates are as follows:

राजकोषीय सेवाएं	Fiscal Services	1236.57	1169.12	1198.78
घटाइए-वाणिज्यिक विभाग की प्राप्तियां	*Less-Receipts of Commercial Departments*	*612.51*	*541.99*	*654.59*
निवल	**Net**	**624.06**	**627.13**	**544.19**

वाणिज्यिक विभाग

वाणिज्यिक विभागों की प्राप्तियों के अनुमानों का ब्यौरा इस प्रकार है:-

Commercial Departments:

The details of the estimates of receipts by commercial departments are as follows:-

(करोड़ रुपए) (In crores of Rupees)

		बजट Budget 1994-95	संशोधित Revised 1994-95	बजट Budget 1995-96
(क) करेंसी, सिक्का निर्माण और टकसाल:	(a) Currency,Coinage and Mint:			
करेंसी नोट प्रैस	Currency Note Press	231.89	187.15	241.86
बैंक नोट प्रैस	Bank Note Press	154.04	122.18	147.67
प्रतिभूति कागज कारखाना	Security Paper Mill	79.08	69.46	83.06
जोड़	**Total**	**465.01**	**378.79**	**472.59**
(ख) अन्य राजकोषीय सेवाएं	(b) Other fiscal services:			
भारत प्रतिभूति मुद्रणालय	India Security Press	117.50	139.20	152.00
प्रतिभूति मुद्रणालय	Security Printing Press	30.00	24.00	30.00
जोड़	**Total**	**147.50**	**163.20**	**182.00**
निवल प्राप्तियों में निम्नलिखित शामिल हैं:	The net receipts comprise:-			
(क) करेंसी, सिक्का निर्माण और टकसाल:	(a) Currency, Coinage and Mint:			
(i) सिक्कों के प्रचलन से लाभ	(i) Profits from circulation of coins	10.00	75.00	60.00
(ii) टकसाल	(ii) Mints	4.12	4.49	4.69
(iii) चांदी शोधनशाला	(iii) Silver Refinery	0.40	...	...
जोड़	**Total**	**14.52**	**79.49**	**64.69**
(ख) अन्य राजकोषीय सेवाएं	(b) Other Fiscal Services	609.54	547.64	479.50
जोड़ राजकोषीय सेवाएं (निवल)	***Total Fiscal Services(Net)***	***624.06***	***627.13***	***544.19***

(क) करेंसी सिक्का निर्माण और टकसाल:- सिक्कों के परिचालन से लाभ, सिक्कों के अंकित मूल्य और उनके धातु मूल्य की लागत के बीच के अन्तर का द्योतक है।

"टकसाल" के अन्तर्गत प्राप्तिया मुख्यत: परिशोधन और धातु परीक्षण प्रभारों से संबंधित है ।

"चांदी शोधनशाला" के अन्तर्गत सामग्री नीलामी से प्राप्त होने वाली विक्रय से संबंधित है ।

(ख) अन्य राजकोषीय सेवाएं:- ये प्राप्तियां मुख्यत: अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष को देय ई. एफ. एफ. प्रभार के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा अंशदान, अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष से प्राप्त पारितोषण, आदि जब्त किए गए सोने और चांदी की बिक्री से प्राप्त राशि तथा आर्थिक अपराधों इत्यादि से प्राप्त अर्थदण्ड से संबंध रखती है ।

इन उपरोक्त वाणिज्यिक विभागों से होने वाली प्राप्तियों को व्यय बजट में व्यय में से घटाकर दिखाया गया है ।

(a) Currency, Coinage and Mint:- Profits from circulation of coins represents the difference between face value of coins and their metal value.

The receipts under 'Mints' relate mainly to refining and assaying charges.

Receipts under 'Silver Refinery' mainly relate to sale proceeds of material auctioned.

(b) Other Fiscal Services:- The receipts mainly relate to contributions by Reserve Bank of India towards EFF charges payable to the International Monetary Fund, remunerations etc. received from IMF and penalties etc. realised against economic offences.

The receipts from the above commercial departments have been taken in reduction of expenditure and are dealt with in the Expenditure Budget.

अन्य सामान्य सेवाएं

अनुमान इस प्रकार है:-

OTHER GENERAL SERVICES

The estimates are as follows:-

अन्य सामान्य सेवाएं	Other General Services	2493.91	2667.38	2959.42
घटाएं-वाणिज्यिक विभाग की प्राप्तियां	*Less- Receipts of Commercial Department*	*1702.85*	*1596.85*	*1858.13*
निवल	**Net**	**791.06**	**1070.53**	**1101.29**
निवल प्राप्तियों मे निम्नलिखित शामिल है :-	The net receipts comprise:-			
(i) प्रशासनिक सेवाएं	(i) Administrative services			
लोक सेवा आयोग	Public service commission	6.50	8.12	8.12
पुलिस	Police	310.05	382.70	400.01
पूर्ति और निपटान	Supplies and disposals	24.51	32.98	26.72
लेखन-सामग्री और मुद्रण	Stationery and printing	38.52	35.00	38.50
लोक निर्माण कार्य	Public works	45.82	50.00	52.00
अन्य प्रशासनिक सेवाएं	Other administrative services	184.84	230.92	231.78
(ii) पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभों के संबंध में अंशदान और वसूलियां	(ii) Contribution and recoveries towards pension and other retirement benefits	56.26	38.11	38.01
(iii) विविध सामान्य सेवाएं	(iii) Miscellaneous general services	124.56	292.70	306.15
जोड़	**Total**	**791.06**	**1070.53**	**1101.29**

वाणिज्यिक विभागों की प्राप्तिया रक्षा सेवाएं कैंटीन स्टोर विभाग से सम्बन्धित है जिन्हें व्यय बजट में वाणिज्यिक विभागों के निवल व्यय के अन्तर्गत दिखाया गया है ।

लोक सेवा आयोग की प्राप्तियां मुख्यत: संघ लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन आयोग द्वारा दी गई परीक्षाओं की फीस आदि की प्राप्तियों की द्योतक है ।

The Commercial Department receipts relate to Defence Services Canteen Stores Department (CSD) which are dealt with under net expenditure of Commercial Departments in the Expenditure Budget.

The receipts of 'Public Service Commission' mainly represent examination fees, etc. of the Union Public Service Commission and Staff Selection Commission.

'पुलिस' की प्राप्तियां राज्य सरकारों तथा अन्य पार्टियों को केन्द्रीय पुलिस बल आदि की तैनाती से संबंधित है ।

'पूर्ति और निपटान' के अंतर्गत मुख्य रूप से पूर्ति और निपटान महानिदेशालय के संगठन की मार्फत की गई खरीद और भंडारों के निरीक्षण की फीस तथा पूर्ति और निपटान महानिदेशालय की मार्फत बेचे गए फालतू और बेकार सामान के विपणन से हुई प्राप्तियों को दिखाया गया है।

'लेखन सामग्री और मुद्रण' शीर्ष के अन्तर्गत प्राप्तियों का सम्बन्ध सरकारी मुद्रणालयों, लेखन सामग्री, सरकारी राजपत्रों और सरकारी प्रकाशन की बिक्री आदि से है ।

'लोक निर्माण कार्य' शीर्ष के अंतर्गत सरकारी रिहायशी इमारतों के किराए से भिन्न केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग संबंधी सभी प्राप्तियों को दिखाया गया है ।

'अन्य प्रशासनिक सेवाओं' के अंतर्गत प्राप्तियों का संबंध मुख्यतः लेखापरीक्षा फीस, पासपोर्ट तथा वीसा फीस आदि से है । अनुमानों में वृद्धि मुख्यतः लेखा-परीक्षा फीस, पासपोर्ट और वीसा फीस के अंतर्गत अधिक प्राप्तियों के कारण है ।

"विविध सामान्य सेवाएं" शीर्ष के अंतर्गत राजस्व खाते में वृद्धि में बट्टे खाते डाली गई डाक प्रमाण पत्रों/बाजार उधारों के संबंध में दावा न किए गए शेषों से संबंधित प्राप्तियां शामिल की गई है ।

The receipts of 'Police' are on account of Central Police Forces supplied to State Governments and other parties.

The receipts under 'Supplies and Disposals' mainly relate to the fees for purchase and inspection of stores; and sale proceeds of surplus and obsolete stores disposed of through Directorate General of Supplies and Disposals.

The receipts under 'Stationery and Printing' relate to government printing presses, sale of stationery, gazettes and government publications etc.

'Public Works' accommodates all receipts relating to Central Public Works Department other than rent of government residential buildings.

The receipts under the head 'Other Administrative Services' mainly relate to audit fees, passport and visa fees, etc. The increase is mainly on account of larger receipts from Audit fees and passport and visa fees.

The head 'Miscellaneous General Services' accommodates receipts relating to unclaimed balances of postal certificates/ market loans written-off to revenue.

सामाजिक सेवाएं

अनुमानों का ब्यौरा इस प्रकार है :-

SOCIAL SERVICES

The estimates are as follows:

(करोड़ रुपए) *(In crores of Rupees)*

		बजट Budget 1994-95	संशोधित Revised 1994-95	बजट Budget 1995-96
सामाजिक सेवाएं	Social Services	576.68	579.00	693.03
घटाए-वाणिज्यिक विभागों की प्राप्तियां	*Less-Receipts of Commercial Departments*	*446.00*	*456.16*	*549.00*
निवल	**Net**	**130.68**	**122.84**	**144.03**
वाणिज्यिक विभागों के अलावा प्राप्तियों के अनुमान इस प्रकार हैं :-	The estimates of receipts, other than the commercial Departments, comprise the following:–			
शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति	Education, Sports, Art and Culture	11.65	4.45	12.00
चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य	Medical and Public Health	18.88	38.98	43.98
परिवार कल्याण	Family Welfare	10.98	7.50	10.30
आवास	Housing	62.58	45.34	51.09
शहरी विकास	Urban Development	...	...	...
सूचना और प्रचार	Information and Publicity	23.77	23.77	23.77
श्रम और रोजगार	Labour and Employment	1.24	1.48	1.57
सामाजिक सुरक्षा और कल्याण	Social Security and Welfare	1.55	1.32	1.32
अन्य सामाजिक सेवाएं	Other Social Services	0.03	0.00	0.00
जोड़	**Total**	**130.68**	**122.84**	**144.03**

'आकाशवाणी और दूरदर्शन' के संबंध में प्राप्तियां जिन्हें प्रसारण की वाणिज्यिक प्राप्तियां माना जाता है व्यय में निवल रूप में प्रदर्शित की जाती है और व्यय बजट में दिखाई जाती है ।

'शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति' के अंतर्गत प्राप्तियां मुख्यतः ट्यूशन तथा अन्य फीसों तथा, अजायबघरों और प्राचीन स्मारकों के प्रवेश शुल्क से होने वाली आमदनी से है ।

'चिकित्सा' प्राप्तियों में सरकारी स्वास्थ्य स्कीम के लिए अंशदान, ट्यूशन और अन्य फीस, अस्पतालों तथा औषधालय सेवाओं के लिए रोगियों से प्राप्त प्रभार शामिल है । 'लोक स्वास्थ्य' प्राप्तियों में सेवा फीसें, सेरा तथा वैक्सीन आदि की बिक्री से होने वाली आमदनी शामिल है ।

'परिवार कल्याण' की प्राप्तियां मुख्यतः सामग्री तथा पूर्ति की बिक्री से प्राप्त राशि से संबंधित हैं ।

'आवास' प्राप्तियों में मुख्यतः सरकारी रिहायशी इमारतों की लाइसेंस फीस शामिल है ।

'शहरी विकास'' प्राप्तियों में लाइसेंस शुल्क तथा भूमि-किराया शामिल है।

'सूचना और प्रचार' प्राप्तियों में मुख्यतः विज्ञापन और दृश्य प्रचार के लिए प्रकाशनों की बिक्री तथा चल चित्रों का किराया शामिल है ।

The receipts relating to 'Akashvani and Doordarshan', which are treated as commercial receipts of Broadcasting are netted against expenditure and dealt with in Expenditure Budget.

The receipts under 'Education, Sports, Art and Culture' mainly relate to tuition and other fees, and entry fees at museums and the ancient monuments.

'Medical' receipts include contributions for Central Government Health Scheme and charges realised from patients for hospital and dispensary services etc.. 'Public Health' receipts include service fees, sale proceeds of sera and vaccine, etc.

'Family Welfare' receipts mainly relate to sale proceeds of material and supplies.

'Housing' receipts mainly relate to licence fees for Government residential buildings.

'Urban Development' receipts include licence fees and ground rent.

'Information and Publicity' receipts include charges from advertising and visual publicity, sale of publications and film rentals.

बजट में 'श्रम तथा रोजगार' प्राप्तियां मुख्यतः श्रम कानूनों, फैक्टरी तथा खान अधिनियमों आदि के अन्तर्गत प्राप्त होने वाले शुल्कों से संबंधित है ।

'Labour and Employment' receipts relate mainly to fees realised under labour laws, factories and mines Act, etc.

'सामाजिक सुरक्षा और कल्याण' के अंतर्गत प्रदर्शित प्राप्तियां मुख्य रूप से केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी बीमा योजना की प्राप्तियों से संबंधित है ।

The receipts under 'Social Security and Welfare' mainly relate to Central Government Employees Insurance Scheme.

आर्थिक सेवाएं

ECONOMIC SERVICES

अनुमान इस प्रकार है:-

The estimates are as follows:-

(करोड़ रुपए) (In crores of Rupees)

		बजट Budget 1994-95	संशोधित Revised 1994-95	बजट Budget 1995-96
आर्थिक सेवाएं	**Economic Services**	**3843.52**	**3965.29**	**4521.90**
घटाइए-वाणिज्यिक विभाग	*Less-Commercial Departments*	*2375.22*	*2318.97*	*2613.72*
निवल	**Net**	**1468.30**	**1646.32**	**1908.18**

वाणिज्यिक विभाग

Commercial Departments

वाणिज्यिक विभागों से प्राप्तियों के अनुमानों का ब्यौरा नीचे दिया गया है :-

The details of the receipt estimates by commercial departments are given below:–

कृषि और संबद्ध क्रियाकलाप:	*Agriculture and allied activites:*			
दिल्ली दुग्ध योजना	Delhi Milk Scheme	46.00	102.00	125.00
उद्योग और खनिज:	*Industry and Minerals:*			
अफीम और एल्कलॉयड कारखाने	Opium Factories and alkaloid works	62.00	80.00	100.00
ईंधन निर्माण सुविधाएं	Fuel fabrication facilities	185.73	142.03	180.51
जोड़	**Total**	**293.73**	**324.03**	**405.51**
ऊर्जा:	*Energy:*			
बदरपुर तापीय विद्युत केन्द्र	Badarpur Thermal Power Station	429.00	429.00	429.00
राजस्थान परमाणु विद्युत केन्द्र	Rajasthan Atomic Power Station	21.83	0.00	9.80
ईंधन संबंधी माल-सूची	Fuel Inventory	216.37	169.70	218.03
भारी जल पुंज प्रबन्ध	Heavy Water Pool Management	201.25	168.21	187.86
जोड़	**Total**	**868.45**	**766.91**	**844.69**
परिवहन:	*Transport:*			
दीपस्तम्भ और दीपपोत	Lighthouses and lightships	43.04	43.03	48.52
संचार:	*Communications:*			
डाक सेवा	Postal Services	1170.00	1185.00	1315.00
जोड़-वाणिज्यिक विभाग	***Total-Commercial Departments***	***2375.22***	***2318.97***	***2613.72***

इन वाणिज्यिक विभागों की प्राप्तियां व्यय को घटाकर दिखाई गई है और इन्हें व्यय बजट में दिखाया गया है ।

The receipts of these commercial departments have been taken in reduction of expenditure and dealt with in the Expenditure Budget.

निवल प्राप्तियों के अनुमानों में निम्नलिखित शामिल है:-

The estimates of the net receipts comprise as follows:–

(i) कृषि और संबद्ध क्रियाकलाप	(i) Agriculture and Allied Activities	124.75	86.47	84.53
(ii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण	(ii) Irrigation and Flood Control	3.80	5.25	4.53
(iii) ऊर्जा	(iii) Energy	989.03	1024.38	1321.94
(iv) उद्योग और खनिज	(iv) Industry and Minerals	38.25	48.98	53.29
(v) परिवहन	(v) Transport	50.65	60.75	66.55
(vi) दूरसंचार	(vi) Communications	5.40	7.10	7.10
(vii) विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण	(vii) Science,Technology and Environment	24.67	27.43	24.95
(viii) सामान्य आर्थिक सेवाएं	(viii) General Economic Services	231.75	385.96	345.29
जोड़	**Total**	**1468.30**	**1646.32**	**1908.18**

प्रत्येक उपक्षेत्र के अन्तर्गत खातों के मुख्य शीर्षों के अनुसार इन प्राप्तियों का ब्यौरा इस प्रकार है :-

The details of these receipt estimates by major heads of account under each sub-sector are given below:–

(i) कृषि और सम्बद्ध क्रियाकलाप:	*(i) Agriculture and Allied Activities:*			
कृषि कार्य	Crop Husbandry	8.92	11.50	11.50
पशुपालन	Animal Husbandry	3.50	3.65	3.65
डेरी विकास	Dairy Development	0.10	0.10	0.10
मीन उद्योग	Fisheries	0.95	1.03	1.08
वन और वन्य जीवन	Forestry and Wild Life	103.00	58.00	55.00
खाद्य-भंडारण और भांडागारण	Food Storage and warehousing	6.26	8.17	8.18
अन्य कृषि कार्यक्रम	Other Agricultural Programmes	2.02	4.02	5.02
जोड़	**Total**	**124.75**	**86.47**	**84.53**

इस उपक्षेत्र के अन्तर्गत कृषि फार्मों, वाणिज्यिक फसलों तथा बागवानी पौधा संरक्षण सेवाओं से होने वाली प्राप्तियों और कृषि शिक्षा, किस्म नियंत्रण तथा कृषि उत्पादों के श्रेणीकरण की फीस राशियां शामिल हैं । विदेशों और संगठनों से सहायता के रूप में प्राप्त बीज, उर्वरकों, मशीनरी आदि जैसी वस्तुओं की बिक्री से प्राप्त रकमों को इस शीर्ष के अन्तर्गत दिखाया गया है ।

This sub-sector accommodates receipts from agricultural farms, commercial crops, horticulture, plant protection services, fees from agricultural education, fees for quality control and grading of agricultural product etc. Sale proceeds of inputs like seeds, fertilizers, machinery, etc.received as aid from foreign countries and organisations are also accounted for under it.

(करोड़ रुपए) (In crores of Rupees)

		बजट Budget 1994-95	संशोधित Revised 1994-95	बजट Budget 1995-96
(ii) सिंचाई और बाढ़ नियन्त्रण:	*(ii) Irrigation and Flood Control :*			
वृहद् और मध्यम सिंचाई	Major and Medium Irrigation	3.20	4.45	3.53
लघु सिंचाई	Minor Irrigation	0.60	0.80	1.00
जोड़	**Total**	**3.80**	**5.25**	**4.53**

"वृहद् और मध्यम सिंचाई" के अन्तर्गत अनुमान मुख्यतः केन्द्रीय जल आयोग और केन्द्रीय जल विद्युत अनुसंधान केन्द्र, पूना की प्राप्तियों को दर्शाते हैं । "लघु सिंचाई" के अन्तर्गत अनुमान राज्य सरकारों आदि के लिए हाथ में लिए गए केन्द्रीय भूतल जल बोर्ड द्वारा अन्वेषण के कार्य से संबंधित है।

The estimates under the head "Major and medium irrigation" represent mainly the receipts of Central Water Commission and Central Water Power Research Station, Pune. The estimates under "Minor irrigation" relate to receipts of Central Ground Water Board for ground water exploration undertaken by it for State Governments, etc.

(iii) ऊर्जा	*(iii) Energy :*			
विद्युत	Power	5.80	5.84	5.70
पैट्रोलियम	Petroleum	983.22	1018.52	1316.22
ऊर्जा के गैर-परम्परागत स्रोत	Non-Conventional Sources of Energy	0.01	0.02	0.02
जोड़	**Total**	**989.03**	**1024.38**	**1321.94**

'विद्युत' शीर्ष के अन्तर्गत केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की प्राप्तियां आती हैं और अन्य सरकारों की ओर से क्रियान्वित सामान्य कार्यों से प्राप्त राशियां भी दिखाई गई हैं ।

The head 'Power' records receipts of the Central Electricity Authority under the Electricity (Supply) Act etc.

'पेट्रोलियम' शीर्ष के अन्तर्गत अनुमानों में अपरिष्कृत तेल और गैस पर रायल्टी से होने वाली प्राप्तियां शामिल हैं। संशोधित अनुमान, 1994-95 में वृद्धि मुख्यतः 1.4.90 से लागू रायल्टी की दर के संशोधन के कारण है । वर्ष 1995-96 के बजट अनुमान बकाया रहित चालू प्राप्तियों के द्योतक है।

Under the head 'Petroleum' the estimates include receipts from royalty on crude oil and gas. Increase in Revised Estimate, 1994-95 is mainly on account of the revision of rate of royalty effective from 1.4.90. B.E. 1995-96 represent current receipts without arrears.

(iv) उद्योग और खनिज	*(iv) Industry and Minerals :*			
ग्राम और लघु उद्योग	Village and Small Industries	9.03	10.52	11.23
उद्योग	Industries	28.08	36.59	39.66
अलौह खनन और धातुकर्म उद्योग	Non-ferrous Mining and Metallurgical Industries	1.14	1.87	2.40
जोड़	**Total**	**38.25**	**48.98**	**53.29**

"ग्राम और लघु उद्योग शीर्ष के अन्तर्गत, औद्योगिक सम्पदा, लघु उद्योग, हथकरघा, खादी, हस्तशिल्प, नारियल जटा, रेशम कीटपालन और अन्य ग्रामोद्योगों से होने वाली प्राप्तियां दिखायी गई है ।

The head "Village and Small Industries" records receipts from industrial estates, small scale, handloom, khadi, handicraft, coir, sericulture, powerloom and other village industries.

'उद्योग' के अन्तर्गत प्राप्तियां मुख्य रूप से परमाणु ऊर्जा उद्योगों और विभिन्न उद्योगों से लाइसेंस शुल्क संग्रह से संबंधित है।

Receipts under 'Industries' relate mainly to atomic energy industries and licence fees collected from various industries.

"अलौह खनन और धातुकर्म उद्योग" शीर्ष के अन्तर्गत भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण द्वारा किए गए विशिष्ट कार्यों से होने वाली प्राप्तियां दिखाई गई हैं।

The head "Non-ferrous Mining and Metallurgical Industries" mainly accommodates receipts on account of specified jobs undertaken by the Geological Survey of India.

(v) परिवहन	*(v) Transport*			
पत्तन और दीप स्तम्भ	Ports and Light Houses	5.55	5.97	7.73
नौवहन	Shipping	2.95	7.26	8.30
नागर विमानन	Civil Aviation	0.65	1.02	1.02
सड़कें और पुल	Roads and Bridges	41.50	46.50	49.50
जोड़	**Total**	**50.65**	**60.75**	**66.55**

"पत्तन, दीपस्तम्भ" और "नौवहन" के अन्तर्गत प्राप्तियां प्रकाश से संबंधित प्राप्त व्यय राशियों, सर्वेक्षण तथा जहाजों के रजिस्ट्रेशन की फीस और नौका सेवाओं से संबंधित है ।

"सड़कें और पुल" शीर्ष में राष्ट्रीय राजमार्गों से सम्बन्धित प्राप्तियां शामिल हैं, जिनमें राष्ट्रीय राजमार्गों और स्थाई पुलों के उपयोग से संबंधित शुल्क और सीमा सड़क विकास बोर्ड द्वारा प्रदत्त सेवाओं के लिए राज्य सरकारों एवं अन्य संस्थाओं से विभागीय प्रभारों की वसूली शामिल है।

The heads "Ports and Light-houses" and "Shipping" account for receipts of light dues, survey and registration fees of ships and ferry services.

The head "Roads and Bridges" includes receipts on account of national highways, including fees for use of National highways permanent bridges and also departmental charges recovered from State Governments and other bodies for services rendered by the Border Roads Development Board.

(करोड़ रुपए) (In crores of Rupees)

		बजट Budget 1994-95	संशोधित Revised 1994-95	बजट Budget 1995-96
(vi) संचार	(vi) Communications:			
"अन्य संचार सेवाएं"	'Other Communication Services'	5.40	7.10	7.10

"अन्य संचार सेवाओं" के अंतर्गत प्राप्तियों का संबंध मुख्य रूप से वायरलेस योजना और समन्वय संगठन से है ।

Receipts under 'Other Communication Services' mainly relate to the Wireless Planning and Coordination Organisation.

(vii) विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण	(vii) Science, Technology and Environment:			
परमाणु ऊर्जा अनुसंधान	Atomic Energy Research	9.08	11.35	8.37
अन्य वैज्ञानिक सेवाएं और अनुसंधान	Other Scientific Services and Research	15.59	16.08	16.58
जोड़	**Total**	**24.67**	**27.43**	**24.95**

परमाणु ऊर्जा अनुसंधान के अन्तर्गत प्राप्तियां भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र के विभिन्न प्रभाग / यूनिटों द्वारा की गई बिक्रियों और सेवाओं से हुई प्राप्तियों से संबंधित हैं ।

"अन्य वैज्ञानिक सेवाएं और अनुसंधान" प्राप्तियां मुख्यतः भारतीय सर्वेक्षण, राष्ट्रीय एटलस तथा थिमेटिक मानचित्रण संगठन, से संबंधित है।

The receipts under 'Atomic Energy Research' relate to sales and services rendered by various divisions/units of Bhabha Atomic Research Centre.

"Other Scientific Services and Research" receipts mainly relate to the Survey of India, National Atlas and Thematic Mapping Organisation, etc.

(viii) सामान्य आर्थिक सेवाएं	(viii) General Economic Services:			
विदेशी व्यापार और निर्यात संवर्धन	Foreign Trade and Export Promotion	52.29	56.44	59.95
अन्य सामान्य आर्थिक सेवाएं	Other General Economic Services	179.31	329.44	285.25
नागरिक आपूर्ति	Civil Supplies	0.15	0.08	0.09
जोड़	**Total**	**231.75**	**385.96**	**345.29**

इस शीर्ष के अन्तर्गत मुख्य प्राप्तियों में से एक प्राप्ति व्यापार और अदायगी करारों के अंतर्गत बकायों के संबंध में भारत के पक्ष में विदेशी कटौती के पुनर्मूल्यांकन से संबंधित है ।

One of the main receipts under this head relates to receipts on revaluation of foreign currency in favour of India in respect of balances under Trade and Payment Agreements.

शीर्ष "अन्य सामान्य आर्थिक सेवाओं" में मुख्यतः संयुक्त पूंजी कम्पनियों के विनियमन से होने वाली प्राप्तियां और बीमा अधिनियम के अंतर्गत फीस की वसूली की प्राप्तियों को दिखाया गया है । इसमें भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की प्राप्तियां तथा जोखिम बीमा निधि की प्राप्तियों और गैर सरकारी निकायों के द्वारा की गई सेवाओं के लिए राष्ट्रीय सूचना केन्द्र द्वारा वसूल किए गए शुल्कों को भी शामिल किया गया है ।

The head "Other General Economic Services" mainly accommodates receipts on account of regulation of joint stock companies and fees realised under the Insurance Act. It also includes receipts of the Indian Meteorological Department, fees realised by National Informatics Centre for services rendered by it to non-Government bodies and Risk Insurance Fund receipts.

सहायता अनुदान और अंशदान

GRANTS-IN-AID AND CONTRIBUTIONS

ये अनुमान विदेशी स्रोतों से नकदी और वस्तुओं के रूप में प्राप्त सहायता अनुदान से संबंधित है । ब्यौरे इस प्रकार हैं :-

The estimates are in respect of Grant assistance, in cash and kind, from external sources. The details are :

(i) विदेशी अनुदान सहायता	(i) External Grant Assistance	1284.55	995.74	1085.20
(ii) सहायता सामग्री और उपस्कर	(ii) Aid Material & Equipment	80.45	180.25	68.46
जोड़	**Total**	**1365.00**	**1175.99**	**1153.66**

अतिरिक्त ब्यौरे इस दस्तावेज के अनुबन्ध 8 की विवरणी 2 में दिए गए हैं:-

Further details are given in Statement 2 to Annexure 8 of this document.

संघ राज्य क्षेत्रों के कर-भिन्न राजस्व

NON-TAX REVENUE OF UNION TERRITORIES :

अनुमान इस प्रकार है :-

The estimates are as follows :-

संघ राज्य क्षेत्रों (विधानमंडल रहित) की प्राप्तियां	Receipts of Union Territories (without legislature)	191.52	184.05	196.42

विधानमंडल रहित संघ राज्य क्षेत्रों की प्राप्तियां मुख्यतः प्रशासनिक सेवाओं, खासतौर पर अंदमान और निकोबार द्वीप समूह में इमारती लकड़ी तथा वन उत्पादों की बिक्री, चंडीगढ़ परिवहन उपक्रम से प्राप्त होने वाली राशियों तथा जहाज पर्यटन और विद्युत से होने वाली प्राप्तियों से सम्बद्ध हैं।

The receipts of the Union Territories without legislature mainly relate to administrative services; sale of timber and forest produce mainly in Andaman and Nicobar Islands; receipts from Chandigarh Transport Undertaking and receipts from shipping, tourism and power.

भाग ख PART B
पूंजी प्राप्तियां CAPITAL RECEIPTS

पूंजी प्राप्तियों के अनुमान

निम्न विवरण में **पूंजी प्राप्तियों** के अनुमानों का स्थूल श्रेणीवार संक्षिप्त ब्यौरा दिया गया है। 1994-95 के बजट अनुमानों और संशोधित अनुमानों के बीच तथा संशोधित अनुमानों और 1995-96 के बजट अनुमानों के बीच होने वाली घट-बढ़ के संबंध में संक्षिप्त टिप्पणियां और अतिरिक्त जानकारी जिनमें इस घट-बढ़ का स्पष्टीकरण दिया गया है, इस विवरण के बाद दी गई हैं। विवरण में शामिल उधार और अन्य ऋण वापसी अदायगियों को घटाकर है।

ESTIMATES OF CAPITAL RECEIPTS

The Statement below summarises by broad categories the estimates of **capital receipts**. Further details together with brief notes explaining the variations between the Budget estimates and the Revised estimates for 1994-95 and between the latter and Budget estimates for 1995-96 are given in the notes that follow this statement. The borrowings and other debt included in the statement are net of repayments.

(करोड़ रुपए in crores of Rupees)

		बजट Budget 1994-95	संशोधित Revised 1994-95	बजट Budget 1995-96
1. बाजार ऋण	1. Market Loans			
सकल उधार	*Gross Borrowings*	*4653.67*	*4653.68*	*9255.58*
घटाइए-वापसी अदायगियां	*Less-Repayments*	*953.67*	*953.67*	*5555.58*
निवल उधार	*Net Borrowings*	*3700.00*	*3700.01*	*3700.00*
2. अन्य दीर्घावधिक एवं मध्यमावधिक उधार	2. Other long & medium term borrowings	11000.00	17000.00	19000.00
3. अल्पावधिक उधार	3. Short term Borrowings	12000.00	3870.00	4387.00
4. स्वर्ण बांड 1998	4. Gold Bonds, 1998	1225.00	1100.00	65.00
5. विदेशी सहायता (निवल)	5. External Assistance (Net)	4278.48	3946.62	4456.15
6. ऋणों और अग्रिमों की वसूलियां	6. Recoveries of loans & advances	6700.00	6700.00	6730.00
7. सरकारी क्षेत्र के उद्यमों में इक्विटी धारिता का विनिवेश	7. Disinvestment of equity holdings in Public sector enterprises	4000.00	5237.41	7000.00
8. अल्प बचतें, लोक भविष्य निधि, सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए जमा योजना (निवल)	8. Small Savings, Public Provident Fund and Deposit Scheme for Retiring Employees (Net)	6000.00	14000.00	8000.00
9. राज्य भविष्य निधियां (निवल)	9. State Provident Funds (Net)	1800.00	1900.00	2000.00
10. गैर-सरकारी भविष्य-निधियों, जीवन बीमा निगम, आदि की विशेष जमा (निवल)	10. Special Deposits of Non-Government PF, LIC, etc. (Net)	8100.00	8900.00	8964.42
11. अन्य प्राप्तियां (निवल)	11. Other Receipts (Net)	811.52	1148.24	2062.03
कुल-पूंजी प्राप्तियां *	**Total Capital Receipts***	**59615.00**	**67502.28**	**66364.60**

**अनुबन्ध 12 में उपर्युक्त अनुमानों का मिलान वार्षिक वित्तीय विवरण में प्रदर्शित प्राप्तियों के अनुमानों के साथ प्रस्तुत किया गया है।*

**Annexure 12 gives a reconciliation of the above estimates with the Receipt estimates shown in the Annual Financial Statement.*

1. बाजार ऋण :

1994-95

1994-95 के बजट अनुमानों में केन्द्रीय सरकार द्वारा बाजार ऋणों से वापसी अदायगियां घटाकर, 3700 करोड़ रुपए की निवल प्राप्तियों की प्रत्याशा की गई थी। वर्ष 1994-95 के संशोधित अनुमानों को उसी स्तर पर रखा गया है।

वर्ष 1992-93 में भारत सरकार ने दिनांकित सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी द्वारा बिक्री की योजना शुरू की, जिसका संचालन बम्बई स्थित भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किया जाता है। यह विशिष्ट ब्याज दरों पर ऋण जारी करके बाजार ऋण जुटाने की पहले की प्रथा से अलग था।

वर्ष के दौरान की गई चार नीलामियों में नीचे दिए गए ब्यौरे के अनुसार 4653.68 करोड़ रुपए की कुल राशि जुटाई गई थी :

1. Market Loans:

1994-95

In the Budget Estimate of 1994-95 the total receipt from market borrowings by the Central Government, net of repayments, was assumed at Rs. 3700 crores. RE 1994-95 has been retained at the same level.

In 1992-93 Government of India introduced a scheme of sale of dated Government securities by auction, which is conducted by the Reserve Bank of India at Bombay. This marked a departure from the practice followed earlier in raising market loans by issuing loans at specific interest rates.

In the four auctions held during the year a total sum of Rs. 4653.68 crores was raised as per details given below:

(करोड़ रुपए) (In crores of Rupees)

किस्त और निर्गम की तारीख / Instalment and date of issue	लिए गए उधार	Loans raised	अभिदान की धनराशियां Amounts subscribed
प्रथम/ First (24.5.94)	12.35 प्रतिशत सरकारी स्टाक 2004	12.35% Government Stock 2004	1200.00
द्वितीय/ Second(28.6.94)	12.08 प्रतिशत सरकारी स्टाक 2001	12.08% Government Stock 2001	900.00
तृतीय/Third(26.7.94)	11.64 प्रतिशत सरकारी स्टाक 2000	11.64% Government Stock 2000	900.00
चतुर्थ/Fourth (26.7.94) द्वितीय निर्गम/IInd Issue	11.64 प्रतिशत सरकारी स्टाक 2000	11.64% Government Stock 2000	1653.68
	जोड़	**Total**	**4653.68**
	घटाइए-वापसी अदायगी	*Less Repayments*	*953.67*
	निवल	*Net*	*3700.01*

बजट अनुमान, 1995-96

निम्नलिखित ऋणों को जिनकी बकाया राशि उनके सामने दर्ज कर दी गई है, वर्ष 1995-96 में विमोचित किया जाएगा:

Budget Estimates 1995-96

The following loans with outstanding balances indicated against each are due for discharge in 1995-96:

		(करोड़ रुपए Rs. crores)
5.50 प्रतिशत ऋण, 1995	5.50% Loan, 1995	188.56
6.25 प्रतिशत ऋण, 1995	6.25% Loan 1995	125.70
9.50 प्रतिशत ऋण, 1995	9.50% Loan 1995	185.77
6.50 प्रतिशत ऋण, 1995	6.50% Loan 1995	119.30
10.50 प्रतिशत ऋण, 1995	10.50% Loan 1995	291.61
8.25 प्रतिशत ऋण, 1995	8.25% Loan 1995	598.71
12 प्रतिशत सरकारी ऋण, 1995	12% Govt. Stock 1995	4045.93
जोड़	***Total***	***5555.58***

बजट में उपर्युक्त वापसी-अदायगियों को घटाकर प्रत्याशित कुल उधारों की राशि 3700 करोड़ रुपए है।

2. **अन्य दीर्घावधिक एवं मध्यमावधिक उधार**:—इनमें नीलामी आधार पर बेची गई (i) 364-दिवसीय राजकोषीय हुंडियों तथा (ii) 91-दिवसीय राजकोषीय हुंडियों को परिवर्तित करना शामिल है। इन हुंडियों में निवेशकों को अपनी धारिताओं को दिनांकित प्रतिभूतियों में परिवर्तित करने का विकल्प देने का प्रस्ताव किया गया था। वर्ष के दौरान किये गए परिवर्तनों के ब्यौरे निम्न प्रकार है:—

	(करोड़ रुपए)
(i) 91-दिवसीय राजकोषीय हुंडियां जो 12% सरकारी स्टॉक, 1999 में परिवर्तित की गयी	4417.17
(ii) 364-दिवसीय राजकोषीय हुंडियां जो 11.75% सरकारी स्टॉक, 2001 में परिवर्तित की गयी	8078.36
(iii) 364-दिवसीय राजकोषीय हुंडियां जो 11% सरकारी स्टॉक, 1997 में परिवर्तित की गयी	101.25

सरकार ने निवेश प्रपत्रों की सीमा को व्यापक करने के आशय से 1994-95 में आंशिक प्रदत्त स्टॉक नामक एक और नया प्रपत्र शुरु किया। 14 नवम्बर, 1994 को 11.55% ब्याज दर वाले आठ-वर्षीय आंशिक प्रदत्त स्टॉक की नीलामी के माध्यम से 2000 करोड़ रुपए की राशि जुटाई गई थी। इसके अतिरिक्त, 2000 करोड़ रुपए की राशि के पांच-वर्षीय जीरो कूपन बांडों की 2 फरवरी, 1995 को नीलामी की गई। बांडों पर कोई ब्याज नहीं है लेकिन इन्हें रियायत पर बेचा जाता है।

वर्ष 1994-95 के संशोधित अनुमान के लिए अन्य दीर्घावधिक और मध्यमावधिक उधारों के लिए 17000 करोड़ रुपए की राशि अनुमानित है और वर्ष 1995-96 के बजट अनुमान में अनुमानित राशि 19,000 करोड़ रुपए है।

The total borrowings assumed in the Budget net of the above repayments, amount to Rs. 3700 crores.

2. **Other Long & Medium term borrowings**: These comprise conversion of (i) 364-day Treasury Bills and (ii) 91-day Treasury Bills sold on auction basis. Investors in these Bills were offered the option to convert their holdings into dated securities. The details of conversions made during the year are as under:—

	(Rs. Crores)
(i) 91 day treasury bills converted into 12% Government Stock, 1999.	4417.17
(ii) 364 day treasury bills converted into 11.75% Government Stock, 2001.	8078.36
(ii) 364 day treasury bills converted into 11% Government Stock, 1997.	101.25

Government introduced one more new instrument in 1994-95 with the intention of widening the range of investment instruments namely, Partially Paid Stock. An amount of Rs. 2000 crore was raised through auction of Partially Paid Stock of 8 year tenor bearing an interest rate of 11.55% on 14th November, 1994. In addition, Zero Coupon Bonds of 5 year tenor for Rs. 2000 crore were auctioned on 2nd February 1995. These Bonds do not carry any interest, but are sold at a discount. For RE 1994-95 a sum of Rs. 1700 crore has been assumed under "other Long and Medium term borrowings" and for BE 1995-96 the amount assumed is Rs.19000 crores.

3. **अल्पावधिक उधार—**

364-दिवसीय राजकोषीय हुण्डियां वित्तीय संस्थानों (जैसे बैंक आदि) और अन्य पक्षों को अल्पावधिक निवेश का अवसर प्रदान करती हैं। ये राजकोषीय हुण्डियां वर्ष 1992-93 में शुरू की गई थीं ताकि सरकारी प्रतिभूतियों के लिए बाजार विकसित हो सके। इन हुण्डियों का भारतीय रिजर्व बैंक के पास पुनर्बट्टा नहीं किया जा सकता है।

ये हुण्डियां बम्बई स्थित भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नीलामी आधार पर आवधिक रूप से बिक्री के लिए पेश की जाती हैं। वर्ष 1994-95 में इन हुण्डियों की बिक्री से प्राप्तियों का अनुमान वापसी-अदायगी और रूपान्तरण को घटाकर 4548 करोड़ रुपए और वर्ष 1995-96 के बजट अनुमान में 6223 करोड़ रुपए लगाया गया है।

3. **Short term borrowings:—**

364 day treasury bills offer short-term investment opportunity to financial institutions (like banks, etc.) and other parties. These treasury bills were introduced in 1992-93 to enable development of a market for government securities. These bills are not rediscountable with the Reserve Bank of India.

These bills are periodically offered for sale on auction basis, by the Reserve Bank of India at Bombay. The receipts from sale of these bills this year, net of repayment and conversion are estimated at Rs.4548 crore in RE 1994-95 and Rs.6253 crore in BE 1995-96.

4. **स्वर्ण बांड, 1998:—**

स्वर्ण बाण्ड, योजना, 1993 दिनांक 15.3.93 से तीन महीनों के लिए आरंभ की गई थी। योजना का मुख्य उद्देश्य सरकारी प्रारक्षित भंडार को बढ़ाने हेतु साधारण नागरिकों के बेकार स्वर्ण संसाधनों को जुटाना था। प्राप्त किया गया कुल अभिदान 41.12 मी. टन स्वर्ण था। प्राप्त स्वर्ण की परख और प्रमाणीकरण के कार्यक्रम और प्रगति के आधार पर 1994-95 के 1225 करोड़ रु. बजट अनुमानों की तुलना में इस योजना के तहत 1994-95 के संशोधित अनुमानों तथा 1995-96 के बजट अनुमानों में क्रमशः 1100 करोड़ रु. तथा 65 करोड़ रु. की प्राप्ति होने का अनुमान है।

4. **Gold Bonds, 1998 :—**

The Gold Bond Scheme, 1993 was introduced for three months from 15.3.93. The main objective of the scheme was to mobilise the idle gold resources of ordinary citizens to supplement official reserves. The total subscription received was 41.12 M.T. of gold. RE 1994-95 and BE 1995-96 assume a receipt of Rs. 1100 crore and Rs. 65 crore respectively under this scheme against BE 1994-95 of Rs. 1225 crore, based on the progress and the programme of assaying and certification of gold received.

5. **विदेशी सहायता:—** बजट 1994-95 में विदेशी सहायता (विदेशी अनुदानों को छोड़कर) से 9666.88 करोड़ रुपए की सकल प्राप्ति का अनुमान लगाया गया है। इसके मुकाबले 1994-95 के संशोधित अनुमान में 9426.22 करोड़ रुपए प्राप्त होने का अनुमान लगाया गया है। 1995-96 के बजट में 10372.30 करोड़ रुपए की सकल प्राप्ति होने का अनुमान है।

5. **External Assistance :—**

Budget 1994-95 assumed a gross receipt of Rs. 9666.88 crore from external assistance (excluding external grants). As against this, the Revised Estimate 1994-95 is placed at Rs.9426.22 crore. Gross receipts for 1995-96 are estimated at Rs.10372.30 crore.

1994-95 के बजट में वापसी-अदायगियों के लिए 5388.40 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई थी जबकि संशोधित अनुमानों में 5479.60 करोड़ रुपए की वापसी की व्यवस्था है। 1995-96 में वापसी-अदायगियों के लिए 5916.15 करोड़ रुपए का अनुमान लगाया गया है।

इस प्रकार विदेशी सहायता से होने वाली निवल प्राप्तियों की राशि 1994-95 के संशोधित अनुमानों में 3946.62 करोड़ रुपए और अगले बजट में 4456.15 करोड़ रुपए दिखाये गये है।

विदेशी सहायता की प्राप्तियों और चालू वर्ष तथा अगले वर्ष में मूलधन की वापसी अदायगियों के अनुमान का सारांश नीचे दिया गया है :—

Budget 1994-95 provided for repayments of Rs. 5388.40 crore against which the Revised estimate is placed at Rs. 5479.60 crore . The repayments in 1995-96 are estimated at Rs. 5916.15 crore.

The net receipts from external assistance are thus placed at Rs. 3946.62 crore in the Revised Estimate 1994-95 and Rs.4456.15 crore in the next Budget.

A summary of estimates of receipts of external assistance and repayment of the principal in the current year and in the next is given below :—

(करोड़ रुपए) *(In crores of Rupees)*

		बजट Budget 1994-95	संशोधित Revised 1994-95	बजट Budget 1995-96
क. प्राप्तियां	**A. Receipts**			
(i) विदेशी ऋण	*(i) External loans*	*9004.17*	*8762.88*	*10134.72*
(ii) परिक्रामी निधि के अन्तर्गत प्राप्तियां	*(ii) Receipts under Revolving fund*	*662.71*	*663.34*	*237.58*
जोड़-प्राप्तियां	**Total Receipts :**	*9666.88*	*9426.22*	*10372.30*
ख. वापसी-अदायगियां	**B. Repayments**	**(-) 5388.40**	**(-) 5479.60**	**(-) 5916.15**
निवल प्राप्तियां :	**Net receipts :**	**4278.48**	**3946.62**	**4456.15**

और अधिक ब्यौरे इस दस्तावेज के अनुबंध 8 में दिए गए हैं।

Further details are given in Annexure 8 to this document.

6. ऋणों और अग्रिमों की वसूलियां

केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों (विधानमंडल वाले) और गैर-सरकारी पार्टियों को दिए गए ऋणों तथा अग्रिमों की वसूली का अनुमान इस प्रकार है:—

6. Recoveries of Loans and Advances

The estimates of recoveries of loans and advances made by the Central Government to the State Governments, Union Territories (with Legislature) and Non-Government parties are as follows:-

वसूलियां:	Recoveries from:			
(i) राज्य सरकारों से	(i) State Governments	4221.51	4333.18	4729.65
(ii) संघ राज्य क्षेत्रों से (विधानमंडल वाले)	(ii) Union Territories (with Legislature)	21.09	21.09	24.57
(iii) अन्य	(iii) Others	2457.40	2345.73	1975.78
जोड़-ऋणों और अग्रिमों की वसूलियां	**TOTAL- Recoveries of Loans and Advances**	**6700.00**	**6700.00**	**6730.00**
(क) राज्य सरकारों की वसूलियों मे शामिल नहीं हैं :- अल्पावधिक अर्थोपाय अग्रिम	(a) The recoveries from State Governments exclude Short-term ways and means advances	1000.00	1000.00	1000.00
(ख) गैर-सरकारी पार्टियों से की गई वसूलियों में सरकारी कर्मचारियों आदि से की गई वसूलियां शामिल नहीं है जिन्हें व्यय बजट से घटा दिया जाता है।	(b) The recoveries from non-Government parties exclude recoveries from Government servants, etc. which are netted in the Expenditure Budget	131.00	131.00	132.00
(i) राज्य सरकारों से वसूलियों का ब्यौरा:-	**(i) Details of Recoveries from State Governments:–**			
(क) 1979 से पहले के समेकित ऋण	(a) Pre-1979 Consolidated loans	247.17	263.17	247.17
(ख) 1979-84 के समेकित ऋण	(b) 1979-84 Consolidated Loans	356.01	391.86	356.01
(ग) 1984-89 के समेकित ऋण (राज्य की आयोजना स्कीमों के लिए)	(c) 1984-89 Consolidated Loans (for State Plan Schemes)	1095.56	1226.71	1095.57
(घ) 1984-89 के समेकित ऋण(जो भूतपूर्व गोवा, मिजोरम तथा अरुणाचल प्रदेश के संघ राज्य क्षेत्रों के दिए गए थे)	(d) 1984-89 Consolidated Loans (advanced to Ex-U.Ts of Goa, Mizoram and Arunachal Pradesh)	16.15	16.15	15.34
(ङ) 1984-85 से 1994-95 के दौरान आयोजना तथा आयोजना-भिन्न प्रयोजनों हेतु दिए गए ऋण	(e) Loans for Plan and Non-Plan purposes advanced during 1984-85 to 1994-95	1415.00	1318.26	1427.27
(च) लघु बचत संग्रहणों के एवज में ऋण	(f) Loans against Small Savings collections	1090.00	1115.41	1386.67
(छ) दसवें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार बट्टे खाते में डाले जाने वाले ऋण	(g) Loan to be written off in terms of the recommendations of the Tenth Finance Commission	...	...	200.00
(ज) अन्य ऋण	(h) Other Loans	1.62	1.62	1.62
जोड़	Total	**4221.51**	**4338.18**	**4729.65**

(i) (क) और (ख):- सरकार द्वारा यथा-स्वीकृत आठवें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसरण में 1983-84 तक राज्य सरकारों को दिए गए केन्द्रीय ऋणों और 1984-85 के अन्त में बकाया ऋणों को समेकित किया गया है। समेकन के प्रयोजनों हेतु वित्त आयोग ने 1978-79 तक दिए गए ऋणों और 1979-84 के दौरान दिए गए ऋणों को भिन्न-भिन्न रूपों में माना था। हालांकि कुछ राज्यों के मामले मे 1979 से पहले दिए गए ऋणों की शर्तों में किसी परिवर्तन की सिफारिश नहीं की गई है, फिर भी दूसरों के

(i) (a) & (b): In pursuance of the recommendations of the Eighth Finance Commission, as accepted by the Government, the Central loans advanced to the State Governments upto 1983-84, and outstanding as at the end of 1984-85, have been consolidated. For purposes of consolidation, the Finance Commission had treated loans advanced up to 1978-79 and those advanced during 1979-84 differently. While no change has been recommended in the terms of pre-1979 loans

मामले में इन ऋणों को 25 वर्षीय ऋणों के रूप में या 30 वर्षीय ऋणों के रूप में समेकित किए जाने की सिफारिश की गई है। जहां तक 1979-84 के दौरान दिए गए ऋणों का संबंध है, सभी राज्यों के मामले में इन्हें 15 वर्षों से लेकर 30 वर्षों की अवधियों वाले ऋणों के रूप में समेकित किया गया है। नौवें वित्त आयोग ने 1989-90 के लिए अपनी पहली रिपोर्ट तथा 1990-95 के लिए दूसरी रिपोर्ट मे तथा दसवें वित्त आयोग ने 1995-2000 के लिए अपनी रिपोर्ट में इन समेकित ऋणों के संबंध में किसी परिवर्तन की सिफारिश नहीं की है।

(ग) सरकार द्वारा यथा-स्वीकृत वर्ष 1990-95 की अवधि के लिए नौवें वित्त आयोग की दूसरी रिपोर्ट में दी गई सिफारिशों के अनुसरण में 1984-89 के दौरान राज्य सरकारों को दिए गए राज्य आयोजना ऋणों तथा 1989-90 के अन्त में यथा-विद्यमान बकाया ऋणों को 15 वर्षीय ऋणों मे समेकित किया गया है। दसवें वित्त आयोग ने 1995-2000 के लिए अपनी रिपोर्ट में इन समेकित ऋणों के संबंध में किसी परिवर्तन की सिफारिश नहीं की है।

(घ) सरकार द्वारा यथा-स्वीकृत वर्ष 1990-95 की अवधि के लिए नौवें वित्त आयोग की दूसरी रिपोर्ट में दी गई सिफारिशों के अनुसरण में 1986-87 तक संघ राज्य क्षेत्रों के रूप में गोआ तथा मिजोरम सरकार द्वारा आयोजनाओं के लिए प्राप्त किए गए अतिरिक्त केन्द्रीय ऋणों को बट्टे खाते में डालने के उपरान्त 31.3.1990 को यथा-विद्यमान शेष बकाया राशियों को 15 वर्षीय ऋणों में समेकित किया गया है।

(ङ) इन अनुमानों का संबंध 1984-85 से 1989-90 की अवधि हेतु राज्य आयोजना स्कीमों के लिए दिए गए ऋणों को छोड़कर 1984-85 से मंजूर किए गए अन्य ऋणों से है जिन्हें समेकित किया गया था (उपर्युक्त (ग) देखें)। हालांकि मूल बजट अनुमानों तथा संशोधित बजट अनुमान, 1994-95 का संबंध 1984-85 से 1993-94 के दौरान आयोजना तथा आयोजना-भिन्न प्रयोजनों के लिए दिए गए ऋणों के संबंध में की गई वसूलियों से है, फिर भी बजट 1995-96 उन वर्षों के दौरान दिए गए ऋणों तथा 1994-95 के दौरान दिए गए ऋणों पर भी आधारित है।

1990-91 से आगे की राज्य आयोजनाओं के लिए मंजूर किए गए ऋणों की परिपक्वता अवधि 20 वर्षों की होगी, जिसकी वापसी-अदायगी 20 समान वार्षिक किस्तों में की जाएगी। तथापि इनके पचास प्रतिशत ऋणों को पांच वर्ष की आरम्भिक रियायत अवधि मिलेगी जिसके उपरान्त इन ऋणों की वापसी-अदायगी 15 समान वार्षिक किस्तों में की जाएगी। दसवें वित्त आयोग ने 1995-2000 के लिए अपनी रिपोर्ट में इन ऋणों के संबंध में किसी परिवर्तन की सिफारिश नहीं की है।

(च) लघु बचत ऋण भी उन ऋणों में आते हैं जो आठवें वित्त आयोग के समेकन की स्कीम में शामिल नहीं है। इन ऋणों की वसूली, जिसे पहले रोक दिया गया था, 1985-86 से फिर शुरु कर दी गई है। नौवें और दसवें वित्त आयोग ने लघु बचत संग्रहणों के एवज में केन्द्रीय ऋणों से संबंधित मौजूदा शर्तों में किसी परिवर्तन का सुझाव नहीं दिया है।

मूलधन की वापसी-अदायगी के लिए इन ऋणों पर 5 वर्षों का अधिस्थगन काल होगा और वापसी अदायगी की अवधि अधिस्थगन काल सहित 25 वर्षों की है। अगले वर्ष में वृद्धि 1988-89 में दिए गए ऋणों की वापसी-अदायकी की किश्त शुरु होने के कारण है।

(छ) दसवें वित्त आयोग ने वर्ष 1995-2000 की अपनी रिपोर्ट में ऋण राहत की सिफारिश निम्नानुसार की है:-

क. उच्च राजकोषीय दवाब वाले राज्यों (अर्थात 10 विशेष श्रेणी वाले राज्यों और बिहार, उड़ीसा तथा उत्तरप्रदेश) और उन राज्यों जितनी ऋण समस्या पर विशेष ध्यान (पंजाब) दिया जाना आवश्यक है, के लिए विशिष्ट राहत; और

ख. सामान्य राहत

दसवें वित्त आयोग ने सभी राज्यों पर लागू निम्नलिखित दो नई ऋण राहत स्कीमों का प्रस्ताव दिया है।

- पहली स्कीम में, आगामी प्रत्येक पांच वर्ष के लिए किसी राज्य को स्वीकार्य ऋण राहत को पिछले तीन वर्ष के दौरान राज्य के राजकोषीय निष्पादन से निर्धारित किया जाता है। राजकोषीय निष्पादन के सुधार को राजस्व प्राप्तियों (सुपुर्दगी और केन्द्र से अनुदानों सहित) राजस्व व्यय के अनुपात की पिछले तीन लगातार वर्षों में इसी आधार पर आकलित अनुपात से तुलना करके मापा जाता है।

- दूसरी स्कीम में, आयोग ने सिफारिश की है कि केन्द्र सरकार को राज्य सरकार के उद्यमों के विनिवेश से हुई प्राप्तियों का उपयोग करके राज्यों द्वारा दिए गए ऋण के बराबर ऋण को अतिरिक्त रूप से बट्टे खाते में डालना चाहिए।

in the case of some States, these loans have been recommended to be consolidated into either 25 year loans or 30 year loans in the case of others. As regards loans advanced during 1979-84, these have been consolidated in the case of all the States with periods ranging from 15 years to 30 years. The Ninth Finance Commission in their First Report for 1989-90 and Second Report for 1990-95 and the Tenth Finance Commission have not recommended any change in respect of these consolidated loans.

(c) In pursuance of the recommendations of the Ninth Finance Commission contained in its second Report for the period 1990-95, as accepted by the Government, the State Plan loans advanced to State Government during 1984-89 and outstanding as at the end of 1989-90 have been consolidated into 15 year loans. The Tenth Finance Commission in their report for 1995-2000 have not recommended any change in respect of these consolidated loans.

(d) In pursuance of the recommendations of the Ninth Finance Commission contained in the Second Report for the period 1990-95, as accepted by the Government, the remaining outstanding balance as on 31.3.1990, after write-off of the excess of central loans received by the Government of Goa and Mizoram for plans upto 1986-87 as Union Territories, have been consolidated into 15 year Loans.

(e) These estimates related to loans sanctioned from 1984-85 other than loans for State Plan Schemes for the period 1984-85 to 1989-90 which were consolidated (vide (c) above). While the original Budget Estimates and the Revised Estimates 1994-95 relate to recoveries in respect of loans advanced for Plan and Non-Plan purposes during 1984-85 to 1993-94, Budget 1995-96 is based on loans advanced during those years and also loans advanced during 1994-95.

The maturity period of the loans sanctioned for State Plans from 1990-91 onwards will be 20 years, repayment being made in 20 equal annual instalments. However, fifty percent of these loans will enjoy a five year initial grace period, after which the repayments of these loans will be effected in 15 equal annual instalments. The Tenth Finance Commission in their report for 1995-2000 have not recommended any change in respect of these loans.

(f) Small Savings loans are also among those loans not covered by the scheme of consolidation of the Eighth Finance Commission. The recovery of these loans suspended earlier has been resumed from 1985-86. The Ninth and Tenth Finance Commission have not suggested any change in the existing terms and conditions relating to central loans against the small savings collections.

These loans carry moratorium of 5 years towards repayment of principal, and the period of repayment is 25 years including moratorium period. The increase in next year is due to commencement of the repayment instalment of loans advanced in 1988-89.

(g) The Tenth Fianance Commission in its Report for 1995-2000 has recommended debt relief as under :-

A. Specific relief for States with high fiscal stress (i.e. 10 special category States and Bihar, Orissa and Uttar Pradesh) and States whose debt problems need special attention (Punjab); and

B. **General Relief**:

The Tenth Finance Commission has proposed the following two new debt Relief Schemes applicable to all the States.

- In the first scheme, the admissible debt relief to a State for each of the next five years is linked with the fiscal performance of the State during the preceding three years. The improvement of fiscal performance is to be measured by comparing the ratio of revenue receipts (including deveolution and grants from the Centre) to total revenue expenditure in a given year, with the average of the same measure in the three immediately preceding years.
- In the second scheme, the Commission has recommended that the Central Government should additionally write off debt equivalent to the debt retired by the States by utilising the proceeds of disinvestment of State Public Enterprises.

विशिष्ट राहत का विवरण

- दसवें वित्त आयोग ने पंजाब को विशिष्ट ऋण राहत देने के सिफारिश की है जो वर्ष 1995-2000 के लिए 490.63 करोड़ रुपए बैठती है (वर्ष 1995-96 में 98.12 करोड़ रुपए)। यह राशि वर्ष 1995-2000 के दौरान पंजाब राज्य को आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए दिए गए विशेष ऋणों की वापसी-अदायगी का एक तिहाई हिस्सा प्रदर्शित करती है।
- आयोग ने यह सिफारिश की है कि वर्ष 1995-2000 के दौरान 10 विशेष श्रेणी के राज्यों- अरूणाचल प्रदेश, असम, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैण्ड, सिक्किम और त्रिपुरा तथा वर्ष 1989-95 के दौरान बिहार, उड़ीसा, और उत्तर प्रदेश को दिए गए नए केन्द्रीय ऋणों के संबंध में सभी वापसी-अदायगियों का 5 प्रतिशत बट्टे खाते डाल दिया जाए।
- ऊपर उप-पैरा (ख) में सूचीबद्ध 14 राज्यों को वर्ष 1995-2000 के दौरान 701.14 करोड़ रुपए (वर्ष 1995-96 में लगभग 140 करोड़ रुपए) बैठती है।
- नौवें वित्त आयोग की स्वीकृत सिफारिशों (ऊपर मद संख्या (घ) के अंतर्गत समेकित ऋणों के संबंध में ऊपर उप-पैरा (ख) में निर्दिष्ट राहत भूतपूर्व संघ राज्य क्षेत्रों अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम और गोआ को भी प्रदान किया जाएगा।
- विशेष व्यवस्था के अंतर्गत अरूणाचल प्रदेश द्वारा हेलीकाप्टरों की खरीद के लिए ऋण के संबंध में बकाया वापसी-अदायगी वर्ष 1995-96 में बट्टे खाते डाल दी जाएगी।

(ज) यह वसूली उड़ीसा सरकार को हीराकुंड चरण-I के लिए दिए गए ऋणों से संबंधित है, जिन्हें समेकित स्कीम द्वारा शामिल नहीं किया जाता।

वर्ष 1994-95 के लिए संशोधित अनुमान और वर्ष 1995-96 के लिए बजट अनुमान में सरकार द्वारा यथा स्वीकृत राज्यों को दिए गए ऋण राहत के संबंध में क्रमशः नौवें और दसवें वित्त आयोग की सिफारिशों को हिसाब में लिया गया है।

(ii) **संघ राज्य क्षेत्रों (विधान मंडल सहित) से वसूलियां:** ये वसूलियां पांडिचेरी संघ राज्य क्षेत्र को दिए गए ऋणों के सम्बन्ध में है।

(iii) **अन्यों द्वारा वापसी-अदायगी :** संशोधित अनुमान, 1994-95 में राज्य सरकारों तथा संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों को छोड़कर अन्य पार्टियों अर्थात् विदेशी सरकारों, सरकारी क्षेत्र के औद्योगिक और वाणिज्यिक उपक्रमों तथा वित्तीय संस्थाओं, नगरपालिकाओं, पत्तन न्यासों तथा निजी क्षेत्र की कम्पनियों और संस्थाओं, सहकारी समितियों आदि से ऋणों की वसूलियों के रूप में 2375.73 करोड़ रुपए की प्राप्ति का अनुमान लगाया गया था। 1995-96 के दौरान 1975.78 करोड़ रुपए की वापसी-अदायगियों का अनुमान लगाया गया है। इनका विस्तृत ब्यौरा इस प्रकार है:—

Details of Specific Relief:

- The Tenth Finance Commission has recommended specific debt relief to Punjab which works out to Rs.490.63 crores for 1995-2000. (Rs.98.12 crore in 1995-96) This amount represents 1/3rd of the repayment of the principal falling due during 1995-2000 on special loans given to the State of Punjab for combating militancy.
- The Commission has recommended that 5% of all repayments due during the period 1995-2000 in respect of fresh central loans given to 10 Special category States - Arunachal Pradesh, Assam, Himachal Pradesh, Jammu & Kashmir, Manipur, Meghalaya, Mizoram, Nagaland, Sikkim and Tripura and States of Bihar, Orissa and Uttar Pradesh during 1989-95 may be written off.
- The total debt relief to the 14 States listed above, works out to Rs.701.14 crores during 1995-2000 (Rs.140 crore in 1995-96).
- The relief specified in sub-para (b) above would also be extended to the erstwhile Union Territories of Arunachal Pradesh, Mizoram and Goa in respect of the loans consolidated under the accepted recommendations of the 9th Finance Commission at above).
- The repayment due in respect of loan for purchase of helicopters by Arunachal Pradesh under special arrangement will be written off in 1995-96.

(h) The recovery relates to Hirakud Stage-I loans advanced to Government of Orissa which are not covered by the Scheme of consolidation.

The Revised Estimates for 1994-95 and Budget Estimates for 1995-96 take into account the effect of recommendations of the Ninth and Tenth Finance Commission, respectively, regarding debt relief to States as accepted by the Government.

(ii) **Recoveries from Union Territories (with Legislature) :** The recoveries are in respect of loans advanced to the Union Territorry of Pondicherry.

(iii) **Repayments by Others:** Loan repayments by parties other than State and Union Territory Governments, viz. foreign Governments, industrial and commercial enterprises and financial institutions in the public sector, municipalities, port trusts, private sector companies and institutions, cooperatives, etc. are estimated at Rs.2345.73 crores in RE 1994-95. During 1995-96, repayment estimates are placed at Rs.1975.78 crores. The broad details are:—

(करोड़ रुपए) *(In crores of Rupees)*

		बजट Budget 1994-95	संशोधित Revised 1994-95	बजट Budget 1995-96
(क) विदेशी सरकारें	(a) Foreign Governments	34.86	23.02	35.98
(उनके तकनीकी ऋण)	(of which, Technical Credits)	(...)		
(ख) सरकारी क्षेत्र के उपक्रम, सांविधिक निकाय आदि	(b) Public Sector enterprises, statutory bodies, etc.	2422.54	2322.71	1939.80
जोड़	**Total**	**2457.40**	**2345.73**	**1975.78**

7. सरकारी क्षेत्र के उद्यमों में इक्विटी धारिताओं का विनिवेश

ये प्राप्तियां सरकारी क्षेत्र के चुनिंदा उद्यमों की इक्विटी पूंजी में केन्द्रीय सरकार की धारिताओं के आंशिक विनिवेश के कारण है।

7. Disinvestment of equity holdings in public sector enterprises.

The receipts are on account of partial disinvestment of Central Government's holdings in the equity capital of selected public sector enterprises.

8 अल्प बचतें, लोक भविष्य निधि और सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारियों/सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के कर्मचारियों के लिए जमा योजना।

वापसी अदायगियों को घटाकर अनुमान, निम्नलिखित हैं:

8. Small Savings, Public Provident Fund and Deposit Schemes for Retiring Government Employees/Employees of Public Sector Companies.

The estimates, net of repayments, are as follows:

This account is concerned, on the expenditure side, with the Government's consumption expenditure and current transfer payments; on receipt side, it indicates tax receipts, income from Government property and enterprises and fees and miscellaneous receipts. The surplus arising out of the excess of current revenue over expenditure on consumption and current transfer payment denotes the saving of the Central Government administration and together with savings of the commercial undertakings constitutes the saving of the Central Government available for capital formation.

Item 1: *Consumption Expenditure:* The Government's consumption expenditure comprises wages and salaries paid to employees and current expenditure incurred on purchases of commodities and services. This indicates the value of the available supplies of goods and factors drawn into the Government's current use, for developmental as well as non-developmental purposes.

Item 1.1: *Wages and Salaries:* Denote the estimates of income generated in the form of wages and salaries paid by the Central Government. Besides actual payments by the civil departments in the form of pay of officers and staff, allowances (including dearness allowance and city compensatory allowance but excluding travelling allowances) and honoraria, this item includes wages and salaries of the defence personnel including kit and clothing allowance and foodgrains provided to defence personnel, wages and salaries component of defence capital outlay and of 'repairs and maintenance' and also wage payments to casual labour employed by administrative departments. In estimating the wages and salaries component of defence capital outlay, one-third of the works expenditure is treated as wages and salaries and two-thirds as purchase of commodities and services. The expenditure under 'repairs and maintenance' as well as under 'lump sum provision' has been allocated in the ratio of 50:50 between wages and salaries and purchase of commodities and services since the required breakup is not available.

Item 1.2: *Commodities and Services:* Include expenditures under the head 'other charges'. 'Lump sum provisions' in the budget have been broken down into expenditure on commodities and services and wages and salaries in the ratio of 50:50. Contributions to the U.N. and similar payments to other international organisations are treated as purchases of services. Also in conformity with the accepted procedure of national income estimation, defence capital outlay has been treated as current expenditure. Except for one-third of the works expenditure which is treated as wages and salaries, the rest of capital outlay on defence appears here.

मद 2 : *अन्तरण अदायगियां* : ये व्यय माल और सेवाओं की प्रत्यक्ष मांग के द्योतक नहीं होते, ये तो अन्य मदों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से केवल अन्तरणों के रूप में होते हैं। वर्तमान विश्लेषण में चालू अन्तरणों और पूंजीगत अन्तरणों में अन्तर की परिकल्पना इस आधार पर की गई है कि जहां चालू अन्तरणों से प्राप्तिकर्ताओं के आय खातों में रकमों की वृद्धि हो जाती है, वहां पूंजीगत अन्तरणों का उद्देश्य पूंजीगत व्यय में सहायता देना होता है। यहां केवल चालू अन्तरणों को दिखाया गया है। इनमें ब्याज की अदायगियां, राज्यों, संघ राज्य क्षेत्रों, स्थानीय प्राधिकरणों और लाभ न कमाने वाली संस्थाओं को चालू अनुदान, आर्थिक सहायता, पेंशनें और अन्यों को अन्तरण अदायगियां शामिल है।

मद 2.1 : राष्ट्रीय कर्जे पर ब्याज की अदायगी को कई बार सरकार की चालू अन्तरण प्राप्तियों में से घटाकर दिखाया जाता है, परन्तु इन अदायगियों को यहां सकल रूप में दिखाया गया है। ब्याज में राष्ट्रीय कर्जों पर ब्याज भी शामिल है परन्तु विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों पर भारित ब्याज इसमें शामिल नहीं है। विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों पर भारित ब्याज को विवरण 2 में जो इन उपक्रमों का चालू खाता है, दिखाया गया है।

मद 2.2 : अनुदानों में सांविधिक अनुदान तथा राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के सभी अन्य आयोजना-भिन्न और आयोजना अनुदान शामिल हैं, पर इसमें वे अनुदान शामिल नहीं हैं, जिनका उद्देश्य पूंजी निर्माण में सहायता पहुंचाना है (जैसे, ग्रामीण निर्माण कार्य, भूमि-संरक्षण, वन, लघु सिंचाई कार्य आदि के लिए अनुदान)। विस्थापित व्यक्तियों के पुनर्वास पर किया जाने वाला व्यय भी, जो राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के माध्यम से किया गया है यहां दिखाया गया है। चौथी आयोजना के शुरू से राज्यों और राज्य क्षेत्रों को केन्द्रीय सहायता एकमुश्त अनुदानों और एकमुश्त ऋणों के रूप में दी जाती है। इस विश्लेषण में एकमुश्त अनुदानों को चालू और पूंजीगत अनुदानों के बीच 50:50 के अनुपात में निर्धारित किया गया है। उप-मद "अन्य को अनुदान" में मुख्यतः संस्थाओं को दिए जाने वाले अनुदान शामिल हैं और इन संस्थाओं में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग जैसी सरकारी क्षेत्र की संस्थाएं भी शामिल है।

मद 2.3 : अन्य चालू अन्तरणों में ये शामिल हैं : आर्थिक सहायता प्राप्त असैनिक और सैनिक पेंशनों और व्यक्तियों को किए गए अन्य चालू अन्तरण जैसे छात्रवृत्तियां, वृत्तिकायें, इनाम, अकाल और अन्य सहायता संबंधी अदायगियां। इस मद में प्रत्यक्ष रूप से विस्थापित व्यक्तियों पर हुआ सहायता व्यय (राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के माध्यम से किए गए व्यय से भिन्न) भी शामिल है। इस वर्गीकरण में पेंशन संबंधी अदायगियों को अन्तरण अदायगी के रूप में माना गया है। यद्यपि पेंशन को एक अन्य प्रकार से, अर्थात् आस्थगित वेतन के रूप में माना जा सकता है, परन्तु पेंशनों को अन्तरण के रूप में मानना इस आधार पर सरल और तर्कसंगत है कि पेंशन वाले सेवा-निवृत्त कर्मचारियों से अर्थव्यवस्था के चालू उत्पादन में कोई वृद्धि नहीं होती है।

मद 6 : सरकार की चालू और पूंजी खाते की अंतरण प्राप्तियों (अर्थात् करों) के बीच का अन्तर चालू और पूंजी खाते की अन्तरण अदायगियों के बीच के अंतर की तरह, इस परिकल्पना पर आधारित है कि सरकार की चालू अन्तरण प्राप्तियां आय से की गई अदायगियां है जबकि पूंजीगत प्रप्तियां पूंजी से की गई अदायगियां होती हैं। इस भिन्नता के आधार पर संपदा-शुल्क और दान-कर पूंजीगत प्राप्तियों के रूप में माने जाते और इन्हें 1982-83 तक यहां पर नहीं दिखाया जाता था। तथापि राष्ट्रीय आय के आंकड़ों के संग्रह और राष्ट्रीय लेखों के संकलन और विश्लेषण की सलाहकार समिति की सिफारिशों के अनुसार, यह भेद राजकोषीय वर्ष 1983-84 (वास्तविक) से समाप्त कर दिया गया है।

करों की प्राप्तियों की राशि, यहां राज्यों के हिस्से और स्थानीय प्राधिकरणों को अन्तरित करों को घटा कर दिखाई गई है।

Item 2: *Transfer Payments:* These expenditures do not involve direct demand on goods and services; they are of the nature of mere transfers intended to add to incomes of others. In the present analysis, a distinction has been drawn between current transfers and capital transfers on the hypothesis that while current transfers supplement the income accounts of recipients, capital transfers are intended to assist capital expenditure. Current transfers alone appear here; these comprise interest payments, current grants to States, Union Territories, local authorities and non-profit making institutions, subsidies, pensions and transfer payments to others.

Item 2.1: Interest Payments on the national debt are sometimes treated as a deduction from the current (transfer) receipts of Government, but these payments have been shown here on a gross basis. Interest comprises interest on the national debt exlcuding interest charged to departmental commercial undertakings. Interest charged to departmental commercial undertakings appear in Account 2, the current account of these undertakings.

Item 2.2: Grants include statutory grants, as well as all other non-plan and plan grants to States and Union Territories excepting those which are intended to assist capital formation (e.g. grants for rural works, soil conservation, forests, minor irrigation etc.). The expenditure on rehabilitation of displaced persons routed through State Governments and Union Territories also appears here. Starting with the Fourth Plan, the Central assistance to States and Union Territories is being given in the form of block grants and block loans; in this analysis, block grants have been allocated between current and capital grants in the ratio of 50:50. The sub-item 'grants to others' comprises grants mainly to institutions and these include grants to public sector institutions, like Council of Scientific and Industrial Research, Indian Council of Agricultural Research, and University Grants Commission.

Item 2.3: Other current transfers include subsidies, pensions-civil and defence and other current transfers to individuals like scholarships, stipends, prizes, famine and other relief payments. This item also includes relief expenditure (i.e. other than that routed through State Governments and Union Territories) incurred directly on displaced persons. Pension payments have been treated in the present classification as a transfer payment. While an alternative treatment of pensions as deferred pay is possible, the treatment of pensions as transfers is simpler and justifiable on the ground that no increase in current output accrues to the economy from retired personnel receiving pensions.

Item 6: The distinction between transfer receipts (i.e. taxes) of Government on current and capital account - like the distinction between transfer payments on current and capital account - rests on the hypothesis that Government's current transfer receipts constitute payments out of income, while capital receipts constitute payments out of capital. Based on this distinction, estate duty and gift tax were treated as capital receipts and did not appear here until 1982-83. However, following the recommendations made by the Advisory Committee on collection of data for National Income and Compilation and Analysis of National Accounts, this distinction has been done away with starting from the fiscal year 1983-84 (Accounts).

Tax receipts shown here are net of the States' share and taxes transferred to local authorities.

आय और सम्पत्ति पर करों की मद में आय-कर, निगम कर, धन-कर, संपदा शुल्क, दान-कर और भू-राजस्व (संघ राज्य क्षेत्रों के संबंध में) और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ब्याज प्राप्तियों पर कर शामिल है। वस्तुओं और लेन देनों पर कर में संघ उत्पाद शुल्क, (जिसमें राज्यों का हिस्सा शामिल नहीं है) सीमा शुल्क, उपयोगी वस्तुओं पर उपकर और विदेश यात्रा पर कर और बिक्री कर, पूंजीकरण फीस, स्टाम्प शुल्क आदि (संघ राज्य क्षेत्रों के संबंध में) भी शामिल है।

मद 7 : *सम्पत्ति और उद्यमों से आय* : इस मद में, प्रशासन को अन्तरित विभागीय और गैर विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों के लाभ और भारतीय रिजर्व बैंक के लाभ शामिल हैं। इसमें शामिल ब्याज की प्राप्तियां मुख्यतः राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों और गैर विभागीय वाणाज्यिक उपक्रमों से प्राप्त ब्याज की हैं। विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों से प्राप्त ब्याज को इसमें शामिल नही किया गया है, क्योंकि उन उपक्रमों पर भारित ब्याज विवरण 2 में दिखाई गई व्यय की मद है, विवरण 1 में नही। "अन्यों" में किराये की प्राप्ति और लोक निर्माण कार्यों से प्राप्तियां और तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग के द्वारा देय कच्चे तेल और गैस पर रायल्टी भी शामिल है।

मद 8 : *फीस और विविध प्राप्तियां* : इसमें वाणिज्यिक आधार पर संगठित न की गई फीस पर दी गई सेवाओं के लिए सरकारी विभागों की प्रशासनिक प्राप्तियां शामिल हैं।

विवरण 2 : *वस्तुओं और सेवाओं का लेन-देन तथा अन्तरण: विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों का चालू खाता*

विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों के कार्य जो बजट में दिखाये गये हैं, सरकार की उद्यमकारी गतिविधियों के रूप में है। इन उपक्रमों के चालू व्यय उत्पादनशील उद्यमों के कार्यचालन व्यय के समान उस मध्यवर्ती व्यय के द्योतक है जो माल तथा सेवाओं के मूल्यों में शामिल किए जाते है और जिन्हें अर्थ-व्यवस्था के दूसरे वर्गों को बेचा जाता है। अतः वह प्रशासनिक विभागों के अन्तिम परिव्यय के रूप में भिन्न होते हैं। इसी प्रकार वाणिज्यिक उपक्रमों की बिक्री से प्राप्त आय केवल प्रशासनिक विभागों की प्राप्तियों (अर्थात् करों) से, जो उनकी अपनी आय नहीं होती है और व्यय को पूरा करने के लिए अन्य क्षेत्रों की आयों से ली जाती है, भिन्न होती है। अतः इस विवरण में सामान्यतः विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों का लाभ और हानि का लेखा दिया जाता है और यह विवरण 1 के स्वरूप से भिन्न होता है।

स्वतंत्र कम्पनियों या निगमों के रूप में संचालित सरकारी उद्यमों जैसे हिन्दुस्तान स्टील, उर्वरक निगम आदि के लेन-देनों को इस विवरण में शामिल नहीं किया गया है क्योंकि यहां प्रस्तुत किया गया आर्थिक वर्गीकरण उपक्रमों अनुदानों की मांगों और बजट के विस्तार के संबंध में है। अतः यह विवरण केवल उन वाणिज्यिक उपक्रमों से संबंधित है जो विभागीय तौर पर चलाये जा रहे है और इनमें ये उपक्रम शामिल है:- रेलवे, डाक और दूरसंचार , अफीम की फैक्टरियां और एलक्लायड के कारखाने, विदेशी संचार सेवाएं, परिवहन योजनाएं, परमाणु बिजलीघर सहित विद्युत परियोजनाएं, वन और दिल्ली दुग्ध योजना। किन्तु 1972-73 से वर्गीकरण में एक बड़ा महत्वपूर्ण परिवर्तन किया गया है जिसके अनुसार रेल की कर्मशालाओं और उत्पादन एककों (चितरंजन लोकोमोटिव वर्क्स, डीजल लोकोमोटिव वर्क्स और इंटेग्रल कोच फैक्टरी) के निर्माण संबंधी कार्यों को इसके अन्तर्गत ले लिया गया है। 1977-78 से लोक लेखा समिति की सिफारिशों पर रक्षा सेवाएं, कैंटीन भण्डार विभाग के कार्यचालन को भी इसमें शामिल कर लिया गया है क्योंकि इसके द्वारा किए गए लेन-देन सामान्य बजट का एक अंग है। इसमें 1982-83 (वास्तविक) से प्रारम्भ करके परमाणु ऊर्जा औद्योगिक परियोजनाओं के कार्यचालन को भी शामिल किया गया है और 1983-84 (वास्तविक) से नागर विमानन, वाणिज्यिक प्रसारण सेवाओं, दीप स्तंभों और दीप-पोतो, और सिंचाई निर्माण कार्यो को भी वाणिज्यिक उपक्रम माना गया है।

Taxes on income and wealth include income tax, corporation tax, wealth tax, estate duty, gift tax, land revenue (in respect of Union Territories) and tax on interest receipts of scheduled commercial banks. Taxes on commodities and transactions include Union excise duties (excluding States' share), customs duties, cesses on commodities and tax on foreign travel and also sales tax, registration fees, stamp duties etc. (in respect of Union Territories).

Item 7: *Income from property and enterprises:* This item includes profits of departmental and non-departmental commercial undertakings transferred to administration as well as profits of the Reserve Bank of India. Interest receipts included here are mainly from States and Union Territories and non-departmental commercial undertakings. Interest received from departmental commercial undertakings is omitted since interest charged to these undertakings is an item of expenditure in Account 2 and not Account 1. 'Others' include rental income, receipts from public works and royalty payable by ONGC on crude oil and gas.

Item 8: *Fees and miscellaneous receipts:* These include administrative receipts of Government departments for services rendered for a fee not organised on a commercial basis.

Account 2: *Transactions in commodities and services and transfers : Current Account of Departmental Commercial Undertakings*

The operation of departmental commercial undertakings which figure in the budget, are of the nature of enterpreneurial activities of the Government. Current expenditure of these undertakings like working expenses of productive enterprises constitute intermediate expenditures that enter into the prices of goods and services as they are sold to other sectors of the economy. Therefore, they are different in character from final outlays by administrative departments. Likewise, sale proceeds of commercial undertakings are different from the receipts (e.g. taxes) of purely administrative departments which have no income of their own and draw upon incomes of other sectors to meet their expenditures. This account, therefore, sets out what is generally known as the profit and loss account of departmental commercial undertakings and is different in character from Account I.

The transactions of Government enterprises run as independent companies or corporations such as the Hindustan Steel, Fertiliser Corporation etc. are not included in this Account, as the economic classification presented here pertains to the magnitudes in the Demands for Grants and the Budget. This account is, therefore, concerned only with those commercial undertakings which are run departmentally and include Railways, Posts, Telecommunications, Opium factories and Alkaloid works, Overseas Communications Services, Transport Schemes, Power Projects including Atomic Power Stations, Forests and Delhi Milk Scheme. However, an important major change introduced since 1972-73 Classification has been to bring in the manufacturing activity of the Railway Workshops and production units (Chittaranjan Locomotive Works, Diesel Locomotive Works and Integral Coach Factory). With effect from 1977-78, the working of the Defence Services Canteen Stores Department has been included as its transactions now form part of the general Budget following the recommendations of the Public Accounts Committee. Starting from 1982-83 (Accounts), the working of atomic energy industrial projects and from 1983-84 (Accounts), those of Civil Aviation, commercial broadcasting service, light-houses and lightships and irrigation works are also treated as commercial undertakings.

अतः यहां यह बता देना महत्वपूर्ण होगा कि विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों की उपर्युक्त सूची में, केन्द्रीय सरकार द्वारा हाथ में लिए जाने वाले वाणिज्यिक या अर्द्ध वाणिज्यिक किस्मों के कार्य-कलापों का पूरा ब्यौरा नहीं दिया गया है। तकनीकी दृष्टि से यह संभव है कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग, करेंसी नोट प्रेस और सिक्यूरिटी प्रेस की गतिविधियों जैसे कार्य-कलापों को सरकारी वाणिज्कि कार्य-कलापों के रूप में माना जाए। किन्तु यहां पर ऐसा नहीं किया गया, क्योंकि उनकी सेवाओं की अधिकांश बिक्री या तो वाणिज्यिक आधार पर नहीं की जाती या उनकी बिक्री मुख्यतः सरकारी विभागों को ही की जाती है।

इस विवरण की मदें स्वतः स्पष्ट हैं। विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों के संचालन खाते के व्यय पक्ष में कर्मचारियों को दिया जाने वाला पारिश्रमिक (अर्थात् मजदूरी और वेतन), पेंशन आदायगियां, कच्चे माल आदि की खरीद आदि (आर्थात् वस्तुओं और सेवाओं का व्यय), मरम्मत और अनुरक्षण संबंधी व्यय, इन उपक्रमों द्वारा देय ब्याज और मूल्यह्रास की व्यवस्था दिखाई जाती है। वर्ष 1979-80 से रेलवे के राजस्व में हुई कमी को उनका 'आस्थगित लाभांश दायित्व' माना जाता है और उसे उनके द्वारा सामान्य राजस्व को देय लाभांशों में से घटा दिया जाता है। किन्तु रेलवे की सही वित्तीय स्थिति प्रस्तुत करने के लिए, उनके पूर्ण लाभांश दायित्व को हिसाब में लिया गया है और कमी को काल्पनिक दृष्टि से रेलवे को दिया गया उधार माना गया है। प्राप्ति पक्ष में उपक्रमों की बिक्री से प्राप्त होने वाली कुछ रकमें तथा विभिन्न निधियों को बकाया राशियों पर प्राप्त होने वाली ब्याज की रकम दिखाई जाती है अधिशेष के एक अंश को, उपक्रम के अंशदान के रूप में सरकारी प्रशासन के चालू खाते (विवरण 1) में अन्तरित कर दिया जाता है और शेष राषि को धारित लाभों के रूप में दिखाया जाता है।

यह धारित लाभों सहित सरकारी प्रशासन की बचत की राशि और विभागीय उपक्रमों के मूल्यह्रास की रकम मिलकर सरकार की कुल बचत की राशि बन जाती है जो सकल पूंजी निर्माण के लिए उपलब्ध होती है।

विवरण 3: *वस्तुओं और सेवाओं के लेन-देन और अन्तरणः सरकारी प्रशासन और विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों (सम्मिलित) का पूंजी खाता*

इस विवरण का संबंध, कुल पूंजी-परिव्यय से है जो प्रशासन और विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों द्वारा निर्माण की जाने वाली भौतिक परिसम्पतियों और पूंजीगत अन्तरणों का द्योतक है। चूंकि पूंजी निर्माण संबंधी समस्त व्यय, अन्तिम व्यय होता है और राष्ट्रीय उत्पादन पर भारित होता है तथा सरकार को उसके लिए या तो अपनी बचतों से रकमें निकाल कर साधन जुटाने पड़ते हैं अथवा गैर-सरकारी बचतों से रकम जुटानी पड़ती है, इसलिए पूंजीगत व्यय के संबंध में प्रशासन ओर विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों में भेद करना अधिक सार्थक नहीं होगा।

सरकार द्वारा निर्माण की जाने वाली भौतिक परिसम्पत्ति को (विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों के नवीकरण और प्रतिस्थापन व्यय को छोड़कर) सकल और निवल परिसम्पत्ति के निर्माण तथा तालिकागत सामान में हुई निवल वृद्धि के रूप में दिखाया गया है। पूंजीगत अन्तरणों के एक ब्यौरे का भी उल्लेख किया गया है। वस्तुओं और सेवाओं तथा अंतरणों में लेन देन के घाटे को विवरण 3 में सन्तुलनकारी मद के रूप में दिखाया गया है और इससे शेष अर्थव्यवस्था के प्रति सरकार के निवल दायित्व में हुए परिवर्तन की मात्रा का पता चलता है।

मद 1.1 : भवन और अन्य निर्माण कार्य में सभी कार्यालय, रिहायशी इमारतें और अन्य प्रयोजनों की इमारतें, सड़कें, रेलवे तथा डाक और तार संबंधी निर्माण कार्य, बिजली और अन्य पूंजीगत परियोजनाएं शामिल हैं।

It is important to note here that the list of departmental commercial undertakings as given above does not exhaust the activities of a commercial or semi-commercial nature, undertaken by the Central Government. It is technically possible to treat activities like those of the Publication Division of the Ministry of Information and Broadcasting, Currency Note Press and Security Press as commercial activities of the Government. This has not been done here either because of the bulk of the sale of their services is not on a commercial basis or because the sale is mainly to Government Departments.

The items in this account are self-explanatory. The expenditure side of the operating account of departmental commercial undertakings spells out compensation to employees (i.e. wages and salaries), pension payments, purchases of raw materials etc. (i.e. commodities and services), expenditure on repairs and maintenance, interest charged to these undertakings and provision for depreciation. With effect from 1979-80 the shortfall in the revenues of the Railways are treated as their "deferred dividend liability" and are deducted from the dividends payable by them to general revenues. However, in order to truly reflect the financial position of the Railways, their full dividend liability has been taken into account and the shortfall has been treated notionally as loans to Railways. The receipt side shows their gross sale proceeds and the interest receipts on their outstanding balances in various funds. A part of the surplus emerging out of this is transferred to the current account of Government administration (Account I) as undertakings' contribution and the balance appears as retained profits.

These retaind profits together with the savings of the Government administration and depreciation provision of departmental undertakings constitute total gross Government savings, available for gross capital formation.

Account 3: *Transactions in commodities and services and transfers : Capital account of Government Administration and Departmental Commercial Undertakings (combined)*

This account is concerned with the total capital outlay representing physical asset formation by administration and departmental commercial undertakings and capital transfers. A distinction between administration and departmental commercial undertakings in respect of capital expenditure is not very meaningful for the reason that the entire expenditure on capital formation is a final expenditure which is a charge on the national product and for which Government has to find resources either from its own savings or by drawing on private savings.

The physical asset formation by Government has been shown in terms of gross and net asset formation (excluding the renewal and replacement expenditure of departmental commercial undertakings) and net increase in inventories. A breakdown of capital transfers has also been indicated. The deficit on all transactions in commodities and services and transfers is shown as a balancing item in Account 3 and this measures the change in Government's net indebtedness to the rest of the economy.

Item 1.1: Building and other construction include all buildings for residential, office and other purposes, road construction, works of railways and posts, telecommuni-cations, power and other capital projects.

मद 1.2 : मशीनें और उपकरण मद में, विभिन्न किस्मों की मशीनों और उपकरणों की खरीद के संबंध में किये जाने वाला व्यय शामिल है। इनमें विदेशी सहायता के अंतर्गत प्राप्त मशीनें भी शामिल होती ह। "नवीकरण और प्रतिस्थापन" शीर्षक के अन्तर्गत दिखाए गए व्यय का संबंध विभागीय वाणिज्यक उपक्रमों की मूल्यह्रास निधियों से वित्तपोषित व्यय से है। इसलिए मशीनों और उपस्करों पर तथा सरकारी प्रशासन द्वारा किए जाने वाले निर्माण संबंधी समस्त व्यय को "नया परिव्यय" शीर्षक के अन्तर्गत दिखाया गया है क्योंकि इन परिसम्पत्तियों के मूल्यह्रास के लिए बजट में कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

मद 2 : निर्माण कार्य संबंधी भंडार में वृद्धि : निर्माण कार्य के लिए आवश्यक धारित सामान और विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों तथा प्रशासनिक विभागों के तालिकागत सामान में होने वाली निवल वृद्धि अथवा कमी को इस मद में दिखाया गया है। 1977-78 (वास्तविक) से शुरू करके आयातित उर्वरकों के स्टाकों के वर्गीकरण में परिवर्तन किया गया है, जिसके अन्तर्गत दिखाई गई बकाया उन प्राप्तियों को घटा कर भण्डारों में होने वाली वृद्धि के रूप में, जिनको विविध पूंजी प्राप्तियों के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है।

मद 3.1 : पूंजी निर्माण के लिए अनुदान : राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को दिए जाने वाले पूंजीगत अनुदानों में, आयोजनागत स्कीमों के लिए केन्द्रीय सहायता के रूप में दिए जाने वाले एकमुश्त का आधा शामिल है, जो राजस्व बजट में ऐसे अनुदानों के साथ पूंजी निर्माण (अर्थात् ग्रामीण निर्माण कार्य) में सहायता देनें के उद्देश्य से दिए जाने हैं। गैर-विभागीय उपक्रमों को दिए जाने वाले अनुदानों में, (तेल और प्रकृतिक गैस आयोग जैसे स्वायत्त निगमों को) दी जाने वाली पूंजीगत सहायता (ऋणों से भिन्न) शामिल हैं। अन्यों को दिए जाने वाले अनुदानों में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् तथा औद्योगिक संस्थानों जैसे सरकारी क्षेत्र की संस्थाओं को दिए जाने वाले अनुदानों का एक भाग शामिल हैं जो उपस्करों की खरीद और निर्माणों के लिए दिए जाते हैं।

मद 3.3 : इस मद में विदेशों को दिए जाने वाला अनुदान शामिल है। चूंकि इसका संबंध, देश से बाहर के आर्थिक पुनर्निर्माण और विकास के लिए की जाने वाली बचतों के अंतरण न मानकर पूंजीगत अंतरण मानना युक्तिसंगत होगा।

मद 5 और 6 : पूंजी निर्माण के लिए उपलब्ध प्राप्तियों में विवरण 1 और 2 से आगे लाई गई चालू खाते की सकल बचतें, तथा विदेशी अनुदानों जिसमें दूसरे देशों से प्राप्त नकदी अनुदान और वस्तु अनुदानों की प्राप्तियां शामिल हैं। अन्य पूंजीगत प्राप्तियों में, निष्क्रांत सम्पत्ति की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि तथा जमीन की बिक्री की रकम को भवन और अन्य निर्माण पूंजी की राशि में से घटा दिया गया है।

विवरण 4 : *वित्तीय परिसंपत्तियों में परिवर्तन : सरकारी प्रशासन और विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों का पूंजी खाता*

विवरण 4 का संबंध औद्योगिक और वाणिज्यिक उपक्रमों को शेयर पूंजी में निवेश राशि और शेष अर्थ-व्यवस्था को दिए जाने वाले ऋणों और अग्रिमों जैसी वित्तीय परिसंपत्तियों के लेन-देन से है। ऋणों की राशि पूंजी निर्माण तथा अन्य प्रयोजनों के लिए नियत कर दी जाती है। पूंजी निर्माण के लिए शेयरों ओर ऋणों में निवेशित रकमों से जो विवरण 4 में दिखाई गई है, यह पता चलता है कि केन्द्रीय सरकार प्रत्यक्ष रूप से पूंजी निर्माण करने का जो काम हाथ में लेती है उसके अतिरिक्त वह वित्तीय सहायता देकर अर्थ-व्यवस्था में किस सीमा तक पूंजी निर्माण को प्रोत्साहन देती है। विवरण 4 संतुलनकारी मद सहित, जो वित्तीय निवेशों और केन्द्रीय सरकार के ऋणों के निवल परिव्यय की द्योतक है, विवरण 3 के घाटे की राशि से यह पता चलता है कि निवल आन्तरिक और निवल विदेशी ऋणों की रकम से तथा घाटे की वित्त व्यवस्था द्वारा पूरी की जाने वाली कुल वित्तीय आवश्यकता कितनी है।

Item 1.2: Machinery and equipment include expenditure incurred on the purchase of various types of machinery and equipments including machinery obtained under foreign aid. The expenditure shown against 'renewals and replacement' refers to expenditure financed out of the depreciation funds of the departmental commercial undertakings. The entire expenditure on machinery and equipment as well as on construction by the Government administration therefore appears as 'new outlay', since no provision for depreciation of these assets is made in the budget.

Item 2: *Increase in works stores:* The net increase or decrease in stores needed for construction work and inventories of departmental commercial undertakings and administrative departments is shown under this item. There has been a change introduced in classifying imported fertilizers' transactions beginning 1977-78(Accounts) whereby the net transactions are treated as subsidy instead of increase in stocks after deducting arrear receipts shown under recoveries for past years which are classified under miscellaneous capital receipts.

Item 3.1: Grants for Capital Formation: Capital grants to States and Union Territories include one-half of block grants given as Central assistance for plan schemes, as well as such grants in the revenue budget as are intended to assist capital formation(e.g. rural works). Grants to non-departmental commercial undertakings include capital assistance (other than by way of loans, to autonomous corporations like the Oil and Natural Gas Commission). Grants to others include part of grants to public sector institutions like Council of Scientific and Industrial Research and Institutes of Technology, treated as intended for purchase of equipment and for construction.

Item 3.3: This item includes grants to foreign countries. The rationale of treating these grants as capital rather than current transfer is that they involve transfer of savings for economic reconstruction and development outside the country.

Item 5 and 6: Receipts available for capital formation consist of gross savings on current account brought over from Accounts 1 and 2, and receipts of foreign grants include both cash grants and commodity grants received from other countries. Other capital receipts include sale proceeds of evacuee property and proceeds from sale of land. The sale of other physical assets has been netted against outlay on building and other construction.

Account 4: *Changes in financial assets : Capital Account of Government Administration and Departmental Commercial Undertakings*

Account 4 is concerned with transactions in financial assets, i.e. investment in share capital of industrial and commercial concerns and loans and advances granted to the rest of the economy. Loans have been allocated between those meant for capital formation and those for other purposes. Investments in shares and loans for capital formation as shown in Account 4 indicate the extent to which the Central Government promotes capital formation in the rest of the economy through financial assistance in addition to the capital formation directly undertaken by it. The balancing item of Account 4, representing net outlay on financial investments and loans of the Central Government together with the deficit in Account 3 represents the total requirements of finance to be met out of net domestic and net foreign borrowing and by the deficit financing.

मद 1 : सरकारी प्रतिष्ठानों के शेयरों में किए जाने वाले निवेशों का तात्पर्य-सरकार के ऐसे गैर-विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमो की शेयर पूंजी में निवेश, जिनके 50 प्रतिशत से अधिक शेयर केन्द्रीय सरकार के पास हो। बैंकों, सामान्य बीमा आदि का राष्ट्रीयकरण किए जाने के परिणामस्वरूप अधिगृहीत शेयरों आदि को भी निवेश माना जाता है। अन्य सभी प्रतिष्ठानों को, चाहे वे गैर-सरकारी, सहकारी अथवा सरकारी क्षेत्र के प्रतिष्ठान हो, "अन्य प्रतिष्ठान" कहा गया है। सरकारी प्रतिष्ठानों के मामले में, वित्तीय प्रतिष्ठानों और गैर-वित्तीय प्रतिष्ठानों के बीच भेद किया गया है।

मद 2 : पूंजी निर्माण के लिए देय ऋणों में पूंजी-परिसम्पत्ति का निर्माण करने के लिए दिए जाने वाले ऋण शामिल हैं जिसमें राज्यों, स्थानीय प्राधिकरणों, गैर-विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों तथा औरों को दिए जाने वाले ऋण शामिल हैं। अल्प बचतों की राशि में से राज्यों को दिए जाने वाले ऋणों को पूंजी निर्माण के लिए देय ऋण माना गया है। केवल गैर-विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों के दिए गये आयोजनागत ऋणों को पूंजी निर्माण के लिए देय ऋण माना गया है। पूंजी निर्माण के लिए औरों को दिए जाने वाले ऋणों में गैर-सरकारी औद्योगिक उपक्रमों, सहकारी आवास समितियों को दिए जाने वाले तथा मकान बनाने के लिए सरकारी कर्मचारियों के दिए जाने वाले ऋण शामिल हैं।

मद 3 : राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों को दिए जाने वाले अन्य ऋणों में अर्थोपाय अग्रिम, अल्पावधिक कृषि ऋण, दैवी विपत्तियों के संबंध में देय ऋण तथा आयोजना-भिन्न अन्तर को पूरा करने के लिए दिए जाने वाले विशेष ऋण शामिल हैं। चूंकि राज्यों को दिए गए सभी अर्थोपाय अग्रिम उसी वित्तीय वर्ष में ले लिए जाते है इसलिए 1975-76 से इस शीर्ष के अन्तर्गत भुगतान और प्रप्तियों को छोड़ देने का निश्चय किया गया था। इसी प्रकार, कृषि निविष्टियों के लिए राज्य सरकारों को अल्पाविधि ऋणों को 1985-86 (वास्तविक) से छोड़ दिया गया है। राज्यों को दिये गये मध्यावधि ऋणों को, जो भारतीय रिजर्व बैंक के पास उसके घाटों/ओवर ड्राफ्टों को पूरा करने के लिए उन्हे दी गई थी, छोड़ दिया गया क्योंकि इनसे भारतीय रिजर्व बैंक की लेखा पुस्तकों में राज्यों की देनदारियों का केन्द्र को अंतरण ही प्रकट होता था। गैर-विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों को अन्य ऋण में उसके घाटे की पूर्ति के लिए तथा पहले की ऋणों की वापसी अदायगियों के लिए दिए गए आयोजना-भिन्न ऋण शामिल हैं। तथापि 1975-76 (संशोधित अनुमान) से गैर-विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों के पिछले ऋणों के नवीनीकरण का ब्यौरा उपलब्ध हो गया है और इस कारण इनको "व्यय" और "आय" में शामिल नहीं किया गया है। विदेशी सरकारों को दिए जाने वाले ऋणों में वे तकनीकी ऋण शामिल हैं जो उन देशों को दिए जाते हैं जिनके साथ रुपयों में अदायगी करने के लिए करार किए गए हैं। चूंकि अधिकांश तकनीकी ऋणों की वसूली उसी वित्तीय वर्ष में की जाती है इसलिए उन्हें अब 1981-82 (वास्तविक) से निवल आधार पर दिखाया गया है। 'अन्यों' को दिए जाने वाले ऋणों में सरकारी कर्मचारियों के देय वाहन अग्रिम तथा राहत ऋण (जैसे तूफान सहायता) शामिल हैं।

मद 4 : इसमें अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक, अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ तथा एशियाई विकास बैंक को दिए जाने वाले अभिदान शामिल हैं।

मद 5 : यह मद स्वर्ण की किसी भी बिक्री की राशि के समायोजन के बाद स्वर्ण की वास्तविक खरीद की द्योतक है जैसे कि 1980-81 में 4 करोड़ रूपए के राष्ट्रीय रक्षा स्वर्ण बांडों के रुप में वापसी अदायगी किया जाना।

मद 7 : अन्यों द्वारा ऋणों की वापसी अदायगी में सरकारी उपक्रमों द्वारा वापस अदा किए गए ऋण शामिल हैं। यहां पर यह उल्लेख किया जा सकता है कि चूंकि राज्यों को दिए जाने वाले अर्थोपाय अग्रिमों और अल्पावधि कृषि ऋण को उसी वर्ष में वापस अदा करना पड़ता है जिसमें वे दिए जाते हैं लेकिन उन्हें प्राप्ति और व्यय दोनों मदों में दिखाया जाता है।

मद 8 : यह मद केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के शेयरों की बिक्री की घोतक है।

Item 1: Investments in shares of Government concerns denote investments in the share capital of such non-departmental commercial undertakings of the Government, in which the Central Government ownership is more than 50 per cent. Acquisition of shares as a result of nationalisation of banks, general insurance etc., is also treated as investment. All other concerns whether in the private, cooperative or public sector have been treated as 'others'. In the case of Government concerns, a distinction has been drawn between financial concerns and non-financial concerns.

Item 2: Loans for capital formation include loans given for the creation of capital assets and comprise loans to States, local authorities, non-departmental commercial undertakings and others. Loans to States out of small savings have been treated as loans for capital formation. Only plan loans given to non-departmental commercial undertakings have been taken as loans for capital formation. Loans for capital formation to others include loans to private industrial undertakings, cooperative housing societies and house-building loans to Government employees.

Item 3: 'Other loans' to State Governments and Union Territories include ways and means advances, short-term agricultural loans, loans for natural calamities and special loans for meeting non-plan gaps. Since the entire ways and means advances to States are recovered within the same financial year, it was decided to ignore both the disbursements and the receipts under this head with effect from 1975-76. Similarly, short-term loans to State Governments for agricultural inputs have been ignored with effect from 1985-86 (Accounts). Medium-term loans to States to clear their deficits/ overdrafts with the Reserve Bank of India are also ignored, as these represent only transfer of liability from the States to the Centre in the books of the Reserve Bank. 'Other loans' to non-departmental commercial undertakings include non-plan loans given for meeting their losses and also for the repayment of past loans. However, from 1975-76(RE) onwards, the details of renewals of past loans in respect of non-departmental commercial undertakings became available and therefore, these have been excluded both from the outgoings and the incomings. Loans to foreign Governments also include technical credits to countries having rupee payment agreements. Since a large part of technical credits are recovered within the same financial year, these are now shown on a net basis with effect from 1981-82(Accounts). Loans to 'others' include conveyance as well as relief (e.g. cyclone) loans to Government employees.

Item 4: This include subscription to IMF, IBRD, IDA and ADB.

Item 5: This represents net purchase of gold after adjusting for any sale of gold, as for instance repayment in gold of National Defence Gold Bonds in 1980-81 valued at Rs.4 crores.

Item 7: Repayments by others include loan repayments by public undertakings. It may be noted that short-term agricultural loans in respect of States are supposed to be repaid in the course of the same year but appear as items of receipts as well as of expenditure.

Item 8: This represents the sale of share of Central Public Sector Undertakings.

विवरण 5 : *वित्तीय देनदारियों में परिवर्तन : सरकारी प्रशासन और विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों का पूंजी खाता*

यह विवरण केन्द्रीय सरकार के ऋण संबंधी लेखे का द्योतक है और इसका संबंध विवरण 3 और 4 से होने वाली कमियों को पूरा करने के लिए की जाने वाली वित्तीय व्यवस्था से है। प्राप्तियों से सकल बाजार ऋण की रकमें, सकल विदेशी ऋण और अल्प बचतों से निवल प्राप्तियां, भविष्य निधियां, गैर-सरकारी भविष्य निधियों की जमाराशियां, मध्यम एवं दीर्घकालिक ऋणों जिसमें शून्य कूपन बॉड तथा परिपक्व राजकोषीय हुण्डियों के बदलने में ऋण शामिल हैं। मद 12(ख) पर 364 दिवसीय राजकोषीय हुण्डियों सहित अल्पकालिक ऋण।

इस संबंध में खर्च होने वाली रकमों में बाजार ऋणों (मद 1) और विदेशी ऋणों (मद 2) के संबंध में वापिस अदायगी की जाने वाली शामिल हैं। इस विवरण के अन्तर्गत शेष राशि को समायोजित रकम के साथ मिलाने पर वह विवरण 3 और विवरण 4 की संतुलनकारी मदों के योग के बराबर हो जाती हैं।

विवरण 6 : *सरकारी प्रशासन और विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों का रोकड़ और पूंजी समाधान खाता*

यह एक ऐसा समाधान खाता है जो सार रूप से विवरण 3, 4 और 5 की निवल स्थिति का द्योतक है और केन्द्रीय सरकार के सभी लेन-देनों के, उसकी नकदी राशि पर पड़ने वाले प्रभाव को दिखाता है। विवरण 5 में राजकोषीय हुंडियों की बिक्री की निवल राशियों और नकद शेष राशि में होने वाले अन्तर को मिलाकर देखना केन्द्रीय सरकार के बजट संबंधी घाटे को मापने की एक परम्परागत व्यवस्था है। किन्तु आर्थिक दृष्टि से घाटे की वित्तव्यवस्था को ठीक-ठीक समझने के लिए और बातों का समायोजन आवश्यक होता है जैसे कि भारतीय रिजर्व बैंक को छोड़कर अन्य पार्टियों के हाथ बेचे जाने वाली राजकोषीय हुंडियों की रकमों को अलग करना पड़ता है और इस घाटे का हिसाब लगाने के लिए बाजार ऋणों के संबंध में रिजर्व बैंक द्वारा दिए जाने वाले समर्थनों को इसमें शामिल करना पड़ता हैं।

ख. कार्य संबंधी वर्गीकरण

कार्य संबंधी वर्गीकरण का उद्देश्य मुख्य अभीष्ट प्रयोजनों के अनुसार सरकारी खर्च की मुख्य मदों अर्थात् रक्षा, प्रशासन, स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक सेवाओं आदि मदों को भिन्न-भिन्न वर्गों में संकलित करना हैं। किन्तु इस पुस्तिका में वर्गीकरण का उद्देश्य सरकारी व्ययों के कार्य संबंधी वर्गीकरण में कुछ संशोधन करना नहीं है जो कि वर्तमान बजट पत्रों में है, बल्कि यह आर्थिक वर्गीकरण के साथ कार्यों के अनुसार पुनः वर्गीकरण करने का एक प्रयास है जिसके आर्थिक वर्गीकरण से उत्पन्न आयामों का महत्व बढ़ाया जा सके।

यह बात भी उल्लेखनीय है कि कार्य संबंधी वर्गीकरण की स्कीम, वस्तुतः व्यय से संबंधित है और यह प्राप्तियों पर लागू नहीं होती। केन्द्रीय सरकार का कुल परिव्यय जिस पर यह लागू होता है, आर्थिक वर्गीकरण विवरण 1 में चालू व्यय, विवरण 3 में पूंजी परिव्यय और विवरण 4 में वित्तीय निवेशों और श्रेणियों तथा अग्रिमों से बनता है। ये तीन विवरण उन व्ययों को प्रदर्शित करते हैं जिनका संबंध सरकारी नीतियों द्वारा पूरे किए जाने वाले विशिष्ट प्रयोजनों के साथ जोड़ा जा सकता है यही बात विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों के चालू व्यय के लिए नहीं कही जा सकती। (जैसा आर्थिक वर्गीकरण के विवरण 2 में दिखाया गया है) हालांकि इन उपक्रमों द्वारा किया गया पूंजी निर्माण कार्य संबंधी वर्गीकरण में शामिल किया जाता है।

Account 5: *Changes in financial liabilities : Capital Accounts of Government Administration and Departmental Commercial Undertakings*

This represents the borrowing account of the Central Government, and is concerned with the provision of finance for meeting the deficits emerging from Account 3 and 4. Incomings detail gross market borrowing, gross borrowing from abroad, net accretions to small savings, provident funds, deposits of non-government provident funds, medium and long term loans include Zero Coupon Bonds and loans in conversion of maturing Treasury Bills. Short term loans at 12(b) include 364 days Treasury Bills.

The outgoings on this account include repayments on account of market borrowings (item 1) and foreign loans (item 2). The balance emerging from this Account represents the net increase in financial liabilities and together with adjustment in cash balances is equivalent to the sum of balancing items in Account 3 and 4.

Account 6: *Cash and Capital Reconciliation Account of Government Administration and Departmental Commercial Undertakings*

This is the reconciliation account summing up the net position in respect of Accounts 3, 4 and 5 and showing the effect of all transactions of the Central Government on its cash position. The net variation in the cash balance read with net sales of treasury bills in Account 5 provide a conventional measure of the Central Government's budgetary deficit. The derivation of deficit financing in an economically more meaningful sense, however, calls for further adjustments; sales of treasury bills to parties other than the Reserve Bank of India have to be excluded and the Reserve Bank's support to market borrowings included in the computation of this deficit.

B. Functional Classification

A functional classification is designed to group the main items of Government expenditures in terms of broad purposes to be served, i.e. defence, administration, health, education, economic services etc. The objective of the classification adopted in this brochure, however, is not to introduce some refinements in the functional grouping of Government expenditures as may be already existing in the budget documents, but rather it is to attempt a reclassification by functions in conjunction with an economic classification in order to increase the significance of the magnitudes emerging from the latter.

It is also noteworthy that the scheme of functional classification relates essentially to expenditures and does not apply to receipts. The total outlay of the Central Government to which it applies is made up of the current expenditure in Account 1, capital expenditure in Account 3 and financial investments and loans and advances in Account 4 of the Economic Classification. These three accounts show expenditures which can be related to specific purposes to be served by Government policies. The same cannot be said of the current expenditure of departmental commercial undertakings (as shown in Account 2 of the Economic Classification) although capital formation by these undertakings is included in the functional classification.

केन्द्रीय सरकार के व्यय का वर्गीकरण चार मुख्य श्रेणियों में किया गया है :—

1. सामान्य सेवाएं
2. सामाजिक सेवाएं
3. आर्थिक सेवाएं
4. अनावंटनीय

श्रेणी 1 : इसका संबंध सामान्य सेवाओं से है और इसमें असैनिक (सिविल) तथा रक्षा संबंधी दोनों व्यय आते हैं। ये व्यय राष्ट्र के बुनियादी प्रशासनिक ढांचे की व्यवस्था के लिए किए जाते हैं अतः सामान्य प्रशासन, कर संग्रह, पुलिस, करेंसी तथा टकसाल, विदेशों से संबंध, रक्षा तथा दैवी विपत्तियों से बचाव के लिए किया जाने वाला आयोजना-भिन्न व्यय इस श्रेणी के अन्तर्गत दिखाया जाता है यह भी ध्यान दिया जाए कि विभिन्न सामाजिक और आर्थिक कार्यकलापों के निदेशन तथा अधीक्षण से संबंधित प्रशासनिक व्यय को संबद्ध कार्य के संबंधी शीर्षकों के अन्तर्गत दिखाया गया है जहाँ एक से अधिक कार्यकलाप शामिल हों (उदाहरणार्थ लोक निर्माण कार्य), वहां ऊपरी प्रशासनिक खर्च को यथा सम्भव सीमा तक, विभिन्न कार्यकलापों में बांटने का प्रयास किया गया है।

श्रेणी 2 : इसका संबंध सामाजिक सेवाओं से है और यह समाज की बुनियादी सामाजिक सुविधाओं के लिए की गई व्यवस्था से संबंधित है इसमें शिक्षा, चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य तथा अन्य सामाजिक सेवाओं का व्यय शामिल है। शिक्षा के अन्तर्गत सामान्य और तकनीकी अनुसंधान (अर्थात इंजीनियरिंग और मेडीकल कालेज) और मूल अनुसंधान भी शामिल हैं। यद्यपि अन्तर सेवा प्रशिक्षण और प्रयोगात्मक अनुसंधान को संबद्ध कार्यकलाप में आवंटित किया गया है। उदाहरण के लिए परमाणु तथा औद्योगिक अनुसंधान दोनों उद्योग के अन्तर्गत दिखाए गए हैं। उपसमूह "चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य" में परिवार कल्याण के कार्यक्रम भी आते हैं उपसमूह अन्य सामाजिक सेवाओं में आवास, श्रमिक कल्याण तथा अन्य समाज कल्याण योजनाएं, संग्रहालय, पुरातत्व, सार्वजनिक पुस्तकालय तथा प्रसारण और प्रचार के अन्य साधनों से संबंधित व्यय भी शामिल हैं। विभिन्न रोजगार कार्यक्रम के व्यय के लिए बजट में जो व्यवस्था की गई है वह इसमें शामिल है। इसी उपसमूह में प्राथमिक शिक्षा, गन्दी बस्ती के सुधार, ग्रामीण जल पूर्ति और ग्रामीण आवास स्थलों के लिए बजट में एक मुख्य रकम के रूप में की गई व्यय व्यवस्था भी शामिल हैं। बच्चों के लिए पोषाहार कार्यक्रम का व्यय भी यहां पर दिखाया गया है। विस्थापितों के लिए राहत कार्य पर किया जाने वाला व्यय इसमें शामिल है।

श्रेणी 3 : इसमें आर्थिक सेवाओं के लिए की गई व्यवस्था आती है और इसमें सभी व्यय शामिल हैं जो अर्थ-व्यवस्था के उत्पादक कार्यों को प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा देते हैं। इसलिए उत्पादक आर्थिक सहायता जैसे कि उर्वरकों, कोयला और रेलवे के लिए दी जाने वाली सहायता के साथ-साथ निर्यात संवर्धन और सहायता बाजार विकास के लिए यहां शामिल की जाती है। कृषि, उद्योग, परिवहन तथा संचार और 'अन्य आर्थिक सेवाएं' में और आगे अन्तर-विभाजित आर्थिक कार्यकलाप की किस्म के अनुसार किया जाता है। कृषि में सिंचाई, पशु-पालन, मीन उद्योग, वन पालन, सहकारिता तथा सामुदायिक विकास शामिल है। उद्योग में मोटे तौर पर बड़े और छोटे उद्योग, ग्रामोद्योग, विद्युत विकास, खनिज साधनों का उपयोग तथा व्यापार और निर्यात संवर्धन आते हैं। परिवहन और संचार में रेल, डाक, दूर-संचार, सड़क, पत्तन, नौवहन, नागर विमानन सड़कें आदि शामिल हैं। 'अन्य आर्थिक सेवाएं' एक अवशिष्ट श्रेणी है जिसमें बहुप्रयोजनी परियोजनाओं पर व्यय और अल्प बचतों में राज्यों के हिस्से जैसी मदें शामिल है, राज्यों को आयोजनागत सहायता के लिए केन्द्र द्वारा मंजूर किए गए एकमुश्त अनुदान और ऋण भी इसी श्रेणी में आते हैं, हालांकि इन्हें अलग दिखाया गया है। ये सभी व्यय ऐसे हैं जिनका संबंध आर्थिक कार्यकलापों की एक से अधिक किस्मों से है।

The expenditure of the Central Government has been grouped into four main categories:

1. General Services
2. Social Services
3. Economic Services
4. Unallocable

Category 1 : Category 1 relates to General Services and covers both civil and defence. These expenditures are incurred for the provision of the basic administrative structure of the nation; thus expenses on general administration, tax collection, police, currency and the mint, conduct of external relations, defence and the non-plan provision against natural calamities are shown under this category. It may be noted that the administrative expenditures concerned with the direction and superintendence of the various social and economic activities appear under the relevant functional heads. Where more than one activity is involved (e.g. public works), an attempt has been made to apportion, to the extent possible, the administrative overheads to the various activities.

Category 2 : Category 2 relates to Social Services and is concerned with the provision of basic social amenities to the community. Expenditures on education, medical and public health and other social services are included here. Education covers both general and technical education (e.g. engineering and medical colleges) and also basic research. However, in-service training and applied research have been allocated to the activities concerned. For instance, both atomic and industrial research appear under Industry. The sub-group 'medical and public health' also covers family welfare programmes. The sub-group 'other social services, includes housing, labour welfare and other social welfare schemes, museums, archaeology, public libraries and also expenditures connected with broadcasting and other publicity media. Expenditures provided in the budget for various programmes of employment are also included here. This sub-group also covers such expenditures as the lump-sum provision made in the budget for primary education, slum improvement, rural water supply and rural home sites. The expenditure on nutrition programme for children is also shown here. The relief expenditure for displaced persons are included here.

Category 3 : Category 3 comprises provision for Economic Services and includes all such expenditures as to promote, directly or indirectly, productive activity within the economy. Producer's subsidies such as for fertilisers, coal and railways, as also the assistance for export promotion and market development are, therefore, included here. Further sub-division into agriculture, industry, transport and communications and 'other economic services' is done according to the type of economic activity. Agriculture includes irrigation, animal husbandry, fisheries, forestry, cooperation and community development. Industry broadly covers both large, small scale and village industries, power development, exploitation of mineral resources and trade and export promotion. Transport and communications include Railways, Posts, Tele-cummunications, ports, shipping, civil aviation, roads etc. 'Other economic services' is a residual category which includes items like outlays on multipurpose projects, and States' share in small savings. The block grants and loans granted by the Centre to the States for plan assistance, although shown separately, also belong to the same category. All these expenditures are as such concerned with more than one type of economic activity.

अन्त में, कुछ ऐसी किस्म के व्यय हैं जिनका संबंध विशिष्ट प्रयोजनों के साथ नहीं जोड़ा जा सकता और उनका वर्गीकरण "अनावंटनीय" श्रेणी के अन्तर्गत किया गया है इसमें शामिल व्यय की मुख्य किस्में हैं-ब्याज अदायगी, पेंशन, खाद्य, खाद्य तेल तथा नियंत्रित कपड़े पर दी जाने वाली उपभोक्ता आर्थिक सहायता तथा राज्य सरकारों को सांविधिक सहायता, अनुदान अर्थोपाय अग्रिम और विशेष ऋण। यद्यपि खपत संबंधी आर्थिक सहायता की रकमें अनावंटनीय मानी गई है किन्तु अन्य आर्थिक सहायता की रकमें जैसे उर्वरकों कपास और निर्यातों के लिए आर्थिक सहायताए संगत कार्य श्रेणियों में आवंटित की गई है। अनावंटनीय श्रेणी में विदेशों को रकमों का अन्तरण जैसे नेपाल और भूटान को अनुदान तथा विदेशें को तकनीकी ऋण तथा अन्य ऋण आते हैं। जहां तक अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों को दिए जाने वाले अभिदानों का संबंध है, यह बात स्पष्ट है कि संयुक्त राष्ट्रसंघ के विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा खाद्य और कृषि संगठन को दिए जाने वाले अंशदान उनके अपने-अपने कार्य संबंधी शीर्षकों (जैसे स्वास्थ्य तथा कृषि) के अन्तर्गत आते हैं किन्तु संयुक्त राष्ट्र संघ को अंशदान तथा अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा निधि, अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक आदि को दिए जाने वाले सामान्य सेवाएं के अन्तर्गत दिखाए गए हैं।

आर्थिक श्रेणियों तथा कार्यों के द्वारा केन्द्रीय सरकार के व्ययों के सम्मिलित वर्गीकरण में, जैसा इस पुस्तिका में बताया गया है, स्तम्भ (कालम) कार्य संबंधी वर्गों के अनुरूप है और पंक्तियां उनके आर्थिक स्वरूप को सूचित करती है जिसका आधार आर्थिक वर्गीकरण है। अतः स्तम्भों के अनुसार पढ़ते हुए आर्थिक शीर्षकों के अन्तर्गत प्रत्येक कार्य संबंधी श्रेणी का ब्योरा देखा जा सकता है, उदाहरण के लिए इससे यह पता चलता है कि प्रत्यक्ष चालू व्यय के रूप में शिक्षा पर कुल कितना व्यय हुआ, अनुदानों और ऋणों के रूप में कितना व्यय हुआ और पूंजी निर्माण अर्थात् स्कूली इमारतों आदि के रूप में कितना खर्च हुआ। इसी प्रकार पंक्तियों के साथ-साथ पढ़ते हुए यह पता चलता है कि खपत पूंजी पर होने वाले व्यय में से प्रशासनिक सेवाओं के लिए और सामाजिक तथा आर्थिक शक्ति तैयार करने पर कितना खर्च किया गया। इस प्रकार सम्मिलित वर्गीकरण केन्द्रीय सरकार के कुल व्यय का द्योतक है जिसे, खपत, सकल पूंजी निर्माण, चालू और पूंजीगत अंतरणों और वित्तीय निवेशों तथा ऋणों और अग्रिमों की मदों में उसके मुख्य प्रशासनिक, सामाजिक तथा आर्थिक प्रयोजनों के हिसाब से बांट कर दिखाया गया है।

Finally, there are certain types of expenditure which cannot be related to specific purposes and have been grouped under the category "unallocable". The main types of expenditures included here are interest payment, pensions, consumer subsidies (such as on food, edible oils and controlled cloth) and such transfers to the State Governments as statutory grants-in-aid, and special loans. While consumption subsidies have been treated as unallocable, other subsidies such as subsidies for fertilisers, cotton and exports have been allocated to the relevant functional categories. The unallocable category also includes transfer to foreign countries e.g. grants to Nepal and Bhutan, technical credits and other loans to foreign countries. As regards contributions to international organisations, it may be noted that while contributions to such organisations as World Health Organisation and Food and Agricultural Organisation of the United Nations, appear under the respective functional heads (viz. health and agriculture) contribution to the United Nations and also subscription to IMF, IBRD etc., are shown under General Services.

In the cross-classification of the Central Government expenditure by economic categories and by functions, as presented in this brochure, columns correspond to the functional categories and rows indicate their economic character, as derived from the Economic Classification. Thus reading along columns one may find out the breakdown of each functional category under economic heads; for instance, it would show as to how much of the total expenidutre on education is in the form of direct current expenditure, how much in the form of grants and loans and how much in the form of capital formation i.e. construction of school buildings, etc. Similarly, reading along rows, one may find out as to how much of the expenditure on consumption or capital formation is for administrative services and how much for building up social and economic potential. The cross-classification thus shows the total expenditure of the Central Government as broken down into consumption, gross capital formation, current and capital transfers and financial investments and loans and advances and as related to their broad administrative, social and economic purposes.

वित्त मंत्रालय (मुद्रणालय) द्वारा मुद्रित
Printed by Ministry of Finance(Press)
12021195

16

Key to Budget Documents for 1995-96

वर्ष 1995-96 के बजट-पत्रों का संक्षिप्त परिचय

वार्षिक वित्तीय विवरण

संविधान के अनुच्छेद 112 के अनुसार प्रत्येक वित्तीय वर्ष के सम्बन्ध में, जो 1 अप्रैल से 31 मार्च तक होता है, भारत सरकार की अनुमानित प्राप्तियों और व्यय का विवरण संसद में प्रस्तुत किया जाता है । "वार्षिक वित्तीय विवरण" नामक यह विवरण मुख्य बजट-दस्तावेज होता है । वार्षिक वित्तीय विवरण मे सरकार की प्राप्तियो और अदायगियों को तीन भागों में, जिनके अनुसार सरकारी लेखे रखे जाते है, दिखाया जाता है । ये भाग इस प्रकार है :- (i) समेकित निधि (ii) आकस्मिकता निधि और (iii) लोक खाता ।

2. सरकार को प्राप्त होने वाले सभी राजस्वो से, सरकार द्वारा लिए जाने वाले उधारों से और उसके द्वारा दिए गए ऋणो की वसूलियो से जो धनराशिया प्राप्त होती है वे सब **"समेकित निधि"** मे दिखाई जाती है । सरकार का सभी खर्च समेकित निधि से किया जाता है और जब तक संसद की स्वीकृति नहीं मिल जाती तब तक इस निधि मे से कोई भी रकम खर्च नहीं की जा सकती।

3. कभी-कभी ऐसे अवसर भी आ सकते है जब सरकार को संसद की स्वीकृति मिलने के पहले ही कुछ ऐसा बहुत जरुरी खर्च करना पड़ता है जिसका पहले से अन्दाजा नहीं रहता । इस तरह का खर्च **आकस्मिकता निधि** से किया जाता है । यह निधि अग्रदाय के रूप में राष्ट्रपति के पास रहती है । इस प्रकार आकस्मिकता निधि से जो रकम खर्च की जाती है उसके बारे मे, बाद में संसद का अनुमोदन ले लिया जाता है और संसद की स्वीकृति से समेकित निधि मे से उतनी ही रकम निकाल कर वापस आकस्मिकता निधि मे डाल दी जाती है । निधि की कुल राशि, जो 50 करोड़ रुपए है, को संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास स्कीम के कार्यान्वयन से उत्पन्न होने वाले व्यय का वित्तपोषण करने के लिए वर्ष 1994-95 में अस्थायी रूप से 790 करोड़ रुपए की वृद्धि करके 840 करोड़ रुपए कर दिया गया है।

4. सरकार की सामान्य प्राप्तियों और व्यय के अतिरिक्त, जिनका सम्बन्ध समेकित निधि से होता है, सरकारी खातों में कुछ अन्य लेन-देनो जैसे भविष्य निधियों के सम्बन्ध में लेन-देन, अल्प बचत संग्रह, अन्य जमा आदि का हिसाब भी रखा जाता है । सरकार इन लेन-देनों के सम्बन्ध में लगभग बैंकर के रूप में कार्य करती है । इस तरह जो रकमें प्राप्त होती हैं उन्हें **लोक खाते** में दिखाया जाता है और सम्बन्धित संवितरण इसी में से रकम निकाल कर किया जाता है । आम तौर से लोक खाते में दिखाई जाने वाली रकम सरकार की निधियां नहीं होती, क्योंकि इस धनराशि को किसी न किसी समय उन व्यक्तियों या प्राधिकारियों को, जो इसे जमा कराते हैं, वापस देना होता है। इसलिए लोक खाते से अदायगी करने के लिए संसद की स्वीकृति लेना आवश्यक नही होता । सरकार की आय का कुछ भाग, कुछ मामलों में, खास-खास कार्यों के लिए, जैसे चीनी विकास के लिए या वाणिज्यिक उपक्रमों में जो मशीनरी आदि पुरानी पड़ गई हो उसके स्थान पर नई मशीनरी लाने आदि के लिए अलग-अलग निधियों में अलग निकाल कर रख लिया जाता है । यह रकम संसद की स्वीकृति लेकर समेकित निधि से निकाली जाती है और विशेष कार्यों पर खर्च किए जाने के लिए लोक खाते में जमा रखी जाती है । फिर भी, कार्य-विशेष पर जो खर्च किया जाता है उसे संसद के सम्मुख उसकी स्वीकृति के लिए फिर प्रस्तुत किया जाता है, हालांकि यह रकम निधियों को अन्तरित किए जाने के लिए पहले ही संसद द्वारा निर्धारित की हुई होती है।

5. संविधान के अनुसार, बजट में राजस्व खाते के व्यय को अन्य व्यय से अलग दिखाना होता है । इसलिए सरकार का बजट (i) राजस्व बजट और (ii) पूंजी बजट, दो भागों में बटा होता है।

6. **राजस्व बजट** में सरकार को राजस्व (कर-राजस्व और अन्य राजस्व) से होने वाली आय तथा इन राजस्वो से किया जाने वाला व्यय शामिल होता है । कर-राजस्व मे संघ द्वारा लगाए गए करों और अन्य शुल्कों से प्राप्त होने वाली प्राप्तिया शामिल होती हैं । वार्षिक वित्तीय विवरण में दर्शाए गए राजस्व प्राप्तियो के अनुमान में वित्त विधेयक में किए गए कराधान संबंधी प्रस्तावो का प्रभाव शामिल होता है । सरकार की अन्य प्राप्तियों में मुख्यतः उसके द्वारा निवेशित पूंजी पर ब्याज और लाभांश, फीस तथा सरकार द्वारा प्रदान की गई सेवाओ के लिए अन्य प्राप्तिया शामिल होती हैं। राजस्व व्यय सरकारी विभागों और विभिन्न सेवाओं के सामान्य संचालन, सरकार द्वारा लिए गए ऋण के ब्याज प्रभारो, आर्थिक सहायता आदि पर होता है । मोटे तौर पर ऐसे सभी व्यय जिनसे किसी परिसम्पत्ति का निर्माण नही होता, राजस्व व्यय माना जाता है । राज्य सरकारों और अन्य पार्टियो को दिए जाने वाले सभी अनुदान भी राजस्व व्यय माने जाते है यद्यपि, ऐसे कुछ अनुदान परिसम्पत्तियों के सृजन के लिए हो सकते है ।

7. **पूंजी बजट** मे पूंजीगत प्राप्तिया और भुगतान शामिल है । पूंजीगत प्राप्तियो की मुख्य मदें ये है :- सरकार द्वारा जनता से लिए गए उधार जिन्हें बाजार उधार कहा जाता है, राजकोषीय हुंडियों की बिक्री के जरिए सरकार द्वारा रिजर्व बैंक और अन्य पक्षो से लिए जाने वाले उधार, विदेशी सरकारों और संस्थाओ से प्राप्त उधार और राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारो और अन्य पक्षों को केन्द्रीय सरकार द्वारा दिए गए उधार की वसूली से होने वाली वसूलिया । पूंजीगत भुगतान में ये मदे शामिल होती हैं :- जमीन, इमारतो, मशीनो, उपकरणो जैसी परिसम्पत्तियों की प्राप्ति पर किया जाने वाला पूंजी व्यय और शेयरो आदि में लगाई जाने वाली पूंजी और राज्यो और संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारो, सरकारी कंपनियो, निगमो और अन्य पार्टियो आदि को केन्द्रीय सरकार द्वारा दिए जाने वाले उधार और अग्रिम । पूंजी बजट में लोक खाते के लेन-देन भी शामिल होते हैं ।

लेखाओं का वर्गीकरण

8. वार्षिक वित्तीय विवरण में प्राप्तियों और भुगतानों के अनुमान तथा अनुदानो की मांगो में व्यय के अनुमान लेखाओं के वर्गीकरण की उसी प्रणाली के अनुसार दिखाए जाते हैं जो संविधान के अनुच्छेद 150 के अन्तर्गत विहित है। इस वर्गीकरण का उद्देश्य संसद और जनता को यह समझने में सहायता देना है कि प्रत्येक कार्यक्रम के लिए कितना धन निर्धारित किया गया है और इस तरह खर्च करने में सरकार के उद्देश्य क्या है ।

9. संविधान के अनुसार, खर्च की कुछ मदे, जैसे राष्ट्रपति की परिलब्धियां, राज्य सभा के सभापति और उप-सभापति तथा लोक सभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के वेतन और भत्ते, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के वेतन, भत्ते और पेंशनें, सरकार द्वारा लिए गए उधारों के ब्याज और उनकी वापसी-अदायगियों और अदालती डिक्रियों के सम्बन्ध में की गई अदायगियां, समेकित निधि पर भारित होती हैं और इन्हें लोकसभा द्वारा स्वीकृति देने की आवश्यकता नही है । वार्षिक वित्तीय विवरण में समेकित निधि पर भारित खर्च को अलग से दिखाया जाता है ।

अनुदानों की मांगें

10. वार्षिक वित्तीय विवरण में समेकित निधि से किए जाने वाले व्यय के अनुमान दिए गए हैं। ये अनुमान संविधान के अनुच्छेद 113 के अनुसरण में अनुदानों की मांगो के रूप में प्रस्तुत किए जाते हैं और इनकी स्वीकृति लोक सभा से लेनी होती है । सामान्यतः, प्रत्येक मंत्रालय अथवा विभाग के सम्बन्ध में एक मांग प्रस्तुत की जाती है । लेकिन बड़े मंत्रालयों या विभागों के सम्बन्ध में एक से अधिक मांगें प्रस्तुत की जाती हैं । प्रायः प्रत्येक मांग में एक सेवा के लिए कुल आवश्यक व्यवस्था दी गई होती है अर्थात् इसमें राजस्व से किया जाने वाला व्यय, पूंजी व्यय, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों को दिए जाने वाले अनुदान और उस सेवा के सम्बन्ध में उधारों और अग्रिमों के लिए की गई व्यवस्था शामिल होती है । विधानमंडल रहित संघ राज्य क्षेत्रों के संबंध में ऐसे प्रत्येक संघ राज्य क्षेत्र के लिए एक अलग मांग पेश की जाती है । जिन मामलों में किसी सेवा से संबद्ध व्यवस्था पूर्ण रूप से समेकित निधि पर भारित व्यय के लिए होती है, जैसे ब्याज की अदायगियां, तो उस व्यय के लिए, मांग से बिल्कुल भिन्न , एक अलग विनियोग प्रस्तुत किया जाता है और उसके लिए संसद से स्वीकृति लेने की आवश्यकता नहीं होती । किन्तु किसी ऐसे सेवा व्यय के मामले में, जिसमें स्वीकृत एवं भारित दोनों मदें शामिल हों, तो उस सेवा के लिए प्रस्तुत की जाने वाली मांग में भारित व्यय भी शामिल कर लिया जाता है लेकिन स्वीकृत और भारित व्यवस्थाएं उस मांग में अलग-अलग दिखाई जाती हैं ।

11. अनुदानों की मांगें वार्षिक वित्तीय विवरण के साथ लोक सभा में प्रस्तुत की जाती हैं। प्रत्येक मांग में ऊपर की ओर पहले "स्वीकृत" और "भारित" व्यय तथा साथ ही मांग में सम्मिलित "राजस्व" और "पूंजी " व्यय के अलग-अलग जोड़ दिखाए जाते हैं । इसके अलावा जिस खर्च के लिए मांग प्रस्तुत की जाती है उसका कुल जोड़ भी इसमें दिखाया जाता है । इसके बाद विभिन्न मुख्य लेखा शीर्षों के अन्तर्गत व्यय के अनुमान दिए जाते हैं । प्रत्येक मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत व्यय का आयोजना और आयोजना-भिन्न विभाजन भी दिखाया जाता है । खातों में व्यय में से घटाई गई वसूलियां भी दिखाई जाती हैं । पुस्तक के प्रारम्भ में अनुदानों की मांगों का सारांश दिया जाता है तथा इसके अंत में "नई सेवा" अथवा "नई सेवा के साधनों" जैसे कि नई कम्पनी, उपक्रम का निर्माण, अथवा नई योजना का शुरू किया जाना आदि का विवरण भी दिया जाता है ।

वित्त विधेयक

12. संसद द्वारा अनुमोदित अवधि के आगे नए कर लगाने, विद्यमान कर ढांचे के संशोधन अथवा विद्यमान कर ढांचे को जारी रखने से संबंधित सरकार के प्रस्तावों को वित्त विधेयक के जरिए संसद में प्रस्तुत किया जाता है ।

13. संविधान की शर्तों के अनुसार प्रस्तुत किए जाने वाले बजट दस्तावेजों को कुछ विशेष कानूनी और प्रक्रियात्मक आवश्यकताएं पूरी करनी होती हैं और इसलिए स्वयं उनके द्वारा बजट की प्रमुख विशेषताओं का स्पष्ट संकेत नहीं दिया जा सकता । बजट के सरल बोध को सुविधाजनक बनाने के लिए बजट के साथ कुछ विशेष व्याख्यात्मक दस्तावेज प्रस्तुत किए जाते हैं।

बजट का सार

14. बजट का सार नामक पुस्तक में, मोटे तौर पर कर-राजस्व और अन्य प्राप्तियों के ब्यौरे के साथ-साथ, संक्षिप्त रूप में प्राप्तियों और भुगतानों का विवरण दिया गया है । इस पुस्तक में मोटे तौर पर आयोजना और आयोजना-भिन्न व्यय, आयोजना परिव्यय के क्षेत्रवार आवंटन और केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों को अन्तरित किए गए साधनों का ब्यौरा भी दिया गया है । इस पुस्तक में राजस्व घाटा, मूल सकल घाटा, बजटीय घाटा और केन्द्रीय

सरकार का सकल राजकोषीय घाटा भी दिखाया जाता है । सरकार की राजस्व प्राप्तियो की तुलना में अधिक राजस्व व्यय सरकार का राजस्व घाटा होता है । पूंजी व्यय और पूजी प्राप्तियो को मिलाकर भी किसी एक वर्ष की प्राप्तियो और व्यय में अन्तर होता है । यह अन्तर, जो 91 दिन की राजकोषीय हुण्डिया (जोकि अधिकांशतः रिजर्व बैंक द्वारा धारित होती हैं) जारी करके पूरा किया जाता है, समग्र बजटीय घाटा होता है । राजकोषीय हुण्डियों के जरिए इस उधार के अलावा सरकार बहुत-सी स्कीमों के तहत निधिया उधार लेती है, जो पूजी प्राप्तियों का भाग होती हैं । एक ओर, राजस्व, पूंजी और वापसी अदायगियों को घटाकर ऋणों के द्वारा सरकार के कुल व्यय और दूसरी ओर, सरकार की राजस्व प्राप्तिया और पूजी प्राप्तिया, जिनका स्वरूप उधार का नही होता परन्तु जो अन्तिम रूप से सरकार को प्राप्त होती हैं, के बीच का अन्तर सकल राजकोषीय घाटा होता है । मूल सकल घाटा सकल ब्याज अदायगियो को घटाकर सकल राजकोषीय घाटे द्वारा मापा जाता है । बजट पत्र 'सकल राजकोषीय घाटे' के लिए 'राजकोषीय घाटा' और 'सकल मूल घाटे' के लिए 'मूल घाटा' का प्रयोग संक्षिप्त रूप से करेगा ।

व्यय बजट, खंड-1

15. व्यय बजट, खंड 1 मे विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के राजस्व तथा पूजी संवितरणो का ब्योरा तथा इनमे से प्रत्येक के सम्बन्ध मे "आयोजना" और "आयोजना-भिन्न" के अन्तर्गत अनुमानों की जानकारी दी गई है । इसमे विभिन्न प्रकार के व्यय का विश्लेषण भी किया जाता है और अनुमानो मे हुई घट-बढ़ के स्थूल कारण बताए जाते है ।

16. लेखा तथा बजट संबंधी वर्तमान प्रणाली के अन्तर्गत कुछ एक प्रकार की प्राप्तियो को जैसे एक विभाग द्वारा दूसरे विभाग को की गई अदायगी और पूजी परियोजनाओ या योजनाओं से होने वाली आय के उस विभाग के खर्च में से जिसे यह रकम मिलेगी, घटा दिया जाता है । अनुदानो की मागो में व्यय के जो अनुमान दिए गए है वे सकल व्यय के अनुमान हैं जबकि वार्षिक वित्तीय विवरण मे दिए गए अनुमान, जैसाकि लेखाओं से पता चलता है, निवल व्यय के अनुमान होते है, अर्थात् इसमें से वसूलियो को घटा दिया जाता है । व्यय बजट पुस्तक मे कतिपय अन्य शोधन भी किए गए है जैसे संबधित प्राप्तियो का व्यय घटाना ताकि प्राप्तियों और व्यय के आकड़े बढ़ने से बचा जा सके और विभिन्न व्यय की मात्रा का बेहतर मूल्याकन हो सके । अलग-अलग अनुबन्धो में, सरकार द्वारा दी गई गारंटियों, जो मार्च, 1994 के अन्त तक बकाया थी, तथा अन्तर्राष्ट्रीय निकायों को किए गए अंशदान दिखाए गए हैं । इस पुस्तक मे विभिन्न सरकारी विभागो की स्थापना की अनुमानित संख्या और उनके लिए की गई व्यवस्था दर्शाने वाले एक विवरण भी शामिल किया गया है ।

व्यय बजट, खण्ड-2

17. अनुदानों की मागों में शामिल प्रस्तावित व्यय के उद्देश्यो को समझने के लिए, मागो मे शामिल प्रमुख कार्यक्रमो के व्यय की विभिन्न मदो और चालू वर्ष के मूल बजट अनुमानो और संशोधित बजट अनुमानों के बीच के अन्तर के कारण और बजट वर्ष की आवश्यकताए इस पुस्तक मे दी गई है।

प्राप्ति बजट

18. "वार्षिक वित्तीय विवरण" में शामिल प्राप्तियों के अनुमानों का और आगे विश्लेषण "प्राप्ति बजट" नामक पुस्तक में किया गया है । इस पुस्तक मे राजस्व प्राप्तियों और पूजी प्राप्तियों का ब्योरा दिया जाता है और अनुमानों को स्पष्ट किया जाता है । प्राप्तियों की पिछले वर्षों की प्रवृत्तियों और प्राप्त हुई विदेशी सहायता का ब्योरा भी इसमे दिया जाता है।

19. वित्त विधेयक में दिए गए कराधान संबंधी प्रस्तावों को समझने में सुविधा देने के लिए विधेयक की व्यवस्थाओं की वित्त विधेयक में व्यवस्था का व्याख्यात्मक ज्ञापन शीर्षक वाली पुस्तक में व्याख्या की जाती है ।

अनुदानों की ब्यौरे-वार मांगें

20. बजट प्रस्तुत करने के कुछ समय के बाद अनुदानों की मांगों के पश्चात् अनुदानों की ब्यौरे-वार मांगें लोक सभा के पटल पर रखी जाती हैं लेकिन ये अनुदानों की मांगों पर चर्चा से पूर्व रखी जाती है । इन अनुदानों की ब्यौरे-बार मांगों में अनुदानों की मांगों में शामिल व्यवस्था के और ब्यौरे के साथ-साथ पूर्ववर्ती वर्ष के दौरान वास्तविक व्यय दिया जाता है । प्रत्येक कार्यक्रम/संगठन, जहां कहीं भी अन्तर्ग्रस्त राशि 10 लाख रूपए से कम नहीं है, से संबंधित अनुमानों का विभाजन बहुत से ब्यौरे-वार शीर्षों के अन्तर्गत दिया जाता है जो उस कार्यक्रम, जैसे वेतन, मजदूरी, यात्रा व्यय, सामग्री तथा उपस्कर, सहायता अनुदान आदि, पर किए गए व्यय के स्वरूप और श्रेणियों को विर्दिष्ट करता है । इन ब्यौरे-बार मांगों के अन्त में खातों में व्यय को घटाकर दी गई वसूलियों का ब्यौरा दिखाया जाता है । मुख्य कार्यक्रमों और स्कीमों के वस्तुपूरक और वित्तीय पहलूओं को कार्य-निष्पादन बजटों में शीमिल किया जाता है, जो मंत्रालय/विनभागों द्वारा संसद में अलग से प्रस्तुत किए जाते हैं ।

राज्यों को अन्तरित साधन

21. राज्य सरकारों को विभिन्न आयोजना और आयोजना-भिन्न योजनाओं के लिए अनुदान और उधार दिए जाते हैं । इसके अलावा, केन्द्रीय सरकार द्वारा आय-कर, संघ उत्पाद-शुल्कों और संपदा-शुल्क के रूप में संग्रहीत कर-राजस्व की काफी बड़ी राशि भी राज्य सरकारों को दी जाती है। कुछ राज्यों को वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार उनके राजस्व साधनों की कमी को पूरा करने के लिए अनुदान भी दिए जाते हैं । राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को अन्तरित कुल साधनों की जानकारी "बजट का सार" नामक पुस्तक में एक विवरण में दी गई है । करों, सहायता अनुदानों और उधारों के रूप में राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को दी जाने वाली राशियों का और अधिक ब्यौरा व्यय बजट, खंड-I में दिया गया है । संघ उत्पाद-शुल्कों का हिस्सा और अधिकांश अनुदान तथा उधार वित्त मंत्रालय द्वारा दिए जाते हैं और यह इस मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली "राज्य सरकारों को अन्तरण" नामक मांग में शामिल किए जाते हैं । जो अनुदान और उधार अन्य मंत्रालयों द्वारा दिए जाते हैं, उन्हें उन मंत्रालयों की मांगों में दिखाया जाता है ।

आयोजना परिव्यय

22. केन्द्रीय सरकार के कुल व्यय में आयोजना व्यय का अनुपात काफी अधिक होता है । विभिन्न मंत्रालयों की अनुदानों की मांगों में, प्रत्येक शीर्ष के अन्तर्गत आयोजना व्यय को आयोजना-भिन्न व्यय से अलग दिखाया जाता है । व्यय बजट, खण्ड-I में प्रत्येक मंत्रालय के कुल आयोजना खर्च को विभिन्न विकास शीर्षों के अन्तर्गत दिखाया गया है और आयोजना के अधिक महत्वपूर्ण कार्यक्रमों और योजनाओं के लिए बजट में की गई खर्च की व्यवस्था को स्पष्ट करके दिखाया गया है ।

निष्पादन बजट

23. विकासात्मक कार्यकलापों से संबंधित सभी मंत्रालयों/विभागों द्वारा निष्पादन बजट तैयार किए जाते हैं और संसद सदस्यों को प्रचलित किया जाता है । निष्पादन बजट कार्यों, कार्यक्रमों और कार्यकलापों के संबंध में मंत्रालय/विभाग का बजट प्रस्तुत करता है और यह केन्द्रीय क्षेत्र की प्रमुख

परियोजनाओं/कार्यक्रमों, जिनकी लागत 100 करोड़ रुपये और इससे अधिक अनुमानित है, के संबंध में अलग से मूल्यांकन रिपोर्ट देता है । इसमें मंत्रालय/विभाग के अधीन विभिन्न सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के कार्यक्रमों और निष्पादन पर एक विवरण भी शामिल होता है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ स्थापित और उपयोग की गई क्षमता, वस्तुपरख लक्ष्यों और उपलब्धियों, प्रचालन परिव्यय, पूंजी पर आय आदि का संकेत किया जाता है । यह निष्पादन बजट विकास कार्यक्रमों को कार्यान्वयन में प्रशासनिक और वित्तीय नियंत्रण के हथियार के रूप में प्रबन्ध की सेवा करता है।

सरकारी क्षेत्र के उद्यम

24. केन्द्रीय सरकार द्वारा किए जाने वाले आयोजना- व्यय का अधिकांश सरकारी क्षेत्र के उद्यमों पर खर्च होता है । सरकार द्वारा इन उद्यमों के परिव्यय की वित्त-व्यवस्था के लिए उनकी शेयर पूंजी में धन लगाकर या उन्हें उधार देकर बजटीय सहायता दी जाती है । व्यय बजट, खंड I में सरकारी क्षेत्र के उद्यमों के 1994-95 और 1995-96 में आयोजना और आयोजना-भिन्न प्रयोजनों के लिए दी गई पूंजी और दिए गए उधारों के अनुमानों और इन उद्यमों को अपनी आयोजनाओं के वित्तपोषण के लिए उपलब्ध बजट-बाह्य साधनों का ब्यौरा दिया गया है । सरकारी क्षेत्र के उद्यमों के कार्यचालन पर एक ब्यौरेवार रिपोर्ट 'सरकारी क्षेत्र के उद्यमों की समीक्षा' शीर्षक प्रलेख में दी गई है, जो सरकारी उद्यम विभाग द्वारा अलग से प्रकाशित की गई । विभिन्न प्रशासनिक मंत्रालयों के नियंत्रण के अधीन उद्यमों को कार्यचालन की रिपोर्ट विभिन्न मंत्रालयों की वार्षिक रिपोर्टों में भी दी गई है, जो संसद सदस्यों को अलग से प्रचालित की गई थी । प्रत्येक सरकारी कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट और लेखापरीक्षित खाते अलग से संसद के सभा पटल पर रखे जाते हैं । इसके अलावा, विभिन्न सरकारी क्षेत्र के उद्यमों के कार्यचालन पर भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट भी संसद के सभापटल पर रखी जाती हैं।

वाणिज्यिक विभाग

25. रेलवे और दूर-संचार सेवाएं सरकार द्वारा विभागीय रूप से चलाए जाने वाले प्रमुख वाणिज्यिक उपक्रम हैं । रेलवे का बजट और रेल व्यय से संबंधित अनुदानों की मांगें संसद में अलग से प्रस्तुत की जाती हैं । रेलवे की कुल प्राप्तियों और व्यय को भारत सरकार के वार्षिक वित्तीय विवरण में शामिल किया जाता है । लेकिन, इन विभागों के वास्तविक कार्यकरण को प्रदर्शित करने और न कि प्राप्तियों अथवा व्यय को बढ़ाने के लिए, प्राप्ति बजट और व्यय बजट खण्ड-1 और खण्ड-2 में दिखाया गया व्यय, प्राप्तियों को घटाकर लिया गया है । दूर-संचार विभाग की अनुदानों की मांगें केन्द्रीय सरकार की अन्य अनुदानों की मांगों के साथ प्रस्तुत की जाती हैं।

26. वार्षिक वित्तीय विवरण में दर्शाई गई रक्षा विभाग की प्राप्तियों और व्यय को रक्षा सेवाओं के अनुमानों के प्रलेख में अधिक विस्तृत रूप से बताया जाता है, जो रक्षा मंत्रालय की ब्यौरेवार अनुदानों की मांगों से साथ प्रस्तुत किए जाते हैं ।

27. राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों के अलावा निकायों को दिए गए अनुदानों के ब्यौरे गैर-सरकारी निकायों को अदा किए गए सहायता अनुदानों के विवरणों में दिए गए हैं, जो विभिन्न मंत्रालयों के ब्यौरेवार अनुदानों की मांगों के साथ संलग्न होते हैं । व्यय बजट, खंड 1 के अनुबन्ध 6 में 5 लाख रुपए (आवर्ती) अथवा 10 लाख (अनावर्ती) से अधिक के उन

सहायता-अनुदानों का विवरण दिया गया है जो गैर-सरकारी संस्थाओ, संगठनों और व्यक्तियो को 1993-94 में मंजूर किए गए थे ।

वार्षिक रिपोर्ट

28. वर्ष 1994-95 के दौरान प्रत्येक मंत्रालय/विभाग के कार्यकलापो का विस्तृत हिसाब वार्षिक रिपोर्ट प्रलेख मे दिया जाता है, जो प्रत्येक मंत्रालय/विभाग द्वारा अलग से तैयार किया जाता है और संसद सदस्यों को अनुदानों की मांगो पर विचार-विमर्श के समय प्रचालित किया जाता है।

आर्थिक समीक्षा

29. केन्द्रीय सरकार का बजट मात्र प्राप्तियो और व्यय का विवरण नही है । स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात पंचवर्षीय योजना शुरू किए जनो से यह भी सरकारी नीति का एक महत्वपूर्ण विवरण बन गया है । बजट देश के आर्थिक-जीवन को प्रतिबिम्बित और उसे स्वरूप प्रदान करता है। वर्ष 1994-95 के दौरान देश में आर्थिक प्रवृत्तियों की पृष्ठभूमि बजट मे प्रतिबिम्बित संसाधनों के जुटाने और उनके आवंटन मे अधिक सहायक होगी । संसद सदस्यों को पहले परिचालित 1994-95 की आर्थिक समीक्षा प्रलेख इस पृष्ठभूमि को बताता है ।आर्थिक समीक्षा कृषि और औद्योगिक उत्पादन, मुद्रा आपूर्ति, कीमतो, आयातो और निर्यातो और ऐसे अन्य संगत आर्थिक कारको से संबधित प्रवृत्तियो का विश्लेषण करता है, जिनका बजट पर प्रभाव पड़ता है।

30. सरकार को बजट का अर्थ-व्यवस्था पर समग्र रूप से प्रभाव पड़ता है । सरकारी प्राप्तियों मे बढ़ोतरी और व्यय का अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रो पर प्रभाव के लिए यह जरूरी है कि उन्हें आर्थिक आकार के रूप में समूहबद्द किया जाए, उदाहरणार्थ पूंजी-निर्माण के लिए अलग से कितना रखा गया है, सरकार द्वारा प्रत्यक्ष रूप से कितना खर्च किया है, सरकार द्वारा अर्थव्यवस्था मे अन्य क्षेत्रो को अनुदानों, ऋणो आदि के रूप मे कितना अंतरित किया गया है, यह विशलेषण केन्द्रीय सरकार के बजट के **आर्थिक और कार्यचालन वर्गीकरण** मे किया गया है, जो कि वित्त मंत्रालय द्वारा अलग से तैयार किया जाता है ।

विनियोग विधेयक

31. लोक सभा द्वारा अनुदानों की मांगो को पारित होने के बाद, इस प्रकार पारित राशियों और समेकित निधि पर भारित व्यय को पूरा करने के लिए अपेक्षित राशि को समेकित निधि मे निकालने की संसद की स्वीकृति विनियोग विधेयक के माध्यम से मांगी गई है । संविधान के अनुच्छेद 114(3) के अन्तर्गत संसद द्वारा कानून बनाए बिना कोई भी राशि समेकित निधि से नही निकाली जा सकती ।

32. अनुदानों की मांगो के विस्तृत विचार की पद्धति नए वित्तीय वर्ष के शुरू होने से पहले पूरी नही होती है । सरकार को पहली अप्रैल से विनियोग विधेयक को अधिनियम बनाए जाने की अवधि तक अपने सामान्य कार्यकलापों को जारी रखे जाने के लिए विनियोग विधेयक (लेखानुदान) के माध्यम से संसद से एक लेखानुदान मांगा जाता है ।

अनुक्रमणिका

		पैराग्राफ संख्या
लेखाओं का वर्गीकरण	.....	8
वार्षिक वित्तीय विवरण	.....	1,6,8,9,11,16,18,25,26
वार्षिक रिपोर्ट	.....	24,28
विनियोग	.....	10
विनियोग विधेयक	.....	31,32
विनियोग (लेखानुदान) विधेयक	.....	32
बजट एक नजर में	.....	14,21
बजट/केन्द्रीय सरकार का बजट	.....	1,5,17,20,23,24,25,29,30
पूंजी बजट	.....	5,7
भारित व्यय	.....	9,10,11,31
समेकित निधि	.....	1,2,4,9,10,31
आकस्मिकता निधि	.....	1,3
रक्षा सेवाओं के अनुमान	.....	26
अनुदानों की मांगें	.....	8,10,11,16,17,20,22,25,28,31,32
अनुदानों की ब्यौरेवार मांगें	.....	20,26,27
केन्द्रीय सरकार के बजट का आर्थिक और कार्य संबंधी वर्गीकरण	.....	30
आर्थिक समीक्षा	.....	29
व्यय बजट	.....	15,17,21,22,24,27
विदेशी सहायता	.....	18
बजट बाह्य संसाधन	.....	24
वित्त विधेयक	.....	6,12,19
राजकोषीय घाटा	...	14
सहायता - अनुदान	.....	20,21,27
केन्द्रीय सरकार द्वारा दी गई गारंटिया	.....	16
अन्तर्राष्ट्रीय निकायों में अंशदान	.....	16
बाजार उधार	.....	7
वित्त विधेयक में की गई व्यवस्था का व्याख्यात्मक ज्ञापन	.....	19
नई सेवा	.....	11
निष्पादन बजट	.....	20,22,23
आयोजना परिव्यय	.....	14
मूल घाटा	.....	14,22
लोक खाता	.....	1,4,7
सरकारी उद्यम समीक्षा	.....	24
सरकारी क्षेत्र के उद्यम	.....	23,24
रेलवे	.....	25
प्राप्ति बजट	.....	18
राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अन्तरित संसाधन	.....	14,21
राजस्व बजट	.....	5,6
राजस्व घाटा	.....	14
सरकारी विभागों की स्थापना की संख्या	....	16
अनुदानों की मांगों का सारांश	.....	11
राजकोष हुंडिया	.....	7,14
दूर संचार	.....	25
लेखानुदान	.....	32

KEY TO THE BUDGET DOCUMENTS 1995-96

Annual Financial Statement

Under article 112 of the Constitution, a statement of estimated receipts and expenditure of the Government of India has to be laid before Parliament in respect of every financial year which runs from 1st April to 31st March. This statement titled "*Annual Financial Statement* " is the main Budget document. The Annual Financial Statement shows the receipts and payments of Government under the three parts in which Government accounts are kept: (i) Consolidated Fund, (ii) Contingency Fund and (iii) Public Account.

2. All revenues received by Government, loans raised by it, and also its receipts from recoveries of loans granted by it, form the ***Consolidated Fund.*** All expenditure of Government is incurred from the Consolidated Fund and no amount can be withdrawn from the Fund without authorisation from Parliament.

3. Occasions may arise when Government may have to meet urgent unforeseen expenditure pending authorisation from Parliament. The ***Contingency Fund*** is an imprest placed at the disposal of the President to incur such expenditure. Parliamentary approval for such expenditure and for withdrawal of an equivalent amount from the Consolidated Fund is subsequently obtained and the amount spent from Contingency Fund is recouped to the Fund. The corpus of the Fund which is Rs.50 crore has been temporarily raised for 1994-95 by Rs.790 crore to Rs.840 crore for financing the expenditure arising out of implementation of the MPs Local Area Development Scheme.

4. Besides the normal receipts and expenditure of Government which relate to the Consolidated Fund, certain other transactions enter Government accounts, in respect of which, Government acts more as a banker, for example, transactions relating to provident funds, small savings collections, other deposits etc. The moneys thus received are kept in the ***Public Account*** and the connected disbursements are also made therefrom. Generally speaking, Public Account funds do not belong to Government and have to be paid back some time or the other to the persons and authorities who deposited them. Parliamentary authorisation for payments from the *Public Account* is, therefore, not required. In a few cases, a part of the revenue of Government is set apart in separate funds for expenditure on specific objects like sugar development, replacement of depreciated assets of commercial undertakings etc. These amounts are withdrawn from the *Consolidated Fund* with the approval of Parliament and kept in the *Public Account* for expenditure on the specific objects. The actual expenditure on the specific objects is, however, again submitted for vote of Parliament even though the moneys have already been earmarked by Parliament

for transfer to the funds.

5. Under the Constitution, Budget has to distinguish expenditure on revenue account from other expenditure. Government Budget, therefore, comprises (i) Revenue Budget and (ii) Capital Budget.

6. ***Revenue Budget*** consists of the revenue receipts of Government (tax revenues and other revenues) and the expenditure met from these revenues. Tax revenues comprise proceeds of taxes and other duties levied by the Union. The estimates of revenue receipts shown in the Annual Financial Statement take into account the effect of the taxation proposals made in the Finance Bill. Other receipts of Government mainly consist of interest and dividend on investments made by Government, fees, and other receipts for services rendered by Government. Revenue expenditure is for the normal running of Government departments and various services, interest charges on debt incurred by Government, subsidies, etc. Broadly speaking, expenditure which does not result in creation of assets is treated as revenue expenditure. All grants given to State Governments and other parties are also treated as revenue expenditure even though some of the grants may be for creation of assets.

7. ***Capital Budget*** consists of capital receipts and payments. The main items of capital receipts are loans raised by Government from public which are called Market Loans, borrowings by Government from Reserve Bank and other parties through sale of Treasury Bills, loans received from foreign Governments and bodies and recoveries of loans granted by Central Government to State and Union territory Governments and other parties. Capital payments consist of capital expenditure on acquisition of assets like land, buildings, machinery, equipment, as also investments in shares etc. and loans and advances granted by Central Government to State and Union territory Governments, Government companies, Corporations and other parties. Capital Budget also incorporates transactions in the Public Account.

Accounting classification

8. The estimates of receipts and disbursements in the Annual Financial Statement and of expenditure in the Demands for Grants are shown according to the accounting classification prescribed under article 150 of the Constitution. This classification is intended to allow Parliament and the public to make a meaningful appreciation of allocation of resources and purposes of Government expenditure.

9. Under the Constitution, certain items of expenditure like emoluments of the President, salaries and allowances of the Chairman and the Deputy Chairman of the Rajya Sabha and the Speaker and the Deputy Speaker of the Lok Sabha, salaries, allowances and pensions of Judges of the Supreme Court and the Comptroller and Auditor General of India, interest on and repayment of loans raised by Government and payments made to satisfy decrees of courts etc. are charged on the *Consolidated Fund* and are not required to be voted by the Lok

Sabha. The Annual Financial Statement shows the expenditure *charged* on the *Consolidated Fund* separately.

Demands for Grants

10. The estimates of expenditure from the *Consolidated Fund* included in the Annual Financial Statement and required to be voted by the Lok Sabha are submitted in the form of *Demands for Grants* in pursuance of article 113 of the Constitution. Generally, one Demand for Grant is presented in respect of each Ministry or Department. However, in respect of large Ministries or Departments more than one Demand is presented. Each Demand normally includes the total provisions required for a service, that is, provisions on account of revenue expenditure, capital expenditure, grants to State and Union territory Governments and also loans and advances relating to the service. In regard to Union territories without Legislature, a separate Demand is presented for each of the Union territories. Where the provision for a service is entirely for expenditure *charged* on the Consolidated Fund, for example, interest payments, a separate *Appropriation*, as distinct from a Demand, is presented for that expenditure and it is not required to be voted by Parliament. Where, however, expenditure on a service includes both '*voted*' and '*charged*' items of expenditure, the latter are also included in the Demand presented for that service but the '*voted*' and '*charged*' provisions are shown separately in that Demand.

11. The Demands for Grants are presented to the Lok Sabha along with the Annual Financial Statement. Each Demand first gives the totals of '*voted*' and '*charged*' expenditure as also the 'revenue' and 'capital' expenditure included in the Demand separately and also the grand total of the amount of expenditure for which Demand is presented. This is followed by the estimates of expenditure under different major heads of account. The break up of the expenditure under each major head between 'Plan' and 'non-Plan' is also given. The amounts of recoveries taken in reduction of expenditure in the accounts are also shown. A summary of Demands for Grants is given at the beginning of this Document, while details of 'New Service' or ' New Instrument of Service' such as formation of a new company, undertaking a new scheme etc. if any, are indicated at the end of the document.

Finance Bill

12. The proposals of Government for levy of new taxes, modification of the existing tax structure or continuance of the existing tax structure beyond the period approved by Parliament are submitted to Parliament through the *Finance Bill.*

13. The Budget documents presented in terms of the Constitution have to fulfil certain legal and procedural requirements and hence may not by themselves give a clear indication of the major features of the Budget. To facilitate an easy comprehension of the Budget, certain explanatory documents are presented along with the Budget.

Budget at a Glance

14. The document Budget at a Glance shows in brief receipts and disbursements along with broad details of tax revenues and other receipts. This

document also exhibits broad break-up of expenditure - Plan and non-Plan, allocation of Plan Outlays by Sectors as well as by Ministries/Departments and details of resources transferred by the Central Government to State and Union territory Governments. This document also shows the revenue deficit, the gross primary deficit, the budgetary deficit and the gross fiscal deficit of the Central Government. The excess of Government's revenue expenditure over revenue receipts constitutes revenue deficit of Government. Taking in to account the capital expenditure and capital receipts also there is a gap between receipts and expenditure of a year. This gap, which is covered by issue of 91 days Treasury Bills (mostly held by Reserve Bank), constitutes overall budgetary deficit. Apart from this borrowing through Treasury Bills, Government also borrows funds under many schemes which form part of capital receipts. The difference between the total expenditure of Government by way of revenue, capital and loans net of repayments on the one hand and revenue receipts of Government and Capital receipts which are not in the nature of borrowing but which finally accrue to Government on the other, constitutes gross fiscal deficit. Gross Primary deficit is measured by gross fiscal deficit reduced by gross interest payments. The budget document will also use the abbreviations ' fiscal deficit' for the 'gross fiscal deficit' and 'primary deficit' for the 'gross primary deficit.'

Expenditure Budget Vol. I

15. *Expenditure Budget Vol. I* deals with revenue and capital disbursements of various Ministries/Departments and gives the estimates in respect of each under 'Plan' and 'Non Plan'. This also gives analysis of various types of expenditure and broad reasons for the variations in estimates.

16. Under the present accounting and budgetary procedures, certain classes of receipts, like payments made by one department to another and receipts of capital projects or schemes are taken in reduction of the expenditure of the receiving department. The estimates of expenditure included in the Demands for Grants are for the gross amounts while the estimates of expenditure included in the Annual Financial Statement are for the net expenditure as will be reflected in the accounts, that is, after taking into account the recoveries. The document Expenditure Budget makes certain other refinements like netting expenditure of related receipts so that inflation of receipts and expenditure figures are avoided and there can be a better appreciation of the magnitudes of various expenditure. In separate annexures guarantees given by Central Government and outstanding as at the end of March 1994 and contributions to International bodies are shown. A statement showing the estimated strength of establishment of various Government Departments and provision made therefor is also included in the document.

Expenditure Budget Vol. II

17. To understand the objectives underlying the expenditure proposed in the *Demands for Grants* a brief description of the various items of expenditure on major programmes included in the Demands together with the reasons for variation between the original budget and revised budget for the current year, and the requirements for the budget year are given in this volume.

Receipts Budget

18. Estimates of receipts included in the *"Annual Financial Statement "* are further analysed in the document *"Receipts Budget"*. The document gives details of revenue receipts and capital receipts and explains the estimates. Trend of receipts over the years and details of External Assistance received are also included.

19. To facilitate understanding of the taxation proposals made in the Finance Bill, the provisions of the Bill are explained in the document titled Memorandum explaining the provisions in the *Finance Bill.*

Detailed Demands for Grants

20. The Demands for Grants are followed by the *Detailed Demands for Grants* laid on the table of the Lok Sabha some time after the presentation of the Budget, but before the discussion on Demands for Grants commences. These Detailed Demands for Grants show further details of the provisions included in the Demands for Grants as also of actual expenditure during the previous year. A break up of the estimates relating to each programme/organisation, wherever the amount involved is not less than Rs.10 lakhs, is given under a number of detailed heads which indicate the categories and nature of expenditure incurred on that programme, like salaries, wages, travel expenses, material and equipment, grants-in-aid, etc. At the end of these Detailed Demands are shown the details of recoveries taken in reduction of expenditure in the accounts. Physical and financial aspects of major programmes and schemes are included in the *Performance Budgets* presented to Parliament separately by the Ministries/ Departments.

Resources transferred to States

21. The State Governments are paid grants and loans for various Plan and non-Plan schemes. Besides, sizeable amounts of tax revenues collected by the Central Government in the form of income-tax, union excise duties and estate duty are also transferred to the State Governments. Some of the States also get grants to cover the gap in their revenue resources, as recommended by the Finance Commission. The total resources transferred to State and Union Territory Governments are indicated in a statement incorporated in the document *Budget at a Glance.* Further details of these transfers by way of share of taxes, grants-in-aid and loans are given in *Expenditure Budget Vol.1*. The share of Union excise duties and bulk of the grants and loans are paid by the Ministry of Finance and are included in the Demand "Transfers to State Governments" presented on its behalf. The grants and loans paid by other Ministries are provided for in the Demands of respective Ministries.

Plan Outlay

22. Plan expenditure forms a sizeable proportion of the total expenditure of the Central Government. The *Demands for Grants* of the various Ministries show the Plan expenditure under each head separately from the non-Plan expenditure. The Expenditure Budget Vol. 1 also gives the total Plan provisions for each of the Ministries arranged under the various heads of development and highlights the budget provisions for the more important Plan programmes and schemes. A

description of important schemes included in the Plan along with the objectives, targets and achievements is given in the *Performance Budget* of the respective Ministry. Variations in the estimates of Plan expenditure are also explained in this document.

Performance Budget

23. *Performance Budgets* are prepared and circulated to Members of Parliament by all Ministries/Departments dealing with developmental activities. The Performance Budget presents the budget of the Ministry/Department in terms of functions, programmes and activities and gives appraisal reports separately in respect of major central sector projects/programmes estimated to cost Rs.100 crores or more. It also includes a statement on the programmes and performance of the various public sector undertakings under the Ministry/Department indicating, among other things, the capacity installed and utilised, physical targets and achievements, results of operation, return on capital etc. Performance Budget serves the management as a tool of administrative and financial control in the implementation of development programmes.

Public Sector Enterprises

24. A large part of the Plan expenditure incurred by the Central Government is through public sector enterprises. Budgetary support for financing outlays of these enterprises is provided by Government either through investment in share capital or through loans. *Expenditure Budget Vol. I* shows the estimates of capital and loans disbursements to public sector enterprises in 1994-95 and 1995-96 for Plan and Non-Plan purposes and also the extra budgetary resources available for financing their Plans. A detailed report on the working of public sector enterprises is given in the document titled *'Public Enterprises Survey'* brought out separately by the Department of Public Enterprises. A report on the working of the enterprises under the control of the various administrative Ministries is also given in the Annual Reports of the various Ministries circulated to Members of Parliament separately. The annual reports along with the audited accounts of each of the Government companies are also separately laid before Parliament. Besides, the reports of the Comptroller and Auditor-General of India on the working of various public sector enterprises are also laid before Parliament.

Commercial Departments

25. The Railways and Telecommunication services are the principal departmentally-run commercial undertakings of Government. The Budget of the Railways and the Demands for Grants relating to Railway expenditure are presented to Parliament separately. The total receipts and expenditure of the Railways are incorporated in the Annual Financial Statement of the Government of India. However, to portray the actual working of these departments and not inflate either receipts or expenditure, the expenditure as reflected in the Receipts Budget & Expenditure Budget Vol. I and II has been taken net of receipts. The Demands for Grants of the Department of Telecommunications are presented along with other Demands of the Central Government.

26. The receipts and expenditure of the Defence Department shown in the Annual Financial Statement are explained in greater detail in the document

Defence Services Estimates presented along with the Detailed Demands for Grants of the Ministry of Defence.

27. The details of grants given to bodies other than State and Union territory Governments are given in the statements of Grants-in-aid paid to non-Government bodies appended to Detailed Demands for Grants of the various Ministries. Annexure 6 to Expenditure Budget Vol. I shows details of grants-in-aid exceeding Rs.5 lakhs (recurring) or Rs.10 lakhs (non-recurring) to private institutions,organisations and individuals sanctioned during the year 1993-94.

Annual Report

28. A descriptive account of the activities of each Ministry/Department during the year 1994-95 is given in the document *Annual Report* which is brought out separately by each Ministry/Department and circulated to Members of Parliament at the time of discussion on the Demands for Grants.

Economic Survey

29. The Budget of the Central Government is not merely a statement of receipts and expenditure. Since Independence, with the launching of Five Year Plans, it has also become a significant statement of governmental policy. The Budget reflects and shapes, and is, in turn, shaped by the country's economic life. A background of the economic trends in the country during 1994-95 will enable a better appreciation of the mobilisation of resources and their allocation reflected in the Budget. The document Economic Survey 1994-95 circulated to Members of Parliament earlier provides this background. The *Economic Survey* analyses the trends in agricultural and industrial production, money supply, prices, imports and exports and other relevant economic factors having a bearing on the Budget.

30. The Budget of the Government has an impact on the economy as a whole. For a better appreciation of the impact of governmental receipts and expenditure on the other sectors of the economy, it is necessary to group them in terms of economic magnitudes, for example, how much is set aside for capital formation, how much is spent directly by the Government and how much is transferred by Government to other sectors of the economy by way of grants, loans etc. This analysis is contained in the document ***Economic and Functional Classification*** of the Central Government Budget which is brought out by the Ministry of Finance separately.

Appropriation Bills

31. After the Demands for Grants are voted by the Lok Sabha, Parliament's approval to the withdrawal from the *Consolidated Fund* of the amounts so voted and of the amount required to meet the expenditure *charged* on the ***Consolidated Fund*** is sought through the *Appropriation Bill*. Under article 114(3) of the Constitution, no amount can be withdrawn from the Consolidated Fund without the enactment of such a law by Parliament.

32. The process of detailed consideration of the Demands for Grants is not completed before the commencement of the new financial year. To enable Government to carry on its normal activities from 1st April till such time as the *Appropriation Bill* is enacted, a Vote on Account is obtained from Parliament through an Appropriation *(Vote on Account)* Bill.

INDEX

	Paragraph Number
Accounting classification ..	8
Annual Financial Statement ..	1,6,8,9,11,16,18,25,26
Annual Report ..	24,28
Appropriation ..	10
Appropriation Bill ..	31,32
Appropriation (Vote on Account) Bill ..	32
Budget at a Glance ..	14,21
Budget/Budget of the Central Government ..	1,5,17,20,23,24,25,29,30
Budgetary Deficit ..	18
Capital Budget ..	5,7
Charged Expenditure ..	9,10,11,31
Consolidated Fund ..	1,2,4,9,10,31
Contingency Fund ..	1,3
Defence Services Estimates ..	26
Demands for Grants ..	8,10,11,16,17,20,22,25,28,31,32
Detailed Demands for Grants ..	20,26,27
Economic and functional classification of the Central Government Budget ..	30
Economic Survey ..	29
Expenditure Budget ..	15,17,21,22,24,27
External Assistance ..	18
Extra Budgetary Resources ..	24
Finance Bill ..	6,12,19
Fiscal Deficit ..	14
Grants-in-aid ..	20,21,27
Guarantees given by the Central Government ..	16
International Bodies - Contribution to ..	16
Market Loans ..	7
Memorandum explaining the provisions in the Finance Bill ..	19
New Service ..	11
Performance Budget ..	20,22,23
Plan Outlay ..	14,22
Public Account ..	1,4,7
Public Enterprises Survey ..	24
Public Sector Enterprises ..	23,24
Railways ..	25
Receipts Budget ..	18
Resources transferred to States/ Union Territories ..	14,21
Revenue Budget ..	5,6
Revenue Deficit ..	14
Strength of Establishment of Govt. Deptts. ..	16
Summary of Demands for Grants ..	11
Treasury Bills ..	7,14
Telecommunications ..	25
Vote on Account ..	32

17

Speech of the Railway Minister introducing the Railway Budget for 1995-96

SPEECH OF SHRI C. K. JAFFER SHARIEF

INTRODUCING THE RAILWAY BUDGET, 1995-96

ON 14th MARCH, 1995

MR. SPEAKER,

3. इस्पात कारखानों को कच्चा लोहा और तैयार इस्पात Pig Iron and finished Steel for Steel Plants	12.08	12,955	1008.46	12.00	12,816	1077.29	13.50	14,418	1193.82
4. निर्यात के लिए लौह अयस्क Iron Ore for export	10.46	5,985	274.63	11.00	6,490	295.41	11.00	6,490	327.19
5. सीमेंट Cement	32.54	19,739	1047.51	33.00	20,592	1206.60	36.00	22,464	1340.87
6. खाद्यान्न Foodgrains	26.68	35,263	971.53	22.00	27,830	854.34	24.00	30,360	911.12
7. उर्वरक Fertilizers	19.51	16,948	574.62	22.00	19,778	578.28	22.50	20,228	613.45
8. पेट्रोल, तेल व स्नेहक P.O.L.	25.95	16,512	1459.60	28.00	17,836	1706.73	30.50	19,429	1897.57
9. अन्य माल Other Goods	31.11	29,721	1210.13	35.00	32,760	1175.24	39.00	36,504	1307.34
10. विविध माल आमदनी Misc. Goods Earnings	..	..	281.89			205.00	..	..	215.00
जोड़ TOTAL	358.73	252,411	12557.36	373.00	259,810	13700.00	398.00	278,766	15125.00

तालिका V
यातायात योजना—यात्री

TABLE V
TRAFFIC PLAN—PASSENGER

	वास्तविक Actuals 1993-94			संशोधित Revised 1994-95			बजट Budget 1995-96		
	यात्रियों की संख्या (दस लाख में) No. of Passengers (Million)	यात्री कि॰मी॰ (दस लाख में) Passenger kilometres (Million)	आमदनी (करोड़ रुपयों में) Earnings (Crores of rupees)	यात्रियों की संख्या (दस लाख में) No. of Passengers (Million)	यात्री कि॰मी॰ (दस लाख में) Passenger kilometres (Million)	आमदनी (करोड़ रुपयों में) Earnings (Crores of rupees)	यात्रियों की संख्या (दस लाख में) No. of Passengers (Million)	यात्री कि॰मी॰ (दस लाख में) Passenger kilometres (Million)	आमदनी (करोड़ रुपयों में) Earnings (Crores of rupees)
उपनगरीय Suburban									
पहला दर्जा First Class	121.46	3,370	68.57	167.60	5,627	74.95	174.30	5,852	85.80
दूसरा दर्जा (मेल व एक्सप्रेस) Second Class (M & E)	0.83	70	1.88	0.56	46	1.23	0.59	47	1.00
दूसरा दर्जा साधारण Second Class Ordinary	2195.66	59,707	505.50	2359.44	63,275	537.36	2453.82	65,806	585.47
जोड़ TOTAL	2317.95 (a)	63,147 (b)	575.95 (c)	2527.60 (a)	68,948 (b)	613.54 (c)	2628.71 (a)	71,705 (b)	672.27 (c)
अनुपनगरीय Non-Suburban									
वातानुकूल पहला दर्जा AC FIRST CLASS	0.53	411	56.73	0.63	366	59.63	0.65	380	68.00
वातानुकूल शयनयान A.C. Sleeper	5.92	3,729	305.67	8.34	5,252	442.30	8.67	5,462	491.25
पहला दर्जा First Class	11.87	4,203	248.61	10.64	3,922	255.79	11.07	4,079	286.70
वातानुकूल 3 टियर AC 3 Tier	..	..	..	0.50	285	13.82	0.52	296	16.50
शयनयान दर्जा (मेल और एक्सप्रेस) Sleeper Class (M&E)	79.73	48,882	1069.12	124.94	63,684	1393.77	129.93	66,231	1456.00
दूसरा दर्जा (मेल व एक्सप्रेस) Second Class (M&E)	230.92	88,356	1647.91	212.11	79,859	1566.24	220.60	83,053	1637.00
शयनयान दर्जा (साधारण) Sleeper Class (Ordinary)	2.76	1,314	23.29	1.55	375	16.05	1.61	390	17.00
दूसरा दर्जा साधारण Second Class Ordinary	1071.14	84,501	895.75	1086.86	86,884	913.32	1130.33	90,360	963.03
वातानुकूल कुर्सीयान ACC Chair Car	3.09	1,804	72.18	5.27	3,171	135.54	5.48	3,298	147.25
जोड़ TOTAL	1405.96	233,200	4319.26	1450.84	243,798	4796.46	1508.86	253,549	5082.73
वातानुकूल पहला दर्जा AC FIRST CLASS	0.53	411	56.73	0.63	366	59.63	0.65	380	68.00
वातानुकूल शयनयान A.C. Sleeper	5.92	3,729	305.67	8.34	5,252	442.30	8.67	5,462	491.25
पहला दर्जा First Class	133.33	7,573	317.18	178.24	9,549	330.74	185.37	9,931	372.50
वातानुकूल 3 टियर AC 3 Tier	..	..	..	0.50	285	13.82	0.52	296	16.50
शयनयान दर्जा (मेल और एक्सप्रेस) Sleeper Class (M&E)	79.73	48,882	1069.12	124.94	63,684	1393.77	129.93	66,231	1456.00
दूसरा दर्जा (मेल और एक्सप्रेस) Second Class (M&E)	231.75	88,426	1649.79	212.67	79,905	1567.47	221.19	83,100	1638.00
शयनयान दर्जा (साधारण) Sleeper Class (Ordinary)	2.76	1,314	23.29	1.55	375	16.05	1.61	390	17.00
दूसरा दर्जा साधारण Second Class Ordinary	3266.80	144,208	1401.25	3446.30	150,159	1450.68	3584.15	156,166	1548.50
वातानुकूल कुर्सीयान ACC Chair Car	3.09	1,804	72.18	5.27	31,71	135.54	5.48	3,298	147.25
कुल जोड़ GRAND TOTAL	3723.91	296,347	4895.21	3978.44	312,746	5410.00	4137.57	325,254	5755.00

(क) इसमें मेट्रो रेलवे, कलकत्ता के यात्रियों से सम्बन्धित 15.86 मिलियन (वास्तविक), 6.57 मिलियन(सं०अ०) और 17.23 मिलियन (ब०अ०) शामिल हैं।
(ख) इसमें मेट्रो रेलवे, कलकत्ता से सम्बन्धित 101 मिलियन (वास्तविक) 106 मिलियन (सं०अ०) और 148 मिलियन (ब०अ०) यात्री कि॰मी॰ शामिल हैं।
(ग) इसमें मेट्रो रेलवे, कलकत्ता से सम्बन्धित 3.99 करोड़ रुपये (वास्तविक), 6.00 करोड़ रुपये (सं०अ०) और 6.23 करोड़ रुपये (ब०अ०) शामिल है।

(a) Includes 15.86 millions (Actuals), 6.57 millions (RE) and 17.23 millions (BE) of passengers on Metro Railway, Calcutta.

(b) Includes 101 millions (Actuals), 106 millions (RE) and 148 millions (BE) of PKM's on Metro Railway, Calcutta.

(c) Includes Rs. 3.99 crores (Actuals), Rs. 6.00 crores (RE) and Rs 6.23 crores (BE) of Metro Railway, Calcutta.

तालिका VI

TABLE VI

लक्ष्य और उपलब्धियां—मुख्य विकास गतिविधियाँ

TARGETS AND ACHIEVEMENTS—MAJOR DEVELOPMENTAL ACTIVITIES

		1993-94		1994-95	1995-96
		लक्ष्य Target	उपलब्धियां Achievement	लक्ष्य Target	लक्ष्य Target
1. विद्युतीकरण (मार्ग कि०मी०)	I. *Electrification* (Route Kms.)	500	505	500	600
2. रेलपथ नवीकरण (रेलपथ कि०मी०)	II. *Track Renewals* (Track Kms.)				
(क) प्राथमिक	(i) Primary	18.60	2,316	1,896	2,050
(ख) गौण	(ii) Secondary	560	498	504	550
3. नयी लाइनों का निर्माण (मार्ग कि०मी०)	III. *Construction of New Lines* (Route Kms.)	204	211	145	17
4. आमान परिवर्तन (मार्ग कि०मी०)	IV. *Gauge Conversion* (Route Kms.)	1,600	1,619	1,600	1,500
5. चल स्टाक	V. *Rolling Stock*				
(i) रेल इंजन : डीजल	(i) *Locos :* Diesel . .	136	139	135	110
बिजली	Electric . .	153	158	170	123
(ii) सवारी डिब्बे : बिजली गाड़ी/मेट्रो	(ii) *Coaches :* E.M.U.s/Metro	316	277	210	350
अन्य	Others .	2,149	2,212	1,400	1,400
(iii) रेल बसें	(iii) Rail Buses	..	..	5	10
(iv) माल डिब्बे (चौपहियों के हिसाब से)	(iv) *Wagons* (in terms of 4-wheelers) . . .	20,000	19,649	12,000	12,000
6. महानगर परिवहन परियोजनाएं	VI. Metropolitan Transport Projects				

बम्बई

(क) थाणे क्रीक पर एक पुल के निर्माण सहित मानखुर्द से बेलापुर तक रेल लाइन का विस्तार (18 कि०मी०)——थाणे क्रीक पुल और अन्य बड़ी/छोटी परियोजनाओं सहित इस लाइन का निर्माण कार्य अब पूरा हो गया है । अवशिष्ट निर्माण कार्य प्रगति पर है ।

BOMBAY

(a) *Extension of Railway line from Mankhurd to Belapur with a bridge across Thane Creek* (18 *Kms.*)— This line including Thane Creek Bridge and other major/minor projects have since been completed. Residual works are in progress.

(ख) रावली जंक्शन पर फ्लाई ओवर सहित बान्द्रा तथा अंधेरी के बीच अतिरिक्त जोड़ी लाइनें तथा हार्बर शाखा लाइन पर आनुषंगिक सुविधाएं (7.2 कि० मी०):—शेष मुख्य लाइन पर मिट्टी संबंधी काम पूरा होने वाला है। सान्ताक्रुज स्टेशन पर चरण कार्य पूरा हो गया है तथा खार स्टेशन पर चरण कार्य के लिए प्रारंभिक कार्य पूरे हो गए हैं। बान्द्रा और अंधेरी के बीच अतिरिक्त जोड़ी रेलपथ का निर्माण कार्य 1995 के अंत तक पूरा हो जाने की संभावना है बशर्ते कि धन उपलब्ध हो।

(b) Additional pair of lines between Bandra and Andheri, with a fly-over at Ravli Junction and ancilliary facilities on the Harbour Branch line (7.2 *Kms.*) :—Earthwork on the remaining main line is nearing completion. Phase work at Santa Cruz station has been completed, and preparatory works for phase work at Khar station completed. The additional pair of tracks between Bandra & Andheri are expected to be completed by the end of 1995, subject to availability of funds.

कलकत्ता

(क) मेट्रो रेल परियोजना (16.43 कि० मी०):—परियोजना के दो अलग-अलग खण्डों अर्थात् दमदम जंक्शन–श्यामबाजार और चांदनी चौक-टॉली गंज, जिनकी कुल लम्बाई 12.13 कि० मी० है, का कार्य पूरा हो चुका है और ये वाणिज्यिक परिचालन के अंतर्गत हैं। सेंट्रल से श्यामबाजार तक के लगभग 4.32 कि० मी० के शेष भाग पर कार्य चल रहा है। परियोजना को 1995 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

(ख) सर्कुलर रेलवे, कलकत्ता :—इसे जून, 1990 तक चरणों में चालू कर दिया गया था। छोटे-मोटे अवशिष्ट कार्य प्रगति पर हैं।

CALCUTTA

(a) *Metro Railway Project* (16.43 *Kms.*) :—Two separate stretches of the project viz. Dum Dum Junction–Shyambazar, and Chandni Chowk-Tollyganj, totalling to about 12.13 Kms., have been completed and are under commercial operation. Work on the balance of about 4.32 Kms. from Central to Shyambazar is progressing. The project is scheduled for completion by 1995.

(b) *Circular Railway, Calcutta* :—Commissioned for traffic in stages by June, 1990. Minor residual works are in progress.

मद्रास

मद्रास बीच से लुज (8.55 कि० मी०) तक द्रुत परिवहन प्रणाली/मद्रास का निर्माण :—इस परियोजना का मद्रास बीच से पार्क टाउन तक का एक उप खंड (2.55 कि० मी०) पूरा हो गया है और इसे सितम्बर, 1990 में यातायात के लिये चालू कर दिया गया है। इस समय पार्क टाउन से लुज के बीच कार्य चल रहा है। समूची परियोजना को 1996 के अंत तक पूरा कर दिये जाने की संभावना है।

MADRAS

Construction of RTS/Madras, from Madras Beach to Luz (8.55 *Kms.*) :—A sub-section of this project from Madras Beach to Park Town (2.55 Kms.) has been completed and commissioned for traffic in September, 1990. Work between Park Town to Luz is presently in progress. The entire project is expected to be completed by the end of 1996.

तालिका VII

वर्ष 1993-94 में रेलवे का रुपया

TABLE VII

THE RAILWAY RUPEE IN THE YEAR 1993-94

रुपया कहां से आया

WHERE THE RUPEE CAME FROM



रुपया कहां गया

WHERE THE RUPEE WENT



भाग I—राजस्व

रेलवे उपक्रम के वित्तीय परिणामों का सारांश

1993-94 के वित्तीय परिणाम

1993-94 के प्रमुख वित्तीय आंकड़े, उस वर्ष के संशोधित अनुमान और पिछले वर्ष के वास्तविक आंकड़े नीचे की तालिका में दिखाये गये हैं :—

PART I—REVENUE

SUMMARY OF THE FINANCIAL RESULTS OF THE RAILWAY UNDERTAKING

FINANCIAL RESULTS OF THE YEAR 1993-94

The principal financial figures for the year 1993-94 together with the Revised Estimates for that year and the actuals of the preceding year are shown in the table below :—

(करोड़ रुपयों में) (In crores of rupees)

ब्योरा	Details	वास्तविक Actuals 1992-93	संशोधित Revised 1993-94	वास्तविक Actuals 1993-94
यातायात से प्राप्तियां	**TRAFFIC RECEIPTS**			
यातायात से सकल प्राप्तियां	Gross Traffic Receipts	15688.44	18585.00	17946.02
संचालन व्यय	**WORKING EXPENSES**			
साधारण संचालन व्यय (शुद्ध)	Ordinary Working Expenses (Net)	10480.08	11755.00	11759.54
*मूल्यह्रास आरक्षित निधि में विनियोग	*Appropriation to Depreciation Reserve Fund	2300.00	2100.00	1875.00
**पेंशन निधि में विनियोग	**Appropriation to Pension Fund	1200.00	1500.00	1500.00
कुल संचालन व्यय	TOTAL Working Expenses	13980.08	15355.00	15134.54
शुद्ध विविध प्राप्तियां	Net Miscellaneous Receipts	247.07	264.00	290.65
कुल व्यय	TOTAL Expenditure	13733.01	15091.00	14843.89
शुद्ध रेलवे राजस्व	Net Railway Revenue	1955.43	3494.00	3102.13
सामान्य राजस्व को लाभांश	Dividend to General Revenues	1172.39	1299.00	1296.05
आस्थगित लाभांश दायिता का भुगतान	Payment of Deferred Dividend	341.99	..	..
अधिशेष (+)/घाटा (—)	Excess (+)/Shortfall (—)	+441.05	+2195.00	+1806.08
रेलवे विकास निधि में विनियोग	Appropriation to Railway Development Fund	370.18	220.00	132.26
रेलवे पूंजी निधि में विनियोग	Appropriation to Railway Capital Fund	70.87	1975.00	1673.82
परिचालन अनुपात	Operating Ratio	87.4%	83.0%	82.9%
***ब्याजदेय पूंजी	***Capital at Charge	20123.20	20888.95	20873.58
पूंजी निधि से निवेश	Investment from Capital Fund	..	1943.00	1746.99
शुद्ध राजस्व का ब्याजदेय पूंजी से अनुपात	Ratio of Net Revenue to Capital-at-Charge	9.7%	15.3%	13.7%

*इसमें उत्पादन यूनिटों का अंशदान शामिल नहीं है (परिशिष्ट XII देखें)।

**इसमें विविध स्थापनाओं तथा उत्पादन यूनिटों के लिए पेंशन निधि में विनियोग शामिल नहीं है (परिशिष्ट XI और XV देखें)।

***इसमें महानगर परिवहन परियोजना का परिव्यय शामिल नहीं है (परिशिष्ट VI देखें)।

*Excludes contribution from the Production Units (*See* Appendix XII).

**Excludes Appropriation to Pension Fund for Miscellaneous Establishments and Production Units (*See* Appendices XI and XV).

***Excludes outlay on Metropolitan Transport Projects (*See* Appendix VI).

यातायात से प्राप्तियां

TRAFFIC RECEIPTS

अंतिम लेखों के अनुसार, 1993-94 में यातायात से कुल प्राप्तियों के ब्यौरे, उस वर्ष के संशोधित अनुमान और 1992-93 के अंत में वास्तविक आंकड़े इस प्रकार हैं :

The details of the Gross Traffic Receipts for 1993-94 according to the Final accounts, the Revised Estimates for that year and the actuals of the ending year 1992-93 are as under :—

(करोड़ रुपये में) (In crores of Rupees)

ब्यौरा	Details	वास्तविक Actuals 1992-93	संशोधित Revised 1993-94	वास्तविक Actuals 1993-94
यात्री--ऊंचे दर्जे	Passenger—Upper Classes	610.16	661.00	679.57
यात्री--दूसरा दर्जा	Passenger—Second Class	3704.91	4204.00	4215.64
यात्री यातायात से कुल आमदनी	Total Passenger Earnings	4315.07	4865.00	4895.21
अन्य कोचिंग यातायात से आमदनी	Other Coaching Earnings	423.94	455.00	442.87
माल यातायात से आमदनी	Goods Earnings	10903.03	12830.00	12557.36
अन्य फुटकर आमदनी	Sundry Other Earnings	371.13	355.00	363.18
कुल आमदनी	Total Earnings	16013.17	18505.00	18258.62
उचंत	Suspense	—324.73	+80.00	—312.60
यातायात से सकल प्राप्ति	Gross Traffic Receipts	15688.44	18585.00	17946.02

18258.62 करोड़ रुपये की कुल वास्तविक आमदनी संशोधित अनुमान से 246.38 करोड़ रुपये कम थी जिसमें माल यातायात से (272.64 करोड़ रुपये) तथा अन्य कोचिंग यातायात से आमदनी (12.13 करोड़ रुपये) शामिल है । यात्री यातायात से आमदनी में 30.21 करोड़ रुपये और अन्य फुटकर आमदनी में 8.18 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी । उचन्त के अन्तर्गत वृद्धि, वसूल न की गयी बकाया राशि 392.60 करोड़ रुपयेके कारण थी जबकि संशोधित अनुमान के अनुसार 80 करोड़ रुपये की निकासी हुई थी । इसके परिणामस्वरूप, यातायात से सकल प्राप्तियां 17946.02 करोड़ रुपये हो गयीं जो संशोधित अनुमान से 638.98 करोड़ रुपये कम हैं ।

The actual Total Earnings at Rs. 18258.62 crores were lower than the Revised Estimate by Rs. 246.38 crores, comprising of Goods (Rs. 272.64 crores), and other coaching Earnings (Rs. 12.13 crores). There was an increase in Passenger earnings by Rs. 30.21 crores and Sundry Other Earnings by Rs. 8.18 Crores. Accretion to 'Suspense' representing unrealised earnings amounted to Rs. 392.60 crores instead of a clearance of Rs. 80 crores as per Revised Estimate. As a result, Gross Traffic Receipts came to Rs. 17946.02 crores, that is, lesser than the Revised Estimate by Rs. 638.98 crores.

संचालन व्यय

नीचे की तालिका में 1993-94 के संचालन व्यय के विभिन्न अनुदानों के अन्तर्गत वास्तविक कुल रकमों की तुलना उस वर्ष के संशोधित अनुमान और 1992-93 के वास्तविक आंकड़ों से की गयी है :—

WORKING EXPENSES

The actual gross amounts of expenditure under various Grants of the Working Expenses for 1993-94 are compared in the table below with the Revised Estimates for that year and the actuals for 1992-93 :—

(करोड़ रुपयों में) (In crores of Rupees)

मांग सं० तथा नाम	Demand No. and Nomenclature	वास्तविक Actuals 1992-93	संशोधित Revised 1993-94	वास्तविक Actuals 1993-94	संशोधित अनुमान की तुलना में कमी-बेशी का प्रतिशत Percentage variation over Revised Estimate
3—रेलों पर सामान्य अधीक्षण एवं सेवाएं	General Superintendence and Services on Railways	555.72	614.92	603.75	—1.82
4—रेलपथ और निर्माण-कार्यों की मरम्मत और अनुरक्षण	Repairs and Maintenance of Permanent Way and Works	1153.35	1265.59	1280.25	+1.16
5—रेल इंजनों की मरम्मत और अनुरक्षण	Repairs and Maintenance of Motive Power	880.69	960.53	974.29	+1.43
6—सवारी और माल डिब्बों की मरम्मत और अनुरक्षण	Repairs and Maintenance of Carriages and Wagons	1231.69	1368.31	1406.92	+2.82
7—संयंत्र और उपस्कर की मरम्मत और अनुरक्षण	Repairs and Maintenance of Plant and Equipment	592.91	679.93	675.08	—0.71
8—परिचालन व्यय—चल-स्टाक और उपस्कर	Operating Expenses -Rolling Stock and Equipment	1018.62	1067.79	1144.73	+7.21
9—परिचालन व्यय—यातायात	Operating Expenses—Traffic . .	2017.02	2243.79	2259.32	+0.70
10—परिचालन व्यय—ईंधन	Operating Expenses - Fuel . .	2322.66	2651.77	2652.28	+0.02
11—कर्मचारी कल्याण और सुविधाएं	Staff Welfare and Amenities . .	428.04	471.90	473.62	+0.36
12—विविध संचालन व्यय	Miscellaneous Working Expenses . .	597.60	715.67	668.98	—6.52
13—भविष्य निधि, पेंशन और अन्य सेवा-निवृत्ति लाभ	Provident Fund, Pension and other Retirement Benefits	1260.96	1526.73	1498.16	—1.87
जोड़	TOTAL	12059.26	13566.93	13637.38	+0.52
जमा या वसूलियां	Credits or Recoveries	—325.56	—295.93	—389.99	+31.78
घटाइए—निधियों से प्रतिपूरित रकम	Deduct Amount recouped from Funds .	—1253.62	—1516.00	—1487.85	—1.86
शुद्ध	NET	10480.08	11755.00	11759.54	+0.04

वर्ष 1993-94 के लिए साधारण संचालन व्यय (सकल) 13637.38 करोड़ रुपये था जो 13566.93 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान की तुलना में 70.45 करोड़ रुपये अधिक था। मांग सं. 3, 7, 12 और 13 के अन्तर्गत गिरावट आयी जबकि मांग सं. 4, 5, 6, 8, 9, 10 और 11 में वृद्धि हुई। जमा या वसूलियां तथा निधियों से प्रतिपूरित राशि जो संसद की स्वीकृति के प्रयोजन के लिए अनुदान के बाहर है, मिलाकर संशोधित अनुमान की तुलना में 65.91 करोड़ रुपये अधिक रही। अन्तिम विश्लेषण के अनुसार, शुद्ध संचालन व्यय 11755.00 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से 4.54 करोड़ रुपये अधिक था।

जहां तक कुल संचालन व्यय में सम्मिलित अन्य मदों का संबंध है, मूल्यह्रास आरक्षित निधि में 1875 करोड़ रुपए तथा पेंशन निधि में 1500 करोड़ रुपये का विनियोग किया गया है, जबकि मू०आ०नि० में 2100 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से 225 करोड़ रुपए का कम विनियोग किया गया है, पेंशन निधि में विनियोग संशोधित अनुमान स्तर पर बनाए रखा गया है।

शुद्ध विविध प्राप्तियां

विविध प्राप्तियों में 5.83 करोड़ रुपये की वृद्धि होने तथा विविध व्यय में 20.82 करोड़ रुपये की कमी होने के परिणामस्वरूप, शुद्ध विविध प्राप्तियां, जो वास्तविक 1993-94 में 290.65 करोड़ रुपये हुईं उस वर्ष के संशोधित अनुमान से 26.65 करोड़ अधिक हैं।

1993-94 के शुद्ध वित्तीय परिणाम

उपर्युक्त कमी-बेशी का समग्र प्रभाव यह पड़ा कि शुद्ध राजस्व में (सामान्य राजस्व को लाभांश का भुगतान करने से पहले) 3494.00 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान की तुलना में 391.87 करोड़ रुपये की कमी हुई। वास्तविक संगणना करने पर, सामान्य राजस्व को देय लाभांश 1299.00 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान की तुलना में 1296.05 करोड़ रुपये था। अतः सामान्य राजस्व को लाभांश के भुगतान के बाद 1806.08 करोड़ रुपये का अधिशेष रहा।

The ordinary working expenses (Gross) for the year 1993-94 came to Rs. 13637.38 crores, which are more by Rs. 70.45 crores compared with the Revised Estimate of Rs. 13566.93 crores. The shortfall occurred under Demands No. 3,7,12 and 13 whereas Demands No. 4, 5, 6, 8, 9, 10 and 11 showed excess. Credits or recoveries and amounts recouped from Funds which are outside the grant for the purpose of Vote of Parliament, taken together, were Rs. 65.91 crores more than the Revised Estimates. In the final analysis, the net working expenses were Rs. 4.54 crores more than the Revised Estimate of Rs. 11755.00 crores.

As regards other items making up total Working Expenses, Rs. 1875 crores have been appropriated to the Depreciation Reserve Fund and Rs. 1500 crores to the Pension Fund. While the appropriation to DRF has been lowered by Rs. 225 crores over the Revised Estimates of Rs. 2100 crores, appropriation to Pension Fund has been retained at the RE level.

NET MISCELLANEOUS RECEIPTS

As a result of an increase of Rs. 5.83 crores in Miscellaneous Receipts and reduction of Rs. 20.82 crores in Miscellaneous expenditure, net Miscellaneous receipts which came to Rs. 290.65 crores in Actuals 1993-94 exceeded the Revised Estimate for that year by Rs. 26.65 crores.

NET FINANCIAL RESULTS 1993-94

The aggregate effect of the aforesaid variations is that the Net Revenue (before payment of Dividend to General Revenues) decreased by Rs. 391.87 crores over the Revised Estimate figure of Rs. 3494.00 crores. The Dividend payable to General Revenues on actual computation was Rs. 1296.05 crores as against the Revised Estimate of Rs. 1299.00 crores. Thus the excess after meeting payment of Dividend to General Revenues came to Rs. 1806.08 crores.

रेलवे निधियां

अंतिम लेखों के अनुसार, 1993-94 के दौरान विभिन्न रेलवे निधियों के ब्यौरे, उस वर्ष के संशोधित अनुमान तथा पूर्ववर्ती वर्ष 1992-93 के वास्तविक आंकड़ों का सारांश नीचे दिया गया है। विस्तृत ब्यौरा परिशिष्ट XII से XV में दिया गया है :—

RAILWAY FUNDS

The details of the various Railway Funds for 1993-94 according to the Final Accounts, the Revised Estimate for that year and the Actuals of the preceding year 1992-93 are summarised below. The detailed position is brought out in Appendices XII to XV.

(लाख रुपयों में/Rupees in lakhs)

		वास्तविक Actuals 1992-93	संशोधित Revised 1993-94	वास्तविक Actuals 1993-94
मूल्यह्रास आरक्षित निधि	*Depreciation Reserve Fund*			
अथ शेष	Opening Balance	1021,04	1078,08	1078,08
निधि में विनियोग	Appropriation to the Fund	2322,00	2125,00	1900,00
निधि से निकासी	Withdrawal from the Fund	2331,10	2135,00	2062,56
शेष पर ब्याज	Interest on balance	66,14	75,12	69,77
इतिशेष	Closing balance	1078,08	1143,20	985,29
रेलवे विकास निधि	*Railway Development Fund*			
अथशेष	Opening Balance	..	54,14@	54,14@
निधि में विनियोग	Appropriation to the Fund	370,17	220,00	132,25
निधि से निकासी	Withdrawal from the Fund	370,17	220.00	189,13
शेष पर ब्याज	Interest on balance	..	5,79	3,06
इतिशेष	Closing balance	..	59,93	32
राजस्व आरक्षित निधि	*Revenue Reserve Fund*			
अथशेष	Opening Balance	68	..	..
निधि में विनियोग	Appropriation to the Fund	..	..	..
निधि से निकासी	Withdrawal from the Fund	..	..	..
शेष पर ब्याज	Interest on balance	3	..	..
इतिशेष	Closing balance	71	..	..
रेलवे पेंशन निधि	*Railway Pension Fund*			
अथ शेष	Opening Balance	289,56*	274,12	275.42*
निधि में विनियोग	Appropriation to the Fund	1218,19	1520,26	1520,11
निधि से निकासी	Withdrawal from the Fund	1251,43	1516,00	1487,85
शेष पर ब्याज	Interest on balance	17,80	19,33	20,41
इतिशेष	Closing balance	274,12	297,71	328,09
दु.स.नि.	*A.C.S.P.F.*			
अथशेष	Opening Balance	60,12	..	..
निधि में विनियोग	Appropriation to the Fund	60,76	..	..
निधि से निकासी	Withdrawal from the Fund	70,97	..	..
शेष पर ब्याज	Interest on balance	3,52	..	..
इतिशेष	Closing balance	53,43	..	..
पूंजी निधि—रेलवे	*Capital Fund—Railways*			
अथशेष	Opening Balance	..	73,18	73,18
निधि में विनियोग	Appropriation to the Fund	70,87	1975,00	1673,82
निधि से निकासी	Withrawal from the Fund	..	1943,00	1746,99
शेष पर ब्याज	Interest on balance	2,31	6,24	2,56
इतिशेष	Closing balance	73,18	111,42	2,57
सभी रेलवे निधियां	*All Railway Funds*			
अथशेष	Opening Balance	1371,40*	1479,52	1480,82
इतिशेष	Closing balance	1479,52	1612,26	1316,27

*1992-93 (वास्तविक) में 182 लाख रुपये और 1993-94 (वास्तविक) में 130 लाख रुपये बिना वित्तीय समायोजन के अंतरण के शामिल है।
*Includes TWFA Rs. 182 lakhs in 1992-93 (Act.), and Rs. 1,30 lakhs in 1993-94 (Act.).

@यह दु.स.नि. और रा.आ.नि. के क्रमशः 53.43 करोड़ रु. और 0.71 करोड़ रुपए के इतिशेष को दर्शाता है जिन्हें 1.4.1993 से समाप्त करने के बाद इस निधि में अंतरित कर दिया गया है।
@Represents Rs. 53.43 Cr. and Rs. 0.71 Cr. being the closing balances of ACSPF and RRF respectively transferred to this fund consequent upon their discontinuance w.e.f. 1-4-1993.

संशोधित अनुमान, 1994-95 और बजट अनुमान 1995-96

यातायात से प्राप्तियां

नीचे की तालिका में वास्तविक 1993-94, बजट तथा संशोधित अनुमान 1994-95 और बजट अनुमान 1995-96 के यातायात से कुल प्राप्तियों के आंकड़ों की तुलना की गयी है :—

REVISED ESTIMATES 1994-95 AND BUDGET ESTIMATES 1995-96

TRAFFIC RECEIPTS

The details of the Actuals 1993-94, Budget & Revised Estimates 1994-95 and Budget Estimates 1995-96 of Gross Traffic Receipts are compared in the table below :—

(करोड़ रुपयों में) (Rs. in crores)

ब्यौरा	Details	वास्तविक Actuals 1993-94	बजट Budget 1994-95	संशोधित Revised 1994-95	बजट Budget 1995-96
यात्री—ऊंचे दर्जे	Passenger—Upper Classes	679.57	709.00	846.50	948.25
यात्री—दूसरा दर्जा	Passenger—Second Class	4215.64	4429.00	4563.50	4806.75
जोड़—यात्री यातायात से कुल आमदनी	Total—Passenger Earnings	4895.21	5138.00	5410.00	5755.00
अन्य कोचिंग यातायात से आमदनी	Other Coaching Earnings	442.87	473.00	485.00	500.00
माल यातायात से आमदनी	Goods Earnings	12557.36	14289.00	13700.00	15125.00
अन्य फुटकर आमदनी	Sundry Other Earnings	363.18	369.00	375.00	390.00
कुल आमदनी	Total Earnings	18258.62	20269.00	19970.00	21770.00
उचंत	Suspense	—312.60	+125.00	—50.00	+185.00
यातायात से सकल प्राप्तियां	Gross Traffic Receipts	17946.02	20394.00	19920.00	21955.00

यात्री यातायात से आमदनी

1994-95 में यात्री आय का बजट अनुमान 5138.00 करोड़ रुपये था। इसमें 272.00 करोड़ रुपये की वृद्धि करके संशोधित अनुमान 5410.00 करोड़ रुपये रखा गया है। उपनगरीय और अनुपनगरीय यात्री यातायात में प्रत्याशित वृद्धि के आधार पर तथा किरायों में प्रस्तावित वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, 1995-96 में यात्री यातायात से 5755.00 करोड़ रुपये की आमदनी होने का अनुमान लगाया गया है।

Passenger Earnings

The Budget Estimate of Passenger Earnings for 1994-95 of Rs. 5138.00 crores is increased by Rs. 272.00 crores and the Revised Estimate placed at Rs. 5410.00 crores. Passenger Earnings for 1995-96 have been estimated at Rs. 5755.00 crores based upon an anticipated growth of suburban and non suburban passenger traffic and taking into account the proposed increase in fares.

अन्य कोचिंग आमदनी

वर्ष 1994-95 के दौरान वास्तविक आमदनी के रुख को देखते हुए, अन्य कोचिंग यातायात से आमदनी के संशोधित अनुमानों को 485.00 करोड़ रुपये, अर्थात् उस वर्ष के बजट अनुमान से 12.00 करोड़ रुपये अधिक रखा गया है। 1995-96 में अन्य कोचिंग यातायात से 500.00 करोड़ रुपये की आमदनी का अनुमान लगाया गया है जो पार्सल यातायात में प्रत्याशित वृद्धि के आधार पर, 1994-95 के संशोधित अनुमानों से 15.00 करोड़ रुपये अधिक है।

माल यातायात से आमदनी

1994-95 के लिए माल यातायात से आमदनी का संशोधित अनुमान 13700.00 करोड़ रुपये अर्थात् 14289.00 करोड़ रुपये के बजट अनुमान से 589 करोड़ रुपये कम निर्धारित किया गया है। 1994-95 के संशोधित अनुमान के लिए अपनाये गये 373 मिलियन टन के प्रत्याशित स्तर की तुलना में प्रारंभिक राजस्व उपार्जक माल यातायात में 25 मिलियन टन की वृद्धि की परिकल्पना करते हुए तथा माल भाड़ा दरों में प्रस्तावित वृद्धि को देखते हुए, 1995-96 के दौरान माल यातायात से 15125.00 करोड़ रुपये की आमदनी का अनुमान लगाया गया है, जो 1425.00 करोड़ रुपये अधिक है

अन्य फुटकर आमदनी

वर्ष 1994-95 के दौरान इस शीर्ष के अन्तर्गत वास्तविक आमदनी के रुख को ध्यान में रखते हुए संशोधित अनुमान 375.00 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है, जो 369.00 करोड़ रुपये के बजट अनुमान से 6.00 करोड़ रुपये अधिक है। 1995-96 में अन्य फुटकर यातायात से 390.00 करोड़ रुपये की आमदनी होने का अनुमान लगाया गया है।

उचन्त

वर्ष 1994-95 के दौरान "उचंत" के अन्तर्गत वसूल न की गयी आमदनी में वृद्धि का संशोधित अनुमान 175.00 करोड़ रुपये लगाया गया है, अर्थात् बजट अनुमान की तुलना में इसमें 125.00 करोड़ रु० की निकासी में कमी-बेशी हुई है। इस शीर्ष के अन्तर्गत 1995-96 के लिए बजट अनुमान में निकासी 185.00 करोड़ रुपये के स्तर पर रखी गयी है।

यातायात से कुल प्राप्तियां

उपर्युक्त कारकों का समग्र प्रभाव यह हुआ कि 1994-95 में यातायात से कुल प्राप्तियों के अनुमान में संशोधन करके उसे 19920.00 करोड़ रुपये किया गया है जो 20394.00 करोड़ रुपये के बजट अनुमान की तुलना में 474.00 करोड़ रुपये कम है। 1995-96 के लिए यातायात से सकल प्राप्तियों का बजट अनुमान 21955.00 करोड़ रुपये लगाया गया है।

Other Coaching Earnings

Taking into account the trend of actual earnings during the course of the year 1994-95, the Revised Estimate of earnings from Other Coaching Traffic is fixed at Rs. 485.00 crores *i.e.,* Rs. 12.00 crores more than Budget Estimate for the year. Other Coaching Earnings for 1995-96 are estimated at Rs. 500 crores *i.e.,* Rs. 15.00 crores above the Revised Estimate of 1994-95, based upon anticipated growth in Parcel Traffic.

Goods Earnings

The revised estimate for 1994-95 of goods earnings is fixed at Rs. 13700.00 crores *i.e.,* a decrease Rs. 589 crores from the Budget Estimate of Rs. 14289.00 crores. The Goods Earnings for 1995-96 have been placed at Rs. 15125.00 crores, an increase of Rs. 1425.00 crores assuming an increase of 25 million tonnes in the originating revenue earning freight traffic over the anticipated level of 373 million tonnes adopted for the Revised Estimate for 1994-95 and taking into account the proposed increase of freight rates.

Sundry Other Earnings

Taking into account the trend of actual earnings under this head during the course of the year, the Revised Estimate for 1994-95 is fixed at Rs. 375.00 crores, *i.e.,* an increase of Rs. 6.00 crores over the Budget Estimate of Rs. 369.00 crores. Sundry Other Earnings have been assessed at Rs. 390.00 crores in 1995-96.

Suspense

The Revised Estimate of a accretion to unrealised earnings held in 'Suspense' during the year 1994-95 is estimated at Rs. 175.00 crores *i.e.,* variation of a clearance of Rs. 125.00 crores over the Budget Estimate. The Budget Estimate of clearance for 1995-96 under this head has been kept at the level of Rs. 185 crores.

Gross Traffic Receipts

The aggregate effect of the above mentioned factors is that the Gross Traffic Receipts for 1994-95 are revised to Rs. 19920.00 crores *i.e.,* Rs. 474.00 crores less than the Budget Estimate of Rs. 20394.00 crores. The Budget Estimate of Gross Traffic Receipts for 1995-96 comes to Rs. 21955.00 crores.

संचालन व्यय

निम्नलिखित तालिका में संचालन व्यय की तुलना वर्ष 1993-94 के वास्तविक, बजट अनुमान तथा संशोधित अनुमान 1994-95 और बजट अनुमान 1995-96 के आंकड़ों से की गयी है :—

WORKING EXPENSES

The table below compares the actuals of the year 1993-94. Budget Estimates & Revised Estimates 1994-95 and Budget Estimates 1995-96 of Working Expenses :—

(करोड़ रुपयों में) (In crores of Rupees)

ब्यौरा	Details	वास्तविक Actuals 1993-94	बजट Budget 1994-95	संशोधित Revised 1994-95	बजट Budget 1995-96
मांग सं० 3—रेलों पर सामान्य अधीक्षण एवं सेवाएं	Demand No. 3—General Superintendence and Services on Rlys.	603.75	680.58	659.42	733.55
मांग सं० 4—रेलपथ और निर्माण कार्यों की मरम्मत और अनुरक्षण	Demand No. 4—Repairs and Maintenance of Permanent Way and Works	1280.25	1443.17	1402.69	1540.16
मांग सं० 5—रेल इंजनों की मरम्मत और अनुरक्षण	Demand No. 5—Repairs and Maintenance of Motive Power .	974.29	1066.42	1029.27	1141.70
मांग सं० 6—सवारी और माल डिब्बों की मरम्मत और अनुरक्षण	Demand No. 6—Repairs and Maintenance of Carriages & Wagons	1406.92	1522.62	1503.02	1639.21
मांग सं० 7—संयंत्र और उपस्कर की मरम्मत और अनुरक्षण	Demand No. 7—Repairs and Maintenance of Plant and Equipment	675.08	748.09	732.50	807.67
मांग सं० 8—परिचालन व्यय—चल स्टाक और उपस्कर	Demand No. 8—Operating Expenses—Rolling Stock and Equipment	1144.73	1191.12	1215.15	1330.49
मांग सं० 9—परिचालन व्यय—यातायात	Demand No. 9—Operating Expenses—Traffic . . .	2259.32	2599.93	2561.04	2917.16
मांग सं० 10—परिचालन व्यय—ईंधन	Demand No. 10—Operating Expenses—Fuel	2652.28	3080.77	3032.66	3643.27
मांग सं० 11—कर्मचारी कल्याण और सुविधाएं	Demand No. 11—Staff Welfare and Amenities. . . .	473.62	537.26	522.27	590.57
मांग सं० 12—विविध संचालन व्यय	Demand No. 12—Miscellaneous Working Expenses . . .	668.98	716.25	688.26	747.74
मांग सं० 13—भविष्य निधि, पेंशन और अन्य सेवा-निवृत्ति लाभ	Demand No. 13—Provident Fund, Pension & Other Retirement Benefits	1498.16	1711.36	1761.49	1981.66
जोड़	Total	13637.38	15297.57	15107.77	17073.18
जमा या वसूलियां	Credits or Recoveries . . .	—389.99	—290.57	—307.77	—313.18
घटाइए—निधियों से प्रतिपूरित राशि	Deduct—Amount recouped from Funds	—1487.85	—1700.00	—1750.00	—1970.00
शुद्ध	Net	11759.54	13307.00	13050.00	14790.00
मूल्य ह्रास आरक्षित निधि में विनियोग	Appropriation to D.R.F. . . .	1875.00	2300.00	2140.00	2000.00
*पेंशन निधि में विनियोग	*Appropriation to Pension Fund	1500.00	1700.00	1750.00	1970.00

*इसमें विविध स्थापनाओं के लिए भविष्य निधि में विनियोग शामिल नहीं है।

*Excludes Appropriation to P.F. for Miscellaneous Establishments.

संचालन व्यय-संशोधित अनुमान 1994-95

1994-95 में साधारण संचालन व्यय के लिए स्वीकृत बजट अनुदान 15297.57 करोड़ रुपये (सकल) था। 15107.77 करोड़ रुपये (सकल) का संशोधित अनुमान, बजट अनुदान से 189.80 करोड़ रुपये कम है। मांग सं० 8 तथा 13 को छोड़कर, अन्य सभी मांगों में आवश्यकता में कमी हुई है। व्यय में कमी करने के लिए 307.77 करोड़ रुपये के जमा खातों का अनुमान लगाया गया है जो बजट से 17.20 करोड़ रुपये अधिक है। निधियों से प्रतिपूरित राशि को 1700 करोड़ रुपये के बजट अनुमान की तुलना में बढ़ाकर 1750 करोड़ रुपये किया गया है। इस प्रकार, शुद्ध संचालन व्यय का संशोधित अनुमान 13050 करोड़ रुपये रखा गया है, जो बजट से 257 करोड़ रुपये कम है। सकल व्यय में 189.80 करोड़ रुपये की कटौती "स्वीकृत" भाग के अंतर्गत 192.52 करोड़ रुपये की बचत तथा "प्रभृत" विनियोग के अंतर्गत 271.55 लाख रुपये के अधिक खर्च जिसका कारण अदालती डिगरियों के संबंध में प्रत्याशा से अधिक भुगतान किया जाना था, के कारण हुई।

संशोधित अनुमान में जहां तक कुल संचालन व्यय में शामिल होने वाली अन्य मदों का संबंध है, मूल्यह्रास आरक्षित निधि में अंशदान 2140 करोड़ रुपये, अर्थात् बजट स्तर से 160 करोड़ रुपये कम रखा गया है, जबकि पेंशन निधि में विनियोग को 1700 करोड़ रुपये के बजट स्तर की तुलना में बढ़ाकर 1750 करोड़ रुपये किया गया है।

संचालन व्यय—बजट अनुमान, 1995-96

वर्ष 1995-96 के लिए साधारण संचालन व्यय (सकल) का बजट अनुमान 17073.18 करोड़ रुपये आंका गया है, जो 1994-95 के 15107.77 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से 1965.41 करोड़ रुपये अधिक है। व्यय में कमी के रूप में जमा खातों की अनुमानित राशि 313.18 करोड़ रुपये अर्थात् संशोधित अनुमान से 5.41 करोड़ रुपये अधिक है। निधियों से प्रतिपूरित राशि अनुमानतः 1970.00 करोड़ रुपये है। जमा खातों और निधियों से प्रतिपूरित राशि को मिलाने से 1995-96 के दौरान शुद्ध संचालन व्यय 14790.00 करोड़ रुपये होने का अनुमान है जबकि 1994-95 का संशोधित अनुमान 13050.00 करोड़ रुपय है अर्थात् इसमें 1740.00 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है।

Working Expenses—Revised Estimates 1994-95

The sanctioned Budget Grant for 1994-95 for Ordinary Working Expenses was Rs. 15297.57 crores (Gross). The Revised Estimates of Rs. 15107.77 crores (Gross) is less than the Budget Grant by Rs. 189.80 crores. There has been a decrease in requirement in all the Demands except Demand No. 8 & 13. Credits in reduction of expenditure are estimated at Rs. 307.77 crores *i.e.* Rs. 17.20 crores more than the Budget. The amount recouped from Fund has been enhanced to Rs. 1750 crores over the Budget estimate of Rs. 1700 crores. The Revised Estimates of Net Working Expenses has, thus, been kept at Rs. 13050 crores, Rs. 257 crores less than the Budget. Reduction of Rs. 189.80 crores gross expenditure comprises of a saving of Rs. 192.52 crores under 'Voted' portion, and an increase of Rs. 271.55 lakhs under '*Charged*' appropriation which is on account of more payments anticipated in satisfaction of court decrees.

As regards the other items making up total working expenses in Revised Estimates, the contribution to Depreciation Reserve Fund has been kept at Rs. 2140 crores *i.e.* Rs. 160 crores less than the Budget level, whereas appropriation to Pension Fund is enhanced to Rs. 1750 crores over the Budget level of Rs. 1700 crores.

Working Expenses—Budget Estimates 1995-96

The Budget Estimates of Ordinary Working Expenses (Gross) for the year 1995-96 has been placed at Rs. 17073.18 crores involving an increase of Rs. 1965.41 crores over the Revised Estimates of Rs. 15107.77 crores for 1994-95. Credits in reduction of expenditure are estimated at Rs. 313.18 crores, *i.e.* Rs. 5.41 crores more than the Revised Estimates. The amount recouped from Fund is estimated at Rs. 1970.00 crores. Taking together the credits and the amount recouped from Funds, the Net Working Expenses are estimated to be Rs. 14790.00 crores during 1995-96 as against the Revised Estimates for 1994-95 of Rs. 13050.00 crores, an increase of Rs. 1740.00 crores.

1965.41 करोड़ रुपये के व्यय (सकल) में वृद्धि के मुख्य कारण इस प्रकार हैं :—

(क) कर्मचारी लागत में वृद्धि (784.72 करोड़ रु०) जिसका विश्लेषण इस प्रकार है :—

(i) महंगाई भत्ते का भुगतान (511.15 करोड़ रुपये) ;

(ii) वार्षिक वेतन वृद्धियों, किलोमीटर दूरी भत्ता, गतिविधियों में वृद्धि आदि के कारण अन्य कर्मचारी लागत में वृद्धि (53.38 करोड़ रुपये) और सेवा-निवृत्त रेल कर्मचारियों को पेंशन संबंधी भुगतान के लिए अधिक व्यवस्था (220.19 करोड़ रुपये) ;

(ख) मूल्यों में वृद्धि, परिसंपत्तियों का अतिरिक्त अनुरक्षण, चल स्टाक, बिजली, सिगनल और दूर संचार सेवाओं की मरम्मत और अनुरक्षण, संविदागत भुगतान और यातायात में वृद्धि के कारण सामग्री और अन्य लागतों में वृद्धि (330.25 करोड़ रुपये) ;

(ग) यातायात में वृद्धि और डीजल की कीमतों और बिजली की दरों में वृद्धि के कारण ईंधन पर अधिक खर्च (609.76 करोड़ रुपये) ;

(घ) भारतीय रेल वित्त निगम को लीज/किराया प्रभार (230.00 करोड़ रुपये) ;

(ङ) अन्य विविध कारक (11.38 करोड़ रुपये)

यह वृद्धि अदालती डिगरियों के संबंध में प्रत्याशा से कम भुगतान (69.98 लाख रुपये) के कारण प्रभृत विनियोग के अंतर्गत कम व्यवस्था से अंशतः संतुलित हो गयी ।

इस कमी-बेशी का मांग-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:—

मांग सं– 3—रेलों पर सामान्य अधीक्षण तथा सेवाएं

इस मांग के अंतर्गत 733.55 करोड़ रुपये का बजट अनुमान संशोधित अनुमान से 74.13 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्शाता है । इसमें "स्वीकृत" भाग के अंतर्गत 74.13 करोड़ रुपये की वृद्धि महंगाई भत्ते के भुगतान (6528.80 लाख रुपये), वार्षिक वेतन वृद्धियों (333.34 लाख रुपये), आकस्मिक व्यय (211.23 लाख रुपये) और अन्य विविध कारकों (340.61 लाख रुपये) के कारण है और ''प्रभृत'' विनियोग के अंतर्गत 0.02 लाख रुपये की वृद्धि अदालती डिगरियों के प्रत्याशा से अधिक भुगतान के कारण है ।

The increase in expenditure of Rs. 1965.41 crores (Gross) is mainly on account of :—

(a) Increase in staff costs (Rs. 784.72 crores) analysed as under :—

(i) Payment of Dearness Allowance (Rs. 511.15 crores);

(ii) Increase in other staff costs due to annual increments, kilometerage allowance, increase in activity etc. (Rs. 53.38 crores) and more provision for Pensionary payments to retired Railway Employees (Rs. 220.19 crores).

(b) Increase in material and other costs on account of increase in prices, additional maintenance of assets, repairs and maintenance of rolling stock, electrical, signal and telecommunication services, contractual payments, and increase in traffic (Rs. 330.25 crores);

(c) More expenditure on fuel arising from increase in traffic and prices of Diesel and Electricity tariff (Rs. 609.76 crores);

(d) Lease/Hire charges to Indian Railway Finance Corporation (Rs. 230.00 crores);

(e) Other miscellaneous factors (Rs. 11.38 crores).

Partly offset by less provision under :—

Charged appropriations due to less payments anticipated in satisfaction of Court decrees (Rs. 69.98 lakhs).

The variations are explained demandwise as under :—

Demand No. 3—General Superintendence and Services on Railways

The Budget Estimates of Rs. 733.55 crores under this Demand reflects an increase of Rs. 74.13 crores over the Revised Estimates. This comprises an increase of Rs. 74.13 crores under 'Voted' portion to provide for payment of Dearness Allowance (Rs. 6528.80 lakhs), Annual increments (Rs. 333.34 lakhs), Contingent expenses (Rs. 211.23 lakhs) and other miscellaneous factors (Rs. 340.61 lakhs); and an increase of Rs. *0.02* lakh under *Charged* appropriation due to more payments anticipated in satisfaction of Court decrees.

मांग सं० 4—रेलपथ और निर्माण कार्यों की मरम्मत तथा अनुरक्षण

इस मांग के अंतर्गत 1540.16 करोड़ रुपये का बजट अनुमान संशोधित अनुमान से 137.47 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्शाता है जिसमें "स्वीकृत" भाग के अन्तर्गत 137.28 करोड़ रुपये की वृद्धि महंगाई भत्ते के भुगतान (9763.15 लाख रुपये), वार्षिक वेतन वृद्धि (571.43 लाख रुपये) सामग्री की लागत (722.53 लाख रुपये), संविदात्मक भुगतान (2008.69 लाख रुपये) नामे/जमा का अन्तरण (344.01 लाख रुपये) तथा अन्य विविध कारकों (318.54 लाख रुपये) के लिये प्रावधान करने के कारण है और "प्रभृत" विनियोग के अंतर्गत 18.85 लाख रुपये की वृद्धि अदालती डिगरियों के प्रत्याशा से अधिक भुगतान के कारण है।

मांग सं० 5—रेल इंजनों की मरम्मत और अनुरक्षण

इस मांग के अंतर्गत 1141.70 करोड़ रुपये का बजट अनुमान संशोधित अनुमान से 112.43 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्शाता है। "स्वीकृत" भाग के अंतर्गत 112.42 करोड़ रुपये की वृद्धि महंगाई भत्ते के भुगतान (3106.72 लाख रुपये), वार्षिक वेतन वृद्धि (185.64 लाख रुपये), सामग्री की लागत (4017.05 लाख रुपये), बढ़ी हुई अनुरक्षण गतिविधि (949.09 लाख रुपये), संविदात्मक भुगतान (220.41 लाख रुपये), नामे/जमा खाते के अंतरण के अंतर्गत संव्यवहार (2821.54 लाख रुपये) के लिए प्रावधान करने के कारण है जो अन्य विविध कारकों (57.61 लाख रुपये) के अंतर्गत कमी से अंशतः संतुलित हो गई और "प्रभृत" विनियोग के अंतर्गत 1.00 लाख रुपये की वृद्धि अदालती डिगरियों के प्रत्याशा से अधिक भुगतान के कारण है।

मांग सं० 6—सवारी और माल डिब्बों की मरम्मत और अनुरक्षण

इस मांग के अंतर्गत 1639.21 करोड़ रुपये का बजट अनुमान संशोधित अनुमान से 136.19 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्शाता है। इसमें "स्वीकृत" भाग के अंतर्गत 136.18 करोड़ रुपये की वृद्धि महंगाई भत्ते के भुगतान (4323.32 लाख रुपये), वार्षिक वेतन वृद्धि (265.70 लाख रुपये), सामग्री की लागत (2356.35 लाख रुपये), बढ़ी हुई अनुरक्षण गतिविधि (5084.09 लाख रुपये), संविदात्मक भुगतान (63.82 लाख रुपये), नामे/जमा खाते के अन्तरण के अन्तर्गत संव्यवहार (1562.55 लाख रुपये) जो अन्य विविध कारकों के अंतर्गत कमी (38.22 लाख रुपये) से अंशतः संतुलित हो गई तथा "प्रभृत" विनियोग के अंतर्गत 1.00 लाख रुपये की वृद्धि अदालती डिगरियों के प्रत्याशा से अधिक भुगतान के कारण है।

Demand No. 4—Repairs and Maintenance of Permanent Way and Works

The Budget Estimates of Rs. 1540.16 crores under this Demand reflects an increase of Rs. 137.47 crores over the Revised Estimates, comprising an increase of Rs. 137.28 crores under 'Voted' portion to provide for payment of Dearness Allowance (Rs. 9763.15 lakhs), Annual increments (Rs. 571.43 lakhs), Cost of Materials (R 722.53 lakhs), Contractual payments (Rs. 2008.69 lakhs), Transfer of Debits/Credits (Rs. 344.01 lakhs) and Other miscellaneous factors (Rs. 318.54 lakhs), and an increase of Rs. *18.85* lakhs under *Charged* appropriation due to more payments anticipated in satisfaction of Court decrees.

Demand No. 5—Repairs and Maintenance of Motive Power

The Budget Estimates of Rs. 1141.70 crores under this Demand reflects an increase of Rs. 112.43 crores over the Revised Estimates. This comprises an increase of Rs. 112.42 crores under 'Voted' portion to provide for payment of Dearness Allowance (Rs. 3106.72 lakhs), Annual increments (Rs. 185.64 lakhs), Cost of Materials (Rs. 4017.05 lakhs), increased maintenance activity (Rs. 949.09 lakhs), Contractual payments (Rs. 220.41 lakhs), Transactions under transfer of Debits/Credits (Rs. 2821.54 lakhs), partly offset by decrease under Other miscellaneous factors (Rs.57.61 lakhs), and an increase of Rs. *1.00* lakh under *Charged* appropriation due to more payments anticipated in satisfaction of Court decrees.

Demand No. 6—Repairs and Maintenance of Carriages and Wagons

The Budget Estimates of Rs. 1639.21 crores under this Demand reflects an increase of Rs. 136.19 crores over the Revised Estimates. This comprises an increase of Rs. 136.18 crores under 'Voted' portion to provide for payment of Dearness Allowance (Rs. 4323.32 lakhs), Annual Increments (Rs. 265.70 lakhs), Cost of materials Rs. 2356.35 lakhs), Increased maintenance activity (Rs. 5084.09 lakhs), Contractual payments (Rs. 63.82 lakhs) and Transactions under Transfer of Debits/Credits (Rs. 1562.55 lakhs), partly offset by decrease under Other miscellaneous factors (Rs. 38.22 lakhs); and an increase of *Rs. 1.00 lakh* under *Charged* appropriation due to more payments anticipated in satisfaction of Court decrees.

मांग सं० 7—संयंत्र और उपस्कर की मरम्मत और अनुरक्षण

इस मांग के अंतर्गत 807.67 करोड़ रुपये का बजट अनुमान संशोधित अनुमान से 75.17 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्शाता है। इसमें "स्वीकृत" भाग के अंतर्गत 75.16 करोड़ रुपये की वृद्धि महंगाई भत्ते के भुगतान (4348 लाख रुपये), वार्षिक वेतन वृद्धि (255.98 लाख रुपये), सामग्री की लागत (1449.78 लाख रुपये), बढ़ी हुई अनुरक्षण गतिविधि (382.58 लाख रुपये), संविदात्मक भुगतान (136.77 लाख रुपये) और नामे/जमा के अंतरण (595.72 लाख रुपये) तथा अन्य विविध कारकों (347.02 लाख रुपये) के लिए प्रावधान के कारण है, तथा "प्रभृत" विनियोग के अंतर्गत 1.00 लाख रुपये की वृद्धि अदालती डिगरियों के प्रत्याशा से अधिक भुगतान के कारण है।

Demand No. 7—Repairs and Maintenance of Plant and Equipment.

The Budget Estimates of Rs. 807.67 crores under this Demand reflects an increase of Rs. 75.17 crores over the Revised Estimates. This comprises an increase of Rs. 75.16 crores under 'Voted' Portion to provide for payment of Dearness Allowance (Rs. 4348 lakhs), Annual Increments (Rs. 255.98 lakhs), Cost of Materials (Rs. 1449.78 lakhs), Increased Maintenance Activity (Rs. 382.58 lakhs), Contractual Payment (Rs. 136.77 lakhs), Transfer of Debit/Credits (Rs. 595.72 lakhs) and other Miscellaneous factors (Rs. 347.02 lakhs); and an increase of *Rs. 1.00* lakh under *Charged* Appropriation due to more payments anticipated in satisfaction of Court decrees.

मांग संख्या 8—परिचालन व्यय—चल स्टाक और उपस्कर

इस मांग के अंतर्गत 1330.49 करोड़ रुपये का बजट अनुमान संशोधित अनुमान से 115.34 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्शाता है। इसमें "स्वीकृत" भाग के अंतर्गत 115.33 करोड़ रुपये की वृद्धि महंगाई भत्ते के भुगतान (5858.63 लाख रुपये), वार्षिक वेतन वृद्धियों (363.40 लाख रुपये), किलोमीटर दूरी भत्ता (522.49 लाख रुपये), सामग्री की लागत (1841.82 लाख रुपये), कर्षण के अलावा ईंधन (293.47 लाख रुपये), संविदात्मक भुगतान (1941.96 लाख रुपये), नामे/जमा का अंतरण (535.98 लाख रुपये तथा अन्य विविध कारकों (175.37 लाख रुपये) के लिए प्रावधान करने के कारण है और "प्रभृत" विनियोग के अंतर्गत 0.95 लाख रुपये की वृद्धि अदालती डिगरियों के प्रत्याशा से अधिक भुगतान के कारण है।

Demand No. 8—Operating Expenses—Rolling Stock and Equipments

The Budget Estimates of Rs. 1330.49 crores under this Demand reflects an increase of Rs. 115.34 crores over Revised Estimates. This comprises an increase of Rs. 115.33 crores under 'Voted' Portion to provide for payments of Dearness Allowance (Rs. 5858.63 lakhs), Annual Increments (Rs. 363.40 lakhs), Kilometerage Allowance (Rs. 522.49 lakhs), Cost of Materials (Rs. 1841.82 lakhs), Fuel for other than traction (Rs. 293.47 lakhs), Contractual Payments (Rs. 1941.96 lakhs), Transfer of Debit/Credit (Rs. 535.98 lakhs) and Other miscelleneous factors (Rs. 175.37 lakhs); and an increase of *Rs. 0.95* lakh under *Charged* Appropriation due to more payments anticipated in satisfaction of Court decrees.

मांग संख्या 9—परिचालन व्यय-यातायात

इस मांग के अंतर्गत 2917.16 करोड़ रुपये का बजट अनुमान संशोधित अनुमान से 356.12 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्शाता है। इसमें "स्वीकृत" भाग के अंतर्गत 356.12 करोड़ रुपये की वृद्धि महंगाई भत्ते के भुगतान (11207.40 लाख रुपये), वार्षिक वेतन वृद्धियों (673.61 लाख रुपये), किलोमीटर दूरी भत्ता (93.53 लाख रुपये), अन्य भत्ते (271.75 लाख रुपये), आकस्मिक व्यय (191.26 लाख रुपये), सामग्री की लागत (279.67 लाख रुपये), भारतीय रेल वित्त निगम को पट्टे/किराये के प्रभार (23000.00 लाख रुपये), तथा संविदात्मक भुगतान (252.58 लाख रुपये), के कारण है जो अन्य विविध कारकों (356.30 लाख रुपये) के अन्तर्गत कमी से अंशतः संतुलित हो गई।

Demand No. 9—Operating Expenses Traffic

The Budget Estimates of Rs. 2917.16 crores under this Demand reflects an increase of Rs. 356.12 crores over the Revised Estimates made up of an increase of Rs. 356.12 crores under 'Voted' Portion to provide for payment of Dearness Allowance (Rs. 11207.40 lakhs), Annual Increments (Rs. 673.61 lakhs), Kilometerage Allowance (Rs. 93.53 lakhs), Other Allowances (Rs. 271.75 lakhs), Contingent Expenses (Rs. 191.26 lakhs), Cost of Materials (Rs. 279.67 lakhs), Lease/hire charges to Indian Railway Finance Corporation (Rs. 23000.00 lakhs) and Contractual Payments (Rs. 252.58 lakhs), partly offset by decrease under other Miscellaneous factors (Rs. 356.30 lakhs).

मांग संख्या 10—परिचालन व्यय—ईंधन

इस मांग के अंतर्गत 3643.27 करोड़ रुपये का बजट अनुमान संशोधित अनुमान से 610.61 करोड़ रुपये की वृद्धि पूर्णतः "स्वीकृत" भाग के अंतर्गत महंगाई भत्ते के भुगतान (86.04 लाख रुपये), यातायात/मूल्यों में वृद्धि के कारण ईंधन डीजल तेल पर अधिक खर्च (7513.12 लाख रुपये), बिजली (55953.58 लाख रुपये) के लिए प्रावधान करने के कारण है जो भाप कर्षण पर कम खर्च (2491.13 लाख रुपये) और अन्य कर्मचारी लागत पर कम खर्च (0.61 लाख रुपये) से अंशतः संतुलित हो गई।

मांग संख्या 11—कर्मचारी कल्याण और सुविधाएं

इस मांग के अन्तर्गत 590.57 करोड़ रुपये का बजट अनुमान संशोधित अनुमान से 68.30 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्शाता है। "स्वीकृत" भाग के अन्तर्गत 68.29 करोड़ रुपये की यह वृद्धि महंगाई भत्ते के भुगतान (2998.64 लाख रुपये), वार्षिक वेतन वृद्धियां (180.83 लाख रुपये), आकस्मिक व्यय (77.17 लाख रुपये), सामग्री की लागत (2227.61 लाख रुपये), संविदात्मक भुगतान (801.49 लाख रुपये), नामे/जमा का अंतरण (351.65 लाख रुपये) तथा अन्य विविध कारक (192.57 लाख रुपये) के प्रावधान के कारण है और 'प्रभृत' विनियोग के अन्तर्गत 0.01 लाख रुपये की वृद्धि अदालती डिगरियों के प्रत्याशा से अधिक भुगतान के कारण है।

मांग सं० 12—विविध संचालन व्यय

इस मांग के अन्तर्गत 747.74 करोड़ रुपये का बजट अनुमान संशोधित अनुमान से 59.48 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्शाता है। 'स्वीकृत' भाग के अन्तर्गत 60.37 करोड़ रुपये की वृद्धि महंगाई भत्ते के भुगतान (2893.92 लाख रुपये), वार्षिक वेतन वृद्धियां (199.32 लाख रुपये), खानपान भण्डार सहित सामग्री की लागत (687.33 लाख रुपये, संविदात्मक भुगतान (297.25 लाख रुपये), अन्य विविध कारकों (215.97 लाख रुपये), अन्य व्यय (1350.85) लाख रुपये), और उचन्त (391.87 लाख रुपये), के लिए किये गये प्रावधान के कारण है और 'प्रभृत' विनियोग के अन्तर्गत 88.91 लाख रुपये की कमी अदालती डिगरियों के प्रत्याशा से कम भुगतान के कारण है।

मांग सं० 13—भविष्य निधि, पेंशन और अन्य सेवा निवृत्ति लाभ

इस मांग के अन्तर्गत 1981.66 करोड़ रुपये का बजट अनुमान संशोधित अनुमान से 'स्वीकृत' भाग के अन्तर्गत 220.19 करोड़ रुपये अधिक और 'प्रभृत' विनियोग के अन्तर्गत 2.40 लाख रुपये कम है। 'स्वीकृत' भाग के अन्तर्गत वृद्धि मुख्यतः रेलवे पेंशन-भोगियों की संख्या में वृद्धि होने तथा पेंशन पर अधिक महंगाई राहत प्रदान करने के कारण किये गये अधिक प्रावधान के कारण है। "प्रभृत" विनियोग के अन्तर्गत कमी अदालती डिगरियों के कारण पेंशन/परिवार पेंशन के प्रत्याशा से कम भुगतान के कारण है।

Demand No. 10—Operating Expenses—Fuel

